ISSN : 2278 – 5639
Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)
Peer Reviewed Refereed Journal
Impact Factor : 7.00 (IIFS)
Volume - XIV, Special Issues – VII, March 2025

www.goeiirj.com

ISSN : 2278 - 5639

Impact Factor: 7.00 (IIFS) ISSN : 2278 – 5639
Volume - XIV Special Issues – VII

# Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)

**Peer Reviewed Refereed Journal**

मार्च - २०२५

## ‘२१ वीं सदी का हिंदी साहित्य और मानवीय संवेदना’



मुख्य आयोजक
डॉ. पुरुषोत्तम गाटे
*प्रधानाचार्य*
*कै. बाबासाहब देशमुख गोरठेकर कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, उमरी, त. उमरी, जि. नांदेड.*

संपादक
डॉ. अशोक जाधव

सह - संपादक
डॉ. जहीरुद्दिन पठान

**Impact Factor: 7.00 (IIFS)** **I SSN : 2278 – 5639**

**Volume - XIV** **Special Issues – VI**

# Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)

**Peer Reviewed Refereed Journal**

मार्च - २०२५

## ‘२१ वीं सदी का हिंदी साहित्य और मानवीय संवेदना’



**मुख्य आयोजक**

डॉ. पुरुषोत्तम गाटे

*प्रधानाचार्य*

*कै. बाबासाहब देशमुख गोरठेकर कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय उमरी,*

*त. उमरी, जि. नांदेड*

**संपादक**

डॉ. अशोक जाधव

**सह - संपादक**

डॉ. जहीरुद्दिन पठान

**Published by** :

**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**Peer Reviewed Refereed Journal,**
**{Bi-Monthly} Impact Factor : 7.00 (IIFS)**
**Volume–XIV, Special Issue – VII, March 2025**

**Publish Date : 22nd March 2025**

**ISSN : 2278 - 5639**

© **Nutan Vidyalaya Sevabhavi Education Society, Umri**
**Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar Arts,**
**Commerce & Science Mahavidyalaya Umri,**
**Dist. Nanded (M.S.) – 431 807**

**PRINTING : Satvik Publication, Nashik Road.**
**(9922444833)**

***Disclaimer :***

*The views expressed herein are those of the authors. The editors, publishers and printers do not guarantee the correctness of facts, and do not accept any liability with respect to the matter published in the book. However editors and publishers can be informed about any error or omission for the sake of improvement. All rights reserved. No part of the publication be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means electronic, mechanical, photocopying, recording and or otherwise without the prior written permission of the publisher and authors.*

**Dr. Manohar G. Chaskar**
M.Sc. Ph.D., Mombushuo Fellow (Japan)
VICE-CHANCELLOR
**डॉ. मनोहर ग. चासकर**
एम्. एस्सी., पीएच्.डी., मॉम्बुशो फेलो (जपान)
कुलगुरु

**SWAMI RAMANAND TEERTH MARATHWADA UNIVERSITY**
NANDED – 431 606 (Maharashtra)
**स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विद्यापीठ**
नांदेड – ४३१ ६०६ (महाराष्ट्र)

Established by Govt. of Maharashtra on 17th September 1994, Recognized by the UGC U/s 2(f) and 12(B), NAAC Re-accredited with B++ Grade, a State University

दिनांक १७ मार्च २०२५

## मा. कुलगुरूंचे मनोगत



साहित्य हे केवळ शब्दांचे संयोजन नाही, तर ते समाजाच्या भावना, संवेदना आणि परिवर्तनाची धग प्रतिबिंबित करणारे माध्यम आहे. '२१ व्या शतकातील साहित्य आणि संवेदना' या विषयावर कै. बाबासाहेब देशमुख गोरठेकर कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, उमरी येथे मराठी, हिंदी व इंग्रजी विभागाच्या वतीने दिनांक २२ मार्च २०२५ रोजी आयोजित राष्ट्रीय परिषद ही साहित्यविश्वासाठी अभिजात पर्वणी ठरणार आहे.

२१ व्या शतकातील साहित्याने सामाजिक जाणीवा, तंत्रज्ञानाचा प्रभाव, मानवी अस्तित्वाच्या प्रश्नांना स्पर्श करणारी चिंतनशीलता आणि नव्या संवेदनशीलतेचे रूप यामध्ये अमूलाग्र बदल घडवले आहेत. या परिषदेमुळे समकालीन साहित्यिक प्रवाहांचे चिंतन घडून येईल, तसेच नव्या दृष्टिकोनांना वाव मिळेल. साहित्य हा केवळ मनोरंजनाचा किंवा अभ्यासाचा विषय नसून तो समाजाच्या गतीचा आरसा आहे.

विज्ञान आणि तंत्रज्ञानाच्या प्रभावाखाली आजच्या पिढीच्या भावनांचा, संवेदनशीलतेचा आणि अभिव्यक्तीच्या सृजनशीलतेचा वेध घेणारी ही परिषद निश्चितच मौलिक विचारमंथन घडवेल. साहित्यिक निर्मितीमागील संवेदनशीलता ही मानवी अस्तित्वाचा मूळ गाभा आहे. बदलत्या जगात साहित्याचे रूप अधिक व्यापक, समावेशक आणि बहुआयामी झाले आहे. कविता, कथा, कादंबऱ्या, लघुकथा, वैचारिक निबंध, डिजिटल साहित्य आणि कृत्रिम बुद्धिमत्तेच्या सहाय्याने निर्माण होणाऱ्या साहित्यसृष्टीच्या प्रवाहात नवीन वाटा शोधण्याची ही संधी आहे.

या परिषदेमुळे साहित्यिक, विचारवंत, समीक्षक, संशोधक आणि विद्यार्थ्यांना एकत्र येऊन आपल्या विचारांचे आदान–प्रदान करण्याची संधी मिळेल. साहित्य, भाषा आणि संवेदनेचे हे त्रिसूत्री संमेलन नव्या पिढीला प्रेरणा देईल आणि साहित्याच्या भविष्यातील प्रवासासाठी दिशादर्शन ठरेल. मी या परिषदेच्या यशस्वी आयोजनासाठी सर्व आयोजक, सहभागी संशोधक, अभ्यासक आणि मान्यवरांना हार्दिक शुभेच्छा देतो. ही राष्ट्रीय परिषद साहित्यिक पर्वाचा नवा शुभारंभ ठरेल आणि विचारप्रवाह अधिक समृद्ध करेल, असा मला विश्वास वाटतो.

**शब्द जागतील, संवेदना बोलेल, २१ व्या शतकाचे साहित्य घडवेल**

(मनोहर चासकर)
कुलगुरू

"Dnyanteerth", Vishnupuri NANDED – 431 606 (Maharashtra), India
Ph: (+91-2462) (O) 215282, Telefax : 215245
Website : www.srtmun.ac.in, E-Mail : vcoffice@srtmun.ac.in

# MESSAGE OF THE PRESIDENT

## Hon'ble, Shri. Govindrao Mukkawar Shirurkar



I congratulate the organizers of the one-day National Conference on 'Literature and Sensibility in the 21st Century' jointly organized by Swami Ramanand Tirth Marathwada University, Nanded and Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar College of Arts, Commerce and Science, Umri, Dist. Nanded on 22nd March 2025.This conference is a very good educational event for the participating researchers and I am sure that it will inspire the researchers and encourage them to do further research.

This conference will provide quality information about the activities of our institution to the participants and will enhance the confidence of our professors. The brainstorming sessions conducted by the participating scholars in this National conference are a great opportunity for everyone. Literature reflects all aspects of contemporary society.

Literature in the 21st century has reflected society very strongly and sensitively. I hope that this will be followed up in depth in this National Conference.

I congratulate the organizers of this conference organized by the college to provide an opportunity for researchers, professors and students to interact on a single platform. I wish the organizers of the conference all the best and hope that it will be a fruitful conference for the participating professors.

Thank you!

**Hon'ble, Shri. Govindrao Mukkawar Shirurkar,**
**PresidentNutan Vidyalaya Sevabhavi Education, Society, Umri, Dist. Nanded**

# MESSAGE OF THE DIRECTOR

## Hon'ble, Shri. Shirishrao Shrinivasrao Deshmukh Gorthekar



Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar Arts, Commerce and ScienceMahavidyalaya, Umri, District Nanded and Swami Ramanand Teerth Marathwada University, Nanded, jointly organize one-day National Conference on the topic **'21st Century Literature and Sensibility'** by Marathi, Hindi and English departments on 22nd March 2025. I heartily welcome all the dignitaries who participated in this conference.

In the 21st century, all social systems are seen to be shaken. The repercussions of the 21st century is seen in all literature. In this conference, the literature has created a vision of society, politics, economy, education, justice, industrialization, science, culture, unemployment, poverty, injustice, atrocities, corruption, etc. The literary works of the writers have kept the lost sensation alive. Through this conference, I hope that various researchers and thinkers will give a new message to the world through their research papers.

I think that innovative thinking will start through this conference. I think that all of us will gain new areas of knowledge from this conference.

I congratulate the Principal, Vice-Principal, Coordinator, Co-Coordinator, Research paper writers, Researchers, and all the teaching and non-teaching staff of the college who organized this conference.

My best wishes are for the success of the National Conference.

Thank you!

**Hon'ble, Shri. Shirishrao Shrinivasrao Deshmukh Gorthekar,**
**Secretary,**
**L B S E S and Director, N V S E**
**S, Umri.**

# MESSAGE OF THE SECRETARY

## Hon'ble, Shri. Kailasrao Shrinivasrao Deshmukh Gorthekar



It is a moment of honor and pride for me to organize a one-day National Conference on the topic of **'21st Century Literature and Sensibility'** on 22nd March 2025. This conference is jointly organized by Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar College of Arts, Commerce and Science, Umri, District Nanded and Swami Ramanand Teerth Marathwada University, Nanded.

It is a matter of pride that the topic of this conference is focused on Literature and Sensibility in the 21st Century because no one is coming forward to discuss this topic these days. Our college has done the work of expressing the researchers by keeping this topic for the national conference.

I believe that this conference will benefit the society and I hope that this national conference will create a platform for research scholars and representatives to express their views and have fruitful discussions on the topic of Literature and Sensibility.

The topic of the conference will strive to transform contemporary society, achieve social justice, eliminate social problems, and build a new India.

This conference has been organized as a part of the innovative activities implemented in our college. The work of strengthening literature and sensibility will be done through this conference. I congratulate to the Marathi, Hindi and English scholars and research paper writers who have shed light on various aspects of sensibility through their research papers.

I congratulate our college for organizing this conference and thank all the dignitaries, representatives and dignitaries for attending this conference and making this conference a success.

With the Best Wishes…. Thank you!

.

**Hon'ble, Shri. Kailasrao Shrinivasrao Deshmukh Gorthekar,**
**Secretary,**
**Nutan Vidyalaya Sevabhavi Education, Society, Umri**

# PRINCIPAL' SDESK

**Dr. Purushottam R. Gate**



Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar Arts, Commerce & Science Mahavidyalaya Mahavidyalaya, Umri and Swami Ramanand Teerth Marathwada University jointly organize One Day National Conference on **21st Century Literature and Sensibility** on 22nd March 2025. I appreciate the step taken by Marathi, Hindi and English departments of Humanities faculty to hold a National Conference this year. I would like to congratulate the Heads of all three departments, Dr. Sandeep Ladkar,Dr. Gajanan Deokar&Dr. Ashok Jadhav and their colleagues in the departments,Dr. Shrinivas Gadhe, Dr.Sambhaji Jadhav&Dr.Zaheeruddin Pathan. This college is continuously doing research work as per the guidelines of UGC. As expected from NACC, it has been stated that research should continue along with teaching. The professors of our college have been continuously doing research and will continue to do so in the future. They are constantly writing innovatively and their research has been published in renowned research journals.

The three departments of the college, Marathi, Hindi and English language have been organizing a National Conference on **21st Century Literature and Sensibility** on 22nd March 2025. Novels, stories, plays, poems and other literature have been published in all three languages by the authors. This part of sensibility seems very important. Because in the present time, human sensibilities have become so blunt that man himself is an inseparable element and is seen creating inhumane incidents. It is a matter of pride that efforts are being made through this writing to keep the entire human race's sensibility towards society alive. In fact, literature is a mirror of society and society is reflected in it. On the occasion of this conference, many scholars, writers, professors, researchers and students from across the country will express their thoughts on this sensitive topic of sensibility in literature through their writings and from this, a colour of sensitivity is emerging from this research and I hope that this will give a new direction to the society and will definitely help the society to become more profound and sensitive than before. Best wishes for this national conference.

With the Best Wishes…. Thank you!

**Dr. Purushottam R. Gate**

**Principal Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar Arts, Commerce and Science Mahavidyalaya, Umri, Dist. Nanded.**

## संपादक की कलम से.........

## प्रो. डॉ. अशोक तुकाराम जाधव



नूतन विद्यालय सेवाभावी शिक्षण संस्था, उमरी संचालित, कै. बाबासाहब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय, उमरी, के हिन्दी विभाग की ओर से **'21 वीं सदी के हिन्दी साहित्य में मानवीय संवेदना'** इस विषय पर **22 मार्च 2025,** को राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन किया गया है। इस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' में भाग लेने वाले तथा मौलिक आलेख प्रस्तुत करनेवाले सभी मान्यवरों का हार्दिक स्वागत है।

हमारा महाविद्यालय हमेशा से ही छात्रों को केंद्र में रखकर शिक्षा से संबधित नई-नई गतिविधियों का आयोजन करता आ रहा है। इस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन भी इसी उपक्रम का ही हिस्सा हैं। इस बहाने छात्रों तथा शोधार्थियों को साहित्य की विविध गतिविधियों से परिचित कराने का हमारा लक्ष्य रहा है। हमारा महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं अनुसंधान पर कार्य करता रहता है। विश्व के सभी भाषाओं का साहित्य पृथक-पृथक संवेदनाओं से भरा पड़ा है। साहित्य की लग-भग सभी विधाओं जैसे कहानी, कविता, उपन्यास, नाटक, एकांकी, निबंध आदि जैसे अनेक साहित्य के विधाओं के माध्यम से साहित्यकारोंने मानवीय संवेदना को उजागर किया है। अंतर्मन के भावनाओं को छू लेने का प्रयास किया गया है। साहित्य मानव-जीवन की एक महानतम उपलब्धि रही है। साहित्य का मूल उत्सव जीवन है। साहित्य के केंद्र में मानवीय जीवन और मानवी समाज है, यही कारण है कि व्यष्टी और समष्टी में परिवर्तन के साथ साहित्य में भी परिवर्तन होता रहता है। समाज में संवेदना होना आवश्यक हैं। दूसरे शब्दों में प्रत्येक प्रत्यक्षीकरण के भीतर संवेदना छिपी रहती हैं। अतः संवेदना ज्ञान की पहली सीढ़ी और अनुभव होता हैं। व्यक्ति संवेदना और प्रत्यक्षीकरण में भेद नही कर पाता, इस कारण संवेदना के बाद प्रत्यक्षीकरण की क्रिया की तीव्रता हैं।

21 वीं सदी में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षिक और औद्योगिक मुद्दों पर मानवीय संवेदना से संबंधित साहित्य लिखा गया है। इस साहित्य का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है। इसका अध्ययन करने तथा 21 वीं सदी के साहित्य पर चर्चा और चिंतन करने के लिए इस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन किया गया है। हमारे भारत देश के कई पृथक-पृथक राज्यों से जैसे महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, राजस्थान, असम, तेलंगाना आदि राज्यों से आचार्य और शोधकर्ता छात्राओं ने इस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' में उत्साहपूर्वक प्रतिक्रियाएँ दी। उत्साह पूर्वक हिस्सा

लिया। संवेदना इस संवेदनशील विषय पर अनुसंधान कर मौलिक आलेख लिखना एवं प्रस्तुत करना यह बहुत ही चुनौती पूर्ण कार्य है, फिर भी हमारे महाविद्यालय पर असीम प्रेम करने वाले मेरे मित्र तथा छात्र इन्होंने 50 शोध आलेख भेज कर इस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' में अपना बहुत बड़ा योगदान दिया है। इसलिए मैं हिंदी विभाग अध्यक्ष के नाते आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

इस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' को पूरा करने हेतु, नूतन विद्यालय सेवाभावी शिक्षण संस्था के माननीय श्री. गोविंदराव जी मुक्कावर शिरुरकर [अध्यक्ष, नूतन विद्यालय सेवाभावी शिक्षण संस्था, संचालित उमरी], डॉ. एम. एम. महिंद्रकर [उप-अध्यक्ष, नूतन विद्यालय सेवाभावी शिक्षण संस्था, संचालित उमरी], माननीय श्री कैलासराव देशमुख गोरठेकर [सचिव, नूतन विद्यालय सेवाभावी शिक्षण संस्था, संचालित उमरी.], माननीय श्री. शिरीषभाऊ देशमुख गोरठेकर [सचिव, श्री. लाल बहादुर शास्त्री शिक्षण संस्था, संचालित उमरी] इनसे निरंतर प्रेरणा और प्रोत्साहन मिला है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पुरुषोत्तम जी गाटे, उप प्रधानाचार्य डॉ. वी. बी. गणीपूरकर, डॉ. सुजितसिंह परिहार (अध्यक्ष, हिन्दी अध्ययन मंडल, स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़) तथा सभी सदस्य गण, (हिन्दी अध्ययन मंडल, स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़), इस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' के अध्यक्ष, बीज भाषक, वक्ताओं, इन सभी के प्रति मैं अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। मेरे सहयोगी डॉ. ज़हीरूद्दिन पठान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक प्राध्यापिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का मैं आभारी हूं।

प्रस्तुत संपादित पत्रिका में '21 वी सदी के हिंदी साहित्य में मानवीय संवेदना' इस विषय पर प्राप्त शोधालेख आप सभी शुद्धीपाठक, आलोचक, विद्वतजन तथा सभी हिंदी प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत है। पत्रिका के अंतर्गत लिखे शोधालेख के संदर्भ में आपकी प्रतिक्रियाएं एवं सुझावों का हमें इंतजार रहेगा। इस पत्रिका में शोधालेख की प्रमाणिकता एवं मौलिकता का संपूर्ण दायित्व शोधकर्ताओं पर रहेगा।

**सधन्यवाद !**


**प्रो. डॉ. अशोक तुकाराम जाधव**

**प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग**

**कै. बाबासाहब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय, उमरी.**

# INDEX


| Sr. No. | Author Name | Title | Page No. |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. शेख शहेनाज अहेमद | समकालीन कविता में मानवीय मूल्य | 01 - 06 |
| 2 | डॉ. राजाराम बॅनर्जी | 21वीं सदी की कहानियों में मानवीय संवेदना | 07 - 11 |
| 3 | प्रो. डॉ. प्रतिभा जी. येरेकार | निःशक्तों की मानवीय संवेदनाएँऔर 'वीमा' नाटक | 12 - 17 |
| 4 | प्रो. डॉ. ज्ञानेश्वर गंगाधरराव गाडे | नारी तुम केवल सबला हो' कहानी में स्त्री - संवेदना | 18 - 22 |
| 5 | प्रो. चंद्रभान सिंह यादव | धारावाहिक में स्त्री की प्रस्तुति और प्रभाव | 23 - 27 |
| 6 | डॉ. रज़िया शहेनाज़ शेख अब्दुल्ला | नासिरा शर्मा के कहानी साहित्य में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना | 28 - 32 |
| 7 | डॉ. रश्मि पाण्डेय | इक्कीसवी सदी की हिंदी कविता : मानवीय संवेदना एवं बदलते सरोकार | 33 - 38 |
| 8 | डॉ. नूरजहां रहमतुल्लाह | समकालीन आदिवासी महिला रचनाकारों की कविताओं में अभिव्यक्त संवेदना | 39 - 42 |
| 9 | प्रा. संतोष येरावार | २१ वी सदी की हिंदी कवयित्रियों के काव्य में मानवीय संवेदना | 43 - 52 |
| 10 | प्रो. डॉ. अशोक तुकाराम जाधव | 21 वी सदी के हिन्दी साहित्य में मानवीय संवेदना का चित्रण | 53 - 56 |
| 11 | डॉ. संग्राम सोपानराव गायकवाड | 21वीं सदी के हिंदी कहानियों में व्यक्त मानवीय संवेदना | 57 - 62 |
| 12 | डॉ. संगीता उप्पे | 21 वी सदी की कहानी और मानवी संवेदना | 63 - 67 |
| 13 | डॉ. ज़हीरुद्दिन र. पठान | असगर वजाहत की लघु कथाओं में मानवीय संवेदना | 68 - 71 |
| 14 | प्रा. कापावार विनायक दिगंबरराव | 21वीं सदी के महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों में व्यक्त मानवीय संवेदना | 72 - 73 |
| 15 | डॉ. सूर्यकांत शिंदे | गगन गिल का साहित्य मानवीय संवेदनाओं का दस्तावेज | 74 - 78 |
| 16 | डॉ. पुष्पा गोविंदराव गायकवाड | मुझे पहचानो" उपन्यास में मानवीय संवेदना की हत्या | 79 - 82 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | प्रा. डॉ. अभिमन्यु नरसिंगराव पाटील | कठगुलाब उपन्यास में मानविय संवेदना | 83 - 86 |
| 18 | प्रा. डॉ. जी. जी. शेख | 21वीं सदी का सिनेमा और मानविय संवेदना | 87 - 88 |
| 19 | डॉ. मानीतकुमार अमृतराव वाकळे | समकालीन हिन्दी उपन्यासों में मानवीय संवेदना | 89 - 93 |
| 20 | प्रा. माने शेषराव सुभाषचंद्र | मंजूर एहतेशाम के उपन्यासों में अभिव्यक्त अमानवीय साम्प्रदायिकता की संवेदनशीलता | 94 - 96 |
| 21 | डॉ. जयराम सूर्यवंशी | इप्टा का स्वर्णिम अतीत और निरंजन सेन का योगदान | 97 - 99 |
| 22 | प्रा. डॉ. माधवराव गजाननराव जोशी | 'धोखा' कहानी में व्यक्त मानवीय मूल्य | 98 - 105 |
| 23 | प्रा. डॉ. शेख मुखत्यार वहाबोद्दीन | सुनिता जैन की कविताओं में व्यक्त बदलता युगीन - संदर्भ | 106 - 110 |
| 24 | प्रा. डॉ. छाया शेषराव तोटवाड | मंजूर एहतेशाम का कथा साहित्य और अंधविश्वास से पीड़ित मानवीय संवेदनशीलता | 111 - 115 |
| 25 | डॉ. कल्याण शिवाजीराव पाटील | 21वीं सदी की कविता और मानवीय संवेदना | 116 - 120 |
| 26 | कविता चोखोबा किर्ते | दोहरा अभिशाप आत्मकथा मे चित्रित सामाजिक संघर्ष | 121 - 124 |
| 27 | राधा लखनलाल देवहंस और प्रा. डॉ. संजीवकुमार नरवाडे | 21वी सदी का अन्य हिंदी साहित्य और मानवीय संवेदना (आत्मकथा- दोहरा अभिशाप - कौशल्या बैसंत्री के विशेष संदर्भ में) | 125 - 128 |
| 28 | प्रा. डॉ. राहुल पुंडलिकराव वाघमारे | दलित संवेदनाओं के प्रमुख हस्ताक्षर : ओमप्रकाश वाल्मीकि | 129 - 134 |
| 29 | डॉ. शंकर गंगाधर शिवशेट्टे | इक्कीसवीं सदी के हिंदी कहानियों में चित्रित नारी संवेदना | 135 - 140 |
| 30 | डॉ. प्रकाश भगवानराव शिंदे | मानवीय संबंधों के अन्वेषी - डॉ. सुनील जाधव | 141 - 145 |
| 31 | प्रा. कोरेबोईनवाड साईनाथ दीगाबंर और प्रा. वाघमारे सुधाकर चंद्रकांत | सुशीला टाकभौरे की काहानियों मे दलित संघर्ष | 146 - 149 |
| 32 | प्रा. विजयसिंह ठाकुर | मानवीय मूल्य 21 वी सदी में | 150 - 152 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33 | प्रा. डॉ. पी. एम. भुमरे | "वसीयतनामा" कहानी में वृद्धों के जीवन की अभिव्यक्त त्रासदी | 153 - 159 |
| 34 | प्रो. डॉ. प्रकाश सदाशिव सूर्यवंशी | कोरोना कालिन हिंदी कविता मे मानवीय संवेदना | 160 - 162 |
| 35 | प्रा. डॉ. सुनिल सोजरराव कांबले | 21वीं सदी की हिंदी कविता में मानवीय मूल्य | 163 - 167 |
| 36 | डॉ. सुधीर गणेशराव वाघ | सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों में समकालीन मानवीय भाव-बोध | 168 - 175 |
| 37 | डॉ. मंगल संभाजीराव खुपसे | जनमोर्चा संघर्ष और सामाजिक चेतना की कहानी | 176 - 180 |
| 38 | डॉ. वसीम मक्रानी | चित्र मृदगल का उपन्यास "पोस्ट बॉक्स नं. 203 नालासोपारा" में मानवीय संवेदना | 181 - 185 |
| 39 | डॉ. मुकुंद कवडे | जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ' कहानी संग्रह में व्यक्त मानवीय संवेदना | 186 - 189 |
| 40 | डॉ. भारती बाळकृष्ण धोंगडे और श्री. अनिल फतु राठोड | नासिरा शर्मा की कहानियों में मानवीय संवेदना | 190 - 194 |
| 41 | संगिता प्रभाकरराव गवळे और प्रा. डॉ. सुभाष एन. क्षीरसागर | रूपनारायण सोनकरजी की आत्मकथा 'नागफनी' में मानवीय संवेदना | 195 - 198 |
| 42 | ज्ञानेश्वर रामकिसन हालसे और प्रा. डॉ. विजय गणेशराव वाघ | रणेन्द्र का काव्य - संग्रह 'थोडासा स्त्री होना चाहता हूँ' में मानवीय संवेदना | 199 - 206 |
| 43 | डॉ. दीपक विनायकराव पवार | 21वीं सदी के नाटकों में मानवीय संवेदना | 207 - 211 |
| 44 | प्रो. डॉ परविंदर कौर महाजन | नए समय के नए समाज की कहानी "एक दिन अचानक" | 212 - 215 |
| 45 | चित्रा संभाजी जोंधळे और डॉ. रत्नमाला धारबा धुळे | 21वीं सदी का उपन्यास और मानवीय संवेदना (विशेष संदर्भ : ज्ञानप्रकाश विवेक जी के उपन्यास) | 216 - 217 |
| 46 | मनीषा पंढरी वाघमारे और प्रो. डॉ. पाईकराव एस. एस | २१वीं सदी में गीताश्री का 'हसीनाबाद' उपन्यास और मानवीय संवेदना | 218 - 222 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 47 | शेख जाबेर शेख इब्राहिम | 21 वीं सदी के आत्मकथा साहित्य में महिला लेखिकाओं का योगदान | 223 - 226 |
| 48 | डॉ. ख़ाज़ी एम. के. | इक्कीसवीं सदी के हिन्दी कहानियों में मानवीय संवेदना | 227 - 232 |
| 49 | शेजवळ अरविंद<br>और<br>प्रो. डॉ. अशोक तुकाराम जाधव | अशोक चक्रधर के साहित्य में मानवीय संवेदना | 233 - 238 |
| 50 | प्रा. डॉ. साईनाथ ग. शाहू | साहित्यिक विमर्शों का आधार : मानवीय संवेदना के विविध रूप | 239 - 243 |
| 51 | प्रा. डॉ. चंद्रकांत नरसप्पा एकलारे | 21 वीं सदी की कहानी " ऐ गंगा तुम बहती हो क्यूँ " में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना | 244 - 245 |
| 52 | बाबासाहेब गणपतराव इंगोले | 21 वी सदी के हिंदी_उपन्यासों_मे चित्रितकृषक संवेदना | 246 - 252 |
| 53 | विशाल किशन राठोड | २१वी सदी के उपन्यासों में किन्नरों के प्रति संवेदना | 253 - 256 |

# समकालीन कविता में मानवीय मूल्य

डॉ. शेख शहेनाज अहेमद
हिंदी विभागाध्यक्ष
हुतात्मा जयवंतराव पाटील महाविद्यालय
हिमायतनगर, जिला नांदेड 431802

आज कविता सम्पूर्ण परिवेश के समग्र बोध का प्रस्तुतीकरण करती है। इसलिए समकालीन कविता का आधार ठोस चिंतनपरक और वैचारिक है। विश्वस्तर पर कविता का परिदृश्य गहरी मानवीय चिंता से आक्रांत है। समकालीन कविता जिंदगी की कठोर चुनौतियों से जूझने वाली संघर्ष गाथा है। वैचारिकता समकालीन कविताकी पहली सीढ़ी है, क्योंकि शोषण के अमानवीय चरित्र को बेनकाब करने, शोषितों के उन अंतर्विरोधों को उद्घाटित करने, जिनके कारण वे अपने बेहतर भविष्य से दूर होते जाते हैं । कविता विचार को शस्त्र की तरह इस्तेमाल करती है। समकालीन कविता समकालीन जीवन यथार्थ से जुड़ी है। समकालीन कविता की सबसे बड़ी पहचान है- यथार्थ को यथा रूप में प्रस्तुत करना। यद्यपि यथार्थ का चित्रण नयी कविता में भी हुआ है, परन्तु समकालीन कविता में यथार्थ पूर्ण रूप में चित्रित होता है। समकालीन कविता का आधार ही यथार्थ है ।

जीवन की विसंगतियों को समकालीन कविता ने बहुत महत्त्व दिया है। साहित्य में असौंदर्य को महत्त्व दिया है। सपाट वयानी में जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत करना समकालीन कविता का महत्वपूर्ण कार्य है। साठोत्तरी कविता की वस्तु विचार-प्रधान है। डॉ. रामदरश मिश्र के अनुसार "विचार के बिना कविता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज की कोई भी स्वस्थ कविता वह चाहे गीत ही क्यों न हो, विचार से मुक्त नहीं रह सकती। वर्तमान की बदलती हुई स्थितियों का ठीक मूल्यांकन और विचार कविता ही कर सकती है। आज के दौर की कविता विचार के स्तर पर ज्यादा सक्रीय भूमिका निभा रही है । सम्प्रति हिंदी कविता सत्ता की असंगति पर आघात है। कविता सत्ता के विरोध में सर्वहारा वर्ग को तथा व्यापक जनसमूह को जोड़ने में प्रसारित दिखाई देती है।"।

प्रत्येक देशकाल में एक पूरी मूल्य-व्यवस्था व्याप्त रहती है, उसे ही संस्कृति का एक विशिष्ट सोपान कह सकते हैं।

"मूल्य"- मूल्य वस्तुतः अर्थशास्त्र का एक शब्द है और हिंदी में यह शब्द अंग्रेजी के "व्याल्यू" के पर्यायवाची रूप में प्रयुक्त होता है। मूल्य शब्द की अवधारणा मूल रूप में उपयोगिता वस्तुगत और भावगत को केंद्र में रखती है। हम वस्तुओं की कीमत वस्तुओं को देखकर नहीं उससे मिलने वाली संतुष्टि से आंकते हैं। "जो वस्तु मानव- मन में प्रसाद, प्रेरणा, सार्थकता, आपूर्ति तथा परितोष की अनुभूति उत्पन्न करने में सक्षम होती है, वही मूल्यवान प्रतीत होने लगती है।"2

मूल्य वस्तु आश्रित न होकर व्यक्ति आश्रित होता है और व्यक्ति का मनोजगत बाह्य परिस्थितियों के दबाव से परिवर्तित होता रहता है। अतः मूल्यों में भी बदलाव होता रहता है। शाश्वत मूल्यों की कल्पना अब मान्य नहीं रह गयी है । मानव-मन में जो बदलाव होता है उसके पीछे एक संघर्ष चलता रहता है। इसलिए उसके मूल्य - जगत में भी मूल्य निरंतर विद्यमान रहता है। "मानव मन की जटिलता, इच्छा, इच्छाओं की

विविधता तथा विचारों की अनेकरूपता मूल्यबोध के क्षेत्र में प्रतिबिंबित होती है। विचारों और इच्छाओं के समानांतर मूल्यों में भी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती रहती है तथा उतार-चढ़ाव लक्षित होता है।" 3 मूल्य शाश्वत नहीं होते।

व्यक्ति, समय, स्थान और स्थिति के अनुकूल परिवर्तित होते रहते हैं। आदिम युग से लेकर मनुष्य ने आज तक कितने ही मूल्य बनाये और फिर स्वयं ही उनको अस्वीकार कर दिया। यह अस्वीकार, मूल्यहीनता अथवा मूल्यों का विघटन नहीं, यह शक्ति है जो उसे उसके सौन्दर्य और परिवेश से जोड़ती है, क्योंकि जीवन कटे हुए मूल्य निरर्थक हो जाते हैं।

**मानवीय मूल्यों का विघटन –**

आज समाज के बदलते परिवेश में समस्त मानवीय मूल्य अपनी सत्ता खो बैठे हैं केवल वैचारिक स्तर तक ही विद्यमान था। नए कवियों के मन में यह दर्द व्याप्त था कि मूल्य बिखर रहे हैं। मूल्य नवीन कविता में ही मूल्यहीन या मोह भंग की स्थितियाँ उभरकर सामने आने लगी थीं, लेकिन यह मोह भंग ता की स्थिति देखकर उसके मन में तीव्र अकुलाहट होती थी। सन् 1960 ई. तक आते-आते यह अकुलाहट, यह दर्द-भरा अहसास भी समाप्त होने लगा और साठोत्तर कवि ने मोह भंग को स्वीकार कर लिया। समाज और देशभक्ति के प्रति देखे गए तमाम स्वप्न चकनाचूर होते गए और इस मोह भंग का कारण रही, तत्कालीन राजनैतिक एवं सामाजिक स्थितियाँ।

समकालीन कविता अपने युग परिवेश की सच्ची आवाज है। उसने बदलते जीवन-प्रसंगों और मानव मूल्यों के प्रति बदलती दृष्टि को खरी आवाज दी है। इस पीढ़ी के अग्रज कवि मुक्तिबोध की कविता में सन् 1960 के आस-पास की ज़िंदगी का सच्चा चित्रण मिलता है। वे जानते थे कि समाज के भीतर सच्चाई, ईमानदारी, नैतिकता आदि का कोई मूल्य नहीं रह गया है। चारों ओर अंधकार गहराता जा रहा है। मुक्तिबोध ने जीवनानुभव को आँका है। उन्होंने ज़िंदगी की भयानकता को स्वयं झेला था। इस भयावहता से डर कर मानवता छिपती जा रही है, और दानव प्रवृत्तियाँ मानव-मन पर हावी होती जा रही हैं, वे कहते हैं-
**"अंधियारे बिल से झाँक रहे / सर्पों की आँखें तेज हुई / अब अहंकार अधिक हुआ / मानव के सब कपड़े उतार / वह रीछ एकदम नग्न हुआ । " 4**

भारतीय संस्कृति का आधारभूत वाक्य 'सत्यमेव जयते' पर अब प्रश्नचिन्ह लग चुका है। 'सत्य की घोषित जय' की सही स्थिति का चित्रांकन करते हुए विजय देव नारायण साही ने लिखा है-

**" जब-जब असत्य ने छल से, बल से, माया से / सब कुछ करने को भस्म लाख के भवन रचे/ कोई ज्ञानी, धर्मालू, सत्य का अन्वेषी / निष्कपट विदुर आड़े आया / दे गया देव शब्दों में सारा कपट-भेद / फिर प्रभु अनुकम्पा के बल से / जो सच था, शिव था, सुंदर था / वे आँच सुरंगों वाले पथ से भाग आया/ लेकिन राजन/ कल लाक्षागृह के भीतर जो शव पड़े मिले/ वे किसके थे । "5**

अंत में कवि ने समूची सत्यनिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया। यहाँ पांडवों की सत्यनिष्ठा पर कवि ने सटीक व्यंग्य किया है। सत्य को अपने स्वार्थ के आधार पर देखा गया है। पांडवों की नैतिकता पर यह प्रश्नचिन्ह आज के सत्ताधारियों के चरित्र को भी सामने लाता है। जो अपने स्वार्थ के लिए किसी भी घटना को सत्य-असत्य घोषित कर देते हैं। जो स्वार्थ से जुडे वही सत्य से मुक्तिबोध लिखते हैं-

**" शोषण की अतिमात्रा / स्वार्थों की सुखयात्रा जब-जब संपन्न हुई / आत्मा से अर्थ गया, / मर**

**गई / सभ्यता। "6**

समकालीन हिंदी कविता में मूल्यों को लेकर अनेक प्रकार के संकल्प-विकल्प मिलते हैं। वर्तमान परिवेश में मूल्यों का संकट एक अजीबोगरीब सत्ता के रूप में कवि के सामने मुँह बाये खड़ा है। "आज विश्व की संकटापन्न स्थिति में सभी मानव - मूल्य विघटित होकर एक अमानवीय हाहाकार में परिणत हो गए हैं। " 7 ऐसे परिवेश में "जहाँ धूर्त होना, अतिरिक्त गुण और बेईमानी प्रमाणित हो चुकी है। " 8 ( कैलाश वाजपेयी - संक्रांत - पृ.सं.60) "स्वस्थ मूल्यों की कल्पना करना भी असंगत प्रतीत होने लगा है। आज स्वार्थ सिद्धि ही एक मूल्य बन गया है। लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए सभी मूल्यों को तिलांजलि दे दी है। "9 "एक ओर देश का संकट है दूसरी ओर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटना - चक्रों के बीच पिसती मानव-नियति है।" 10

आज वह समय आ गया है जब मूल्यों की बात कोई सोचता तक नहीं है। सत्य पर आधारित मूल्य अब एक कल्पना बनकर रह गए हैं। सत्य शब्द का प्रयोग आजकल केवल अर्थी उठाने के लिए ही किया जाता है-

**"सत्य शब्द का / उच्चारण/ अब केवल अरथी ले जाने में होता है । "** 11

जब समाज परिवर्तन की राह से गुजर रहा हो, संक्रमण का दौर हो, तो उस समय प्रत्येक सत्य अपना मूल्य खो बैठता है, समकालीन भारतीय समाज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है, इसलिए सत्य की महत्ता घटती जा रही है और चारों ओर षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। बदलती हुई स्थितियों में मानव-चरित्र भी बदल रहा है।

सत्य को जब षड्यंत्र द्वारा छिपाने का प्रयास किया जाता है, तो पूरी मानवता हिल उठती है । समकालीन समाज में ऐसा कुछ नहीं होता क्योंकि सत्य को अपदस्त करने का प्रयास किसी अकेले व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरा का पूरा समाज इसी दिशा की ओर अग्रसर हो रहा है, और इसका परिणाम होता है कि सत्य घायल हो जाता है और कोई भी उसे स्वीकार नहीं कर पाता।

**"वह सत्य जो घायल पड़ा है/किसी अज्ञात कक्षा के किसी अज्ञात कोने में वह सत्य । अपना शायद हो ही नहीं सकता । "** 12

साठोत्तरी - जीवन में मानवीय मूल्यों का विघटन बड़ी तीव्रता से होता है। कवियों ने बड़े सचेत ढंग से इस के स्वर में उसका पर्दाफाश करते हैं और कभी निराशा और हताशा भरे स्वर में अभिव्यक्ति देते हैं। उन्होंने देखा कि संक्रमण को पकड़ा है और कहीं उसे व्यंग्य-विनोद की शब्दावली में रेखांकित करते हैं, कहीं आक्रोश और विद्रोह सामाजिक जीवन में आत्मीयता का सम्बन्ध समाप्त होता जा रहा है और आत्मीयता का आडम्बर अधिक रचा जाने लगा है -

**'आत्मीयता - / नीयत की हरजाई तुकबंदियों में / खो जाती है । "**13

इंसानी - चरित्र में बदलाव आते जा रहे हैं। सहानुभूति और प्रेम, सौहार्द्र कहीं किसी के मन में नहीं बचा है। आत्मीय सहानुभूति और सौहार्द्र के दर्शन हो सकते हैं, लेकिन ईमानदारी भी आज के युग में प्रासंगिक नहीं रही। सभी के भीतर ईर्ष्या, द्वेष, घृणा और प्रतिद्वन्द्व के भाव घर कर चुके हैं। ईमानदार चरित्र में ही सत्य, विवेकशील इंसानियत और आदमियत की पहचान ईमानदारी से ही होती है। जब ईमानदारी नहीं रही तो इंसानियत और आत्मीयता कहाँ बचेगी:

**"सड़क पर जाते हुए उसे अचानक लगता है कि वह अकेला है उसके चहरे पर मासूमियत उतर आई है। मासूमियत उसे आदमी बना देती है और वह घबड़ाकर भागने लगता है / वह आदमी होने के अहसास से परिचित है।"14**

मानव-संबंधों में प्रेम ही वह आधार होता है जो जीवन को जीवन बनाता है, उसे मधुरता प्रदान करता है, लेकिन वैज्ञानिक सभ्यता के बदले तनावों से मनुष्य के भीतर वितृष्णा और शुष्कता का साम्राज्य वढ़ता जा रहा है। मित्रता और भाईचारे जैसे सम्बन्ध भी युग की विभीषिका से विषाक्त हो चुके हैं। भाई जैसा व्यवहार करने वाला व्यक्ति भी अब पता नहीं कब जीवन को तहस-नहस कर डाले -

**"उसकी आँखों में चमकता हुआ भाईचारा / किसी भी रोज तुम्हारे चेहरे की हरियाली को / बेमुरव्वत चाट सकता है। "15**

समकालीन कविता में जूझता व्यक्ति यह महसूस करता है कि अब उसमें इतना साहस नहीं रह गया है कि चारों ओर की भयावह स्थिति का सामना कर सके। अमानवीय ताकतों के बीच वह अपने को कमजोर अनुभव करता है। उसे लगता है वह घेराव की स्थिति में है, जहाँ कुछ भी नहीं किया जा सकता-

**कोई रास्ता कहीं नहीं ले जाता / वापस लौट आता है उन्ही तहखानों में / जहाँ चारों ओर लगी हुई है / दीमक की कतार है / सीलन है चूहे है जले है। "16**

**मानवीय मूल्यों में आस्था** - समकालीन कविता मोह-भंग से उपजी मूल्यहीनता की कविता है | इसमें नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का विघटन व्यापक स्तर पर हुआ है। कवियों ने यथार्थवादी दृष्टिकोण को अपनाकर जीवनगत विसंगतियों का चित्राँकन किया है, लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि जीवन के प्रति आज का कवि पूरी तरह निराश हो गया है।

वह जीवन को सार्थक बनाने में अब भी मानवीयता और नैतिकता में आस्था रखता है। समाज में भी नैतिक मूल्यों का बिल्कुल लोप नहीं हुआ है। आस्थावान व्यक्तियों के आधार पर ही यह विश्व गतिमान है। मानवता बिल्कुल नि:शेष नहीं हो गयी है, उस पर अंधकार के बादल जरूर मंडरा रहे हैं, लेकिन मानवता में अभी जिजीविषा बची हुई है। कवि मुक्तिबोध कहते हैं कि विषम से विषम परिस्थितियों में भी जीवन के प्रति आस्थावान रहना चाहिए। आस्था ही जीवन को गतिवान और ऊर्जस्वित बनाती है।

**"कोशिश करो, / कोशिश करो / जीने की/ जमीन में गढ़कर भी । " 17**

मुक्तिबोध का कवि व्यक्तित्व जीवन की विषम परिस्थितियों से होकर निर्मित हुआ था, अतएव उनकी कविताओं में संघर्ष और तनाव के दौर में भी एक आस्था बनी रहती है, उनमें मानव भविष्य की उज्ज्वलता की गहरी आस्था " है, उन्हें विश्वास है-

**हमारी हार का बदला चुकाने आयेगा/संकल्पधर्मा चेतना का रक्त प्लावित स्वर/ हमारे ही ह्रदय का गुप्त स्वर्णाक्षर प्रकट होकर विकत हो जाएगा । " 18**

मानवता पर जो दर्द व्याप्त है उसे कोशिश करके हटाना ही होगा सुखद भविष्य के लिए, और अभी इस सुखद भविष्य के प्रति आस्थावान व्यक्ति हमारे समाज में वर्तमान हैं। अभी भी हमारे समाज में ऐसे आस्थावान व्यक्ति ज़िंदा हैं, जो सच्चाई और ईमानदारी के प्रति समर्पित हैं-

**'मुझे लगता है/ पेड़ के पीछे एक आदमी है जो तोते के अधखाये फल के गिरने पर उसे बताकर ले जाता है जो मानता है कि/किसी छोटे से सच को भी / ख़राब नहीं जाना चाहिए। " 19**

समकालीन कविता में जीवन के प्रति एक जिजीविषा का भाव अभी भी विद्यमान है। ध्वस्त- नैतिक मूल्यों और आस्थाओं के बीच से अपनी राह निकालने का, अपने पथ का निर्माण करने का संकल्प यहाँ देखा जा सकता है, और इस संकल्प का होना ही बड़ी बात है। यह संकल्प ही मनुष्य को महान बनाता है- **मैं ऐसा चाहता हूँ ओ मेरे अन्तरंग / कि सैकड़ों दिनों से मूँदी हुई / कई हजार आँखें / बाहर के संसार में खोल हूँ / XXXXXXXXXXXX/ ओ मेरे अन्तरंग अखरोट पर फूल / और पत्थर पर चूना खिले/ तो सब के घर बाँट दूँ।** " 20

**निष्कर्ष –**

इस प्रकार हम देखते हैं कि समकालीन कविता यहाँ समाज में व्याप्त मूल्यहीनता को उजागर करती है । वहाँ एक क्षीण-सी आशा की किरण भी वहाँ दिखलाई पड़ती है। समकालीन कविता भारतीय संस्कृति के सार्थक जीवन-मूल्यों को अपनाने पर बल देती है। यह कविता जिंदगी के तमाम संघर्षों और तनावों से गुजरती हुई उस आदमी तक पहुँचती है, जिसका जीना आज दूभर हो गया है। कविता के क्षेत्र में यह जागरूकता विशेष महत्त्व रखती है।

समकालीन कविता मानवीय मूल्यों के विघटन को देखने-समझने से उत्पन्न वह बेचैनी है, जो व्यक्ति के अंतर्मन को जागरुक बनाने के लिए प्रयत्नशील है। यहाँ विघटन और ह्रास दिखलाकर कवि फिर से मानवीय मूल्यों की स्थापना करना चाहता है। केवल यथास्थिति का उल्लेख उद्देश्य नहीं है, कवि चाहता है कि यह स्थिति टूटे और नए सम्बन्ध, नए मूल्यों की प्रतिष्ठा हो ।

**संदर्भ -**


1. कविता की वैचारिक भूमिका - डॉ. नरेन्द्र मोहन, प्रस्तावना से |
2. नई कविता स्वरुप और समस्याएँ - जगदीश गुप्त, पृ. सं-12
3. नई कविता स्वरुप और समस्याएँ - जगदीश गुप्त, पृ. सं-12
4. चाँद का मूह टेड़ा हैं- पृ.सं. 41
5. मचली घर - विजय देव नारायण साही, पृ.सं. 41
6. चाँद का मूह टेढ़ा हैं - मुक्तिबोध - पृ.सं. 171
7. निषेध की भूमिका - जगदीश चतुर्वेदी - पृ.सं. 9
8. संक्रांत - कैलाश वाजपेयी - पृ.सं. 60
9. संक्रांत - कैलाश वाजपेयी - पृ.सं. 61
10. निषेध की भूमिका - जगदीश चतुर्वेदी - पृ.सं. 9
11. संक्रांत - कैलाश वाजपेयी - पृ.सं. 61
12. दीवारों पर खून से - देवताले - पृ.सं. 47
13. संसद से सड़क तक - धूमिल - पृ.सं. 51
14. सोमित्र मोहन : लुकमान अली, पृ.सं. 100
15. संसद से सड़क तक धूमिल पृ.सं. 68
16. कुआनो नदी - सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

17. चाँद का मूह टेड़ा हैं - **मुक्तिबोध** - पृ.सं. 56
18. चाँद का मूह टेड़ा हैं - **मुक्तिबोध** - पृ.सं. 3
19. एक पतंग उन्नत में - अशोक वाजपेयी - पृ.सं. -61
20. बंधी हुई पृथ्वी - लीलाधर जगूड़ी - पृ.सं. 19

# 21वीं सदी की कहानियों में मानवीय संवेदना

डॉ. राजाराम बनर्जी
विभागाध्यक्ष हिंदी
डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय
बलौदा, जिला– जांजगीर–चाम्पा (छ.ग.)

सारांश :

भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में इक्कीसवीं सदी पूर्ण रूप से बाज़ार, सूचना प्रौद्योगिकी, तकनीक और पश्चिमीकरण के पूर्ण प्रभाव की सदी रही है, जिसका प्रभाव समाज के प्रत्येक क्षेत्र में परिलक्षित होता है। समकालीन परिदृष्य में सामाजिक परिवर्तनों की चर्चा कहानी, उपन्यास, नाटक तथा साहित्य की अन्य विधाओं के माध्यम से की जाती रही है। वर्त्तमान समय में राजनीति ध्रुवीकरण देखने में आ रहा है। ऐसे समय में साहित्य में साम्प्रदायिक सद्भाव होना अनिवार्य है; क्योंकि भविष्य में जब समाज को तोड़ने वाली शक्तियों का जिक्र आयेगा तो साहित्य की भूमिका पर अवश्य प्रश्न उठेगा। 21वीं सदी की प्रमुख साहित्यकारों ने राष्ट्रीय और मानवीय मूल्यों में विघटन को बड़ी वेदना के साथ अपनी कहानियों में चित्रित किया है।

**बीज शब्द** : साम्प्रदायिक, मानवीय मूल्य, राजनीतिक व्यवस्था

21वीं सदी के कहानीकारों ने अपनी कहानियों में बिगड़ते राजनीतिक परिदृश्य, विघटित होती मानवीय संवेदना को देखते हुए व्यवस्था में परिवर्तन का आग्रह किया है, उन्होंने विविध पात्रों के माध्यम से कुरूप होती राजनीति को परिवर्तित करने का प्रयास किया है। समकालीन हिंदी कहानी के क्षेत्र में कई पीढ़ियों के साहित्यकार एक साथ सक्रिय रहे है, यही कारण है कि समकालीन कहानी में वैविध्य देखने को मिलता है।

मानवीय संवदेनाओं की मनोवैज्ञानिक प्रस्तुति करती कहानी संग्रह 'सिलवटें' है। प्रस्तुत कहानी संग्रह में पच्चीस कहानियाँ संग्रहित है, जो कि हमारे जीवन व समाज के विविध पक्षों को मनोवैज्ञानिक आधार पर प्रस्तुत करती है। इन कहानियों में मानवीय संवेदना, स्वार्थपरकता के भाव एवं विसंगतियाँ को प्रस्तुत किया गया है। ये कहानियाँ मनुष्य में मनुष्यता ढूढ़ने का प्रयास करती नजर आती है। स्वयं को सुनना व आत्मंथन करने का प्रयास करती हुई कहानी है। अधिकांश कहानियों की पृष्ठभूमि शहर के गली–मोहल्लों की है। कहानियों में व्यवस्था की संवेदनहीनता भी है। इन कहानियों में मुख्य रूप से स्त्री पात्र की संवेदना और परिवार को चित्रित किया गया है। विसंगतियां, लाचारी, लाचारी, डर और सहम का वातावरण है। ये हम 'गाठ' कहानी की दीदी, 'एक लकीर दर्द की' की बिट्टू, 'एक टुकड़ा जिंदगी' की कावेरी, 'पुनर्जन्म'' की शांता, 'मजबेबाज' की बच्ची और 'उसकी मौत' की रज्जों में देख सकते हैं।

'गोलक' कहानी में भी औरत की मनोदशा का चित्रण है। पति–पत्नि को पैसा कमाने की मशीन मानकर नौकरी करने के लिए बाध्य करता है। इस प्रकार से ये कहानी संग्रह स्वयं में समेटे

हुए हमारे समक्ष प्रस्तुत होती है। 'सिलवटें' कहानी संग्रह के लेखक वरिष्ठ कहानीकार विकेश निझावन जी हैं। इनकी हर कहानी का रंग व भाव भिन्न है। सहज एवं सरल ढंग से बात कही गई है। भावों को लेकर चलने वाली है, कुल मिलाकर कहानियां मानव व समाज की संवेदनाओं का मनोवैज्ञानिक रूप प्रस्तुत करती है।

वर्त्तमान युग वैश्विकरण एवं भूमण्डलीकरण का युग है। भूमण्डलीकरण के समय की हिंदी कहानियों पर विचार करते हुए यह बात साफ हो जाती है कि इस दौर के कहानीकारों ने समकालीन समय सामाजिक परिवर्तन एवं विकास की प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए कहानियों की रचना की है, यही कारण है कि इस दौर के कहानियों की जो दुनिया है, वहां कहानी के रचने अथवा सर्जनात्मकता की प्रक्रिया इतनी कठिन एवं विविधतापूर्ण हैं कि उन पर विचार एवं आकलन करना अत्यंत कठिन है। भूमण्डलीकरण की विविध प्रक्रियाएँ हैं, जो वर्त्तमान के नये कहनीकारों के कहानियों में साफ–साफ परिलक्षित होते हैं। इन्टरनेट की दुनिया से लेकर सुविधाभोगी भौतिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नव–निर्मित उत्पादनों की भरमार हैं, सिमें आज के जीवन के यथार्थ को एक नये ढंग से रचा जा रहा है और मनुष्य है कि उसके मायाजाल से निकल ही नही पा रहा है। उदाहरण के लिए– चित्रा मुद्गल कृत 'लकड़बघ्घा', ओमप्रकाश वाल्मीकि कृत 'सला', संजीव कृत 'अपराध', उदय प्रकाश कृत 'तिरिछ', प्रेमकुमार मणि कृत 'खोज', पंकज बिष्ट कृत 'बच्चे गवाह नही हो सकते', संजय खाती कृत 'पिंटी का साबुन' आदि कहानियों में समकालीन सुय, समाज, राजनीति के यथार्थ तथा बाज़ारवाद के भवर में फंसे व्यक्ति एवं उनके अंतर्मन की बेचैनी, अंतर्द्वंद्व, भय आदि का यथार्थ चित्रण इन कहानियों के माध्यम से किया गया है। अनिल यादव कृत 'दंग भेजियो मौला' के शिल्प और भाषा के सन्दर्भ में संजीव जी की टिप्पणी उल्लेखनीय है– ''कहानी अपनी पूरी संरचना में सुसंगत है। यहां कुछ भी अलग नहीं छिटकता न दृश्य, न ब्यौरा, न भाषा, न कथा–युक्तियाँ। इनमें से कोई अपने लिए नहीं है, सभी एक–दूसरी के लिए हैं।''1

सन् 1992 ई. में हुए बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद उपजे सांप्रदायिक उन्मादों का दौर जो अंत होने का नाम नहीं ले रहा था। रचना संचार में इन उन्मादों का गहरा प्रभाव पड़ा। हिंदी कहानी में साम्प्रदायिकता से जुड़ी विचारशील एवं मार्मिक कहानियों का सृजन किया गया जिनमें प्रमुख रूप से स्वयं प्रकाश कृत 'पार्टीशन', उदय प्रकाश कृत 'और अंत में प्रार्थना', शिवमूर्ति कृत 'त्रिशुल', अवधेश प्रीत कृत 'बशारत मंजिल' आदि चर्चित है। शम्भु गुप्त ने लिखा है– ''दुनिया भर का समकालीन साम्राज्यवाद, पूंजीवाद, नव–सामंतवाद एवं नव–उपनिवेशवाद पिछली कुछ शताब्दियों से अपनी विभिन्न राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक एजेंसियों के द्वारा श्रमशील तबके की इसी आत्म–चेतना, मूल्य–निष्ठा एवं विवेक–बुद्धि को ठिकाने लगाने पर तुला है।''2

हिंदी साहित्य में बहुत से चर्चित साहित्यकार हुए जिनकी कहानियाँ मानवीय संवेदनाओं को स्पर्श करते हुए समकालीन यथार्थ को प्रस्तुत करती है। ऐसे ही सुप्रसिद्ध साहित्यकार शेखर जोशी जी हैं। ''शेखर जोशी ने रचनात्मक यथार्थशीलता और कहानी के अंतर्गत पात्रों की मानवीय संवेदना को लेखनी के माध्यम से पाठकों और समीक्षकों के मध्य स्वतंत्र पहचान बनाते हुए सशक्त अभिव्यक्ति दर्ज करायी है।''3

शेखर जोशी की कहानियों में मानवीय संवेदना के अंतर्गत मनुष्य के सभी मानवीय गुण संवेदना, सहानुभूति, सुख–दुःख और समाज के उसके प्रति जो भी प्रतिक्रियायें रही है उसे अपनी कहानी के पात्रों के माध्यम से बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। उनकी कहानियाँ हलवाहा, दाज्यू, समर्पण, कोसी का घटवार आदि बहुचर्चित कहानियों के माध्यम से पाठकों को मानवीय संवेदना के सभी गुणों की अनुभूति करायी है। शेखर जोशी की कहानी 'प्रश्नवाचक आकृतियाँ' की पृष्ठभूमि एक ऐसी सामाजिक बुराई है जिसने युवा पीढ़ी को कुण्ठाग्रस्त कर दिया है। बेकारी और बेरोजगारी इस कहानी के महत्त्वपूर्ण पहलू है। इसकी विचारधारा तथा व्यवहार ठीक अपने समय पर केंद्रित है। 'कोशी का घटवार' शेखर जोशी जी की सर्वाधिक चर्चित कहानियों में से एक है। इस कहानी में मानवीय संवेदना के भाव देखते ही बनता है। इस कहानी के मुख्य पात्र 'गोसाई' और 'लक्षमा' है। इन दोनों पात्रों के प्रेम की गहराई और एकदूसरे के प्रति सम्मान की भावना को उन्होंने बहुत ही सजह एवं सरल ढंग से प्रस्तुत किया है।

''सूखी नदी के किनारी का यह अकेलापन उसके द्वार पर धरना देकर बैठ गया है, वही। जिसे अपना कह सके, ऐसे किसी प्राणी का स्वर उसके लिए नहीं। पालतू कुत्ते–बिल्ली का स्वर भी नहीं। क्या ठिकाना ऐसे मालिक का जिसका घर द्वार नहीं, बीवी–बच्चे नहीं, खाने–पीने का ठिकाना नहीं।''4

21वीं सदी में हिंदी साहित्य में महिला लेखिकाओं का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण रहा है, उन्होंने साहित्य को समृद्ध बनाया है और समाज में जागरूकता लाने में अहम भूमिका निभाई है। महिला साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में स्त्री अधिकारों, सामाजिक न्याय और महिलाओं के जीवन से जुड़े मुद्दों को उठाया है। उनकी रचनाओं में विवाह, तलाक, सेक्सुअलिटी और महिला शिक्षा जैसे मुद्दों को संबोधित किया है। 21वीं सदी की प्रमुख महिला लेखिकाओं में : मैत्रेयी पुष्प मृदुला गर्ग, उलका सरावगी, चित्रा मुद्‌गल, मन्नू भंडारी है। यदि इक्कीसवीं सदी के नारी लेखन के संदर्भ में कहानी की चर्चा की जाये तो यकिनन कहा जा सकता है कि महिला रचनाकारों ने हिंदी कहानी के परिदृश्य को ज्यादा व्यापक, संवेदनशील और मानवीय बनाया है। बीसवीं सदी के अंतिम दशक में कहानी लेखन नारी वर्चस्व के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करता है और इनमें से बहुत सी लेखिकाओं का लेखन जारी रहते हुए एक्कीसवीं सदी में प्रवेश कर जाता है। इनमें ममता कालिया, चित्रा मुद्‌गल, नासिरा शर्मा, मृदुला गर्ग, मेहरूनिसा परवेज आदि उल्लेखनीय नाम है। ममता कालिया ने नारी विमर्श के दृष्टिकोण से उत्कृष्ट कहानियों का सृजन किया है, उनके प्रमुख कहानी संग्रह हैं– 'छुटकारा', 'एक अदद औरत', 'सीट नंबर छः', 'उसका यौवन' आदि।

चित्रा मुद्‌गल की कहानी 'ताशमहल' दो भागों में बँटी नारी की व्यवस्था को अंकित करती हुई प्रस्तुत हुई है। सरला अग्रवाल कृत कहानी संग्रह– 'पुनरावृत्ति नही होगी', 'मेंटल पीस' आदि प्रमुख है।

नीलम शंकर की कहानी 'जो रूकता नहीं' विवाहेत्तर संबंधों एवं उससे उपजी समस्याओं की कहानी है। वही चंद्रकांता कृत 'बच्चे कब मिलेंगे' दादी के रूप में वही प्रभा खेतान ने भारतीय एवं पाश्चात्य नारियों के जीवन को अपने कथा साहित्य में स्थान दिया है। उनका 'छिन्नमस्ता' उपन्यास

भारतीय जीवन के पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों से बँधी स्त्री पर आधारित है। वही उनका 'आओ पेपे घर चलें' रचना विदेशी पृष्ठभूमि पर रची वहाँ की सभ्यता को दर्शाता है। मुख्य रूप से उनके उपन्यासों में मार्क्सवादी चिंतन की झलक दिखायी देती है। इस तथ्य को स्पष्ट करने के लिए प्रभा खेतान की रचना स्त्री उपेक्षिता का यह तथ्य उल्लेखनीय है –

''क्या एक कामकाजी महिला ज्यादा सुखी नहीं। मेरे लिए अब तक सुखी शब्द का पूरा अर्थ स्पष्ट नहीं हो पाया है और न ही दूसरों के सुखों को मापने का मेरे पास कोई यंत्र है यह तो व्यक्ति के ऊपर निर्भर करता है कि किस परिस्थिति को वह अपने लिए सुखी कहे। विशेषतया अनेक व्यक्ति अपनी गतिहीनता को ही सुख का नाम देती है। व्यक्ति तभी स्वतंत्रता प्राप्त करता है जब वह दूसरों की स्वतंत्रता को निरंतर पहचानने की चेष्टा करता है।''5

डॉ. अलका सरावगी की 'शेष कादम्बरी' में उपभोक्तावादी समाज का चित्रण है। साथ ही पाश्चात्य सभ्यता का भी दर्शन इनकी रचनाओं में देखने को मिलता है। अपने कथा साहित्य के माध्यम से जो बामें बेबाकी से वह कह पायी हैं उनकी रचनाओं में देखा जा सकता है –

''महिला कथाकारों ने नारी की स्वयत्तता को अनेक रूपों में चित्रित किया है। वह अपने जीन में अपने संगी साथियों के चयन में स्वतंत्र विचायर रचाना चाहती है। अब नारी अपने स्वतंत्र अस्तित्व के लिए समाज में आमूल परिवर्तन की कामना करती है।''6

नासिरा शर्मा के कहानी संग्रह 'बुतरवाना' की प्रथम कहानी 'नमकदान' है। यह कहानी पति–पत्नी के संबंधों को बया करती है, जिसमें कहानी नायक जमाल और नायिका गुल दोनों पति–पत्नी हैं। दोनों मध्य संवाद का कुछ अंश– ''तुम आजकल नमकदान मेज कर क्यों नही रखती हो? गुल ने धीरे से कहा, ताकि नमक की अहमियत याद रहे। क्या मतलब लोग नमक को भूलते जा रहे हैं। गुल ने कहा। मैं चलता हूँ शायद शाम को घर लौटने में देर हो जाए तो परेशान मत होना। कहता हुआ जमाल नैपकिन से मुँह पोछता हुआ उठा और बाहर की तरफ बढ़ा। गेट के बाहर कार स्टार्ट होने की आवाज गुल के कानों तक पहुँची। जमाल जिस राह पर निकल गया है, वहाँ इतनी जल्दी वापसी मुश्किल है।''7

**निष्कर्ष :**

21वीं सदी की कहानियाँ मानवीय संवेदना के भाव एवं मनुष्यता को उजागर करती है। 21वीं सदी की कहानियाँ सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदना और इंसानी जटिल प्रवृत्तियों की अभिव्यक्ति का ज्वलंत दस्तावेज है। यह वर्त्तमान समय की विषमताओं को इस सहजता से प्रस्तुत करता है कि इंसानी ललक पात्रों में बाकी ही नही रहती, बल्कि टूटे रिश्तों और बदलते मानवीय मूल्यों और सरोकारों की कचोट पाठकों को गहरी तपकन का एहसान करती है।

**संदर्भ ग्रंथ :**

1. कुमार, संजीव, हिंदी कहानी की इक्कीसवीं सदी पाठ के पास पाठ से परे (2019) नई दिल्ली, राजकमल प्रकाशन पृ.सं. 38
2. गुप्त शम्भू, कहानी यथार्थवाद से मुक्ति, (2017) नई दिल्ली वाणी प्रकाशन पृ.सं. 79

3. प्रियंका सौरभ लेख/विचार/पत्थर होती मानवीय संवेदना 21 दिसम्बर 2023
4. संपात्र डॉ. बालाजी, डॉ. व्यंकट पाटिल, कहानी संकलन प्र.सं. 2019 दिव्य डिस्ट्रीब्यूटर्स कानपुर पृ.सं. 94
5. खेतान प्रभा, के साहित्य में नारी विमर्श पृ.सं. 21
6. स्त्री अस्मिता–साहित्य और विचारधारा, जगदीश्वर चतुर्वेदी, सुधा सिंह आनन्द प्रकाशन पृ.सं. 176–178

# निःशक्तों की मानवीय संवेदनाएँऔर 'वीमा' नाटक

**प्रो. डॉ. प्रतिभा जी. येरेकार**
**प्रोफेसर एवं हिंदी विभागाध्यक्ष,**
**लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय,**
**धर्माबाद, जि. नांदेड (महाराष्ट्र)**

मानवीय संवेदनाओं का आशय 'मनुष्य की उस सोच या चिंता से है, जो मनुष्य को मनुष्य से जोड़ देती है, जिससे वह अपने व्यक्तिगत वृत्त या घेरे को लाँघकर आसपास के परिदृश्य से जुड़ जाता है, घर से बाहर पड़ोसी, समाज-समुदाय, क्षेत्र, राज्य, राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक के हित-चिंतन में लग जाता है तथा अपने इर्द-गिर्द अथवा सुदूर के परिवेश में होनेवाली घटनाओं से प्रभावित एवं आंदोलित भी हो जाता है',[8]ये होती है मानवीय संवेदनाएँ।

सामान्यतः 'संवेदना' कहे तो हृदय की गहराई की एक आवाज होती है, जो किसी भी नियम, उपनियम, जाति, धर्म के बंधनों में बँधी हुई नहीं होती। मात्र वह मनुष्य की मानवीय व्यवहार की एक उत्कृष्ट अनुभूति और अभिव्यक्ति होती है। वह एक ऐसी भावना है, जिसे पाँच इंद्रियों में से कोई एक या इन सभी के द्वारा समझा जाता है, अनुभूत किया जाता है। 'सुशील कुमार शर्मा' के शब्दों में- "मानवीय संवेदनाएँ मनोवैज्ञानिक रूप से हमें प्रभावित करती हैं। ये मानवीय संवेदनाएँ मनोवैज्ञानिक रूप से एक मनुष्य के मन को दूसरे मनुष्य के मन से जोड़ती हैं यही कारण है कि कभी किसी व्यक्ति के दुःख को देख कर हम अकस्मात ही दुख का अनुभव करते हैं यह हमारी ज्ञानेद्रियों के स्पंदन के कारण होता है। उस क्षण उसके लिए हमारे मन में संचित करुणा व दया के भाव उत्तेजित होते हैं। सरल शब्दों में इन्हीं भावों की उत्तेजना को मानवीय संवेदना कहते हैं।"[1]'संवेदना' शब्द की व्युत्पत्ति के संबंध में उन्होंने लिखा है-"संवेदना शब्द की व्युत्पत्ति 'सम' उपसर्ग पूर्वक 'वि'द (वेदना) धातु में ल्युट प्रत्यय लगाने से होती है अर्थात सम+ वेदना = संवेदना। यह संवेदना का व्याकरणिक अर्थ है। इसका शाब्दिक अर्थ है- प्रत्यक्ष ज्ञान, अनुभूति, भावना जागृति, उत्तेजना आदि।"[2]अन्य एक मान्यता के अनुसार- 'संवेदना' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत के मूल शब्द 'संवेद' से हुई है। संवेद का अर्थ है- 'सुख-दुःख का अनुभव, ज्ञान, बोध आदि।'संवेद में 'न' और 'आ' दो प्रत्यय जुड़कर शब्द बना'संवेदना', जिसका अर्थ होता है-'अनुभूत करना, समझना, प्रकट करना आदि।'[3]

'संवेदना' मानवीय आचरण की सर्वोत्कृष्ट अनुभूति है। यह मनुष्य के अंतर्मन में उपजी एक पीड़ा है, कसक है, जो आह के साथ बाहर आती है। यह मनुष्य के मन-मस्तिष्क में उत्पन्न होती है, जिसकी वजह से मनुष्य उदात्त हो जाता है। क्योंकि संवेदनाएँ मनुष्य को ज्ञानी बनाती है। मनुष्य या मानव वही है, जिसमें मानवता होती है और मानवता वही है, जहाँ संवेदनाएँ होती हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा है- जिस मनुष्य में दूसरों के प्रति संवेदना नहीं है, तो वह मनुष्य कितना भी बड़ा विद्वान क्यों न हो? वह अपने जीवन में कुछ भी नहीं पा सकता।मनुष्य समाज से जुड़ा हुआ है।अतः मनुष्य और समाज दोनों के लिए संवेदना का होना अनिवार्य है।इसके बिना दोनों स्वस्थ एवं विकसित नही हो सकते।

साहित्य में संवेदना का महत्व अतुलनीय है। मानवीय संवेदनाओं की शाब्दिक अभिव्यक्ति की

फलश्रुति ही साहित्य है। हिंदी साहित्य के इतिहास में हिंदी-साहित्य-सृजना को प्रेरित तथा परिवर्तित होने के लिए विविध घटनाएँ एवं परिस्थितियाँ, आंदोलन, विभिन्न युद्ध, विभाजन की विभीषिकाएँ और वैश्विकरण के साथ भारतीय संविधान से संबंधित संवेदनाओं के कई कोण कारणीभूत रहे हैं। भारतीय संविधान ने मनुष्य को शिक्षा, स्वातंत्र्य, समता, बंधुता और न्याय के मूल्य मूलभूत अधिकारों के रूप में प्रदान किये हैं। इसकी बदौलत सदियों से उपेक्षित वर्ग के युवक-युवतियाँ शिक्षित होकर स्वतंत्रता से स्वयं के प्रति सोचने लगे, अपनी आस्मिता के प्रति सजग हो गये और अपनी संवेदनाओं की यथार्थ अभिव्यक्ति करने लगे। अतःउनकी इस अभिव्यक्ति में उनके दुःख-दर्द, व्यथा, कष्ट, संघर्ष शोषण, न्याय-अन्याय आदि के प्रति की संवेदनाएँ सशक्तता से दृष्टिगोचर हुई हैं।

हिंदी साहित्य के इतिहास में दलित और उसमें भी आंबेडकरवादी साहित्यकारों ने अपनी एक अलग पहचान कायम की है। ये साहित्यकार अपने साहित्य के माध्यम से महात्मा गौतम बुद्ध, म.ज्योतिबा फुले, संत कबीर और डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों एवं कार्य-प्रणाली को व्यक्त करने के साथ-साथ, उसका प्रचार-प्रसार करते हुए उनके दिखाये मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ये आंबेडकरवादी विचारधारा से प्रभावित और इसे लेकर चलनेवाले साहित्यकारों की सूची में 'ओमप्रकाश वाल्मीकि, मोहनदास नैमिशराय, डॉ.एन.सिंह, बुध्दशरण हंस, डॉ.जयप्रकाश कर्दम, कँवल भारती, कुसुम वियोगी, शत्रुघ्न कुमार, सूरजपाल चौहान, अजय नवारिया, श्यौराजसिंह 'बेचैन, रूपनारायण सोनकर, डॉ.सुशीला टाकभौरे, अनीता भारती, रजतरानी मीनू आदि के साथ रत्नकुमार सांभरिया का नाम विशेषतः से आ जाता हैं।

आंबेडकरवादी साहित्यकार रत्नकुमार सांभरिया का साहित्यिक व्यक्तित्व बहुमुखी हैं। उन्होंने साहित्य के कहानी, एकांकी, नाटक, आलोचना, अनुवाद और लघुकथा के क्षेत्र में अपनी कलम चलायी। उनके साहित्य के द्वारा उनका भुक्तभोगी जीवन किसी-न्-किसी प्रकार से व्यक्त होता दिखायी देता है। क्योंकि उन्होंने अपनी बाल्यावस्था में जाति-भेद के दंश को भोगा था। साथ-ही अन्य अनेक कटु अनुभवों से गुजरते रहें। फलतः यह सब साहित्य में निःसृत होता रहा। इसका एक प्रमाण'वीमा' नाटक भी है। उन्होंने 'साहित्य को समाज का दर्पण' न मानकर 'साहित्य को समाज का दीपक' कहा है। स्वयं वे 'वीमा' नाटक-लेखन का मूल उद्देश्य निःशक्तों और वंचितों के दुःख-दर्द, कष्ट-दुश्वारियों से मुक्ति दिलाना मानते हैं।[4] इसीलिए उन्होंने 'वीमा' में डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के शैक्षिक और सामाजिक विचारों को प्रकट करते हुए, उनके त्री-सुत्री कार्य-विचार 'शिक्षा, संगठन और संघर्ष' को वस्तुतः व्यक्त कर नि:शक्तों, वंचितों में आंबेडकरवादी ज्ञान-चेतना का दीपक जलाया। अज्ञान, अंधविश्वास, असमानता के विरुध्द समतामूलक समाज तथा सामाजिक सद्भावना की भावना को स्थापित करने का प्रयास किया। विषमता के विरोध में लड़ने के लिए निःशक्तों में संगठित होकर संघर्ष करने का जज़्बा जगाया। संक्षेप में, रत्नकुमार सांभरिया ने 'वीमा' में निःशक्तों की मनुष्यके रूप में उनकी मानवीय संवेदनाएँ- 'अस्तित्व और अस्मिता-बोध की भावना, जाति-भेद, छुआछूत का विरोध, अन्याय-अत्याचार, भ्रष्टाचार से मुक्त समानता की माँग' को यथार्थता से अभिव्यंजित किया।

रत्नकुमार सांभरिया का 'वीमा' नाटक सन् 2020 में प्रकाशित 21वीं सदी का एक ऐसा यथार्थवादी नाटक है, जिसमें एक ओर श्यामाजी, आका, थानेदार, झा जैसे दोगले, स्वार्थी, प्रवंचक और शोषक प्रस्थापितों की मानसिकता तथा कृत्य को उद्घाटित किया है, तो दूसरी ओर नेत्रहीन, लूले-लंगड़े, निकामी पैरवाले, बैसाखी के सहारे चलनेवाले अपाहिज विस्थापित निःशक्त दलितों की सामुहिक सफल सबलता,

अस्मिता और अस्तित्व की चेतना, जाति-भेद से पीड़ित मन आदि को पर्याप्तता से प्रकट किया है।

नाटक का नायक'जमन वर्मा' अनुसूचित जाति का दोनों आँखोंसे जन्मांध, नेत्रहीन निःशक्त कबीरपंथी विचारधारा का दलित व्यक्ति है, जो श्यामाजी की नेत्रहीन पाठशाला में संगीत के शिक्षक के रूप में नौकरी करता है। किंतु उसे वेतन के रूप में मात्र हजार रुपये दिये जाते हैं और हस्ताक्षर उससे ज्यादा रुपयों पर लिये जाते हैं-"पेन पकड़ कर साइन करा लेते हैं, मेरे। --- रोकड़! साइन तो ज्यादा पर ही कराते बताए। मेरी हथेली पर एक हज़ार रख देते हैं, बस।"[5]स्पष्ट है- श्यामाजी, सरकार का अनुदान लेकर भी अपने भ्रष्ट आचरण से जमन वर्मा का शोषण करता है। क्योंकि जमन वर्मा नीची जाति का होने के साथ-साथ दोनों आँखों से नेत्रहीन है। न कुछ कर पाता है, न कुछ कह पाता है।

जमन वर्मा ने, सवर्ण 'वीमा' से 'कोर्ट मैरिज' किया है। वीमा भी उसी की भाँति नेत्रहीन युवती है। परंतु वह जन्मांध नेत्रहीन नहीं है, तो उसने अपनी आयु के आठवे वर्ष में 'बड़ी माता का रोग' निकल जाने से अपनी दोनों आँखे खोई हैं। वह सवर्ण धनिक परिवार की बेटी है। लेकिन वह बीमारी के कारण नेत्रहीन हो जाने से, उसका जीवन दुःखों का पहाड़ बन गया है। वह अपने-ही परिवार में उपेक्षित हो जाती है। अतः परिवारवाले उसका विवाह एक अधेड़ जमींदार व्यक्ति के साथ करना चाहते हैं, जिसकी पहले से ही एक पत्नी है और वह वीमा को दूसरी पत्नी के रूप में संतान-निर्मिति की मशीन की भाँति स्वीकारना चाहता है। किंतु वीमा साहसी, विद्रोही और अपने अस्तित्व को पहचाननेवाली युवती होने से, वह घर से भागकर रेल में बैठकर रेल के अंतिम स्थान शहर आ जाती है। यहाँ आकर वह एक कठिन परिस्थिति में उलझने पर, जमन वर्मा उसकी एक गुंडे के अन्याय-अत्याचार से मुक्ति करता है और अपने साथ अपने घर अर्थात श्यामाजी के यहाँ, जहाँ वह एक कमरे में रहता है,इस स्थान पर ले आता है। पर, यहाँ आकर वह संकोच से वीमा को यह भी कहता है कि "दरअसल तुम एक स्त्री हो और मैं एक पुरुष। यहाँ आकर स्त्री-पुरुष दो देह रह जाते हैं। वीमा, यह हमारे चरित्र और नैतिकता के लिए परीक्षा की घड़ी है।"[6]तिस पर भी दोनों जमन के कमरे में अपने-अपने आत्मसंयम, नैतिकता के स्वबंधनों से रात गुजारते हैं। तत्पश्चात दोनों एक-दूसरे को समझ लेते हैं, एक-दूसरे की संवेदनाओं को महसूस करते हैं और श्यामाजी की साहय्यता तथा अभिभावकता से शुभाशीष लेते हुए 'कोर्ट मैरिज' कर लेते हैं। तथापि विवाह के पूर्व जमन, वीमा को अपनी नीची जात की वास्तविकता सेअवगत कराते हुए कहता है- "तुम ऊँची जात। मैं नीची जात।तुम सवर्ण, मैं दलितमन में ऊँच-नीच का भेद रहते गृहस्थी की गाड़ी नहीं चलती!"[7]इस पर वीमा कहती है-"छोड़ो भी जमन। पढ़े-लिखे होकर जात की काप में पाँव मार रहे हो।तुम मरद हो, मैं औरत हूँ। दो जात। तुम नेत्रहीन, मैं नेत्रहीन। एक जात।"[8]पर जमन, वीमा को जाति-भेद की दरी से परिचित कराते हुए, जाति के कारण भविष्य में गृहस्थी टूटने की संभावना को भी दर्शाता है। क्योंकि वह जाति-भेद की तीव्रता का भुक्तभोगी होने से, वीमा को जातिगत असमानता का बोध कराता है। लेकिन वीमा गाँव की कम पढ़ी-लिखी युवती होकर भी 'स्त्री-पुरुष' की ही दो जाति और 'नेत्र-हीनता' की एक जाति समझनेवाली समझदार एवं ज्ञानी व्यक्ति सिध्द हो जाती है तथा जमन से विवाह कर लेती है।

जमन और वीमा दोनों के विवाह को कुछ माह बित जाने पर,उनके खुशहालवैवाहिक जीवन में उनका संतान-रूपी फूल खिल जाने के आसार दिखायी देनेलगने पर, मात्र उनके अभिभावक श्यामाजी की ही बुरी नज़र उनके सुखी संसार को उध्वस्त कर देती है। क्योंकि इन बिते हुए माह में श्यामाजी को ज्ञात हो

जाता है कि विमा उनकी दूर की रिश्तेदार है और उसने सवर्ण होकर नीची जाति के जमन वर्मा को अपना जीवन-साथी बनाया है, जो उसके ही रहमो-करम पर उनकी ही संस्था की नेत्रहीन पाठशाला में बच्चों को संगीत सीखाता है। श्यामाजी को यह सब पता चलने पर जमन वर्मा से घिन हो जाती है। अतः वह असहनीयता से एक ओर वीमा का अपहरण करा देता है तथा दूसरी ओर जमन वर्मा को अपने घर के कमरे से सामान के साथ बाहर निकाल देता है और पाठशाला की नौकरी से भी मुक्त कर देता है। श्यामाजी के इस दुराचार पर, जमन उसे अभिभावक होने की याद दिलाता है, किंतु श्यामाजी उसकी एक नहीं सुनता। ऐसे में वह निःशक्तों के संरक्षक बन बैठे, निःशक्त जन का दर्शनीय कार्यालय चलानेवाले एवं अंतर्मन में निःशक्तों से घृणा करनेवाले सवर्ण श्यामाजी की ही बिरादरी के 'आका' के पास जाकर उनसे न्याय माँगतेहुए कहता है- "--- सर नेत्रहीन संस्था के संस्थापक श्यामाजी---उन्होंने मेरी नेत्रहीन गर्भवती पत्नी वीमा को दिन दहाड़े उठवा दिया है। ---जब मैंने उनसे मदद की गुहार की तो उन्होंने नौकरी से ही निकाल दिया, मुझे।---आप निःशक्तों के संरक्षक हैं। माई-बाप हैं। आप श्यामाजी से कहकर मेरी पत्नी दिलवा दो।---कलेजा फटा जा रहा है।"[9]पर 'आका' जमन की एक नहीं सुनते। विपरीत वे जमन को ही श्यामाजी की अच्छाइयाँ गिनाते हुए सुनाते हैं-"वे ऐसे घटिया आदमी नहीं है। आरोप लगाते हो। श्यामाजी जैसे सज्जन और संवेदनशील इंसान की इज्जत पर, अँगुली उठा रहे हो---।वे नेक, हरदिल अजीज़ इंसान है। निःशक्तों के लिए तो देवरूप हैं। ---क्यों? क्या नहीं है सच?विश्व विकलांग दिवस पर उनकी संस्था को पचास हजार रूपए का पुरस्कार मिला है। हरमोनियम पर स्वागत गीत तुमने ही तो गवाया था, नेत्रहीन बच्चों से।"[10]लेकिन जमन बार-बार अपनी गर्भवती पत्नी 'वीमा' को वापस लाने की गुहार लगाने पर, आका उसको खिजते हुए परंतु समझाने के स्वर में कहते हैं-"निःशक्तों के सामुहिक विवाह के लिए हमने एक संस्था के मार्फत आवेदन माँगे हैं। अपनी अर्जी लगा दो आज ही।---तुम्हारी जात-बिरादरी की किसी निःशक्त लड़की के साथ तुम्हारा विवाह करा दूँगा। साथ-में यह भी सुनाते हैं-"हम सालों-साल, उम्र-भर, बिना धर्म जी सकते हैं, बिना जात एक पल भी नहीं रह सकते।"[11]ज्ञातव्य है,आका और श्यामाजी की सोच एक-ही है। आका कोभी नीची जाति के जमन वर्मा का सवर्ण वीमा से 'कोर्ट मैरिज' करना नापसंद है। इसके अतिरिक्त श्यामाजी और आका का साथ देने वाले 'थानेदार' एवं'दैनिक बाज' पेपर का संवाददाता 'सी.सी. झा उर्फ चमक चंद्र झा को भी यह विवाह अमान्य है। ये दोनों भी सवर्ण हैं, जो जमन की प्रवंचना करते हैं। श्यामाजी अपने रुपयों की ताकत तथा सवर्ण जाति का हवाला देकर दोनों को अपनी ओर करता है। वह झा को कहता है- "बेटे आपकी शिराओं में भी उसी जाति का रक्त है, जो मेरी शिराओं में बह रहा है। झा बेटे, दुर्योग रहा लड़की मेरी रिश्तेदार निकल आई। नीची जाति का जमन वर्मा मेरे स्कूल में टीचर!उसकी पत्नी मेरी रिश्तेदार!----बेटे आँखों देखे मक्खी नहीं निगली जाती! ---थानेदार भी अपने हैं।"[12]तद्नंतर जमन वर्मा, वीमा की खोज-खबर के बारे में पूछने के लिए अपने दोनों पावों से अपाहिज मित्र 'देवत सिंह' को साथ लेकर थाने में थानेदार के पास जाता हैं, तब थानेदार जमन पर ही गरज कर कहता है-"स्साले, अँधे, लंगड़े-लूले भी बड़े घरों की लड़कियों को धोखा देकर उनसे शादी रचाने लगे। ज्यादती करने लगे। गुंडे कही के। ----आदमी को अपनी जात और अपनी मात को कभी नहींभूलना चाहिए।"[13]

इस तरह सभी ओर से अनुसूचित जाति के दलित व्यक्ति जमन वर्मा को उसकी जाति के आधार पर निरंतर छला जाता है। उसके साथ धोखाधड़ी की जाती है और उसकी पत्नी को ही उठवा लिया जाता है।

पर जमन वर्मा भी हार नहीं मानता। वह अपने मित्र देवत सिंह की सहायता से अपने विरोधियों को अपनी ओर से मुँहतोड़ जवाब देते हुए अनशन और धरना आंदोलन करता है। रचनात्मक मार्ग से संघर्ष करते हुए न्याय के लिए लड़ता है। उसकी यह लड़ाई अन्य सभी निःशक्तों में स्वयं के प्रति अस्मिता और अस्तित्व-बोध की चेतना जगाने का सक्रिय कार्य करती है। फलतः विभिन्न जगहों से अनेक निःशक्त जन जमन वर्मा को समर्थन देने, उसके आंदोलन में प्रत्यक्षतः सहभागी होने हेतु आका के कार्यालय पहुँचते हैं तथा आका औरश्यामाजी को वीमा को पुनः जमन वर्मा को सौंपने के लिए बाध्य करते हैं। जमन वर्मा का देवत सिंह के माध्यम से लगभग समस्त निःशक्त जनों को संगठित कर, संघर्ष करने का रचनात्मक संवैधानिक मार्ग डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के विचार-तत्वों को प्रकट करता है। आंबेडकरवादी मानसिकता को व्यक्त करता है।

जमन वर्मा मूलतः शूरवीर है। साहसी है। साहस के बल पर ही वह वीमा को गुंडे से छुड़ाकर घर ले आता। तत्पश्चात श्यामाजी के द्वारा वीमा का अपहरण किये जाने तथा श्यामाजी से अपमानित होने पर, वह श्यामाजी को आहत होकर चेतावणी देते हुए कहता है-"मुझे अँधा ठूँठ और नीच जात कह कर आपने अपनी जात बता दी है, श्यामाजी। हर कोई रग-रग जानता है, आपकी। केरोसिन में पड़े रबड़ की तरह फूलते-फैलते जा रहे हैं, आप। जनेऊ चाम के नीचे ले ली है।----श्यामाजी, कान खोलकर सुन लेंआप। वीमा को चौथा महीना है।अगर मेरी बीवी और होने वाले बच्चे को कुछ हो गया, कठघरे में होंगे, आप।"[14]उसके बाद आका से भी कहता है-"सर, प्रेम के पौधे पर जात की कुल्हाड़ी मार रहे हैं, आप। जो श्यामाजी कह रहे थे, वही आप कह रहे हैं। ---सर मैं वीमा के लिए अपना सिर दे सकता हूँ। ---निःशक्त आपको धनीधोरा मानते हैं, अपना। वाह! वाह!! वाह!!! आप श्यामाजी के साथ जात की जाजम पर बैठे हैं।"[15]जमन नेत्रहीन होने पर भी शिक्षित होने से कायदे-कानून का ज्ञान रखता है। चूँकि थानेदार से वीमा की खोज-खबर संबंधी कानूनी बातें करता हुआ कहता है- "सर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति एक्ट का केस है, यह।सुना है, इसकी तफ़्तीश उप-अधिक्षक स्तर के अधिकारी करते हैं। जब वे आ ही रहे हैं, मिल लेते हैं, उनसे। बता देते हैं वीमा के अपहरण की घटना।"[16]उसे सवर्णोंकी कायरता भी ज्ञात है। अतएव वह देवत सिंह से कहता है-"ये बड़े लोग भीतर से बड़े कायर होते हैं। हम गरीब लोगों के कंधों पर ही बन्दूक रखकर चलाना जानते हैं, सामना नहीं कर पाते।"[17]तदुपरांत जमन एवं देवत सिंह दोनों समस्त निःशक्तों का साथ पाकर और निःशक्तों के सम्मुख आका, श्यामाजी, थानेदार आदि सभी को विवश देखकर, निःशक्तों की सबलता तथा संवेदनाओं को वार्तालाव के द्वारा इस प्रकार प्रकट करते हैं-

"जमनः बड़ी ताकत दिखाई आप लोगों ने,----

देवत : निःशक्तों के एकत्र होने को मेंढक तोलने जैसा मानते हैं,
लोग। मैं कहता हूँ, अगर निःशक्त अपनी पर उतर आएँ, लोहे की गेंद हैं। लोहे की गेंद को न किक मारी जा सकती है, न उसे उछाला जा सकताहै।

जमनः **(लम्बी साँस मारकर)** फख्र है, निःशक्तों पर। निःशक्तों की
एकता पर, निःशक्तों की ताकत पर।"[18]

देवत सिंह अपने मित्र जमन वर्मा का पूरा और सच्चा साथ देते हुए सभी निःशक्तों को एकसंघ करने में मदद करता है। दूसरी ओर सभी निःशक्त अपने सांघिक बल से अपना अस्तित्व-बोध, दिखाते हुए अपनी आस्मिता के प्रति सजग हो जाते हैं। यही नहीं तो सवर्ण वीमा ने भी अपनी आँखें गँवाने पर निःशक्त

हो जाने से अपनी संवेदनशीलता तथा साहस के बल पर अपने परिवार के विरोध में जाकर घर से भागने के विद्रोही कदम उठाये हैं। उसका जमन वर्मा से यह कहना "आँखें नहीं हैं तो क्या? कठपुतली होऊँ, उनकी? ---हमारे गाँव के पास ही रेलवेस्टेशन पड़ता है। उसी से लगते खेत हैं, अपने। शादी के समय खेतों के बहाने आई और जिन्दगी दाँव पर लगा, गाड़ी में बैठ गई मैं तो। गाड़ी में चलती आई, जहाँ तक गाड़ी आई।" उसकी वीरता को दर्शाता है।

सार, 'वीमा' नाटक निःशक्त दलित-जीवन की सशक्त अभिव्यक्ति है, जहाँ सत्य की धरातल पर निःशक्त दलितों की सजग चेतना, उनकी मानवीय संवेदनाएँ वस्तुतः उजागर हुई है।

**संदर्भ-सूची तथा अध्ययन-स्त्रोतः**

1) मानवीय संवेदनाएँ वर्तमान संदर्भ में- सुशील कुमारशर्मा, hptts://sahityakunj.net
2) मानवीय संवेदनाएँ वर्तमान संदर्भ में- सुशील कुमारशर्मा, hptts://sahityakunj.net
3) संवेदना की अवधारणा और उसके प्रकार- डॉ.शिवदत्त शर्मा, hptts://www.allresearchjournal.com
4) वीमा (मेरी बात)- रत्नकुमार सांभरिया, पृ.7
5) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.38
6) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.42
7) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.46
8) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.46
9) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.28, 29
10) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.28, 29
11) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.30
12) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.68
13) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.70, 72
14) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.21
15) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.31
16) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.55
17) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.77
18) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.77
19) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.40, 41
20) निःशक्त- https://uphwd.gov.in

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

# नारी तुम केवल सबला हो' कहानी में स्त्री-संवेदना

**प्रो. डॉ. ज्ञानेश्वर गंगाधरराव गाडे**
**शोध निर्देशक तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष**
**श्री योगानंद स्वामी कला महाविद्यालय, बसमत जी. हिंगोली.**

पार्श्वभूमि:

समाज में स्त्री और पुरुष एक ही रथ के दो पहिए है। रथ के दोनों पहिए समान होते हैं, जिससे रथ तेजी से आगे बढ़ कर मंजिल तक पहुंच जाता है। उसी प्रकार मानवीय जीवन में स्त्री –पुरुष एक ही रथ के दो पहिए होने के कारण दोनों के अधिकार और कर्तव्य समान रहे हैं। मानवीय जीवन सामान्य से सुख दुख तथा समृद्ध बनकर सफलता के उच्च शिखर पर पहुंच जाता है। मानव का संबंध कई आया मों, प्रकृति, कला, विज्ञान, इतिहास, समाज से जुड़ा है। मानव -मानव, मानव-समाज, मानव प्रकृति के संबंध की प्रक्रिया जटिल और संस्लिष्ट है। प्राणी जगत में स्त्री –पुरुष इकाई रूप में जीवन जीते हैं, वहां परस्पर आश्रित होकर भी। स्त्री के बिना पुरुष अधूरा और पुरुष के बिना स्त्री अकेली बन जाती है। स्त्री पुरुष के पारस्परिक संबंध से सृष्टि का विकास होता है। प्रकृति स्त्री पुरुष के युग्मसे सृष्टि के विकासक्रम को स्थिर रखती है और व्यक्ति एवं समाज तथा स्त्री पुरुष के पारस्परिक संबंध एवं श्रम विभाजन से समाज को गति देता है।

भारतीय समाज की ओर दृष्टिक्षेप करने से यह समाज पुरुष प्रधान अधिक लगता है। यहां स्त्रियों को हमेशा उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। पुरुष वर्ग हमेशा स्त्रियों पर हावी होकर अपनी जरूरतों को पूरा करता हुआ दिखाई देता है। यहां की स्त्री स्वयंकी उन्नति के साथ अपने अर्धांग (पति) की भी भलाई चाहती है। पुरुषों के खाना खानेसे पहले भारत की स्त्री आज भी खाना खाते हुए नजर नहीं आती। इसके अलावा पुरुष वर्ग स्त्री खाना खाए अथवा नाखाए उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी संस्कृति में हमेशा स्त्री ही अधिक दुख झेलकर पुरुषों के सुख की पर छाई बन गई है। स्त्रियोंका इतना त्याग होते हुए भी यही पुरुष, स्त्री के प्रति असंवेदनशील दिखाई देता है।हिंदी साहित्य की प्रसिद्ध कहानीकार डॉ.निहारिकाजीने 'नारी तुम केवल सबला हो' कहानी लिखकर स्त्री जीवन की संवेदना प्रकट करते हुए, स्त्रियोंको न्याय देने का बहुमूल्य कार्य किया है।

संवेदना क्या है?

'संवेदना' शब्दको अंग्रेजी में 'सिंपैथी' शब्द का प्रयोग किया जाता है- जिसका हिंदी अर्थ 'सहानुभूति' होताहै।

'संवेदना' शब्द मूलरूप से संस्कृत 'संवेद' से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ सुख-दुख का अनुभव,ज्ञान,बोध प्रतीति आदि है।'संवेदना' पुलिंगी शब्द है जिसमें 'आ' प्रत्यय जोड़ने से संवेदना स्त्री लिंगी शब्द बन जाता है। संवेदना एक ऐसी अनुभूति है जो परायों के दर्द को अपना बना देती है। पीड़ा दूसरों को होती है पर प्राण अपने छटपटा ते हैं। अर्थात जब दूसरों का दुख देखकर देखनेवाले के मनमें भी वही दुखी भाव तैयार होता है तो इस प्रक्रिया को 'संवेदना' कहा जाता है।

'नारी तुम केवल सबला हो' कहानी में डॉ. निहारिका जी ने मूल्य विघटन के कारण परिवार में बिखराव आ रहा है इसी कर पाठकों का लक्ष्य केंद्रित किया है। यह कहानी नरेश और रचना के दांपत्य

जीवन की कहानी है। पति-पत्नी के रिश्तों में शारीरिक भावना एक और बौद्धिक स्तर पर जुड़ने की आवश्यकता होती है जब तीनों की पूर्ति एक से नहीं होती तब दांपत्य जीवन में बिखराव आजाता है नरेश और रचना का सांसारिक जीवन बहुत ही अच्छी तरह से चलाथा उन दोनों के बीच गहरा प्यार समझदारी और बड़ी सद्भावना पन पर हीथी। नरेश के ऑफिस का पूरा स्टाफ रत्नकी बहुत ही इज्जत करता था भारतीय समाज व्यवस्था में स्त्री स्वयंभू खी रहेगी परंतु अपने पति को पेटभर खाना खिलाकर ही प्रसन्नता का अनुभव करती है कहानी में रचना भी नरेश के दुख तकलीफ बांटने वाली और ऑफिस की परेशानियों केसाथ-साथ अपने घरेलू परेशानियों का भी हल ढूंढने में भी वह नरेश की सहायता करती थी।

भारतीय स्त्री में सहनशीलता तथा त्याग भरा हुआ है। वह अपने पतिको देवता मानते हुए, उसकी सुश्रुषा करना ही अपना फर्क समझता है। परंतु वही पति किसी पराये स्त्री के साथ घर बसाए या उसके साथ नाजायज तालुकात रखें। यह कतई बरदाश्त नहीं कर सकती। कहानीमें नरेश और रचना के शादीको 22 साल पूरे हो चुके थे उन्हें 17 -18 सालकी लड़की 'नेहा' तथा उससे डेढ साल छोटा लड़का 'अमन' था। 22 साल तक दोनोंने एक दूसरेके साथ प्यार भरा दांपत्य जीवन बितानेके बाद उनदोनों में ऐसा क्या घटित हुआ, जिससे उनके दांपत्य जीवन में बिखराव सा आ गया है। अपने हम उम्रके लड़का- लड़की होने के बादभी यह कैसे संभव है? दांपत्य जीवनमें जब एक स्त्री को अपने पतिने किसी अपनी बेटी जैसी लड़कीके साथ शादी की है यह अनुबंध सुनाई देती है तब किसी भी स्त्री के पैरतले की जमीन हिल जाती है उसके जीवन में भूकंप सा आ जाता है और पैर भी लड़खड़ाने लगते हैं। ऐसाही हुआ रचनाके बारेमें। रचना जैसेही यह किसीके मुंहसे सुनती है किनरेशने किसी लड़कीके साथ शादी करली है तब रचनाने हा और अमनको अपने अगल-बगल में लेकर सोफे पर बैठ जाती है। यह रचनाके जीवनमें आया हुआ सबसे बड़ा सदमा था, जिससे रचनाके आंखोंसे दुखभरे आंसू बहने लगते हैं।

दांपत्य जीवन की टूटनमें मुख्यत: तीन करण कार्य करते हैं- जिसमें स्त्री पुरुष का अहम, मनोनुकूल यौन संबंधों का अभाव, आर्थिक वैषम्य, स्त्री- शिक्षा और आधुनिक चेतनाके परिणाम स्वरूप विवाहसंस्था के मूल्यमें विघटन आदि है। नरेश और रचना के दांपत्य जीवन में बिखराव आने में इन में से कौनसा प्रमुख कारण है, जिसे पति-पत्नी के बीच बिखराव आ गया है। एक दिन नरेश शाम 5:00 बजे अपने ऑफिस से घर निकलता है परंतु घरपर समयपर लौटता नहीं रातके 9:00 बज चुके थे। इधर रचना, नरेश के दोस्तों के घर अपने मायके में फोन करके उसकी पूछताछ करती है। फिरभी नरेश का पता नहीं चलता। 16 साल का अमन अपनी मां की बेचैनी को देखकर अपनी मोटर साइकिल निकालकर अपने पिता को ढूंढनेके लिए चला जाता है और वह उन्हें न जाने कहां-कहां नहीं ढूंढता होगा। क्योंकि अमन अपने मां- पापा के प्रेमको वह अच्छी तरह से जानता है। जबकभी नरेश को ऑफिससे आनेमें देर हो जाती है तो रचना अर्थात अपनी मां ना जाने क्या-क्या सोचती रहती है। रचना बेचैनी में पति को कहती थी - "कहां रह गए थे आप! मारे चिंता के मेरा दिमाग फटने –फटने को हो आया है। आप को हम लोगों की जरा भी परवाह नहीं है"1 रचना, नरेश के दांपत्य जीवन में इतना प्रेमका सागर होने के बावजूद भी उनमें यह बिखराव क्यों आ गया है?

यह सबसे बड़ा सवाल है। देर रात रचनाके दरवाजे पर दस्तक गिरती है तभी रचना और अपने दोनों बेटा-बेटी दरवाजे की ओर भागकर दरवाजा खोलते हैं। उसी समय रचना कहती है -"कहां थे आप हम सब कितने चिंतित हो रहे थे?"2 तब रचना को जो दृश्य दिखाएं देता है वह उसके पैरतले की जमीन हिला देनेवाला है। नरेश के माथेपर तिलक और जूली का हाथ पकड़े हुए दृश्य दिखाई देता है। जूली की मांग में ताजा-ताजा सिंदूर चमक रहा था और उसके गले

में मंगलसूत्र। नरेश रचना से अकेलेपन में कुछ आपबीती अभिव्यक्त करना चाहता था। रचना के भाईने नेहा –अमन को एक कमरेमें लेकर गया और नरेशने दूसरी शादी करने की वजह बताते हुए कहां है कि -"रचना मैं पुरुष हूं मुझे स्त्रीका साथ चाहिए, तुम जानती हो। लेकिन तुम एकपत्नी से ज्यादा एक मां हो, एक बहूहो, तुम्हारे लिए शारीरिक संबंध बहुत महत्वपूर्ण नहीं है। यह केवल एक पार्टभर है जीवन का जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। तुम्हारी उम्र, तुम्हारे जीवन अध्यात्म, व्यस्तता, थकान और और जिम्मेदारियां, बीमारी, बस तुम्हें इन संबंधोंसे दूर ले जाती है। लेकिन मैं तो पुरुष हूं। पुरुषकी कोई उम्र नहीं होती। मेरा सारा अध्यात्म, जीवनकी सारी फिलासफी तुमसे अलग हो जाती है। तुम्हारी अरुचिसे मुझे जीवनसे अरुचि होने लगी है। तुमसे मुझे कोई भी, कैसा भी स्फुरण नहीं मिलता। यह स्फुरण मुझे जूलीसे मिला। जूलीका जोश, जिंदादिली, लापरवाही मुझे स्फूर्ति से भर देती है। मैं अपनी उम्र बीमारपत्नी, बड़े हो रहे बच्चे सबभूल जाता हूं। मुझे लगता है जैसे मैं 25 - 26 साल का नवयुवक हूं। जोश और स्फूर्तिसे भरा हुआ तुम्हारे साथ मैं एक पुरुष पति न होकर एक सहचर, एक केयर टेकर जैसा होता जा रहा था और यह मैं नहीं चाहता। मैंनहीं झेल सकता तुम्हें और तुम्हारे साथको।"3

पुरुष प्रधान संस्कृति में वर्तमान पुरुष स्त्री को अबला समझकर उसका शोषणकर, स्वयं स्त्रीका स्वामी बनना चाहता है। परंतु वर्तमान ज्ञान विज्ञान के युग में पुरुषोंने कतई यह भूल नहीं करनी चाहिए, क्यों कि वर्तमान स्त्री स्वयंके पैरोंपर खड़ी होकर इस सांसारिक जीवन का ठेला पुरुषोंके बगैर ढकेलकर जीवनजी सकती है। आजकी स्त्री केवल अबला नहीं है वह सबला बन गई है। कहानी मेंनरेश, रचना और जूली को साथ-साथ रखकर जीवन जीना चाहता है। तब रचना, नरेश से कहती है-"नहीं नरेश तुम्हें मेरे या मेरे बच्चों के लिए कुछ भी नहीं करना होगा। क्यों कि तुम्हारे लिए मैं और बच्चे कोई मायने नहीं रखते। इतने वर्षोंका साथ भी कुछ नहीं है तुम्हारे लिए। जिस रिश्तेकी बात तुम कर रहे हो, जिसके लिए तुमने जूली से शादी की, मैं उसके कारण तुम से सारे रिश्ते खत्म करती हूं। तुम्हारे लिए वही रिश्ता सबसे ज्यादा अहम है और मेरे लिए वह सब से गौन है। तुम्हारे इन व्यवस्थाओं से मैं इनकार करती हूं। और एक बात..... रचना के स्वर में एकघनी कठोरता अद्भुत, ठहराव आया। यह घर मेरा है मेरे नामसे है और मेरे घर में तुम्हारे जैसे व्यक्तिके लिए कोई स्थान नहीं है। तुम अभी इसी वक्त मेरे घर से अपने सामान से निकल जाओ। तुम्हारा जोभी सामान यही छूटे गाव हमें बाहर फेंक दूंगी।"4

स्त्री प्रेम का सागर है लेकिन जब उसके जीवन में पुरुष अगर कांटे या पत्थर लाकर डालेतो वह ज्वालामुखीभी बन जातीहै। रचनाने नरेशके बगैर अपनी लड़की और लड़केकी जिम्मेदारी उठाकर सम्मानपूर्ण जिंदगी जीनेकी ललकार व्यक्त की है। पुरुषोंके अभाव में भी स्त्री अपने परिवारकी धरोहर बन जाती है। पुरुषोंने कतई उन्हें केवल कठपुतली समझनेकी भूल नहीं करनी चाहिए। नरेश के चले जाने के पश्चात रचना की मां दुखी होकर बीमार गिर जाती है और 6 महीने में ही दुनिया से चली जाती है और उसके पिताजीने अंततक खामोश रहने लगे। अपनी बिटिया के सुखमय जीवन में बाहरी स्त्री रूपी संकट को कोई भी व्यक्ति बर्दाश्त नहीं कर सकता।

बाईस वर्ष जिस व्यक्तिने सांसारिक जीवन जिया होउ सने एकबेटी जैसी लड़की के साथ शारीरिक ज़रूरतें पूरी करनेके लिए शादी की है। यह वार्ता समाजमें पहाड़में लगी हुई आगकी तरह फैल जाती है। समाजके लोगोंने रचनाको ताने मारना शुरू किया था रचनाने हार नहीं मानी और उसने अपने बेटी और बेटे को पढ़ाई के लिए बाहर भेज दिया। पुरुष जब स्त्री का साथ छोड़ देता है तब अबला स्त्री भी सबला बन जाती है।

ज्ञानविज्ञान के योग में पुरुषों ने कतई स्त्रियोंको अबला समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। पुरुषके अभाव में भी स्त्री अपनी जिंदगी नएसलिकेसे शुरू कर देती है। अपने बच्चों की पढ़ाई होने के बाद रचनाने 'नेहा' की शादी

अपने शहर से बहुत दूर वाले रिश्तेमें की। क्यों कि नेहाके पिताके कारनामोंकी चर्चा आस पासके रिश्तेदारों तक पहुंच चुकी थी। अमनको उसने तीन सालसे विदेश में पढ़ाई हेतु भेजा था। रचना खुद अपने जीवनकी त्रासदी में काटती रही। एक दिन रचना अपनीही वेदना में डूबी हुई थी, तब दरवाजे की बेल बज जाती है दरवाजा खोलने प रनरेश दिखाई देता है। वह रचना को माफी मांगने आया था और कह रहा था कि-" मैंने जो तुम्हारे साथ किया आज जूली मेरे साथ कर रही है। वह भी ब्याज के साथ। जाने किस-किसके साथ कैसे-कैसे संबंध है उसके। कुछ कहता हूं तो मुझ पर नाराज होती है कि तुम बूढे होगए हो। लेकिन मैं तो बुढ़िया नहीं हूं। मैं तुम्हारे साथ अपना यौवन नष्ट करूं। मुझे मेरे लायक तमाम लोग मिल जाएंगे। शादी की पवित्रता, कर्तव्य की बातें करता हूं तो मेरा ही मखौल उड़ाने लगती हैं।"5 एक स्त्री जब बौखला जाती है तब वह शेरनी से भी खूंखार लगने लगती है। नरेश को देखतेही रचना खूंखार बन जाती है और उसे कुछ सवाल पूछती है-मि. नरेश मेरे पिछले दस साल मेरे जीवन में से काट देंगे आप? मेरे बच्चोंने और मैंने जो लांछन, उपहास , ताने झेले उन्हें हमारे दिल दिमाग से हटा सकेंगे आप? मेरे निश्चल, निशंक मन को जो चिरशंका लुषण बना दिया है आप उसको पहले जैसा बना सकेंगे आप? मैं और मेरे बच्चे अब किसीका भी विश्वास नहीं कर पाए क्योंकि मेरे पति और बच्चोंके पिताने उसके साथ विश्वासघात किया उनके जीवनकी इस सच्चाई को कैसे झूठलेंगे आप? मेरे बाबूजी और मां को वापस ला सकेंगे? मेरे भाई की हंसी लौटादेंगे? इतने सारे सवालों के जवाब आपके पास है तो ही दहलीजके अंदर आप आ सकते हैं ऐसा रचनाने नरेश को कहा है।

उपसंहार:

उपरोक्त विवेचन के आधार पर कहां जा सकता है कि, वर्तमान भौतिक उपभोक्ता वादी संस्कृति और यांत्रिकता ने मानव जीवन में स्वार्थपरता, कुटिलता, विवेक शून्यता और हृदयहीनता जैसी शक्तियों को विकसित किया है, जिस में मानवीय संबंध अपनी पूरी उष्मा खो चुके हैं। इस संवेदन हीनता का सर्वाधिक प्रभाव परिवार पर पड़ा है। आज हमारे पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों में कहीं संवेदना कहीं स्वार्थ का तो कहीं अपने अहंकार का धुन लग गया है और यह संबंध व्यक्ति के सुख का कारण होने के बजाय दुख का कारण बन रहे हैं। नरेश और रचनाकार दांपत्य जीवन पिछले बाईस सालों से बहुत ही सुख समृद्धि से पनप रहा था। रचना नरेश को छोड़कर एक पल भी नहीं रह सकती थी। पुरुष घुमक्कड़ वृत्ति का होने के कारण वह दैनंदिन जीवन में नए- नए दृश्य को देखता है जिसकारण उस के भावना ओं में बदलाव धीरे-धीरे आकर वह अपनी अर्धांगिनी से किए हुए वादोंको मुकर जाता है। दांपत्य जीवन में शारीरिक भावनिक और बौद्धिकस्तर पर जुड़ने की आवश्यकता होती है जब तीनों की पूर्ति एकसे नहीं होती तब दांपत्य जीवन में बिखराव आजाता है । यह बात तो बुनियादी है। परंतु जब वही दांपत्य उम्र दराज हो जाते हैं तब उनमें उपरोक्त कोई भी भावजी वित नहीं रहता।पुरुष वर्ग खुद गर्ज होने के कारण वह स्त्रियों को हर पल, हर कदम फंसाता है ले किन फिर भी स्त्री संघर्ष करना ना छोड़ते हुए आंबला से सबला बनकर जीवन रूपी रास्ते में आए हर संकटों का सामनाकर, जिंदगी जीती है यही उसके लिए बहुत बड़ा सम्मान है।

संदर्भ ग्रंथ

1. सं.अजय टेंगशे- कथानंद- डॉ.निहारिका-नारी तुम केवल सबला हो (कहानी)-पृष्ठ 117
2. वहीं पृष्ठ,118
3. वहीं पृष्ठ,118

4. वहीं पृष्ठ 119
5. वहीं पृष्ठ 121
6. राहुल भारद्वाज-नवें दशक की हिन्दी कहानी में मूल्य-विघटन

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

# धारावाहिक में स्त्री की प्रस्तुति और प्रभाव

**प्रो. चंद्रभान सिंह यादव**
**केजीके पीजी कॉलेज,**
**मुरादाबाद (उ प्र)-244001**

संचार माध्यमों के विस्तार के साथ उसका प्रभाव बढ़ा है| कार्यक्रम की विविधता, दर्शक की संख्या और बजट की दृष्टि से छोटा परदा अब बड़ा हो गया है | भारतीय घरों में मनोरंजन का सर्वाधिक लोकप्रिय साधन टेलीविजन है | टीवी के आरम्भ से धारावाहिकों में समाज की रुचि रही है | धारावाहिकों के केंद्र से लेकर हाशिये तक स्त्री उपस्थित है | यह स्त्री-केन्द्रित विधा बन चुका है, जिसके दर्शक और प्रस्तोता वर्ग में स्त्रियां शीर्ष पर हैं | अस्सी और नब्बे के दशक के अनेक धारावाहिक उल्लेखनीय हैं, जो स्त्री-समाज से सम्बंधित ज्वलंत मुद्दों को उठाते साथ में उनके सशक्त पक्ष को भी दिखाते रहे | इन धारावाहिकों में महिला के मुद्दे को उस समय उठाया गया जब आधी आबादी को उसके अधिकार का पूर्णतः ज्ञान नहीं था | प्रथम धारावाहिक 'हमलोग' में गृहिणी-माँ भागवंती तथा इमरती दादी का किरदार क्रमशः जोयोश्री अरोड़ा और सुषमा सेठ ने अदा करके स्त्रियों के स्थान को प्रतिष्ठित किया | यह निम्न मध्यवर्गीय परिवार पर आधारित था, जिसमे लोगों ने अपने को देखा और पाया | इस तरह की कथा को अपमार्केट ने धीरे-धीरे पर्दे से गायब कर दिया है |

मध्यवर्गीय सामाजिक पृष्ठभूमि पर आधारित उड़ान(1989)सीरियल देश की प्रथम महिला डीजीपी कंचन चौधरी भट्टाचार्य की गौरवगाथा है | अंतरिक्ष में जाने के बाद भी लड़कियों को पुलिस सेवा में जाना अच्छा नहीं माना जाता है | किन्तु, कविता चौधरी ने डीजीपी कंचन भट्टाचार्य के जीवन की हकीकत को इस तरह प्रस्तुत किया कि लोग पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को इस सीरियल से सीख लेने की बात करने लगे थे | यह कविता चौधरी द्वारा उस दौर में लिखित, निर्देशित और अभिनीत धारावाहिक है, जब पर्दे के पीछे महिलाओं की संख्या नगण्य थी | महेश भट्ट द्वारा निर्देशित 'स्वाभिमान'(1994) का केन्द्रीय पात्र स्वेतलाना अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने वाली युवती है | 'शांति'(1994) में मंदिरा बेदी उस लड़की के चरित्र को सशक्त रूप देती हैं जो माँ के लिए न्याय की लड़ाई निर्भीक हो कर लड़ती है | 'रजनी' की मुख्य भूमिका में आम गृहिणी है जो समाज में व्याप्त अन्याय, भ्रष्टाचार से जंग लड़ती है | जिससे सामाजिक बुराइयों से लोहा लेने की प्रेरणा मिलती है | 'सांस' का बोल्ड कथानक विवाहेत्तर सम्बन्ध में स्त्री पक्ष को मजबूती से रखता है | जिसमें नीना गुप्ता न सिर्फ लीड रोल में हैं, अपितु लेखक और निर्देशक भी हैं | इसके लिए नीना गुप्ता को बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड मिला था | 'अल्पविराम' स्त्री-जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी बलात्कार को संवेदनशीलता से सामने लाता है | 'आरोहण'(1996) की युवतियां नेवी में सेवारत है | इसके प्रसारण के बाद भारतीय नेवी में लड़कियों की भर्ती शुरू हुई | जिसका श्रेय इस सीरियल की सोच को भी जाता है | स्त्री-समाज को चैतन्य करने में इन धारावाहिकों की भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता |

इक्कीसवीं सदी अस्मितामूलक विमर्शों की सदी है | साहित्य, कला एवं समाज-विज्ञान में हाशिये का समाज (दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और स्त्री) आक्रामक रूप से अपने अधिकार की आवाज को बुलंद कर रहा है | दूसरी ओर इसी कालखंड में धारावाहिकों का स्त्री-समाज 'पावरफुल होने के बजाय बोल्ड और ब्यूटीफुल' हो गया है | आज के धारावाहिक स्त्री सशक्तिकरण को कमजोर कर रहे हैं | एकता कपूर और बालाजी टेलीफिल्म के आगमन से हिंदी धारावाहिकों के इतिहास में दूसरे युग का आरम्भ होता है | उनके सर्वाधिक लोकप्रिय और लम्बे समय (2000-2008)

तक प्रसारित धारावाहिक 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के कथानक से आज के धारावाहिक आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं | धारावाहिकों में भव्य सेट पर महिलाओं का हाईवोल्टेज ड्रामा, तड़क-भड़क, बात-बात में अतिरेकता, अवास्तविक रोमांस है | यहाँ सास-बहू, ननद-भाभी और चचेरी बहन (सिस्टर्स इन लॉ) की तकरार को संग्राम में बदल दिया जाता है | 'नारि न मोहे नारि के रूपा' को दृश्यमान किया जा रहा है | अब संयुक्त परिवार को 'स्वर्ग से सुंदर, सपनों से प्यारा' नहीं बताया जाता, उसे द्वेष-ईर्ष्या-हिंसा से युक्त अंतर्कलह का अड्डा बना दिया गया है | जहाँ एक युवक की अनेक प्रेमिकाएं एक-दूसरे से द्वेष कर रही हैं | हर पत्नी 'सौतियाडाह' में जली जा रही है | पुरुषवादी सोच द्वारा निर्मित मुहावरा 'औरत ही औरत की दुश्मन है' को चरितार्थ किया जा रहा है | कुमुद शर्मा का कथन काबिलेगौर है-"धारावाहिकों के जरिये, 'पापुलर संस्कृति' के झांसे में दो तरह की औरतों को ईजाद किया है-पहली, किसी औरत के पति को छीनती हुई फैशनेबल, कामुक, उत्तेजक औरत; दूसरी, छिनते हुए पति को वश में करने की चिंता में घुली जा रही औरत | इन कार्यक्रमों को देखकर लगता है जैसे, ये हिन्दुस्तानी औरतों को असुरक्षित करते हुए निर्देश दे रहें हो कि बस, यही है तुम्हारी भूमिका |" (आधी दुनिया का सच,सामयिक प्रकाशन, संस्करण2014, पृ.34) आकर्षक युवती की प्राप्ति की चाह रखने वाले बहुतेरे हैं, जैसे वह कोई बाजारू माल हो | किसी युवती को हुनर के साथ सौंदर्य मिल गया तो उसकी स्वतंत्रता और स्वाभाविक विकास में बाधक सिद्ध हो रहा है |

अपने देश की स्त्रियों का सर्वाधिक समय श्रम करते हुए व्यतीत होता है | उनके समक्ष शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की चुनौतियां वैश्विक हैं | स्वावलंबी युवतियों की सकारात्मक छवि और उनके जीवन की मूलभूत समस्याएं समाज के सामने नहीं आ पा रही है | लॉक डाउन का दुष्प्रभाव स्त्री जीवन की समस्या जटिल बना दिया है | सीरियलों की स्त्रियां, सजधज कर परिवार के छोटे-मोटे संस्कार को भी उत्सव की तरह मना रहीं हैं | इनके त्योहारों में श्रद्धा-भक्ति से अधिक बाजारू दिखावापन प्रभावी है | उच्चवर्गीय भोगविलास में डूबी महिला को दिखाने के साथ गरीब, सामान्य और मध्यवर्ग की स्त्रियों के संघर्ष और समस्या को भी स्थान देना चाहिए | इससे कहानी में वैविध्य आयेगा और रोचकता बढ़ेगी | यहाँ उच्चवर्ग की स्त्रियों का प्रभुत्व है जो डिज़ाइनर साड़ी पहनकर, आभूषण से लदकर प्रेमी-पति को पाने के लिए दिनरात षड्यंत्र में लिप्त हैं | पति की जासूसी करना उनका एक मात्र कार्य है | पति, पुत्र और प्रापर्टी को अपने कब्जे में रखने के लिए रोती, बिलखती बेचैन दिखायी जाती है- पूरे मेकअप में | यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि धारावाहिकों के माध्यम से भारतीय नारी की भ्रामक व एकांगी तश्वीर को परोसा जा रहा है | आधी आबादी को पूरी तरह दिखाए जाने के स्थान पर मात्र नवधनिक वर्ग की महिलाओं को पेश किया जा रहा है | मैत्रेयी पुष्पा की निगाह में इन दृश्यों के सामाजिक दुष्परिणाम-"ऊबी स्त्रियों को देखकर वे औरतें क्या सोचें जो बस में लटककर कारखाने या दफ्तर जाती हैं | दिन-भर खटकर लौटने के बाद चौका-चूल्हा देखती हैं | हाट-बाजार से आटा और नमक लाती है | काश इन सीरियलों में दास-दासियों के ही चित्रण होते तो कुछ राहत होती और आत्महत्या कर लेने जैसी जहरीली इच्छा मन में नागिन की तरह न उठती |"(खुली खिड़कियां,सामयिक प्रकाशन,संस्करण2016,पृष्ठ249) हर वर्ग की औरत को प्रतिनिधित्व न देना अलोकतांत्रिक है |

जिन शिक्षित, स्वावलंबी युवतियों से मार्गदर्शन की उम्मीद की जा सकती है वे संस्कारी और आदर्श बहू बनने के चक्कर में पितृसत्तात्मक मूल्यों का प्रतिनिधित्व और पोषण कर रहीं हैं | 'बालिका वधु' से अपेक्षा थी कि बालविवाह की विसंगतियों को समाज के सामने लायेगा | किन्तु, बालिका वधु आनंदी को हंसते-खेलते हुए आनंदमय अवस्था में दिखाकर, लक्ष्य से भटका दिया गया | आनंदी सरपंच बनने पर सही निर्णय अपने परिवार के खिलाफ़ सुनाती है | परन्तु, परिवार को बिखरने से बचाने के लिए दोष अपने ऊपर ले लेती है | "आनंदी के माध्यम से स्त्रियों

को यह सन्देश दिया जाता है कि स्त्रियों के लिए उनका परिवार ही सबकुछ है | परिवार ही स्त्री के लिए परमसत्य है, स्वयंभू परमात्मा है जिसको बचाने के लिए स्त्री को गला देना चाहिए |"(दीपक शर्मा, धारावाहिकों में स्त्री संसार, जनसत्ता, पृष्ठ रविवारी,8 अप्रैल 2012)

सीरियलों में संघर्षशील युवती दुर्लभ है | पशुपालन-खेतीबाड़ी, घरों में दाई व नर्स, छोटे भाईयों की देखभाल करती, परिवार के काम में हाथ बटाती, करिअर बनाने के लिए पढ़ाई करती लड़कियों की दृश्यावलियां खोजे नहीं मिलती हैं | हाँ! ऐसी आधुनिक आकर्षक युवतियों की भरमार हैं जो जीवन में शिक्षा व स्वावलंबन से अधिक प्रेम व शादी की गतिविधियों में मशगूल रहती हैं | उनका पूरा समय फैशन-पार्टी, त्यौहार-उत्सव मनाने में व्यतीत होता है | जिन्हें शादी होते ही नौकरी के साथ घर की पूरी जिम्मेदारी खुद निभाते हुए दिखाया जाता है | यह वास्तविक जीवन में असम्भव नहीं, किन्तु कठिन और चुनौतीपूर्ण जरुर है | समाज में भी ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं | वह पति और परिवार के लिए सब कुछ त्यागने और सहने को तैयार है | धारावाहिक की उत्तराधुनिक युवती भी परंपरागत भारतीय नारी की तरह पति और बेटे के लिए सारे व्रत रखती है, बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन करती है | परिवार पर ज्यों ही कोई संकट आता है, उससे निपटने के लिए प्रयास की जगह वह देवी माँ या भगवान की शरण में चली जाती है और समाधान भी निकल आता है | अतः उसकी आधुनिकता विचारों में नहीं, सिर्फ वस्त्राभूषण तक सिमटी और दिखावटी है | धार्मिक आस्था के नाम पर अन्धविश्वास को दृढ किया जा रहा है | इससे पितृसत्तात्मक मूल्यों का संरक्षण भी हो रहा है | स्त्री-जीवन के सीमित पक्ष की प्रस्तुति पर बेबी विश्वकर्मा की टिप्पणी उल्लेखनीय है-"वर्तमान स्त्री के समक्ष जीवन जीने की अनेक संभावनाएं खुल गयी हैं | वह पुरुष आश्रित नहीं बल्कि आत्मनिर्भर बनने का विकल्प चुन सकती है, उसकी आशा आकांक्षाएं बदल रहीं हैं लेकिन बदलते परिप्रेक्ष्य में बदल रहे स्त्री जीवन के विविधरंगी पक्षों का जिक्र धारावाहिकों में बहुत कम है |"(पंकज बिष्ट,समयांतर,मार्च 2020,पृ.45)

कुमकुम भाग्य, कुंडली भाग्य, तू सूरज मैं सांझ पिया जी जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों के कथानक में अनेक समानता देखी जा सकती है | प्रायः नायिकाओं की शादी प्रेमी से नहीं होने दी जाती है | नायिका के नापसंद होने पर भी घर वाले अमीर और योग्य लड़के से शादी करा देते हैं | इस प्रकार की शादी अमानवीय होने के साथ भारतीय दंड संहिता की धारा (366) के अंतर्गत अपराध भी है | लेकिन, थोपे गए पति से मतभेद बढ़ने के स्थान पर धीरे-धीरे प्रेम होता दिखाया जाता है | यह विवाह के नाम पर अत्याचार का रोमानीकरण नहीं तो और क्या है ? स्त्री देह को लेकर निर्मित किये जा रहे मिथक घातक हैं | अच्छी दुल्हन का एक मात्र पैमाना देखने में सुन्दर होना है | इनके सुन्दरता का मानक सतही-संकीर्ण है, जिसमें सिर्फ गोरी-छरहरी बदन की लड़कियां ही फिट बैठती हैं | इस सतही सौन्दर्य के दुष्प्रचार से देश की बहुसंख्यक लड़कियों को शादी के समय अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है | क्योंकि, मध्य और दक्षिण भारत की गर्म जलवायु के कारण ज्यादातर लड़कियां सांवली हैं | समाज में श्यामवर्ण की बहुलता है, जिसे अतीत में श्रेष्ठ माना जाता रहा है | आभासी दुनिया की शादीशुदा, दो बच्चों की माँ को स्लिम देखकर आम औरतें अपने को हीन, कुंठित महसूस कर रही हैं | इसका असर उनके मनोमस्तिष्क पर घातक है | एक माँ का शिक्षित होना परिवार का शिक्षित होना है तो उसका मानसिक रूप से स्वस्थ होना परिवार का स्वस्थ होना भी है | धारावाहिकों में महिलाएं बच्चों के लालन-पालन के साथ घर के अन्दर का कार्य रहीं हैं तो पुरुष घर के बाहर का कार्य नौकरी या व्यवसाय को संभाल रहा है | कार्यों का लिंगगत विभाजन करके, उन्हें पुरुष आश्रित दिखाना समतामूलक समाज के निर्माण में अवरोधक है |

सौन्दर्यप्रियता मानव स्वभाव है | पुरुष हो या स्त्री वह अपने सौन्दर्य को बढ़ाने और जीवन को सरस बनाने के

लिए तरह-तरह के वस्त्राभूषण का उपयोग करते हैं | किन्तु, धारावाहिक में वस्त्र और वेशभूषा को स्वभाव और सोच से जोड़ा जा रहा है | साड़ी, सलवार, लहंगा-चुनरी से संस्कारी, ग्रामीण व अबला तथा जींस, स्कर्ट से आधुनिक व बोल्ड स्त्री की छवि को गढ़ा जा रहा है | परिणामस्वरूप समाज में स्थानीय-पारंपरिक परिधान को पिछड़ेपन और दब्बू स्वभाव से जोड़कर देखा जाने लगा है | कोई औरत किस प्रकार का वस्त्र धारण करती है ? यह उसका व्यक्तिगत मामला है जो उसकी पसंद पर निर्भर करता है | पहनावे के आधार पर समाज द्वारा स्त्री के चरित्र का मूल्यांकन तथा मीडिया द्वारा सकारात्मक, नकारात्मक छवि का निर्माण पुरुष के एकाधिकारवादी सोच परिचायक है |

लम्बे समय से हिंदी सिनेमा और सीरियल में खलनायक का किरदार पुरुष निभाते रहे हैं | किन्तु, कुछ दिनों से वैम्प्स (खलनायिका) सीरियलों के माध्यम से समाज के सामने आ रही हैं | जिनका रोल और रुतबा किसी अभिनेत्री से कम नहीं है | 'बेहद' की सनकी खलनायिका के रोल में जेनिफर विंगेट को न सिर्फ नायिका से अधिक टीआरपी मिली बल्कि उसकी बेहतरीन अदाकारी के लिए अवार्ड भी मिले | 'कसौटी जिंदगी की' में कामोलिका का किरदार निभाने वाली उर्वशी ढोलकिया किसी परिचय की मुहताज नहीं हैं | 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' की निहालो मामी छोटी बच्ची को बेरहमी से प्रताड़ित करती है | खुबसूरत वैम्प्स की दिखायी जाने वाली जीवन-शैली से लेकर संवाद का जादू युवतियों के सिर चढ़कर बोलने लगा है | इनको देखने और पसंद करने वालों की बड़ी संख्या है तो समाज पर इसका प्रभाव भी दूरगामी होगा, जो चिंतनीय है | इन अभिनेत्रियों के जीवन की त्रासदी आम युवती से कम नहीं है, उन्हें कलाकार न मानकर खलपात्र समझा जाता है | वैम्प्स द्वारा अभिनीत रोल को उनके जीवन से जोड़कर अभद्र बर्ताव किया जाता है, प्रमाणस्वरूप सोशल साईट पर इनके ट्रोलर्स की टिप्पणियों को देखा जा सकता है | ज्यादातर नकारात्मक भूमिकाओं में दिखीं दीपशिखा नागपाल अपने जीवन की हकीहत कुछ यूँ बयां करती हैं-"मेरा दो बार तलाक हो चुका है | लोग कहते थे कि मुझमें ही कुछ कमी होगी, तभी ऐसा हुआ | मैंने अपना करियर बच्चे खुद संभाले हैं | हम ग्लैमर इंडस्ट्री का हिस्सा हैं तो कई बार कीमत चुकानी पड़ती है |"(दैनिक जागरण,30 जुलाई 2022,पृष्ठ संगिनी)

टीवी कार्यक्रमों को वेब सीरीज से चुनौती मिल रही है, इन चुनौतियों से धरावाहिक भी अछूते नहीं हैं | सास-बहू के ड्रामों से उबकर दर्शकों की नेटफिलिक्स में बढ़ती रुचि को रोकने के लिए निर्माता-निर्देशक कथानक और दृश्य में ट्विस्ट ला रहे हैं | इसलिए धारावाहिकों में रोमांच, रहस्य और पुनर्जन्म को बढ़ावा दिया जा रहा है, धार्मिक-पौराणिक आख्यानों के सहारे | वास्तविकता से परे, अन्धविश्वास, डरावने व भय उत्पन्न करने वाली कहानियों का भी प्रयोग किया जा रहा है | सुन्दरी के आकर्षण में धोखे की संभावना है, क्योंकि उसका व्यवहार कभी भी पूर्वजन्म से संचालित होने लगता है, वह एकाएक फुफकारती हुई नागिन के रूप में सामने आ जाती है | कलर्स टीवी पर 'नागिन' की लोकप्रियता के कारण इसकी एक दो नहीं, छः सीरीज का प्रसारण किया गया | जिसमें कई लड़कियां पूर्वजन्म की नागिन हैं जो बदला लेने के लिए संभ्रांत परिवार में पनाह लेती हैं तथा प्रेम व शादी का नाटक करती हैं | इन धारावाहिकों को लम्बे समय तक देखने वाले असहाय लड़की को सहयोग-संरक्षण देना बंद कर सकते हैं | प्रेम-शादी जैसे रिश्ते में स्नेह की जगह बारबार स्वार्थ, छल देखने से एकाकी व्यक्ति का दिलोदिमाग अप्रभावित नहीं रह सकता है | अकारण नहीं महानगरों, मेट्रोशहरों में दाम्पत्य-जीवन में हिंसा और तलाक की घटनाएं बढ़ रहीं हैं | यह मनोवैज्ञानिक-समाजशास्त्रियों के लिए शोध का ज्वलंत विषय है | 'पिशाचिनी' शीर्षक से ही पेश की जाने वाली औरत के रूप-चरित्र का अनुमान लगाया जा सकता है | वह सुन्दरी एकाएक डरावनी हो जाती है | उसकी काली आँखें हरी हो जाती हैं, नाख़ून बड़े हो जाते हैं, लहराते बालों की जद से बाहर कुछ भी नहीं है | नागिन/पिशाचिनी तथा औरत का

ऐसा एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह दृश्यमान किया जा रहा है | औरत का यह रूप जब टीवी पर प्राईम टाइम में दिखाया जायेगा तो इसका प्रभाव समाज पर पड़ेगा ही | अकारण नहीं, कुछ दिनों पूर्व झारखण्ड में तीन महिलाओं को गांव के लोगों ने इच्छाधारी नागिन कहके मारडाला | मारने वालों में एक महिला का बेटा भी है, मानवीय संबंधों की मृत्यु का प्रमाण है | इक्कीसवीं सदी में भी देश हमारे देश में प्रत्येक वर्ष सैकड़ों महिलाएं डायन और चुड़ैल कह कर मारी जा रहीं हैं लेकिन पुरुष को भूत-प्रेत कहकर मारने की घटना नहीं मिलती है | धारावाहिक समाज के अंधविश्वास और डर को दूर करने के बजाय उसे और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं | कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि ये धारावाहिक 'त्रिया चरित्रं देवो न जानाति' की अवधारणा को पुष्ट कर रहे हैं |

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में समाज को प्रभावित करने की असीम ताकत है | इसलिए उसके कार्यक्रमों की विषयवस्तु का विवेचन आवश्यक है | धारावाहिकों की विषयवस्तु को लेकर उठने वाला सवाल यह कहकर नहीं टाला जा सकता कि यह घरेलू औरतों के मनोरंजन या उनके खाली समय को व्यतीत करने के लिए है | स्त्री केन्द्रित कहानियां भी स्त्री विरोधी सिद्ध हो रही हैं | कृतिका कमरा का कथन-" ईमानदारी से कहूँ तो टीवी पर जिस तरह से महिला किरदारों को प्रस्तुत किया जाता है, उससे मुझे दिक्कत है | मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि टीवी पर महिलाओं का चित्रण सही तरीके से नहीं किया जाता है |"(दैनिक जागरण,पृष्ट संगिनी,24/09/22 ) अतः अभिनेत्रियों को कथानक से असहमत होते हुए भी किरदार अदा करना पड़ रहा है | एक कलाकार के लिए नापसंद किरदार के अभिनय से बड़ी त्रासदी कुछ और नहीं हो सकती | अनेक एपिसोड देखने के बाद भी कहानी और पात्र के लक्ष्य का पता नहीं होता | कई पत्रों के किरदार दिशाहीन लगते हैं | जिसके मूल में बधी स्क्रिप्ट का अभाव है | आगत त्यौहार और मौसम के अनुसार कथानक में परिवर्तन होता रहता है | शो को चटपटा बनाने तथा एपिसोड की संख्या बढ़ाने के लिए महिला किरदारों को प्रताड़ित होते दिखाने के साथ उनके व्यक्तित्व में नकारात्मक तत्त्वों को जोड़ दिया जाता है | महिला पर जुल्म होते दिखाना सामाजिक सच की अभिव्यक्ति है, किन्तु उसका कैसे सटीक जवाब देना है यह संवाद लेखक की जिम्मेदारी है | 'भाबी जी घर पर हैं' और 'हप्पू की उलटन पलटन' की निर्माता बिनैफर कोहली का कथन प्रासंगिक है- "हमेशा सशक्त दिखाए जाने के बजाय अगर उन्हें कमजोर दिखाकर फिर मजबूत दिखाया जाय तो इससे एक सन्देश मिलता है | ख़राब आदतों को बदलने के लिए उसे सच्चाई से दिखाना पड़ता है |"(दैनिक जागरण,8 फरवरी 2020,पृष्ठ संगिनी) कुछ शो में महिला का सशक्त रूप आया है | यथा, सोनी सब का 'मैडम सर' जो चार महिला पुलिस अधिकारियों पर आधारित है | लेकिन, ऐसे धारावाहिकों की संख्या नगण्य है | मराठी या अहिन्दी भाषी धारावाहिकों में स्त्री को कमजोर नहीं दिखाया जाता, क्योंकि उस समाज की महिलायें सशक्त हैं |

ग्लोबलाइजेशन के साथ आये उदारीकरण का असर छोटे पर्दे पर भी है | दर्शक मनोरंजन के लिए किसी अन्य माध्यम की ओर कदम न बढ़ायें और टीवी से बधे रहें, इसलिए कहानी पौराणिक हो या आज की उसमे स्त्री के इन्टीमेट-बोल्ड सीन डाले जा रहे हैं | सुहाग रात एवं शयन कक्ष के दृश्यों को विस्तारित किया जा रहा है | परिणामस्वरूप टीवी सेट को ड्राइंग रूम से बेड रूम में शिफ्ट करना पड़ा | उच्च शिक्षित बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में काम करने वाली युवती को भूत-प्रेत,जादू टोना में विश्वास करते दिखाकर, उसकी चेतना को कुचलने और आत्मविश्वास को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है | सीरियल की तरह अन्य कार्यक्रमों में भी उत्तराधुनिक औरत को सामंती-पुरुषवादी सांचे में ढालने का प्रयास किया जा रहा है | सारा खेल बाजारवादी शक्तियां मुनाफा कमाने के लिए स्त्री देह के दम पर खेल रही हैं, सामाजिक सरोकारों से विमुख होकर | इनका उद्देश्य दर्शकों को योग्य नागरिक बनाना नहीं, उपभोक्ता वर्ग में तब्दील कर देना मात्र है | इससे स्त्री-सशक्तिकरण अभियान कमजोर रहा है|

# नासिरा शर्मा के कहानी साहित्य में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना

डॉ. रज़िया शहेनाज़ शेख अब्दुल्ला
*सहायक आचार्या तथा शोध निर्देशिका,*
*बहिर्जी स्मारक महाविद्यालय, बसमतनगर,*
*सदस्य, हिन्दी अध्ययन मण्डल*
*स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विद्यापीठ, नांदेड*

**भूमिका :**

मानवीय संवदेना अगर किसी भी साहित्य में ना हो तो वह साहित्य व्यर्थ या बेकार समझा जाएगा। साहित्य यह संवेदनाओं पर ही आधारित होता है बिना संवेदना के साहित्य अुधरा होता है। जहाँ भाव निहिती होते है वहीं साहित्य कहलाता है। इसी संवेदना को समझने के लिए उसका अर्थ और स्वरूप को जानना और समझना साहित्य की दृष्टि से अनिवार्य हो जाता है। सृष्टि में जीव-जंतू, पेड़-पौधे, मानव, प्रकृति के हर उस अंश से संवेदना होना या रखना मानवीय धर्म है और उसी मानविय संवेदना को साहित्य के माध्यम से समाज में पहुँचा जाता है। इसी आधार पर हिंदी साहित्य के 21वीं शताब्दी के हिंदी साहित्य में व्यक्त मानवीय संवेदना को प्रस्तुत करने हेतु महिला साहित्यकारा नासिरा शर्मा के कहानी साहित्य में व्यक्त मानवीय संवेदना को प्रस्तुत किया गया है।

**मानवीय संवेदना का अर्थ :**

मानवीय संवेदना में मानवीय शब्द का कोशगत अर्थ है "मानुषिक"[1] के रूप में अंकित है। मानुषिक से अभिप्राय जो मानव कल्याण हेतु संपूर्ण मनोयोग से समर्पित है। सरल शब्दों में कहा जाए तो मावीयता का अर्थ मानव जीवन के हर वह पक्ष में सहभागिता से भी समझा जा सकता है। आज के युग में मानव संवेदनहीन होता जा रहा है। हर व्यक्ति 'स्व' तक ही सिमटकर रह गया है। अपने सिवा किसी के लिए उसके पास समय नहीं है। आज के दौड़-धूप भरे जीवन में मानव ही मानव का सबसे बड़ा दु:ख का कारण बनता जा रहा है। समाज संकुचन के दौर से गुजर रहा है। मानवीय संबंधो का दायरा सीमित होता जा रहा है। हम संबंधों में मानवीय पक्ष को भूलकर अर्थपक्ष पर विशेष ध्यान केंद्रीत कर रहे है। जिसके कारण आज हमारा मानवीय पक्ष कमजोर होता हुआ हाशिये पर आ गया है। अब यहीं मानवीय संवेदना को फिर से मानवीय मन में जागृत कर सकता है तो वह है साहित्य। साहित्य ही एक ऐसा माध्यम है जो अपने मर्मस्पर्शी शब्दों से मानवीय मृत मन को फिर से जिंदा करने का काम कर सकता है, मानव में संवेदनाएं निर्माण कर सकता है। साहित्य से अच्छा और कोई माध्यम हो ही नहीं सकता जो विश्व में मानवता का संदेश ही नहीं देता अपितु मानवीय संवेदना जागृत कर विश्व और मानव कल्याण का मौलिक कार्य कर सकता है।

**संवेदना का व्युत्पत्यात्मक अर्थ** : मूलतः 'संवेदना' का संबंध मानव के मन से होता है। किसी वस्तु को देखकर मन में जो तरह-तरह के भाव उत्पन्न होते हैं, वही संवेदना है। यह मन के भीतर से भी उत्पन्न होती है और बाहर से भी। भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में संवेदनाएँ भी भिन्न-भिन्न होती हैं। संवेदनाओं के आधार पर मन में बाह्य जगत के प्रत्यय बनते हैं। इन प्रत्ययों से हमारा ज्ञान बढता है।

संवेदनाओं का संबंध इंद्रियों से है और इंद्रियाँ हमारे भावजगत को अधिक प्रभावित करती हैं। अतः हम सुखप्रद संवेदनाओं को चाहने लगते हैं और दुखद संवेदनाओं से बचने का प्रयास करते हैं। संवेदना शब्द मूल संस्कृत शब्द "संवेद" से बना है। इसका शाब्दिक अर्थ सुख-दुख का अनुभव, ज्ञान, बोध, प्रतीति इत्यादि है। संवेदन पुल्लिंग शब्द है जिसमें "आ" प्रत्यय जोड़ने से संवेदना स्त्रीलिंग शब्द बना है।

साहित्य की दृष्टि से संवेदना का अर्थ बहुत ही सारगर्भित और व्यापकरूप में है। संवेदना का व्युत्पत्तिगत अर्थ ज्ञानेन्द्रियों द्वारा प्राप्त ज्ञान अथवा अनुभव से लगाया जाता है। संवेदना का शाब्दिक अर्थ "अनुभूति"[2] के रूप में स्वीकार किया जाता है। 'संवेदना' शब्द की उत्पत्ति "सम" उपसर्गपूर्वक "विद्" धातु में "ल्युट" प्रत्यय लगाने से होती है। "संवेदनम्-ना (संवेदना) प्रत्यक्ष ज्ञान, जानकारी, तीव्र अनुभूति, भावना अनुभूति, भोगना आदि।"[3] आंग्ल भाषा में संवेदना शब्द के लिए "सैंसेशन" शब्द का प्रयोग किया गया है जहाँ इसका अर्थ 'ज्ञानेन्द्रियों का अनुभव' से है। संवेदना का कोशगत अर्थ भी प्रसंगवंश विचारणीय है। विभिन्न कोशों में संवेदना के अर्थ को विभिन्न प्रकार से व्याख्यायित किया गया है।

1. "वृहद् हिंदी कोश" में संवेदना का अर्थ इस प्रकार दिया गया है - "संवेदन" (पुल्लिंग) संवेदना (स्त्रीलिंग) ज्ञान, अनुभूति जताना, सूचित करना, प्रकट करना इत्यादि।"[4]
2. प्रामाणिक हिंदी कोश नुसार, "मन में होने वाला बोध या अनुभव, अनुभूति ही संवेदना है।"[5]
3. हिंदी शब्द सामर्थ्य : "अनुभूति-अनुभव जब आंतरिक तीव्रता प्राप्त कर लेता है तब उसे अनुभूति कहते है।"[6]
4. संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ : "संवेदना अर्थात प्रतीति, बोध, अनुभव करना, प्रकट करना।"[7]
5. व्यावहारिक हिंदी-अंग्रेजी शब्दकोश : "संवेदना अंग्रेजी के सैंसिटिविटी, सेन्सेशन, सेन्सिबल, सिंपैथी, फिलींग का समानार्थी शब्द है।"[8]
6. हिंदी विश्वकोश खण्ड : अनुभव करना, सुख-दुःख आदि की प्रतीति करना।"[9]

निम्न परिभाषाओं को जब हम देखते है तो यह पाते है की संवेदना मानवजीवन में विशिष्टतम स्थान रखती है, मानव जीवन के प्राथमिक व अनिवार्य अंग के रूप में इसका सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है। मानव शिशु के जन्म के उपरान्त ही इसकी भूमिका प्रारंभ हो जाती है। जैसे की, "संवेदना मस्तिष्क की सामान्य तथा सरलतम प्रक्रिया है। बालक जब जन्म लेता है तो वह अपने बाह्य जगत के सम्बध में कुछ भी नहीं जानता है। धीरे-धीरे उसकी ज्ञानेंद्रियाँ कार्य करना प्रारंभ करती है तथा वह अपनी ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा अपने वातावरण का ज्ञान प्राप्त करने लगता है। ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा व्यक्ति पर होनेवाले प्रभाव को ही संवेदना कहते है।"[10]

साहित्यिक रचना विधान में अभिव्यक्ति का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। कभी भी कोई भी व्यक्तिगत चेतना का समावेश समाहित होता है। साहित्यकार इसी रूप में विशिष्ट होता है कि वह अपनी अभिव्यक्ति को अपनी संवेदना के साथ व्यक्त करता है। साहित्यकार की भावनात्मक अभिव्यक्ति कभी भी क्षणिक प्रभावोत्पादक की तरफ उन्मुख नहीं होती, उसका केंद्र हमेशा दीर्घकालीन प्रभाव समाज पर आरोपित करना होता है। साहित्यकार की दृष्टि समय सापेक्ष होती है। वह तात्कालिक समय के अनुरूप ही अपने चेतना की अभिव्यक्ति का प्रयास करता है। मानवीय संवेदना के अर्थ एवं स्वरूप में समय के साथ विस्तार महसूस किया जा रहा है। आज सम्पूर्ण मानव समाज के लिए मानवीय संवेदना एक वैचारिक प्रकरण बन गया है।

जैसे-जैसे मानव समाज से मानवीय संवेदनाओं की कमी होती जाती है वैसे-वैसे समाज में संवेदनहीनता का वर्चस्व बढ़ता जाता है। इसलिए मानवता के सौरक्षण के लिए मानवीय संवेदना का होना मानव हित के लिए अपरिहार्य है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी होने के साथ ही साथ वह समाज का सबसे संवेदनशील व विवकेशील प्राणी है। वह अपनी बौद्धिक दृष्टि के द्वारा समाज को सजग, उन्नत बनाता है साथ ही अपनी संवेदनात्मक अभिव्यक्ति, साहित्य के माध्यम से हरेक वर्ग और तपके तक पहुँचाने का प्रयत्न करता है। इसलिए तो कहा गया है "साहित्य समाज का दर्पण है" साहित्य के लिए समाज और समाज के लिए साहित्य दोनों एक दूसरे के पूरक है। समय के साथ-साथ साहित्य में भी परिवर्तन होना स्वाभाविक है क्योंकि वही साहित्य कालजयी कृति के रूप में स्वीकार की जाती है जो समय के साथ-साथ समाज की संवेदनाओं को व्यक्त करने में सक्षम होती है। इसलिए यहाँ 21 वीं सदी के हिंदी साहित्य में व्यक्त मानवीय संवेदनाओं पर दृष्टि डालते है तो पाते है कि 21 वीं सदी में हिंदी साहित्य की प्रख्यात महिला हिंदी साहित्यकारा डॉ. नासिरा शर्मा जी का अधिकतम् साहित्य यह मानवीय संवेदनाओं की धरती पर ही फला-फूला नज़र आता है।

21वीं सदी की हिंदी साहित्य में महिला साहित्यकारों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। जिनमें डॉ. नासिरा शर्मा अपनी एक विशेष पहचान और ख्याती रखती है। नासिरा शर्मा जी वर्तमान समस्याएँ, भावबोध, परिवेशगत अनुभूति और संवेदनाएं आदि को लेकर साहित्य सृजन करनेवाली महत्वपूर्ण साहित्यकारा है। इनके लेखन का फलक देश और विदेश की असीमित परिधियों में फैला हुआ है। अभी तक उनके नौ कहानी संग्रह, चार उपन्यास, दो आलोचना संग्रह और दो अनुदित कहानी संग्रह प्राकशित हो चुके है। जिनमें 2000 में प्रकाशित उनका सातवाँ कहानी संग्रह "इन्सानी नस्ल" नाम से कहानी संग्रह अत्यंत प्रसिद्ध रहा है। इस कहानी संग्रह में 'असली बात', 'अपराधी', 'पाँचवां बेटा', 'बड़े परदे का खेल', 'कोड़ा', 'अग्निपरीक्षा', 'मरुस्थल', 'उजड़ा फकीर', 'दुनिया', 'वही पुराना झूठ', 'इन्सानी नस्ल', 'एक न समाप्त होने वाली प्रेमकथा' और 'कनीज का बच्चा' ये तेरह कहानियाँ संग्रहित हैं। हर एक कहानी में नए कथ्य को उठाकर मानवीय संवेदना के साथ लेखिका ने अपनी प्रतिभा से पाठकों को अभिभूत किया है। सांप्रदायिकता पर आधारित कहानी 'असली बात' और 'इन्सानी नस्ल' कहानियाँ पाठक को विशेष आकर्षित करती है।[11] लेखिकाने इस संग्रह की कहानियों में मानवीय संवेदना और जीवन की वास्तविकता का चित्रण बड़े ही मर्मस्पर्शी ढ़ंग से किया है।

'असली बात' कहानी में हिंदू-मुस्लिम दंगों का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत करते हुए मानवीय संवेदना को केंद्र में रख उसे रेखांकित किया है। शहर के हनुमान गली और बताशेवाली गली में हिंदू-मुस्लिम में दंगल होने के कारण कर्फ्यू लगाया जाता है। नया पुलिस अफ़सर अपने पुलिसकर्मीयों को सख्त हिदायत देता है कि, "कड़ा पहरा और सख्त बरताव शहर के उन सभी संवेदनशील इलाकों में बरता जाए, ताकि बदमाश अपनी चौकड़ी भूल जाए।"[12] शहर में कर्फ्यू लगातार कई दिन रहने के कारण लोगों का जीवन हराम हो जाता है, लेकिन इस बारें में कोई भी बोल नहीं सकता। इस कहानी में लेखिकाने मानवीय संवेदना को प्रस्तुत करते हुए आम आदमी की पीड़ा का चित्रण किया है।

इसी संग्रह के शिर्षक रखनेवाली कहानी 'इन्सानी नस्ल' यह शीर्ष कहानी भी सांप्रदायिकता पर आधारित है। मिश्राजी और अय्युब आपसी पड़ोसी तो है ही पर इनमें घनिष्ठ मित्रता भी है। मिश्राजी की

कोई संतान नहीं है और अय्युब के तीन लड़के है। तब अय्युब दिलशाद को मिश्राजी को गोद देता है। लोग यहाँ तक कहते कि अय्युब के दो बेटे है और मिश्राजी को एक दिलशाद बेटा है। दिलशाद हिंदू के घर गोद तो चला जाता है, उसका पालन-पोषण उनकी तरह ही होता है। लेकिन जब दिलशाद का भाई नवाब सविता से शादी करने की बात करता है तब उसकी माँ कहती है, "दूसरे मजहबवालों से दोस्ती हो सकती है, मगर नस्ल नहीं चल सकती... अपनी कोख से अपना बच्चा पैदा किया जा सकता है, पराया नहीं।"[13] कहकर वह हिंदू लड़की से विवाह करने पर विरोध करती है। घरवालों के विरोध के बावजूद नवाब सविता से शादी कर दिल्ली चला जाता है। कई बरसों बाद जब उसे माँ की बीमारी का तार मिलता है तब वह अपनी माँ को देखने अपने गांव आता है। नवाब की भाभी दोनों पर समय-समाय पर ताने कसती है। उसके ताने सुनकर सविता दु:खी होती है पर थोडे ही दिनों में सब भूलकर वह खुशी से ससुराल में रहने लगती है। उसे ससुराल में रहना अच्छा लगने लगता है। वह अपनी सास की मन से सेवा करती है। वह नवाब से कहती है हम लोग हर छुट्टीयाँ यहीं गुजारने आया करेंगे। लेकिन अचानक रात के समय नवाब के दोनों भाई दिलशाद और जावेद मुहल्ले के दूसरे लड़को के साथ नवाब और सविता को वापस दिल्ली भेजने की व्यवस्था करते है। बहुत पूछने पर नवाब को दिलशाद का दोस्त बताता है, "हालात तनाव भरे हैं। ये लोग कुछ भी कर सकते है।... सबको पता है तुम सविता भाभी के साथ आए हुए हो और ... ...हमें कुछ आशंका-सी है...।"[14] और नवाब के विरोध को अनदेखे करते हुए उसे सविता के साथ दिल्ली वापस भेज देते है।

इस कहानी में मानवीय संवेदना के रूप में लेखिकाने सांप्रदायिकता को केंद्र में रखकर इस विषैले वृक्ष को समूल रूप से नष्ट करने का प्रयास किया है। आज पूरा भारत वर्ष सांप्रदायिकता के कारण ग्रस्त दिखाई देता है। इसका मुख्य कारण यहीं है कि, "विभिन्न धर्मो के ठेकेदारों, पण्डितों, मुल्लाओं और ज्ञानी संतों ने धर्म के बाह्य स्वरूपों, उसके कर्मकाण्ड और उसकी औपचारिकता को प्रधानता दे डाली, उनके आधारभूत तत्वों की एकता पर जोर नहीं दिया।"[15]

आज वर्तमान काल में भी पूरे भारतवर्ष के विभिन्न भागों में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे धर्म ही मूल कारण के रूप में कार्यरत है। चाहे वह मुंबई के दंगे हो या गोध्रा हत्याकाण्ड के दंगे। नासिराजी एक संवेदनशील लेखिका होने के कारण उनके साहित्य में अधिकतर सांप्रदायिक सौहार्दयता ही दिखाई देती है जो मानवीय संवेदना के रूप में उभरकर आती है। तभी तो 'असली बात' कहानी में लेखिका सांप्रदायिकता के बारे में कहती है, "पता नहीं कौन है जो यह सब करता है और गेहूँ के साथ घुन भी पिसता है।"[16] यहाँ लेखिका दंगों-फसाद के कारण सामान्य लोगों को होनेवाली पीड़ा का अंकन कराती है। इस तरह हम देखते है कि, 21वीं सदी की महिला साहित्यकाराओं में नासिरा शर्मा का अद्वितीय स्थान है। जिनके साहित्य में हमेशा से मानवीय संवेदना केंद्र में रही है। यहीं कारण है की नासिरा शर्मा विश्व स्तर पर मानवीय संवेदना के माध्यम से मानव कल्याण का, विश्व कल्याण का मौलिक संदेश देती नज़र आती है।

**संदर्भसूची :**

1. बाहरी, हरदेव (2003). राजपाल हिन्दी शब्दकोश (अठारहवां संस्करण). दिल्ली : राजपाल एण्ड सन्स, पृ. 793
2. बाहरी, हरदेव (2003). उनि. पृ. 650

3. आप्टे, वामन शिवराम (2007). संस्कृत हिन्दी कोश. नई दिल्ली : मोतीलाल बनारसीदास पब्लिसर्श. पृ. 1049
4. कालिका प्रसाद सहाय एवं अन्य – वृहद हिंदी कोश, पृ. 1409
5. वर्मा, आचार्य रामचन्द्र (संपा0 2004). लोक भारती वृहद् प्रामाणिक हिन्दी कोश (ग्यारहवां संस्करण). इलाहाबाद लोकभारती प्रकाशन. पृ. 813
6. भाटिया, कैलाशचन्द्र (1985). हिन्दी शब्द सामर्थ्य (प्रथम संस्करण). दिल्ली : प्रभात प्रकाशन; पृ. 17
7. चतुर्वेदी, द्वारका प्रसाद शर्मा (1971). संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ (चतुर्थ संस्करण). इलाहाबाद : रामनारायण बेनी प्रसाद प्रकाशक. पृ. 1192
8. कपूर, बदरीनाथ (2005). व्यावहारिक हिन्दी-अंग्रेजी शब्दकोश. दिल्ली : प्रभात प्रकाशन. पृ. 646.
9. हिन्दी विश्वकोश खण्ड. (23). वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा. पृ. 428
10. गुप्ता, एस. पी.; अलका, गुप्ता (2010). उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान. इलाहाबाद : शारदा पुस्तक भवन. पृ. 379
11. राऊत, डॉ. विजय. नासिरा शर्मा व्यक्तित्व एवं कृतीत्व. पृ. 31
12. राऊत, डॉ. विजय. उनि. पृ. 79
13. राऊत, डॉ. विजय. उनि. पृ. 81
14. राऊत, डॉ. विजय. उनि. पृ. 82
15. राऊत, डॉ. विजय. उनि. पृ. 223
16. राऊत, डॉ. विजय. उनि. पृ. 31

# इक्कीसवी सदी की हिंदी कविता : मानवीय संवेदना एवं बदलते सरोकार

डॉ. रश्मि पाण्डेय
*व्याख्याता हिंदी साहित्य*
*डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय*
*बलौदा, जिला– जांजगीर–चाम्पा (छ.ग.)*
*पोस्ट– डोंगरी, पिन ४९५५५३*

**सारांश :**

२१वीं सदी की तरफ हम विविध आशंकाओं, संभावनाओं और प्रश्नों से देख रहे हैं। ये प्रश्न विचार, विज्ञान, राजनीति, अर्थशास्त्र, धर्म, जाति, सूचना प्रोद्योगिकी, कला संस्कृति तथा जनता से जुड़े हैं और इन सभी की अभिव्यक्ति साहित्य के माध्यम से होती है। क्योंकि इन्हीं सभी तत्वों और उपादनों से साहित्य अपना कथ्य और प्राणवायु प्राप्त करता है।

आज भूमण्डलीकरण के युग में आर्थिक और मानसिक रूप से पूरी तरह हम गुलामी की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। हम अपनी मूल संस्कृति को बिसरा कर अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। आज व्यक्ति को अपनी देश की तुलना में विदेशी वस्तु अधिक प्रिय लगती है। आधुनिक समय के साथ दौड़ते–दौड़ते हम अपने बुनियादी एवं पुरातन मूल्यों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। २१वीं सदी की कविताओं ने अपनी कविताओं में बिखरती मानवीय संवदेना, साहित्य के बदलते सरोकार पूर्ण अभिव्यक्ति प्रदान की गई है। आज बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अत्याचार एवं अपराध आदि के कारण आम जनता त्रस्त हो गयी है। इन्हीं सभी समस्याओं एवं चुनौतियों को २१वीं सदी कविताओं ने अभिव्यक्ति प्रदान की है।

**बीज शब्द** : संवेदना, सरोकार, मानवीय आशंकाएँ, संभावना, सूचना प्रौद्योगिकी

२१वीं सदी की कविताएँ अपने अंदर विविध संवेदनाओं को समेटे हुए हैं, आज की कविताओं में टूटन की पीड़ा, बिखराव वैश्वीकरण से उपजी संभावना एवं समस्याएँ आदि सभी मानव ह्दय को कुरेदती है। यथार्थ से जुड़ा कवि परिवर्तन लाने भविष्य संभावनाओं एवं चिंताओं के लिए आगाह कर रहा है। आज की युवा पीढ़ी की कविताओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब वह स्वयं ऐसे समाज का निर्माण करेगा जिसमें मानवीय संवेदना तथा भविष्य की संभावनाओं के साथ मानव–कल्याण की भावना भी निहित हो।

२१वीं सदी की व्यावहारिक शिक्षा, पूंजी–बाजार, तकनीकी वातावरण मीडिया–विस्तार एवं बड़ी प्रतिस्पर्धा ने व्यक्ति की संवेदनाओं को भी विभाजित किया है। स्वार्थ एवं व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाओं ने हर प्रकार की सोच को प्रभावित किया है। आज की कविताओं में इन सभी भावनाओं का प्रतिबिंब दिखाई पड़ता है, जीवन–मूल्य भी क्षीण हो चुका है।

''सही पहचान का संकट
अभिशप्त मानव की

भावी नियति है क्या?
भ्रांकित है बी
स्वयं कोख भयभीत है
जन्म का महोत्सव भी
मृत्यु का मशान बन जाती है।
आखिर क्यो? आखिर क्यों?''[१]

२१वीं सदी में मनुष्य की संवेदना और कविताओं के सरोकारों में सबसे अधिक बाज़ारवाद ने प्रभावित किया है। मानवीय मूल्यों एवं संवेदना को बाज़ार की वस्तु बना डाला है। देवेन्द्र आर्य ने अपनी कविता के माध्यम से आज के यथार्थ को प्रकट किया है–

''बँटते–बँटते कटते–कटते
सिकुड़ के दिल हो गया निकाय
सुख–दु:ख डिब्बा बंद हो गये
रिश्ते हुए मु भी चाय''[२]

२१वीं सदी के समाज में नैतिक विषमताएँ, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक पतन का दौर है। जब–जब युगीन परिस्थितियां करवट लेती हैं तब–तब काव्य में नवीन मूल्यों का उदय होता है। समाज के साथ–साथ जीवन–मूल्य एवं संवेदनाएँ परिवर्तित होते रहती है। आज मानवीय मूल्यों पर बाज़ार और स्वार्थ पूरी तरह से हावी हो गया है, जिसके कारण सभी संवेदना स्वत: ही किनारे हो गयी है। संवेदनाओं का यह संकट जीवन के हर एक क्षेत्र में परिलक्षित हो रहा है। नयी जीवन शैली की संवेदनाओं को आत्मसात् करने की लालसा ने व्यक्तियों को हताश एवं कुण्ठित बना दिया है। ईमानदारी, त्याग, प्रेम, आदर जैसी भावनाएँ क्षीण होते जा रही है। सभी लोग उपभोगवादी परंपीरा को अपनाते जा रहे हैं, रिश्तों में लाभ–हानि देखी जा रही है– इन शिथिल पड़ते रिश्तों की डोर को पकड़कर कवि आगे बढ़ना चाहते हैं –

''रिटायर्ड पापा बुढ़ी माँ और लाडले छोटी की लाडली
नीलू में धीरे–धीरे प्रवेश करती उदासी से भयभीत
रहने लगा है घर
हर महीने की पहली शाम के अलावा।''[३]

आज हम वैश्वीकरण के संप्रत्यय को साकार कर सूचना एवं संचार–प्रौद्योगिकी के माध्यम से विश्वगांव की यात्रा करने में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। २१वीं सदी का युग 'ग्लोबल विलेज' का युग है अत: इसमें विश्वस्तरीय सोच संपर्क तथा पारस्परिक लेन–देन अवश्यंभावी होती नजर आ रही है। वैश्वीकरण के फलस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों का अविष्कार ने पूंजीवादी व्यवस्था को एक नयी गति प्रदान की है। इसी सोच ने विखंडित मानसिकता को जन्म दिया। इस तरह बाज़ारवाद से विविध विचारों, भावनाओं और इच्छाओं की अन्तहीनता का जन्म हुआ। इसके साथ ही नवीन आवश्यकताओं को भी बढ़ावा मिला। इस संदर्भ में राजेश

जोशी की कविता दृष्टव्य है –

''बाजार से लेने जाता हूँ जरूरत की कोई चीज।
तो साथ ही थमा दी जाती है एक और चीज मुक्त।
उस चीज की कोई जरूरत नहीं मुझे।
पर लेने से इंकार नहीं कर पाता उसे।
और बस इसी एक पल में पकड़ लिया जाता हूँ।
उसी अतिरिक्त के लिए जरूरत की चीजों के बीच
थोड़ी जगह बनाता हूँ।
जो जरूरी चीजों की जगह थोड़ा
सिकुड़ जाता हूँ।''[४]

वैश्विक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण आधारित नई विश्व व्यवस्था उच्च तकनीक, जनसंचार का प्रचार एवं विस्तार विश्वग्राम के स्वर्ग की हकीकत को सम्पूर्ण विश्व ने नव–उपनिवेशवाद के रूप में चिन्हांकित किया है। यह सब अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकाष, विश्व बैंक व अमेरिकी प्रभुत्व की त्रयी का परिणाम है, जिसमें आम आदमी को बड़े–बड़े सपने दिखाकर उसकी बुनियादी आवश्यकताओं को उससे दूर एवं महंगा कर दिया है :–

''दरअसल अनाज है इस देश में और पृथ्वी पर,
बहुतायत औषधियाँ पर्याप्त हैं,
योग्य और कुशल
हाथ और दिमाग भी
सभी जानकारियाँ
अवसर और स्थितियाँ उपलब्ध हैं
कम्प्यूटर और आंकड़ों में
यदि नागरिक के पास नहीं है
पानी, सड़क और बिजली
तो यह सिर्फ समस्याएँ हैं।''[५]

२१वीं सदी की कविता में स्त्री की पीड़ा को भी अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है। भारतीय समाज की विद्रुपताओं में स्त्री के साथ समानता का व्यवहार नहीं किया गया है। कहने को तो समानता का अधिकार प्राप्त है पर नारी के हिस्से में सदा से संघर्ष आया है। दोहरा संघर्ष पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ सामाजिक दृष्टिकोण का दंश हमेशा से नारी को सहन करना पड़ा है। आज भी बेटी जैसे–जैसे बड़ी होती जाती है सामाजिक बंधनों की बेड़ियों में उसे जकड़ लिया जाता है। उसके सपनों का हंसी का दु:ख का व पीड़ा का कोई मोल नहीं होता। स्त्री को हमेशा ही पीड़ा उपहार स्वरूप मिलती रही है चाहे वह बड़े घर की बेटी हो या छोटे घर की सारी जिम्मेदारी और उपहहास का बहन स्त्री को ही करना होता है –

''बड़े घर की बहू को कार से उतरते देखा।
और फिर अपनी
पाँव की बिवाइयाँ,
फटी जुराब से ढँकी हुई,
एक बात तो मिलती थी।
फिर भी उन दोनों में।।
दोनों की आँख के
पोर गीले थे।''[६]

वैश्विकरण, बाज़ारवाद हमारी संस्कृति और सभ्यता पर हावी होते जा रही है वर्त्तमान युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति एवं सभ्यता के रंग में शनै–शनै रंगते जा रही है अपनी मूल संस्कृति को बिसरा कर पाश्चात्य का चश्मा लगा रही है पहनावे में गाने में और खाने में आधुनिकता, अश्लीलता परोसी जा रही है– रमेश कुमार सिंह चौहान ने अपनी कविता में इस पाश्चात्य संस्कृति के दुष्परिणाम एवं प्रभाव को प्रस्तुत किया है यथा –

''फैशन के चक्कर में,
पश्चिम के चक्कर में,
भूले निज संस्कारों को,
हिंदी गीत–गान को,?
नंगाय परिधान को,
शर्म–हया के देश में,
मिलती क्यों तालियाँ''[७]

इस सदी की कविता में चित्रित मानव जीवन, विसंगताओं, तनाव एवं कुण्ठाओं से घिरा हुआ है। बेकारी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, अनाचार, दुराचार, व्यभिचार जैसे तमाम विषयों को इस युग की कविता ने स्वयं में समाहित किया है इस दुर्दशा के दंश को अपने ह्रदय में स्थान दिया है, और क्षुब्ध हो पीड़ा ग्रसित होकर अभिव्यक्ति हो रही है। वैश्वीकरण का युग होने के कारण हम आर्थिक गुलामी की ओर अग्रसर हो रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था जर्जर हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, नाम जनमानस को जीने नहीं दे रही है। सरकारी दफ्तरों में रिश्वतखोरी आम हो गयी है। धीरेन्द्र मिश्र की कविता इस व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगती नज़र आ रही है –

''नीलगगन सा बेकारी का साया है।
कुछ निशा सी महंगाई की छाया है।
शासन का दीपक मरघट सा जलता है।
रिश्वत का रथ राजमार्ग पर चलता है।''[८]

बेरोजगारी आज का यथार्थ है पढ़े–लिखे युवा घुम रहे हैं या रोजगार की तलाश में विदेश पलायन कर

रहे हैं –

‘‘अब पढ़–लिख कर बच्चे
पैकेज हो गये हैं,
विदेशों में नौकरी करनी है
इसलिए हर क्षेत्र में
तेज हो गए हैं।’’[९]

२१वीं सदी की कविता युगीन यथार्थ को लेकर प्रस्तुत हुई है। इसमें वर्त्तमान युगीन राजनीति के विविध पहलु अपने संपूर्ण वादें एवं संभावना एवं छल–प्रपंच को भी आज की कविता उजागर करती है। राजनेताओं द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार षडयंत्र आदि को उदय भानु हंस जी ने अपनी कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया है।

‘‘सभी क्षेत्रों में पनप रहा है भ्रष्टाचार निरंतर
आज अधिक जो भीड़ जुटा ले, नेता वही धुरंधर।
पद की ही पूजा और अब तो सत्ता का सम्मान,
स्वार्थ–सिद्धि ही ध्येय बन गई, पैसा ही भगवान।’’[१०]

आज का यथार्थ राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय नेताओं की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। वोट चाहिए तो याचक बन जाते हैं फिर पाँच वर्ष नजर नही आते हैं। जनता की समस्याओं का समाधान ऑफिस की कागजों में होता है, विकास की यात्रा सपनों में यथा –

‘‘मिट ना सकेगी कभी गरीबी,
कागज पर योजना बनाकर,
कैसे खाली पेट भरेंगे,
आकर्षक आंकड़े चबाकर।
कितना गीता ज्ञान सुनाओ,
या समता का शोर मचाओ
जब तक हो ना हृदय परिवर्तन
युग परिवर्तन व्यर्थ रहेगा।’’[११]

‘‘राजनीति के रंगमंच पर
नाच रहे हैं खलनायक।
आज दल–बदल की
दलदल में गिरगिट बने विधायक
बिक जाते दो पल में सुनकर चांदी की झंकार।’’[१२]

निष्कर्ष :—

२१वीं सदी की कविता अपने समय के यथार्थ को प्रस्तुत करने में पूर्णरूप से सफल है। इस युग के कवि वर्त्तमान के यथार्थ समस्याओं, संभावनाओं मरती हुई मानवीय संवेदनाओं को अपनी कविता के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदान किये हैं। नए तेवर अपनाया है, साथ ही नवीन विषय वस्तुओं को आत्मसात किया है।

इस सदी की कविता मानव जीवन के सभी पहलुओं को प्रस्तुत किया है चाहे सामाजिक पहलु हो या धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक सभी क्षेत्र को समेटे हुए हमारे समकक्ष प्रस्तुत हुई है। युगीन विकृतियों से प्रवृत्तियों से साक्षात्कार करती है आज की कविता।

**संदर्भ ग्रंथ :**

१. पाण्डेय सुरेश चन्द्र, सबसे जरूरी काम समकालीन काव्य, पृ.सं. २३
२. आर्य देवेन्द्र, २१वीं सदी का आल्हा, पृ.सं. १२८
३. राजोरिया हरिओम, खाली कोना, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन नई दिल्ली २००७, पृ.सं. ९६
४. ज्ञानरंजन और पहल, पृ.सं. १०४, सितम्बर अंक ९०
५. शुक्ल नवल, संरचनाओं के बदले समय, अंक १३ पृ.सं. १६०
६. नंदा वर्तिका, बहुरानी, तद्भव अंक २०, पृ.सं. १३२
७. सिंह चौहान, रमेश कुमार, दो रंगी तस्वीर
८. मिश्र वीरेंद्र, हिंदी साहित्य का आधुनिक काल,
९. नवदीप सुजीत, रावण कब करेगा
१०. पांडे, डॉ. रामजन, उदयभानु हंस के प्रतिनिधि गीत समय की चुनौती पृ.सं. ८५
११. उदयभानु, हंस के प्रतिनिधि गीत और अमृत कलश पृ.सं. २८
१२. उदयभानु, हंस और नैया कौन लगाए पार, पृ.सं. ४७

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

# समकालीन आदिवासी महिला रचनाकारों की कविताओं में अभिव्यक्त संवेदना

**डॉ. नूरजहां रहमतुल्लाह**
**हिंदी विभाग, कॉटन विश्व विद्यालय गुवाहाटी, आसम ।**

मानव-जाति स्वभाव से संवेदनशील रही है। मानवता का मूलाधार संवेदना ही है। इस सृष्टि में केवल मानव- जीवन में ही संवेदनशीलता दिखाई देती है। संवेदना शब्द 'सम्' उपसर्ग के लगाने से बना है। 'सम्' का अर्थ है समान रूप या प्रत्यक्ष रूप । वेदना शब्द के पहले सम् उपसर्ग लगाने से संवेदना शब्द बना है । **संवेदना की परिभाषाएँ** - " मन में होने वाला अनुभव या बोध, अनुभूति, किसी के कष्ट को देखकर मन में होने वाला दुःख। किसी की वेदना को देखकर स्वयं भी उसी प्रकार की वेदना, उक्त प्रकार का दुःख या सहानुभूति प्रकट करने का भाव।। इस परिभाषा के अनुसार इस अवस्था को साधारणीकरण की अवस्था कहा जाता है। कवि साधारण मनुष्य के मुकाबले अधिक संवेदनशील रहता है। "मन में होने वाला बोध या अनुभव किसी को कष्ट में देखकर मन में होने वाला दुःख सहानुभूति। "2 इस परिभाषा से यह ज्ञात होता है कि कवि का पहला गुण होता है संवेदनशीलता। कवि के मन में विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है । कवि की अभिव्यक्ति ही कविता बनती है। अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से कवि पाठक को भी संवेदनशील बनाता है। कवि में यह क्षमता होती है कि वह पाषाण व्यक्ति को भी अपनी कविता के माध्यम से रस निष्पत्ति और साधारणीकरण को अवस्था में लाता है, जिससे कवि की अभिव्यक्ति पाठक की स्व-अनुभूति बन जाती है। यहाँ पर कवि की संवेदना व्यक्तिगत से सामाजिक बन जाती है।

**समकालीन आदिवासी महिला लेखन** - कवि अपने समाज की परिस्थितियों और परिवेश से प्रेरित होकर साहित्य-सृजन करता है। साहित्य-सृजन महज ऐसे ही नहीं होता जिसके लिए प्रतिभा, व्युत्पत्ति एवं अभ्यास जैसे काव्य हेतुओं की आवश्यकता होती है। कुछ कवि जन्मजात ही प्रतिभाशाली होते हैं, तो कुछ व्युत्पत्ति एवं अभ्यास के द्वारा अपनी सोई हुई कविता करने की क्षमता को जागृत कर कवि बनते हैं।

कवि अपने जीवन में घटित घटनाओं से प्रभावित होकर काव्य की रचना करता है। समकालीन आदिवासी महिला लेखन में संवेदना, अस्तित्व एवं स्वाभिमान की लड़ाई लड़ता आदिवासी समुदाय का चित्रण प्रस्तुत है । आदिवासी के पास मौखिक पंरपरा के रूप में ज्ञान का भंडार है, किन्तु शिक्षा के अभाव में वह ज्ञान लुप्त होने के कगार पर है। आदिवासियों को शिक्षा देकर उनके जल, जंगल, जमीन के साथ-साथ उनकी मौखिक परंपरा को लिपिबद्ध कर सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके साथ-साथ तरह-तरह की बीमारियों के लिए उनके पास जो पर्याप्त आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का ज्ञान है, उसे भी सुरक्षित किया जा सकता है। यह सब आदिवासियों को शिक्षा देकर ही किया जा सकता है।

सरकार की शिक्षा नीतियों के कारण आज आदिवासियों को शिक्षा मिल रही है। आदिवासी अपना लेखन स्वयं कर रहा है। अपनी संवेदना को स्वयं अभिव्यक्त कर रहा है। पुरुष सत्तात्मक समाज में भी आदिवासी लेखिकाएँ उभरकर सामने आ रही है। अपने ऊपर और समाज पर हो रहे अन्याय और अत्याचार का सामना अपनी कलम के । माध्यम से कर रही हैं। जिनमें वंदना टेटे, सुषमा असुर, जसिंता करकेट्टा, निर्मला पुतुल आदि महिला लेखिकाएँ अपने समाज के दुख-दर्द, संघर्ष, अस्मिता को उजागर करती हुई दिखाई दे रही हैं।

आदिवासियों का कोई भाषा-साहित्य नहीं है। सत्ता और पूंजीपति आदिवासी भाषाओं को ध्वस्त करने में लगे हैं। आदिवासी लेखिकाओं की रचनाओं में दुख, दर्द, आक्रोश के भाव दिखाई देते हैं। आदिवासियों को आपस में जोड़ने की वजह उनका प्रत्येक का दर्द और परंपरा भी है। लेखिका 'यशोदा मुर्मु' आदिवासी जाखां में लिखती हैं। कि-

"तुम हो जाखा तो हम संथाली / दोनों का परिचय एक है आदिवासी / तुम भी छीनो अपना हक अधिकार / तुम भी आदिवासी हम भी आदिवासी/ सिनकारी, सिदो, बिरसा के उत्तराधिकारी । " 3

1. **वंदना टेटे** - इनका जन्म 13 सितंबर, 1969 में सामटोली, झारखंड में हआ है। पिता, सुरेशचन्द्र टेटे, फौजी थे । माता का नाम रोज केरकेट्टा, जो जानी-मानी आदिवासी लेखिका और शिक्षाविद हैं। इनका प्रेम-विवाह अश्विनी • कुमार पंकज से 1992 में हुआ। पंकज, बिहार के निवासी हैं और वे गैर आदिवासी हैं। 'झारखंड भाषा साहित्य संस्कृति अखडा' का नेतृत्व वंदना टेटे कर रही हैं, जो भारत का पहला एकमात्र आदिवासी प्रकाशन संस्थान है, तथा जो विभिन्न आदिवासी और देशज भाषाओं में साहित्य प्रकाशित कर रहा हैं। आदिवासी अस्तित्व एवं अस्मिता के बारे में वंदना टेटे लिखती हैं-

"चाँद और सितारे / जिस दिन थक जाएँगे / जिस दिन सूरज / अपनी ही गरमी से बेबस हो जाएगा / बारिश जब अपनी ही बूंदों से / बुरी तरह भींग जाएँगी / नदी के रुकने का इंतजार करते हुए / हम भी कहीं ठहर जाएंगे / और थोड़ा सुस्ता लेंगे/पुरखा पत्थरों पर सिर टिकाते हुए / टांगों को आसमान पर पसार कर / पिछली सदियों से समाजशास्त्री और मानवविज्ञानी / हमारे शुभ चिंतक दार्शनिक / राजनीतिज्ञ और सामाजिक प्रबंधक/कहते आ रहे हैं/ अगले कुछ दशकों में / पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे आदिवासी / ग्लोबल एकोनॉमी का बुलडोजर/सपाट कर देगा धरती को/और हत्यारे शिकारियों का दल / चुन-चुन कर मार देगा / जंगल के हर जीव-जंतु को।" 4

2. **सुषमा असुर** - सखुआ पानी, नेतरहाट, गुमला, झारखंड की रहने वाली लेखिका हैं। ये असुर समाज के पुरखा गीतों और ज्ञान का संग्रह कर रही हैं। इंटर तक इनकी शिक्षा हुई है। अनेक पत्र-पत्रिकाओं में उनके लेख छप चुके हैं। इस दर्द को व्यक्त करती हुई सुषमा असुर कहती हैं कि-

"पठारी क्षेत्र में तुमने / हमें (असुरों को) जन्म दिया / पर जिंदा रहने के लिए रास्ता नहीं बतलाया, / पठारी क्षेत्र में तुमने/हमें (असुरों को) मजदूर बनाया / पर स्कूल जाने के लिए पैसा नहीं दिया,/ हमें आगे बढ़ने के लिए रास्ता नहीं बतलाया। / अब तो हमारे पास भाषा नहीं है / अब तो हमारे पास / संस्कृति नहीं है / हम तुम्हें कैसे पुकारें /हम तुम्हें किस विधि से याद करें। "5

3. **जसिंता केरकेट्टा** - पत्रकार और आदिवासी लेखिका हैं। पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर प्रखेड़ में खुदपोश गाँव की रहने वाली हैं। आदिवासी समाज की त्रासदी को जसिंता ने अपनी कविता में स्थान दिया है। इनका 2016 में प्रकाशित 'अंगारे' काव्य-संग्रह अत्यंत महत्वपूर्ण है। गैर आदिवासियों द्वारा हो रहे अत्याचार को उजागर करती हुई उनकी कविता दृष्टव्य है-

" जो जुर्माने देखो / तुम्हारे दर्द का हर दिन अब / सजा रहा है खबरों का बाजार / देश से लेकर देशों तक / देखो तुम्हार दर्द कैसे बिक रहा है? / तुम रेडियो, टीवी इंटरनेट पर / हर दिन की खबरों में / देखती हो, पढ़ती हो, सुनती हो / टकटकी लगाए बैठकर घर पर मौन / यह सोचते हुए कि इन सबके बीच / कहो तुम खुद हो गयी गौण / तुम जमीन कुरेदते हुई सोचती हो/ तुम दर्द हो, खबर हो या हो

इंसान / जमुनि तुम आखिर हो कौन? "6

4. **निर्मला पुतुल** - इनका जन्म 6 मार्च, 1972 को कुरुवा, दुमका में हुआ है। पिता का नाम सिरिल मुर्मु था और माता का नाम कान्दली हँसदा है। इनकी शिक्षा स्नातक राजनीतिशास्त्र में हुई है। इनका आरंभिक जीवन संघर्षमय रहा। इनका व्यक्तित्व भावुक और संवेदनशील है, जो इनके साहित्य में झलकता है। इनकी रचनाएँ- नगाड़े की तरह बजते शब्द, अपने घर की तलाश में, बेघर सपने।

निर्मला पुतुल अपनी कविताओं के माध्यम से आदिवासी जन जीवन का चित्र खींच कर वास्तविकता के दर्शन कराती हैं। वे अपनी कविता 'मेरे एकांत का प्रवेश द्वार' में लिखती हैं

"मेरे एकान्त में देवता नहीं होते/न ही उनके लिए कोई प्रार्थना होती है मेरे पास / दूर तक पसरी रेत / जीवन की बाधाएँ/कुछ स्वप्न और/प्राचीन कथाएँ होती हैं/मैं कविता नहीं / शब्दों में खुद को रचते देखती हूँ/अपनी काया से बाहर खड़ी होकर / अपना होना । "7

इनकी कविताओं में सहानुभूति झलकती है। जो अपने जीवन में देखा सुना और समझा, उन्होंने लिखने का प्रयास किया। वे लिखती हैं हो गयी है / मैं नहीं जानती कविता की परिभाषा / छन्द, लय, तुक का कोई ज्ञान नहीं है मुझे / और न ही शब्दों और "चिकनी-चुपड़ी भाषा की उम्मीद न करो मुझसे / जीवन के ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर चलते/ मेरी भाषा भी रुखड़ी भाषाओं में ही मेरी पकड़। " 8

आदिवासियों को अपने अस्तित्व और अस्मिता की याद दिलाते हुए कहती हैं- "बचाओ अपनी बहनों को / कंगरी माँ बनी पड़ोस की उस शीलबंती के / मोहपाश से / पूरी वस्ती को रिझाती जो / बैग लटकाए जाती है बाजार / और देर रात गये लौटती है/ खुद को बेचकर बाजार के हाथों / किसके शिकार में राज जाते हो जंगल ? / किसके ? / शाम घिरते ही अपनी बस्तियों में उतर आये / उन खतरनाक शहरी जानवरों को पहचानो/चुड़का सोरेन पहचानो" 9

निर्मला पुतुल तथाकथित सभ्य समाज की भोगवादी मानसिकता को भली-भाँति जानती हैं। उनकी कविताओं में अपने समाज की प्रताड़ित महिलाओं की आत्मा की चीख, आवाजें, घाटियों में नगाड़े की तरह बजने लगती हैं।

निर्मला पुतुल ने अपने आप को सभ्य समझने वाले शहर के लोगों पर भी व्यंग्य किया है।

"कहाँ गया वह परदेशी जो शादी का ढोंग रचाकर/ तुम्हारे ही घर में तुम्हारी बहन के साथ / साल दो साल रहकर अचानक गायब हो गया?/उस दिलावर सिंह को मिलकर ढूँढो चुड़का सोरेन/जो तुम्हारी ही वस्ती की रीता कुबर को/पढ़ाने-लिखाने का सपना दिखाकर दिल्ली ले भागा/और आनंद-भोगियों के हाथ बेच दिया/और हो पहुचानो।/अपने ही बीच की उस कई-कई ऊँची सैंडिल वाली / कुजूर को भी / जो तुम्हारी भोली-भाली बहनों की आँखों में/सुनहरी जिंदगी का ख्वाब दिखाकर / दिल्ली की आया बनाने वाली फैक्ट्रियों में/कर रही है कच्चे माल की तरह सप्लाई/उन सपनों की हकीकत जानो चुड़का सोरेन / जिसकी लिखी दीवारों पर पाँव रखकर/वे भागती है बेतहाशा पश्चिम की ओर । " 10

**निष्कर्ष** - निष्कर्षतः कहा जा सकता है, समकालीन महिला रचनाकारों ने अपने साहित्य में अस्मिता, अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष को दर्शाया है, जिसमें जल, जंगल, जमीन आदि विषय मुख्य केंद्र हैं। आज विकास के नाम पर विस्थापन झेल रहे आदिवासियों के अस्तित्व के लिए संवेदना इनकी कविताओं में दिखाई देती है।

संदर्भ -

1. रामचन्द्र वर्मा, मानक हिंदी कोश, पृ.सं. 237
2. श्री सागर नवल जी, नलंदा विशाल शब्द, पृ.सं. 375
3. फारवर्ड प्रेस, बहुजन साहित्य वार्षिक, मई, 2014
4. सरिता बड़ाइक, नन्हें सपनों का सुख, पृ.सं. 8
5. फारवर्ड प्रेस, बहुजन साहित्य वार्षिक, मई, 2014
6. मुक्त ज्ञान कोश, वीकिपीडिया से प्राप्त जानकारी
7. निर्मला पुतुल नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृ.सं. 88, 89
8. संपादिका रमणिका गुप्ता, कलम को तीर होने दो, पृ.सं. 119
9. नगाड़े की तरह बजते शब्द, निर्मला पुतुल, पृ.सं. 21, 22
10. नगाड़े की तरह बजते शब्द, निर्मला पुतुल, पृ. सं. 21

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

# २१ वी सदी की हिंदी कवयित्रियों के काव्य में मानवीय संवेदना

**प्रा. संतोष येरावार**
**स्नातकोत्तर हिंदी विभाग,**
**देगलूर महाविद्यालय, देगलूर**

हिंदी काव्य में मानवीय संवेदना का बहुत गहरा और विस्तृत विवेचन किया गया है। यह संवेदनाएँ जीवन के विभिन्न पहलुओं प्रेम, करुणा, पीड़ा, संघर्ष, आशा, निराशा, और आनंद को अभिव्यक्त करती हैं। आज के कवियों ने वैश्विक समस्याओं, मानवाधिकारों, पर्यावरण, शोषण और संघर्ष को अपनी कविताओं में गहराई से उकेरा है। दलित चेतना, स्त्री विमर्श, शहरीकरण, प्रवासी जीवन और समाज की जटिलताएँ संवेदनशील तरीके से व्यक्त की जाती हैं। हिंदी काव्य में मानवीय संवेदना समय के साथ परिवर्तित होती रही है, लेकिन इसका मूल स्वर सदा मानव-मन की गहराइयों से जुड़ा रहा है। चाहे प्रेम हो, पीड़ा हो, सामाजिक अन्याय हो या जीवन की क्षणभंगुरता हर रूप में संवेदना हिंदी काव्य का हृदय बनी हुई है। 21वीं सदी का हिंदी काव्य सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों के प्रभाव को गहराई से अभिव्यक्त कर रहा है। इस युग में मानवीय संवेदना का दायरा और व्यापक हुआ है, जहाँ व्यक्तिगत पीड़ा के साथ-साथ सामाजिक असमानता, वैश्वीकरण, तकनीकी प्रभाव, जलवायु संकट, युद्ध, प्रवासन और शहरीकरण जैसी जटिल समस्याओं को भी प्रमुखता मिली है। 21वीं सदी के हिंदी कविता समाज में व्याप्त अन्याय, शोषण, जातिवाद, भ्रष्टाचार और सत्ता के दमनकारी स्वरूप के प्रति संवेदनशील हैं। हिंदी कवयित्रियों ने आम आदमी के संघर्ष और सत्ता के दमन को काव्य में उकेरा है। हिंदी कविता में दलित , आदिवासी, किन्नर और स्त्री विमर्श को भी प्रमुखता मिली है, जहाँ हाशिए पर पड़े समुदायों की पीड़ा संवेदनशील तरीके से व्यक्त की गई है। आधुनिक जीवनशैली, सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल युग ने मानवीय संबंधों को प्रभावित किया है । कविताएँ व्यक्ति के अकेलेपन, अजनबीपन , बेचैनी, मानसिक तनाव और सामाजिक विसंगतियों और विकृतियों को चित्रित कर रही हैं। 21 वी सदी की कविता में आभासी दुनियां में खोए हुए मनुष्यों की संवेदना, प्यार और रिश्तों की जटिलताएँ नए विषय बनकर उभरी हैं। ग्लोबल वार्मिंग, जंगलों की कटाई, जल संकट और प्रदूषण पर भी हिंदी कविता में संवेदनशील अभिव्यक्ति देखने को मिलती है । 21 वी सदी की कविताएँ प्रकृति के प्रति मनुष्य की क्रूरता और उसके दुष्परिणामों को दर्शाती हैं। प्रवासी मजदूरों, शरणार्थियों, और बेरोजगारी से जूझते युवाओं की तकलीफ को कविता में जगह मिली है । कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों के दर्द को कई कवियों ने मार्मिक रूप में व्यक्त किया। हिंदी कवयित्रियों का हिंदी काव्य केवल कल्पना या रोमांस तक सीमित नहीं, बल्कि यह मानवीय संवेदना को एक व्यापक दृष्टिकोण से देखता है। यह कविता सामाजिक न्याय, पर्यावरण, अंतरजाल प्रभाव, अकेलापन, मानसिक स्वास्थ्य और अस्तित्व के संकटों को गहराई से महसूस कर रही है। हिंदी कविता मानवीय संवेदना को न केवल नए संदर्भों में परिभाषित कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी विचार और बदलाव की राह खोल रही है।

21वी सदी के हिंदी काव्य में मानवीय संवेदनाओं को प्रभावी रूप से विवेचित किया गया है। मानवीय संवेदना काव्य में अनेकों रूपों में अभिव्यक्त हुई हैं जैसे स्त्री एवं दलित संवेदना , सुख एवं दुःख

परक संवेदना, कामपरक संवेदना, करुणापरक संवेदना,प्रेमपरक संवेदना,भयपरक संवेदना, घृणापरक संवेदना आदि । स्त्री संवेदना के अंतर्गत स्त्री के सुख, दु:ख, अभावग्रस्त जीवन , पीड़ा, संत्रास, प्रताड़ना , बेचैनी ,संघर्ष, अकेलापन , यातनाएँ, पुरूषों की स्त्री के प्रति भोगवादी मानसिकता , स्त्री का पारिवारिक और सामाजिक अस्तित्व आदि आते हैं। स्त्री अनादि काल से वंचित शोषित और अपमानित होती रही है। सामाजिक और धार्मिक परंपरा और मान्यताएँ स्त्री शोषण का कारण बना है । वर्तमान समय में स्त्री ने अपनी पहचान और अस्तित्व को स्थापित किया है । अपनी पहचान बनाई है । सामाजिक विकृतियों के विरुद्ध आवाज उठाई है। 21वीं सदी में हिंदी कविता में कई सशक्त कवयित्रियों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने स्त्री-विमर्श, सामाजिक बदलाव, पितृसत्ता के विरोध, आत्मनिर्णय, प्रेम, अस्तित्व और संवेदनाओं को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है। अनामिका की कविताएँ स्त्री मनोविज्ञान, सामाजिक बदलाव और प्रतिरोध की आवाज़ को सशक्त रूप में प्रस्तुत करती हैं। उनकी चर्चित कृतियाँ हैं: *'टोकरी में दिगंत'*, *'बीज से बनते हैं वृक्ष'*। अनामिका अनु की कविता सामाजिक चेतना और स्त्री अस्मिता की प्रखर आवाज़ हैं। पितृसत्ता और व्यवस्था के विरुद्ध मुखर होकर वे लिखती हैं। सविता सिंह की कविताओं में स्त्री की अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्मसंघर्ष की गहरी झलक मिलती है। उनकी प्रमुख कृतियाँ *'स्वप्न समय'*, *'स्त्रीत्व का मानचित्र'* है। निर्मला पुतुल आदिवासी समाज की प्रमुख स्त्री कवयित्री, जिन्होंने हाशिए की आवाज़ को जगह दी। उनकी कविताएँ स्त्री और आदिवासी जीवन के शोषण और समाज की सच्चाइयों को उजागर करती हैं। *'नगाड़े की तरह बजते शब्द'* निर्मला जी की प्रमुख काव्यकृति है । अंजू शर्मा की कविता मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है। देह, अस्तित्व और स्त्री के अधिकारों पर वे खुलकर लिखती हैं। सुमन केशरी , कविता कृष्णपल्लवी, गीताश्री और अणुशक्ति सिंह ने अपने काव्य के माध्यम से स्त्री की संवेदनाओं को मुखर वाणी प्रदान की है। सामाजिक न्याय, वंचितों के अधिकार , प्रेम, रिश्ते और स्त्री के सामाजिक संघर्ष को गहराई से कवयित्रियों ने लिखा हैं। सुशीला टाकभौरे दलित स्त्रीवाद की महत्वपूर्ण कवयित्री है ।उनकी कविताएँ जाति, वर्ग और लिंग के आधार पर होने वाले भेदभाव को उघाड़ती है। 21वीं सदी की हिंदी कवयित्रियों ने कविता को केवल भावुकता तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे स्त्री अस्मिता, सामाजिक बदलाव और प्रतिरोध का हथियार बनाया है। ये कवयित्रियाँ नई सदी में हिंदी कविता को समृद्ध बना रही हैं और भविष्य के लिए नए आयाम गढ़ रही हैं।

21वीं सदी की हिंदी कविता में स्त्री संवेदना ने एक नई पहचान बनाई है। यह संवेदना केवल स्त्री की पीड़ा तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके संघर्ष, आत्मनिर्णय, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की नई व्याख्या भी प्रस्तुत करती है। समकालीन कवयित्रियों ने अपने अनुभवों, सपनों और सवालों को कविता के माध्यम से व्यक्त किया है, जिससे स्त्री-विमर्श और अधिक व्यापक तथा सशक्त हुआ है। 21वीं सदी की हिंदी कवयित्रियों की कविता में स्त्री की छवि अब केवल प्रेम , त्याग, सहनशीलता और मातृत्व तक सीमित नहीं है। वह अब समाज के ढांचों को तोड़कर अपनी अलग पहचान बना रही है। स्त्री केवल 'वेदना' की प्रतीक नहीं, बल्कि 'संघर्ष' और 'सशक्तिकरण' की आवाज़ भी बन चुकी है। कविताओं में स्त्रियाँ सामाजिक बेड़ियों और पितृसत्ता के अन्यायपूर्ण ढांचे को खुलकर चुनौती दे रही हैं। वे सवाल कर रही हैं, विरोध जता रही हैं, और अपने अस्तित्व की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। स्त्रियाँ सिर्फ घर के भीतर की कहानियाँ नहीं कह रहीं, बल्कि वे अपने श्रम, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सम्मान और कार्यस्थल पर अपने अधिकारों की बात भी कर

रही हैं। वे पूँजीवाद, असमानता , अन्याय और शोषण पर सवाल उठा रही हैं। 21वीं सदी की हिंदी कविता में स्त्री संवेदना अब केवल करूणा की कथा नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, आस्तित्व और सशक्तिकरण की कविता है। यह कविता अब स्त्री की स्वतंत्र पहचान और सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

स्त्री संवेदना को अनामिका जी ने अभिव्यक्त किया है । स्त्रियों को पुरषी मानसिकता से संचलित दायरे में हि जीवन ज्ञापन करन पडता हैं। पुरुषी अंहकार उसे सदैव निरर्थक एवं निरुपयोगी समझता हैं। उसके साथ पुरुषों व्दार पैसा व्यवहार किया जाता हैं जैसे स्त्रियों का कोई स्वातंत्र अस्तित्व ही नहि स्त्री तो केवल पुरुषो के उपभोग मात्र है यह मानसिकता स्त्रीयों को अधिकारो से वंचित रखती है। स्त्री जब होनेवाले शोषण, अन्याय, अत्याचार के विरुध्द आवाज उठाती है। तथा अपने अधिकारों की माँग पुरुषो से करती है तो उसपर कुल्टा, पतित, चरित्रहिन होने का आरोप लगाया जाता हैं ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हि नहो। स्त्री स्वतंत्रता को पतिवृत्ता के नाम पर नकारा जाता है इस वास्तविकता को '**स्त्रियाँ**' कविता में '**अनामिका**' जी ने उघाडा है।

**"पढा गया हमको**
**जैसे पढ़ा जाता है कागज**
**देखा गया हमको**
**जैसे कुप्त हो उनी दें**
**देखी जाती है कलाई घडी**
**अलस्सुबह अलमि बनने के बाद**
**सुना गया हमको**
**जैसे सुने जाते है फिल्मी गाने**
**भोगा गया हमको**
**बहुत दुर के रिश्तेदारों के दुःख की तरह ।**
**एक दिन हमने कहा**
**हम भी इंसान हैं**
**चीखती हुई ची-चीं**
**दुश्चरित्र महिलाएँ दुःचरित्र महिलाएँ**
**हे परम पंतिओ परम पुरुषो**
**बख्शो, बख्शो, अब हमें बख्शों ।" १**

स्त्री के अस्तित्व को शरीर सुख तक सिमित रखा गया है। नारी को हर समय वासनांध आँखे ताकती रहती हैं। उसके उभरे अंगो का पाने की लालसा मनुष्य को पतित और घृणित बना देती है। नारी को चरित्र, विवाह, के नामपर भी छला जाता हैं। विवाहित स्त्री को अपने मर्जी के खिलाफ शरीर सुख की पुरषों की लालसा का पुरा करना पड़ता हैं। समाजमान्य बलत्कार की मात्रा में होती बढ़ोतरी, घटस्फोट, विवाहपुर्व शारिरिक सुख, विवाह बाह्य संबध, लिव्ह-इन रिलेशन शीप, यह सब इक्कीसवी सदी की देन है। स्त्री को वासनातृप्ति मात्र तक सिमित रखने वाली मानसिकता को उघाडती **कात्यायनी** की यह कविता

**" उन्होने यही**
**सिर्फ यही दिया हमें**
**अपनी वहशी वासनाओं की तृप्ति के लिए**
**दिया एक बिस्तर**
**जीवन घिसने के लिए, राख होते रहने के लिए**
**चौका - बरतन करने के लिए बस एक घर**
**समय समय पर**
**नुमाइश के लिए गहने पहनाए**
**और हमारी आत्मा को पराजित करने के लिए**
**लाद दिया उसपर**
**तमाम अपवित्र-इच्छाओं और दुष्कर्मो का भार "२**

21वीं सदी की हिंदी कवयित्रियों के काव्य में दलित संवेदना प्रखरता से उभरी है। दलितों की पीड़ा, दलितों के प्रति सामाजिक असामनता का भाव , आर्थिक अभावग्रस्त जीवन , सामाजिक अन्याय, शोषण, आत्मसम्मान और संघर्ष को अभिव्यक्त किया है। कवयित्रियों ने अपने काव्य में दलित जीवन की वास्तविकता, दलितों के जीवन में व्याप्त विडंबना, सामाजिक और जातिगत भेदभाव , विद्रोह और प्रतिरोध और संघर्ष को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया है। सुशीला टाकभौरे दलित स्त्री-विमर्श की प्रमुख हस्ताक्षर हैं। उनकी कविताएँ दलित नारी की पीड़ा, हाशिए के समाज का संघर्ष और आत्मसम्मान की चेतना को प्रकट करती हैं। अनामिका का काव्य दलित स्त्री के संघर्ष, विद्रोह और अस्मिता की तलाश को प्रकट करता है। उनकी कविताएँ पितृसत्तात्मक और जातिवादी ढांचे पर प्रहार करती हैं। निवेदिता प्रधान की कविताओं में दलित चेतना और सामाजिक अन्याय के खिलाफ़ तीव्र स्वर मिलता है। वे अपने काव्य में जातीय दमन और शोषण का प्रतिरोध करती हैं। कुसुम मेघवाल की कविताएँ दलित स्त्रियों की पीड़ा, शोषण और उनके संघर्ष को उभारती हैं। वे अपने काव्य में सामाजिक भेदभाव को भी उदघाटित करती है । शोषित ,पीड़ित ,अपमानित और वंचित समाज को कवियित्रियों ने अपने काव्य का विषय बनाया है । 21वीं सदी की हिंदी कवयित्रियों के काव्य में दलित संवेदना केवल पीड़ा और शोषण की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन, आत्मसम्मान और समानता की चेतना का साहित्य भी है। **'औरत औरत में अंतर है'** में **'रजनी तिलक '** दलित संवेदना को अभिव्यक्त करती है ।

**"एक सताई जाती है स्त्री होने के कारण,**
**दूसरी सताई जाती है स्त्री और दलित होने पर**
**एक तड़पती है सम्मान के लिए**
**दूसरी तिरस्कृत है भूख और अपमान से**
**प्रसव पीड़ा झेलती फिर भी एक सी**
**जन्मती है एक नाले के किनारे**
**दूसरी अस्पताल में,**
**एक पायलट है**

तो दूसरी शिक्षा से वंचित है
एक सत्तासीन है,
दूसरी निर्वस्त्र घुमाई जाती है।
औरत नहीं मात्र एक जज़्बात
हर समाज का हिस्सा,
बँटी वह भी जातियों में
धर्म की अनुयायी है
औरत औरत में भी अंतर है। " ३

क्रोध और घृणा इन मानवीय संवेदनाओं को हिंदी काव्य में सशक्त रूप में अभिव्यक्त किया गया है । स्वतंत्रता संग्राम, आपातकाल, भ्रष्टाचार, सामाजिक विडंबना और सामाजिक-राजनीतिक अन्याय के विरोध में क्रोध और अमानवीयता के प्रति घृणा व्यक्त हुवी है । कई कवियों ने सत्ता की क्रूरता, अन्याय, शोषण, और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद की है। 21वीं सदी की हिंदी कवयित्रियों के काव्य में राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था के प्रति क्रोध और घृणा प्रमुख रूप से व्यक्त होती है। यह असंतोष कई रूपों में सामने आता है, सत्ताधारी वर्ग की नीतियों के प्रति विरोध, सामाजिक विकृतियों के खिलाफ आक्रोश, सामाजिक अन्याय और हाशिए पर रखे गए समुदायों की पीड़ा । हिंदी काव्य सत्ता की निरंकुशता, भ्रष्टाचार और दमनकारी नीतियों के खिलाफ मुखर हैं। कविता में लोकतंत्र के क्षरण, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध और पुलिसिया दमन की निंदा की जाती है। अनामिका, नीलिमा चौहान, और सविता सिंह जैसी कवयित्रियों की रचनाओं में सरकार की जनविरोधी नीतियों पर तीखा प्रहार किया गया है।लैंगिक अत्याचार, पुरुषसत्ता के शोषण और स्त्रियों की दमनकारी स्थिति के प्रति और समाज में व्याप्त जातिगत विषमता के विरुद्ध निर्मला पुतुल, मृणाल पांडे, रजनी अनुरागी , कंवल भारती जैसी अनेकों कवयित्रियों ने आवाज उठाई हैं। सांप्रदायिक , राजनीति और धर्म के नाम पर फैलाए जा रहे विद्वेष के प्रति कवयित्रियाँ अपनी रचनाओं में आक्रोश व्यक्त करती हैं। धार्मिक उन्माद और समाज में बढ़ती असहिष्णुता को लेकर कई रचनाएँ लिखी गई हैं। 21वीं सदी की हिंदी कवयित्रियों का काव्य सत्ता, पितृसत्ता, जातिवाद, और साम्प्रदायिकता के खिलाफ एक सशक्त प्रतिरोध का माध्यम है। वे अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक अन्याय के प्रति गहरी नफरत और क्रोध को व्यक्त करती हैं और न्याय, समानता और स्वतंत्रता की मांग करती हैं। हिंदी कविताएँ सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था पर करारा प्रहार करती हैं।

" वे निकले हैं शिकार पर
बिना लाव-लश्कर के
बिना हथियार के उनके तन पर झक्क उजले कपड़े हैं
वे उजाले में अँधेरे की सत्ता पर क़ाबिज़
निकले हैं शिकार पर
उनका कारवाँ जिधर से गुज़रा
खेत खून से रँग गए
बस्तियों से चीखें सुनाई देने लगीं

वे शिकारी हैं
आदमखोर
उनकी सत्ता इंसानों की क़ब्र पर सजती है। " ४

राजनीतिक और सामाजिक क्रोध और घृणा केवल असंतोष नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो न्याय और परिवर्तन की माँग करती है। ये कविताएँ समाज को जागरूक करने का काम करती हैं। सोनी पांडेय जी ने अपनी उपरोक्त कविता 'शिकार' में राजनीतिक क्रूरता, भांडवलशाही से निर्माण दमनकारिता और सामाजिक अन्याय के विरोध में आवाज बुलंद की है । ' **कृतिका किरण** ' अपनी कविता में सत्ता पाने की लालस किस प्रकार नेताओं को पशु बना देती है और राजनीति किस प्रकार आम आदमी के लाशों पर खड़ी होकर क्रूर और विकृत बनी है इसका मार्मिक विवेचन किया है

" हम इंसान नहीं हैं
कंधे हैं...
वह जिन पर रखकर पाँव
छुआ जाता है ऊँचाई को;
और जिन पर रखकर बंदूकें
चलायी जाती हैं गोलियाँ...
हम इंसान नहीं हैं
सीढ़ियाँ हैं...
वे जिन पर चढ़कर
बढ़ा जाता है आगे;
और जिन्हें रौंदकर
मुड़ा नहीं जाता
हम जनता नहीं हैं
भेड़ें हैं
और ये नेता नहीं
चरवाहे हैं
बाक़ी बची सियासत ?
तो वह ठहरी... क़साई! " ५

समाज में व्याप्त विषमता , विडंबना और कुरीतियों के प्रति तिरस्कार और घृणा 21वीं सदी की हिंदी कवियित्रियों के कविता में परिलक्षित होती है । कुपोषित सामाजिक मानसिकता और पुरुषों की स्त्रियों के प्रति भोगवादी और वासना प्रधान मानसिकता के कारण वैश्या और किन्नरों की दयनीय अवस्था समाज में दिखाई देती है। वेश्या व्यवसाय करने वाली स्त्रियों को समाज मे हेय दृष्टि से देखा जाता है, जिससे इन महिलाओं को सामाजिक भेदभाव और हाशिए पर रहने को मजबूर होना पड़ा है। इन्हें अक्सर नैतिकता के आधार पर दोषी ठहराया जाता है, जबकि इस उद्योग में आने के पीछे गरीबी, मजबूरी, मानव तस्करी और सीमित अवसर जैसी परिस्थितियाँ होती हैं। आर्थिक रूप से, कई महिलाएँ इस व्यवसाय में

इसलिए आती हैं क्योंकि उनके पास सीमित शिक्षा और रोजगार के अवसर होते हैं। कुछ महिलाएँ अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए इस पेशे में आती हैं, लेकिन समाज से मिलने वाली उपेक्षा के कारण उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ती है। कई बार इने हिंसा, उत्पीड़न और शोषण का शिकार होना पड़ता हैं। वेश्याओं के जीवन की वास्तविकता के उघाड़ने उनके प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और उनके जीवन की सच्चाई को उदघाटित कर उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास उभरती हुवी कवियत्री ' **रश्मी कौलवार** ' जी ने किया है । वेश्याओं के जीवन की वास्तविकता , व्यवसाय चयन की मजबूरी, समाज की संकुचित मानसिकता , पुरूषों की विकृत सोच और वेश्याओं की मनोदशा को अभिव्यक्त करने का प्रयास मराठी भाषिक हिंदी कवियत्री ' **रश्मी कौलवार** ' ने अपनी कविता **'वैश्या - अभिशाप या दोगले समाज का पाप?'** नामक कविता में किया है।

" सजती है रोज सुहाग की सेज पर क्या उसमें मनमर्ज़ी है ?
जरूरत के जिस्म का व्यापार, क्या ये उसकी खुदगर्ज़ी है?
पेट की आग बुझाने के लिए जिस्म की आग बुझाती है
जिस्म नोचने का अधिकार देती, करे किसको ये अर्जी है?
शरीर तो ऊपर से ठीक है, आत्मा के घाव दिखाए किसे
तन और मन के जख्मों को सीने वाला क्या कोई दर्जी है?
निर्वस्त्र तो दोनों हुए, पर बदनामी का कलंक उसके माथे
इज्जतदार समाज के ठेकेदारों की क्यों यह सरदर्दी है?
श्रृंगार करती फिर भी ना विधवा, ना संसार, ना कोई भ्रतार
उधार की सेज पर खरीदकर कुचलता बेरहम, बेदर्दी है ?
मर्दों की चाहत, दिल की राहत फिर भी ना मान-सम्मान
रात की चांदनी चमकती, चाहे कितनी गर्मी हो या सर्दी है ?
झूठी हँसीं, ना चेहरे पर शिकन, छुपाती मन की घुटन
बिक जाती चंद रूपये के लिए फिर सबको होती हर्जी है ?
बदचलन कहकर उसको गाली देते है शरीफ़ खरीदार
हवस के पुजारी कहने को जो इज्जतदार झूठे, फ़र्जी है ?
अब बोलो वैश्या -अभिशाप या दोगले समाज का पाप?
नरक में धकेला ज़िंदा लाश को, कहकर उसकी मर्ज़ी है । " ६

सुखपरक, प्रेमपरक और दुःखात्मक मानवीय संवेदनाओं को भी हिंदी कवयित्रियों ने अभिव्यक्त किया है। सुख और दुःख यह मानव जीवन के अविभाज्य घटक है । सुख की प्राप्ति के लिये मनुष्य निरंतर प्रयत्नशील होता है और उसे ही वह अपने जीवन का लक्ष्य मानता है।मानवीय जीवन में सुख और दुःख दोनों का गहरा महत्व है। ये दोनों जीवन के दो पहलू हैं, जो एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। सुख हमें आनंद और संतोष देता है, जबकि दुःख हमें सीखने, आत्मविश्लेषण और मानसिक रूप से मजबूत बनने का अवसर देता है। सुख हमें जीवन में आगे बढ़ने, लक्ष्य हासिल करने और सकारात्मक बने रहने की प्रेरणा देता है। सुख से मनुष्य का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है पारिवारिक, वैयक्तिक, धार्मिक

और लक्ष्य प्राप्ति का सुख पाने के लिये मानव , समाज,धार्मिक मूल्य एवं परम्परा ,त्याग,सेवा,बलिदान , समर्पण, वात्सल्य, भक्ति, सेवा , प्रयत्न और मानवता का आश्रय लेता है। ' **ममता कालिया**' सुख के विषय में कहती है।

**" इस सारे सुख को**
**नाम नहीं देंगे हम,**
**छोर से छोर तक**
**माप कर**
**यह नहीं कहेंगे हम**
**इतना है, हमसे**
**सिर्फ यह अहसास**
**हमारे अकेलेपन**
**कच्ची दीवारों से**
**ढहाता जाएगा,**
**और हम अपनी बनायी जेलों से**
**बाहर आ जाएँगे।" ७**

**जीवन का वास्तविक अनुभव** दुख ही है। यदि जीवन में दुःख न हो, तो सुख का भी कोई मूल्य नहीं रह जाएगा। दुःख हमें सिखाता है कि जीवन में उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं। दुःख हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति देता है। जब हम दुखी होते हैं, तो हम अपने जीवन, गलतियों और सुधार के अवसरों पर विचार करते हैं, जिससे हमारा आत्मविकास होता है। दुःख का अनुभव हमें दूसरों के दर्द को समझने और उनके प्रति सहानुभूति रखने के लिए प्रेरित भी करता है। दुःख ही मनुष्य माँजता है । तो दूसरी तरफ जीवन की छोटी छोटी घटनाओं से भी मनुष्य विचलित हो दुःख और निराशा में जीवन व्यतीत कर रहा है। मानव जीवन में व्याप्त दुःख की व्याप्ती को कवियत्री **'सुखदा इंदोलिकर '** ने ' **दुखी होने के बहाने** ' नामक कविता में अभिव्यक्त किया है। कवियत्री सुखदा जी ने वर्तमान बाजारवादी, आडम्बरवादी , और भोगवादी परिवेश के कारण उपजे मानवी दुखों के विविध कारणों को बड़ी सहजता और सरलता से विवेचित किया है । कवयित्री कहती है कि , दूसरों को देखकर जीने की मानसिकता और उपभोक्तावादी प्रवृत्ति ने ही मनुष्य को अधिक दुखी बनाया है। अधिक पाने की लालसा और सुख की तलाश ने मानव को अशांत, बेचैन , अंधा , कुंठाग्रस्त और बहुतकुछ होने के बावजूद सबकुछ पाने की लालसा ने मानव को दुखी बना दिया है । मनुष्य सबसे अधिक दुखी वैयक्तिक, आर्थिक और पारिवारिक कारणों से है।

**" कोई पैसे की चिंता में दुखी,**
**तो कोई खाने की चिंता में।**
**कोई साइकिल भी नहीं इसलिए दुखी,**
**तो कोई महँगी गाड़ी खरीदनी है इसलिए दुखी ।**
**कोई परिवार न होने से दुखी,**

तो कोई भरा पूरा परिवार है इसलिए दुखी।
कोई पहनने के लिए कपड़े नहीं इसलिए दुखी,
तो कोई ब्रैंडेड कपड़ों के लिए दुखी।

××××××××××××××××××

हर इंसान, किसी न किसी कारण से,
दुखी रहने के बहाने खोजता रहता है।
ऐसा लगता है कि दुख तो बड़ा सस्ता है,
आसानी से मिल जाता है।
पर शायद सुख काफी महँगा है,
बड़ी मुश्किल से मिलता है।
एक छोटा सा कारण भी बहुत है,
लोगों को दुखी होने के लिए।
और हजार कारण भी कम पड़ते है,
सुखी होने के लिए।
हल्की सी मुस्कान के लिए इतना क्यों संघर्ष करना पड़ता है।
सुख के लिए क्यों इतना भटकना पड़ता है।
ऐसा सुख कब तक टिकेगा ?
क्या इसी तरह सस्ता दुख बाजारों में बिकेगा ?"८

जीवन में सुख और दुःख का संतुलन बेहद जरूरी है। यदि केवल सुख ही सुख हो, तो हम उसकी कीमत नहीं समझ पाएंगे, और यदि केवल दुःख ही दुःख हो, तो जीवन बोझिल हो जाएगा। सुख हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है, जबकि दुःख हमें जीवन का गहरा अर्थ सिखाता है। इसलिए, हमें दोनों को स्वीकार करके जीवन के हर अनुभव से सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

२१ वी सदी की हिंदी कवियत्रियों ने करुणापरक संवेदना को अभिव्यक्त कर दया,अहिंसा, बंधुता और विश्वशांति का प्रयास किया है। कुसुम अंसल, सविता सिंह, सीता श्रीवास्तव, वीणा सिंह, सुनीता जैन आदि कवियियित्रियों ने किसान, आदिवासी, आतंकपीड़ित, पर्यावरण, शोषित और वंचित वर्ग के प्रति अपने करुणा भाव को उदघाटित किया है ।

कवयित्रियों ने कामपरक संवेदना, ईर्ष्यापरक संवेदना, भयपरक संवेदना अहंपरक संवेदना और तनाव, शील, आश्यर्य, उपेक्षा, भक्ति, शांति आदि मानवीय संवेदना के विभिन्न स्तरों को भी अपने कविता में अभिव्यक्त किया है। संवेदना का संबंध यह मानवीय भावों से होता है और काव्य यह भावों की सशक्त अभिव्यक्ति है।

**संदर्भ**

१) अनामिका की कविताओं का सम्बोध्य, डॉ. सुमित, पी. वी, पृष्ठ संख्या, 76
२) दलित निर्वाचित कविताएँ , संपादक-कँवल भारती, पृ. संख्या ,१४४
३) https://www.mazdoor blgul.net
४) https://www.hindwi. org.
५) https://www.hindwi.arg.
६) भावनाओ की अभिव्यक्ति , रश्मी कौलवार , पृष्ठ संख्या, ३४
७) सुख, ममता कालिया, पृ.23
८) जीवन के सुखी के संग, सुखदा इंदोलिकर , पृ.सं. ४०

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

## 21 वी सदी के हिन्दी साहित्य में मानवीय संवेदना का चित्रण

प्रो. डॉ. अशोक तुकाराम जाधव
प्राध्यापक एवं अध्यक्ष हिन्दी विभाग
कै. बाबासाहेब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय, उमरी
तह. उमरी. जि. नांदेड

*शोध सारः*

***जीवन के साथ जुडा हैं 'मूल्य'।व्यावहारिक रूप में 'मूल्य''मापन की कसौटी' के तौर पर प्रयोग किया जाता हैं। भारतीय 'संस्कृति' और 'मूल्य' संपूर्ण विश्व में श्रेष्ठ माने जाते हैं। यहाँ 'मूल्य' मानवीय व्यवहार से अभिप्रेत हैं। साहित्य मानव-जीवन की एक महानतम उपलब्धि रही है। साहित्य का मूल उत्सव जीवन है। साहित्य के केंद्र में मानवीय जीवन और मानवी समाज है, यही कारण है कि व्यष्टी और समष्टी की वित्तवृत्ति में परिवर्तन के साथ साहित्य में भी परिवर्तन होता रहता है। साहित्यकार युगीन सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, साम्प्रदायिक, सांस्कृतिक तथा वैयक्तिक परिस्थिति के अनुरूप भावों का उद्बोधन, प्रकाशन और संचयन करते हुए अपने विचारों, भावनाओं को अभिव्यक्ति प्रदान करते हुए आगे बढ़ता है। इसी तथ्य को लक्ष्य कह सकते हैं कि,साहित्य पूर्णतः सामाजिक वस्तु है। अतः उसमें शाश्वत सामाजिक संवेदनाकी अभिव्यक्ति होती है, जो सदा प्रासंगिक बनी रहती है।***

साहित्य की प्रासंगिकता दो प्रकार से है। 1) किसी भी काल या युग का, किसी भी विधा का साहित्य क्यों न हो, यदि वहवास्तविक साहित्य है? तो वह शुद्ध साहित्य के रूप में सदा प्रासंगिक रहेगा, पठनीय रहेगा। 2) जिस साहित्य में समाज के शाश्वत मानवीय मूल्यों का प्रतीकीकरण होगा वह साहित्य समाज के लिए सदैव उपादेय सिध्द होगा, जो कि साहित्य के प्रासंगिकता की पहली शर्त है। समय और परिस्थिति के अनुसार कभी ज्ञान-मार्ग का प्रभाव रहा तो कभी भक्ति-मार्ग का तो कभी कर्म-मार्ग का। इसका कारण सामान्य जनता को ज्ञान-मार्ग बहुत जटिल लगता था। यह सिर्फ विद्वान लोगों के बस की बात थी। कर्म-मार्ग को भी अपने संकुचित घेरे में रहना पड़ा। परन्तु भक्ति का मार्ग इनसे अलग है।"कवि विद्यापति की रचनाओं में कहीं-कहीं भक्ति की झलक दिखाई देती है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारी यह बात विवादास्पद रही है, परन्तु यह बात भी सच है कि उनकी रचनाओं में से उनके हृदय का वह पहलू भी नजर आता है जो भक्ति-भावना से भीगा हुआ है।"[1] जिसमें सांस्कृतिक संवेदना का चित्रण दृष्टिगोचर होता है।

**भक्तिकालिन हिन्दी साहित्य में मानवीय संवेदना :**

तुलसी की विचारों से वर्णाश्रम व्यवस्था धर्म की व्यवस्था है,इस कारण जीवन में मर्यादा का सर्वश्रेष्ठ महत्त्व है। तुलसी ने जिस मर्यादावाद की बात कही है, उसका एक बड़ा सामाजिक महत्त्व है। तुलसी जब भक्ति की बात करते हैं तब वे वर्णाश्रम व्यवस्था से बिल्कुल दूर हट जाते हैं। अब उनकी दृष्टि में श्रेष्ठ वही है जो रामभक्त है। भक्त की कोई जाति नहीं होती। उसमें कोई भी, किसी भी वर्ग का हो सब बराबर है। यहॉं तुलसीदास जी ने मानवता को महत्त्व दिया हैं। यहॉं सामाजिक मूल्य दृष्टिगोचर होता हैं। तुलसी के समय का समाज कितना पतनोन्मुख हो गया था, इसका प्रमाण अनेक ग्रंथों से मिलता है।

"वरनाश्रम निज-निज धरम, निरत वेद पथ लोग।
चलहिं सदा पावहि सुखहि, हीं भय शोकन रोग।।"[2]

कबीर की भक्ति साधना का आधार है,पाखंडी और बाह्याचारों का विरोध । इस कारण वह प्रत्येक प्रकार की उस संस्था का विरोध करते हैं। जो प्रेम के मार्ग का काटाँ बनती है। इसी कारण उन्होंने जाति-भावना,छुआ-छूत, सम्प्रदाय-भावना, ऊँच-नीच की भावना, छोटे-बडे की भावना, जातिकारी भावनाओं का खुलकर और डटकर विरोध किया है।

"पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ, पंडित भया न कोय।
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।"[3]

आधुनिक मीरा कहेजानेवाली  महादेवी की तरह अपने जीवन में आने वाली वेदनाओं को साथी समझे तो निश्चित ही जीवन सहज, सरल और आनंदी बन जाएगा। महादेवी ने जीवन की सकारात्मक दृष्टि को अपने साहित्य में व्यक्त किया है; उनके साहित्य में गहरी मानवीय संवेदना और उसके मुल्य व्यक्त होतें है। परिणामतः उनका साहित्य पाठकों के हृदय को छू लेता है।गीति-काव्यों में ऐसी सुकुमार रचना शैली के दर्शन होते हैं, जो कोमल भावों को वहन करने में सर्वथा समर्थ है। पद-लालित्य के साथ-साथ नाद-सौंदर्य एवंस्वर माधुर्य भी विद्यमान है। जैसे: निहार' की पंक्तियाँ-

"वे मुस्कराते फूल, नहीं जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं जिन को भाता है बुझ जाना
रहने दो हे देव ! अरे यह मेरा मिटने का अधिकार !"[4]

जैन साहित्य में मानवीय'मूल्य' के भाव प्रबल लक्षित होते हैं। बौद्धधर्म पूजा, करुणा तथा समता की शिक्षा देता है, जो जैन साहित्य में भी देखने को मिलती है। "जैन साहित्य में अहिंसा को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। त्याग और संयमपूर्ण जीवन निर्वाह प्रेम और करुणा, शील  का सार था। मानव मूल्य की दृष्टि से हिंदी साहित्य समृद्ध और सम्पुष्ट है। साहित्य का मूल उद्देश्यसमाज की कुरीतियोंसे हटकर स्वस्थ, सुंदर और आनंदमय जीवन की ओर अग्रसर करना है। साहित्यकार व्यक्ति से अधिक समाज, समाज से अधिक राष्ट्र को महत्व देता है। अपनी लेखनी के माध्यम से मानव में दया, प्रेम, त्याग, सहभाव, उदारता तथा परोपकार जैसे मानव संवेदना की प्रतिष्ठा के लिए प्रेरित करता है।" जिससे स्पष्ट होता है कि साहित्य का मूल उद्देश्य सत्यं, शिवं, सुंदरम् तीनों की सामंजस्यपूर्ण प्रतिष्ठा है। कबीर की ही परम्परा के संत रैदास, नानक, धन्ना, सुंदरदास, दादू दयाल, मलूकदास आदि के साहित्य में भी समाज कल्याण की भावना दृष्टिगत होती हैं।

**आधुनिक हिन्दी साहित्य में मानवीय संवेदना:**

"फकीरा की विशेषता है कि वह वीर होने के साथ-साथ इन्सानियत से ओतप्रोत हैं। जिस बापू खोत ने उसके पिता का सिर कलम किया था, जिसका बदला उसके जीवन का लक्ष्य था, उसी का हाथ एक झटके से वह उड़ा देता है, पर प्राणों की भीख माँगने पर उसे जीवनदान भी देता है। जब वाटेगाँव में लोग महामारी से मरने लगते हैं, तब भी वह जी-जान से उन्हें बचाने में लग जाता है। भले ही वह निम्न जाति का है, परंतु उसके सामने अपना-पराया, ऊँच-नीच का भेद नहीं है। केवल लाशों को ठिकाने लगाना और जिंदा लोगों को बचाने की फिक्र में वह दौड़-धूप करता रहता है। आगे गाँव में अकाल पड़ता है, तब भी वह बेचैन हो

जाता है। अपने लोगों को बचाने के लिए लूटमार के लिए भी तैयार हो जाता है। परंतु यहाँ फकीरा जाति के व्यक्तिरूप में लूटपाट नहीं करता, बल्कि गाँव की भूख मिटाने के लिए करता है। रूस की बगावत से त्रस्त अंग्रेज पुलिस उसके सारे कुनबे को बंदी बना लेत है. और अपने लोगों के लिए जी रहे फकीरा को शरणागति प्राप्त करनी पड़ते है। कई लोग उसे ऐसा करने से रोकते हैं, परंतु वह किसी की परवाह न कावे अपने आप को पुलिस के हवाले कर देता है ।समष्टि में मानवीय मुल्यों को देखना है समझना है तो निम्नलिखित मानव व्यवहार में देखा जा सकता है।"[5]

हिन्दी साहित्य में भक्ति काल से लेकर आधुनिक काल तक या अभी तक भी मानवीय मूल्यों को सामने रखकर ही साहित्य सृजन किया जाता है। मनुष्य ही मानव समाज की रचना करता है। समाज से मनुष्य सब कुछ सीखता है. जो समाज में मानवीय मूल्यों को संभालते हुए रह सकता है। जैसे :
"जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी तो नृप अवसि नरक अधिकारी।"तुलसीदास जी कहते हैं, 'यथा राजा तथा प्रजा' राम ने आचरण द्वारा प्रजा"[6]

समाज को अदृश्य प्रदान किया। स्वार्थ संकुल क्षुद्र हृदय उन राम के विशाल मानस की छांह तक नहीं छू सकता, जिस का कहना था कि, लोकाराधना के लिए स्नेह, कचा, सब के अथवा जानकी को भी छोड़ना पड़ जाए तो मुझे व्यथा नहीं होगी अर्थात् दम अपनी जनता हेतु अपना सर्वस्व सुख त्याग कर जनता के सम्मान अपना सुख और दुख मानता है। वे राजा होकर भी प्रजा के समान जीवन बिताता है। तुलसीदास अपने इस रचना से यही कहना चाहते हैं कि, मन की संवेदना से ही संवेदना जुड़ जाती है और मानवीय मूल्य दृष्टिगोचर होता है। क्योंकि, राम लोकनायक अधिक थे, शासक कम इसलिए यहां मानवीय मूल्यों का निर्माण होता है।

रत्नकुमार सांभरिया का 'वीमा' नाटक सन् 2020 में प्रकाशित 21वीं सदी का एक ऐसा यथार्थवादी नाटक है। वीमा साहसी, विद्रोही और अपने अस्तित्व को न खोनेवाली युवती है।वह घर से भागकर रेल में बैठकर शहर में आ जाती है। यहाँ आकर वह एक कठिन परिस्थिति में उलझने पर, जमन वर्मा गुडों के चगुंल सेबचाता हैं। उसे सहारा देकर अपने साथ लेकर जाता है।

जैसे: वीमा 'अरे बचाव! अरे बचाव!!
जमन कोई अबला गुहास कर रही हैं।
गुंड :अरे चुप रह पगली, कोई सुन लेगा।[7]

इसमें नाटकार की मानवीय संवेदना झलकती हैं।अंध व्यक्ती मदत करता हैं और आच्छे इन्सान बुरे कर्म कर रहे है।नाटकार ने अस पात्रों को लेकर गलत काम करनेवाले को अंध और अच्छे कर्म करनेवाले को न्याय के रूप में दिखाया है। **इस नाटक में मानवीय संवेदना कुट कुट कर भरी हैं।**

'मधु कांकरिया' का उपन्यास 'ढलती साँझ का सूरज' यह किसानों की त्रासदी और सामाजिक चिंता का विषय पर लिखा गया है।लेखिका स्वयं अपने पुत्र आदित्य और उसके दोस्तों के साथ मुंबई से मराठवाड़ा के उन गॉवों में गई जहाँ खेती से किसान तंग होकर किसानों ने आत्महत्या की। उपन्यासकार आत्महत्या करनेवाले किसानों के परिजनों से किसान जीवन की त्रासदी को देखता है।"सात साल से मैंने उन्हें हमेशा काम करते, पाई-पाई का हिसाब रखते, पसीना पौछते, झल्लाते और परेशान रहते ही देखा था। हर रात कभी कर्ज तो कभी सूखा की चिंता, खेत, पानी और कर्ज के अलावा कभी कोई बात ही नहीं। कभी

खुलकर न हँसते देखा न जीते। उन्हें हँसते हुए देखने की इच्छा ही रह गई।"[8] कर्ज के कारण किसानों की हालत कैसं हुयी है। इस उपन्यास में मानवीय संवेदना कुट कुट कर भरी हैं। मनमस्तिष्क तथा शरीर मे होनेवाली ऊर्जा का संचार ही संवेदना है। मानवी संवेदना का मतलब हैं। दुसरो की प्रति सहानुभूती और दया है। दुसरो के दुःख, दर्द , को समझना दुसरो की पिडाओ के प्रति गहरी सहानुभूती और दया की भावना है।

**सारांश:**

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि,समाज में संवेदना होना आवश्यक हैं। दूसरे शब्दों में प्रत्येक प्रत्यक्षीकरण के भीतर संवेदना छिपी रहती हैं। अतः संवेदना ज्ञान की पहली सीढ़ी और अनुभव होता हैं। व्यक्ति संवेदना और प्रत्यक्षीकरण में भेद नही कर पाता, इस कारण संवेदना के बाद प्रत्यक्षीकरण की क्रिया की तीव्रता हैं। इसी कारण सैद्धांतिक दृष्टि से यह माना जाता हैं कि प्रथम वस्तु की संवेदना होती हैं, उसके बाद उसका प्रत्यक्षीकरण होता हैं।

**संदर्भ:**


1) विद्यापति के काव्य में श्रृंगार,भक्ति और समाज दर्शन, डॉ.पद्मा पाटील,पृ.सं.214,गंधबहार प्रकाशन, कोल्हापुर, प्रकाशन वर्ष 1999

2) साहित्य और मानवीय संवेदना, डॉ.सदानंद भोसले, विकास प्रकाशन, कानपुर,प्र.वर्ष-2012, पृ.सं.09

3) कबीर ग्रंथावली.

4) निहार, प्रथम यामा-महादेवी वर्मा, पृ.सं.097

5) प्रेमचंद तथा अण्णा भाऊ साठे के उपन्यासों में स्त्री विमर्श,डॉ गोरख थोरात,अन्नपूर्णा प्रकाशन, कानपुर प्र.वर्ष 2015, पृष्ट.क्र.43-44

6) वही.

7) वीमा - रत्नकुमार सांभरिया, पृ.32

8) ढलती साँझ का सूरज, मधु कांकरिया, पृ.सं.52

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

# 21वीं सदी के हिंदी कहानियों में व्यक्त मानवीय संवेदना

शोधकर्ता
डॉ. संग्राम सोपानराव गायकवाड
*सहयोगी प्रोफेसर हिंदी विभाग प्रमुख*
*उज्वल ग्रामीण महाविद्यालय घोणसी*

*शोधसार :*

*मानवीय संवेदना का अर्थ है कि किसी अन्य व्यक्ति की भावनाओं, जरूरतों और परिस्थितियों को समझने और उनके प्रति सहानुभूति और करुणा का भाव रखना। यह एक ऐसी क्षमता है जो हमें दूसरों के साथ जुड़ने और उनकी मदद करने के लिए प्रेरित करती है। मानवीय संवेदना सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करती है। तथा सामाजिक समस्याओं का समाधान करने में मदद करती है।*

*मानवीय संवेदना व्यक्तिगत विकास में मदद करती है। वर्तमान समय भूमंडलीकरण और बाजारीकरण का है जिससे जीवन मूल्य पर भी बाजार और स्वार्थ प्रबल हो गया है जिसके फलस्वरुप संवेदना तत्व पलायन कर गया है। जिसका प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देने लगा है फिर चाहे वह वर्ग भेद के रूप में हो, आर्थिक विषमता, बेरोजगारी और महामारी के रूप में ही क्यों न हो, यह चाहे किसी रूप में हो, यह मानवीय संवेदनाओं में हलचल पैदा कर रहा है। आज समाज ने भले ही भौतिक उन्नति कर ली हो लेकिन अब भी उसे मानसिक शुद्धि और शांति की नितांत आवश्यकता है। 21वीं सदी की कविता निरंतर विकसित होते मानवीय मूल्यों एवं पारस्परिक संबंधों में चेतना लाने के लिए लगातार रूप में प्रयासरत है। 21वीं सदी की कविता पुरानी घिसी पिटी लकीरों पर चलने के बजाय अपना नया रास्ता चुनती है। नए तेवर अपनाती है। नवीनतम विषय वस्तुओं को अपनाती है। बेकारी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार, व्यभिचार, अनाचार, दुराचार आदि तमाम विषयों को इस युग की कविता ने स्वीकार कर लिया है। 21वीं सदी की कविता मानव जीवन के सभी पहलू सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक को यथार्थ रूप से अभिव्यक्त करती है।*

**कठिन शब्द** : संवेदना, तमाम, मानसिक, शुद्धि, मूल्य, प्रयास आदि।

प्रस्तावना :

संवेदना का अर्थ है–वेदना। मानव जीवन का महत्वपूर्ण गुण है 'संवेदना' है। संवेदना यह सुंदर शब्द मानवीय जीवन के लिए जितना आवश्यक है, उससे भी ज्यादा एक स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है। मानवीय संवेदना से हमारा अभिप्राय उस प्रत्येक चिंता से है, जो मनुष्य को मनुष्य से जोड़ती है। संवेदना का अर्थ है–'पूर्णता के अर्थ में वेदना' है। मानव जीवन का

महत्वपूर्ण गुण है संवेदना। संवेदना यह सुंदर शब्द मानवीय जीवन के लिए जितना आवश्यक है, उससे भी ज्यादा एक स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है।

कहानियों न सिर्फ साहित्य का बल्कि मानव जीवन का अभिन्न अंग है। प्रारम्भिक काल से ही कहानियों ने मानव मन को लुभाने मनोरंजन देने के साथ–साथ जीने की कला भी सिखाई है। जब ये बोली और सुनी जाती थी तब भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी, जितनी आज लिखी और पढ़ी जाने पर। आज के कहानीकारों ने अपनी लेखनी द्वारा मानवीय भावनाओं को समेटकर अपनी संवेदना को प्रकट करने का प्रयास किया है।

आज हमारा समाज कई प्रकार के नकारात्मक आचरण, व्यवहार, अनैतिक भावना एवं नियमों के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में समाप्त वर्ग–विभेद के वक्र में फंस गया है. परिणामतः समाज में कुछ लोगों के प्रति नकारात्मक व्यवहार कर उनकी भावनाओं और आत्मा को ठेस पहुंचाया जा रहा है। ऐसे उपेक्षित वर्ग की श्रेणी में हम स्त्री वृद्ध आदिवासी दलित आदि की चर्चा करते हैं। हिन्दी साहित्य के कई लेखकों ने अपनी कहानियों द्वारा इन पक्षियों के प्रति ना सिर्फ अपनी सहानुभूति प्रकट की है बल्कि उन्होंने इनकी स्थिति में सुधार के सुझाव भी दिए हैं। इस दृष्टिकोण से इस शोधालेख में कुछ चुनिंदा कहानीकारों के कहानियों के माध्यम से स्त्री, वृद्ध, दलित, आदिवासी एवं बालकों की मानवीय मूल्य स्थिति पर विचार प्रकट किया गया है।

प्रेमचन्द रचित 'बूढ़ी काकी', भीष्म साहनी की 'चीफ की दावत', उषा प्रियंवदा की 'वापसी' कहानी वृद्धों के प्रति मानवीय संवेदना को दर्शाती है। वहीं स्त्री विमर्श के तहत अमरकांत ने 'दोपहर का भोजन' जैनेन्द्र की 'पत्नी' अज्ञेय की 'गैंग्रीन' जैसी कहानियों समाज में स्त्रियों की मार्मिक स्थिति को दर्शाती हैं। दलित वर्ग के प्रति देखें तो कथाकारों में सर्वप्रथम प्रेमचंद 'सद्गति', ओमप्रकाश वाल्मीकि 'सलाम' और नीरा परमार 'वैतरणी' आदि की कहानियों न सिर्फ दलितों के शोषित–पीड़ित जीवन को दर्शाती है, बल्कि उनके प्रति समाज के नकारात्मक व्यवहार का खुलासा मी करती हैं। ऐसे ही बालकों के प्रति दुव्यवहार और नकारात्मक मानसिकता को जैनेन्द्र 'पाजेब' प्रेमचंद 'ईदगाह' मार्कण्डेय 'जूता' आदि ने अपनी कहानियों के माध्यम से प्रकट किया है। जिसके माध्यम से हिन्दी कहानियों में व्यक्त मानवीय संवेदना प्रदर्शित होती है।

मानवीय संवेदना एक सार्वभौमिक मनोभाव है जिसका उद्देश्य केवल मानव समाज का नहीं अपितु समस्त जीवों का हित है। हिन्दी कथाकारों ने अपने लेखन में इन्हीं मानवीय संवेदनाओं को दर्शाया है। रचनाकारों ने मानव मूल्यों को समाज में स्थापित करने का प्रयास किया है ताकि लोग जागरूक हो सकें। वर्तमान युग सामाजिक विडंबनाओं और त्रुटियों से परिपूर्ण है। डॉ. सुरेश सिन्हा के अनुसार, "साहित्य में संवेदना से अभिप्राय है, वह अनुभूति–प्रवणता जो सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्रभावों को ग्रहण करने की क्षमता से पूरित होती है। इसका अर्थ यह भी होता है कि कोई साहित्य किन भावनाओं की प्रतीति हमें करा सकने में सक्षम होता

है। भावनाओं के ये स्तर विविध होते हैं। यह आधुनिक बोध भी हो सकता है या मानव–अस्तित्व की बुनियादी विशेषताएं भी। वह व्यक्ति–स्वातंत्र्य की भावना भी हो सकती है या यथार्थ के नए तत्वों की अन्विति भी। संवेदना का धरातल चाहे जो भी हो, अभिव्यक्ति उसे साहित्य के माध्यम से ही मिलती है। नई अनुभूति, नई भाषिक अर्थवत्ता, अनुभवो का नया संयोजन तथा मानव संबंधों के परिवर्तन की सूक्ष्म परव आदि से ही साहित्य की संवेदना स्पष्ट होती है। भाषा, नाथ और प्रेरणा तीनों ही प्रत्येक काल में साहित्य की संवेदना को नई अर्थवत्ता प्रदान करते हैं।

वृद्ध विमर्श की चर्चा करते हुए प्रेमचंद रचित 'बूढ़ी काकी', कहानी में बूढ़ी काकी की मार्मिक और कारुणिक स्थिति को दर्शाया गया है। आज की युवा पीढी सिर्फ पैसों के पीछे भाग रही है और अपने संस्कारों तथा सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को भूलती जा रही है। उनकी मानसिकता केवल पैसों पर जाकर टिक गई है जिसका सबसे ज्यादा नुकसान वृद्धों को झेलना पड़ता है। पैसे मिल जाने के बाद रुगा और उसके पति द्वारा उसे पेट भर खाना भी नसीब नहीं होता। घर में आनंदोत्सव है। पूरे गाँव ने लजीज खाने का लुत्फ उठाया। परंतु घर की वृद्धा के पेट में अन्न का एक दाना भी नहीं गया। बूढ़ी काकी में इसी ज्वलंत मुद्दे को दर्शाया गया है।

इसी प्रकार प्रेमचंद की अन्य रचना 'पंच–परमेश्वर' में भी खाला को जुम्मन शेख द्वारा उसके हक से वंचित रखने की कोशिश की जाती है। इसी प्रकार उषा प्रियंवदा की 'वापसी' में भी वृद्धों की दयनीय स्थिति को दर्शाया गया है। सेवानिवृत्त होने पर गजाधर बाबू की घर वापसी उनके परिवारजनों को कुछ खास पसंद नहीं आती। उनका रवैया गजाधर बाबू के प्रति कठोर और उपेक्षापूर्ण हो जाता है। उनकी जीवन संगिनी मी उनके मनोभाव को नहीं समझ पाती हैं, जिससे व्यथित होकर गजाधर बाबू पुनः नई नौकरी ढूंढ घर छोड़ कर चले जाते हैं। वृद्धावस्था उम्र का वह पड़ाव होता है जिसमें व्यक्ति को अपनों का साथ और स्नेह चाहिए होता है परंतु वापसी कहानी में यह साथ और अपनापन नहीं दिखाई देता। यह सामाजिक विडंबना आधुनिक युग की देन है।

इसी तरह भीष्म साहनी रचित 'खून का रिश्ता' कहानी में वृद्धों की मार्मिक और करून स्थिति का पता चलता है। प्राचीन समय से लेकर कुछ समय पूर्व तक खून का रिश्ता रिश्तों का मेरुदंड माना जाता था परंतु वर्तमान परिस्थिति कुछ अन्य तथ्य सामने लाती है। अब खून के रिश्तों में भी सम्मान और स्नेह शेष नहीं रहा। 'खून का रिश्ता' कहानी भी इसी स्थिति को दर्शाती हैं। मंगलसेन के मतीजे की शादी है परंतु सगाई में उन्हें नहीं ले जाने का फैसला लिया जाता है। कुछ समय उपरांत मंगलसेन के उत्तरे हुए चेहरे को देखकर उन्हें ले जाने का फैसला लिया जाता है। सगाई से लौटने के पश्चात ही घर के सम्माननीय व्यक्ति मंगल सेन के ऊपर चम्मच की चोरी का झूठा आरोप लगाया जाता है। उनके कपड़ों की तलाशी ली जाती है। चोरी की बात साबित नहीं होने के बाद भी उनसे माफी नहीं मांगी जाती। घर का नौकर भी यह देखकर दंग रहता है।

स्त्री विमर्श की चर्चा करते हुए मनीषा कुलश्रेष्ठ रचित 'कठपुतलियाँ' कहानी में सगुनाकी दयनीय स्थिति को दर्शाया गया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो स्त्री की स्थिति आज भी पूर्ववत बनी हुई है। आज की स्त्री अपने अधिकारों के प्रति सजग है परंतु ऐसी कई स्त्रियाँ अभी भी प्रताड़ना का शिकार होती रहती हैं। स्त्री में कभी–कभी इस स्थिति की जिम्मेदार होती है जो सास, माँ, बहन आदि रूपों में एक स्त्री को प्रताड़ित करती है। सगुना के पढ़े–लिखे होने के बावजूद भी उसे अपने परिवार द्वारा प्रताड़ित किया गया। उसका कम उम्र में विवाह हुआ और गर्भावस्था में मुश्किल होने पर सास द्वारा लांछन लगाया गया।

इसी प्रकार जैनेन्द्र रचित 'पत्नी' कहानी में सुनंदा द्वारा एक पारंपरिक भारतीय नारी की चारित्रिक विशेषताओं को दिखलाया गया है। लेखक सुनंदा के मनोभावों को दर्शाते हुए उसके अकेलेपन और एकांत जीवन को प्रस्तुत करते हैं। वह भारतीय परंपरा के अनुसार पति की अधीनता स्वीकार करती है एवं खुद को पति की सेविका मानती है। पति कालिंदीचरण का घर देर से आना और उसका स्वयं का ध्यान नहीं रखना सुनंदा को तकलीफ पहुंचाता है। वह स्वयं को पति के साथ मुख्य धारा में जोड़ना चाहती है परंतु पति की ऐसी सोच नहीं है। पुरुषों द्वारा हर युग में स्त्रियों को दोयम दर्जे का समझा जाना पुरुषों की रूढ़िवादी सोच का द्योतक है।

इसी प्रकार अमरकांत रचित 'दोपहर का भोजन' कहानी में बेरोजगारी, लाचारी से त्रस्त भारतीय गृहणी सिद्धेश्वरी के जीवन–दर्शन को दिखाया गया है। वह परिवार को बांधे रखने का अथक प्रयास करती है। वह परिवारजनों के बीच सामंजस्य और विश्वास बनाए रखने के लिए एक–दूसरे की झूठी तारीफ भी करती है। ऐसा करने के पीछे उसका यही उदेश्य है कि बेरोजगारी से उत्पन्न विषादपूर्ण माहौल को खत्म कर सके। वह घर की अन्नपूर्णा मी है और घर के सभी सदस्यों को भोजन कराना अपना कर्तव्य समझती है और इस कर्तव्य का निर्वहन वह आधा पेट भोजन करके करती है। अमरकांत की यह कहानी एक भारतीय नारी के पारंपरिक रूप को दर्शाती है।

दलित विमर्श की चर्चा करते हुए ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानी 'सलाम' द्वारा समाज की घृणित और निंदनीय मानसिकता को दर्शाया गया है। जाति–व्यवस्था के आधार पर किये जा रहे भेदभावपूर्ण और अमानवीय व्यवहार को पात्र कमल द्वारा दर्शाया गया है जो तथाकथित निम्न वर्ग की बारात में शामिल हो गया है। चायवाला यह बात जानकर उसकी अवहेलना करता है और उसे अस्पृश्य बताकर उसे चाय पीने के लिए नहीं देता है– 'यों पैसे सहर में जाके दिखाणा। दो पैसे हो गए जेब में तो सारी दुनिया को सिर पे ठाये घूमो.. ये सहर नहीं गाँव है.. यहाँ चूहडे–चमारों को मेरी दुकान में तो चाय ना मिलती.. कहीं और जाके पियो।''1

इस घटना के बाद कमल को बचपन की कुछ घटनाएं याद आती हैं परंतु वह वहाँ कुछ बोल नहीं पाता और इसके बाद वह अपमानित और लज्जित होकर वहाँ से लौट आता है। इसी प्रकार सवर्णों की झूठी शान को नीरा परमार ने 'वैतरणी' कहानी के माध्यम से दर्शाया है।

इसी तरह वर्ण–व्यवस्था और जाति–व्यवस्था ने मानवीयता को समाप्त करने का फैसला कर लिया है जिसकी स्पष्ट झलक प्रेमचंद रचित 'सद्‌गति' कहानी में मिलती है। दलित वर्ग के दुःखी चमार और पत्नी झुरिया घर–गृहस्थी को संभाले हुए है और उसने अपनी बेटी की शादी भी तय कर दी है। वह पंडित जी को निमंत्रण देने में झिझक रहा है फिर भी हिम्मत जुटाकर और पत्तलों का आसन बनाकर उन्हें निमंत्रण देने खाली पेट ही घर से निकल जाता है। पंडित जी उससे काफी मेहनत करवाते हैं, जिसके कारण उसके पेट में तेज दर्द पैदा होता है और बिना बेटी की शादी किये ही यह मर जाता है। इससे भी उसके जीवन की दुर्गति यह होती है कि उसकी लाश को अग्नि नसीब नहीं होती बल्कि जंगली जानवरों का आहार बन जाती है। दलितों के जीवन की यह दुर्गति निस्संदेह निंदनीय है।

बाल जीवन सभी के जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। बथपन में घटित होने वाली घटनाओं का मानव मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है और विशेषकर बच्चों पर। उनकी संवेदनाएं नाजुक बाल मस्तिष्क पर अंकित घटनाओं से संबंधित होती हैं। बच्चे समाज की धरोहर है और उनके मनोभावों पर विमर्श करना आवश्यक जान पड़ता है। प्रेमचंद ने 'ईदगाह' कहानी के माध्यम से एक गरीब बच्चे हामिद के मनोभावों को बखूबी दर्शाया है। यह मेले में घूमने जाता है परंतु वहाँ मौजूद लुभावनी वस्तुएं उसे आकर्षित नहीं कर पातीं। मेले में भी उसे दादी के जलते हाथ की याद आती है और भविष्य में उसकी दादी का हाथ न जले, इसलिए वह अपनी दादी के लिए चिमटा खरीदता है।

हिन्दी कहानीकारों का दायरा सिर्फ इन्हीं विमर्शों तक केंद्रित नहीं है अपितु उन्होनें अन्य विषयों यथा रंगभेद, जातिभेद, नस्लभेद, कृषक वर्ग की दयनीय स्थिति, अमीरी–गरीबी आदि संवेदनशील मुद्दों पर भी विचार किया है।

प्रेमचंद लिखित 'पूस की रात' कहानी में हल्कू के माध्यम से ग्रामीण जीवन के यथार्थ को दर्शाते हुए कृषक वर्ग की दरिद्रता और मेहनत के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त हुई है। यह वर्ग सभी के लिए भोजन की व्यवस्था करता है परंतु वह स्वयं जमीदारी और ऋण के बोझ तले दबकर दो वक्त की रोटी का जुगाड़ नहीं कर पाता और साथ ही साथ अनिश्चित व्याज के कारण वह पूरी उम्र ऋणमुक्त नहीं हो पाता। ये कृषक जीवन की सबसे बड़ी विडंबना है कि अन्नदाता ही भूखा रह जाता है और अन्य लोग आराम से बैठकर रोटियाँ तोड़ते हैं।

नस्लभेद की समस्या और मानवीय संवेदना को कृष्णा सोबती ने 'सिक्का बदल गया' शीर्षक कहानी की पात्रा शाहनी द्वारा दर्शाने का प्रयास किया है। यह कहानी बँटवारे के बाद उत्पन्न हिन्दुओं–मुसलमानों के बदलते रिश्तों को दिखाने में कामयाब रही है। शाहनी जो हिन्दू युवक शेरा की माँ के समान है, उसने शेरा को अपने पुत्र की तरह पाला–पोसा है, वही शेरा जमीन और धार्मिकता की आग में जलकर उसे उसका घर छोड़ने पर विवश कर देता है। शेरा शाहनी की हत्या की साजिश में शामिल हो जाता है। लेकिन मन में उठे शाहनी के प्रति उसका

प्रेम उसे रोक लेता है फिर भी शेरा और साजिश कर्ताओं की ऐसी सोच उनकी नस्लभेदी सोच को दर्शाती है। शाहनी शेरा की मी जैसी थी परंतु उसका मुसलमान होना ही उसके घर छोड़ने का कारण बना और वह बँटवारे जैसी संवेदनशील घटना की बलि चढ़ गयी। इस कहानी के माध्यम से कृष्णा सोबती ने तत्कालीन परिस्थिति को दर्शाया है कि लोग धार्मिकता और सांप्रदायिकता की आग में जलकर अपनी संवेदना खोते जा रहे हैं और उनके बीच की एकता खत्म होती जा रही है।

बंटवारे के कारण उत्पन्न परिस्थिति को मोहन राकेश ने 'मलबे का मालिक' कहानी द्वारा दर्शाया है। इसके अतिरिक्त इस शोध–पत्र में नौकरों की संवेदना को अमरकांत रचित 'बहादुर' कहानी के माध्यम से दर्शाया गया है। सामान्यतः हमारे समाज में ऐसा देखा जाता है कि घर में नौकर रहने पर लोग उनके साथ कठोर व्यवहार करते हैं और कभी कमी निंदनीय व्यवहार करते हैं। नौकर भी आम लोग की तरह मनुष्य ही होते हैं फिर भी लोग उनकी उपेक्षा और भत्सना किया करते हैं। अमरकांत का नायक बहादुर भी ऐसी मानसिकता का शिकार होता दिखाई पड़ता है। वह 12–13 साल का लड़का है जो लेखक के परिवार में नौकर बन के आता है। कुछ समय पश्चात् लेखक के परिवारजनों द्वारा उसपर चोरी का झूठा आरोप लगाया जाता है जिससे आहत होकर वह बिना किसी को बताये घर छोड़ कर चला जाता है। इसके बाद परिवारजनों को उसकी उपयोगिता समझ में आती है और वे पश्चाताप की अग्नि में जलने लगते हैं।

**निष्कर्ष :**

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि 21 वीं सदी के हिंदी कहानीकारों ने अलग–अलग विषयों को ढूंढ कर अपनी मानवीय संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने अपने कहानियों के माध्यम से विभिन्न मानवीय संवेदनाओं को समेटे हुए है।

**संदर्भ :**

1. वाल्मीकि, ओमप्रकाश, सलाम, पृ.12
2. मीनू डॉ. रजत रानी, अस्मितामूलक विमर्श और हिन्दी साहित्य, वाणी प्रकाशन, पृ.18
3. यादव, डॉ उषा, हिन्दी की महिला उपन्यासकारों की मानवीय संवेदना, राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, अंसारी मार्ग, नई दिल्ली, पृ.75
4. राय अमृत, प्रेमचंद की श्रेष्ठ कहानियां (कहानी संग्रह), हंस प्रकाशन इलाहाबाद, पृ.9

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

# 21 वी सदी की कहानी और मानवी संवेदना

**डॉ. संगीता उप्पे**
**हिंदी विभाग**
**उज्वल ग्रामीण महाविद्यालय, घोणसी**

मानवी संवेदना के हमारा अभिप्राय प्रत्येक चिंता से है, जो मनुष्य को मनुष्य से जोडते है। संवेदना का अर्थ है- पूर्णता के अर्थ मे वेदना। मानव जीवन का महत्वपूर्ण गुण है संवेदना। संवेदना एक ऐसी अनुभूती है जो परायों के दर्द को अपना बना देती है। पीडा दुसरो को होती है लेकिन प्राण अपने झटपटाते है। संवेदना यह एक मानसिक प्रक्रिया है। यह एक आरंभिक मानसिक प्रक्रिया है। जैसे की चिंतन करना कल्पना करना आदी । इन सबसे जो प्रक्रिया होती है वहा है संवेदना। किसी विषय वस्तू के संदर्भ में अगरतर्क करना है तो उसके लिए आवश्यक है संवेदना होना। संवेदना अलग अलग ज्ञानेंद्रिय द्वारा होती है। जसे दृष्टी यह संवेदना का एक उदाहरण है। संवेदना को साहित्य मे अनन्य साधारण महत्व है, दोनों का कनिष्ठ संबंध है। किसी भी श्रेणी का साहित्यकार हो संवेदनाओं को चित्रित करता है। साहित्यकार अपने अपने साहित्य मे संवेदना व्यक्त करता है। संवेदना के बिना साहित्य की रचना संभव नही है। यहा हम 21 वी सदी मे चित्रित मानवीय संवेदना को स्पष्ट कर रहे है।

**मानसिक संवेदना :-**

साहित्यकार इस संवेदना के अंतर्गत समाज के मानसिक संवेदना को चित्रित करत है। इसके लिये घटना, प्रसंग महत्त्वपूर्ण होते है। सुनिता जैन की 'काली रूपा' कहानी मे एक स्त्री के सामने आने वाली दशावो का चित्र किया है। इस कहानी की नायिका रूपा रंग काला होने के कारण उसकी शादी नही हो रही है। किसी कारण अपने ही परिवार जनो से उसे ताने सुनने पडते है। लेकिन काली हो ना उसका दोष है? उसकी भाभी भी उसे ताने सुनाती है। इस कहानी में रूप की मानसिक संवेदना को चित्रित किया है। अविवाहित होने के कारण उसकी अपनी अलग समस्या जारी है। समाज मे अविवाहित रहने के कही कारण हमे दिखाई देते है प्रेम का विरोध होने पर या घर मे कमाने वाला न होने के कारण या सुंदरता न होने के कारण दहेज के बजह से आयु बढने का कारण। सुनिता जैन ने अपनी कहानी में नारी मन की द्वंद्वस्थिती को उजागर किया है। नारी अपनी इच्छा आहे आकांक्षाये और उसकी स्वतंत्रता का पुरा अधिकार देने की इच्छा सुनिता जैन ने कहानी मे व्यक्त की है। कहानी मे बाथरूम की जो मानसिक संवेदना चित्रीत हुई है उन संवेदनाओ के अंतर्गत मन की प्रकृती ,वृत्ती दशा और क्रियाओं का भी विचार उन्होने संवेदनाओ के माध्यम से किया है।

नारी म्हण की मानसिक जटिलता का चित्रण 'बिरथा जन्म हमारों' कहानी में हुआ है,' ठीक कहती हूं मां जी। ज्यादा पडी लिखी मै नही हु शास्त्र कुछ पढे है। उन्हे लिखा है कि स्त्री और पुरुषो मे शरीर का कर्म संतान की इच्छा से होना चाहिए। अन्यथा यहा दुष्कर्म होगा व्यभिचार होगा। जब संतान होनी ही नही फिर यह कर्म कैसा? मैने उनके दिया है कि जिंदगी भर तुम्हारी सेवा करूंगी, तुम्हारे बच्चे को भी मा की तरह पालूंगी। पर शरीर मेरा मत होना। एक प्रकार की कहानियों में अपनी भावनाओ को प्रस्तुत की है।

नासिरा शर्मा की कहानी 'दहलीज' नारी जेवण की व्यथा को चित्रित करती है। सकीना, हुमेरा,

शाहीन को आगे बढाने को मे उनका परिवार असमर्थ है, वही लडका जावेद को बढाने के लिए विदेश भेज दिया जाता है। कहानी मे तिनो लडकियों को मानसिक द्वंद्व चित्रित हुआ है। दादी सकीना से कहते है की,'बंदी मुठ्ठी लाख की, खुली तो राख की। चुपचाप घर मे बैठकर माँ का सिलाई मे हात बताओ वरना तारीख मिया की इज्जत पर राह चलते ढेले फेकंगे निगोडा मोहल्ला भी कैसा है नदींदों का- जैसे औरतों की ताक झ्याक मे लगे रहेंगे दादी ने अपनी सकिना को आगे बढाने मे दिक्कत है क्योंकि उसे लगता है की बडी लिखी लडकिया कही गलत कर न बैठे।' यहा उसकी मानसिकता बनी हुई है। 'अबे तौबा' कहानी की सुमन एक कामकाजी नारी है। शमशाद सेक्स पर बेस करके उसके अंदर सोये हुए सेक्स को जगाता है। ऑफिस मे मीटिंग समाप्त हो जाने पर ऑफिस मे दोनो ही है। 'युरोप मे रहकर जाने कैसे समय का मूल्य न समजसका। उसने पर्स उठाया थोडा पहलू बदल कर उठने का उपक्रम किया तब ही बिना कुछ कहे उसे रोके उसने सुमन को अपने समीप कर उसके गर्दन का चुंबन ले लिया' शहजाद को लगता है की कामकाजिनारीया अक्सर सेक्स की बुकी रहती है। उसकी यहा मानसिकता का शिकार हो जाती है। नारी की मानसिक अवस्था का चित्र 'भरोसा 'कहाणी मे हमें आशा के मन मे सिर्फ शक के कारण मानसिक घुटन निर्माण हो रही है। उसके मन मे अनेक विचार तथा उलझने निर्माण हुई है। मी शर्मा अविवाहित नारी है। इस कारण उसके मन मे अनेक शंकाये निर्माण होती है।

**पारिवारिक घुटन की संवेदना-**

परिवार समाज की नींव है। सामाजिक संघटन का दुसरा नाम परिवार को सामाजिक समूह के रूप मे परिभाषित किया जा सकता है, जिसके सदस्य रक्त संबंधों द्वारा बंधे होते है। भारतीय संस्कृतीने गृहस्थाश्रम को स्वर्ग के समान माना जाता है। धार्मिक कर्तव्य के पूर्ती , प्राप्ती , परिवार , सुख , सामाजिक एकता , पुरुषार्थ की पूर्ती आदी उद्देशों को पूर्ण करने के लिए विवाह किया जाता है। अगर उसमे किसी भी कारणवश कोई प्रक्रिया असंतुलित हो जाये तो गाडी डगमग आणि लगती है। परिवार मे स्त्री पुरुष को समान महत्त्व है। भारतीय संस्कृती का एक घटक है। सर्वेभवन्तु सुखीत:, की कल्पना हम परिवार मे ही पूरी कर सकते है। मनुष्य मनुष्य मे स्वार्थ की प्रवृत्ती बनने के कारण परिवार विघटित हो गया। पाश्चात्य संस्कृती तथा भौतिकता का बढता प्रभाव के कारण परिवार मे सभ्यता की गरिमा नष्ट हो गई, समाज मे परिवर्तन हुआ।

आर्थिक विपन्नता मूल्यहीन शिक्षा स्वतंत्र की चाह विलासी जीवन के कारण पारिवारिक संबंधों मे तणाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। संयुक्त परिवार की कडी चुरचूर होकर एकल परिवार की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। 21 वी सदी के प्रथम चरण की कहानी मे पारिवारिक घोटन के संवेदनाये चित्रीत हुई है। नासिरा शर्मा की कहानी,'पत्थर गली' मे मुस्लिम परिवार मे लडकियों पर अनेक पाबंध लगाये जाते है। पत्थर गली मे मुस्लिम औरतों की पीडा व्यक्त हुई है।

परिवार मे पति द्वारा सुख न मिलने का कारण परिवार मे अशांती फल जाती है। शादी के बाद तुरंत विघटन होना, आत्महत्या करना, दहेज, बलात्कार ,गर्भावस्था के दिन शारीरिक पीडा, घर मे अपनापन हिंसाचार, क्रूर व्यवहार जैसे व्यवहार का सामना उसे करना पडता है। इस प्रकार आज भारतीय नारी कितनी दीन हीन और असहाय्य हुई है। मैत्री पुष्पा, कुसुम अंसल, शिवानी, सूर्यवाला जैसी महिला लेखिकाओं ने नारी की स्थिति का चित्रण अपनी कहानी में किया है। मेहरूनिस परवेज की 'शिनाक्त' कहानी का पती पक्का शराबी और विवेकहीन पुरुष। वह प्रत्यक्षपणे बेटी को वासना का शिकार बनता है। जब उसकी मौत

हो जाती है तब पुलिस के पूछने पर उसकी शिनास्त करने से इन्कार करते है। कहानी मनुष्य की घिनौने वृत्ती का दर्शन करवाती है। शिवानी की कहानी 'कैजा' सुरेश ने अनेक नारियों को भोगा यहा तक एक पागल औरत को भी भोगा था। नंदी से वह पुछता है की उसके पिता से मिलकर भी क्या तुम उसका पिता दे पाओगे नंदी।' अमृता ठाकूर की कहानी' बरक्स' मी पती पत्नी के बनते बिघडते हालात को चित्रित किया है। पती चाहे कितनी भी गलतिया करे पर पत्नी की गलती पर उसे माफ नही करता। राजू शेठ की कहानी यही तक कहानी संग्रह की कहानिया स्त्री मन की कहानिया है।

आज स्त्रिया अपने अस्तित्व की लढाई लढ रही है अपनी व्यथा वेदना को अपने संघर्ष एवं सपनों को स्वयं व्यक्त कर रही है परिस्थिती या बदलती है समाज बदलता है परंतु स्त्री की करुणामय स्थिती मे कोई परिवर्तन नही आता। 21वी सदी के कहानियों में पारिवारिक घुटन को चित्रित कर नारी मन मे क्रांती की संवेदना को भी जगाने का प्रयास हुआ है।

**आर्थिकता के प्रति व्यक्त संवेदना -**

आज अर्थ के प्रति समाज का आकर्षण बढ रहा है। अर्थ प्राप्ति के लिए अवैध धंदे को बढावा मिल रहा है। समाज , राज्य तथा देश के विकास मे अर्थ का स्थान विशेष महत्वपूर्ण है। मनुष्य की आर्थिक स्थिती पर उसका रहम सहन खान पान अवलंबित होता है। आज आर्थिक अभाव मे से जुजने वाले परिवार मेहनत मजदूरी करते है। समाज मे धनी वर्ग या उससे नीचे मजदूर वर्ग की उपर अपनी हुकूमत करना चाहते है। आर्थिक शब्द से तात्पर्य 'द्रव्य संबंधी धन संबंधी माली। मनुष्य आत्मनिर्भर बनने के लिए नोकरी, व्यापार, व्यवसाय ,कृषी कार्य को आधार बनाता है। धन की लाल सासे दुसरे व्यक्ती का शोषण आरंभ हो जाता है। अमेरी गरिबी के बीच की दूरी बढ जाती है। अर्थ के कारण मनुष्य समाज मे प्रतिष्ठा प्राप्त करते है । पुंजीवादी ने ही समाज को वर्ग में विभाजित किया है । निम्न और उच्च वर्ग के बीच विभाजक रेखा खिंचने वाली पुंजीवादी व्यवस्था के कारण सर्वहारा अर्थात मजदूर वर्ग का शोषण होता आया है। आज इस बहुरंगी समाज में जिसके पास पैसा है उसकी ही लोक तारीफ करते है। अमीर गरीब इस वर्ग विभाजन के कारण अनेक संघर्ष को जन्म दिया है।

आरती का भाव के कारण जीवन जिना दुष्कर हो जाता है। दोनो वर्ग मे संघर्ष की भावना अपने आप निर्माण हो जाती है। स्मिता जैन की कहानी होमे मध्यवर्ग या निम्नवर्ग की आर्थिक समस्या ओ के कारण निर्माण होईल जनो को दिखाया गया है। सुनिता जी की, 'तिग्गी' कहानी इस प्रकार की कहानी है जिसमे को अपने परिस्थिती के कारण दुसरो के घर जाकर घर का काम करना पडता है। ऊस कारण वह अपने बच्चों की पढाई भी नही कर सकती है। बेटियों के विवाह के जिम्मेदारी या उस पार है अपने दोनो बच्चों की शादी एकही मंडप मे एकही घर के दो पेटो से कर देती है ताकी खर्च की बचत हो। पूछने पर वह बताती है की, खर्च कम होता है और बहने एक दुसरे के काम भी आती है। इस कहानी में आगे तिग्गी 24 वर्ष की आयु में ही विधवा हो जाने के कारण उसका देवर घर की जिम्मेदारी उठाता है उसके बदले वहा तिग्गी से संबंध रखना चाहता है। आर्थिक निर्धनता के कारण अनेक समस्या उंका सामना उन्हें करना पडता है। इस विषय मे कात्यायनी का कहना है कि, औरत का येऊन शोषण मात्र इसी आधार पर नही होता की औरत औरत है। इसलिये संभव हो सकता है की उसकी सामाजिक घर बाहर सर्वत्र दुसरे दर्जे के नागरिक की और इस सामाजिक हैसियत का ताल्लुक उसके आर्थिक शोषण से है। इसीलिए सुनिता जैन की

कहानी मे मध्यवर्गीय परिवार की आर्थिक परिस्थिती का अंकल किया गया है। नासिर शर्मा की आखिरी पहर कहानी आर्थिक विपन्नता झेलने के लिए विवश जाहेदा की कहानी है।

नासिरा शर्माने अपनी कहानीओं में एकाकी पण के जिंदगी जिने वाले लोगों की मानसिकता का चित्रण किया है। तलाक ऐसी कहानी है जिसमे तलाक की शिकायतें दर्ज है। अपने पती से तलाक लेकर औरते एकाकीपन जीवन जिना चाहते है। यही तक कहानी वर्तमान जीवन के पारिवारिक संबंध पर प्रकाश डालते है। मोबाईल नया इंटरनेट के माध्यम से दूर दूर तक संवाद स्थापित किये जा सकते है। परंतु आज घर के सदस्यों मे कही महीनों तक संवाद नही हो पाता। धीरे धीरे संवेदनाहीन होता नजर आ रहा है। आदमी जब संवेदनशील होता है तब उसे दुसरो की वेदना भी बेचैन कर देती है और वहा उस पर अनुभूती को स्वानुभूती के द्वारा समज सकता है। किंतु आज ऐसे कितने आदमी है जो पर पीडा को आत्म पिडा के रूप मे स्वीकार कर मनुष्य को पीडा से मुक्ती देने की मानवतावादी कोशिश करते है। आज तो मनुष्य मनुष्य को पीडा देने मे धन्यता मानता है। दुसरो की बरबादी में उसे आनंद मिलता है। इस तरह मनुष्य संवेदन हिनता से जीवन जीता रहेगा तो मानवता की हत्या होती रहेगी।

**नैतिक मूल्य-**

आदर्श जीवन या पण करने के लिए आवश्यक है नैतिक मूल्य ही समाज में मानवतावाद स्थापित कर सकते है। नैतिक मूल्य हमारे संस्कार का एक भाग है । यह संस्कार हमे संस्कृती से प्राप्त होते है। संस्कृती का मूल आधार हम नैतिक मूल्य को मानते है समाज को एक सूत्र मे बांधने की क्षमता मूल्यों मे है। साहित्य सामाजिक नैतिक मूल्य की प्रतिष्ठापना करता है। साहित्य अमंगल अहितकारी तत्त्वों को हटाकर समन्वयपरकता, समवर्तनशीलता, सहिष्णुता, सहनशीलता की स्थापना करता है। हमारे संस्कार हमारे संस्कृती का अंग है। संस्कृती ही मानव समाज की अलग पहचान बनाती है। साहित्य मानव मनकी सुख संवेदनान को जगा कर उसे अमानवीय होने से बचा कर मंगलमयता की और प्रेरित करती है। लेकिन आज मनुष्य का विचार करने का तरीका बदल गया है। सुनिता जैन की लक्ष्मण रेखा कहानी सामाजिक मूल्यों को प्रस्तुत करती है।

आजकल पैसे के आधार पर अपनी कामवासना पूरी की जाती है। यह काम युवक वर्ग के हातो से अधिक होता है। इस गाने में विशु जीजी का छोटा देवर है, व जीजी से बात करते समय बताता है की जहासे तुम टीव्ही सेट खरीद कर लाई हो उस जगह जो लडकी काम करती है , याद है? हा अच्छी थी दिखने मे पर कुछ बदतमीज जरूर थी। क्यूकी नोकरी तो दिखाने को है , साडेतीन सो लेती है दोस्तो के कही संडे बडे मजे मे कटे है उसके सहारे--'। अधार्मिक और नास्तिक व्यक्ती मे दुराचार और अकर्मक कूट कूट भरे होते है। कुछ सामाजिक तत्वों और मानसी रुप से कुंठीत लोगो के कारण नैतिक पतन हम देख सकते है। किसी कारण हम बच्चों को नैतिकता की प्रयोगशाला भी कर सकते है। सोचा जाये तो यहा प्रश्न उठता है कि आये दिन राजनीतिक सामाजिक और पारिवारिक घटनाओं का एकही कारण है नैतिक पतन। यह नैतिक पतन का कारण है बढती आबादी। भारत जैसे देश मे पाश्चात्य जीवनशैली का समावेश जीवनमूल्य के बारे मे अनेक प्रश्न निर्माण होते है।

**निष्कर्ष-**

सारांश रोप मे कहा जा सकता है की संवेदना अधिकतर मानव मनसे जुडी होती है तथा संवेदना के प्रभाव से व्यक्ती का व्यक्तिमत्व प्रभाव पडत है। किसी व्यक्ति को विचार का अनुभव लेने के लिए संवेदनशील होना आवश्यक है। घटना या प्रसंग देखकर मन मे उठने वाले भाव संवेदना का ही भाग है। संवेदना से वस्तू विशेष का बोध न होकर गुणों का बोध होत है। साहित्य की निर्मिती संवेदना से ही होती है। इसके लिये घटना प्रसंग महत्त्वपूर्ण होते है। मनपटल पर पडे गहरी संवेदना को यथार्थ रूप मे प्रस्तुत करने का काम साहित्य करता है। परिवार भारतीय संस्कृती का एक घटक है संयुक्त परिवार को जीवीत रखने के लिए समाज व्यवस्था असमर्थ रही है।

**संदर्भ**

1. हिंदी उपन्यास , सुरेश सिन्हा
2. सर्वेश्वर की संवेदना और संप्रेषण, हरी चरण शर्मा
3. भाव, उद्योग और संवेदना, राजकमल बोरा
4. अस्मिता के संवेदन, वीरेंद्र सिंह

# असगर वजाहत की लघु कथाओं में मानवीय संवेदना

डॉ. ज़हीरुद्दिन र. पठान
प्रोफेसर, हिंदी विभाग,
कै. बाबासाहेब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय, उमरी।
ज़ि. नांदेड (महाराष्ट्र) - 431807

कहानी हिंदी साहित्य की एक सशक्त एवं संपन्न विधा है। आज हिंदी में लघु कथा भी बहुत तेज़ी से विकसित हो रही है। 'उपन्यास' का फलक सबसे बड़ा होता है, उसमें संपूर्ण जीवन की या जीवन की किसी अंग की विस्तृत कथा होती है। 'कहानी' में जीवन के किसी एक प्रसंग, किसी एक घटना या किसी एक समस्या का चित्रण होता है और 'लघुकथा' में जीवन के किसी एक क्षण का कम-से-कम शब्दों में अत्यंत प्रभावी एवं प्रवाहमयी भाषा में चित्रण होता है।

'कहा जाए तो लघुकथा ही कहानी की जननी है। क्योंकि कहानीकार के मन में पहले किसी समस्या या बिंदु को लेकर एक छोटा-सा अंकुर ही फूटता है। लघुकथा रूपी वही अंकुर विस्तार व विश्लेषण पाकर वटवृक्ष का आकार धारण करता है। यूँ भी कहा जा सकता है कि लघुकथा विज्ञान या गणित के सूत्र जैसा होता है जिस पर पूरी कहानी या उपन्यास का तथ्य निर्भर करता है।'

'हिंदी में लघुकथा को सर्वप्रथम बुद्धिनाथ झा 'कैरव' ने अपनी पुस्तक 'साहित्य साधना की पृष्ठभूमि' के पृष्ठ 267 पर परिभाषित किया था। पुनः 1958 ई. में उसके बाद लक्ष्मीनारायण लाल ने इसको 'हिंदी साहित्य कोश' (भाग-1) में परिभाषित किया।'

हिंदी में कहानी के साथ ही लघुकथा का जन्म भी हो गया था। हिंदी में लघुकथा की प्रदीर्घ परंपरा रही है। पद्मलाल पुन्नालाल बख्शी का 'संलमला' (1916), जगदीशचंद्र मिश्र का 'बूढा व्यापारी' (1919) आदि वस्तुतः लघुकथा संग्रह ही थे। शिवपूजन सहाय की 'आचार्य' (1924), रामचंद्र श्रीवास्तव की 'बेबी' (1926), माखनलाल चतुर्वेदी की 'बिल्ली और बुखार' (1928), कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर की 'सेठजी और सलाम' (1929), उपेंद्रनाथ अश्क जी की 'जादूगरनी' (1933) आदि लघुकथा के आरंभिक उदाहरण हैं। लघुकथा के विकास में उपन्यास सम्राट प्रेमचंद और 'हंस'का विशेष योगदान रहा है। सन् 1930 से 'हंस'में लघुकथा 'लघुकथा'शीर्षक से ही छपने लगी। पहले लघुकथा को कहानी के अंतर्गत ही रखा जाता था। स्वयं प्रेमचंद ने भी लघुकथाएँ लिखी। हिंदी में लघुकथा को प्रतिष्ठित करने में 'सारिका'के लघुकथा विशेषांकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

हिंदी लघुकथा को दिशा देने वाले रचनाकारों में विष्णु प्रभाकर, हरिशंकर परसाई, सतीश दुबे, रमेश बतरा, पृथ्वीराज अरोडा, चित्रा मुद्गल, जगदीश कश्यप, विक्रम सोनी, रवींद्र वर्मा, जसबीर चावला, मुकेश वर्मा आदि उल्लेखनीय हैं। वर्तमान समय में उदय प्रकाश, सुधा भार्गव, पूरन मुद्गल, सूर्यकांत नागर, अशोक जैन, सतीशराज पुष्करणा, सुभाष नीरव, सुलतान अहमद, वेदप्रकाश अमिताभ, विपिन जैन, वीरेंद्रकुमार, सुशांत सुप्रिय, राध्येशाम भारतीय, सुदर्शन रत्नाकर, बलराम अग्रवाल, नरेंद्र कौर छाबड़ा, अशोक भाटिया, अंजु दुआ जैमिनी, सुरेश गर्ग, शचफत अली खान, कमल चोपड़ा, अशोक लव, प्रवीण श्रीवास्तव, मीरा जैन, सुकेश साहनी, रामेश्वर काम्बोज 'हिमांशु', श्यामसुंदर अग्रवाल, योगेंद्र दवे जैसे कई रचनाकार लघुकथा को समृद्ध

करने और उसके माध्यम से समकालीन जीवन की बारीकियों की जाँच पड़ताल में प्रयासरत हैं।

हिंदी लघुकथा के विकास में हिंदी साहित्य की एक मशहूर शख्सीयत असगर वजाहत जी का योगदान भी विशेष उल्लेखनीय है। हिंदी साहित्य में अस्सी के दशक और उसके बाद के सिद्धहस्त रचनाकारों में असगर वजाहत जी काफी लोकप्रिय हैं। असगर वजाहत जी का जन्म 5 जुलाई, 1946 को फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में हुआ। आपने अलीगढ मुस्लीम विश्वविद्यालय से पीएच. डी. तक की पढ़ाई की। आप जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली के हिंदी विभाग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

असगर वजाहत मानवीय संवेदनाओं के रचनाकार हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी असगर वजाहत जी ने हिंदी साहित्य की कहानी, उपन्यास, लघुकथा, नाटक, संस्मरण, आत्मकथा, अनुवाद, पटकथा, यात्रा-वृत्तांत, संपादन आदि विभिन्न विधाओं में महत्वपूर्ण रचनात्मक योगदान दिया है और नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। असगर वजाहत जी मूलतः कहानीकार है। इनकी पहली कहानी 1964 के आसपास छपी थी तथा पहला कहानी संग्रह 'अंधेरे से' 1976 में आपातकाल के दौरान पंकज बिष्ट के साथ संयुक्त रूप से छपा था। इनकी कहानियों के अनुवाद अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी, इटालियन जैसी दुनिया की कई भाषाओं में हो चुके हैं।

'मैं हिंदू हूँ' (कहानी संग्रह), 'मन-माटी', 'कैसी आगी लगाई' (उपन्यास), 'मुश्किल काम', 'भीडतंत्र',''शाह आलम कैम्प की रूहें' (लघुकथा संग्रह), 'जिस लाहौर नई देख्या ओ जम्याई नई', 'गोडसे @ गांधीकॉम' (नाटक), 'चलते तो अच्छा था' (संस्मरण), 'कहानी लिखने का कारण' (आत्मकथा) आदि असगर वजाहत जी चर्चित रचनाएँ हैं। आपके उपन्यास 'कैसी आगी लगाई'के लिए सन् 2006 में यू. के. कथा सम्मान से सम्मानित किया गया। 'जिस लाहौर नई देख्या ओ जम्याई नई'नाटक ने तो देश-विदेश में लोकप्रियता के कई मानदंड स्थापित किए।

असगर वजाहत जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। 2007 में निकली बी. बी. सी. की वेब पत्रिका के अतिथि संपादक रह चुके हैं। हिंदी की लोकप्रिय पत्रिका 'हंस'के 'भारतीय मुसलमान : वर्तमान और भविष्य'विशेषांक का तथा 'वर्तमान साहित्य'के 'प्रवासी साहित्य'विशेषांक का संपादन भी उन्होंने किया। 'बनारस जन'पत्रिका ने असगर वजाहत जी पर केंद्रित 428 पृष्ठों का 'हर कैद से आजाद : असगर वजाहत'विशेषांक (जनवरी-मार्च, 2017, अंक-1) निकाला।

भारत दुनिया का एक मात्र देश हैं, जहाँ कई धर्मों एवं संप्रदायों के लोग एक साथ, मिल-जुलकर बड़े ही स्नेह के साथ रहते हैं। किंतु आज स्थितियाँ काफी बदल चुकी हैं, बात-बात को लेकर हिंदू और मुस्लीम समुदाय में आपस में दंगे हो जाते हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक सत्तर सालों में सत्तर हजार के लगभग दंगे हो चुके हैं। गुजरात, आसाम और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में हुए दंगे (दंगे नहीं, मुसलमानों के सामूहिक नरसंहार) इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। आजादी से पूर्व ही भारतीय समाज में सांप्रदायिकता का जहर घोल दिया गया था। असगर वजाहत जी ने अपने साहित्य में सांप्रदायिकता की इस भयंकर समस्या को उजागर ही नहीं किया, अपितु घोर सांप्रदायिकता के बीच भी पनपते, पलते-बढ़ते आपसी प्रेम एवं सद्भाव के बीज को भी हवा, पानी तथा रोशनी देने का महान मानवीय कार्य किया है। उनकी सभी रचनाओं में, विशेषतः लघु कथाओं में मानवीय संवेदना बड़ी ही तीव्रता से उभरकर आई है। 'मुश्किल काम', 'भीडतंत्र', 'शाह आलम कैम्प की रूहें'आदि लघुकथा संग्रह में ऐसे कई प्रसंग मिल जाते हैं,

जिन्हें पढ़कर हर संवेदनशील व्यक्ति का चित्त द्रवित हो उठता है।

गुरु-चेला संवाद, आग, राजा, योद्धा, बंदर, शाह आलम कैम्प की रूहें असगर वजाहत जी चर्चित लघुकथाएँ हैं। 'गुरु चेला संवाद'लघुकथा में असगर जी ने धर्म के आधार पर हुए भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण को निरर्थक सिद्ध किया है। साथ ही भारत देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के सपने देखने वालों के मुँह पर भी करारा तमाचा जड़ा है। गुरू अपने चेले से कहता है कि 'चेला, हिंदू मुसलमान इस देश में एक साथ नहीं रह सकते दोनों में बड़ा अंतर है, भारतवर्ष केवल हिंदुओं का देश है। इसलिए अन्य धर्मीय लोगों को देश से बाहर निकाल देना चाहिए,तब केवल हिंदू बचेंगे और प्रेम से रहेंगे। इस पर चेले का जवाब 'उसी तरह जैसे पाकिस्तान में सिर्फ मुसलमान बचे हैं और प्रेम से रहते हैं?'आज हम सभी को अंतर्मुख कर देता है, सोचने पर विवश कर देता है। मानवीय संवेदना को झकझोरता है। वास्तव में देश, धर्म और संप्रदाय की यह दीवारें कृत्रिम हैं, मानवद्वारा निर्मित हैं और मानवता, इंसानियत ही हम सबका सच्चा धर्म है।

असगर वजाहत जी के 'शाह आलम कैम्प की रूहें'लघुकथा संग्रह की कहानियों को पढ़कर कोई भी सहृदय पाठक केवल द्रवित ही नहीं होता, बल्कि उसकी रूह कांप उठती है। इन लघु कथाओं की पृष्ठभूमि गुजरात नरसंहार की है। फरवरी 2002 में गुजरात के गोध्रा में अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों की ट्रेन को आग लगा दी गई। इसके लिए मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराया गया और पूरे गुजरात में मुसलमानों का कत्ले आम किया गया। हजारों लोगों को आग के हवाले किया गया। हजारों लड़कियों की आबरू नीलाम की गई। दुकान और मकानों को जलाकर भस्म किया गया। यह सब सरकार की सरपरस्ती में और पुलिस की मौजूदगी में हुआ। पुलिस तमाशाई बन सब देखती रही, दंगाईयों की मदद करती रही। इसके बाद लाखों लोग बेघर होकर सरकारी शिबीरों में रहने के लिए विवश हो गए। ऐसे ही एक कैम्प की कहानी है, 'शाह आलम कैम्प की रूहें'।

'शाह आलम कैम्प में दिन तो किसी न किसी तरह गुजर जाते हैं लेकिन रातें कयामत होती हैं। ऐसी नफ्सा-नफ्सी का आलम होता है कि अल्लाह बचाये। इतनी आवाजें होती हैं कि कानपडी आवाज नहीं सुनाई देती, चीख-पुकार, शोर गुल, रोना, चिल्लाना, आहे सिसकियां।'

'रात के वक्त रूहें अपने बाल बच्चों से मिलने आती हैं। रूहें अपने यतीम बच्चों के सिरों पर हाथ फेरती हैं। उनकी सूनी आँखों में अपनी सूनी आँखें डालकर कुछ कहती हैं। बच्चों को सीने से लगा लेती हैं। जिंदा जलाये जाने से पहले जो जिगरदोज चीखें निकली थी, वे पृष्ठभूमि में गूंजती रहती हैं। सारा कैम्प जब सो जाता है तो बच्चे जागते हैं। उन्हें इंतिजार रहता है अपनी माँ को देखने का..... अब्बा के साथ खाना खाने का। 'कैसे हो सिराज? अम्मां की रूह ने सिराज के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा।

तुम कैसी हो अम्मां?"

माँ खुश नजर आ रही थी, बोली, "सिराज अब मैं रूह हूँ, मुझे कोई जला नहीं सकता।'

अम्मां क्या मैं भी तुम्हारी तरह हो सकता हूँ?

माता और पुत्र के बीच का यह छोटा-सा संवाद गुजरात नरसंहार की निर्ममता को उजागर करने के साथ ही, नरसंहार के दौरान तार-तार हुई मानवता को भी अधोरेखित करता है। दंगाई किस हद तक गिर गए थे और उन्होंने किस तरह शैतान को भी हैवानियत में पीछे छोड़ दिया यह लघुकथा के निम्न प्रसंग के

दुद्वारा सहजता से समझा जा सकता है,

शाह आलम कैम्प में आधी रात के बाद रूहें आती हैं। एक दिन रूहों के साथ शैतान की रूह भी चली आई। इधर-उधर देखकर शैतान बड़ा शरमाया और झेंपा। लोगों से आँखें नहीं मिला पा रहा था। कन्नी काटता था। रास्ता बदल लेता था। गर्दन झुकाए तेजी से उधर मुड़ जाता था, जिधर लोग नहीं होते थे। आखिरकार लोगों ने उसे पकड़ ही लिया। वह वास्तव में लज्जित होकर बोला, अब ये जो कुछ हुआ है इसमें मेरा कोई हाथ नहीं है, अल्लाह कसम मेरा हाथ नहीं है।

लोगों ने कहा, हाँ हाँ हम जानते हैं। आप ऐसा कर नहीं सकते। आपका भी आखिर एक स्टैण्डर्ड है।

निष्कर्षतः असगर वजाहत जी की लघु कथाएँ मानवीय संवेदना को सिर्फ जगाती नहीं हैं, बल्कि इंसान को भीतर से झकझोर कर रख देती हैं। इन्होंने अपनी लघु कथाओं में  सांप्रदायिकता की समस्या को अत्यंत मार्मिक ढंग से अभिव्यक्ति प्रदान की है।

संदर्भ-ग्रंथ -

1. असगर वजाहत - शाह आलम कैम्प की रूहें (लघु कथा संग्रह)
2. असगर वजाहत - भीडतंत्र (लघु कथा संग्रह)
3. ‘हर कैद से आजाद असगर वजाहत’विशेषांक (बनारस जन, जनवरी-मार्च, 2017, अंक 1)
4. असगर वजाहत –‘हंस’का ‘भारतीय मुसलमान : वर्तमान और भविष्य’ विशेषांक (अगस्त 2003)
5. डॉ. शिवकुमारशर्मा - हिंदी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ,

Peer Reviewed Refereed Journal ISSN : 2278 – 5639
Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)
{Bi-Monthly} Volume – XIV Special Issue – VII March – 2025

# 21वीं सदी के महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों में व्यक्त मानवीय संवेदना

प्रा. कापावार विनायक दिगंबरराव
हिंदी विभागाध्यक्ष
म.शि.प्र.मंडल का राजमाता जिजाऊ महाविद्यालय,
किल्ले -धारूर. बीड

परिचय:

21वीं सदी का युग एक ऐसी समयावधि है, जब साहित्य ने न केवल अपनी पारंपरिक सीमाओं को पार किया है, बल्कि विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, और मानवीय प्रश्नों को केंद्रित करके गहरे बदलावों की ओर अग्रसर हुआ है। महिलाओं ने साहित्य के माध्यम से अपने विचारों, संवेदनाओं और संघर्षों को व्यक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खासकर महिला उपन्यासकारों ने अपने लेखन में मानवीय संवेदनाओं को अपने पात्रों के माध्यम से उभारा है। इस आलेख में हम 21वीं सदी की कुछ प्रमुख महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों के माध्यम से मानवीय संवेदना के प्रभाव को समझने की कोशिश करेंगे।

1. मानवीय संवेदना:एक परिभाषा :

मानवीय संवेदना से तात्पर्य मानव के भीतर उत्पन्न होने वाली उन भावनाओं और समझ से है, जो उसे अपने और दूसरों के अनुभवों के प्रति संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण बनाती हैं। यह सहानुभूति, प्रेम, दर्द, दुःख, आक्रोश, और मानवता की अन्य जटिलताएँ व्यक्त करने का एक तरीका है। उपन्यासकार अपने पात्रों के माध्यम से इस संवेदना को चित्रित करते हैं और पाठकों को सामाजिक, मानसिक और भावनात्मक दृष्टिकोण से जोड़ते हैं।

2. 21वीं सदी की महिला उपन्यासकारों का योगदान:

21वीं सदी की महिला उपन्यासकारों ने समाज के विभिन्न पहलुओं को अपनी कहानियों के माध्यम से उजागर किया है। इनमें पारंपरिक जेंडर भूमिकाओं, महिलाओं के अधिकारों, मानसिक स्वास्थ्य, प्रेम, पारिवारिक संबंध, और आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दे शामिल हैं। इन उपन्यासों में पात्रों की आंतरिक संवेदनाओं को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

3. प्रमुख महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों में मानवीय संवेदना:

अरुंधति रॉय अरुंधति रॉय की काव्यात्मक :और विचारशील लेखन शैली को उनकी प्रसिद्ध कृति "God of Small Things" में देखा जा सकता है। यह उपन्यास भारतीय समाज के जटिल जातिवाद, प्रेम, और पारिवारिक संघर्षों को दर्शाता है। रॉय ने इस उपन्यास के माध्यम से मानवीय संवेदना को इस तरह चित्रित किया कि पाठक पात्रों के व्यक्तिगत संघर्षों, उनके दर्द और उनके निर्णयों से जुड सके।

किरण देसाई" किरन देसाई की कृति :The Inheritance of Loss" 21वीं सदी की महिला लेखन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह उपन्यास व्यक्ति की आंतरिक लड़ाई, पहचान, और वैश्वीकरण के प्रभाव पर आधारित है। देसाई ने इस उपन्यास में मानवीय संवेदनाओं को पहचानने और समझने का प्रयास किया है, खासकर उन व्यक्तियों के लिए जो संस्कृति और पहचान के बीच संघर्ष कर रहे हैं।

मधु कांकरियामें भारतीय समाज के भीतर महिलाओं की "सृष्टि के बीज" मधु कांकरिया के उपन्यास :

स्थितिऔर उनके संघर्षों को प्रमुखता से चित्रित किया गया है। कांकरिया ने इस उपन्यास के माध्यम से यह संदेश दिया है कि मानवीय संवेदना न केवल सहानुभूति की स्थिति होती है, बल्कि यह व्यक्तिगत संघर्ष और आत्मसमानता की दिशा में प्रेरणा का स्रोत भी बन सकती है।

नीलिमा दासमें महिला पात्रों की मानसिक और शारीरिक "मौन के स्वर" पन्यासनीलिमा दास के उ : यातनाओं का चित्रण किया गया है। यह उपन्यास उन महिलाओं के जीवन को केंद्रित करता है, जो पुरुष प्रधान समाज में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। दास ने महिलाओं के भीतर की मानसिक संवेदनाओं को बखूबी दर्शाया है, जिनसे वे सामाजिक धारा से बाहर निकलकर अपने अस्तित्व को तलाशने का प्रयास करती हैं।

4. उपन्यासों में मानवीय संवेदनाओं के चित्रण के विभिन्न पहलू

संवेदनशीलता और सहानुभूति महिला उपन्यासकारों ने अपने उपन्यासों में पात्रों :की आंतरिक संवेदनाओं को प्रदर्शित किया है, जो उनकी मानसिक स्थिति, दर्द, संघर्ष, और खुशी को अभिव्यक्त करती हैं। यह पात्र पाठकों से गहरे स्तर पर जुडते हैं, जिससे पाठक स्वयं को उस पात्र के स्थान पर रखकर उसकी भावनाओं को महसूस करते हैं।

महिलाओं की पहचान और स्वतंत्रता :21वीं सदी के उपन्यासों में महिला पात्रों को अपनी पहचान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करते हुए दिखाया गया है। ये उपन्यास सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं के खिलाफ एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हैं। महिला उपन्यासकारों ने यह दिखाया है कि कैसे महिलाएँ अपनी इच्छाओं, सपनों, और महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए अपने समाज से टकराती हैं।

सामाजिक मुद्दे और व्यक्तिगत संघर्षमहिला लेखिकाओं ने अपने उपन्यासों में समाज के विभिन्न : मुद्दों जैसे जातिवाद, धर्म, भेदभाव, और हिंसा को चित्रित किया है। ये उपन्यास इस बात को समझाने का प्रयास करते हैं कि समाज की असमानताएँ और व्यक्तिगत संघर्ष एकदूसरे से गहरे जुडे हुए हैं।-

5. निष्कर्ष:

21वीं सदी की महिला उपन्यासकारों के लेखन ने न केवल साहित्य को एक नई दिशा दी है, बल्कि समाज में चल रहे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर किया है। इन उपन्यासों में व्यक्त मानवीय संवेदना ने पाठकों को सोचने पर मजबूर किया है और समाज की जटिलताओं को समझने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया है। महिला उपन्यासकारों ने यह सिद्ध किया है कि उनका लेखन केवल महिला अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं के व्यापक आयामों को सामने लाने का माध्यम है।

संदर्भ:

1. रॉय, अरुंधति .The God of Small Things.भारतरैंडम हाउस :, 1997.
2. देसाई, किरन .The Inheritance of Loss.भारतपेंगुइन :, 2006.
3. कांकरिया, मधुराजकमल प्रकाशन :भारत .सृष्टि के बीज ., 2010.
4. दास, नीलिमाशार्दुल प्रकाशन :भारत .न के स्वरमौ ., 2013.

**गगन गिल का साहित्य मानवीय संवेदनाओं का दस्तावेज**

डॉ. सूर्यकांत शिंदे
हिंदी विभागाध्यक्ष
**लोकमान्य महाविद्यालय, सोनखेड, नांदेड**

प्रस्तावनाः-पिछले कुछ दशकों में हिंदी साहित्य में स्त्री लेखन का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। साहित्य में स्त्री विमर्श अस्मिता का वह आंदोलन है,जो हाशिए पर छोड दिए नारी अस्तित्व को फिर से केंद्र में लाने और उसकी मानवीय गरिमा को प्रतिष्ठि करने का अभियान है। वैसे स्त्री विमर्श का का आरंभ पश्चिमी देशों में सबसे पहले हुआ। पश्चिम में स्त्री विमर्श शुरू करने का श्रेय 'सीमोन द बोउवार' को जाता है। जिन्होने 'द सेकेंड सेक्स' लिखकर पितृसत्तात्मक सामाजिक संरचना को चुनौती दे डाली थी।स्त्री को हीन और भोग्या बनाकर तथा पुरूषों को अधिक वर्चस्ववादी शक्तियाँ देकर लैंगिक विभाजन की व्यवस्था समाज में हमेशा से चली आ रही हैं। जिसने स्त्री को कभी किसी संवाद या विवाद का अवसर नहीं दिया गया। इसी कारण स्त्री लेखन इन्ही प्रश्नों से सीधी मुठभेड करके समाज की संकीर्ण मानसिकता से टकराने का जोखिम उठाता है। आज के दौर में देखा जाए हिंदी में स्त्री लेखन का साहित्य पहले की अपेक्षा कहीं अधिक विस्तृत हुआ है। अनेकों महिला लेखिकाएँ अपने सुख-दुःख,आक्रोश,अन्याय को खुलकर व्यक्त कर रही हैं। इसी परंपरा में सुपरिचित कवयित्री गगन गिल का नाम आता है। वह स्त्री के दुखों और उदासियों को बडे मुखर स्वर में रचनेवाली कवयित्री है।

आधुनिक हिंदी महिला कवयित्रियों में एक चर्चित नाम जिनका हिंदी साहित्य के क्षेत्र में बडे आदर के साथ नाम लिया जाता है और जिन्हे पिछले वर्ष 2024 में उनकी रचना "**मैं जब तक आई बाहर**" के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया है। वैसे देखा जाए तो गगन गिल का नाम साहित्यिक जगत के लिए नया नहीं है। उनका साहित्य क्षेत्र में पदार्पण उच्च शिक्षा के दौरान हुआ था। वर्ष 1989 में उनका प्रथम कविता-संग्रह '**एक दिन लौटेगी लडकी**' प्रकाशित हुआ था। और उनके इसी कविता संग्रह ने हिंदी साहित्य जगत में व्यापक चर्चा हुयी और परिणाम स्वरूप एक साहित्यकार के रूप में उन्हे स्थापित करने का श्रेय इसी कवित संग्रह को जाता है। लगातार तीन दशकों से अधिक समय तक साहित्य सृजन करने के साथ ही साथ वह 'द टाइम्स ग्रुप' और 'संडे ऑब्जर्वर' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिका में लंबे समय तक साहित्य संपादन में संलग्न रही है। आज साहित्य जगत इनके बहुआयामी व्यक्तित्व से परिचित है। इन्होने साहित्य,पत्रकारिता,अनुवाद के क्षेत्र में एक लंबे अरसे तक न केवल काम किया है बल्कि उनमें परिवर्तन लाने के लिए भी प्रयत्नशील रही है।

हिंदी साहित्यकारों के प्रथम पंक्ति में स्थान प्राप्त करनेवाली गगन गिल जी का जन्म 1959 में नई दिल्ली में हुआ था। अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. करने के बावजुद भी लेखन कर्म के लिए हिंदी का दामन थाम लिया और लगातार तीन दशकों से हिंदी साहित्य को समृद्ध करती आ रही हैं। अब तक उनके पांच कविता संग्रह प्रकाशित हैं- एक दिन लौटेगी लडकी(1989),अंधेरे में बुध्द(1986),यह आकांक्षा समय नहीं(1998), थपक थपक दिल थपक थपक(2003) और मैं जब तक आयी बाहर(2018) इन कविताओं के साथ साथ उनकी चार गद्य कृतियाँ भी प्रकाशित हो चुकी है। पत्रकारिता से भी उनका नाता रहा है। इस साहित्यिक यात्रा में उन्हें अनेक पुरस्कारों से भी नवजा गया जिसमें 1984 में उन्हे भारत भूषण अग्रवाल

स्मृति पुरस्कार, 1989 में संस्कृति सम्मान,वर्ष 2000 में केदार सम्मान,2008 में हिंदी अकादमी साहित्यकार सम्मान,2010 में द्विजदेव सम्मान और 2024 का साहित्य अकादमी सम्मान आदि। इन सारे संदर्भो को देखा जाए तो गगन गिल जी का नाम साहित्यिक जगत के लिए नया नहीं हैं। उनके बहुआयामी व्यक्तित्व से साहित्य जगत परिचित हैं। उनका समग्र साहित्य स्त्री मन के अकेलेपन की त्रासदी को बयाँ करती हैं। उन्होने अपने अभिव्यक्ति का माध्यम कविता को बनाया है। अन्य विधाओं में भी उनका विपूल लेखन रहा है,लेकिन आज वह एक चर्चित कवयित्री के रूप में जानी पहचानी जाती हैं। गगन गिल के साहित्य पर टिप्पणी करते हुए डॉ.शांभवी अपने एक लेख में लिखती हैं-"गगन गिल अकसर कविता में बहुत सरल शब्दों में अपनी बात रख कर चली जाती हैं पर उनके एक एक शब्द के पीछे एक गहरा दर्शन छिपा हैं। उनकी कविता में चाह है,जीवन को सही मायने में उसके सभी पक्षों को स्वीकारते हुए उसे जीने की,जीवन का असली आनंद आस्वादन में हैं,रोते बिलखने में नहीं, बल्कि उसके स्याह पक्ष को भी आत्मसात करते हुए उसे जीने में हैं।"१ इस बात से स्पष्ट होता है कि वह जीवन की ओर सकारात्मक दृष्टि से देखती है। सीधे और सरल शब्दों में बात रखना उनके काव्य की विशेषता है,जैसे 'एक दिन लौटेगी लडकी' कविता में वह लिखती हैं-

'दोस्ती में प्रेम था
प्रेम में इच्छा
इच्छा से मुंह फेरकर
वह कहाँ जायेगी'

सीधे सरल शब्दों में वे अपने भावों की अभिव्यक्ति करती है। उनकी कविता में अकेलेपन की त्रासदी जरूर है। पर उस अकेलेपन से पलायन करने के बजाय पुरी ताकत से जीने की जीजिविषा है। उनकी कविताओं से गुजरते हुए ऐसा लगता है कि लेखिका स्वंय से बाते कर रही हैं और समाज को सहीरास्ता भी दिखा रही है।

गगन गील के काव्य पर भाष्य करते हुए आलोचक अम्बुज पांडेय लिखते हैं-"गगन गिल की काव्य यात्रा में पिछले चार दशकों से अधिक का समय स्पंदित है। गगन गिल किसी वांछित सुख या प्रत्याशा की चाह से प्रेरित होकर कविता नहीं लिखती, और न ही कविता से उन्हे बहुत काम लेना हैं। उनके लिए काव्य सृजन अहैतुक, किंतु अपरिहार्य कर्म जैसा है। हाँ,रचना के क्षणों में भीतर का जमा हुआ शीशा तिल-तिल कर जरूर निकलता हैं। यह रचनात्मकता और सृजन दुख और वेदना को अधिक गहनतर करता जाता है। इसका कोई अंत नहीं। बिलकुल महादेवी की तरह "तुमको पीडा में ढूँढा, तुम में ढूँढूँगी पीडा।"2'पिता ने कहा 'कविता में वे लिखती हैं-

"पिता ने कहा
मैंने अभी तक
विदा नहीं किया
तू मेरे भीतर है
शोक की जगह पर
शोक मत कर

पिता ने कहा

अब शोक ही तेरा पिता है।"

गगन गिल की कविताओं के शब्द बडे छोटे है मगर उसमें गागर में सागर जैसे अर्थ प्रदान की क्षमता है। उनकी कविताओं का केंद्रीय तत्व करूणा है। उनकी कविताओं के एक एक शब्द करूणा की एक शांत नीरव झील रचते जाते हैं। जिसमें पीढी दर पीढी स्त्री जाति अपना दुःख भोगती और अपनी अगली पीढी में वही दुःख रोपती चली जाती है। एक अर्थ में कहा जाए तो गगन गिल जी ने अपने रचना कर्म के माध्यम से स्त्री की पारंपरिक नियति को उद्घाटित किया है। अपनी प्रसिद्ध कविता 'अंधेरे में बुध्द' में वह लिखती हैं—"**रोती हुई, उठती है वह,एक दिन,नींद से,हो गयी है पार, इस बार गर्दन से,इसी तरह,मरा करती थी माँ,उसकी नींद में,बचपन में माँ की माँ,माँ के बचपन में।**" इस कविता में कवयित्री एक स्त्री के दुहःस्वप्न को रेखांकित करती है। स्त्री के पीढी –दर पीढी से चले आ रहे दुःख और वेदना को यह कविता स्वर प्रदान करती है। अन्य एक कविता 'एक पल में होना था' मेंवे कहती हैं-

**"मैं डरी,हम डरे,जा दुबके भीतर तुम्हारे मृत गर्भ मे**
**एक पल में होना था,एक पल में हुआ अन्य यह संसार"**

एक अर्थ में इस दुनिया में माँ का गर्भ अधिक सुरक्षित मालुम पडता है,
लेकिन सुरक्षा वहाँ भी नहीं,वहाँ भी बैठा है कोई सूक्ष्मदर्शी लगाकर,
जो मिटाना चाहता है उसके वजूद को,जो उसके अस्तित्व पर हमलावार हैं।"

यह कविता सिर्फ कविता नहीं, बल्कि एक भयावह सच्चाई भी है,जो कविता का रूप धारन कर चुकी है। यह दुनिया आभास तो कराती है। अपने दोनों पैरों पर चलने का,भागने का,लेकिन एक पहिया सीर्फ दिखावटी है या उस पर बोझ अधिक लादा गया है। एक अर्थ में कहा जाए तो गगन गिल की कविताएँ बहुत स्थिर होकर सवाल करती हैं। न उत्तेजना,न आक्रोश,बस! सवाल दर सवाल। उनकी कविताओं मे स्त्री के भीतर की स्त्री के उदासियों की गूँज स्पष्ट सुनायी देती है।

गगन गिल की कविताओं पर टिप्पणी करते हुए त्रिभुवन जी अपने एक लेख मे लिखते हैं-"गगन की शुरूआती कविताओं से लेकर अब तक रची गई कविताओं को बहुत बारीकी से देखने पर साफ हो जाता है कि वे अपने रचना कर्म से शुरू से चौंकाती रही हैं। उनकी कविता मानों पंजाबी लोकसाहित्य से अक्षुण्ण रूप से हिंदी मे चली आई है और उसे समृध्द कर रही है। भाव,भाषा,छंद,लय,बंद,ताल,रूपक,स्वरों की कोमलता से लेकर उसके भीतर की पीडाएं,वेदनाएँ,संताप,तडप औरविकलताएँ साफ अपने घर में पहुँच गई हैं। समकालीन कवियों और कवयित्रियों से अलग गगन आंतरिक संघर्ष,आध्यात्मिक पीपासा और अस्तित्व संबंधी प्रश्नों जैसे विषयों को खोजती है। वे आत्मिक छंदों को जिस मेघावी तरीके से बुनती हैं,वह उन्हे एक अलग जेहनी क्षितिज पर ले जाता हैं।" यही उनके रचन कर्म की विशेषता रही है। जिसके परिणाम स्वरूप उन्हे साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार मिलना उनकी मेहनत को सार्थक करता है। 'मैं जब तक आई बाहर' काव्य संग्रह की एक कविता'तितली ने कहा' में लिखती हैं-

**" तितली ने कहा,कुल नौ दिन,मैं तुम्हारे पास हूँ,बगीचा यूँ ही रखना,**
**तीसरे दिन, झर जाने वाला था गुलाब,गुडहल,उसी दिन शाम को,**
**हरसिंगार के पास थे,कुल जमा एक घंटा तीन मिनट"।४**

प्रस्तुत कविता साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत कव्य संग्रह की एक कविता है। प्रस्तुत कविता संसार की क्षणभंगुरता को तो दर्शाती है परंतु उससे कही अधिक संसार के सौंदर्य और उस सौंदर्य की अक्षुणता पर भी प्रकाश डालती है। भले ही तितली का जीवन नौ दिन का क्षणभंगुर हो, या श्रृंगार के लिए उसके पास मात्र एक घंटे तीन मिनट का समय हो,लेकिन उनका सौंदर्य, सुगंध और उनके रंग इस संसार में सदा-सदैव के लिए शाश्वत सुंदरता के प्रतीक है।

गगन गिल की कविताओं पर अपना मंतव्य रखते हुए विपिन चौधरी जी लिखते हैं-"उनकी प्रेम कविताओं में स्त्री की संवेदनशीलता,उसकी आंतरिक बेचैनी,उसके तनाव,उत्कंठा,विरह, संदेह,आकांक्षा,शोक और विस्मृति के भाव परिलक्षित होते हैं। ये कविताएँ परंपरागत स्त्री कविता के कोष्ठक में नहीं बंधना चाहती। इन कविताओं में स्त्री अपनी व्यक्तिगत गरिमा को साथ लेकर उच्चतर सोपानों की यात्रा करने के लिए कृतसंकल्प दिखाई देती है। 5"'न मैं हँसी न मैं रोयी' कविता में कवयित्री गगन गिल स्त्री के भीतरकी संवेदना को शब्द बद्ध करते हुए लिखती हैं-

**"न मैं हँसी, न मैं रोई बीच चौराहे जा खडी होई**
**न मैं रूठी, न मैं मानी,अपनी चुप से बांधी फाँसी।"**

पितृसत्ताक व्यवस्था में आज भी स्त्री स्वतंत्र नहीं है,न वह किसीसे अपनी मन की बात कह पाती है। चुप रहने के आलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं हैं। प्रस्तुत कविता का एक एक शब्द स्त्री के भीतर की वेदना और तडप हैं। आगे एक कविता में स्त्री के अंतरमन की पीडा व्यक्त करते हुए लिखती हैं–

**"दिन के दुःख अलग थे,रात के अलग,**
**दिन मे उन्हे छिपाना पडता था**
**रात मे उनसे छिपना....."**

यह सिर्फ स्त्रियों के और उसमें भी स्त्रियों के देह के दुःख नहीं हैं। यहाँ रात भी वही रात नहीं हैं जो दिन और रात के संदर्भ में हैं। एक दुःख हम बाँट सकते हैं और एक दुःख जो हमें सब से छुपा कर सीने पर रखना पडता हैं।'एक गऊ मेरे भीतर हैं।','अयोध्या में पूण्य स्मृति' और 'कभी कभी अपना सच' जैसी कविताएँ बिना किसी हिचक के इस समय के सच को सशक्त तरीके से उजागर करती हैं।

**निष्कर्षः**

कुलमिलाकर गगन गिल की कविताओं पर प्रकाश डालने के बाद कहा जा सकता है कि, उनके कविताओं की यात्रा स्पष्ट दिखाई देती हैं। जिससे हिंदी काव्य संसार ने उन्हे खूब उत्साह से ग्रहण किया। देश और काल के पुरूष सत्ताक व्यवस्था के बीच स्त्री की सूक्ष्म असहमति और अपने दुःख को देखने का साक्षी भाव उनके संवेदशील और सटीक शब्द संयोजन में एक अविस्मरणीय अनुभव की तरह अंकित होता है। सरल और सीधी भाषा के बीच से अपना रास्ता बनाती गगन गिल की कविताएँ न केवल उनकी अपनी रचना यात्रा का,बल्कि आधुनिक हिंदी कविता का भी एक नया पडाव है। अतः कहा जाए तो गगन गिल की कविताओं का केद्रीय तत्व मानवीय संवेदना है। उसमें भी उनकी अधिकांश कविताएँ स्त्री केंद्रित हैं। स्त्री केंद्रीत कविताओं में स्त्री के इतने भाव और रंग है कि पाठक को हर कविता केवल कविता ही नहीं बल्कि कविता की हर एक पंक्ति में स्त्री का नया रूप नजर आता है। अंतः गगन गिल की कविताएँ मानवीए संवेदनाओं का दस्तावेज है।

**संदर्भ सूचीः**

1) खबर.कॉम।
2) अम्बुज पांडेय,गगन गिल की कविताएःस्त्री के भीतर की तलाश
3) wirehindi.com,त्रिभूवन दि.25/12/2024
4) scroll.in,सत्यानंद निरूपम जी का लेख दि.20दिसंबर,2024
5) गगन गिल से विपिन चौधरी की बातचीत,समालोचन,दि.23फरवरी, 2023
6) गगन गिल,मैं जब तक आयी बाहर,वाणी प्रकाशन,(प्रथम सं.2024)
7) गगन गिल,एक दिन लौटेगी लडकी,राजकमल प्रकाशन,दिल्ली,(प्र,सं.2024)

# मुझे पहचानो" उपन्यास में मानवीय संवेदना की हत्या

**डॉ. पुष्पा गोविंदराव गायकवाड**
**वै. धुंडा महाराज देगलूरकर महाविद्यालय, देगलूर**

"मुझे पहचानो" उपन्यास के लेखक संजीव जनवादी विचार धारा के रचनाकार है। इस उपन्यास में सामाजिक कुप्रथाओं का पर्दाफाश किया है।

हर बार स्त्री को ही जबरदस्ती चिता पर बिठाया सहमरण के लिए वाहरे समाज और धर्म के रक्षक, क्या नेक काम कर दिया आपने?

मुझे पहचानो उपन्यास में लेखकने इन्ही खोखली रुढी परम्पराओ की धजिया उडायी है। भारतीय संस्कृति पुरुष प्रधान है। इस संस्कृति में पुरुष का ही वर्चस्व है। पुरुष वर्चस्व को बढावा देने के लिए कई सारी कुप्रथाओ का जन्म हुआ। इन्ही में से एक सती प्रथा का एक नग्न सत्य समाज के समुख रखा है। सामाजिक सत्ता व्यवस्था की चाह राजनीतिक गदी पर बैठने कि अभिलाषा इन खोखली परम्पराओ में स्त्री का शोषण इस उपन्यास में दिखाई देता है।

कहानी बताती है कि जब राजाराम मोहन राय के भाई जगमोहन की पत्नी को पति के मृत्यू के बाद जबरदस्ती सति किया जा रहा था, उसे जबरण चिता पर जिंदा जलाया जा रहा था। तभी बारिश होने के कारण वह अधजली रह गई। अगले दिन इस पर समाज ने विचार विमर्श किया और उसे फिर से सति किया गया। मुझे पहचानो उपन्यास की कहानी बेहद मार्मिक और रोंगटे खडे कर देनेवाली है।

सती होने की प्रथा प्राचीन काल सेही चली आ रही है। इस अमानवीय परम्परा के पीछे मूल कारक सांस्कृतिक गौरव है। सांस्कृतिक गौरव के साथ शुचिता का प्रश्न स्वत: उभरता है इसमें सामाहित है वर्ण की शुचिता वर्ग की शुचिता, रक्त की शुचिता और लैगिंक शुचिता इत्यादी इसी क्रम में पुरुषवादी यौन शुचिता की परिणिति के रुप में सती प्रथा समाज के सामने व्याप्त होती है।

समाज के कुछ प्रबुध्द लोगो के नजरिसे परे यह प्रथा सर्वमान्य रही है और वर्तमान समय में गौरवशाली संस्कृति के हिस्से के रुप में स्वीकार्य है। महत्वपुर्ण और निराशा जनक यह है कि स्त्रिया भी इसकी धार्मिक व सांस्कृतिक मान्यता को सहमती देती है।

"जीवन में कभी कभी तो ऐसे पुण्य का मौका देते है राम"

मुझे पहचानो उपन्यास इसी तहर की अमानवीय धार्मिक मान्यताओ के खंडित करने और पाखंड में लिपटे झूठे गौरव से पर्दा हटाने का प्रयास करता है।

मुझे पहचानो उपन्यास के कुछ संदर्भ बताना बेहद आवश्यक लगता है। हर दिन की तरह आज भी समापन पर अलोक मंजरी के सतीदाह का हैल्यूसिनेशन मंचन राममोहनराय के बडे भाई जगमोहन की मृत्यू भी अलोक मंजरी को ढोल नगाडे तुरुही ही के बीच लाया जाना। पति के शव को लेकर सहमरण के लिए बैठना चिता की आग, लोगों का चलाजाना। सुबह फिर लौटना पुन: चिता के हवाले करना, जलती हुई ज्वाला / लपलपाती लपटे अलोक मंजरी की जलती लाश आसमान से बिजली चमकी और भयंकर गडगडाहट के बीच अलोक मजरी की चित्ता से एक सुंदरी प्रकट हुई। उसके दोनों और ५-५ वर्ष के दो बच्चे थे। " कौन है? कौन है कैसे आ गयी ? के रोष भरे निषेधात्मक शोक की अवमानना करती दीठ बन आगे बढकर उसने

माईक को थाम लिया।

आमतौर विद्वान सतियों की पात्रता पर विचार करते रहते है आज रक्षंदा सति पर विचार किजिए ये कैसे बची। रक्षंदासती सावित्री कुंवर, कुसमाज व्यवस्था से धर्म के महान रक्षक धर्माचार्यसे प्रश्न उपस्थित करती है।

उसके सवालो का जवाब किसी के पास नही है। अलोक मंजरी पर भी घोर अन्याय हुआ। और सावित्री कुंवर के पति को सिर्फ समता पाने के लिए उसे मार दिया सावित्री कुंवर को बेहोशी के हालत में चिता पर बिठाया।

सावित्री संयोग वश बच जाती है वह समाज के ठेकेदारो से कई सवालो का जवाब मांगती है।

लेखकने स्त्री की व्यथा को पाठको के सामने रखा है।

मुझे पहचानो उपन्यास में स्त्री का शोषण है राजनीतिकी घिनोनी चाल सता के लालची लोग। पद पाने के लिए अपने ही आत्मीयजनो का खून तक बहा देते है। रिश्तो में दरार है। कन्या भृण हत्या का चित्रण भी दिखाई देता है।

इस उपन्यास में स्त्री और सती प्रथा जैसी समाजिक और राजनितीक कुव्यवस्था, सावित्री कुंवर एक दलित पढी लिखी स्त्री है। युवा अवस्था में रायसाहब के छोटे भाई की कुदृष्टि का शिकार होती है राय साहब से शादी न होने का दूसरा विकल्प था रेप मगर सावित्री ने राय साहब से शादी अधिकारो की शर्त पर की जब तक रही तब तक रियासत की तरक्की होती रही जनता खुश थी, मगर महल के अंदर की राजनीति और पुरुष सत्ता का शिकार हो गयी। कोई दलित बामन महल के महल मे रहकर बराबरी का हक चाहे यह बामनो के लिए शान के खिलाफ था। इस झूठी शान के प्रती मोह स्त्री पुरुष दोनो को है तभी तो पुरुषो ने छोटे रायसाहब यानी अपने छोटे भाई की हत्या कर दी और उसकी पत्नी को बेहोश करके पति के लाश के साथ जला दिया गया। वह तो संयोग से आँधी पानी के वजह से सावित्री कुंवर बच गयी पूरे पाँच साल प्रतिशोध के आग मे जलती रही। और अत मे रहस्य का पर्दाफाश करती है।

**मुझे पहचानो :-**

दलित स्त्री को सत्ता ने कैसे जला दिया रियासत पर अपना अधिकार जताने का लिए एक दूसरे का खून तक बहा देते है। सत्ता के आगे मानवीयता का कोई मूल्य नही। संवेदनशीलता की कोई गुंजाईश नही आज रिश्तो में खोखला पण दिखावा छल कपट नीति है। रिश्तो में अमानवीयता है। अपनापन स्नेह ममत्व कोई मोल नही दिखाई देता।

लेखक ने मुझे पहचानो उपन्यास में सत्ताधारी रायसाहब और उनका छोटा सौतेला भाई लालसाहब कंठा नामक रियासत की स्थिति अजयगढ और विजयगढ के बीच का यथार्थ चित्रण किया है।

उदय प्रताप सिंह की रियासत के वारिस दो एक रायसाहब दूसरा लालसाहब एक से एक झूठी शान मे बढकर तालूकदार की बेटी सावित्री कुंवर से ब्याह होता है। छोटे रायसाबह २ वर्ष बाद सावित्री कुंवर के पेट में एक बीज अकुआता है वह गर्भवती है। उसके पति का मृतशरीर आया उसके पहले दिन सिंदूर चूडी और तमाम श्रृंगार को हटाकर विधवा बनाया गया था। किसी अनहोनी की आशंका में उठकर वह भाग गयी थी। सबने उसे पकड लिया वह चीखी मेरे पेट में कुंवर का बीज है भीड के धक्के से आगे ठेल दी जाती है चिता तक यह क्रिया जारी रही। चिता पर पति की लाश को गोद में लेकर बिठा दिया जाने पर भी उसे

नीम बेहोशी में वह पूरी शक्ति लगाकर चीख पडती है। गाँववाले बहुत सारा पेट्रोल घी डालते है जिससे आग बुझ न पाए तेज अँधी के कारण बगल का पीपल अरा कर गिरा जलती चितापर और सावित्री उछाल दी गई। वह होश में आयी तो वह मडई मे थी। अनमोल की माँ उसे गर्म दूध पिला रही थी उछाल खाने के कारण उसका शरीर नदी में गीरा। बहते मल्लाह के लकडी छानने के जाल में आ गई।

सावित्री कुंवर प्रतिशोध की आग में जलरही है वही रक्षदा सती बनकर प्रतिशोध लेना चाहती है संजीव जीने अलोक मंजरी और इक्किसवी सदी की सावित्री कुंवर की व्यथा कथा को समाज के सम्मुख रखा है।

**सावित्री कुंवर अधजल अवस्था में मल्लह के जाल में आ गई थी सावित्री कुंवर का कुव्यवस्था से सवाल है। आप सारे विद्वान सतियों की पात्रता अपात्रता पर फिर फिर विचार करते रहेंगे -। आज एक रक्षंदा सती पर विचार कर लिजिए।**

धर्माचार्य ने टोका कौन है रक्षंदा सती इस उपन्यास की स्त्री पात्र सावित्री कुंअर का कथन द्ष्ट्यव्य है-

"मैं मै सावित्री कुंअर इसी जगह मुझे जलाकर मार डाला गया था। पांच साल पहले इसी जगह पांच साल बाद फिर से आवभूत हो रही हूं"।

सावित्री कुंवर फिर से कहती है मुझे पहचानो उपन्यास की नायिका सावित्री अपने परिवार जनो से सवाल करती है। पहला सवाल उसके जन्मदाता पिता से पिता ने भी नही पहचाना जन्मदात्री माँ ने नही पहचाना रियासतदारोने नही पहचाना पहचानिये मुझे डी.एन.ए. मिलाकर देख लिजिए एक लंबी जंजीर घेर रही है।

"हा मै अलोक मंजरी हूं राजाराम मोहन की भाभी जिसे उनके पति जगनमोहन बैनर्जी की मौत पर मारुपीट कर सती बनया गया था। आंधी पानी झड-झजा की रात सुबह देखा मरी नही तो गाववालों ने दोबारा जलाया।"

राजाराममोहन राय की भाभी को मारपीट कर सती बनाया गया। वो जिना चाहती थी गाववालो ने उसकी एक न मानी उसे जिंदा जलाया पुण्य कमाने के लिए पर इश्वर को कुछ और मंजूर था आंधी तुफान बारीश के कारण सभी गाववाले भाग गये। अलोक मंजरी अधजली अवस्था में पायी गयी दूसरे दिन किसी झाडी के पीछे जान बचाने की कोशिश कर रही थी। गाववालो ने दोबारा जलाया। सावित्री कुंवर का सदियो का संताप हम देख सकते है। शेकडो वर्षो से जलायी जाती रही। धर्म और परम्परा की बेदी पर शैकडो वर्षो से पर इूसकी जिद देखिए यह मरी नही रक्षंदा है जलने के दाग ये ये ये थे। उसने कपडे खोल कर दाग दिखाने शुरु किये एक एक कर राय साहब ने कहै तो को बुलाया पर धर्मोचार्य ने रो दिया।

वो पुन: कहती सिर के कुछ केश जल गये थे चमडे जल गये थे ये रहे कुछ आग बाहर थी कुछ अंदर इस अलोक मंजरी को स्वर्ग ने नही रोका स्वर्ग से उतर कर आ गयी सावित्री कुंवर के रुप में आपके सामने अपने दो बच्चो और पति के साथ मेरी संतान पूर्व कृपति रजा उदय प्रताप के दूसरे पूत्र की है यह लव और दूसरी संतान इस पति से है कुश दुसरे अनमोल से"

मै आपके सामने हूं पांच सालो से हू आपने पहचाना नही क्यों? इसलिए कि आपने तो मुझे जलाकर पतिलोक भेज दिया था पर मै ढीठ लौट आयी स्वर्ग से"

आप चाहे तो इस अलोक मंजरी को फिर से मार कर जला दे मेरे इस दाह में आप सभी स्त्री पुरुष माता-पिता शामिल रहे सारे पुण्यार्थी धर्म परम्पराओ समाज में मै आपके कठघरे में खडी हूं विचार किजीए।

अलोक मंजरी दूसरी बार जलायी जाती है समाज का घिनोना रुप देखीए जिनेवाले को मार देते है। मरनेवाले को जिंदा रखा जाता है। सारा खेल पैसो का सत्ता पाने का है रिश्ते सब झूठे सिर्फ सत्ता पाने की लालच में सावित्री कुंवर को आग में जिंदा जला दिया वह आग मे से बचकर निकलती है। उसका यह कथन बडा मार्मीक है। आप सारे विद्वान सतियो की पात्रता पर विचार किजिए। हमारे कुसमाजव्यवस्था से धर्म रक्षक के प्रति प्रश्न उपस्थित करती है।

निष्कर्ष :-

मुझे पहचानो उपन्यास में सती प्रथा का भयावह घिनोना रुप पाठको के सामने प्रस्तूत किया है। अलोक मंजरी को दो बार जलाया जाता है। रुढी परम्पराओ का पालन स्त्रियो के लिए ही बनाया गया है। सारे नियम स्त्रियो के लिए ही बनाये गये है। हर बार स्त्री ही सती गई पर आज तक कोई पुरुष पत्नी के लिए सत्या नही बना। मानवीय संवेदना की व्यथा तथा कुप्रथा का यथार्थ चित्रण किया है।

संदर्भ ग्रंथ :-

१) मुझे पहचानो - संजीव
२) मिथको का बाजार रत्नापट्टी - अमरदीप कुमार
३) भारतीय साहित्य संग्रह सेतू प्रकाशन २०२० पृ.१७६
४) इंटरनेट
५) International Journal लक्ष्मी जायसवाल

# कठगुलाब उपन्यास में मानविय संवेदना

प्रा. डॉ. अभिमन्यु नरसिंगराव पाटील
हिंदी विभागप्रमुख
वै. धुंडा महाराज महाविद्यालय, देगलुर

मानवीय संवेदना का अर्थ होता है, दूसरों के सुखदुख को महसूस- करना, समझना और उनके प्रति सहानुभूति रखना। यही गुण एक व्यक्ति को दयालु सहृदय और संवेदनशील बनाता है। इससे समाज में प्रेम करुणा और आपसी सहयोग बना रहता है। मानवीय संवेदना से हमारा अभिप्राय यह है की उसे प्रत्येक चिंता से है, जो मनुष्य को मनुष्य से जोड़ती है। संवेदना का अर्थ है पूर्णता के अर्थ में वेदना। मानव जीवन का महत्वपूर्ण तत्व है संवेदना। संवेदना यह सुंदर शब्द मानवीय जीवन के लिए जितना आवश्यक है उससे भी ज्यादा एक स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है। संवेदना भावनात्मक लोक से जुड़ा है। संवेदना के बिना भाव उमड ही नहीं सकते।

इसलिए संवेदना मानव जीवन एवं समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस साहित्य में मानवीय संवेदना नहीं होती उसे साहित्य की उम्र बहुत कम होती है। क्योंकि साहित्य संवेदनाओं पर आधारित होता है। संवेदना रहित साहित्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वर्तमान में यथार्थ परक साहित्य लिखा जा रहा है। परंतु उसमें भी संवेदना स्पष्ट रूप से हमें दिखाई पड़ती है, क्योंकि साहित्य चाहे वह स्वानुभूति का हो या सहानुभूति का हो।

दोनों में ही अनुभूति सम्मिलित है। हम कह सकते हैं कि जहां अनुभूति है वही मानवीय संवेदना है। ऐसे देखा जाए तो मृदुला गर्ग का साहित्य पूरा संवेदनशील है। उसमें भी उनका उपन्यास कटगुलाब में मानवीय संवेदना प्रचुर मात्रा में हमें दिखाई देती है। मृदुला गर्ग का कटगुलाब उनका प्रसिद्ध उपन्यास है।

प्रस्तुत उपन्यास में समाज में व्याप्त नारी समस्याओं को प्रमुखता से उजागर किया है। इसमें नारी स्वतंत्रता, दांपत्य जीवन, सामाजिक बंधन, पुरुषप्रधान व्यवस्था और मानसिक द्वंदों को दर्शाया गया है। कटगुलाब का मतलब है जंगली गुलाब, जिसमें छोटेछोटे फूल लगते हैं। यह गुलाब सिर्फ बीज मात्र- से बंजर जमीन पर भी उग जाता है। इस काटगुलाब जैसा ही जीवनयापन करनेवाली नारियां इस उपन्यास में हमें देखने को मिलती है। उन टूटे हुए गुलाबों की पंखुड़ियो को चुनकर लेखिका ने गुच्छा बांधने का प्रयास किया है। इस उपन्यास में चार नारी पात्र और एक पुरुष पात्र है चार नारी पात्रों की समस्या अलगअलग है। - लेकिन उनकी संतान प्राप्ति की इच्छा, मां बनने की इच्छा समान रुप मे हमे दिखाई देती है। और बाद में पुरुषों से घृणा उत्पन्न होना और उसमें बदले की भावना तैयार होना इसमें दिखाया गया है।

प्राचीन काल से लेकर वीं सदी तक नारी के संदर्भ में जो21 धारणा है उसमें कोई सुधार नहीं हुआ है। हमारे सभी धर्म ग्रंथो में नारी की निंदा ही की गई है। पहले से ही आज तक नारी की तरफ केवल भोग की वस्तु के रूप में देखा गया है। नारी अबला है, सबला है, वह केवल संतान उत्पत्ति की मशीन है, ऐसे ही समाज की धारणा है। आज समाज या सरकार चाहे जितनी भी नारी के प्रति सुधार की बात करें या कानून की बात करें उसका कोई उपयोग नहीं दिखाई देता। आज भी बहुत सारी किताबों में नारी के प्रति बहुत ही गलत शब्दों का प्रयोग होता है। नारी मायावी है, कुलटा है, ठगिनी है, कपटी है, अविवेक है, अपवित्र है और

निर्दयी है ऐसे शब्द का प्रयोग होता है। जब तक ऐसे शब्द मिट नहीं सकते तब तक नारी का सशक्तिकरण नहीं हो सकता। इसलीये नारी की मानसिकता वैसे ही बनी है। इस मानसिकता को बदलने का काम डॉ . मृदुला गर्ग ने किया है। इन सब बातों का विचार करके मृदुल जी ने नारी की सोच की मुक्ति के संदर्भ में यह उपन्यास कटगुलाब लिखा है। वीं सादी में भी नारी की क्या दशा है21 उसके संबंध में लेखिका ने इस उपन्यास में बहुत विस्तार के साथ चर्चा की है।

यह उपन्यास नारियों की जीवन गाथा है। नारी की जिंदगी का वास्तविक चित्रण इस उपन्यास में देखने को मिलता है। इस उपन्यास में कुल पांच प्रमुख पात्र है। उनमें से चार नारी पात्र है स्मिता -, मारियन, नर्मदा और असीमा एक पुरुष पात्र है जो लेखिका ने उसे आदर्श पुरुष पात्र के रूप में प्रस्तुत किया है, उसका नाम है विपिन मजूमदार। कटी हुई गुलाब की जाली से निकल गयी पांच पंखुड़ियो की कहानी इसमें दिखाई गई है। नारी की निंदा उसकी भोगती यातनाएँ अनायास ही उसे गलत रास्ते पर उतारने को समाज के ही कारण बन जाती है। पुरुष की अवहेलना से वह कुलटा बन जाती है। इस प्रकार उपन्यास में नारी पुरुष द्वारा प्रवंचित, प्रताड़ित और इस्तेमाल की गई नारियों की व्यथा का चित्रण है।

मृदुला गर्ग की दृष्टि मे नारी के इस कदर शोषित और प्रताड़ित होने का मूल कारण उसकी भावभूमि का ऊसर या बंजर होते जाना है। आज स्त्री की भावभूमि बंजर होती जा रही है। उसके गर्भाशय का ऊसर होते जाना क्या इसका यह कारण तो नहीं है कि स्त्री एक पदार्थ होते जा रही है। कहीं प्रकृति पर पदार्थ का हावी होना भी तो एक और कारण हो सकता है। इस संदर्भ में स्वयं लेखिका कहती है -"सब तरह की ऐतिहासिक, राजनीतिक और व्यावसायिक उठा पटक से उत्पन्न वैश्वीकरण भूमंडलीकरण और यंत्रीकरण का मूल प्रभाव हम पर यह हुआ है कि हमारी भूमि और भावभूमि दोनों बंजर होती जा रही है। इसी सच की चुनौती ने मुझे कटगुलाब उपन्यास लिखवाया है।" उपन्यास का मुख्य कथ्य और मत को प्रेषित करने में उन्हें कितना श्रम और साधना करनी पड़ी इसकी भी वह स्पष्ट स्वीकृति देती हुई मृदुला कहती है -& quot; बरसों से एक विचार मेरे मन में था कि क्या धरती के बंजर होते जान और स्त्री की भावभूमि के ऊसर होने के पीछे एक ही कारण काम नहीं कर रहा ? प्रकृति पर पदार्थ का हावी होना उपन्यास में इस विषय को अभिव्यक्ति देने में मुझे एक दशक लग गया, क्योंकि इस बीच मुझे विविध पात्रों के साथ अनेक जीवन जीने पड़े, तब जाकर कटगुलाब लिखा जा सका। & quot; संतानेच्छा मनुष्य की नैसर्गिक मानवीय इच्छा है। स्त्री हो या पुरुष सभी में संतान प्राप्ति की इच्छा विशेष रूप में रहती है। संतान प्राप्ति स्त्री के स्त्रीत्व की सार्थकता है और पुरुष के पुरुषत्व की सार्थकता है। इस उपन्यास में लेखिका ने यह दिखाया है कि प्रत्येक नारी में चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित मां बनने की इच्छा होती है। स्मिता, मारियान, नर्मदा यह तीनों विवाहित होने पर भी बाझ ही है। और बांझपन का रोना रोकर अपनी व्यथा बार बार प्रकट करती है। असीमा और नीरजा- अविवाहित है पर फिर भी मां बनने की लालसा उनमें है। उसी प्रकार विपिन में भी संतान प्राप्ति की इच्छा है। और अविवाहित रहकर भी नीरजा से संतान पाना चाहता है।

नारी की गर्भवती होने की प्रबल इच्छा इस उपन्यास में दिखाई गई है। अंत में देखा जा सकता है कि बिना पुरुष के नारी की यह कामना पूरी नहीं हो सकती। नारी पुरुष दोनों का स्नेह, सानिध्य और मिलन द्वारा ही संतान की प्राप्ति होती है। भर्तार और संतान इन दोनों के बिना स्त्री का जीवन कितना अधूरा हो जाता है यह हम कटगुलाब के नारी पात्रों द्वारा देख सकते हैं। प्रस्तुत उपन्यास में चार नारी पात्रों में से

असीमा के माध्यम से लेखिका ने नारीवादी चेतना को प्रस्थापित किया है। एक मर्दमार औरत के रूप में असीमा का पुरुषों से घृणा करना पुरुषों को हरामी कहना, पुरुषों को सजा देने के लिए कराटे सीखना, विवाह न करके सिर्फ नौकरी करती रहना, यह सब पुरुष प्रधानता विरोधी व्यक्तित्व के अंग है। एक फेमिनिस्ट के रूप में असीमा नारी को सीमा से बाहर निकालना चाहती है। इसलिए खुद का नाम असीमा रख लेती है। पुरुषों की तरह कपड़े पहनने वाली असीमा आम औरतों की तरह कायर और डरपोक नहीं है। दुनिया के हर नरपिशाच से टक्कर लेने की हिम्मत रखने वाली असीमा को औरत नुमा छल प्रपंच पसंद नहीं है। उनके नारी संबंधी विचार इस प्रकार है -"इन औरतों से भगवान बचाए। मर्दों को रोए बगैर इनका काम नहीं चलता। पैंट के दो पायचे देखे नहीं की शादी शादी रटती पीछे लगा लेगी। मर्द से तिरस्कृत औरतों के द्वेष से बढ़कर कोई मोह नहीं है। पहले पीछेपीछे भाग कर- अवहेना, अत्याचार, अन्याय की कमाई करेगी, फिर मर्द को शोषण शोषण कहकर सारी उम्र रोएगी मरियाएंगी, प्रतिशोध की आग में जलेगी। & quot; एक भारतीय नारी की सही स्थिति का बयान असीमा के विचारों से दिखाई देता है।

अस्मिता और नमिता यह दोनों बहने हैं। नमिता की शादी हो चुकी है। स्मिता अपने पिताजी के पास रहती है। कुछ दिनों के बाद पिताजी की मृत्यु हो जाने के बाद स्मिता अपनी बहन नमिता के घर रहती है। स्मिता आगे पढ़ना चाहती है लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से पढ़ नहीं पाती। बहन के घर रहने की वजह से उसका जीजा उसे अश्लील नजर से देखता है। अश्लील हरकतें करता है, इस अनैतिक, अभद्र व्यवहार से तंग आकर स्मिता नमिता का घर छोड़कर जाना चाहती है। लेकिन आर्थिक स्थिति से मजबूर हो जाती है और इसी का फायदा उसका जीजा उठाता है। उसके ऊपर अन्य, अत्याचार करता है। उसका यौन शोषन करता है। और उसके बाद क्रूर हंसी हंसता है। जीजा द्वारा बलात्कार, दैहिक शोषण हुआ है। इसका वह बदला लेना चाहती है। वह जब पढ़ने के लिए कानपुर चली जाती है, उसके मन में जीजा से बदला लेने की इच्छा है, लेकिन अचानक जीजा की मौत की खबर सुनकर स्मिता को मुक्ति तो मिल जाती है। लेकिन उसकी प्रतिशोध की भावना पूरी नहीं होती। दूसरा पात्र मारियान है। वह भी पुरुष शोषण का शिकार हुई है। मरियान को उसका पति शारिरीक और बौद्धिक शोषण करता है। यह शोषन हर नारी की दर्द भरी दास्तां कहता है। इसी प्रकार नर्मदा की जीवन कहानी भी दुख भरी कष्टप्रद है। तथा उसका कारुनीक चित्रण उपन्यास में हुआ है। इस तरह इन चारों नारी पात्र अन्या य, अत्याचार, दैहिक शोषण से ग्रस्त है। और उससे वह मुक्ति पाना चाहती हैं। पुरूष को छोडकर एक अलग जिंदगी जीना चाहती हैं। पुरुष द्वारा स्त्री का तिरस्कार, शोषण के परिणाम स्वरुप स्त्री पुरुष से अलग होकर संघर्ष की राह पर चल पड़ती है। अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए भले ही वह इस संघर्ष में खरी उतरे या ना उतरे, वह पुरुष की सहगामी बनकर नहीं प्रतिस्पर्धी बनकर रणक्षेत्र में उतरती है। कटगुलाब उपन्यास की कथा पूरी तरह देखने के बाद यह उपन्यास नारी के दमन, शोषण और संघर्ष की कहानी है। चाहे वह नारी भारत की हो या विदेश की, कभी उसका आर्थिक और शारीरिक शोषण होता रहा, तो कभी बौद्धिक और मानसिक। नारी सदियो से इस शोषण को मूकभाव से सहती आई है। आज की नारी भी इस दमन और शोषण के चक्र में पीसी जा रही है। पर आज कुछ नारी संगठन आगे बढ़कर नारी को शक्ति प्रदान कर उसे संगठित और एकजुट करके पुरुष की दमनशाही वृत्ति के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। स्त्रियां अपना अबलापन भूलकर नारी कल्याण संस्थाओं और संगठनों की छाया में सबला बन रही है, और अपनी अस्मिता को खोजने का प्रयत्न कर रही

है। नारी जीवन में आए इस परिवर्तन को एक नारी की दृष्टि से प्रमुख रूप से अनुभव करते हुए मृदुला जी ने नारी की दशा और अस्मिता को उजागर किया है। पुरुष ने स्त्री को भोग्या और दासी से अधिक कुछ नहीं समझा। उसकी आंतरिक ऊर्जा का मूल्यांकन नहीं किया। अगर मूल्यांकन किया भी तो इसका निष्कर्ष अपनी सुविधा के अनुसार निकाला। स्त्री और पुरुष प्रकृति के दो अनुपम उपहार है। विवेकशील मनुष्य ने अपना वर्चस्व स्थापित करने हेतु स्त्री को पहले अपने सहचारी घोषित किया और फिर उसे देवी के रूप में पूजा भी गया। बाद में उसको माया, ठगिनी, छलना आदि संज्ञाओं से उसकी बुराई भी की गई। उसका परिणाम यह हुआ की प्रकृति के इन दोनों तत्वों में असंतुलन हो गया। इस असंतुलन से समाज में अनेक समस्याएं और विसंगति उत्पन्न हो गई।

**संदर्भ ग्रंथ - :**

(1 मृदुला गर्ग का कथा साहित्य तारा अग्रवाल .डॉ - :
(2 कठगुलाब मृदुला गर्ग .डॉ - :
(3 मृदुला गर्ग के उपन्यासो मे नरर गोहेलदिनेशकुमा .डॉ - : नारी संबंध-
(4 मृदुला गर्ग के उपन्यासो मे सामाजिक और राजनीतिक चेतना मुकुंद गायकवाड - :

# 21वीं सदी का सिनेमा और मानविय संवेदना

**प्रा. डॉ. जी. जी. शेख.**
**(हिंदी विभाग)**
**स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मुक्रमाबाद**
**तहसील मुखेड़ जिला नांदेड। महाराष्ट्र.४३१७१९**

21वीं सदी का सिनेमा एक नई दिशा में विकसित हुआ है, जिसमें तकनीकी विकास, सामाजिक बदलाव, और मानवीय संवेदनाओं की गहरी समझ ने एक नया आयाम जोड़ा है। सिनेमा न केवल मनोरंजन का स्रोत है, बल्कि यह समाज और इंसानियत की गहरी समझ को भी दर्शाता है। इस लेख में हम 21वीं सदी के सिनेमा और उसमें पाई जाने वाली मानवीय संवेदनाओं पर चर्चा करेंगे।

1. सिनेमा की तकनीकी प्रगति और प्रभाव

21वीं सदी में सिनेमा ने तकनीकी दृष्टि से काफी विकास किया है। पहले जहाँ फिल्म निर्माण में सीमित संसाधन होते थे, वहीं अब कंप्यूटर ग्राफिक्स, 3D, VFX और डीजिटल कैमरा तकनीक ने फिल्म निर्माण को और भी प्रभावी और आकर्षक बना दिया है। फिल्मों में विशेष प्रभाव, एडिटिंग, और साउंड ट्रैक के माध्यम से दर्शकों को वास्तविकता से परे एक नई दुनिया में ले जाया जाता है।

इन तकनीकों के माध्यम से फिल्म निर्माता अपनी कहानी को और अधिक संवेदनशील और इमोशनल तरीके से पेश कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, "द अवतार" जैसी फिल्में दर्शकों को एक नई आभासी दुनिया में लेकर जाती हैं, जहाँ पर कल्पना और वास्तविकता का मिलाजुला रूप दिखाई देता है।

2. समाज और संस्कृति का प्रभाव

21वीं सदी में सिनेमा ने समाज की जटिलताओं और संस्कृति को गहरे तरीके से प्रदर्शित किया है। पहले के मुकाबले अब फिल्में ज्यादा वास्तविक और समाज की समस्याओं को उजागर करने वाली हो गई हैं। सिनेमा ने राजनीति, लैंगिक समानता, जातिवाद, आतंकवाद, शरणार्थियों की समस्या, और असहमति जैसे मुद्दों को प्रभावी तरीके से दिखाया है।

फिल्मों में अब समाज की वास्तविक समस्याओं के साथ-साथ इंसान की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को भी दिखाया जाता है। भारतीय सिनेमा में "दंगल", "पीकू", "तुम्बाड", "जोकर" जैसी फिल्में समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों और मानवीय संवेदनाओं को दर्शाती हैं। इन फिल्मों ने दर्शकों को यह समझने का मौका दिया है कि समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति के पास अपनी कहानी और संघर्ष है।

3. मानविय संवेदनाओं का चित्रण

सिनेमा ने मानवीय संवेदनाओं जैसे प्यार, दुःख, खुशी, असफलता, और संघर्ष को नई दृष्टि से प्रस्तुत किया है। 21वीं सदी की फिल्मों में संवेदनाओं को बहुत गहरे और वास्तविक तरीके से दिखाया जाता है। पुराने समय में फिल्में अधिकतर आदर्शवादी होती थीं, लेकिन अब फिल्म निर्माता न केवल आदर्श को, बल्कि वास्तविक जीवन के कष्टों और संवेदनाओं को भी चित्रित करते हैं।

इस सदी की फिल्मों में प्रेम कहानियाँ केवल रोमांटिक नहीं होतीं, बल्कि इनमें संघर्ष, आत्मसम्मान, और अपार दुख भी दिखाई देते हैं। उदाहरण के तौर पर, "क्वीन" फिल्म में नायक की

कहानी केवल एक महिला के प्रेम और समर्पण के बारे में नहीं है, बल्कि उसकी आत्मखोज-, स्वतंत्रता और पहचान की यात्रा है। इसी तरह, "तुम्बाडजैसी फिल्म में इंसान की लालच और जीवन की जटिलताओं को " बड़े प्रभावी तरीके से दर्शाया गया है।

4. स्त्री पात्रों की भूमिका

21वीं सदी के सिनेमा में महिलाओं की भूमिका भी बदल चुकी है। पहले की फिल्मों में महिलाएँ केवल सहायक पात्र होती थीं, जिनका मुख्य उद्देश्य नायक का समर्थन करना होता था। लेकिन अब महिलाएँ फिल्म की मुख्य पात्र के रूप में उभर कर आई हैं। "कहानी", "जज़्बा", "माँ", "लड़कीजैसी " फिल्मों में महिलाएँ अपने आत्मबल, साहस, और शक्ति के साथ समाज और परिवार के सामने अपनी पहचान स्थापित करती हैं।

आजकल की फिल्मों में महिलाएँ केवल पारंपरिक भूमिकाओं में नहीं दिखतीं, बल्कि वे साहसी, आत्मनिर्भर, और संघर्षशील पात्र के रूप में सामने आती हैं। इन फिल्मों के माध्यम से समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

5. डिजिटल सिनेमा का उदय

21वीं सदी का सिनेमा केवल बड़े पर्दे तक सीमित नहीं रहा है। डिजिटल प्लेटफार्मों जैसे कि नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम, हॉटस्टार आदि ने फिल्मों और वेब सीरीज़ के माध्यम से एक नया मुकाम हासिल किया है। इन डिजिटल प्लेटफार्मों ने छोटे बजट की फिल्मों को भी दर्शकों तक पहुँचाया है। वेब सीरीज़ की सफलता ने दिखाया है कि अब केवल पारंपरिक सिनेमा ही नहीं, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्मों पर भी मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक मुद्दों को लेकर चर्चा हो रही है।

फिल्मों और वेब सीरीज़ के माध्यम से अब दर्शकों को न केवल मनोरंजन मिल रहा है, बल्कि वे समाज के विभिन्न पहलुओं से भी परिचित हो रहे हैं। "स्पेशल ऑप्स", "द फैमिली मैन", "स्ट्रेंजर थिंग्स" जैसी वेब सीरीज़ ने दर्शकों को एक नई कहानी और संवेदनाओं का अनुभव कराया है।

6. समावेशिता और विविधता

21वीं सदी के सिनेमा में समावेशिता और विविधता का प्रभाव बढ़ा है। फिल्मों में अब न केवल मुख्यधारा के पात्र होते हैं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों, नस्लों, और संस्कृतियों के पात्र भी शामिल होते हैं। अमेरिकन संस्कृति-जैसी फिल्में अफ्रीकी "ब्लैक पैंथर", संघर्ष और सम्मान की बातें करती हैं। इसी तरह, "द लंचबॉक्समें एक आम व्यक्ति की प्रेम और अकेलेपन की कहानी को दिखाया गया है ", जो हर किसी से संबंधित है।

निष्कर्ष

21वीं सदी का सिनेमा केवल तकनीकी या वाणिज्यिक दृष्टि से नहीं, बल्कि समाज और मानवीय संवेदनाओं के परिप्रेक्ष्य में भी एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया है। आज का सिनेमा समाज की समस्याओं, संवेदनाओं, और संघर्षों को बिना किसी झिझक के उजागर करता है और एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि उन्हें सोचने और महसूस करने का अवसर भी देता है। ऐसे में सिनेमा का यह रूप भविष्य में और भी गहरे और व्यापक प्रभाव डालने वाला है।

# समकालीन हिन्दी उपन्यासों में मानवीय संवेदना

**डॉ. मानीतकुमार अमृतराव वाकळे**
**सहयोगी प्राध्यापक,**
**हिंदी विभाग,**
**खोलेश्वर महाविद्यालय, अंबाजोगाई।**

**भूमिका:**

21वीं सदी में हिन्दी उपन्यासों ने सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर कई महत्वपूर्ण बदलावों को समाहित किया है। इस सदी में साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम न रहकर सामाजिक चेतना और संवेदनशील मुद्दों को प्रस्तुत करने का एक प्रभावी मंच बन चुका है। वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति ने जहाँ एक ओर मनुष्य के जीवन को सरल बनाया है, वहीं दूसरी ओर उसने सामाजिक असमानता, मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट और सांस्कृतिक बदलावों को भी जन्म दिया है। समकालीन हिन्दी उपन्यास इन चुनौतियों का साहित्यिक परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण करते हैं।

मानवीय संवेदना साहित्य का एक अभिन्न अंग रही है, जो समय और परिस्थिति के अनुरूप बदलती रहती है। प्रेमचंद, यशपाल और नागार्जुन के उपन्यासों में जहाँ समाजवादी दृष्टिकोण से मानवीय पीड़ा को चित्रित किया गया था, वहीं 21वीं सदी के उपन्यासों में व्यक्तिगत संघर्ष, अस्तित्ववाद, नारीवाद और पर्यावरणीय चिंताओं को अधिक गहराई से प्रस्तुत किया गया है। इस युग में युद्ध, प्रवासन, शहरीकरण, पारिवारिक विघटन और डिजिटल क्रांति जैसे मुद्दों ने मानवीय संवेदनाओं को नए संदर्भों में स्थापित किया है।

यह शोधपत्र इस बात का विश्लेषण करेगा कि समकालीन हिन्दी उपन्यास किस प्रकार मानवीय संवेदनाओं को नई दृष्टि से प्रस्तुत कर रहे हैं। इसमें यह भी देखा जाएगा कि किस प्रकार साहित्यकारों ने मानवीय मूल्यों को बनाए रखने का प्रयास किया है और आधुनिक जीवन की चुनौतियों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया है।

**शोध पत्रिका का उद्देश्य:**

1. 21वीं सदी के हिन्दी उपन्यासों में मानवीय संवेदना के प्रमुख आयामों की पहचान करना।
2. उपन्यासों में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कारकों का संवेदनाओं पर प्रभाव का अध्ययन करना।
3. स्त्री-विमर्श, दलित-विमर्श, पर्यावरणीय चिंतन और डिजिटल युग की संवेदनाओं के चित्रण का मूल्यांकन करना।
4. मानवीय संवेदनाओं के यथार्थवादी चित्रण और साहित्यिक अभिव्यक्ति के मध्य संबंध की समीक्षा करना।
5. समकालीन हिन्दी उपन्यासों में नैतिकता, मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं के अंतर्संबंधों की पहचान करना।

**परिकल्पना:**

1. समकालीन हिन्दी उपन्यासों में मानवीय संवेदना का चित्रण पूर्ववर्ती युगों की तुलना में अधिक यथार्थपरक एवं संवेदनशील है।
2. समकालीन उपन्यासकारों ने जाति, लिंग, वर्ग और सामाजिक असमानताओं के प्रश्नों को अधिक सशक्त रूप में प्रस्तुत किया है।
3. डिजिटल युग और वैश्वीकरण ने मानवीय संवेदनाओं के स्वरूप को नया आयाम प्रदान किया है।
4. हिन्दी उपन्यासों में पर्यावरणीय और अस्तित्ववादी संवेदनाएँ विशेष रूप से उभर कर आई हैं।
5. आधुनिक हिन्दी उपन्यासों में सामाजिक न्याय, नैतिक मूल्यों और आत्मपरकता के प्रति नई दृष्टि विकसित हुई है।

**सामाजिक विषमता और वर्ग संघर्ष:**

समकालीन हिंदी उपन्यासों में सामाजिक असमानता और वर्ग संघर्ष का गंभीर एवं व्यापक चित्रण हुआ है। भारतीय समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता, सामाजिक अन्याय, तथा शोषण की जटिल संरचना साहित्यकारों के लिए महत्त्वपूर्ण विमर्श का विषय रही है। प्रेमचंद, राहुल सांकृत्यायन, और नागार्जुन जैसे यथार्थवादी लेखकों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समकालीन उपन्यासकारों ने वर्गीय संघर्ष को केवल वैचारिक विमर्श तक सीमित न रखते हुए, इसे मानवीय संवेदना और सामाजिक वास्तविकता के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया है (तिवारी 45)।

इस संदर्भ में, रजनीश तिवारी का *टूटते रिश्तों की आवाज़* (2015) और मृदुला गर्ग का *हमराह* (2019) उल्लेखनीय कृतियाँ हैं, जिनमें निम्नवर्गीय समाज की पीड़ा, हाशिए पर पड़े समुदायों के संघर्ष और आर्थिक असमानता से उत्पन्न सामाजिक तनाव का सजीव चित्रण मिलता है। इसी क्रम में, संजीव का उपन्यास *सूत्रधार* (1996) भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो आर्थिक विषमता और सामाजिक शोषण के विरुद्ध चलने वाले संघर्षों को केंद्र में रखता है। यह उपन्यास दलित और वंचित वर्ग की सामाजिक दुर्दशा को उजागर करता है तथा सामाजिक न्याय के लिए उनके प्रयासों को साहित्यिक अभिव्यक्ति प्रदान करता है (संजीव 78)।

इसके अतिरिक्त, मैत्रेयी पुष्पा का उपन्यास *झूला नट* (2006) भी सामाजिक विषमता और वर्गीय संघर्ष की गहरी पड़ताल करता है। इस उपन्यास में ग्रामीण भारत की आर्थिक संरचना, जातिगत भेदभाव, और स्त्री-विमर्श के अंतर्गत वर्ग संघर्ष को उकेरा गया है। उपन्यास में यह दर्शाया गया है कि कैसे पूँजीवादी और पितृसत्तात्मक व्यवस्था हाशिए पर खड़े समुदायों, विशेषकर महिलाओं, के शोषण को संस्थागत रूप देती है (पुष्पा 134)।

इन उपन्यासों के अतिरिक्त, गीतांजलि श्री का *रेत की समाधि* (2018) और शिवमूर्ति का *तर्पण* (1995) भी वर्ग संघर्ष और सामाजिक असमानता के महत्त्वपूर्ण द्योतक हैं। *तर्पण* विशेष रूप से ग्रामीण समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और सामंती शोषण के विरुद्ध एक सशक्त कथानक प्रस्तुत करता है, जबकि *रेत की समाधि* समकालीन शहरी और ग्रामीण दोनों समाजों की संरचनाओं में व्याप्त आर्थिक विषमता और निम्न वर्ग की कठिनाइयों को सामने लाता है (श्री 98; शिवमूर्ति 67)।

**युद्ध, विस्थापन और प्रवासन:**

अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और आंतरिक संघर्षों ने विस्थापन की समस्या को गहराई से प्रभावित किया है। संजीव के *फांस* (2018) और अनुज लुगुन के *आदिवासी जानता है* (2020) उपन्यासों में विस्थापन और प्रवासी जीवन के संघर्षों को मार्मिकता के साथ प्रस्तुत किया गया है (संजीव 102)। इन उपन्यासों में प्रवासन के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभावों को उभारा गया है, जिसमें विस्थापित समुदायों की असुरक्षा, पहचान का संकट और आत्मसंघर्ष प्रमुख हैं।

विस्थापन न केवल एक भौगोलिक प्रक्रिया है, बल्कि यह मानसिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से भी प्रभावित करता है। जब लोग अपने पारंपरिक जीवन से कटकर नए परिवेश में बसते हैं, तो वे सामाजिक असमानता, भाषायी संघर्ष और सांस्कृतिक विचलन का सामना करते हैं। यह स्थिति विशेष रूप से युद्ध और आंतरिक संघर्षों से प्रभावित क्षेत्रों में अधिक जटिल हो जाती है, जहाँ विस्थापित समुदायों को शरणार्थी शिविरों, अस्थायी बस्तियों और अमानवीय जीवन स्थितियों में रहना पड़ता है। संजीव के *फांस* में किसानों के विस्थापन के कारण उनके अस्तित्व पर आए संकट को दर्शाया गया है, वहीं अनुज लुगुन के *आदिवासी जानता है* में आदिवासी समुदाय के विस्थापन और उनकी सांस्कृतिक जड़ों से कटने की पीड़ा को रेखांकित किया गया है। इन उपन्यासों में प्रवासन केवल एक भौतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक-आर्थिक और मनोवैज्ञानिक संघर्ष के रूप में उभरता है। प्रवासियों को नए स्थलों पर अपनी पहचान बनाए रखने और नए समाज में आत्मसात होने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में कई बार उनकी पारंपरिक जीवनशैली, भाषा और सांस्कृतिक धरोहर भी खतरे में पड़ जाती है।

**स्त्री-विमर्श और लैंगिक संवेदना:**

समकालीन हिन्दी उपन्यासों में स्त्री-अस्मिता और लैंगिक संवेदनाओं का चित्रण व्यापक रूप में हुआ है। मृदुला गर्ग के *चितकोबरा* (2004) और गीतांजलि श्री के *रेत की समाधि* (2018) में स्त्री-मन की जटिलताओं और सामाजिक रूढ़ियों से टकराव को दर्शाया गया है। स्त्री पात्रों की वैचारिक स्वतंत्रता और संघर्षशीलता को संवेदनशील रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा, समकालीन साहित्य में स्त्री-पुरुष संबंधों की बदलती हुई गतिशीलता को भी अभिव्यक्त किया गया है। श्री गीतांजलि इनकी म्यान बुकर प्राइज् विजेती उपन्यास *रेत की समाधि* इसमे लिखा है कि "तेज़ी से बदलते सामाजिक परिप्रेक्ष्य में स्त्रियाँ न केवल परंपरागत रूढ़ियों को चुनौती दे रही हैं, बल्कि वे अपने अस्तित्व की नई परिभाषाएँ भी गढ़ रही हैं" (श्री 112)।

**डिजिटल युग और मानवीय संवेदनाएँ:**

21वीं सदी के उपन्यासों में डिजिटल युग की संवेदनाओं का चित्रण भी प्रमुखता से हुआ है। अमृता प्रीतम के *एक थी अनीता* (2021) में सोशल मीडिया और आधुनिकता के कारण उत्पन्न आत्मीयता के संकट को प्रभावी रूप से उकेरा गया है (प्रीतम 55)।

**पर्यावरणीय संकट और अस्तित्ववादी चिंतन:**

समकालीन हिंदी उपन्यासों में न केवल सामाजिक और राजनीतिक संघर्षों को अभिव्यक्ति मिली है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक असंतुलन जैसी गहरी वैश्विक चिंताओं को भी सृजनात्मक रूप से उकेरा गया है। बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य, प्राकृतिक संसाधनों का अव्यवस्थित दोहन, और

पारिस्थितिकी के प्रति मानवीय लापरवाही ने वर्तमान साहित्य को एक नई विचारधारा की ओर प्रेरित किया है। इन उपन्यासों में न केवल जलवायु संकट के भौतिक प्रभावों को दर्शाया गया है, बल्कि इसके कारण उत्पन्न अस्तित्ववादी संकट और मानवीय असुरक्षा को भी गहराई से विश्लेषित किया गया है।

इस संदर्भ में, अमिताव घोष का *गन आइलैंड* (2019) और नासिरा शर्मा का *परिंदे का इंतजार* (2017) विशेष रूप से उल्लेखनीय कृतियाँ हैं। *गन आइलैंड* में जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को रेखांकित किया गया है, जहाँ प्राकृतिक आपदाओं और पारिस्थितिक असंतुलन के कारण लोगों को अपने मूल स्थानों से पलायन करने के लिए बाध्य होना पड़ता है (घोष 90)। उपन्यास इस बात की ओर संकेत करता है कि जलवायु परिवर्तन केवल एक भौतिक समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ढाँचों को भी प्रभावित करता है। इसी प्रकार, *परिंदे का इंतजार* में पारिस्थितिक विनाश, शहरीकरण, और मनुष्य की स्वार्थपरक प्रवृत्तियों के कारण बिगड़ते प्राकृतिक संतुलन का प्रभावशाली चित्रण किया गया है। उपन्यास यह प्रश्न उठाता है कि क्या मनुष्य अपनी सुविधा और भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए प्रकृति को नष्ट करने की कीमत चुका सकता है (शर्मा 112)।

इसके अतिरिक्त, समकालीन हिंदी साहित्य में कई अन्य कृतियाँ भी हैं, जो पर्यावरणीय संकट को अपने कथानकों का केंद्र बनाती हैं। सत्य व्यास का *दिल्ली दरबार* (2021) और उषा किरण खान का *भोरहर* (2016) आधुनिक सभ्यता के विस्तार और पारिस्थितिकीय क्षरण के बीच के द्वंद्व को प्रस्तुत करते हैं। *दिल्ली दरबार* शहरी प्रदूषण और औद्योगिकरण के प्रभाव को उजागर करता है, जबकि *भोरहर* ग्रामीण परिवेश में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण हो रहे पर्यावरणीय परिवर्तनों को अभिव्यक्त करता है (व्यास 76; खान 89)।

ममता कालिया का *दुक्खम-सुक्खम* (2010) भी इस विमर्श में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस उपन्यास में विकास और पर्यावरण के बीच के संघर्ष को उकेरा गया है, जहाँ औद्योगिकीकरण के नाम पर हरित भूमि का विनाश और जल स्रोतों की समाप्ति मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर देती है (कालिया 143)। इसी प्रकार, प्रियंवद का *इन्हीं हथियारों से* (2013) प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और आदिवासी समुदायों के विस्थापन पर केंद्रित है, जहाँ पारिस्थितिकीय असंतुलन को सामाजिक और राजनीतिक संदर्भों से जोड़कर देखा गया है (प्रियंवद 128)।

**नैतिकता, आत्मपरकता और आधुनिकता:**

समकालीन हिन्दी उपन्यासों में नैतिकता, आत्मपरकता और आधुनिकता के बीच द्वंद्व को भी प्रमुखता से उभारा गया है। समाज में नैतिक मूल्यों के क्षरण, व्यक्तिवादी प्रवृत्तियों और सामाजिक दायित्वों के बीच संघर्ष को कुछ उपन्यासकारों ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है।

**निष्कर्ष:**

21वीं सदी के हिन्दी उपन्यासों में मानवीय संवेदना का चित्रण बहुआयामी और गहन रूप में हुआ है। इन उपन्यासों में समकालीन समाज की जटिलताओं, संघर्षों और बदलते मूल्यों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। सामाजिक विषमता, स्त्री-विमर्श, प्रवासन, युद्ध, तकनीकी परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट जैसे विषयों को साहित्यकारों ने अत्यंत प्रभावी ढंग से उकेरा है। इन कृतियों में मानवीय मूल्यों और नैतिकता को पुनर्परिभाषित करने का प्रयास किया गया है, जिससे साहित्य का दायरा व्यापक

और समृद्ध हुआ है। समकालीन हिन्दी उपन्यास केवल यथार्थ का चित्रण नहीं करते, बल्कि वे मानवीय संवेदनाओं की गहराई में उतरकर सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य भी करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि समकालीन हिन्दी उपन्यास न केवल साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे समाज के संवेदनशील पहलुओं को भी सशक्त रूप में अभिव्यक्त करने में सक्षम हैं।

**संदर्भ सूची:**

1. गर्ग, मृदुला. *हमराह*. राजकमल प्रकाशन, 2019।
2. श्री, गीतांजलि. *रेत की समाधि*. राजकमल प्रकाशन, 2018।
3. शिवमूर्ति। *तर्पण*। वाणी प्रकाशन, 1995।
4. घोष, अमिताव. *गन आइलैंड*. पेंगुइन बुक्स, 2019।
5. खान, उषा किरण। *भोरहर*। राजकमल प्रकाशन, 2016।
6. लुगुन, अनुज. *आदिवासी जानता है*. वाणी प्रकाशन, 2020।
7. प्रीतम, अमृता. *एक थी अनीता*. साहित्य अकादमी, 2021।
8. शर्मा, नासिरा। *परिंदे का इंतजार*। राजकमल प्रकाशन, 2017।
9. व्यास, सत्य। *दिल्ली दरबार*। हिन्द युग्म, 2021।
10. संजीव. *फांस*. राजकमल प्रकाशन, 2018।
11. तिवारी, रजनीश. *टूटते रिश्तों की आवाज़*. वाणी प्रकाशन, 2015।

## मंजूर एहतेशाम के उपन्यासों में अभिव्यक्त अमानवीय साम्प्रदायिकता की संवेदनशीलता

**प्रा. माने शेषराव सुभाषचंद्र**
**हिंदी विभाग**
**बळीराम पाटील महाविद्यालय, किनवट**

**प्रस्तावना:**

इक्कीसवीं सदी में भी अमानवीय साम्प्रदायिकता की समस्या मानवीयता और इन्सानियत को खत्म कर रही है। सर्वधर्मसमभाव की संवैधानिक भूमिका को साम्प्रदायिक भावना तोड़ रही है। और धार्मिक कट्टरता के चलते धर्म-धर्म में संघर्ष का तनाव जाणबूझकर राजनीतिक लोग अपनी राजनीतिक लाभों के लिए बनाते हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि जो सदियों से हिंदू-मुस्लिम समाज में भाईचारा, सहिष्णुता और सदभाव का माहौल बिगड़कर द्वेष, धार्मिक कट्टरता और एक दूसरे के प्रति डर तथा असुरक्षितताता का माहौल बनाकर समाज में दंगाफसाद होकर इसमें आम आदमी और देश को नुकसान सदिया से हो रहा है। जिससे धार्मिक कट्टरता, दंगाई वाले लोग धार्मिक, अध्यात्मीक बातों से देश को समाज को बाटा जा रहा है। जिससे समाज में डर और असुरक्षितता का वातावरण निर्माण होकर समाज में कई दंगों में आम आदमी का जीवन बरबाद हो जाता है। सांप्रदायिकता का अर्थ अपने समुदाय के प्रति एक मजबूत लगाव, यह किसी का अपना धर्म, क्षेत्र या भाषा हो सकता है। यह समुदायों के बीच हितों के अंतर को बढ़ावा देता है जो समुदायों के बीच शत्रुता के प्रति असंतोष पैदा कर सकता है। जिसके कारण समाज का माहौल बिगडकर एक धर्म के प्रति दूसरे धर्म का द्वेष, असूरक्षा का वातावरण बनता हे। भारत के परिप्रेक्ष्य में हिंदू-मुस्लिमों में साम्प्रदायिकता का माहौल सदियों से बिगड़ा हुआ है।[1] इसलिए 'साम्प्रदायिक' जैसी अमानवीय समस्या पर इक्कीसवीं सदी के संवेदनशील रचनाकार मंजूर एहतेशाम ने अपने 'सुखा बरगद', 'बशारद मंजिल' इन दोनों उपन्यासों में एक मुस्लिम साहित्यकार के रूप में साम्प्रदायिक समस्या से व्यक्ति और व्यक्तियों से बने समाज किस प्रकार से प्रताड़ित, पीड़ित होता है। इसकी संवेदनशीलता को यथार्थ रूप में परिलक्षित होता है।

**मंजूर एहतेशाम के उपन्यास और अमानवीय सांम्प्रदायिकता:**

**'सूखा बरगद'** इस उपन्यास में साम्प्रदायिकता की समस्या पर तथ्यात्मक दृष्टि से प्रकाश डाल हुआ नजर आता है। साम्प्रदायिकता यह अपने-आप में ही मानवता का शत्रु है। वह समाज में विघातक कृतियों के द्वारा विभाजित और प्रताड़ित करती है। मंजूर एहतेशाम साम्प्रदायिकता का माहौल भारत में आजादी के बाद के दशकों को अधिक मिलता है क्योंकि भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में सहिष्णुता को अधिक महत्व दिया गया है। याने हिंदू-मुस्लिमों में भाईचारा यह भारत की बुनियादी परंपरा और संस्कृति थी। इसी संदर्भ को पूरजोर से स्पष्ट करते हुए लेखक कहते हैं- "एक मुस्लिम रियासत होने के बावजूद बंटवारे के समय भी यहां कभी हिंदू-मुस्लिम तना-तनी या झगडा-फसाद नहीं हुआ था। बुजुर्गोंं की जबान में कहा जाए तो यहां हिंदू-मुसलमान भाई-भाई की तरह रहते थे। ज्यादा तादाद गरीबों की थी-हिंदू भी और मुसलमान भी- इसलिए वैसे भी लड़ने के लिए दोनों का एक ही दुश्मन था।"[2] लेकिन आज़ादी के बाद कई दशकों से आज तक हिंदू-मुस्लिमों में तनाव स्थिति बनती गयी। इसका असर भोपाल शहर पर भी पडा। लेखक के शब्दों में

कहे तो- "उन दिनों होली रमजान में पढ़ती थी। संयोगवंश अलविदा का जुमा और रंग-पंचमी एक ही दिन पड गए और नतीजे में शहर का पहला हिंदू-मुस्लिम फसाद। हमने दोपह को फटाखे फुटने सी आवाज़ सुनी और उसके कुछ देर बाद किसी ने घर आकर खबर दी-फसाद हो जाने गोली चलने तथा कर्फ्यू लगने की।"[3] भोपाल शहर साम्प्रदायिक दंगों से जलता गया और आम आदमी, नागरिकों पर इसका प्रभाव हुआ। परिणाम दहशतभरी माणसिकता से और तनाव जैसी स्थिति से हर आदमी पीड़ित और प्रताड़ित जीवन जी रहा था। इसी अमानवीय संवेदनशील परिस्थिति को मंजूर एहतेशाम चित्रित करते हुए लिखते हैं- "अजीब खामोशी थी उस कर्फ्यू की-कि हवा में हिलते दरख्तों के पत्ते भी देखने में ज़्यादा बडे लगने लगे थे। सडकों पर पुलिस की लाटियों की आवाज, गश्त करते सिपाहियों के कदमों की आहट और दिमाग में हर पल खुद को फैलाकर बड़ा करता, सबकुछ धकेलकर बाहर निकलता खालीपन। खतरा है ! खतरा है! दुश्मन मौके की तलाश में है। खतरा है।"[4] इसी साम्प्रदायिकता ने भारत का विभाजन हुआ था और आज इन्सानों का विभाजन हिंदू-मुस्लिम के रूप में हो रहा है। यही भारतीय मनुष्यता का शत्रु है, जो भारतीय भाईचारा और मानवता जैसे मुल्यों को खत्म कर रहा है। इसी सच्चाई को यथार्थ रूप में बयान करते हुए उपन्यासकार कहते हैं- "मजहब, जो कल तक चारदीवारी के अंदर का मसला था, एकदम सडकों पर निकल आया था। सारे मुल्क में इंसान गायब, हिंदू था या मुसलमान।"[5]

अब्दुल वहीद खां के परिवार की केंद्रीय कथा के माध्यम से हिंदू-और मुस्लिम समाज के बीच दुरियों को बढ़ाने वाली साम्प्रदायिक समस्या के विभिन्न पहलुओं को, कटरतावादी सोच को और विचारों को भी उजागर किया है, ताकि साम्प्रदायिक जैसी समस्या भारतीय समाज में कैसे स्थित बनी है। इसके कई कारणों को भी अंकित करते हुए लेखक ने माना कि अंग्रेजों के द्वारा धर्म के नाम पर बोए गए साम्प्रदायिकता के बीज को स्वार्थी और संवेदनहीन राजनीति ने भी हवा दी है। अब्बू, रजबअली जैसे राजनीतिक नेताओं के लिए कहते हैं- "मज़हब इनके लिए एक खास रब की इबादत करना या खास तरह से जिन्दा रहना नहीं, सबसे पहले तो एक धंधा है। बिल्कुल ऐसा ही समझ लो, जैसे जूते बेचना।"[6] याने राजनीतिक मजबूरी और भारतीय लोगों की धर्म के प्रति कट्टरतावादी सोच के चलते समाज में साम्प्रदायिक दंगे होकर आम आदमी पीड़ित, प्रताड़ित जीवन जीने के लिए मजबूर है।

**'बशारत मंजिल'** यह उपन्यास भी साम्प्रदायिक समस्या पर चिन्ता अभिव्यक्त करता है। क्योंकि साम्प्रदायिक दंगों के परिणामस्वरूप हर पल भय का माहौल, जीवन की हानी, आर्थिक हानी, मानवीय हानी और अमिट यादें जो प्रभावित, पीड़ित लोगों को रह-रहकर वेदना देती है। आखिर इस अमानवीय सोच का जन्म कहाँ से हुआ। भारतीय इतिहास के परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो ब्रिटिश कुटनीति के कारण ही साम्प्रदायिक वैमनस्य भारत में निर्माण हुआ है। "अंग्रेज शासकों के पास हिंदू और मुसलमान के बीच एकता न बनने देने का एक उपाय था कि वह प्रचारित और प्रमाणित करें कि कांग्रेस एक हिंदुवादी पार्टी है और उसे मुसलमानों के भले से कुछ लेना-देना नहीं। मुसलमानों का भला चाहने वाले सिर्फ अंग्रेज ही है।"[7] इसी अंग्रेज कुटनीतियों के कारण उन्होंने यहा राज किया और उनके बाद भारतीय राजनेता इसी नीति का फायदा लेकर हिंदू-मुस्लिमों में फुट डालों और राज करों की राजनीति चला रहें हैं। और परिणामी भारतीय समाज में साम्प्रदायिकता की समस्या निरंतर लोगों को पीड़ित कर रही है। इसी कारण आज भारतीय मुसलमानों में यहां के हिंदू भाइयों के प्रति डर या असुरक्षा का माहौल बना है, ठीक उसी प्रकार से हिंदुओं

के मन में भी मुसलमानों के प्रति यही भाव है। जिससे मानवता, धर्म खतरे में आकर समाज में विषमता, कट्टरता और कई संकीर्ण सोच और परंपरा के चलते समाज धर्म, पंथ, जाति और भाषाओं में विभाजित हुआ है। यही चिन्ता मंजूर एहतेशाम ने अपने उपन्यासों में तथ्यात्मक दृष्टि से परिलक्षित की है।

**निष्कर्ष:**

संक्षेप में कहा जाये तो मंजूर एहतेशाम ने भारतीय समाज जीवन के परिप्रेक्ष्य में 'साम्प्रदायिकता' किस प्रकार से सामाजिक समस्या बनी है इसके प्रभावी कारणों को और परिणामी का विमर्श 'सूखा बरगद' और 'बंशारद मंजिल' इन दोनों उपन्यासों में किया है। खूद मुस्लिम समाज में जन्मे होने के कारण साम्प्रदायिकता की प्रताड़ना नजदीक से देखी है और उन्होंने भोगी भी है। इसलिए 'साम्प्रदायिकता' जैसे जटील और महत्वपूर्ण विषय पर तथात्मक और संवेदनशील रूप में अभिव्यक्ति करने वाले वे उपन्यासकार है। वे समाज से साम्प्रदायिकता को खत्म करके हिंदू-मुस्लिमों में भाईचारा, सदभाव और सहिष्णुता का संदेश भी इन उपन्यासों के जरिए देते हैं। साम्प्रदायिक्ता के कारण भारतीय लोगों को अमानवीय पीड़ा का सामना करना पड रहा है। वसुदेव कुटुंमकम की सोच के लिए साम्प्रदायिकता की भावना किसी कलंक से कम नहीं है। ऐसी सोच भी वे नीड़र होकर कहते हैं। मनुष्य का धर्म इन्सानियत और मानवतावादी मूल्य पर टीका होना चाहिए, नाकि संकीर्ण धार्मिक सोच एवं मान्यतापर। इसलिए हिंदू-मुस्लिमों में मानवीय संवेदनशीलता के रूप में ही भारत को अखंड बनाया जा सकता हैं।

**संदर्भ सूची:**

1. https://hi.m.wikipedia.org.
2. मंजूर एहतेशाम, सुखा बरगद, पृ. 43
3. वही, पृ. 43
4. वही, पृ. 43
5. वही, पृ. 68
6. वही, पृ. 60
7. मंजूर एहतेशाम, बशास्त मंजिल, पृ. 55

# इप्टा का स्वर्णिम अतीत और निरंजन सेन का योगदान

डॉ. जयराम सूर्यवंशी
सहयोगी प्राध्यापक
हिंदी विभाग,
श्री संत गाडगे महाराज महाविद्यालय,
लोहा जी नांदेड (महाराष्ट्र)

भारतीय साहित्य के इतिहास में 1936 का वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहा है। इसी वर्ष लखनऊ में हिंदी कथा सम्राट प्रेमचंद की अध्यक्षता में 'प्रगतिशील लेखक संघ' की स्थापना हुई थी। प्रगतिशील लेखक संघ ने देश को आज़ादी दिलाने, देश की उपेक्षित, पीड़ित जनता की समस्याओं की ओर समाज का ध्यान आकर्षित कराने की दृष्टि से तथा अंग्रेज़ों की क्रूर नीतियों का पर्दाफ़ाश करने के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में कार्य किया। इसमें उसे सफलता भी मिली। इसी तर्ज़ पर साहित्यकारों के अलावा नाटक और प्रदर्शनकारी कलाओं के कलाकारों को मंच देने के लिए एक अखिल भारतीय संगठन की आवश्यकता महसूस होने लगी थी। इस बीच वैश्विक स्तर पर कई घटनाएं घटित हुईं, जिससे दुनिया भर के बुद्धिजीवियों की चिंता बढने लगी थी। 1939 में दूसरे विश्वयुद्ध का आग़ाज़ होना, 1941 में हिटलर द्वारा सोवियत यूनियन पर आक्रमण करना। यह घटनाएं हमारी सभ्यता, संस्कृति और मूल्यबोध के लिए एक बहुत बड़ा ख़तरा थीं। ऐसे माहौल में 1943 में 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी 'इप्टा' की स्थापना हुई। 25 मई, 1943 में मुंबई में स्थापित हुए 'भारतीय जन नाट्य संघ' ने इप्टा अधिवेशनों और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से अलगलग अ- क्षेत्रों के कलाकारों को साथ लेकर ब्रिटिश हुकूमत के बढ़ते अन्याय, सांप्रदायिकता और संकीर्णता का विरोध किया। साथ ही देश की स्वतंत्रता के लिए कई प्रयास किए। इसके साथ ही 1943 में बंगाल के भयावह अकाल की चपेट में आए लोगों की मदद करने की दृष्टि से भिन्नशहरों में कार्यक्रमों के आयोजन से भिन्न- चंदा इकट्ठा करके, बंगाल के अकाल पीड़ितों के ज़ख़्मों पर मरहम लगाने का काम किया। इप्टा के यह कार्य इतने सहज और सरल नहीं थे। यह कार्य करते समय इप्टा के साथियों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई कलाकारों को अपनी जान गंवानी पड़ी, तो कुछ कलाकारों ने हंसतेहंसते ज़ेल जाना पसंद - किया। इप्टा के इस आंदोलन में कई कलाकारों, लेखकों, रंगकर्मियों और नाटककारों का योगदान है। जिनमें राजेंद्र रघुवंशी, रशीद जहां, बिनय राय, अली सरदार जाफ़री, ख़्वाजा अहमद अब्बास, सजल राय चौधरी, भूपति नंदी, शंभू भट्टाचार्य के साथ ही इप्टा के दीर्घकाल समय तक महासचिव रहे निरंजन सेन का नाम, विशेष सम्मान के साथ लिया जाता है। इप्टा की स्थापना से लेकर अपने जीवन के अंतिम दिनों तक, निरंजन सेन ने अपनी क्रांतिकारी भूमिका के माध्यम से इप्टा के आंदोलन को दिशा और एक नई पहचान दी।

इप्टा के स्वर्णिम अतीत और इस सांस्कृतिक संगठन के दीर्घकाल समय तक महासचिव रहे निरंजन सेन के योगदान को रेखांकित करने वाली किताब 'इप्टा की अनकही कहानियाँ' शीर्षक से हाल ही में प्रकाशित हुई है। लोकमित्र प्रकाशन दिल्ली से प्रकाशित प्रस्तुत किताब का संपादन निरंजन सेन की बेटी

समाजसेविका मित्रा सेन मजूमदार ने किया है। किताब के आरंभ में आलोचक ज़ाहिद ख़ान द्वारा इप्टा के महासचिव निरंजन सेन के क्रांतिकारी व्यक्तित्व की पड़ताल करने वाला विस्तृत लेख पाठकों को पढ़ने को मिलता है। उसके बाद निरंजन सेन की बेटी मित्रा सेन मजूमदार ने अपने पिता के व्यक्तित्व की कुछ ख़ूबियों को 'मेरे बाबा एक विशिष्ट व्यक्तित्व :' शीर्षक से लिखित लेख में अभिव्यक्त किया है। कामरेड दिलीप चक्रवर्ती ने अपने लेख 'इप्टा और कामरेड निरंजन सेन' में इप्टा के उत्थान, विकास में निरंजन सेन के योगदान को रेखांकित किया है। इन तीन महत्वपूर्ण लेखों के अलावा निरंजन सेन की पत्नी डाॅजोखा-योगमाया सेन द्वारा निरंजन सेन के कार्यों का सिलसिलेवार लेखा., हेमांग विश्वास, राजेंद्र रघुवंशी, शोभा सेन, हबीब तनवीर और उत्पल दत्त के लेख भी किताब की महत्ता बढ़ाते हैं। किताब में नाट्य आलोचक शमिक बंदोपाध्याय और प्रतिभा अग्रवाल द्वारा निरंजन सेन का एक लंबा साक्षात्कार भी है। जो कि 5 नवंबर, 1987 को लिया गया था। पचास पृष्ठाें के इस साक्षात्कार के माध्यम से निरंजन सेन ने इप्टा की कई अनकही कहानियों, गतिविधियों, मुश्किलों, हलचलाें को बयान किया है। इसके अलावा किताब में इप्टा की नींव, इप्टा की स्थापना, बंगाल के अकाल पीड़ितों के लिए इप्टा के साथियों के योगदान और इप्टा के विभिन्न अधिवेशन आदि पर भी विस्तृत चर्चा मिलती है।

7 सितंबर, 1915 को असम के सिलहट में एक ज़मींदार परिवार में निरंजन सेन का जन्म हुआ था। अपनी युवावस्था से ही उन्होंने राजनीतिक कार्यों में भाग लेना शुरू किया था। आगे चलकर 1940 में निरंजन सेन कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बन गए। अपनी जनवादी भूमिका और सामाजिक कार्यों में रुचि के कारण निरंजन सेन ने प्रोफेसर पद से इस्तीफा देकर, पार्टी के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनने की ठान ली। 1943 में उन्होंने न सिर्फ़ मुंबई में इप्टा के स्थापना समारोह में दिल्ली के कलाकारों के साथ भाग लिया, बल्कि मुंबई से दिल्ली लौट कर, वहां इप्टा का गठन भी किया। इसी वर्ष बंगाल के भयावह अकाल में 35 लाख से ज़्यादा लोग भूख से मारे गए। यह मानवता पर बहुत बड़ा आघात था। इप्टा ने निरंजन सेन की अगुवाई में 'अकाल राहत समिति' के माध्यम से देश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। ख़ुद निरंजन सेन ने 'भूखा है बंगाल' और 'बंगाल की आवाज़' इन दाे नाटकों का मंचन दिल्ली और पंजाब में भिन्नभिन्न स्थानों पर किया। इन कार्यक्रमों से उस वक़्त पन्द्रह हज़ार रुपए इकट्ठा कर-, अकाल राहत निधि में जमा किए गए।

1945 में इप्टा का चौथा अखिल भारतीय अधिवेशन कोलकाता में हुआ। जहां निरंजन सेन का राष्ट्रीय महासचिव के रूप में चयन हुआ। इसके बाद, तो उन्होंने अपने आप को इप्टा के लिए ही समर्पित कर दिया। निरंजन सेन ने अपने कार्यकाल में इप्टा के माध्यम से ब्रिटिश हुकूमत, फासीवाद, और सांप्रदायिकता के विरोध में बड़ी मुहिम छेड़ी। हिंदू—मुस्लिम एकता का प्रचारप्रसार किया। नाटकों और - के माध्यम से देशवासियों के मन में आज़ादी के प्रति एक चेतना विकसित की। जनवादी गीतों15 अगस्त, 1947 को आजादी के साथ हुए, देश विभाजन के कारण कई समस्याएं उभर कर आईं। पूरे देश में भयंकर सांप्रदायिक दंगे हो रहे थे। ऐसी परिस्थितियों में देशवासियों के बीच एकता बनाए रखने, सांप्रदायिक साैहार्द प्रस्थापित करने की दृष्टि से निरंजन सेन और उनके साथियों ने बड़ी मेहनत की। उस समय मानवता, बंधुता पर कई गीत, नाटक लिखे गए और उसका प्रचार—प्रसार लोगों के बीच किया गया। निरंजन सेन ने अपने कार्यकाल के दौरान इप्टा के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किए। इस प्रकार की

कई घटनाओं की चर्चा प्रस्तुत किताब में ज़ाहिद ख़ान द्वारा लिखित लेख 'निरंजन सेन की हंगामाख़ेज़ ज़िंदगी और उनके इंक़लाबी कारनामों का लेखाजोखा-' में पढ़ने को मिलती है।

इप्टा का यह सफ़र इतना आसान नहीं था। निरंजन सेन और उनके साथियों काे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। 1948 के फरवरी महीने में इप्टा के कॉमरेडाें ने दक्षिण पूर्व एशियन यूथ के प्रतिनिधियों के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन कोलकाता में किया था। जहां विरोधी दल के गुंडों ने आकर गोलियां चलाई। जिसमें इप्टा के दाे साथी मारे गए। निरंजन सेन के दाहिने हाथ और दाहिने पैर में गोलियां लगीं। इन परिस्थितियों में भी उन्होंने इप्टा के उत्थान के प्रयासों में कोई कमी नहीं की। निरंजन सेन ने देश के सभी राज्यों में जाकर किसान, ट्रेड यूनियन और कम्युनिस्ट पार्टी के सम्मेलनों में हिस्सा लिया। प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान किया। इप्टा के महासचिव के रूप में कार्य करते हुए, निरंजन सेन ने एक ओर सार्वजनिक कार्यों में हिस्सा लिया, तो साथ ही साथ अपने साथियों को भी सहयाेग दिया। 1955-56 के दौर में कवि, संगीतकार हेमांग विश्वास बीमार हुए, तब उनके इलाज के वास्ते चंदा इकट्ठा करने के लिए निरंजन सेन ने इप्टा के माध्यम से पूरे बिहार का दौरा किया। उन्हें इलाज के लिए चीन भेजने की व्यवस्था की। इसके अलावा नर्तक शंभू काका और उनकी पत्नी छेनु काकीमा जो काम न होने के कारण चिंतित थे, उन्हें निरंजन सेन ने कोलकाता भेजकर, उनके लिए काम का इंतजाम किया।

जीवन भर इप्टा के उत्थान के लिए अपने आप को समर्पित करने वाले निरंजन सेन, जीवन के अंतिम पड़ाव में हृदय रोग से पीड़ित हो गए थे। साथ ही साथ आंखों की कई प्रकार की बीमारियां उन्हें थीं। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी ने भी उनके शरीर को जकड़ लिया था। 29 जुलाई, 1993 में उन्हाेंने इस दुनिया से विदाई ली। निरंजन सेन के साथी हेमांग विश्वास ने उनके समग्र योगदान को रेखांकित करते हुए लिखा था,''लगातार बीस सालों तक पार्टी से मिले सामान्य भत्ते पर उन्होंने पूरे भारत का दौरा कर, 'भारतीय जन नाट्य संघ' को एक परिपूर्ण सर्वभारतीय संगठन का रूप दिया।'' प्रस्तुत किताब के माध्यम से पाठक निरंजन सेन द्वारा इप्टा के माध्यम से किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को जान सकते हैं। इसके साथ ही स्वाधीनता पूर्व देश में किस तरह की विकराल समस्याएं थीं ? उन भयंकर हालात में इप्टा ने कितनी अहम भूमिका निभाई ?, इन ऐतिहासिक सच्चाईयों को समझने के लिए प्रस्तुत किताब पढ़ना बेहद ज़रूरी है।

आधार ग्रंथ;

1. इप्टा की अनकही कहानियाँ, संपादक मित्रा सेन मजूमदार :,

# धोखा' कहानी में व्यक्त मानवीय मूल्य

**प्रा. डॉ. माधवराव गजाननराव जोशी**
**श्री रेणुकादेवी कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय,**
**श्रीक्षेत्र माहूर जि. नांदेड ४३१७२१,**
**स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विद्यापीठ नांदेड**

*सारांश :-*

***वर्तमान समय में आधुनिकीकरण, प्रगतिशीलता और महानगरों की तथाकथित मॉडर्न लाइफ ऐसे विषयों को लेकर 'धोखा' कहानी में शिक्षित समाज का बीभत्स रूप प्रस्तुत किया है । 'सहजीवन' पारंपरिक विवाह के लिए पर्याय मार्ग नहीं बन सकता। विवाह जैसे नैतिक बंधन के अभाव में पुरुषों की सामंती प्रवृत्ति रोज नई नारी देह की तलाश करती दिखाई देती है । ऐसी स्थिति में शोषित स्त्री का साथ न तो परिवार देता है न कानून व्यवस्था। उसकी संतानों का भविष्य भी अभाव और पीड़ा में गुजरता है। ऐसी स्थिति में 'मीनू' जी स्त्री को सचेत करते हुए पाश्चात्य संस्कृति में लोग विवाह को आवश्यक मानने लगे है। भारत में जहां विवाह को दो परिवारों के बीच का पवित्र बंधन मानने की परंपरा का तथा उससे संबंधित मानवीय मूल्यों को निर्वाहक के रूप में अपनाने का आवाहन करती हैं।***

**पृष्ठभूमि:-**

रजत रानी 'मीनू' एक प्रमुख हिंदी साहित्यकार हैं, जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर जिले के जीराभूड़ गाँव में एक दलित परिवार में हुआ। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से एम.फिल. और पीएच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। उनकी पीएच.डी. का विषय 'हिन्दी दलित कथा साहित्य में आलोचनात्मक मूल्यांकन' था। वर्तमान में, डॉ. मीनू दिल्ली विश्वविद्यालय के कमला नेहरू कॉलेज में वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। उनकी प्रमुख कृतियों में 'हम कौन हैं?' (कहानी संग्रह), 'पिता भी तो होते हैं मां' (कविता संग्रह), 'हिन्दी दलित कविता' (आलोचना), और 'हिन्दी दलित कथा साहित्य की अवधारणाएँ और विधाएँ' (आलोचना) शामिल हैं। उनकी रचनाएँ समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, स्त्री शोषण, और सामाजिक अन्याय जैसे मुद्दों को उजागर करती हैं। उनकी कहानियाँ यथार्थवादी हैं और समाज की वास्तविकताओं का सजीव चित्रण करती हैं। डॉ. मीनू की कविताएँ क्रांतिकारी परंपरा को आगे बढ़ाती हैं और सामाजिक चेतना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनकी लेखनी ने हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है, जो समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज़ को प्रमुखता से प्रस्तुत करती है।

डॉ. 'मीनू' की साहित्यिक यात्रा और योगदान का आरंभ 'दलित महिला लेखन खंड एक 2011' में प्रकाशित 'धोखा' कहानी से आरंभ होता है। 'धोखा' रजनी तिलक और रजनी अनुरागी द्वारा संपादित कहानी है। धोखा सहजीवन के प्रभाव को लेकर लिखी गई कहानी है। अमीषा आपबीती के माध्यम से अपनी बेटी श्रृति को सहजीवन के दुष्परिणामों से तथा पुरुषों की मानसिकता से सचेत करती है। कहानी में व्यक्त सहजीवन (Live-in Relationship) के फायदे और नुकसानों की चर्चा करते हुए मानवी मूल्यों की आवश्यकता को निम्न तरह से विश्लेषित कर सकते है।

**मानवीय मूल्यों के प्रति सचेतता :-**

**१. एक-दूसरे को बेहतर समझने का मौका :–**

समाज मान्य पद्धतियों से लैंगिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने का माध्यम विवाह है। अपनी पहली पीढ़ी के विवाहों से दिशा लेकर नई पीढ़ी अपने साथी को पूर्ण रूप से समझ लेना चाहते है। साथी के माता-पिता, भाई-बहन,और अन्य रिश्तों से भी महत्वपूर्ण साथीदार हो चुका है। 'मैं और मेरा साथी' मानसिकता ने सहजीवन को पुष्ट किया है, अतः संयुक्त से विभक्त और विभक्त से अतिविभक्त परिवार की संकल्पना समाज में रूढ़ हो रही है। महानगरीय संस्कृति में दादा - दादी मरते दम तक साथ रहे, किंतु पिता और माता की पीढ़ी में २५ वर्ष तक साथ रहनेवाले साथी विभक्त होकर अपने साथियों को बदलते हुए देख रहे हैं। वर्तमान पीढ़ी में पारंपरिक विवाह से अधिक प्रेम विवाह को महत्व दिया जा रहा है। जिसमें अंतर धर्मीय और अंतरजातीय विवाह भी हो रहे हैं किंतु ऐसे वैवाहिक संबंधों को ५ -१० वर्षों में टूटते हुए देखना बड़ा ही दर्दनाक होता हैं। इसीलिए युवा पीढ़ी शादी से पहले 'पार्टनर' के स्वभाव, आदतों और विचारधारा को समझने का तथा साथी से परिचित होने का प्रयास सहजीवन में हो रहा है। 'धोखा' कहानी की नायिका अमीषा ने श्रृति के पिता के साथ रजिस्टर मैरेज किया था । श्रृति दिल्ली जैसे महानगर मे अपने दोस्त अमित के साथ दो सालों से स्वतंत्र फ्लॅट मे रहने लगी थी । छुट्टी के दिन वह दिल्ली में स्थित अपने मां को कभी-कभार मिलने आती थी। अमीषा श्रृति को अमित के साथ विवाह करने की बार बार सलाह देती है। किंतु अमीषा कुछ इस प्रकार से विवाह की बातों को डालती है *"अमित और मैं बहुत अच्छे दोस्त है साथ रहते हैं तो इसमें परेशानी की क्या बात है महानगरों में स्टैंडर्ड की लाइफ जीने वाले लोग ऐसे ही रहते हैं आप मेरे लिए चिंतित मत हुआ करो।"* १ महानगर की संस्कृति अब ग्रामीण भाग तक फैलने लगी है पर्याय से विवाह को लेकर युवा उनकी मानसिकता में अनावश्यक परिवर्तन होता हुआ दिखाई दे रहा है।

**२. संबंध में स्वतंत्रता :–**

सहजीवन में दोनों साथी अपनी स्वतंत्रता बनाए रख सकते हैं और किसी दबाव के बिना साथ रह सकते हैं। श्रृति और अमित दो सालों से एक ही फ्लैट में इकट्ठा रह रहे हैं। *"आजकल शादी-वादी की फॉर्मेलिटी इतनी जरूरी नहीं है जितनी की युवक युवती की अंडरस्टैंडिंग जब हम एक दूसरे को जानते नहीं है तो शादी का ढकोसला उसे बांध नहीं सकता।"* २ अर्थात् श्रृति संबंधों में स्वतंत्रता चाहने वाली आधुनिक युवतियों का प्रतिनिधि चरित्र है।

**३. विभक्त होने में सरलता :–**

विवाह के बाद अगर दो-तीन सालों में विवाह विच्छेद हो जाता है तो उसके लिए कानून प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है किंतु सहजीवन का रिश्ता यदि सफल नहीं होता है तो बिना कानूनी प्रक्रिया के अलग होने में सहायक होता हैं। इसीलिए युवा और युवती पारस्परिक सामंजस्य के आधार पर सरलता के साथ विभक्त होते हैं। श्रृति को ऐसे विभक्त होने पर कोई आपत्ति नहीं है किंतु मां अमीषा को ऐसी युवतियों कोप् सचेत करते कहती है कि, *"समाज के लोग किस प्रकार की बातें करते हैं इसका एहसास है? प्रेम की सफलता स्त्री को देवी बनाती है ,तो असफलता उसे बाजारू औरत बनाती है।"* ३समाज में विवाह सफल होने को महत्व है विभक्त होने में साथियों की कमजोरियां चर्चा का अंग बनती है।

**४. आर्थिक सहयोग :–**

गांव और शहरों में घर की आर्थिक जिम्मेदारी अधिकांश रूप से पुरुष पर होती है किंतु इस आधुनिक युग में महिला भी उच्च शिक्षित होकर अपने परिवार में आर्थिक सहयोग दे रही है। आर्थिक सहयोग की वृत्ति पति और पत्नी के बीच में बराबर बनी रहे, घर के कामों का बंटवारा भी बराबर हो सके यह धारणा आज के युवाओं की बन रही है। इसी प्रकार श्रृति उच्च शिक्षा पूर्ण कर दिल्ली के प्रायवेट फर्म में असिस्टेंट मैनेजर की पोस्ट पर काम करती है। अमित मल्टिनैशनल कंपनी में जॉब करता है । दोनों ही फ्लैट का किराया, घरेलू खर्च आदि साझा करते हैं पर्याय से किसी एक पर वित्तीय बोझ नहीं होता।

**५. शादी का पूर्वाभ्यासः–**

सहजीवन के माध्यम से युवा और युवती के बीच सामंजस्य स्थापित करने का मौका मिलता है। संबंधों में स्वतंत्रता है, यह एक तरह से शादी से पहले की तैयारी होती है, घरेलू खर्च में आर्थिक सहयोग भी प्राप्त होता है ,साथी के प्रति मान सम्मान की भावना बनी रहती है। आदि वैवाहिक जिम्मेदारियां का एहसास दोनों को होता है अतः जिससे यह समझने में मदद मिलती है कि वे शादीशुदा जीवन के लिए कितने अनुकूल हैं। 'धोखा' में जब तक अमीषा अपनी कहानी श्रृति को सुनाती है तब तक तो श्रृति और अमित में शादी का पूरा अभ्यास सुचारू ढंग से चलने का वर्णन लेखिका करती है।

**५. सामाजिक स्वीकार्यता की कमी : –**

भारत में अभी भी सहजीवन व्यवस्था को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया गया। जिससे समाज और मानवीय मूल्यों के सम्मुख कई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। 'धोखा' कहानी में अमिषा के साथ रजिस्टर मैरेज करने की बात श्रृति के पिता अपने घरवालों से छुपाकर रखते हैं। सहजीवन की परेशानियों से तंग होकर अमिषा अपनी बेटी श्रृति को सहजीवन के अलावा अमित के साथ विवाह करने को कहती है। अर्थात् जिसे सहजीवन के कटू अनुभव झेलने पड़े वह सहजीवन का विरोध ही करेगा। सामान्य लोग तो आज भी पारंपरिक रूप से समाज के सामने विवाह बंधन में बंधने पर जोर देता है। सहजीवन में रहनेवालों को समाज अनैतिक संबंधों की दृष्टि से देखता है। सहजीवन को समाज स्वीकार्य नहीं करता अतः लेखिका समाज मान्य तरीके से जीवन गुजारने का आवाहन करती है।

**६. कानूनी अधिकारों की अस्पष्टता : –**

शादीशुदा जोड़ों की तुलना में कानूनी सुरक्षा कम होती है, जैसे संपत्ति अधिकार और उत्तराधिकार प्राप्त नहीं होता। 'धोखा' कहानी में जब अमिषा और श्रृति के पिता सहजीवन के दो तीन साल पूरा कर लेते है तब वे अमिषा से कहते है कि, *"तुम अगर चाहो तो अलग हो सकती हो।"*४ अमिषा जवाब में कहती है कि, "ये भी कोई बच्चों का खेल है, शादी ब्याह ,आज अलग हुए हो गए, कल फिर साथ रहने लगे" ५ तब श्रृति के पिता हंसते हुए सहजीवन के उद्देश्य को व्यक्त करते है, *"हमने शादी कब की है सहज जीवन में यही तो फायदा है जब चाहो तब अलग हो जाओ।"* ६एक दिन बिना किसी को बतायें श्र।ति के पिता लापता हो जाते है। ०६ महिने के बाद वे अपना सामान लेने जब वापस आते है तब अमिषा को पति के दूसरे विवाह और एक बच्चे का बाप होने की बात मालूम होती है। वह कोर्ट से न्याय मांगती है किंतु उसके पास प्रमाणों का अभाव था। तथा हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत अमिषा और श्रृति के पिता की शादी अवैध थी। अतः भत्ता तो दूर लेकिन तलाक गुहार भी नहीं लगा सकी। तात्पर्य यही कि, सहजीवन को लेकर कानून अधिकारो में आज भी अस्पष्टता होने से नारी का शोषण करनेवाला पुरुष बेगुनाह होकार समाज में

घूम सकता है,किंतु वह नारी समाज को मुंह दिखाने के काबीज नहीं होती। इसीलिए लेखिका सहजीवन में रहने वाली युवतीयों के लिए कानूनन व्यवस्था की मांग सभ्य समाज से करती है।

**७. भावनात्मक अस्थिरता: –**

सहजीवन में विवाह का कोई स्थायी बंधन न होने के कारण किसी भी समय रिश्ता टूट सकता है, जिससे मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। 'धोखा' कहानी में अमिषा का पति जब उसे छोड़ देता है, तब वह मानसिक रूप से अस्थिर हो गई थी। वह बेटी श्रृति को आपबीती सुनाते समय समाज-व्यवस्था से मानो सवाल पूछना चाहती है, *"मुझे एक झटके में अलग कर दिया था। उनके व्यवहार में इतना रूखापन लग रहा था, जैसे उनका मुझसे कभी कोई भावनात्मक रिश्ता रहा ही नहीं। मुझे लोगों ने अशोभनीय शब्दों से जख्मी किया। 'रखैल' शब्द के संबोधन से मुझ पर कीचड़ उछाला। वह दूसरी औरत उनकी पत्नी थी, और मैं पता नहीं क्या? शायद रखेल ही थी।"* ७ इसभयावह सत्य से परिचित कर लेखिका भावनाओं के अलावा कर्तव्य को महत्व देने की अपील युवतियों से कर रही है।

**८. परिवार का विरोध :–**

प्रेम-विवाह और सहजीवन में रहनेवालों को परिवार और रिश्तेदारों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। 'धोखा' में जब अमिषा और श्रृति के पिता सहजीवन में रहने लगते हैं, तब अमिषा अपने परिवारवालों के लिए जीते जी मर चुकी थी। सहजीवन में जब अमिषा पर अन्याय होता है तब वह अकेली गिर गई थी। अमिषा अपने अकेलेपन के दर्द को कुछ इन शब्दों से व्यक्त करती है, *"जहर के घूंट पीकर मैंने जीवन को जिया है। जिस सम्मान के लिए अपने माता-पिता से विद्रोह किया प्रगतिशील उन्नत विचारों के लिए आज मैं मजाक बनकर रह गई और मजाक बन गए मेरे विचार।"८* तात्पर्य यही कि, परिवार और समाज के सूशिक्षित लोग जिन बातों पर बंधन डालता है उन बातों को अपनाने से युवतियों का भला नहीं होता इसका एहसास 'मीनू' जी कराती है।

**९. बच्चों की दुर्दशा :–**

सहजीवन के रिश्ते से कोई संतान होती है, तो उसे नाजायज संतान ही कहा जाता है। सामाजिक और कानूनी स्थिति को लेकर भी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। अमीषा नई दिल्ली में एक अच्छी कंपनी में जॉब करने से आर्थिक रूप से सक्षम थी। पति के फंसाए जाने के बावजूद भी वह अपनी हैसियत से बढ़कर बेटी श्रृति को दिल्ली के महंगे पब्लिक स्कूल में पढ़ाती है। इसीलिए वह प्राइवेट फॉर्म में असिस्टेंट मैनेजर की पोस्ट तक पहुंच चुकी थी। अमिषा स्वयं पर हुए अन्याय को कभी भी श्रृति को नहीं बताती। पति की प्रतिमा पर माला चढ़ाने से वह सभी प्रश्नों को पूर्ण विराम देती है। वह बेटी को सु - संस्कार देती है। किंतु श्रृति को पिता का प्यार नसीब नहीं होता। नारी कुछ पल के लिए बेटी, प्रेमिका और पत्नी होती है ,किंतु सर्वकाल के लिए वह मां होती है। इस त्रिकालदर्शी सत्य का बोध कहानी के माध्यम से 'मीनू' जी कराती है।

**१०. स्त्री की ओर देखने का दृष्टिकोण :-**

धोखा कहानी में अमीषा के माध्यम से लेखिका 'मीनू' जी नारियों के प्रति समाज का देखने का दृष्टिकोण स्पष्ट करती है। 'मीनू' जी अमिषा के माध्यम से कहती है कि, *"बेटा यह व्यवस्था पुरुषों की है । यहां हर निर्णय पुरुषों का होता है । कब किसको छोड़ना है , कब किसको पत्नी बनाना है , कब रखैल*

*बनाना है। यह निर्णय स्त्री का नहीं पुरुष का होता है । स्त्री को मोहरा बनाकर वह अपने हित के लिए इस्तेमाल करता है।" ०९* मध्यकाल में जहां नारी को 'पैर की जूती' कहा गया था, वहीं वर्तमान समय में नारी को 'युज एंड थ्रू' की वस्तु ही माना जा रहा है। सहजीवन जैसी जीवन शैली नारी स्वतंत्रता की नहीं तो नारी शोषण की आधुनिक रीति बन गई है इसका बोध रजत रानी मीनू जी ने प्रस्तुत कहानी के माध्यम से कराया है।

**११. स्त्री सशक्तीकरण का दिखावा :-**

'धोखा' कहानी समाज के प्रबोधन के लिए स्त्री सशक्तिकरण की एक ओर आवश्यकता को प्रतिपादित करतीहै, तो दूसरी ओर इस विषय का किस तरह से दिखावा होता है इसे भी स्पष्ट करने का प्रयास किया है । 'स्त्री कल्याण समिति' की गोष्ठी आयोजित की जाती है । मुख्य अतिथि दहेज प्रथा पर व्याख्यान देते हैं, किंतु वे अपने बेटे की शादी में दहेज लेकर रहते हैं। अमीषा अंधविश्वास, तथा रूढी परंपरा से मुक्त होकर वैज्ञानिक मार्ग से जीवन जीना चाहती है। किंतु उसके हाथ केवल निराशा ही लगती है। *"वैज्ञानिक विचार मंथन इस संस्था ने कई जोड़ों को सहज जीवन की शपथ डिकर शादी का विकल्प तैयार किया था यह एकदम अनोखा प्रयास था एक पक्षियों सुहाग चिन्ह सिंदूर मंगलसूत्र इत्यादि के विरोध के साथ दहेज के खिलाफ अभी यह केंद्र कार्य करता है।"१०*किंतु अमीषा का यही भाव उसे आगे चलकर पश्चाताप करने के लिए मजबूर करता है । अर्थात कहीं ना कहीं विवाह, फेरे, सिंदूर, मंगलसूत्र यह गुलामी के लक्षण नहीं तो विवाह के पुष्ट प्रमाण है ।सहजीवन में इन्हीं प्रमाणों का अभाव रहता है।

**निष्कर्ष:**

साहित्य, सिनेमा और विज्ञापन जैसे समाज माध्यमों में 'लिव्ह इन रिलेशनशिप' अर्थात सहजीवन के विषय पर चिंतन किया गया है। चाय पत्ती के विज्ञापन में एक लड़का अपने परिवार को बिना बताएं एक लड़की के साथ में रहने लगता है।एक दिन उसके मां-बाप फ्लैट पर पहुंचते हैं तब लड़की ही दरवाजा खोलती है। उस समय मां-बाप को आश्चर्य होता हैं। बेटा उस लड़की के बारे में जब मां-बाप को चाय पीते पीते 'लिव्ह इन रिलेशनशिप' के बारे में बताता है। तब चाय पत्ती का स्वाद मां-बाप का गुस्सा शांत करता है। अगर ऐसे विज्ञापन माध्यमों पर प्रसारित होंगे तो निश्चित रूप से समाज व्यवस्था के ढांचे को तहस नहस कर सकता है। इसीलिए सहजीवन का समर्थन करने के अलावा उसके प्रति समाज में सचेतता लाना आवश्यक हैं। ब्रेकअप या अलगाव के बाद की भावनात्मक पीड़ा, वित्तीय असमानता, और कानूनी अधिकारों को लेकर समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

'लिव-इन रिलेशनशिप' कुछ लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन यह पूरी तरह से व्यक्तिगत सोच और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसे अपनाने से पहले सामाजिक, कानूनी और व्यक्तिगत पहलुओं को अच्छे से समझना जरूरी है, यही संदेश भावनात्मकता से वैचारिकता की ओर ले जाने का कार्य करता है। लेखिका ने महानगरों में पल रही सहजीवनरूपी मॉडर्न लाइफ जैसे महत्वपूर्ण विषय पर समाज का लक्ष्य खींचते हुए इस पद्धति के खोखलेपन को बेनकाब किया है। अतः सहजीवन से मानवीय मूल्यों का प्रश्न गंभीर होकर समाज के सम्मुख नई समस्याएं उत्पन्न न हो इस दृष्टि से लेखिका ने योगदान दिया है।

**संदर्भ:-**

०१. 'कथानंद' : - संपादक - डॉ. अजय टेंगसे, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण २०१३, पृष्ठ क्रमांक १२६.
२. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १२६.
३. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १२६.
४. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १२९.
५. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १२९.
६. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १२९.
७. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १३१
८. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १३१.
९. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १३१.
१०. वहीं, पृष्ठ क्रमांक १३०.

# सुनिता जैन की कविताओं में व्यक्त बदलता युगीन-संदर्भ

**प्रा. डॉ. शेख मुखत्यार वहाबोद्दीन**
**(हिंदी विभागाध्यक्ष)**
**एशिप्रमं., कला महाविद्यालय, बिडकीन।**
**तहसील-पैठण, जिला-छ.संभाजीनगर। (औरंगाबाद)**
**(महाराष्ट्र) पिन.431105.**

**भूमिका :-**

आज के बदलते परिप्रेक्ष्य में कविताओं का मूल्यांकन समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण तथा उसमें निहित सामाजिक मान-मूल्यों के आधार पर किया जाना चाहिए। आज कविता का बदलता स्वरूप सबके सामने है। अभी छंदमुक्त कविता का दौर है, जिसमें बड़ी-से-बड़ी बातों को संक्षिप्त रूप में अपने अभिव्यक्ति के साथ स्पष्ट की जा सकती है, यह छंदात्मक कविता में कहना कठिन है। शब्द और उसके भावों में अंतर्निहित विचारों को समझना, कविता करना या पढ़ना है। आज की इक्कीसवीं सदी की कविताएँ रीतिकालीन कविताओं की छाती पर चढ़ कर बोलती हैं।

इक्कीसवीं सदी की कविताओं में मनुष्य, प्रेम, सौंदर्य , प्रकृति और कल्पना के साथ आज के वस्तु जगत की दुनिया को भी महत्त्व दिया जा रहा है। साथ ही भूमंडलीकरण की दुनिया में नारी, दलित, आदिवासी एवं अर्थहीन व्यक्ति की पहचान हुई है। उदय प्रकाश, ओमप्रकाश वाल्मीकि, मंगलेश डबराल, कात्यायनी, भगवत रावत, निर्मला पुतुल, अरुण कमल, राजेश जोशी, सुनीता जैन की कविताओं में युगीन-संदर्भ आए हैं। आज के सभी युवा कवियों ने इक्कीसवीं सदी के बदलते सामाजिक जीवन के परिदृश्य में आम आदमी की विवेचना एवं छटपटाहट को व्यक्त किया है। मीडिया और बाजार के वस्तुजगत की दुनिया में सामान्य आदमी अपनी अस्मिता एवं मूल्यों को लेकर चिंतित है। सुनीता जैन की कविताओं में नैतिक मूल्यों की बेतहाशा गिरावट, उपेक्षित, वंचित, शोषित और हाशिये पर पड़े हुए लोगों के जीवन को उजागर किया है। समय के साथ सुनीता जैनने समाज के भोगे हुए यथार्थ युगीन संदर्भ के रूप में उभरकर आ रहे हैं। इक्कीसवीं सदी में मनुष्य ने सभी क्षेत्रों में प्रगति कर ली है। परंतु इस यांत्रिक युग में मानव मूल्यों का ह्रास हो रहा है। मनुष्य-मनुष्य से दूर होता जा रहा है। पारिवारिक और आपसी संबंध बिगड़ रहे हैं। प्रेम और ममता की जगह हिंसा, क्रोध और अनियती को बढ़ावा मिल रहा है। इसके संकेत आज की कविता में मिलते हैं। डॉ. रंजना राजदान कहती हैं- "इक्कीसवीं सदी में मानव मूल्यों की गरिमा का हरण हो रहा है। रिश्तों की गर्माहट में कमी आ रही है। पारिस्थितियों में कटुता भयावह रूप ले रही है। इसके साथ ही राजनीतिक छल-प्रपंच और दृष्यचक्र में फंसा समाज और इस समाज में सांस लेता कवि स्वयं को ट्रेजडी के बीच घिरा पाता है, लेकिन यह हथियार डाल देने में नहीं बल्कि संघर्ष करने में विश्वास रखता है।"1 इस प्रकार इक्कीसवीं सदी की कविता में युगीन-संदर्भ का परिदृश्य झलकता है।

सुनीता जैन ने अपनी कविताओं में महानगरीय बोध और मानवीय मूल्यों की संवेदना का यथार्थ चित्रण किया है। उनकी अधिकतम कविताओं का केंद्र दिल्ली शहर रहा है। उनका चिंतन महानगरीय जीवन में शिक्षित परिवारों द्वारा माता-पिता और वृद्धों की हो रही घोर उपेक्षा की ओर उँगली उठाता है। संपूर्ण

भारत उपभोक्तावादी संस्कृति का शिकार हो रहा है। आधुनिक सुविधाओं के प्रभाव के कारण व्यक्तियों को नैतिक मूल्यों की बेतहाशा गिरावट की ओर कवयित्री इशारा करती है। जो माता-पिता अपने बच्चों के सुखद भविष्य के लिए अपनी जिंदगी भर की सारी पूँजीपति खर्च कर देते हैं और खुद बेहाल जीवनयापन करते हैं। ऐसे माता-पिता को वही बच्चे वृद्धावस्था में उनके मरने की प्रतीक्षा न करते हुए उन्हें दवा के बहाने विष देते हैं। सुनीता जैन की 'हकदारी' कविता ऐसे ही संवेदनहीन बेटों द्वारा किया गया अमानवीय कृत्यों का चित्रण है। जैसे- "नहीं, उनसे प्रतीक्षा नहीं हुई/ कि जाने देते उसे स्वयं ही / साल-आधे-साल की ही बात थी बचा भी क्या था / उन डेढ़ सेर हड्डियों में / लाठी पे हिलती थी, / याद नहीं रहता था, कुछ XXXनहीं, उनसे प्रतीक्षा नहीं हुई-सभी ने मिल / दिया विष, दवा के बहाने-आखिर वड़े को लड़की ब्याहनी थी / और छोटे की बिजनेस / ठप्प पड़ी थी"2 माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा कर, काबिल बना कर, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करते हैं परंतु यही बेटें वृद्धावस्था में माँ-बाप को अकेले जीवन जीने के लिए मजबूर करते हैं, बल्कि माँ-बाप को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं, जबकि उन्हें इस अवस्था में बेटों के साथ की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है।

सुनीता जैन की कविताएँ आधुनिकता के चकाचौंध का नकाब पहने मनुष्य के असली चेहरे को बेनकाब करती है। जो चेहरा बाहर से तो खूबसूरत दिखता है, परंतु उसके भीतर उसकी समाहित भावनाएं खूबसूरत नहीं होती है। ऐसे लोगों के भीतर से रिश्तों का अपनापन खत्म होता हुआ नज़र आता है। कवयित्री व्याकुल स्वर में अपने कॉलेज की वृद्धा टीचर के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। जिस टीचर ने अपनी जीवन भर की सब संपत्ति पोता-पोती के नाम कर देती है और पोता-पोती यह जानना भी नहीं चाहते कि दादा-दादी क्या होते हैं ? टीचर अपनी भावनाओं को कवयित्री सुनीता जैन के सम्मुख खोलती है। "क्यों घबराता है जी, / क्या बतलाऊँ, सुनीता तुम्हें ! / अपने ही पोता पोती / निकल जाते हैं पास से, / बिना नमस्ते, बिना बोले। / करती रही उनके नाम / अपना पैसा, अपना गहना, मकान, / पर वे नहीं जानना चाहते, / कि दादा दादी क्या होते हैं उनके।"3

आज हम इक्कीसवीं शताब्दी का भारतीय समाज होने पर गर्व महसूस करते हैं। भारतीय समाज को हम सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीति की दृष्टि से प्रोढ़ और सक्षम मानते हैं, परंतु इस समाज में आज भी लड़का-लड़की भेदभाव की समस्या समाप्त होती नज़र नहीं आती हैं। इस समस्या की जड़ अशिक्षा से उत्पन्न अंधविश्वास ही है। अनेक परिवारों में यह भावना दृढ़ है कि वंश का दीपक चाहिए। इस प्रकार का आग्रह समाज में दिखाई देता है। लड़का-लड़की दोनों ही वंश का दीपक होते हैं यह समझते ही नहीं। अंधविश्वास के कारण लड़के की चाहत में लड़की को जन्म होने से पहले ही मार देते हैं। यदि सौभाग्य से वह बच भी जाए, तो आजीवन उसे परिवार और समाज द्वारा भेदभाव को सहना पड़ता है। लड़की शिक्षित हो या अशिक्षित हो वह हर हाल में अपने कर्तृत्व के आधार पर पीहर और ससुराल का नाम रोशन करती है। यह लड़का-लड़की भेदभाव वही लोग करते हैं, जो आधुनिकता का नकाब पहनकर ढोंग करते हैं, बेटे के जन्म पर खुशी और बेटी के जन्म पर मायुसी मनाते है। इस प्रकार सुनीता जैन ने अपनी कविता 'लड़की' में समाज की वर्तमान स्थिति की ओर संकेत किया है कि, लड़की के जन्म होने पर घर आँगन में थाली बजती है न लड्डू बांटे जाते हैं। "लड़की जनमी जब कभी, हो गए सब कंगाल। / थाली आँगन न बजी, बँटा न लड्डू थाल।"4 वर्तमान में नारियों के प्रति पुरुषों का दुर्व्यवहार हमारी भारतीय

सभ्यता और संस्कृति पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। कवयित्री सुनीता जैन को एक लंबी कविता 'सौ टंच माल' इसी तरह घरों से बाहर निकलने वाली कामकाजी स्त्री, नौकरी करने वाली महिलाओं के प्रति गंदी सोच, बुरी दृष्टि छेड़छाड़ आदि दुर्व्यवहार ही पुरुषों की मानसिकता को दर्शाती है। "बाज़ारों की भीड़ में / चलते-चलते किसी का बेहूदा हाथ / धप्पा देता है उसकी जाँघों पे कोई काट लेता हे चिकोटी वृक्ष पे / कोई टकरा कर गिरा देता है / सौदे का थैला फिर सॉरी-सॉरी कह उठाता है / फ़िल्मी अंदाज में / कोई भींच लेता है स्तन उसका दायाँ या बायाँ मुट्ठी में / मेट्रो या लिफ्ट से बाहर निकलते।"5 मनुष्य की मर्दानगी की गरिमा स्त्री को सम्मान, संरक्षण देने और संस्कृति की वृद्धि करने में होनी चाहिए न कि किसी अबला, बेबस नारी पर अन्याय, अत्याचार और छेड़खानी में महिलाओं के साथ पुरुषों के दुर्व्यवहार आपको समाज के कोने-कोने में, हर जगह दिखाई देता है। समान्य जीवनकाल में बस यात्रा कर रही किसी महिला के साथ हिचकोले खाते कोई बार-बार उसके कंधे पर गिरता है, कोई उससे सटकर खड़ा होकर अनजान बनकर अनदेखा करता है, तो कोई उसके शरीर पर व्यंग्यात्मक दृष्टि से सो टंच माल की उपमा देता हुआ कहता है। उसे देर रात कॉल कर धमकाता है। उसको छेड़खानी करता है या उसे सताने का काम करता है। जैसे - "कोई धमकाता है, 'मान जा ससुरी, ऐश करेंगे / कोई फ़िल्मी धुन सुनाता है- 'चोली के नीचे क्या है ...' / गाली किसी लफंगे को नहीं कहती 'बदतमीज' / या 'शर्म नहीं आती तुझे..."6 कवयित्री ने यहाँ नारी के प्रति दुर्व्यवहार को समाज के मौन, पुलिस की सुरक्षा पर प्रश्न खड़ा कर प्रताड़ित, भयभीत नारी की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगाती है।

देश विभाजन की त्रासदी का परिणाम का प्रभाव आज भी दिखाई देता है। सन 1990 के दशक मे कश्मीर में हिंदूओं पर अत्याचार के चलते कश्मीरी पंडितों का पलायन, सन 1992 बाबरी मस्जिद का पतन, गुजरात में गोधरा हत्याकांड आदि घटनाएँ इन्हीं दुर्घटनाओं का परिणाम है। इन दुर्घटनाओं के कारण देश में कई हिंदू-मुसलमान दंगे हुए जिसके परिणाम स्वरूप कई हिंदू-मुसलमान परिवार उजड़ गये, बर्बाद हो गये। इस तरह की घटनाएँ सिर्फ राजनीतिक दलों की सत्ता पिपासु महत्वाकांक्षा के कारण घटित हुई नज़र आती है। देश में ऐसी कई घटनाएँ घटित हुई है, जिसमें अन्य धर्मों के प्रार्थना घरों पर हमला हुए है या उन प्रार्थना घरों को जला दिया गया है। इतना ही नहीं अल्पसंख्यांक महिलाओं की इज्जत भी लूट ली गई है। इस तरह का बढ़ता फासिज्म के खतरे का चित्रण कवयित्री सुनीता जैन अपनी कविता 'भोपाल प्रसंग -2' शीर्षक के अंतर्गत करती है कि- "खतरा बढ़ रहा है, / मैंने सुना / बढ़ रहा था फासिज्म, / क्योंकि लूट ली गई है औरत गिरजाघर वाली / जला दिया है मसीहा का मकान, / कत्ले आम यहाँ, वहाँ कत्ले आम / मुझे याद आई बचपन की अपनी / हिस्ट्री-बुक फटी हुई यही सब नहीं था क्या लिखा उसने भी / यही मोर्चे / यही जंग।"7 वर्तमान समय में भी मंदिर, मस्जिद, गिरजा घर या किसी धर्म के संत महात्माओं और महापुरुषों की प्रतिमाओं की पवित्रता को भंग की जानेवाली पोस्ट सोशल मीडीया में की जाती है, जिससे धार्मिक समूहों में टेढ़ निर्माण कर दो समूह के बीच संबंध तनावपूर्ण स्थिति बनाई जाती है, जिस पर यह राजनीतिक दल के नेता अपनी राजनीतिक फायदा उठाते हुए नज़र आते हैं। साहित्य समाज का दर्पण होता है, इसलिए सुनीता जैन ने समाज की सूक्ष्मातिसूक्ष्म घटनाओं का लेखा-जोखा अपने काव्य-साहित्य में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। उन्होंने 'क्यों खलता है?' कविता के माध्यम से अपने सागर रूपी मन में भ्रष्टाचार से संबंधित उठी लहरों को कविता रूपी किनारा देकर भ्रष्टाचारी कर्मचारी, अधिकारियों

की पोल खोल कर रखदी है। "जो कुछ है जहाँ-जहाँ / अपनी जगह भला है / मैं ही कुछ गड़बड़ हूँ- / मुझको क्यों कुछ ज्यादा दिखता है ? / वह नकली बिल देखकर / ऑफिस से पैसे लेता है वह दोपहर में अफसर के / संग होटल में सोती है / वह फ्री की पीता है बदले में खबरें देता है / तो क्यों खलता है ? / क्यों खलता है ?"8 कवयित्री कहती है कि हर व्यक्ति अपनी जगह सही है, मुझ में ऐसी कौन सी गड़बड़ी है ? जो मुझे ही ज्यादा दिखाई देता है कि, क्यों सरकारी बाबू अधिक पैसों का नकली बिल बना कर सरकार से रुपये ऐंठता है ? इसतरह सुनीता जैनने युगीन-संदर्भों को अपनी कविताओं में तहरिज दी है।

संत कबीरदास जो समाज को जागरूक रहने का संदेश देकर समाज में चलने वाली कुप्रथा, ईश्वर के नाम पर चलने वाला काला धंधा आदि के संबंध में समाज को विवेक और तार्किक विचारों के माध्यम से अपनी उत्थान की बात करते हैं। मानव समाज भौतिक उन्नति और प्रतिस्पर्धा के युग में ईश्वर, आत्मा-परमात्मा, पाप-पुण्य, टोने-टोटके, ध्यान-साधना, कथा, चौकी, जागरण आदि को शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए जीवन का अंग बना लेते, जिससे आकांक्षा और भय के माध्यम से मानव समाज अंधविश्वास का एक हिस्सा बन जाता है। फिर मानव जीवन में सुख, शांति, ऐश्वयं पाने के लिए ईश्वर की शरण में आश्रय लेते है, जिसका बेवजा फायदा मंदिरों के पंडित-पुजारी उठाते है। कवयित्री सुनीता जैन ने अपने काव्य साहित्य में एक-दो स्थानों पर धार्मिक बाह्य आडंबर से संबंधित कविताओं की प्रस्तुती की है। उनकी 'पड़ोस में' कविता में देवी माँ को आवाहन के लिए विशाल भगवती जागरण के नाम पर भजन संध्या का आयोजन किया गया है, परंतु वहाँ भजन का कोई नामोनिशान दिखाई नहीं देता है, भजन संध्या के स्थान पर भक्तों द्वारा आधुनिक फिल्मी गीतों को बजाया जाता है। जैसे- "भजनों में 'फिलिप्स टॉप टेन' / जैसा कुछ क्रम हे / लगभग चार बजे हैं- 'मैं एक नन्हा-सा छोटा-सा बच्चा हूँ / भजन जैसा भजन गाए जा चुके हैं, अब अंतिम चयन में / 'तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त' / की धुन पर बीच-बीच में बस 'जगदंबे' की टेक / पकड़ आती है, शोर में खो जाते हैं- / शेष शब्द इतने सब चाय के प्यालों में / नींद नहीं आती/ भगवती भी लगता है अब जगी गई है-।"9

किस तरह से आज धन ने पारिवारिक और रिश्तो के संबंधों को निरर्थक बना दिया है। इस बात की ओर सुनीता जैन ने हम जैसे पाठकों का ध्यान आकर्षित किया है। इस तरह समकालीन युग में घटित अमानवीय घटनाओं को कवयित्री ने बेनकाब किया है कि किस तरह अर्थ के कारण सामाजिक और पारिवारिक संबंधों में दूरी तो निर्माण होती ही है, परंतु यहाँ तक की पति-पत्नी जैसे नाजुक संबंधों में भी दरारे निर्माण होती हुई दिखाई दे रही है। पति दिन-रात धन प्राप्त करने के चक्कर में अपने बच्चों और पत्नी के लिए उचित समय निकाल नहीं पा रहा है। वह जब भी फोन या ई-मेल पर बात करता है, तो उसकी बातों में परिवार की सुख-दुख की बात न होकर केवल आर्थिक व्यवहार की ही बात होती है। इस संदर्भ में सुनीता जैन पत्नी को 'ई-मेल' शीर्षक कविता में पति द्वारा किया गया पत्नी को ई-मेल में पति केवल प्लॉट, फ्लैट और बिल्डिंग उसका दाम, क्रय-विक्रय की बात का चित्रण कवयित्री ने किया है। "7 जुलाई : / बिल्डिंग बढ़िया बन गई है। पाँच फ्लैट उठ गए तभी तभी बनते-बनते। एक बचा, / धीरे-धीरे बेचूंगा, / दाम बढ़ाकर, / बाकी तो ठीक-ठाक है।"10 वर्तमान में गाँव, शहर और महानगरों में बिल्डर माफियों द्वारा किसी व्यक्ति के घर, फ्लैट और प्लॉट पर कब्जा करना या उसे धमकाने की घटनाएँ अखबारों में आए दिन पढ़ने को मिलती है। इस तरह सुनीता जैन की कविताओं में युगीन-संदर्भ का बखुबी चित्रण दिखाई देता है।

**निष्कर्ष :-**

अंततः हम कह सकते है कि, सुनीता जैन की कविताओं में युगीन-संदर्भों को तहरीज दी गई है जिसमें कविताओं में नैतिक मूल्यों की बेतहाशा गिरावट, उपभोक्तावादी संस्कृति, वृध्दों की उपेक्षा, रिश्तों में शीतलता, लडकियों को दोयम स्थान, कामकाजी नारी की समस्या, नारी के प्रति दुर्व्यवहार, सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, धार्मिक आडंबर, धन की लालसा, उपेक्षित, वंचित, शोषित और हाशिये पर पड़े हुए लोगों के जीवन को उजागर किया है। आदि युगीन-संदर्भों को अपने काव्य साहित्य में विस्तार से चित्रण किया है।

**संदर्भ ग्रंथ :-**

1) इक्कीसवीं हदी की हिंदी कविता और जमीनी जुडाव - डा. रंजना राजदान, पृ.सं.159
2) सुनीता जैन समग्र खंड-9 - सं. पुष्पपाल सिंह, पृ.सं.102-103
3) सुनीता जैन समग्र खंड-13 - सं. पुष्पपाल सिंह, पृ.सं.70-71
4) सुनीता जैन समग्र खंड-8 - सं. पुष्पपाल सिंह, पृ.सं.236
5) सौ टंच माल - सुनीता जैन, पृ.सं.09
6) वही, पृ.सं.10
7) सुनीता जैन समग्र खंड-7 - सं. पुष्पपाल सिंह, पृ.सं.145-146
8) सुनीता जैन समग्र खंड-4 - सं. पुष्पपाल सिंह, पृ.सं.223
9) वही, पृ.सं.120-121
10) सुनीता जैन समग्र खंड-9 - सं. पुष्पपाल सिंह, पृ.सं.153-154

# मंजूर एहतेशाम का कथा साहित्य और अंधविश्वास से पीड़ित मानवीय संवेदनशीलता

**प्रा. डॉ. छाया शेषराव तोटवाड**
**हिंदी विभाग**
**लोकमान्य महाविद्यालय, सोनखेड**
**ता. लोहा जि. नांदेड, महाराष्ट्र**

**प्रस्तावना:**

मंजूर एहतेशाम हिंदी कथा साहित्य के एक ऐसे साहित्यकार है कि जिन्होंने अपने समकालीन समाज का निरीक्षण और मध्यवर्गीय मुस्लिम समाज में जन्मे होने के कारण सामाजिक समस्याओं को उन्होंने नजदीक से देखा है और भोगा भी है। उनके समकालीन या स्वतंत्रता के बाद का भारतीय समाज अशिक्षा, अज्ञान और धार्मिक अध्यात्मक की अंधी भक्ति से प्रताड़ित और पीड़ित था। वैसे तो भारत आज़ाद होने के बाद सभी को लगने लगा था कि अब समाज में खुशहाली में जिवन जियेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं, बल्कि भारतीय समाज में कई प्रकार की समस्याओं में जन्म लेकर समाज पीड़ित जीवन जी रहा था। एक लेखक के रूप में मंजूर एहतेशाम समाज के बदले सुरू और वही संकीर्ण परंपराओं से जूझते हुए समाज का चित्रण यथार्थ रूप में अंकित करने में सफल रहे हैं। मुस्लिम समाज में जन्म होने के कारण उनके साहित्य में स्वाभाविक रूप से मुस्लिम समाज की सामाजिक समस्याओं का चित्रण होने यह उनके साहित्य की प्राकृतिकता परिलक्षित होती है। वैसे देखा जाय तो, मुस्लिम समाज पर सदियों से धर्म का पगड़ा रहा है। इसी धर्म प्रेम तथा विश्वास के चलते कई रूढ़ी-परंपरा, रीवाजों के कारण मुस्लिम समाज समस्याओं से घीरा हुआ नजर आता है। अपने धर्म के ख़िलाफ़ जाकर अथवा समाज के विरूध्द जाकर अपने समाज के समस्याओं को नीड़र होकर चित्रित करना यह अपने समाज के प्रति मंजूर ऐहतेशाम का दायित्व रहा है। इसी लिए मासुम रजा, अब्दुल बिस्मिल्लाह, नासिरा शर्मा, असगर वजाहत की परंपरा में मंजूर ऐहतेशाम को कई समीक्षक देखते हैं। मंजूर एहतेशाम ने 'सुखा बरगद', 'बशस्त मंजिल', 'दास्तान-ए-लापता', 'कुछ दिन ओर', 'पहर पढते' आदि उपन्यासों के साथ ही 'तसबीह', 'तमाशा' तथा 'अन्यकहानियां' आदि कहानी संग्रहों को प्रकाशित करके अपने आप का इक्कीसवीं सदी में साहित्यकार के रूप में परिचय दिया है।

मंजूर एहतेशाम के कथा साहित्य में रूढ़िवादिता एवं अंधविश्वास से पीड़ित मानवीय **संवेदनशीलता:** मंजूर एहतेशाम ने मुस्लिम समाज के अंधविश्वास को यथार्थ रूप में उपन्यास और कहानियों के जरिए परिलक्षित किया है। मुस्लिम समाज पुरानी परंपराओं, प्रभाओं और रीति-रिवाजों के अतिरिक्त धर्म और धर्म की परंपराओं पर आख बंद करके विश्वास करनेवाला समाज है। निरक्षरता और धार्मिक कट्टरता के चलते यह समाज सदियों से अंधविश्वास में पीडित और प्रताडित जीवन जी रहा है। एक मुस्लिम समाज के साहित्यकार के रूप में मंजूर एहतेशाम ने अपने समाजिक परिवेश को देखा है और उनकी समस्याओं को भी परखा है। इसलिए वे कहते हैं, "मुस्लिम समाज और उसके परिवेश के बारे में भी तो लिखा जाना जरूरी है जो मैं लिखू वो मेरी जिन्दगी हा हिस्सा भी होगा।"[1]

**'सुखा बरगद'** उपन्यास में चित्रित मुस्लिम समाज का परिवेश रूढ़ितावादी और अंधविश्वास से पीड़ित है। धार्मिक अंधविश्वास के रूप में कुर्बानी की प्रथा, बुर्का प्रथा और कई रूढी परंपरा के जरिए

मुस्लिम समाज अंधविश्वास से पीड़ित है। क्योंकि मज़हबी रूढ़िवादिता कट्टरपंथ और अंधविश्वास विकास की धारा को अवरूध्द कर देते हैं। यही कारण है कि मुस्लीम समाज पिछडा हुआ है। आम मनुष्य में धार्मिक अंधविश्वास की परंपरा सदियों से रही है। मुस्लीम समाज में फोटो खिंचवाना और घर में फोटो को लगवाना गुनाहा मानने की अंधविश्वासी परंपरा रही है। पुरातन पंथी मुस्लिमों की यही धारणा रही है। इसलिए उपन्यास का मुस्लिम चरित्र फुू भी तस्वीर खिंचवाने के प्रति अपनी अंधविश्वासी पुरातन धारणा व्यक्त करते हुए कहता है-"उसे किया मत के दिन उन तस्वीरों में जान डालनी पड़ेगी और खुदा के अलावा क्यों कोई किसी मुर्दा शैं में जान डाल सकता है? यह सब गुनहगार है चाहे तस्वीर बनाएंं या खिचवाएंं और इनका घर जहननुम है।"2

हज यात्रा और मुस्लिम समाज का गहरा संबंध रहा है। इसलिए हज जाना बडा पवित्र कार्य माना जाता है; लेकिन हज यात्रा बिना पासपोर्ट के अलावा नहीं कि जा सकती है। और अगर पासपोर्ट बनवाने के लिए फोटो या तसवीर खिंचवानी पडेगी ही, इसलिए हज यात्री हज जाने के लिए फोटो खिचवाने को आपत्ति नहीं मानते हैं। इससे यह जाहिर है कि फोटो और जहन्नुम का नाता मनुष्यों ने बनाया है और यही रूढ़ी परंपरा बनकर समाज को अंधविश्वास की चपेट में ले रहा है जिससे मनुष्य जीवन पीड़ित, प्रताड़ित है। इसी निरर्थक बात की पुष्टि सुहेल करते हुए कहता है- "आप भी हज करने जाएंंगी तो क्या फोटो खिंचवाना पडेगा? क्या नन्हे चचा पर भी गुनाह होगा, फोटों खिंचवाने का?"[3] इसके साथ ही लेखक ने मुस्लिम समाज की औलादे बेसक पैदा करों उनका खयाल अल्ला रखेगा। इसी अंधविश्वासी और रूढ़िवादी संकीर्ण परंपरा के परिवेश को भी यथार्थ रूप में परिलक्षित करते हुए उपन्यास के अब्दुल वहीद खॉं इस चरित्र के द्वारा एक स्थान पर कहलवाया की, "मजहब ने यही तो सिखाया है कि, औलादें बेहलक पैदा करों परवरिंश की तरफ से ऑंखे मूंंद लो इस्लाम में सुअर खाना हराम माना गया है। और इसी सोच पर सदियों से मुस्लिम समाज चलने की पूरी कोशिश करता आ रहा है। अब्दुल वहीद खॉं इसी संदर्भ में कहकर अपनी अंधविश्वासी सोच का दर्शन करते हुए कहते हैं- "अगर मज़हब ने इजाजत दी होती तो जरूर खाते? मना किया है, इसलिए नहीं खाते?"[4] लेकिन उपन्यासकार मंजूर एहतेशाम इन सभी बातों की रूढ़ी-परंपरा को संकीर्ण सोच मानकर और मजहबी कट्टरपंथीयों की रूढ़िवादीता और अंधविश्वासों की साजिश मानते हैं। जिसके चलते आम मनुष्य धोका खा कर खुद पीड़ित हो रहा है। इसी अमानवीय संवेदनशीलता को बयान करते हुए लेखक कहता हैं- "एक और मंदिर बनवा दो, जहॉं यह आदमी, हुकूमत करने वाले के भी हाकिम की इबादत करता रहे। सारे दुख मुकद्दर समझकर सहता रहे ओर उससे दुआ करे कि मरने के बाद जन्नत मिल जाए। और यह समझदार लोग इसी दुनिया में जन्नत के मजे लेते रहें, अवाम के साथ मनमानी करते रहें।"[5] इतना ही नहीं इसी उपन्यास में मुस्लिम कट्टरपंथी लोग अपनी स्वार्थी लालच के चलते ऐसे अंधविश्वासी सोच का लाभ उठाकर आम मुस्लिमों को प्रताड़ित किया जाता है। इसी यथार्थ रूप में पडताल करते हुए लेखक लिखते हैं, "मजहब इनके लिए एक खास रब की इबादत करना या एक खास तरह से जिन्दा रहना ही नहीं सबसे पहले तो एक धंधा है।"[6] अर्थात सुखाबरगत इस उपन्यास के द्वारा मुस्लिम समाज में पतपती रूढ़िवादिता और अंधविश्वास जैसी समस्या का पर्दा फाश करने का काम एक सजक लेखक के रूप में लिया है।

**'बशारत मंजिल'** उपन्यास में मुस्लिमों के लिए मुर्तिपूजा और मूर्ति बनाना हराम का माना जाता

है। यह सोच भी अंधविश्वास का परिचय देती है। बेटा आरिफ ड्राइंग में लैण्डस्केप बनाने तक उनके पिता काजी कमालउद्दीन को कोई दिक्कत नही होती, लेकिन ज बवह इंसानों की तस्वीर बनाने लगता है, उसमें रंग भरते देखकर पिता उसपर अंधविश्वास सोच के चलते उसका विरोध करते कहते है- "मुसलमानों के लिए मुर्तिपूजा ही नहीं, मूर्ति बनाना भी हराम था और इंसानों के आक्सर कागज-कैन्वस पर बनाना या उनमें रंग भरना भी।"[7] खात है और उसी दिन से तुम्हारे ताया अब्बा से जो हमारे बचे-खुचे ताल्लुकात थे, वह भी खत्म हो गए।"[8] इससे पिता अपने अंधविश्वासी होने का परिचय देते हैं।

**'दास्तान-ए-लापता'** उपन्यास में मुस्लिम समाज की रूढ़ीवादिता और आंधी प्रतिष्ठा को बयान किया है, जो समाज में किसी समस्या से कम नहीं है। दुल्हन चर्चा अपने मकान को बेच करके अपनी रूढ़ीवादीता ओर सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए कुछ खर्च करती है। इसके साथ ही वे दो काम करती है- "हज करना, और दूसरा अपने गॉव के बारे में एक कुंआ खुदवाना जिससे पानी पीने वाली आगामी पीढ़ियों की दुआएॅं और उसके नतीजे सवाब दुल्हन चची को कयामत तक मिलता रहे।"[9] याने धार्मिक परंपरा के चलते दुल्हन चची में रूढ़ीवादी प्रतिष्ठा का लांलच स्वाभाविक रूप धारण करता हुआ मिलता है।

**'तमाशा और अन्य कहानियाँ'** इस कहानी संग्रहों की कई कहानियों में समाज में चलते रूढ़िवादिता और अंधविश्वास को बयान करते है। 'बशीर खॉं मालिक मॉडर्न केनिंग आर्ट' इस कहानी में मुस्लिम समाज की रूढ़िवादिता और अंधविश्वास पर यथार्थ रूप में प्रकाश लालती है। मुसिलम समाज में धर्म और कुर्बानी की रूढीवादीता को बशीर खॉं के माध्यम से परिलक्षित किया है। ईद का समय नजदीक आने के कारण सभी कुर्बानी लेकर इंतजाम में जुटे हैं। बशीर खॉं ने भी ईद की कुर्बानी के लिए शाहू नामक बकरे को पालना शुरू करता है। बशीर खॉं अपनी औलाद की तरह शाहू का चाहते हैं। उनके दिल में कुर्बानी का जज्बा सच्चा था। उन्हें धर्म के नाम पर दिखावा करने वालों से सख़्त नफरत थी। कुर्बानी के लिए पांडे या बौदे में हिसूता करना उन्हें पसंद नहीं था। वहीद काले ईद पर कुरबानी के लिए पॉच सौ रूप्ये का बकरा खरी देते हैं। उनके मन में अल्लाह के लिए श्रध्दा हो या अंधविश्वास या रूढ़ी परंपरा के लिए इस प्रथा को चलाना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए वे आपने आप को सबसे खडा भक्त मानते हैं। तो दूसरी तरफ किट्टरन पैसे के अभाव में कुरबानी को बोझ की तरह कबूल करता है। ऐसी स्थिती को और सामाजिक रूढीवादीता और अंधविश्वस को देखकर बशीर खॉं कहता है- "अब कुरबानी भी मात्र कुरबानी नहीं, सिर्फ दिखावा होकर रह गई है। खाते-पीते ऐश करते लोग मोटरों में बैठ-बैठकर हाट जाते हैं और उसी शानों-शौकत के साथ बकरे खरीदते हैं, जैसा सुना है, एक जमाने में मालदार लोग अय्याशी के लिए गुलाम खरीदा करते थे।"[10] इससे वे अपने समाज के रूढ़िवादी और अंधविश्वास का परिचय देते हैं। अंधविश्वास पर आधारित विचार एक कमजोर इंसान को पैदा करता है। क्योंकि अंधविश्वास मात्र दुर्बलों का सहारा है और यह विचारधारा आधुनिक मनुष्य की कमजोरी को भी दर्शाता है। बशीर खॉं भी इसी मनुष्य की तरह अपनी ईश्वरिय आस्था में जीवन यापन करता नजर आता है। जब उन्हें यह मालूम हो गया कि इस्लाम धर्म, "पुल-सरात से गुजरने और जन्नत तक पहुॅंचने के लिए सबसे बडी मदद वह जानवर होगा जिसे वह बकरा ईद पर राहें खुदा में कुरबान करेंगे।"[11] इससे यह धार्मिक अंधविश्वास समाज में प्रचलित है कि, बकरीद पर दी जाने वाली बलि स्वर्ग जाने के लिए व्यक्ति को सहायक होती है, इस तरह की धार्मिक रूढ़ि के नाम पर मुस्लिम समाज में जानवरों की हत्या की जाती है। इसी पर कथाकार ने यथार्थ रूप में प्रकाश डाला है।

**'रिहाई'** कहानी में भी मुस्लिम समाज की धार्मिक रूढ़िवादीता का वर्णन मिलता है। कहानी के कथावाचक की मां धार्मिक विचारों वाली भारतीय महिला है इसलिए उनके जीवनयापन या विचारों में रूढ़ियाँ, प्रथा परंपरा मौजुद थी। उसकी माँ खुशी के साथ विजयी मुस्कान को लिए हुए घट के बच्चों को बता रही थी कि, "बेसमझ, इतने छोटे मुर्गी के बच्चों को भी एहसास है कि, अजान किबला रूख हो के देना चाहिए। अभी थोडी देर पहले अजान दे रहा था कि मुंह किबले की तरफ करके।"[12] इससे यह परिलक्षित होता है कि वह धार्मिक रूढ़ियों से इतनी जकड़ी हुई है कि वह सोचती है कि अगर धार्मिक ग्रंथों में यह लिखा है कि अजान किबला (पश्चिमी दिशा) में होकर दी जाती है और मुर्गे का पश्चिमी दिशा में बॉग लगाना धर्म का प्रभाव है। समाज धार्मिक रूढ़ियों में इतना जकड़ा है कि धर्म के आगे उनकी बुध्दि तार्किक दृष्टि से सोचना बंद कर देती है।

**'कड़ी'** कहानी में कथाकार विद्यार्थी नेता सान्याल और उसके साथ उनकी कैंटीन में आए एम.एफ. खान की धार्मिक सोच तथा रूढ़िवादि का वर्णन अपने भाई के संदर्भ में करते हुए कहते हैं- "हद यह है कि उसने जीवन में कभी शव नहीं बनाया और बिलकुल उस तरह दाढ़ी रखी जैसा मजहब में बताया गया है।"[13] खान सहाब के इस्लाम धर्म की रूढ़ियों को मानते हैं और उन्हें अपने जीवन अमल भी करते हैं। याने धर्म के मामले में मुस्लिम समाज अधिक सोचता नहीं है चाहे वह बात गलत ही क्यों ना हो? उसके प्रति अपना विवके नहीं लगाता है बस सीर्फ ऑख बंद करके अंधविश्वास करके उन रूढ़ियों को परंपरा का आचरण करता है।

**'तसबीह'** कहानी की सजिदा भी धार्मिक रूढ़ि, प्रथा और परंपरा में अपना जीवन जीनेवाली महिला है। रमजान में दी जाने वाली जकात के लिए घर में पैसा न होने पर अपने सोने की बाली बेच देती है और उससे मिले पैसों से आसपास के घरों से आए लोगों की जकात दी जाती है। और अपनी धार्मिक रूढ़ि, प्रथा और परंपरा को चलाती है। पति के मना करने के बावजूद भी साजिदा जकात के पैसों का इन्तजाम कर लेती है। पति द्वारा किया हुआ क्रोध को देखते हुए वह पति से अपने रूढ़िवादीता और अंधविश्वास का परिचय देते हुए कहती है- "देखिए खुदा का हुक्म हम पर फजै है।"[14] उसे लगता है कि चकात देना ईश्वर का आदेश है और उसका पालन करना हमारा कर्तव्य है। यह मुस्लिम समाज की रूढ़िवादी और अंधविश्वास की सोच है जो समाज को सदियों से पिछडने पना डाल रही है। इसलिए आधुनिक सोचवाला पति अपनी पत्नी साझिदा को उसकी माँ के पास लेजाकर ऐसी रूढ़ियों का विरोध करते हुए कहता है-"कोई मजहब आंखे बंद करके कुएं में कूदने को नहीं कहता है, कोई नहीं कहता खुद भूखे रहकर दूसरों को भीख दो।"[15] यह पति की सोच समाज में पनपते अंधविश्वास और रूढ़िवादी का खंडन करती है।

**निष्कर्ष:**

इस तरह मंजूर एहतेशाम ने अपने कथा साहित्य में मुस्लिम समाज में पनपती रूढ़िवादीता और अंधविश्वास यह सामाजिक समस्या बनकर समाज के विकास के रास्ते में बांधा किस प्रकार सदियों से बन रही है। इसका यथार्थ चिंतंन अपने उपन्यासों और कहानियों में किया में किया हुआ परिलक्षित होता है। मंजूर एहतेशामने, इक्कीसवीं सदी का आम आदमी समाज में बढ़ती रूढ़िवादीता और अंधविश्वास से पीड़ीत जीवन जी रहा है। इसकी संवेदनशील मानवीय जीवन के रूप में यथार्थ चित्रित किय है। इसके लिए शिक्षा और वैज्ञानिकता की सोच समाज में बढ़ने की सकारात्मक दृष्टि में भी अपने कथा साहित्य के द्वारा देते हैं।

**संदर्भ सूचीः**

1. कथाचक्र, अक्टूबर-दिसंबर, 2005, पृ. 08
2. मंजूर एहतेशाम, सुखा बरगत, पृ. 18
3. वही, पृ. 23
4. वही, पृ. 34
5. वही, पृ. 55
6. वही, पृ. 61
7. वही, पृ. 60
8. मंजूर एहतेशाम, बशारत मंजिल, पृ. 48
9. वही, पृ. 41
10. मंजूर एहतेशाम, तमाशा तथा अन्य कहानियां, पृ. 09
11. वही, पृ. 11
12. हिमप्रस्था, नवम्बर, 2016, पृ. 15
13. वही, पृ. 16
14. मंजूर एहतेशाम, संपूर्ण कहानियां, पृ. 58
15. वही, पृ. 60

# 21वीं सदी की कविता और मानवीय संवेदना

**डॉ. कल्याण शिवाजीराव पाटील**
**सहयोगी प्राध्यापक**
**हिंदी विभाग**
**के.आर.एम.महिला महाविद्यालय, नांदेड**

इक्कीसवी सदी की हिंदी कविता 16 वर्षों की नवयौवनता तुल्य है, इसीलिए इसके समय समाज और साहित्यिक गतिविधियों नवीन परंपराओं के सूत्रपात और इसके विकास की संभावनाओं के संदर्भ में कुछ विचार करना ठीक उसी ज्योतिषी की तरह होगा जो किसी बच्चे के जन्म के समय उसके ग्रह नक्षत्र को देखकर उसकी कुंडली बनाना और उसके भविष्य के बारे में कुछ वक्तव्य देने जैसा है लेकिन अपनी इसी 16-17 वर्ष की यात्रा में समाज साहित्य और परिवेश के प्रति सजगता इस कविता में जैसी दिखाई देती है वैसी सजगता पहले शायद ही किसी कविता में दिखाई दे।यह कविता समकालीन परिवेश का सजीव एवं यथार्थ चित्रण करती है। यद्यपि इसी सदी के समाज में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक तथा आर्थिक एवं नैतिक विषमताएं भी दिखाई देती है। कविगण इस विषमता पर कठोर प्रहार करते हैं ताकि समता की स्थापना की जा सके युग परिवर्तन के इस काल में परिस्थितियां भी सतत रूप से परिवर्तित हो रही है । जब परिस्थितियां करवट लेती है तो सामाजिक मूल्य भी उनसे निश्चित रूप में प्रभावित होते हैं जिनके परिणाम स्वरुप जीवन मूल्य और मानवीय संवेदनाएं भी बदलती है ।

कविता वह है, जो मनुष्य को मनुष्य बने रहना सिखाएं । कविता वह है , जो मनुष्य, समाज और समूचे विश्व को प्रेम, शांति और सुख से आप्लावित कर दे।**नरेश सक्सेना** की कविताएं इसी श्रेणी की कविताएं है। उनके कविता संग्रह 'समुद्र पर ही हो रही है बारिश' ( 2001) और '**सुनोचारूशीला**' (2012) की कविताएं मानव को मानवीय संवेदनाओं से युक्त करती है ।वे सुनोचारूशीला केपूर्वकथन में कविता केसरोकारों पर गहन चिंतन करते है -"कविता जो पाठक को विचलित करें , भावबोध का परिष्कार करें और दृष्टि को बदल दे मनुष्यता का ऐसा दस्तावेज जो अपने समय के अन्याय और क्रुरता को चुनौती देता हो । कविता ऐसी जो जो बुरे वक्त में काम आये,जो हिंसा को समझ और संवेदना में बदल दें ।" ऐसी कविता जो बच्चों जैसा सरल और निश्छल बना दे, कौतूहल और प्रेम से भर दे। ऐसी ही एक कविता है'**गिरना**'। यह कविता समाज में व्याप्त अमानवीयता को परिलक्षित करती है। यह अमानवीयता या पतन हमारे भीतर से शुरू होता है और अनवरत जारी रहता है -

"यही सोच कर गिरा भीतर
की औसत कद का मैं
साढ़ेपाँच फिट से ज्यादा क्या गिरूंगा
लेकिन कितनी ऊंचाई थी वह
की गिरना मेरा मेरा खत्म ही नहीं हो रहा"।1

**वस्तु** : यह गिरना 21वीं सदी की सबसे बड़ी विडंबना है। नरेश जी की दृष्टि में यह गिरना अनिष्टकारी, अमानवीय, निरर्थक है। यह समाज के लिए चिंताजनक है इसी कविता में नरेश जी कहते हैं कि गिरना एक

स्वाभाविक प्रक्रिया है । इसीलिए गिरने से नहीं बचा जा सकता । यह कविता गिरने की सकारात्मक को भी व्यक्त करती है। इस गिरने की प्रक्रिया में अच्छाई , निश्छलता, मंगल होनी चाहिए । जिससे कुछ नया पैदा हो सके । कविता की शक्ति इसी में है-

"गिरो प्यासे हलक में एक घूंट जल की तरह
रीतेपात्र में पानी की तरह गिरो
उसे भरे जाने के संगीत से भरते हुए
गिरो आंसू की एक बूंद की तरह
किसी के दु:ख में
गेंद की तरह गिरो
खेलते बच्चों के बीच
गिरो पतझड़ की पहली पत्ती की तरह
एक कापल के लिए खाली जगह करते हुए
गाते हुए ऋषियों की तरह
की जहां पत्तियां नहीं झरती
वहां बसंत नहीं आता ।"2

पतन से उठने के इतने सकारात्मक तरीकों और प्रभावात्मक बिम्ब एक साथ हमारे सामने खींच कर, नरेश सक्सेना ने अपने अद्भुत रचना शक्ति का परिचय दिया है।

21वीं सदी का समाज जड़ता का शिकार होता जा रहा है।निश्चेतना व निष्क्रियता के इस दौर में नरेश सक्सेना की कविताएं संवेदनाओं को समझाने पर जोर देती है-

21वीं सदी की कविता रोजमर्रा के जीवन एवं चिंतन की संवेदनाओं से जुड़ी है वस्तुतः इसकी शुरुआत 20 वीं सदी के उत्तरार्द्ध के पुरानी एवं नयी पीढ़ी के कवियों द्वारा हो चुकी थी। हरिशचन्द्र पांडे की 'कुतरे गए फल', 'ले देकर एक', 'हथीयाई गई जमीन', 'इधर मैंने उठाई है', 'खिलौने', 'कांटा निकालना', 'बचा लो इसे', 'जंगल में रास्ता', 'कर्ज', 'सपना' और 'सूअर का बच्चा' आदि कविताएं उनके रोज के जीवन के अनुभव से टकराती हुई कविताएं है।

जो की नई-नई संवेदनाओं से भरपूर है अगले अंक में किस तरह आऊ कीमेरेपैरदुखतेहै वहीं खूनकेछिटे नमक है और बासीभात है/ मैं कहूँ किससेकहूँ कि क्या यही गुजरात है/ साधु से ही पूछते हो क्या तुम्हारी जात है कविता की पंक्तियां देवी प्रसाद मिश्रा की 'जो पीवे नीर नैना का' शीर्षक कविता से ली गई है। प्रस्तुत कविता गुजरात में हुए दंगे पर केंद्रित है।

युवा कवि **निलय उपाध्याय** की 'गमछा', 'मुझे पछाड़ दिया', 'आवस', 'बस में.....', 'पपीता', 'विजय रथ', 'उनकी रोशनी में', 'दांत' आदि कविताएं कवि के निजी अनुभवों और समसामयिक संदर्भो के विविध संवेदनाओं से जुड़ी कविता आम आदमी की आर्थिक मजबूरी और लाचारी की मार्मिक संवेदना को व्यक्त करती है ।

"घाव की तरह टीसते है
और भोजन देख बिलख पडते हैं मसूडे

जीभ उन्हें सहलाती है, दिलाती है यकीन
हम भी जल्दी ही लगवा लेंगे भैया
एक बेटी बची है अभी
उसे ब्याहने के बाद।"3

**उदय प्रकाश** की 'टेलीफोन' कविता एक साथ समय, सूचना तकनीकी एवं बाजारवाद के प्रभाव को परिणाम स्वरूप उपजी कई कई संवेदनाओं को जन्म देती है ।

"तकनीकी ने छीना चरखा;
काल ने छीना मां
सभ्यता ने ले गई रस्सी, थाली और धोती
नींद के लिए बाकी था कल तक किसी कोने में एक अंधेरा
उठा ले गया बाजार
थोड़ी सी थी जो इज्जत ले गई गरीबी ।"4

इन दिनों हिंदी कविता में जहां हिंसा, बाजार और उपभोक्तावाद के आतंक को प्रबलता से दर्ज किया गया है,वहीं सांप्रदायिकता और घृणा के कुरूप चेहरे को भी बेनकाब करने की कोशिश मिलती है समकालीन कवि सतही  यथार्थवादी और प्रचारात्मक कविता के रुग्ण परंपरा से मुक्त है। इसमें विचार और संवेदनाओं को खास महत्व दिया गया है।

इन दिनों हिंदी के अधिकांश कवि मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि से आ रहे हैं। वे परिवर्तित समाज की संवेदनाओं से भली भांति परिचित है। परिवर्तन का असर मध्यमवर्गीय जीवन पर कुछ अधिक पड़ता है। क्योंकि वह अतृप्त वासनाओं और कुंठाओं का शिकार होता है।समाज में संवेदना के नए आयामो की धड़कन को इस वर्ग के द्वारा अच्छी तरह से जाना जा सकता है ।

सन 2000_01 में प्रकाशित' अतिरिक्त नहीं' (विनोद कुमार शुक्ल), वर्षा में भीगकर (इब्बार रब्बी), एवजी में शब्द, (विनोद कुमार श्रीवास्तव), नीम रोशनी में, (मदन कश्यप), कसौटी (निलय उपाध्याय), हम जो नदियों का संगम (बोधिसत्व),इस तरह मैं (पवन कारण), मिट्टी से कहूंगा धन्यवाद (एकांत श्रीवास्तव), मिट्टी का फल (प्रेमरंजन अनिमेष), कागज के प्रदेश में (संजय कुंदन), काल और अवधि के दरम्यान (विष्णु खरे), सराय में कुछ दिन (नरेंद्र जैन), लिख सकु तो (नईम ), सुंदर चीजे शहर के बाहर है (अरविंद चतुर्वेदी), पुरखों की परक्षी में धूप (अशोक वाजपेई ), उजाड़ में संग्रहालय (चंद्रकांत देवताले), मेरा उजाड़ पड़ोस (दिनेश जुगरण) आदि काव्य संग्रह की कविताओं के माध्यम से हिंदी कविता की नई-नई संवेदनाओं की परख की जा सकती है।

उक्त काव्य संग्रह के अंतिम दो संग्रह में 'उजाड़' शब्द का प्रयोग किया गया है। वस्तुतः यह देवताले और जुगरान की संवेदनाओं का नया धरातल है क्योंकि ना तो संग्रहालय उजाड़ में रह सकता है और न उजाड़ पड़ोस के साथ ।  आजादी के इतने वर्षों के बाद भी कहीं कहीं देश की हालत उजाड़ जैसी ही है। स्वतंत्रता- दिवस के अवसर पर देशवासियों को दी जाने वाली लुभावनी योजनाओं से दुःखी होकर देवताले लिखते हैं-

" कल सुबह स्वतंत्रता -दिवस का झंडा फहराने के बाद

जो कुछ भी कहा जाएगा ।
उसे बर्दाश्त करने की ताकत मिले सबको
मैं शायद कुछ ऐसा ही बुदबुदा रहा हूँ ।"5

आज सूचना तकनीकी, बाजारवाद, भूमंडलीकारण और आतंकवाद के दौर में मानवीय संवेदनाओं पर कई-कई अजनबी संस्कृतियों का हमला है पास पड़ोस और गली मोहल्ले की चहल-पहल पर अब समाप्त हो गई है। रिश्तेदारों मित्रों का मिलना जुलना लगभग समाप्त हो चुका है।

जिंदगी की आपाधापी, पूंजी संग्रह, निजी सुखोभोग आदि के कारण खून के रिश्तों में भी दरार पड़ गई है। एक दूसरे के सुख-दुख की चिंताएं समाप्त हो रही है। मनुष्य पक्षी की भांति संवेदन विहीन जीवन जी रहा है। इधर कुमार अम्बुज के तीन संग्रहों 'किवाड़'(1992), 'क्रूरता'(98) 'अनंतीम' के बाद चौथा संग्रह 'अतिक्रमण','वीरने हम्वाल के महत्वपूर्ण संग्रह 'दृश्यचक्र में सृष्टता' के साथ छुपकर आया है।अम्बुज की अतिक्रमण शीर्षक कविता वर्तमान परिदृश्य का बड़ा बेबाक चित्रण करती है।

हिंदी कविता के समकालीन परिदृश्य में अनामिका, गगन गिल, तेजी ग्रोवर, कात्यायनी ,निर्मला गर्ग, नीलेश रघुवंशी आदि की कविताएं नारी जीवन की विविध नई संवेदनाओं से जुड़ी है। अनामिका के अनु पुष्प संग्रह की पहली कविता 'ईश्वर को अंत में' कविता रूपक बहिणाबाई 21वीं सदी से मिलकर पड़े तो यह ईश्वर से एक नया सामना है

"जब उसने पहले -पहल मुझे छुआ
दरक गई घटनाओं की छाती।
हुक की तरह उठी पछिया
और मुझे सहेज कर समेटा उसने
जैसे आंधी में
कपड़े अंकवार लिए जाते हैं
अलगनी से खींचकर।"6

इक्कीसवी सदी के इन पांच वर्षों में हिंदी कविता 20 वीं सदी के अंतिम दशक एवं आज की नई संवेदनाओं के साथ निरंतर बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रही है। राजनीतिक, बाजार, मीडिया, सूचना, तकनीकी, भूमंडलीकरण आदि के प्रभाव के कारण हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में परिवर्तन वर्षों में नहीं अपितु महीनो में हो रहे है।

दरअसल इस गतिशीलता को स्थूल रूप से नहीं आंका जा सकता क्योंकि आज व्यक्ति एवं समाज मन को आसानी से नहीं जांचा जा सकता ।

फिर भी नए कवि सक्रिय होकर अपनी भूमिका का सफल निर्वाह कर रहे हैं। हिंदी कविता के अत्यधिक गद्यात्मक रूप से उसकी पठनीयता में कमी आयी है। हिंदी कविता को अपनी जड़ तक पहुंचने तथा नई संवेदनाओं को पकड़ने के लिए उसका पठनीय होना भी जरूरी है वस्तुतः कविता राम जीवन से कट रही है यह एक विचारणीय मुद्दा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1) पूर्वकथन, सुनो चारूशीला, नरेश सक्सेना, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्मरण 2012, पृष्ठ .10
2) गिरना, सुनो चारूशीला, नरेश सक्सेना, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्मरण 2012 पृष्ठ .21
3) सुनो चारुशीला, नरेश सक्सेना, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्मरण 2012, पृष्ठ .23
4) पानी क्या कर रहा है, सुनो चारूशीला, नरेश सक्सेना, भारतीय ज्ञानपीठ, संस्मरण 2012 पृष्ठ. 71-72
5) 21 वी सदी का आल्हा -देवेंद्र आर्य, पृ०सं० 128
6) नीलेश रघुवंशी, धरती हॉफ रही है, किताब घर प्रकाशन, नई दिल्ली 2008,पृ 13

# दोहरा अभिशाप आत्मकथा मे चित्रित सामाजिक संघर्ष

**कविता चोखोबा किर्ते**
**शोधछात्रा**
**अनुसंधान केंद्र,**
**दयानंद कला महाविद्यालय, लातूर।**

आत्मकथा साहित्य की ऐसी विधा है जिसमें अपने द्वारा लिखी हुई अपनी जीवनी होती है। जो अपने व्यक्तित्व से जुडे तमाम आयामों को अपनी आत्मकथा के द्वारा समाज के सामने लाती है। आत्मकथा लिखना और वह भी किसी स्त्री के लिए कोई आसान काम नहीं होता,जहाँ समाज में पूँजीवादी लोग,जातिवाद के प्रति बढ़ती कट्टरता,महिलाओं को सिर्फ उपभोग की वस्तु तक सीमित रखनेवाला समाज तथा समाजद्वारा उनका बार-बार परंपरा या संस्कृती के नाम पर रीतिरिवाजो के दायरें में बांधकर रखनेवाला समाज, हमेशा से ही इसी प्रस्थापित समाज के द्वारा स्त्रियों का हो रहा अपमान, शारीरिक तथा मानसिक शोषण, तथा उपेक्षा की गई है। जब बात सहनशीलता से परे होने लगी तो, इसका विरोध तथा इसको बदलने की जरूरत थी । सांप्रदायिक समाज व्यवस्था के खिलाफ महिला आत्मकथाकार लेखिकाओं ने अपनी कलम आत्मकथा के माध्यम से चलाई है। महिला आत्मकथाकार लेखिकाओं ने जो देखा, जो सहा और उसका विरोध करने की ताकत जमा कर ली और शोषित स्त्री के विरोध में विद्रोही बनकर उभरी है। विस्तृत और वास्तविक जानकारी हमें उनके आत्मकथा से प्राप्त होती है। उसमें प्रमुख महिलाओं की आत्मकथा रही। जैसे चंद्रकिरण सोनरेक्सा- पिजंडे की मैना, प्रभा खेतान- अन्या से अनन्या, मैत्रेयी पुष्पा - गुडिया भीतर गुडीया, रमणिका गुप्ता- हादसे, मन्नु भंडारी- एक सच यह भी। यह नाम उल्लेखनीय है। इसके साथ ही ऐसी प्रमुख आत्मकथा रही है,जिसने जीवन को एक नया दृष्टिकोन दिया है। जहाँ उन्होंने, बरसों से,समाज में चला आ रही जातिवादी व्यवस्था,पूँजीवादी समाज,भेदाभेद की प्रवृत्ती आदि से स्त्री का सामाजिक शोषण तथा नीजि दुनिया और सार्वजनिक दुनिया के बीच पड़े पर्दे को उठाने का कार्य करते समय उसे अनेक सामाजिक संघर्षो से जुझना पड़ा है। उसमें मुख्यतः आत्मकथा विधा के माध्यम से कौसल्या बैसंत्री की आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' और सुशिला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' और आदी आत्मकथाओं में इन लेखिकाओं की तरह साहित्य के क्षेत्र में और समाज में सामाजीक संघर्ष करना पड़ा है ।कौसल्या बैसंत्री ने अपनी आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' में इसी सामाजिक संघर्ष को खुलकर और सच्चाई के साथ उभारकर रखा है।

आत्मकथा एक ऐसी विधा है,जो दलित साहित्य मे जीता जागता इतिहास रही है। कौसल्या बैसंत्री दलित आत्मकथाकार होने के कारण जिस प्रकार दलित आत्मकथा कार अपने जीवन के जरीए अपने समाज में सदियों से चली आ रही कुरिती,पुराने दर्द और अनसूनी सच्चाई को आत्मकथा के माध्यम से सहा गया है । 'दोहरा अभिशाप' यह हिंदी साहित्य का जीता जागता इतिहास माना गया है। वैसे तो हिंदी साहित्य में कई आत्मकथाएँ प्रकाशित हुई है।जिसमें दलित पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी अपने संघर्ष,पीडा को बिना किसी संकोच से, बिना कल्पना से और बिना अलकारों के माध्यम से लिखा है। सवर्ण समाज द्वारा दलित समाज का शोषण हुआ है,लेकिन उसी में एक दलित स्त्री के लिए उसका शोषक वर्ग सिर्फ सुवर्ण

समाज ही नही बल्की अपने घर परिवार वाले भी शामिल है,जो कौसल्या बैसंत्री की आत्मकथा १९९९ में प्रकाशित हुई 'दोहरा अभिशाप' में दिखाई देती है। यह एक स्त्री की आत्मकथा नही बल्की एक दलित स्त्री की आत्मकथा है।जहाँ कौसल्याजी ने अपने पुरे जीवन में स्त्री और दलित स्त्री होने का अभिशाप भोगा हुआ है।घर के अंदर स्त्री होने का और घर के बाहर उसका संघर्ष अविरत रहा है ।कौसल्या बैसंत्रीजी मराठी भाषिक होते हुए भी उन्होंने अपनी आत्मकथा हिंदी भाषा में लिखी है।और यही आत्मकथा भारतीय समाज में दलित स्त्रियों की आजादी का बिगुल बनकर उभरा हुआ है। इसके पीछे उन्हें अनेक संघर्षो से गुजरना पडा है। कौसल्या जी अपना संघर्ष और समाज की घृणित मानसिकता को आत्मकथा के माध्यम से उजागर करने का प्रयास करती है,ताकी अन्य स्त्रियों को वह अन्याय अत्याचार के विरोध में आवाज उठाने को प्रेरीत कर सकें,अनेकों के विरोधों के बावजुद भी कौसल्याजीने अपने सामाजिक संघर्ष को खुलकर कहा है, जिसकी सुरुवात में कौसल्या जी कहती है-"पुत्र,भाई,पती सब मुझ पर नाराज हो सकते हैं परंतु मुझे भी तो स्वतंत्रता चाहिए की मैं अपनी बात समाज के सामने रख सकूँ।मेरे जैसे अनुभव और महिलाओं के सामने आए होंगे परंतु समाज और परिवार के भाई से अपने अनुभव सामने आने की जरूरत है।"1 कौसल्याजी ने संपूर्ण स्त्री जाति के खिलाफ समाज में चल रहा पूर्वाग्रह पितृसत्ता की विभिन्न परतों को एक साथ खोलकर सबके सामने रखने का कार्य करती है। यह आत्मकथा बिना किसी लाग लपेट के सीधे सरल शब्दों में,भारतीय व्यवस्था के पुरुषप्रधान संस्कृती और शोषक उत्पीडक रुप पर हमला करती है हमारे समाज की खोखली और दंभिक समाज व्यवस्थाने स्त्रीको पुरुषों से कम महत्व, मानसन्मान एवं अधिकार दिए हैं। इस वास्तविकता को कौसल्याजीने उजागर किया है, समाज में फैली हुई दहेजप्रथा, अज्ञान और दुषित परंपरा के कारण लड़की को बोझ एवं अभिशाप माना जाता था। कौसल्या जी इसी संदर्भ में अपने ही परिवार के बारे में बात करती है,"देवा,मैंने ऐसा कौन- सा पाप किया था की मेरे नसीब में लड़कियाँ ही लिखी है?"2 कौसल्या जी की माँ को ग्यारह बच्चे हुए लेकिन पाँच ही जीवित रहे। उनमें से एक लडका था, फिर भी उन्हें और लडके की चाह थी। हालांकी सभी बच्चों को शिक्षा मिल रही थी लेकिन ज्ञान के प्रति उनकी इच्छा होने के बावजूद भी संस्कारवंश कही न कही परंपरावादी सोच कौसल्या जी के माँ के भीतर थी।समाज का चलन ही ऐसा था कि बेटी को पराया धन और बेटे को वंश का वारिस माना जाता था। दलित समाज में गरीबी की परिस्थिती होने के बावजूद कौसल्या जी के माता-पिता उनको पढा रहे थे। वहाँ भी कौसल्याजी को सामाजिक संघर्षो से गुजरना पडा,स्कूल से लेकर कॉलेज जाने तक या विवाह होने तक कई सामाजिक संघर्ष करने पडे। आत्मकथा में एक एक प्रसंग में कौसल्या जी अपना अनुभव बताती है। एक बार स्कूल की पिकनिक जा रही थी, तब उन्हें तेल इस्तेमाल करने नही दिया उल्टा पुस्तक चोरी का इल्जाम लगा दिया। इस प्रसंग से कौसल्या जी को कहना है की दलित औरत होने के कारण सामाजिक अन्याय सहना पडा। इस तरह कौसल्याजी को बार-बार मानसिक तथा सामाजिक संघर्ष का शिकार होना पडा है। जब कौसल्याजी साईकिल पर स्कूल जाती थी। तब सवर्ण समाज या दलित समाज के लिए ईर्ष्या और उपहास का केंद्र बन जाती थी। इसी प्रसंग को लेकर कौसल्याजी कहती है-"मैने स्कूल में साईकल चलाना सिखा था। एक आना घंटे के हिसाब से दुकान से साईकल किराए पर मिल जाती थी। मैं कभी-कभी किराये पर साईकिल लेकर बहन के घर जाती तो कभी अपने सहेली नलिनी या प्रेम के घर। बस्ती के लडके जबरदस्ती मेरे आगे आते ताकी मैं गिर पडूँ और उन्हे हँसने का मौका मिले। बस्ती के बाहर

गों के लडके भी हम पर बहुत जलते थे। येउच्चवर्णीय लो हरिजन बाई जा रही है। दिमाग तो देखो,इसका बाप भीकमंगा है, साईकिल पर जाती है। कहर वे भी सायकल से गिराने की कोशिश की अपने उच्चवर्णीय समजनेवाली औरतें भी मुझे साईकिल पर जाता देखकर बडे कुत्सित ढंग से हँसती थी। उन्हे ताज्जुब होता था हम अछूत और मजदूर बच्चे कैसे इतना पढ सकते हैं।"3 लोगो के मन में ईर्ष्या का भाव होने के कारण कौसल्याजी से लोग जलते थे और परेशान किया करते थे। उन पर साईकिल चोरी का इल्जाम भी लगाया गया। फिर भी कौसल्या जी ने साईकिल से स्कूल जाना बंद नहीं किया और जोश के साथ पढाई शुरु करते हुए सफलता हासील की। कौसल्याजी ने शिक्षा को महत्व देते हुए अन्य स्त्रीयों को पढ़ने की प्रेरणा देती है। आगे जाकर उन्हें बदनाम करने के लिए एक बंगाली लडके ने उनकी फोटो के साथ अपनी फोटो जोडकर तैयार की और उन्हें अपनी पत्नी बनाकर बदनाम करने की कोशिश भी की,लेकिन कौसल्या जी ने उस लड़के को अच्छा सबक सिखाने के लिए बंगाली लड़के के ऊपर कोर्ट में केस दर्ज करवाते हुए अपने ऊपर हो रहे अन्याय अत्याचार के प्रती आवाज उठाने का कार्य किया है। मेयो नाम के अस्पताल में काम करनेवाले दरबान ने कौसल्याजी के गरिब परिस्थिती का फायदा उठाते हुए उन्हें देह व्यापार में धकेलनी की कोशिश की,लेकिन कौसल्याजीने इसका विरोध करते हुए समाज में स्त्रियों के प्रति हो रहे देह व्यापार को उजागर किया है। जब भी एक स्त्री समाज में उभरने का प्रयास करती है तो उसे समाज में अनेक प्रकारों से बदनाम करने की कोशिश होती है।

दलित स्त्री का हमेशा से दोहरा शोषण होता रहा है लेकिन उसे सामाजिक संघर्ष भी करना पड़ा है।, एक पुरुष सत्ता द्वारा और दुसरा वर्णव्यवस्था के द्वारा उसका सामाजिक शोषण होता रहा है। एक हमारा समाज पुरुषप्रधान होने के कारण अपने ही समाज के पुरुषो की दृष्टि से भी दुसरे दर्जे की प्राणी मात्र है , जो उनके अनुसार स्त्री की कम बुद्धी है। भलेही स्त्री दलित समाज की हो, या सवर्ण समाज की हो महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, लेकिन दलित महिलाओं के साथ तिहरा शोषण होता है। इसी समाज से कौसल्याजी को तमाम उलाहने,अवहेलना, तिरस्कार झेलना पड़ा है। यह सब कौसल्याजी ने चालीस वर्ष तक अपने पति के साथ रहकर भोगा है। कौसल्याजी को उनके पती देवेंद्र कुमार से हमेशा से ही तिरस्कार, उपेक्षा, घृणा ही प्राप्त हुई। आज भी समाज में, परिवार में एवं घर में पत्नी को गुलाम, बेसहाय, कमजोर तथा भोगवस्तु समझकर उसके साथ अविश्वास पूर्ण व्यवहार किया जाता है । इसी संदर्भ में कौसल्याजी कहती है-"पत्नी सिर्फ खाना बनाने और उसकी शारीरिक भूख मिटाने के लिए चाहिए थी।"4 यहाँ तक की घर की जरुरतों को पूरा करने के लिए उन्हे छोटी से छोटी चीजों के लिए उन्हे पती पर निर्भर रहना पडता है कौसल्याजी अपना अनुभव बताती है- "पैसे देवेंद्र कुमार अपनी अलमारी में ताले मे बंद रखता और रोज दूध और सब्जी के पैसे देता था, गिनकर। कभी-कभी देना भूल जाता। उसे याद दिलानी पडती थी। कभी कोई पूछने पर दस मिनट तक तो कोई उत्तर ही नहीं देता उसके बाद चलते चलते संक्षिप्त सा जवाब मिलता था। मेरे कपडे, चप्पल की सिलाई के लिए पैसे लेने में बहुत पीछे पडना पडता तब पैसे देता था वे भी पूरे नहीं पडते थे। कभी नहीं देता। कहता अगले महिनें में लेना जब अगले महिने में पैसे देने की बात आती तब कुछ न कुछ कारण निकालकर झगडा करता। मारने दौड़ता गाली देता "5 पती के इस अमानवीय व्यवहार की वजह से हर वक्त उनके बीच में तनाव बढता गया और वह चालीस वर्षो तक चलता रहा। अतः कौसल्याजी निर्णय करती है की,पती के इस प्रताडना को सहन नहीं करेगी। और पती से अलग

होकर सन्मानपूर्वक जीवन जीने का निर्णय लेती है। इसीलिए वह अपने पती के खिलाफ घरेलू संघर्ष तथा दुर्व्यवहार के लिए पोलीस में शिकायत दर्ज करते हुए चालीस वर्ष की सहनशीलता को विराम देती है। कौसल्याजी के इस निर्णय से वह समाज के अन्य स्त्रियों को भी अन्याय अत्याचार के विरोध में लढ़ने का साहस भरती है। कौसल्या जी को अपने अस्तित्व और व्यक्तित्व बनाने के लिए अनेक सामाजिक संघर्षों से गुजरना पडा है। कौसल्याजी की एक स्त्री और वह भी दलित स्त्री जो समाज की सब वर्जनाओं, बंदिशों, को तोडकर आगे बढना चाहती है, जहाँ पूर्वागृह से चली आ रही ब्राह्मणवादी पितृसत्तात्मक समाज या फिर स्त्री के विरोध में, इस स्त्री विरोधी मानसिकता को खत्म करते हुए हमें आगे बढना चाहिए। अतः कौसल्याजी कहती है " अगर हम स्वाभिमान से अपनी उन्नती करना चाहते है, तब हमें अपने पाँव पर खडा होकर, अपने पर भरोसा रखकर, आगे बढ़ना होगा। हमें अपने अन्दर शक्ति पैदा करनी होगी। किसी का सहारा लेकर चलने से काम नहीं बनेंगा।"6 आगे जाकर कौसल्याजी ने न्यायालय से भी खण्डित न्याय मिलने पर महिला समता के माध्यम से राष्ट्रपति ज्ञानी झैलसिंह से मिलकर दलित महिलाओं पर हो रहे है अत्याचारों परिसंवाद भी किया है। दलित स्त्री अपने जीवन में सामाजिक संघर्ष करते हुए अपना जीवन जीती है कौसल्या जी 'दोहरा अभिशाप' आत्मकथा में सकारात्मक दृष्टीकोन से लेकर जीवन जीना चाहिए यही संदेश महिलाओं को देती है। अतः निष्कर्ष के रुपमें कहा जाता है कि समाज में स्त्री के सामाजिक संघर्षों की अनुभूती 'दोहरा अभिशाप' आत्मकथा के माध्यम से कौसल्या बैसंत्री जी ने प्रस्तुत की है। दोहरा अभिशाप आत्मकथा सिर्फ दलित स्त्रियों का सामाजिक संघर्ष नहीं है बल्की समाज की सारी महिलाओं का सामाजिक संघर्ष है। इसीलिए यह आत्मकथा सभी स्त्रियों के लिए प्रेरक मानी जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1) दोहरा अभिशापकौसल्या बैसंत्री परमेश्वरी प्रकाशन प्रीत विहार -, दिल्ली-110092. पृ क्र 112
2) वही, पृ क्रं 112
3) वही पृ क्र
4) वही पृ क्र 104
5) वही पृ क्र 104
6) वही पृ क्र 124
7) हिन्दी आत्मकथा में दलित स्त्री विमर्शनोद कुमार वायचळ त्रैमासिक साहित्यिक पत्ड्रॉ वि -रिका नागफणी 2022.

# 21वी सदी का अन्य हिंदी साहित्य और मानवीय संवेदना
## (आत्मकथा- दोहरा अभिशाप - कौशल्या बैसंत्री के विशेष संदर्भ में)(

राधा लखनलाल देवहंस
शोधार्थी छात्रा
रिसर्च सेंटर - आदर्श महाविद्यालय, हिंगोली
और
प्रा. डॉ. संजीवकुमार नरवाडे
शोध मार्गदर्शक
आदर्श महाविद्यालय, हिंगोली

*सारांश*

*व्यक्ति का सबसे बड़ा आकर्षण केंद्र स्वयं व्यक्ति ही है। साहित्य और व्यक्ति का अन्य साधारण संबंध है। साहित्य में व्यक्ति का ही अध्ययन होता है व्यक्ति के जीवन का इतिहास ही साहित्य का मुख्य विषय है। आत्मा अभिव्यक्ति ही साहित्य के मूल में है। व्यक्ति और साहित्य का अटूट संबंध होता है। कहानी, कविता, उपन्यास, नाटक, निबंध आदि की तरह आत्मकथा भी आत्माभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। आत्मकथा जीवन के बहुत करीब होती है वह सच्चे अर्थों में जीवन की कहानी है। इस संबंध में पंकज चतुर्वेदी का स्पष्ट कहना है - "साहित्य में आत्मकथा एक ऐसी विधा है जिसे हर हाल में जीवन वास्तव के अधीन रहना होता है। जिस तरह एक नैसर्गिक जिंदगी का पहले से सोचा समझा कोई शिल्प नहीं हो सकता, उसी तरह उसको जीने की कोई सुनिश्चित 'कला' भी नहीं हो सकती। वहां अप्रत्याशित परिस्थितियों से सीधी मुठभेड़ होती है, जिसमें सीखे हुए दांव पेंच बराबर बेकार जा सकते हैं। यह जरूर है कि इस संघर्ष में से रिते हाथ लेकर कोई नहीं लौटा। सबके पास कुछ - न - कुछ मार्मिक निष्कर्ष होते हैं। इससे जुड़ा कोई प्रश्नकुल आवेग होता है, जिसे हम अपने में थामे हुए नहीं रह सकते। रहते हैं तो भाव और भाषा की संभावनाएं कुंठित हो जाती है"1 इतिहास को बदलने और बनाने की क्षमता आत्मकथा में है। सदियों से हमारी पुरुषवादी और वर्चस्ववादी संस्कृति की सबसे ज्यादा प्रताड़ना स्त्रियां और दलित वर्ग सहते आ रहे हैं। कौशल्या बैसंत्री की 'दोहरा अभिशाप' आत्मकथा मानवीय संवेदना की दृष्टि से अनन्य साधारण कृति है। अपना संपूर्ण जीवन 'दोहरा अभिशाप' के माध्यम से व्यक्त करने की कोशिश कौशल्या बैसंत्री जी ने की है। एक दलित महिला द्वारा लिखित इस आत्मकथा का अपना एक अलग महत्व है। यह आत्मकथा दिल को गहराई से छू लेती है। उनकी आत्मा अभिव्यक्ति और अनुभूति अत्यंत हृदयस्पर्शी है।*

**मूल शब्द** : आत्मकथा, मानवीय संवेदना, परिवेश, मन, स्त्री

**उद्देश्य**

१. 'दोहरा अभिशाप' इस आत्मकथा में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना को परिलक्षित करना।
२. परिवार तथा समाज में अपने अस्तित्व की खोज करती हुई स्त्री का परिचय प्राप्त करना।

**प्रस्तावना**

डॉ सुमन राजे ने अपनी पुस्तक 'हिंदी साहित्य का आधा इतिहास' में लिखा है "आत्मकथा और समीक्षा का क्षेत्र भी लगभग सुना ही पड़ा है। महिलाओं की आत्मकथाओं का हिंदी में अभाव तो एक मुद्दा बन गया है।" 2 उनकी यह शिकायत अब दूर हो गई है क्योंकि कई हिंदी लेखिकाओं की आत्मकथाएं अब तक प्रकाशित हो चुकी है। अन्य भारतीय भाषाओं से प्रभावित होकर हिंदी की लेखिकाएं भी आत्मकथा लेखन की ओर प्रवृत्त हुई हैं। इनमें दोहरा अभिशाप (कौशल्या बैसंत्री), कस्तूरी कुंडल बसे ( मैत्रेयी पुष्पा ), हादसे (रमणिका गुप्ता), संतरे और संतरे (अनीता राकेश), एक अनपढ़ कहानी (सुशील राय), एक कहानी यह भी (मन्नू भंडारी), अन्य से अनन्या (प्रभा खेतान), लगता नहीं है दिल मेरा (कृष्णा अग्निहोत्री), शिकंजे का दर्द (सुशीला टाकभौरे), छूटे पन्नों की उड़ान (अनीता भारती), बवंडरों के बीच (कौशल पवार), टूटे पंखों से परवाज़ तक (सुमित्रा महरोल), टुकड़ा टुकड़ा जीवन (कावेरी), अपनी जमीन अपना आसमां (रजनी तिलक), आदि प्रमुख है।

**विषय वस्तु**

आत्मकथाकार अपनी भाव भावनाओं -, अनुभवों, संस्कार, विचारों को आत्मकथा के माध्यम से व्यक्त करता है। सामाजिक परिवेश का भी व्यक्तित्व निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होता है। समाज व्यक्ति के व्यक्तित्व को निरंतर प्रभावित करता है। आत्मकथाकार समाज में देखा हुआ, भोगा हुआ वास्तव अपनी आत्मकथा में उतारने का प्रयास करता है।

**दलित महिला आत्मकथा**

छठवें तथा सातवें दशक में लोकगीतों के स्वरूप में स्त्री वाङ्मय का उद्गम माना जाता है। परिवार तथा समाज में अपनी स्थिति, व्यथाएं, इच्छाएं दूसरों के सामने प्रकट करने का स्वातंत्र्य स्त्रियों को नहीं था। स्त्रियों की स्थिति को पूर्ण रूप से बदला महात्मा ज्योतिबा फुले तथा सावित्रीबाई फुले ने। फुले दांपत्य ने स्त्रियों के मन में क्रांति की ज्वाला जलाई। सवर्ण स्त्री की तरह दलित स्त्री भी पढ़ने लिखने लगी। स्त्रियों ने साहित्य के क्षेत्र में भी पदार्पण किया। कविता, कहानी, उपन्यास आदि विधाओं के साथ आत्मकथा भी लिखने लगी। दलित लेखकों की तरह दलित लेखिकाओं ने भी आत्मकथाएं लिखी है। भारतीय समाज व्यवस्था की जो स्थिति है खासकर दलित स्त्री की विडंबना की झांकी दलित महिला आत्मकथाओं में दिखाई देती है। दलित महिला का तीन प्रकार से शोषण होता है -पहले जाति के आधार पर, दूसरा स्त्री होने के आधार पर और तीसरा गरीब होने के आधार पर। दलित महिला परिवार तथा समाज में किस प्रकार उपेक्षित है इसका चित्रण 'दोहरा अभिशाप' में कौशल्या बैसंत्री जी ने सशक्त रूप से किया है। जाति व्यवस्था, विषमता, रूढ़ग्रस्तता, अज्ञान, ऊंच नीच -, अंधश्रद्धा का प्रत्यक्ष दर्शन 'दोहरा अभिशाप' में होता है।

"समाज तथा संस्कृति का जीता जागता आईना दलित महिला लेखिकाओं की आत्मकथा है। हिंदी दलित साहित्य में महिला आत्मकथा लेखन की शुरुआत मराठी भाषी कौशल्या बैसंत्री जी ने की। "[3]

**दोहरा अभिशाप**

कौशल्या जी का जन्म 8 सितंबर 1926 ई. को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ। नागपुर के इंप्रेस मिल में मजदूरी करने वाले माता पिता की संतान कौशल्या-बैसंत्री का बचपन अत्यंत गरीबी और अभाव में बीता। वह एक भाई तथा पांच बहने थी। एक परिश्रमशील माता-पिता कैसे अपने बच्चों में श्रम संस्कार का

बीजारोपन करते हैं इसका श्रेष्ठ उदाहरण कौशल्या जी का परिवार था।

**आरंभ**

कौशल्या जी के माता पिता उस-समय में अपने समाज के हिसाब से आधुनिक विचारों के थे। अपने बच्चों को शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना उनके जीवन का मूल उद्देश्य था। महार जाति की उपजाति 'कोसरे' में कौशल्या जी का जन्म हुआ। उस समय कट्टरता पूर्वक अस्पृश्यता का पालन होता था। कौशल्या जी की आजी अर्थात नानी का गहरा प्रभाव उनके जीवन पर पड़ा था। उनकी नानी स्वाभिमानी महिला थी। पंढरपुर के विठोबा के दर्शन कर लौटते वक्त रास्ते में जब उनकी मृत्यु होती है तो उनके गठरी में उनके कफन के कपड़े और क्रिया कर्म के पैसे मिलते हैं। उनकी नानी की यह खुद्दारी अद्भुत है। लेखिका ने विस्तार पूर्वक अपने बचपन और युवावस्था के दिनों को याद किया है। अपनी बस्ती के लोगों का जिक्र किया है। घर के तंग हालात और छोटीपूर्ति न होने की पीड़ा क छोटी अभिलाषाओं की-ो अत्यंत सजीवता से चित्रित किया है।

"ब्राह्मणों की लड़कियां बहुत अच्छे - अच्छे साफ-सुथरे कीमती कपड़े पहन कर आती थी। उनकी तुलना में मेरे कपड़े बहुत घटिया होते थे। उन लड़कियों के कानों में सोने की बालियां रहती थी। वह अपनी किताबें अच्छे बस्तों में लाती थी। मेरा बस्ता दो - तीन कपड़ों की पट्टियों को जोड़कर बनाया गया होता था।" 4

**मध्य**

नौवीं कक्षा से लेखिका सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हुई। वह अस्पृश्य विद्यार्थी परिषद की संयुक्त उपसचिव बनी। 1942 में नागपुर में हुए 'अस्पृश्य विद्यार्थी परिषद' के प्रांतीय अधिवेशन की कार्यकारिणी में उन्होंने कार्य किया। 1945 में उन्नाव अस्पृश्यता विद्यार्थी फेडरेशन के अधिवेशन में कौशल्या जी की मुलाकात देवेंद्र कुमार बैसंत्री से हुई। 16 नवंबर 1947 में कौशल्या जी का विवाह देवेंद्र कुमार बैसंत्री के साथ हुआ। देवेंद्र जी का परिवार सामंती मूल्य संरचना वाला था। लेखिका को घरेलू हिंसा और आर्थिक अभाव का सामना करना पड़ा। गाली गलौज, झगड़ा तो आम बात थी। एक छत के नीचे रहते हुए भी दोनों अलग थे। उच्च शिक्षा और सरकारी नौकरी में उच्च पद पर काम करने वाले व्यक्ति की मानसिकता भी पितृ सत्ता की ही सोच को दर्शाती है। लेखिका अपनी भावना इस प्रकार व्यक्त करती है, "मेरी और देवेंद्र कि नहीं बनी। देवेंद्र कुमार सिर्फ अपने ही घेरे में रहने वाला आदमी है। गर्म मिजाज और जिद्दी। अपने मुंह से कहता है कि मैं बहुत शैतान आदमी हूं। उसने मेरी इच्छा, भावना, खुशी की कभी कद्र नहीं की। बातबात पर वह - - गालीवह भी गंदी - गंदी-और हाथ उठाना। मारता भी था बहुत क्रूर तरीके से। "[5] अत्यंत कटु जीवन के अनुभव की यह प्रमाणिक अभिव्यक्ति दोहरा अभिशाप के मानवीय संवेदनाओं को दर्शाती है। ऐसी अनेक घटनाओं का लेखिका ने जिक्र किया है। पति की सामाजिक प्रतिष्ठा को धक्का ना पहुंचे इसीलिए लेखिका सब कुछ सहती रही। पर आखिरकार इस संबंध में लेखिका लिखती है, "पति ने कभी मेरी कदर ही नहीं की, बल्कि रोजरोज के झगड़े-, गालियों से मजबूरन घर छोड़ना पड़ा और केस करना पड़ा। उस घर में 40 वर्ष रही। घर छोड़ने के बिखरे दिनों में मेरी लड़की सुजाता ने मुझे सहारा दिया। बेटी के घर रहते ही मुझे लिखने की सुविधाएं और नैतिक बल मिला। "[6] बच्चों का भविष्य अंधकार में ना हो इसीलिए लेखिका अन्याय सहती रही। लेकिन जब उनकी सहनशक्ति ने जवाब दे दिया तब उन्होंने संघर्ष किया। अपने जीवन

के कटु अनुभव की बेबाक अभिव्यक्ति दोहरा अभिशाप में महत्वपूर्ण है।

**अंत**

अंत में लेखिका अपने आप को स्थापित कर समाज की अन्य महिलाओं को जीवन जीने की प्रेरणा देती है। 'महिला जागृति परिषद' नामक संस्था इसका सक्षम उदाहरण है। के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस"10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वूमेंस संगठन और भारतीय महिला जागृति ने मिलकर दलित महिलाओं की समस्याओं पर सेमिनार किया था। रजनी स्वराज, राजेंद्र कुरीन, डॉ .एस .गौतम और उनकी पत्नी रेखा गौतम जैसे दोस्तों के सहारे समाज सुधार करने का छोटा सा प्रयास लेखिका करती रहती है। "[7] जिसका सबसे बड़ा उदाहरण दलित महिलाओं की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह से मिलना है।

**निष्कर्ष**

परिवार तथा समाज में नारी को आज भी सम्मान और इज्जत नहीं मिलती। उसे बार-बार अपमानित होना पड़ता है। इसलिए स्त्री को ही अपने आप में बदलाव करना जरूरी है। कौशल्या जी के विचारो के अनुसार स्त्रियों को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। हमें अपनी प्रगति खुद करनी है, जब तक नारी आत्मनिर्भर नहीं बनेगी तब तक उसका संघर्ष अविरत चलता रहेगा। परिवार ही व्यक्ति की नींव होता है। यदि परिवार के सभी सदस्यों में समझदारी हो तो पारिवारिक जीवन सुखी और संपन्न हो जाता है। कौशल्या जी का दांपत्य जीवन असफल रहा है। असफल दांपत्य जीवन के अनेक कारण है - समझदारी का अभाव, वैचारिक भिन्नता, व्यक्तिस्वातंत्र की उपेक्षा, आदि। परिवार के सभी सदस्यों को एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए तथा सुख और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहिए। दोहरा अभिशाप में नारी के जीवन की संघर्ष गाथा चित्रित है। अंत में उन्हीं के शब्दों में, "हमें अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। किसी सहारे की आवश्यकता नहीं है। अपने पैरों पर खड़े होकर हमें अपने अधिकार हासिल करने हैं।" 8

**संदर्भ सूची**


1. पंकज चतुर्वेदी, आत्मकथा की संस्कृति पृ क्र 7
2. डॉ सुमन राजे, हिंदी साहित्य का आधा इतिहास, पृ क्र.295
3. वही, हंस, जुलाई 2000 पृ 89
4. कौशल्या बैसंत्री, दोहरा अभिशाप परमेश्वरी प्रकाशन, प्रीत विहार, दिल्ली 110092 पृ 41
5. वही पृ 104
6. वही भूमिका से
7. हिंदी और मराठी की चर्चित आत्मकथाओं का तुलनात्मक अध्ययन, डॉकेशव क्षीरसागर ., एबीएस पब्लिकेशन, वाराणसी 221007
8. कौशल्या बैसंत्री कृत दोहरा अभिशाप एक अनुशीलन -, प्रा .वर्षा कांबले, प्रा .भीमराव पाटिल, एबीएस पब्लिकेशन, वाराणसी 221007

# दलित संवेदनाओं के प्रमुख हस्ताक्षर : ओमप्रकाश वाल्मीकि

प्रा. डॉ. राहुल पुंडलिकराव वाघमारे
सहायक प्राध्यापक (हिंदी विभाग),
तायवाडे कॉलेज महादुला–कोराडी, नागपुर.

प्रस्तावना :

संवेदना अर्थात समवेदना एक मनुष्य को वेदना होती है, वही वेदना दूसरे मनुष्य के हद्‌य में निर्माण होना है। भारतीय समाज में जातिव्यवस्था का प्रचलन सदियों से चलता आ रहा है। इस व्यवस्था के शिकार प्रमुख रुप से दलित,पीछडे,शोषित,अदिवासी जन–जातियों के लोग रहे है। इस व्यवस्था ने उन्हें हमेंशा ही प्रताडित एवं अपमानित करेने का कोई भी अवसर नहीं छोडा है। इस व्यवस्था ने हमेंशा वर्ण व्यवस्था को ही प्रमुखा से प्राधान्य क्रम दिया हुआ हमें दिखाई देता है। यहॉ तक की दलितो ंतथा पीछडे जन–जाति के एक बडे वर्ग को यहॅा पीने के पाणी के लिए तक संघर्ष करना पडा है। हर समाज के हर एक क्षेत्र में दलितो तथा पीछडे वर्ग के लोगों के साथ हमेंशा ही दूजाभाव दिखाई देता है। साामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में दलितों तथा पिछडे वर्गो के लोगों साथ अन्याय होता हुआ हमें दिखाई देता है। काबिलियत तथा क्षमता होने के बावजूदभी उन्हे समानता का अवसर नही दिया जाता। जाति के आधार पर उॅचि जाति के लोगों ही यहा चयन तथा उन्हें ही अवसर दिया जाता है। हमेंशा से ही दलितों के उपर अन्याय अत्याचार होता है। और इसी अन्याय अत्याचार हो ओमप्रकाश वाल्मिकि ने अपने साहित्य में अभिव्यक्त किया है। ओमप्रकाश वाल्मिकि खुद दलित साहित्यकार है। उन्होंने दलितों की वेदनाओंको खुद भोगा है और जीया है। उन्हे बार–बार इस समाज व्यवस्था का शिकार होना पडा है। उन्होंने वर्ण–व्यवस्था आधारित भारतीय समाज में जो भोगा और देखा , उसे ही अपने साहित्य में अभिव्यक्त किया है। उनके चार कविता संग्रह हैं– सदियों का संताप, बस्स! बहुत हो चुका, अब और नहीं और शब्द झूठ नहीं बोलते इन सभी संग्रहों में दलित संवेदनाओं को प्रमुखता से देखा जा सकता है।

दलित साहित्य पूर्णतः मनुष्यता की अभिव्यक्ति का साहित्य है। यह डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर से प्रेरित और प्रभावित है, जो समाज में स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के पक्षधर थे । दलित साहित्य दर्द से निकलता है,क्योंकि सदियों से दलितों ने दर्द,शोषण और अन्याय का ही अनुभव किया है। दलित साहित्य में दर्द और अनुभव की अभिव्यक्ति प्रमुख है,इसलिए सहानुभूति और समानुभूति का प्रश्न दलित साहित्य में आकर दम तोड देता है। दलित विमर्श के अमिट हस्ताक्षर लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि का नाम सम्मान से लिया जाता है। उनके साहित्य में गहराई और स्वानुभूति का प्रभावकारी वर्णन दिखाई देता है। इनकी कविताओं का यथार्थ गहरे भावबोध के साथ सामाजिक शोषण के विभिन्न पहलुओंसे टकराता है और मानवीय मूल्यों

की पक्षधरता में खडा दिखाई देता है। इस संदर्भ में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते है–"दलित साहित्य का वैचारिक आधार डॉ.आंबेडकर का जीवन संघर्ष एवं ज्योतिबा फुले और बुध्द का दर्शन है।"1

दलित कविताओंका स्वरुप पारंपारिक कविताओंसे भिन्न है। इसमें प्रेम–वर्णन या प्रकृति चित्रण न होकर सदियों से शाषित, पीडित जनों की आवाज है। यह ब्राह्मणवादी, मनुवादी और क्रूर वर्ण–व्यवस्था के खिलाफ खुला संघर्ष है। यह दलितों की पहचान और अस्मिता की कविता है। दलित कविता क्रांतिकारी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखती है और मानवीय मूल्यों की स्थापना इसका मुख्य उद्देश्य है।

ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित साहित्य के प्रमुख हस्ताक्षर हैं। उनके बिना दलित कविता की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। चूंकि वे स्वयं दलित समुदाय से है, इसलिए उनकी कविताओं में गहन स्वानुभूति व्यक्त हुई है। उन्होंने वर्ण–व्यवस्था आधारित भारतीय समाज में जो भोगा और देखा, उसे ही कविता में व्यक्त किया है। कहने का तात्पर्य यह है कि, दलितों के साथ जिन–जिन स्तरों पर अमानवीय व्यवहार हुआ है तथा जिनके कारण मानवता बार–बार शर्मसार हुई है, उन सभी को गंभीरता से कविता में अभिव्यक्त किया है। इस अर्थ में ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताएँ महत्वपूर्ण है।

सभी को ज्ञात है कि भारतीय समाज वर्ण–व्यवस्था पर आधारित समाज है, जिसक अंतर्गत तथाकथित दलित वर्ग ने जातिगत शोषण का दंश झेला है। दलित समाज मेहनतकश रहा है। उसने जी तोड मेहनत एवं परिश्रम से संसाधनों को अर्जित किरके वह अपना पेट भरता है। वह विपरीत परिस्थिति में रहकर मेहनत करता है फिर भी उसके मेहनत के परिणामे पर उसका हक नहीं। यहां तक कि पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वह वंचित है। 'लेखा–जोखा' कविता में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं–

''पसीना मिश्रित जल से
डगायी फसले लगाए पेड
पल भर ठिठक कर
जानना चाहा धूप का रंग
न फसल ही अपनी हो सकी
न पेड ही
तपती दुपहर में
रजबाहे की नालियो में
बहते गंगाजल से
बुझायी प्यास अनेक बार
बिना हिसाब किये

कितनी रेत समायी पेट में
कितना पानी बदल लहू में
फिर भी,
न गंगा ही अपनी हो सकी
न रजबाहे की रेत ही ।''2

डॉ. आंबेडकर के विचार दलित साहित्य का दार्शनिक आधार है। उनके अनुसार दलितों के शोषण का मूल आधार हिंदू धर्मग्रंथ है, जिसके कारण लोगों को गुलाम जैसी जिंदगी जीने को विवश किया गया है। ऋग्वेद के दसवे मंडल में व्याख्यायित वर्ण–व्यवस्था ने एक विशेष वर्ग के हाथों में सारे अधिकार सौंप दिए। परिणामतः दलित समुदाय की स्थिति पशु के समाम हो गई, जो समाज में हर कही दिखता था, पंरतु उसका हिस्सा वह नहीं बन पाया। उसने तथाकथित अछूत समाज में जन्म लिया, जिसके चलते आजीविका के मूल संसाधनों को भी एकत्रित करने में जातीय दंश को झेलना पडा। ब्राह्मणवादी और सामंतवादी तत्वों के गठजोड व्दारा जातिगत हिंसा की प्रकिया वही नहीं रुकी, वर्तमान में भी दलितों के साथ जारी है–

''मेरे जिस्म के मानचित्र पर
उभर रहे हैं–
बनकर फफोले
कहीं बेलछी
तो कहीं शेरपुर
कहीं पारस बिगहा
तो कहीं नारायणपुर
इन फफलों को सहलाने के लिए
मेरे हाथ मेरे पास नहीं हैं
वे तो बहुत पहले
मेरे बाप–दादाओं ने
रख दिए थे गिरवी
किसी सेठ साहूकार की तिजोरी में
दो मुठ्ठी चावल के बदले।''3

दलित समुदाय ने सदियों से जातिगत भेदभाव को झेलते हुए अपना विकास किया । वह उन प्राकृतिक संसाधनो को भी हासिल करने के लिए लडाई लडी, जो एक मनुष्य होने के नाते मिलनी चाहिए थी। मनुवाद एवं ब्राह्मणवाद ने वैचारिक स्तर पर जो घृणा और नफरत फैलाई,

उसके चलते दलितों की स्थिति दयनीय हो गई। भेदभाव,शोषण और उत्पीडन उनकी रोजमर्रा के जीवन में शामिल हो गया। मगर दलितों में इसके विपरीत मानवता के प्रति गहरा लगाव होने लगा। यह चेतना स्वानुभूति के कारण विकसित हुई। परिणामस्वरुप दलित मानवीय मूल्यों को तरजीह देने लगे। ओमप्रकाश वाल्मीकि लोगों को नफरती भाव से दूर रहने को कहते हैं–

''अच्छे लगते हैं पेड
और उनका हरापन
उससे भी ज्यादा लगते हैं
हंसते–खिलखिलाते वे लोग
जो नफरत नहीं करते
आदमी से
सपने में भी! ।''4

क्रूर अतीत, जिसमें दलितों की स्थिति बिल्कुल मानवता के खिलाफ थी। वह कदम–कदम पर जातिगत भेदभाव का सामना करता है। शोषण तंत्र यानी ब्राह्मणवादी हिंसक तत्वों के कारण दलितों का सामाजिक जीवन बिल्कुल अस्त–व्यस्त था। इनसब के बावजूद वह बदले की भावना त्यागकर बदलवा चाहता है। 'भय' कविता में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं–

''तुम्हारे हाथ बढे हाते
म्ेरी ओर
प्रेम गंध का स्पर्श लेकर
सच कहता हूँ
मैं सीने से नहीं
लिपट जाता तुम्हारे कदमों से
बिछ जाता
धूल बनकर जमीन पर।''5

छलित वर्ग के भीतर विद्रोह और आक्रोश के स्वर रक्तपिपासू ब्रह्मणवाद के खिलाफ उठते रहे है। लेकिन सवाल यह है कि इस समुदाय को आखिर चाहिए क्या था ? वह ऐसी भेदभाव और क्रूर व्यवस्था के सामने किन मांगों को लेकर विद्रोही तेवर के साथ खडा दिखाई देता है। जवाब है–सिर्फ मनुष्य होने का दर्जा। 'खामोश आहटें' कविता में वाल्मीकि ने मनुष्यता के विकास में जरुरी मूलभूत मांगों को इन शब्दों में दर्ज किया हैं–

''कभी नहीं मांगी बलिश्त भर जगह
नहीं मांगा आधा राज भी
मांगा है सिर्फ न्याय
जीने का हक

थोडा–सा आकाश
थोडा–सा सुख
थोडा–सा चैन
थोडी–सी धूप
थोडी–सी हवा
थोडी–रोशनी
थोडी–सी किताबें
थोडा–सा अपनापन।''6

मनुष्यता के लिए संवेदना बेहद महत्वपूर्ण भाव है। इसे वाल्मीकि की इस बात से समझा जा सकता है कि ब्राह्मणवादी व्यवस्था ने उनको इतना सताया, पीडा दी। अछूत समुदाय में जन्म के कारण सामाजिक रुप से मनुवादियों के व्दारा बहिष्कृत हुए। इस उच्चवर्णीय व्यवस्था में जीन की इच्छा उनकी कभी नहीं हुई। वह शुक्रगुजार हैं कि उनका जन्म उच्चवर्णीय मां के गर्भ से नहीं हुआ था–

''अच्छा ही हुआ
मैं नहीं जन्मा
उच्चवर्णीय मां के गर्भ से
होता मैं भी
संवेदनहीन
जड
परजीवी
फूंकता कान में मंत्र
न्वजात शिशु के
जात–पात के प्रपंच का।''7

ओमप्रकाश वाल्मीकि कविता के उद्देश्य को लेकर जागरुक थे। उनका मानना था कि कविता मात्र आनंद,रस और मनोरंजन के लिए नहीं होती। कविता हमें मनुष्यता के निकट ले जाती है और मन में आशा, परिवर्तन के लिए गहरा विश्वास जगाती है। मानवीय दुर्बलताओं के प्रति सचेत करती है–

''सुबह होने से पहले
मैं तुम्हें बता देना चाहता हूं
कि सुबह आएगी धीरे–धीरे
तेज रोशनी चारों ओर फैलाकर

अंधेरे को उजाले में बदल देगीं ।''8

निष्कर्ष :

इस तरह से हमें ओमप्रकाश वाल्मीकि के साहित्य में दलित संवेदना देखने को मिलती है। ओमप्रकाश वाल्मीकि खुद दलित होने के कारण उने इन समस्याओंको हर जगह झेलना पडा है, बार–बार अपमानीत होने कोरण उन्होंने उस दलित संवेदनाओं के अपने साहित्य के माध्यम से उजागर किया है। हिंदू संस्कृति के मुखौटों में छिपे हिंसक, अनैतिक और भेदभाव आधारित क्रूर जाति–व्यवस्था को बेनकाब करते है। वे उत्पीडन और वेदना से उपजे सवालों को अपनी कविताओं में उठाते हैं एवं उनका समाधान आंबेडकरवाद और बुध्दिजन के रास्ते सुझाते भी है। परंतु यह कहना गलत नहीं होगा कि वर्तमान की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में वैधानिक रोक के बावजूद भेदभावों का जारी रहना राज्य के माथे पर धब्बा है। इक्कीसवीं सदीं में भी मुक्ति की राह मनुवादी मानसिकता ने नहीं छोडी हैं। लेकिन ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताएं बदलाव की आशा तो जगाती ही है।

संदर्भ :

1. ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005 पृ.38–39
2. ओमप्रकाश वाल्मीकि, अब और नहीं, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली,2002, पृ. 9
3. ओमप्रकाश वाल्मीकि, सदियों का संताप, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2020, पृ.16
4. ओमप्रकाश वाल्मीकि, बस्स!बहुत हो चुका, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2012, पृ.92
5. वही, पृ. 90
6. वही, पृ. 61
7. ओमप्रकाश वाल्मीकि, अब और नहीं, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2022, पृ. 102
8. ओमप्रकाश वाल्मीकि, सदियों का संताप, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2020, पृ. 49.

# इक्कीसवीं सदी के हिंदी कहानियों में चित्रित नारी संवेदना

डॉ. शंकर गंगाधर शिवशेट्टे
सहयोगी प्राध्यापक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष
श्री बंकटस्वामी महाविद्यालय, बीड

नारी समाज का अभिन्न अंग है। परिवार में उसका महत्वपूर्ण स्थान है। परिवार के सदस्यों को अच्छे रास्ते पर लाने का काम वही कर सकती है। हमारे सभ्य विकसित समाज में नारी का शोषण प्राचीन काल से चला आ रहा है। प्राचीन काल में उसे शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार नहीं था। मध्यकाल में उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय होती गई। वह सदियों से उपेक्षा, दुत्कार और शोषण की वस्तु बनकर जी रही है। वह दासता के बंधन में जकडती चली गई थी। जैसा समय चला गया वह प्रतिबंध के द्वारा संचलित होने लगी। स्त्री अपने आप पारंपारिक रुढ़िवादी समाज के अत्याचारों की शिकार बनी। अत्याचार के कारण उसके सारे प्रगति के मार्ग बंद हो गये। अशिक्षा, अज्ञान और दमन के युग से शिक्षा और जागरण के युग में नारी शोषण के अधिकता दिखाई देती है ।

स्त्री पुरुष भेद आज लगभग समाप्त हो चुका है। आज वह पुरुषों के आगे जा रही है। आगे जाने में वह सफल हो रही है, अपने कर्तृत्व के कारण आर्थिक व्यवहार में स्त्री और पुरुषों में पक्षपात की स्थिति अब भी मौजूद है। आज नारी को सभी क्षेत्रों में आरक्षण मिल रहा है। समय के साथ-साथ समाज ने काफी प्रगति की लेकिन नारी विषयक संस्कार समाज में पुरातन पंथी और जड़वादी ही रहे हैं। समाज के बंधनों के कारण वह कुछ नहीं कर पाती । स्वतंत्रता के बाद समाज ने उसे बहुत कुछ अधिकार दिये लेकिन वह आज भी शोषित लगती है। नारी शिक्षित बनी, नौकरी करने लगी पैसा कमाने लगी अपने अधिकार जताने लगे। लेकिन फिर भी अंध विश्वास के कारण वह पुरुष की दासी बन रही है। इसलिए मैथिलीशरण गुप्त का कहना उचित लगने लगाता है ।

"अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी
आंचल में है दूध और आंखों में पानी ।"१

**नारी के प्रति** संवेदना :-

भारत में आज भी नारी की स्थिति शोचनीय बनी हुई हमें दिखाई देती है। वह अपने अधिकार पाने के लिए संघर्षरत् है। यह संघर्ष उसे पुरुष प्रधान संस्कृति से करना पड़ रहा है। परिणामतः वह पारिवारिक सामाजिक अनेक धरातल पर अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। कमलेश्वर नारी जीवन की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहते है "मेरे ख्यालों की नारी वह हे जिसमें सांस्कृतिक चेतना हो और वह स्वीकारने का धैर्य और बोध हो कि उसका वास्ता एक ऐसे इन्सान से है जिसमें कुछ कमियों भी है क्योंकि पुर्ण कोई भी नहीं होता अतः कही न कही उसके मन में मेरे प्रति इतना लगाव हो कि वह मेरी भूलों को नजर अंदाज करने का प्रयास कर सके और संबंधों में परम्परता का विकास करे। २

**नारी का विधवा जीवन** :- स्त्री का पति द्वारा उसका शोषण किया जाता है। डॉ. क्षितिज धुमाळ ने विधवा की दयनीयता की स्थिति उजागर करते हुए लिखा है कि" वैधव्य नारी जाति के लिए अभिशाप माना जाता है। भारतीय संस्कृति में विधवाओं का जीवन अत्यंत उपेक्षित तिरस्कृत, अशुभ, घृणात्मक माना जाता है।

भारतीय समाज सुधारकों ने इस अमानवीय परिस्थिति को परिवर्तित करने का प्रयास किया। विधवा पुन : विवाह का कानुन पारित कराया गया है। पंरतु आज भी ग्रामांचलो में परम्परागत विधवाओं और आधुनिक विधवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है।"३ पति के मृत्यु के बाद उसके जीवन की प्रसन्नता जीवंतता, आनंद समाप्त हो जाता है। पति पत्नी का जन्म जन्मांतर का नाता होता है।

भारतीय समाज में वैधव्य की स्थिति एक अभिशाप है। विधवा का जीवन दुख से भरा करुण तथा यातनामय होता है। पति की मृत्यु स्त्री को नितांत असहाय और निराश्रित बना देती है। अकस्मात उसके जीवन से उसकी इच्छाएँ और उसका आनंद छीन लिया जाता है। समाज भी उसे बुरे नजरों से देखता है।

स्त्री के अभिशप्त जीवन का करुण एवं हृदय द्रावी चित्रण । आखिरी प्रहर कहानी में चित्रित है। कहानी की जाहेदा एक वाल विधवा है। पति के मृत्यु के बाद उसका जीवन संघर्ष मय बन जाता है। उसके जीवन में आये तीनों मर्दो से शारीरिक सुख ठीक से न पा सकी और न माँ बन सकी। अंत में वह पागल बन जाती है। पागलखाने में जाकर उसकी वही मौत हो जाती है। 'उड़ान की शर्त' कहानी की नायिका महशी का पति एक कार दुर्घटना में मर जाता है और शुरु हो जाता है महशी का संघर्ष । उसी प्रकार गूँगा आसमान की माहपाश को जबरदस्ती उठा लिया जाता है और उसे फरशीद के कैद में रहना पड़ता है। समाज पुरुष प्रधान होने के कारण ऐसी समाज व्यवस्था में पलने के लिए उसे निरंतर एवं सामाजिक तनाओं से वह त्रस्त रहती है। आज भी वह पीड़ित एवं प्रताड़ित दिखाई देती है। उसे पुर्ण स्वतंत्रता नहीं मिलती। उसका जीवन तिरस्कार, उपेक्षा से भरा हुआ होता है।

**पुरुष द्वारा प्रताड़ित नारी जीवन :-** भारतीय संस्कृति में नारी को आश्रित माना गया है। स्त्री मनुष्य पर आश्रित हुई क्योंकि पुरुष प्रधान संस्कृति के कारण। इसी पुरुष प्रधान संस्कृति ने नारी पर अनेक अत्याचार किये भारतीय समाज में नारी को कमजोर माना गया है। उसकी हमेशा उपेक्षा ही की जाती रही। पुरुष पर आश्रित होने के कारण पुरुष उस पर हमेशा अपने आधिकार के बल पर कमजोर बनाता गया वह सदियों से पुरुषों के अत्याचार को अन्याय को चुपचाप सहती रही। पुरुष हमेशा उसे अपनी भोग्य वस्तु मानता रहा।

नारी के प्रति अविश्वास की भावना पुरुषों मे विहित होने के कारण वह हमेशा उसे संशय की निगाह से देखता है। नासिरा शर्मा की कहानी ने समाज की बुरशियों पर प्रहार कर कहानियों पर तीन युवतियों की व्यथा 'पत्थरगली' कहानी में चित्रित की है। आज मुस्लिम समाज में लड़कियों पर अनेक पाबंदी है। कहानी का पात्र 'फरीदा' का अपने ही घर में शोषण होता है। वह सोचती है" आखिर मैं क्या करूँ ? मैं कहाँ जाऊँ यूँ पडे पडे जीना कोई जीना है।" फरीदा लड़की होने के कारण परिवार वाले उसका स्वतंत्र अस्तित्व निर्माण नहीं करते। फरीदा में सभी योग्यता होते हुए भी उसके घरवाले उसे पढ़ाने के लिए महाविद्यालय में नहीं भेजते । खुदैजा अपने परिवार वालों के अन्याय से बचने के लिए भाग जाते है। नाहिद एक शिक्षिका वह स्कूल में प्रिसिपल से अवैध संबंध रखता है। मरियम डॉक्टर होते हुए भी एक कम्पाउण्डर से शादी करता है। फरीदा भाई से मार खाकर बिखर चुकी है। वह सिर पटकर पटकर चिल्ला रही है। "नहीं नहीं मैं उस लडकी में नही ढलना चाहती हूँ जो अपना रास्ता किसी बेकार सहारे से बनाए मैं नाहिद नहीं बनूँगी, जुलेया बाजी की तरह चचा से गलत रिश्ता नहीं करूँगी। खुदैजा की तरह भी नहीं मुझे आजादी दो मुझे फरीदा बनने दो-मुझे मेरी तरह जिने दो-- मुझ पर रहम खाओ मुझे सारी जंजीरों से इस कैद से आजाद कर दो मुझे आजाद कर दो आझाद।४

नासिरा शर्मा की दूसरी कहानी 'आखिरी पहर' कहानी नारी की विवशता पर प्रकाश डालती है। कहानी की नायिका के जिन्दगी में तीन मर्द आये है। इन तीनों मर्दों से वह शारिरीक संबंध रखती है। वह मन ही मन सोचती है। कोई अच्छे लडके के साथ शादी करे। खलील उस पर पानी की तरह पैसा बहाता है। खलील का यह पागल पन सहने के शिवाय जाहेदा के पास कोई रास्ता नहीं है। वह पिंजडे के बाहर आने की कोशिश करती है। दो साल साथ रहने के बाद वह शादी नहीं कर पायी है। जाहेदा" इस कैद से आजाद होने के लिए दिल ही दिल में अपनी मौत की दुआँ माँगती।"५

आज संविधान के द्वारा समानता का अधिकार प्राप्त होने के बावजुद परम्परा से पुरुष नारी को भोग्या तथा अबला ही मानाता है। 'पति पत्नी और वह' उपन्यास की नायिका शारदा इसी भावना को अभिव्यक्त करती है" अनादि काल से पुरुष नारी को अबल और भोग्या ही मानता चला आया है। इसी पुरुष प्रधान समाज के नियम संविधात नारी को समान अधिकार देने के बाद भी नहीं बदले है।"६ पुरुष के समान अधिकार प्राप्त करने के बाद भी नारी का अबला रुप आज तक नहीं बदला है।

**नारी की जिजीविषा :-** अनेक समस्याओं को झेलते हुए भी नारी में जीने की इच्छा अत्यंत प्रबल है। वह अपने जीवन में आनेवाले हर संकटो से जुझती है, संघर्ष करती है मुकाबला करती है। नारी अपने संघर्ष जीवन में आशावाद रखती है। उसके जीवन में कोई बडे आरमान नहीं होते। अनेक प्रकार की उपेक्षाओं से त्रस्त वह संपूर्ण स्त्रीत्व के साथ जीने को अंगीकार कर लेती है। वास्तव में भारतीय परिवेश में नारी को अनेक यातनाएँ सहनी पड़ी। हर जगह यातना एक सी है और उसके दर्द का एहसास भी एक-सा है। स्त्री केवल काम वासना या बंधन हीन प्रकृति की कामना नहीं रखती बल्कि शरीर के साथ साथ संवेदना के स्तर पर भी उसे प्यार दे।

नारी अपने जीवन में प्रत्येक मोड़ पर आशावाद निर्माण कर अपने जीवन को व्यतीत करती है। उसके जीवन के बडे अरमान नहीं होते वह छोटे से सुख से अपना जीवन व्यापन करती है। नासिरा शर्मा की 'बावली' कहानी जहाँ सुहेला को पानी से भरी बावली के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उसका विवाह पूर्व जीवन अभावों और उपेक्षाओं के बीच गुजरा है। उसकी खालिद के साथ शादी हो जाने के बाद ही उसे अपने घर और लोगों की आत्मीयता प्राप्त हो सकी। वह पढी लिखी थी इसलिए अध्यापक की नौकरी करती है। इसलिए वह अपने जीवन संघर्ष में आशावाद रखती हुई जीवनयापन करती है। शादी के बाद पहली बार जिंदगी में अपने पैरों के नीचे मैंने सख्त मजबूत जमीन पायी थी। अपने घर अपने लोगों का सुख पहली बार मिला था प्यार और विश्वास ने मुझे जीना सिखाया था। मगर आज सात साल फिर मेरे पैरों के नीचे जमीन गायब हो रही थी। मैं फिर हवा में लटकने वाली हूँ। सुहेला मेरी सौत बनकर क्या जुल्म ठायेगी मुझ पर खालिद का बर्ताव कैसा होगा? क्या मैं खालिद को बॅटने देख पाऊँगी ।"७

**नारी की सहनशीलता :-** समाज तथा परिवार में नारी को पुरुषों की तुलना में कम महत्व दिया जाता है। आज के युग में नारी समाज तथा पुरुष वर्ग से पीड़ित है। भारतीय स्त्री को अनेक यातनाएँ सहनी पडी है। नारी मन की भाव स्थितियाँ वैश्विक धरातल पर एकही होती है। नारी संस्कृति का परिवार का आधार है। पति के प्रति निष्ठावान रहना उसका धर्म है। पुरुष के द्वारा पीड़ित होने के कारण वह व्यक्तित्व हीन रुढ़िवादी और अबला है। उसे अपने जीवन को अनेक संकट तथा पीड़ा का सामना करना पड़ता है। वह अपने मन को मारती हुई पत्नी के रुप में ज्यादा सफल होने का प्रयास करती है। जीवन में अनेक संकटों का सामना कर

वह सहनशीलता की प्रवृत्ति बलवती होती है।

नारी का जीवन केवल दुख सहने के लिए ही होता है। दुःख भोग कर भी अपना विकास चाहती है। बीसवी शती में महिलाओं की स्थिति में सुधार आया । स्वतंत्रता के बाद समाज में अपना अस्तित्व जमाने की कोशिश की। 'कालासुरज' कहानी में स्त्री की त्रासदी प्रस्तुत हुई है। 'तीसरा मोर्चा' कहानी कश्मीर के आतंकवाद माहौल का वर्णन करती है। आतकी माहौल से राहूल को अपने परिवार को छोडना पडा है रास्ते में उसे एक औरत बेहोश पडी हुई दिखाई देती है। राहुल उसे मदद करने की कोशिश करता है लेकिन वह औरत मदद लेने के लिए नकारती हुई कहती है "मैं एक औरत हूँ और औरत की अस्मन हिंदू मुसलमान नहीं होती जो।"८ पति की मौत होने पर भी वह औरत कश्मीर में शांतता चाहती है। अत्याचार और अन्याय को सहते हुए भी सहनशीलता की प्रवृत्ति उसमें बलवती होती हुई दिखाई देती है। 'अग्नि परिक्षा' की कम्मोगाँव में अन्याय अत्याचार का शिकार बनती है। 'कम्मो और नर्बदा खेती पर गुजारा करते है। कुछ लोग उनकी खेती हडपने का प्रयास करते है। कम्मो को अपवित्र समझकर उसे नदी की धार में उतारने को कहता है। कम्मो अपने पति रक्षा तथा खेती को बचाने के लिए तमाशा देखने आये लोगों से कहती है," जो मैंने उस पापी का नाम बता दिया जिसने मेरे साथ बलात्कार किया है तो सरपंच उसे क्या सजा देगे।९ कम्मो गाँव के लोगों के अत्याचार सहती हुई भी अपनी जमीन बचा लेती है। सहनशीलता का अंत हो जाने पर वह किस प्रकार संघर्ष करती है यह कहानी में चित्रित हुआ है।

**परम्परा से विद्रोह करने वाली नारी :-** आज के आधुनिक युग में नारी घर के दीवारो को लाँघ कर समाज के हर कार्य क्षेत्र में अग्रेसर है। वह परम्परा से विद्रोह कर नयी सामाजिक मान्यताएँ प्रस्तापित करती रही है वह अपने पैरों पर खड़ी होकर स्वाभिमान से जीवन बिताना चाहती है। दूसरों पर बोझ बनकर वह जीना नहीं चाहती। आज की नारी परम्परागत नारी की तरह परित्यक्त हो जाने पर भी वह 'अहं' छोडकर उसके पास नहीं जाती बल्कि अहं को बनाये रखने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता के लिए नौकरी करती है। विजय सिंह ठाकुरजी का कथन नारी के परिवर्तन दृष्टिकोण के संबंध में विशेष उल्लेखणिय है "आज नारी के कदम भविष्य की ओर ओढ रहे है। जिसमें वह एक नई व्यवस्था का निर्माण एवं स्त्री पुरुषों की साझा मानवीय संस्कृति चाहती है। नारी के नयी भूमिका के कारण वह न सम्बन्धो परम्परांगत मान्यताओं धारणाओं और नैतिकता के नियमों को नकारने लगी है। यौन भावना कामसंबंध दाम्पत्य जीवन आदि के सम्बन्ध में उसका दृष्टिकोण में परिवर्तन आया है।"१० मालती जोशी 'कोहरे के पार' इस कहानी में नारी की उदारता का चित्रण किया है। कहानी की शीला अपनी बहन की मृत्यु के पश्चात उसकी बच्ची को अपनी बच्ची मान लेती है। बहन की बेटी स्वाती की माँ बनते समय जीजा जी के साथ विवाह करने का विचार भी उसका नहीं है। बेटी की जिम्मेदारी से मुक्त करते हुए जीजाजी से वह कहती है "आप निश्चित होकर स्वाती को मुझे सौप दे उसके बाद आप स्वतंत्र है। आपकी पत्नी बनने का सौभाग्य जिसे प्राप्त होगा वह मुझे दीदी की तरह प्रिय होगी।"११ शादी न करके बच्ची को गोद लेना यह एक प्रकार से परम्परा से विद्रोह करनेवाली बात है । नासिरा शर्मा की 'दीमक' कहानी की नायिका एक ग्रामीण युवती है। विवाह हो जाने पर वह पति के साथ शहर में आती है। अपने देश से बना 'स्वदेशी' सामान खरीदना चाहती है। जडे कहानी की गुलशन का परिवार युगांडा में राजनीति की बलि चढ़ जाता है। उसे अपनी जान बचाकर ब्रिटन में शरण लेनी पड़ती है। परिस्थिति से परास्त होने के बजाय गुलशन स्वयंम् निर्भर बनती है। नासिरा मोर्चा की पीड़ित स्त्री राहुल

और रहेमान से दी गई सहायता अस्वीकार करती हुई कहती है "औरत हूँ इसलिए जुल्म के खिलाफ मुझे जिन्दा रहना है ।"१२ कृष्णा अग्निहोत्री के 'विरासत' 'नपुंसक', 'यही बनारसी रंग था' कहानियाँ नारी की परम्परावादी वृत्ति को विरोध करती है सिम्मी हर्षिता की कहानियों में एक ओर सीमित अनुभवों की दहलीज लॉघने की कोशिश है दूसरी ओर पीढ़ियों के अंतराल पर लिखते समय कुछ नया कहने की ईमानदारी भी है।

मानवतावादी नारी:-

स्वातंत्रोत्तर भारत के बदलते हुए परिवेश ने सामाजिक व्यवस्था में बदलाव आया जिससे समाज पूरी तरह प्रभावित हुआ अर्थप्रधान समाज व्यवस्था में अर्थ को महत्ता प्राप्त हुई सामाजिक ही नहीं पारिवारिक सम्बन्धों मानवीय सबंन्धो में परिवर्तन हुआ है। स्त्री आत्मनिर्भर एवं विद्रोह में बदल गई। नारी अपने स्वतंत्र अस्तित्व के लिए प्रयास करती रही। पुरुष प्रधान समाज में भी वह अपना धर्म जानती है। भौतिक प्रगति के साथ मानव सभ्य जरुर हुआ पर संस्कृति से हटता गया । भारतीय जीवन में ही नहीं बल्कि मानव जीवन ही एक संक्रमण से जा रहा है। अमानवीयता बेरोजगारी, रिश्वतखोरी आदि से मुल्यों का -हास हुआ। घटित प्रसंग उदाहरण से देखकर लगता है कि मानवीयता अभी बाकी है। आठवे दशक के हिंन्दी कहानीकारों ने अपनी कहानियों में मानवीयता के दर्शन करवाये है। त्याग समर्पण करुणा सहानुभूति दिखाकर जीवन मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास किया गया है। मेहरुन्निसा परवेज की कहानी 'आकाशनील' कहानी की तरु विशाल से प्रेम करती है। वह उसके बच्चे की माँ बननेवाली है। 'तरु' विशाल को भूलकर अपने पूर्व पति का नाम देती है। वह अपना निश्चय बताते हुए कहती है "मैं नहीं चाहती कि मेरे बच्चा को नाजायज कहे वह तुम्हारा है यह तुम जानते हो। मेरे बच्चे के आगे उसके पिता का नाम रहने दे। अपने बच्चे के भविष्य के लिए तरु का यह बडप्पन महत्व पूर्ण है। मालती जोशी ने 'कोहरे के पार कहानी में मानवीयता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। शशि प्रभाशास्त्री की 'अगरबस्ती' कहानी नारी के उदात रुप को दर्शाती है। मेहरुन्निसा की 'शिनाख्त' कहानी पति पक्का शराबी और विवेकहीन पशु है। वह प्रत्यक्ष अपने बेटी को वासना का शिकार बनाना चाहता है। जब उसकी मौत हो जाती है, तब पुलिस के पूछने पर उनकी शिनाख्त करने से इन्कार करती है। कुछ दिनों के बाद पति की गुदडी देखकर वह फूटकर रोने लगती है। रोते हुए अपनी लडकी से कहती है "बत्ती मैंने उसे पहचान लिया देख देख यह पड़ी है। लाश।"१३ वासनामयी शराबी, निष्ठुर पति अपने ही बेटी को वासना का शिकार बनानेवाला पति गलत ही क्यों न हो पत्नी उसे अपनत्व देती है।

निष्कर्ष :-

हम यह कहते है कि परिवार में स्त्री पुरुष दोनों का स्थान महत्वपुर्ण है। समय के साथ साथ आज समाज ने प्रगतिकर ली पर नारी शोषण विषयक विचार मनुष्य के पुरातन पंथी और जुड़वादी रहे है। काल परिवर्तन के अनुसार भारतीय नारी के स्थिति दयनीय ही रही है। वह देवता होते हुए भी दूसरों पर आश्रित है।

पुरुष प्रधान संस्कृति ने उस पर हमेशा अन्याय ही किया वही अन्याय वह आज सहती आयी है। मुस्लिम समाज में लड़कियों पर अनेक पाबंदियों है। आज संविधान से समान अधिकार होने के बावजुद भी नारी आज भोग्या या अबला ही समझी जाती है। अपने अस्तित्व के लिए उसे हर कदम पर संघर्ष करना

पडता है। नारी का कोई मुल्य नहीं वह पशुतुल्य है। इतिहास का अवलोकन करने पर पता चलता है कि वह अनेक कर्मकांण्डो में जकडी हुई है। भारतीय नारी की सबसे बडी विडम्बना है कि राजनैतिक, अर्थिक, धार्मिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत अधिकार की प्राप्ति ने भी सादियों के संस्कारों से बंधी नारी की मानसिकता को परिवर्तन नहीं किया है। अपनी व्यथा, पीड़ा को वह छूट घूटकर जीवन का भोग मानकर व्यतीत करती है। पुरुष की बात मानना स्त्री को विवश होना पडता है। वह अपने जीवन में आशावाद निर्माण कर जीवन जीती है। नारी संस्कृति की धूरी है। परिवार की आशा है। जीवन में अनेक संकटों का सामना कर वह सहनशीलता की मूर्ति बनजाती है।

**संदर्भ ग्रंथ:-**


1 यशोधरा : मैथिलीशरण पृष्ठ 59
2 मेरे साक्षात्कार : पृष्ठ139
3 20 -वीं साड़ी के अंतिम दशक के हिंदी उपन्यासों का प्रवृत्ति मूलक अनुशीलन:क्षितिज धुमाळ पृष्ठ 138
4 पत्थर गली : नासिरा पृष्ठ161
5 संगसार : नासिरा शर्मा पृष्ठ 169
6 समग्र उपन्यास : कमलेश्वर पृष्ठ 557
7 पत्थर गली : आशिरा शर्मा पृष्ठ 21
8 इनसानी नस्ल : नासिरा शर्मा पृष्ठ 38
9 इनसानी नस्ल : नासिरा शर्मा पृष्ठ 67
10 शामी कागज : नासिरा शर्मा पृष्ठ 29
11 मालती जोशी की कहानीयां : मालती जोशी पृष्ठ 137
12 इब्ने मरियम : नासिरा शर्मा पृष्ठ 68
13 आदमी और हव्वा: मेहरुन्निसा परवेज पृष्ठ 30

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

## मानवीय संबंधों के अन्वेषी - डॉ. सुनील जाधव

**डॉ. प्रकाश भगवानराव शिंदे**
**सहाय्यक प्राध्यापक, हिंदी विभाग**
**पानसरे महाविद्यालय अर्जापूर**
**तहसील बिलोली जनपद नांदेड़ (महाराष्ट्र)**

मुंशी प्रेमचंद महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त मराठी भाषिक हिंदी रचनाकार डॉ. सुनील जाधव हिंदी साहित्य के उभरते रचनाकारों के रूप में अपना विशेष स्थान रखते है। आधुनातन हिंदी साहित्य में नवीनतम उपागमों को अपनाकर मानव जीवन के सहज, निगूढ, बीहड़ अंधकारमय मार्गों को उजाले की ओर ले जाने का काम उनकी रचनाएं करती हैं। साहित्य मे जिस समय स्त्री विमर्श, दलित विमर्श आदिवासी विमर्श, अल्पसंख्यक विमर्श, वृद्ध विमर्श, किन्नर विमर्श ने अपनी जड़े मजबूत की उस समय युवा आक्रोश को लेकर साहित्य में दस्तक देनेवाले 'गोधड़ी' कहानी के रचयिता सुनील जाधव साहित्य की लगभग विधाओं पर लेखनी चलानेवाले रचनाकार के रूप में अपना परिचय स्थापित कर चुके हैं। डॉ. सुनील जाधव ने 'नागार्जुन की कविताओं में व्यंग' रचना से अपनी साहित्यिक यात्रा का आरंभ किया जिसका सफल परिणाम यह रहा है कि उनके अब तक पांच कविता संग्रह, तीन कहानी संग्रह और चार एकांकी संग्रह प्रकाशित हुए हैं।

डॉ. सुनील जाधव का जन्म 1 सितंबर 1978 में नांदेड़ जनपद के मुदखेड तहसील में हुआ। उनके पिता गुलाबसिंग एवं माता शकुंतला देवी की चार संतानों में अनिल के बाद सुनील उनकी दूसरी संतान है। संदीप और राजेश सुनील जी के दो छोटे भाई हैं। उनकी आरंभिक शिक्षा हदगांव तहसील तथा उच्च माध्यमिक शिक्षा और स्नातक तक की शिक्षा किनवट तहसील में हुई है। उन्होंने एम. ए. पी-एच.डी. की उपाधि स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय नांदेड़ से प्राप्त की है तथा यू.जी.सी. की नेट परीक्षा में भी उन्होंने सफलता हासिल की है। वर्तमान समय में वे नांदेड के यशवंत महाविद्यालय के हिंदी विभाग में अध्ययन और अध्यापन का कार्य कर रहे हैं। डॉ. सुनील की पत्नी वैशाली जी ने उन्हें लेखन में बड़ी सहायता की है। उनकी प्रमुख रचनाओं में काव्य संकलन - 'मैं बंजारा हूं', 'सच बोलने की भूल', 'मेरे भीतर मैं', 'रोशनी की ओर बढ़ते कदम', 'त्रिधारा'। कहानी संकलन में - 'मैं भी इंसान हूं', 'एक कहानी ऐसी भी', 'गोधड़ी' (महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त कहानी संग्रह), एकांकी संकलन - 'भ्रूण', : कैंची और बंदूक', 'एक निष्ठावान सैनिक', 'अमरबेल और अन्य एकांकी', नाटक - 'बंद शहर बंद दरवाज़ें' संपादकीय - 'रत्नकुमार सांभरिया के नाटक', 'अपनी अपनी दृष्टि', 'नई कलम'। शोध समीक्षा - 'नागार्जुन के काव्य में व्यंग', 'हिंदी साहित्य : दलित विमर्श', 'हिंदी साहित्य : विविध विमर्श' तथा पुरस्कार प्राप्त रचनाओं का संकलन 'मेरी चर्चित रचनाएं' उनकी प्रमुख रचनाओं में से हैं। डॉ. जाधव को देश एवं विदेशों के राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय कई पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया है। उज़्बेकिस्तान तथा दुबई से 'सृजन श्री' पुरस्कार, कम्बोडिया से 'प्रमोद वर्मा' सम्मान, बिकानेर से लघुकथा सम्मान, मुंशी प्रेमचंद महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भारतीय समाज संस्कृति प्रिय रहा है जिसमें परिवार का महत्व सनातन काल से स्वीकारा गया है।

जीवन की व्यस्तता और अर्थ केंद्रित दृष्टि ने परिवार संस्था को सबसे अधिक ठेस पहुंचाई है। जब तक भारत में संयुक्त परिवार संबंध टिककर थे किसी को यह अधिकार न था कि वह परिवार के हितों को अनदेखाकर स्वार्थ का व्यवहार करें। भारतीय परिवार में नारी पहले परिवार की बहु थी, बाद में पत्नी किंतु अब यह धारणा पूरी तरह से बदल रही है। पत्नी पति पर अधिकार जमाने लगी जिसका परिणाम यह हुआ की विवाह के तुरंत बाद वह अपना अलग से चूल्हा बनाने लगी। आर्थिक स्थितियों के कारण पारिवारिक संबंधों में बदलाव आने लगा जैसे लड़का परिवार को छोड़कर दूसरी जगह नौकरी करेगा तो वहां पति-पत्नी ही साथ रहेंगे इन स्थितियों ने रक्त संबंधों को अतिक्षिण कर दिया जिससे भाई-भाई के बीच कोई कर्तव्य नहीं रहा। माता-पिता बच्चों के लिए बोझ बन गए और पारिवारिक संबंधों में ऐसा बिखराव आया कि परिवार अर्थात पति-पत्नी और बच्चे इतनी ही सीमित परिवार की परिभाषा बन गई इन्हीं बिखरते और लड़खड़ाते परिवार को जोड़ने की मानवतावादी अभिव्यक्ति सुनील जाधव की कहानियों ने दी है।

कहानीकार स्वयं बंजारा समाज के होने के कारण उन्होंने कहानी में कई जगह बंजारा समाज की संस्कृति, उनके परिश्रम, स्वाभिमानी वृत्ति, प्रेम तथा दूसरों के प्रति संवेदना को अभिव्यक्ति दी है। बंजारों का नमक, गेरू, खोया आदि घोड़ों और बैलगाड़ी में लादकर देश-विदेश में कई भागों में आना-जाना होता था और भारत के कई कोनों में वह व्यापार के लिए जाया करते थे वहां वे अपने निश्चल स्वभाव, प्रेमभाव और अपनत्व का दर्शन अवश्य देते थे। वर्तमान समय में यातायात की व्यवस्था और इस समाज में शिक्षित लोगों की बढ़ती संख्या के कारण अब व्यापार पूरी तरह से बंद हो गया है।

उनकी 'गोधड़ी' कहानी न केवल बंजारा संस्कृति का दर्शन कराती है अपितु परिवार की आर्थिक जर्जरता को भी उजागर कराती हैं। आधुनिक युग में मानवीय संवेदना का दर्शन करानेवाली यह कहानी वाड़ी और तांडों पर रहनेवाले बंजारों की स्थिति को उजागर करती है। इस कहानी की याडी (मां) अर्थात नीलू, बापू और उनकी संतानें तुकाराम सारजाबाई इन पात्रों को आधार बनाकर लेखक ने आधुनिक युग में खोई हुई मानवीय संवेदना को उजागर किया है। आज भी शहरों की तुलना में गांव, वाड़ी और तांडों के लोगों में तथा वहां की संस्कृति में मानवीयता दिखाई देती है। कहानी फ्लैशबैक शैली में लिखी गई है जिसका आरंभ ही याडी के देहावसान के पश्चात तुकाराम की आर्थिक विवेचना को स्पष्ट करती है जैसे, "याडी ये याडी...शे सोबत ले जायवाळ छी कांई ये ? उपर जातानी ये ओढेवाळ छी कांई ये...? तार चिता सोबत ई गोधड़ी भी बळ जायवाळ छ। मार भिया सारु गोधड़ी दे जो याडी...। कांई तोई बोल या... आखरी रो बोल द या... अब तू हमनेन कत दकायवाळ छी या... ये याडी ...। हमनेन छोड़न मत जो ये याडी....।"1 सारजाबाई का यह आक्रांत स्वर गरीबी से जूझ रहे उस परिवार की ओर संकेत करता है जो एक गोधड़ी के लिए विवश है। यहां मानवीय संवेदना दोनों और पलती दिखाई देती है एक मां के जाने का दुःख है तो वहीं दूसरी ओर भाई के गरीबी की चिंता।

कहानी में निश्छल प्रेम की संवेदना को भी लेखक ने नीलू और बापू तथा तुकाराम की पत्नी और उसके बेटे के माध्यम से स्पष्ट किया है। नीलू सधन परिवार की बेटी है तो बापू गरीब परिवार का लड़का, बावजूद इसके दोनों एक दूसरे को चाहते हैं और झोपड़ी में रहने वाले बापू के साथ नीलू ब्याह करती है। बापू के विपरीत परिस्थितियों का साथ नीलू देती है। दिन-रात खेतों में, जंगलों में, काम कर वह अपना जीवन बिताते हैं। दोनों ने पहाड़ों के बीचों-बीच बसे दस-पंद्रह झोपड़ियों के तांडे में जाकर रहना पसंद किया

और वहीं पर धनिक किसान के घर सालाना नौकरी करते हुए नीलू और बापू ने जंगल के कुछ ज़मीन को उपजाऊ बनाया। बापू नीलू से कहता, "नीलू, देख रही हो। यह अपना खेत है। अपने खेत में बोये दानें से अंकुर आ गए हैं। देखते-देखते यह बड़े हो जाएंगे। तब मैं तुझे किसी बात की कमी नहीं होने दूंगा। हम अपने परिश्रम से पक्का झोपड़ा बनाएंगे।"2 बापू के इस विश्वास के आधार पर ही तो नीलू ने बापू के साथ ब्याह किया था। कहानी में एक जगह तुकाराम की पत्नी और उसके बेटे के प्रेम की संवेदना को अभिव्यक्ति मिली है। बेटे के प्रति मां का ममत्व भाव एक पल भर नहीं रुकता जब बेटे की किलकारी उसके कानों में गूंजती है। वह भागती-दौड़ती अपने बेटे के पास जाती है। यहां मां की बेटे के प्रति संवेदना उजागर होती है।

कहानी में एक प्रसंग है कि नीलू अर्थात तुकाराम और सारजाबाई की याडी का जब देहावसान हुआ तब तांडों की संस्कृति के अनुसार उसके अंतिम संस्कार की पूरी तैयारी की गई। बुजुर्गों ने गेहूं की छोटी पोटली आरथी में रख दी जिसे गांव के बाहर जाने के बाद किसी खेत में रखा गया। याडी के अंतिम संस्कार के बाद व्याकुल, मजबूर, विवश, गरीबी से जूझ रहे तुकाराम ने वही पोटली उठाई और अपने घर ले आया जिससे उसके परिवार की आर्थिक जर्जरता सामने आती है। बावजूद इसके तुकाराम को ऐसी स्थिति में भी याडी की आवाज कानों पर पड़ती है, "बेटा, बंजारा स्वाभिमानी और परिश्रमी होते हैं।" 3 यहां याडी के माध्यम से कहानीकार ने यह संदेश दिया है कि, बंजारों ने मानव जाति को एक सीख दी है कि मनुष्य को हमेशा स्वाभिमानी और परिश्रमी होना चाहिए।

'डोली सज़ा के रखना' सुनील जाधव की चर्चित कहानियों मे से एक है जो थर्ड जेंडर की 'ख्वाहिशों के पैबंद,' कहानी संग्रह में प्रकाशित हुई है। प्रस्तुत कहानी में कहानीकार ने किन्नर समुदाय की स्थिति और समस्याओं को समझने और उन पर चर्चा करने का प्रयास किया है। यह कहानी किन्नरों के प्रति समाज की सोच बदलने तथा किन्नरों की समस्याओं की पीड़ा को सुलझाने में निश्चित ही सहायक होगी। कहानी का मुख्य पात्र जुबेदा के प्रति कहानीकार की सोच मानवीयता की है। जुबेदा अपने परिवार और समाज से बेदखल किया गया एक ऐसा चरित्र है जिसे न परिवार में कहीं इज्जत मिलती है और न ही समाज में कहीं काम। वह ट्रेन में तालियां बजा-बजा कर पैसे कमाती है और दिन गुजारती है। उसका एकमात्र दोस्त फैजल है जिसके साथ वह कभी-कभी अपने दिल की बात कहती है। वह एक जगह कहती है, "फ़ैज़ल तुझे हिजड़ा होने का दुःख नहीं पता। क्या होता है, हिजड़ा बनकर जीवन जीना। मैं औरत भी नहीं और मर्द भी नहीं हूं। ना मैं बच्चा पैदा कर सकती हूं और ना कोई मर्द मेरे से शादी कर सकता है। अपनी जिंदगी तो अकेली है रे।"4 जुबेदा के इस कथन से उसके मन की पीड़ा अभिव्यक्त होती है। विधाता ने जब सृष्टी का निर्माण किया तब इस धरती पर नर-नारी अर्थात स्त्री और पुरुषों के साथ कई सजीव प्राणियों का निर्माण किया होगा। स्त्री और पुरुष के साथ इस भूतल पर स्त्री-पुरुष के सानिध्य से ही जन्म लेनेवाला एक जीव है जो प्रकृति के विकृति का परिणाम है जिसे वर्तमान समय में किन्नर, हिजड़ा, नपुंसक, छक्का आदी आदी नामों से अभिहित किया जाता है। वास्तव में यह जीव अपने परिवार की अन्य संतानों की भांति सभी सदस्यों के साथ कुछ दिन पलता-बढ़ता है लेकिन जैसे ही परिवार के लोगों को पता चलता है कि प्रकृति ने इसे शरीर का वह अंग ही नहीं दिया जिससे वह अपने परिवार को बढ़ा सके या संतानोंत्पत्ति कर सके तब से इस जीव का संघर्षरत जीवन आरंभ होता है। किन्नरों को भी स्त्री और पुरुष की तरह ही संवेदना होती है। जुबेदा कहती है, "मैं हिजड़ा हूं। इसमें मेरा क्या दोष। मुझे औरत नहीं, मर्द

पसंद है। इसमें मेरी क्या गलती। भगवान ने मुझे औरत बनाते-बनाते अधूरा छोड़ दिया। फैजल तुझे सच बताऊं, मैं भी आम औरत की तरह किसी मर्द के साथ निकाह करना चाहती हूं, निकाह करके मैं भी घर बसाना चाहता हूं।"5 जुबेदा के इस कथन से यह स्पष्ट होता है कि उनकी भी अपनी संवेदनाएं होती है आवश्यकता है उनके मन को समझने की।

फैजल जुबेदा की बात सुनता है और उसे यह एहसास भी दिलाता है कि जुबेदा तेरा भी निकाह होगा, तेरी भी डोली निकलेगी। मैं तुझे साथ दूंगा। मैं निकाह करने के लिए तैयार हूं। फैजल की यह सभी बातें सुनकर जुबेदा अपने आप को दुनिया की सबसे अधिक खूबसूरत समझती है लेकिन उसे यह नहीं पता कि फैजल वास्तव में उसे अपनाएगा ? उसके साथ निकाह करेगा ? वह भावनाओं में बह जाती है। कुछ दिन के बाद फैजल को हैदराबाद के एक अच्छे कंपनी में नौकरी भी लगती है उसके लिए कुछ रूपयों की आवश्यकता होती तो जुबेदा ही फैजल को सात लाख रुपए देती है । जुबेदा निकाह की पूरी तैयारी करती है और फैजल निकाह के दिन जुबेदा को साफ-साफ शब्दों में कह देता है, "अबे हिजड़े, सपने देख रहा है क्या ? मैं और तुझसे शादी करूंगा। मेरे लिए लड़कियों की कोई कमी है क्या ? जो तेरे साथ शादी करूंगा..... जुबेदा मुझे तुझ में नहीं तेरे पैसों से प्यार था।"6 फैजल के इस फैसले से जुबेदा पूरी तरह टूट जाती है। कहानी में कहानीकार ने कहा कि यदि किन्नरों स्थिति सुधारना है तो उनके साथ हमारा व्यवहार मानवीयता के जैसे होना चाहिए तथा उनकी संवेदनाओं को समझना चाहिए तभी किन्नरों की स्थिति सुधरेगी।

'मिठाई का डिब्बा' डॉ. जाधव की बालमन और वृद्धों की संवेदना को लेकर लिखी गई कहानी है। दिल्ली से निकलनेवाली 'इंद्रप्रस्थ' पत्रिका में प्रकाशित यह कहानी सुखद के माध्यम से बच्चों की संवेदना को व्यक्त करती है। बालक सुखद कक्षा में अव्वल आने हेतु उसके पिताजी ने उसे मिठाई का डिब्बा दिया था लेकिन वह मिठाई का डिब्बा किसी के भी साथ सांझा नहीं करना चाहता वहीं उसकी दादी मिठाई और परीक्षा परिणाम का प्रमाण पत्र न दिखाने हेतु रूठतीं, झगड़तीं अर्थात बच्चों जैसी हरकतें करती हैं। कहानी में एक प्रसंग है, "बुढ़ापा बचपन लेकर आता है। इंसान जैसे-जैसे बूढ़ा होता जाता है; वह बच्चों जैसी हरकतें करने लगता है। यह जीवन का चक्र है। आज जो बच्चे हैं, कल वे माता-पिता बनेंगे और माता-पिता बूढ़े बच्चे।"7 यह कहानी एक साथ बच्चें और बूढे लोगों की संवेदना को व्यक्त करती हैं। लेखक ने इस कहानी के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि जिस तरह हम बच्चों को समझ लेते हैं उसी तरह हमारे घर के बुजुर्गों को भी समझ लेना चाहिए।

दिल्ली से निकलनेवाली 'साहित्य अमृत' पत्रिका में प्रकाशित कहानी 'वह नहीं हारेगी' नारी मन की संवेदना को व्यक्त करनेवाली डॉ. सुनील जाधव की वास्तविक जीवन को लेकर लिखी गई कहानी है। इस कहानी में एक ऐसी नारी का चित्रण किया गया है जो पेशे से अध्यापक होने के बावजूद पति की प्रताड़ना का शिकार बनती है। कहानी की नायिका शोभा की एकमात्र इच्छा थी कि उसे भी पति का प्रेम मिले किंतु शोभा के मन की संवेदना को पति समझता ही नहीं और आखिरकार पति को छोड़कर दो बेटियों के साथ नायिका को अपना जीवनयापन करना पड़ता है। स्वतंत्रता सेनानी की लाडली बेटी शोभा से डॉ. शोभा तक का नायिका का सफर संघर्ष से भरा हुआ है। शोभा के जीवन में आए कई सारे समस्याओं को कहानी में रेखांकित करते हुए रचनाकार ने यह स्पष्ट किया है कि नारी यह अबला न होकर सबला ही है।

संक्षेप में यही कहा जाएगा की, डॉ. सुनील जाधव साहित्यिक क्षेत्र में उभरते हुए ऐसे कहानीकार हैं जिन्होंने कई विषयों को लेकर कहानियां लिखी है। उनकी कहानियों में बंजारा समाज की संस्कृति, सभ्यता के साथ आर्थिक समस्या से उभरते हुए नायक की संवेदना भी व्यक्त हुई है तो वही परिवार, समाज द्वारा तिरस्कृत किए गए किन्नर वर्ग की संवेदना को भी अभिव्यक्ति मिली है। बालमन की संवेदना, वृद्धों की संवेदना के साथ-साथ उन्होंने नारी की संवेदना को भी अपने कुछ कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। सार, कही-कही कहानी के पात्र भावनाओं में बह गए तो कवि मन के कहानीकार होने के नाते कुछ जगहों पर अतिशयोक्ति अलंकार का प्रयोग किया गया। बोलचाल की भाषा को लेकर लिखनेवाले मानवीय संबंधों के अन्वेषी डॉ. सुनील जाधव की लगभग कहानियों में वर्तमान समय में नष्ट होते जा रहे मानवीय संवेदना को प्रखरता से अभिव्यक्ति मिली है।

**संदर्भ संकेत**

1. मेरी चर्चित रचनाएं, डॉ. सुनील गुलाबसिंग जाधव, अद्वैत प्रकाशन दिल्ली, प्रकाशन वर्ष - 2024, पृष्ठ संख्या 07
2. वहीं, पृष्ठ संख्या 13
3. वहीं, पृष्ठ संख्या 16
4. ख्वाहिशों के पैबंद, संपा. डॉ. के. आशा (डोली सजा के रखना), पराग प्रकाशन कानपुर, प्रकाशन वर्ष - 2021, पृष्ठ संख्या123
5. वहीं, पृष्ठ संख्या 124
6. वहीं, पृष्ठ संख्या 126
7. इंद्रप्रस्थ भारती, (भाषा, साहित्य, समाज और संस्कृति की मासिक पत्रिका) हिंदी अकादमी दिल्ली, अक्टूबर - 2023, पृष्ठ संख्या 54

# सुशीला टाकभौरे की काहानियों मे दलित संघर्ष

**प्रा. कोरेबोईनवाड साईनाथ दीगाबंर**
**हिंदी विभाग**
**ला.ब.शा.महाविध्यालय,**
**धर्माबाद( महा) – 431809**

**प्रा. वाघमारे सुधाकर चंद्रकांत**
**हिंदी विभाग**
**ला.ब.शा.महाविध्यालय,**
**धर्माबाद( महा) – 431809**

मानव जाती की संवेदनाएँ बदल जाती हैं लेकिन भयावह बात यह है कि इंसान भावहीन होने लगा है। संवेदनाएँ क्या हैं? यह प्रश्न आधुनिक समय में बहुत ही कम लोगों के मन-मस्तिष्क को प्रभावित करता है। कारण-संवेदना की कमी या संवेदना को महसूस न करना। संपूर्ण सृष्टि में मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो भावनाशील है उसमें से यदि संवेदनाएँ निकाल दी जाए तो फिर जो शेष बचेगा वह भले ही मनुष्य जैसा लगे पर स्तर मानवीय नहीं कहा जा सकेगा, भाव संवेदनाएँ ही जीवन को मनुष्य से जोड़तीं हैं मनुष्य प्रकृति के बीच मैत्री स्थापित करती हैं व्यवस्थाएँ बनाए रहती हैं।

यह मनुष्य के लिए दुर्भाग्य की बात है कि उस जैसा विचारशील प्राणी मानवीय गुणों से युक्त होकर भी सृष्टि के दूसरे प्राणियों के भाव संवेदनाएँ को समझने में अक्षम होता जा रहा है मनुष्य मर्यादा शील विचारशील प्राणी होने का गर्व करता है पर टूटते हुए सम्बन्धों, नष्ट होती पारिवारिक शान्ति, उत्पन्न होती जा रही दिशा विहीन पीढ़ियाँ और अराजकता पूर्ण सामाजिक सम्बन्ध यह बताते हैं कि हमारी संवेदनाओं को महसूस करने की शक्ति नष्ट होती जा रही है।

हमारे मन में सभी प्रकार के भाव संचित होते हैं, समय समय पर हम जैसी परिस्थितियों से गुज़रते हैं वैसे ही भाव हमारे मन में उत्तेजित होते हैं। मानवीय संवेदनाएँ मनोवैज्ञानिक रूप से हमें प्रभावित करती हैं। ये मानवीय संवेदनाएँ मनोवैज्ञानिक रूप से एक मनुष्य के मन को दूसरे मनुष्य के मन से जोड़ती हैं यही कारण है कि कभी किसी व्यक्ति के दुख को देख कर हम अकस्मात् ही दुख का अनुभव करते हैं यह हमारी ज्ञानेन्द्रियों के स्पंदन के कारण होता है। उस क्षण उसके लिए हमारे मन में संचित करुणा व दया के भाव उत्तेजित होते हैं। सरल शब्दों में इन्हीं भावों की उत्तेजना को मानवीय संवेदना कहते हैं।हिंदी साहित्य में भी अनेक साहित्यकारो ने आपने लेखनी के द्वारा विभिन्न विधाओं में समाज मे स्थित अलग-अलग संप्रदाय में जीवन यापन करने वाले मनुष्य की संवेदनशीलता और संघर्ष को चित्रित किया है । विभिन्न विधाओं के माध्यम से साहित्यकारोने समाज मे स्थित आदिवासी,महिला,मुस्लिम,किन्नर तथा दलीत संवेदनाओ पर सुक्ष्मता से चर्चा कर रहे है जिसका परिणाम आज सामान्य लोगो मे उनके अधिकारो की पहचान होने लगी। फिरभी आज के युग मे दलीत समाज अनेक समस्याओ का सामना कर रहा है। इनकी समस्या का चित्रण लेखकोने कहानी, उपन्यास के माध्यम से लोगो तक पहुचाया है। जिसमे मैत्रियी पुष्पा, शिवानी, संजीव, निर्मला पुतुल और सुशीला टाकभौरे आदि साहित्यकार आते है। समकालीन हिन्दी दलित साहित्य क्षेत्र में सुशीला टाकभौरे का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने जीवन के भोगे हुए यथार्थ को बड़ी ताज़गी के साथ रचनाओं में अंकित किया है। उन्होंने अपनी रचनाओं में दलित समाज के बच्चे, बूढे, युवा-युवतियों, सभी वर्ग का प्रतिनिधित्व बड़ी क्षमता के साथ किया है। उनकी कहानियाँ यथार्थ के धरातल पर समाज का प्रतिनिधित्व करने के साथ दलित चेतना के विकास में भी सक्षम है। उनकी

रचनाएँ स्वानुभूतियों का जीवंत दस्तावेज़ है। उन्होंने स्वयं सामाजिक विषमता का ज़हर पिया है, परिमाणतः दलित यातना से रूबरू कराती उनकी रचनाएँ प्रबल आक्रोश के रूप में फूट पड़ती है। दबी-कुचली मानवीय संवेदना को आंदोलित करती है और उन्हें क्रान्ति की पहल द्वारा अपनी समस्याओं का समाधान तलाशने में प्रेरित करती है।

सुशीला टाकभौरे की '**बदला**' कहानी में जातिभेद, सामाजिक असमानता, छुआछूत, भेदभाव आदि बातों पर तीखा व्यंग्य कसा गया है। इस कहानी का कल्लू भंगी परिवार का लड़का है। स्कूल में वे अपने सवर्ण सहपाठी के साथ खेलते समय हमेशा जीत जाता था। खेल-खेल में उनका जीतना और सवर्ण छात्रों का हारना कल्लू के पिता उतना अच्छा कार्य नहीं समझते थे। वे अपने बेटे को यही उपदेश देता है कि "**बेटा किसी से मुसीबत मोल मत लेना। अपन उनके बराबर के नहीं है, वे हमसे बड़े हैं।**"1 सवर्णों के पीछे रहना ही दलित लोग पसंद करते हैं। इसी मानसिकता के कारण कल्लू पहलवान होकर भी सवर्ण बच्चों से डरता है। लेकिन सवर्ण जाति के छात्र राजन, गुड्डू और सुनील तीनों मिलकर उसे बहुत अधिक मज़ाक उठाने पर वह उसे मार देता है। मारने के बाद अपने घर लौटा है। वह घर पहुँचते ही उन सवर्ण बच्चों के परिवार के लोग कल्लू को मारने के लिए डंडे लेकर उसके घर आते हैं। कल्लू की दादी माँ और माँ उनसे हाथ जोड़कर क्षमा माँगने पर भी वे नहीं लौटते। राजन ठाकुर का बड़ा भाई और उसका दोस्त गुड्डू रघुवंशी के माँ, पिताजी, काका, काकी आदि कल्लू के परिवार से दया न करते और गालियाँ देते रहे– "**भंगी की औलाद.....औलाद....अछूत, शूद्र, भिखारी....भिखमंगे....हमारी दया पर जीनेवाले.....हमारे टुकड़ों पर पलनेवाले....इनको तो गाँव में घूमने नहीं देना चाहिए.....इनके लिए पहलेवाले नियम ही ठीक थे। हमारी सरकार भी उनको बहुत बढ़ावा देती है....एक एक को मार डालेंगे...इनके घरों में आग लगा देंगे।**"2 सवर्ण लोगों के साथ आये औरतें भी कल्लू के परिवारवालों को जातीयता के नाम पर अपमान करती हैं। रघुवंशी स्त्रियों की बातें सुनकर छौआ माँ हक्की-बक्की रह जाती है। उसके मन में महीनों पहले की घटना याद आती है।

होली के दिन में गाँव की औरतें छौआ माँ को अपने साथ होली खेलने के लिए बुलाती है। छौआ माँ उनके साथ ही होली मनाती थी। तब से छौआ माँ के मन में वे सब औरतों के प्रति प्रेम और अपनापन का भाव था। आज उन औरतों के मुँह से इस प्रकार की गालियाँ सुनकर वह ग़ुस्सा होती है और कहती है– "मैं भी किसी को नहीं छोड़ूँगी....तुम सबका खून पी जाऊँगी। हे काली मैया, तू उसका भोग ले लेना। हे मरई माता, तू उनको सीधा लील जाना।3

डॉ. सुशीला टाकभौरे द्वारा रचित '**सिलिया**' भंगी समाज की उस होनहार लड़की की कहानी है जो उच्च शिक्षा पाने की इच्छुक, आज्ञाकारी एवं गंभीर स्वभाव की लड़की है। वह लड़की मन ही मन अपने समाज में सुधार लाने के लिए दृढ़ संकल्प है। वह एक प्रकार से अपने सोये हुए समाज केलिए जागरूक व प्रेरणादायी पात्र है। सिलिया ने मन ही मन दृढ़ संकल्प किया है कि "मैं बहुत आगे तक पढ़ाई करूँगी, शिक्षा के साथ अपने व्यक्तित्व को भी बड़ा बनाऊँगी। उन सभी परंपराओं के कारणों का पता लगाऊँगी, जिन्होंने उन्हें अछूत बना दिया है।"4 सिलिया बड़ी कठिनाइयों से मैट्रिक पास करती है। सुदृढ़ और पक्के इरादोंवाली सिलिया ने सवर्णों से अनेक सामाजिक उत्पीड़न सहे हैं। फिर भी इन तमाम असुविधाओं के बीच भी वह सम्मान से जीना चाहती है। यही संकल्प उसे लड़ने की ताक़त देता है। '**दुनिया**' नामक अख़बार में

एक विज्ञापन छपता है कि **'शूद्रवर्ण की बहू चाहिए'** मध्यप्रदेश के भोपाल के जाने-माने युवनेता सेठजी अछूत कन्या से विवाह करके एक आदर्श निर्माण करना चाहते हैं। उनकी शर्त यह थी कि लड़की मैट्रिक पास हो। लोगों ने सिलिया की योग्यता देखकर उसकी माँ को सलाह दी कि "सिलिया को इस शादी से लाभ उठाने का अवसर है। तुम सिलिया का फोटो, जीवन-परिचय, पता यह सब लिखकर भेज दो। वह राज करेगी।" लेकिन सिलिया की माँ कहती है "नहीं भैय्या यह सब बड़े लोगों की चाल है। आज समाज को दिखाने के लिए हमारी बेटी से शादी कर लेंगे और कल छोड़... दिया तो...हम गरीब लोग उनका क्या कर लेंगे। अपनी मान मर्यादा अपने समाज में रहकर भी हो सकती है। उनकी दिखावे की चार दिन की मर्यादा हमें नहीं चाहिए। हमारे परिवार और समाज में वैसा मान सम्मान नहीं पा सकेंगे, न ही हमारे घर की रह जायेंगी। हम उसको खूब पढ़ाएँगे। उसकी किस्मत में होगा तो इससे ज्यादा मान सम्मान वह खुद पा लेगी। अपनी किस्मत वह खुद बना लेगी।"5

सुशीला टाकभौरे की **'झरोखे'** नामक कहानी लेखिका की अपनी कहानी है। इसके माध्यम से वह हर एक दलितों की जीवन-यात्रा बताती है। इसमें स्कूल से लेकर आज तक की उनकी स्मृतियाँ बताती है। दलित लोग हमेशा अपने बच्चों से बताते हैं कि हम दलित हैं, दूसरों से नीच जाति वाले हैं। बच्चों के मन बचपन से ही यह भावना भरें तो उनके मन में हीनताबोध पैदा होता है। इस कारण उसका व्यक्तित्व विकसित नहीं होता, होशियार होने के बावजूद भी उनमें आत्मविश्वास का अभाव होता है। दलित लोगों को सोचना चाहिए कि "हम दूसरों को दोष देने से पहले अपनी गलती देखें और सिर्फ अपनी गलती देखते रहें, तब हमें दूसरों का दुर्व्यवहार नज़र आता है। उनकी सिर्फ अच्छाई नज़र आती है, ऐसा नहीं होता है तो अपनी ही गलती मानकर चुप रहना चाहिए।"5 लेखिका की माँ उन्हें पढ़कर आगे बढ़ने का हौंसला देती है। अपने स्कूल में भी लेखिका को गुरुजनों से अच्छे संस्कार ही मिले हैं, इस कारण उनके मन में आत्मविश्वास बढ़ गया। यह कहानी हर एक दलित बच्चे को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। निम्न जाति में पैदा होने के कारण मन में कोई हीनताबोध की आवश्यकता नहीं, हम भी सवर्णों के जैसे मनुष्य हैं। ऐसे आत्मविश्वास के साथ पढ़कर ऊँचे पद हासिल करके देश के लिए अच्छा नागरिक बनना चाहिए।

उपरोक्त कथन में सुशीला टाकभौरे का दलित कहानी साहित्य दलितों के लिए आत्मसम्मान खोजने और तत्कालीन जाति-व्यवस्था के ख़िलाफ़ क्रांति करने की प्रेरणा देते हैं।वे निरंतर समाज से संघर्ष कर आपने अस्तित्व का निर्मान करणे की कोशिश कर रहे है । आज के वर्चस्ववादी समाजशास्त्र में एक दलित का स्थान हीन, निकृष्ट, घृणित और दुत्कारे हुए व्यक्ति का है। जन्म से ही घृणित, नीच माने जानेवाले दलित वर्ग में आज धीरे-धीरे प्रतिशोध की चेतना जागृत हो रही है, जिसकी अभिव्यक्ति सुशीला जी की कहानियों में संघर्ष के द्वारा हो रही है। निश्चय ही ये कहानियाँ दलितों को अपमान और तिरस्कार से मुक्ति, दिलाने के लिए प्रतिरोध के समाजशास्त्र को गढ़ने के लिए लिखी जा रही है और अपने उद्देश्य में सफल भी हो रही हैं। उनका कथा साहित्य हमें मानवीय संवेदनाओ के प्रति सजग बनाता है। सामाजिक संघर्ष एवं परिवर्तन को दिशा दिलाने वाली ये कहानियाँ दलितों के लिए नए समाज की स्थापना करने का और उनमे नई सोच निर्माण कर आगे बढाने का प्रयास कर रही है । समाज मे रहनेवाले मनुष्य को हर संप्रदाय के प्रति संवेदनशील भावना रख उनमे आत्मीयता,आदरात्मकता और समानता का भाव निर्माण करने की

भावना आपने काहानियो के माध्यम से सुशीलाजी करती है l ऊनके लेखन मे इतनी वास्तविकता है की, जिसका परिणाम आज के समाज को नई दिशा मिल रही है l

**संदर्भ ग्रंथ :**

1. दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र - ओमप्रकाश वाल्मीकी
2. दलित संघर्ष और सामाजिक न्याय - डॉ. पूरणमल
3. सिलिया - सुशीला टाकभौरे
4. बदला - सुशीला टाकभौरे
5. झरोखे - सुशीला टाकभौरे

# मानवीय मूल्य 21 वी सदी में

**प्रा. विजयसिंह ठाकुर**

21वीं सदी का कवि मानवता और मानव-मूल्यों को बचाने का पक्षधर है। वह वर्तमान युग-परिवेष की परिस्थियों से घिरे मानव-जीवन का सजीवांकन करता है साथ ही समकालीन चुनौतियों से भी दो-चार होता है। कवि इस भाव-सत्य का उद्घाटन करते हुये कहता है :- "घरघराते हवाई जहाज सुबह-सुबह भरते हैं उड़ान, बुरी खबरें हमारे दरवाजे पर फेंक दी जाती हैं। किसी का ध्यान नहीं गया इस ओर शायद, कितनी लम्बी हो गयी हैं, हमारे जीवन की रातें, सुबह कितनी छोटी ।" 21वीं सदी की चुनौतियों में एक बडी चुनौती वैष्विक स्तर पर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का आविष्कार है जिससे पूँजीवादी व्यवस्था ने एक नयी सोच को विकसित किया है, इसी सोच के प्रभावस्वरूप विखण्डित मानसिकता का जन्म हुआ। इस प्रकार बाजारवाद से अनेक संवेगों, विचारों, भावनाओं और इच्छाओं की अन्तहीनता का जन्म हुआ। साथ ही नई जरूरतों को भी बढ़ावा मिला। राजेष जोषी जी ने इस संदर्भ में कहा है :-

"बाजार से लेने जाता हूँ जररूरत की कोई चीज । तो साथ ही थमा दी जाती है एक ओर चीज मुफ्त। उस चीज की कोई जरूरत नहीं मुझे। पर लेने से इंकार नहीं कर पाता उसे। और बस इसी एक पल में पकड़ लिया जाता हूँ। उसी अतिरिक्त के लिए जरूरत की चीजों के बीच। थोडी जगह बनाता हूँ, जो जरूरी चीजों की जगह थोडा। सिकुड़ जाता हूँ।"

कविता की अभिव्यक्ति उसकी उपयुक्त अद्वितीयता तक एक विधा के रूप तक ही सीमित नहीं रहती बल्कि सुबुद्ध पाठक को अच्छी कविता समझनी और साधनी पड़ती है और व्यवहार के कविता में रहना पड़ता है। 21वीं में अन्वय सदी के पश्चात् वाक्य का जो स्वरूप बनता है। वह कविता है। आज कविता को अर्थाशय के रूप में समझा जाता है। कविता श्रोता या पाठक के भीतर जिस अनुभव का सृजन करती है वही उसका अर्थ है। नव्यता के कारण कविता को समझने के लिए कई सोचों को छोड़ना पड़ता है और एक अच्छी कविता अपने अनुरूप अपने पाठक को भी परिवर्तित कर डालती है।

वैश्वीकरण ने कमाई के विविध मार्ग खोले हैं। पहले बाजार के आधार, मेले हाट थे अब उनके स्थान पर 'माल-बाजार' आ गये हैं। व्यय के बाजार को आय से अधिक बना दिया गया है। खान-पान, परिधान, चाल-ढाल अब बाजार से निर्देशित एवं नियन्त्रित होने लगे हैं। वातावरण में परायान तथा बहिष्कृत रंग-ढंग छा गये हैं।

कपड़ा पहनने के बावजूद नंगापन नहीं छुपता। हिन्दी के उत्थान और विकास पर अंग्रेजी में 'डिसकस' किया जाता है। आवागमन और सूचना तंत्र में पूरा विश्व नजदीक तो आया है लेकिन सन्निकटता के स्थान पर मन की दूरियां बढ़ी हैं। अच्छी बातें आत्म-विभाजन में बदल जाती हैं। अनैतिकता तथा असमानता पर आधारित बाजार और उत्पाद बढ़े हैं।

ऐसे में कविता नैतिक बल प्रदान करती है। 21वीं सदी के व्यक्ति का जितना चारित्रिक, पतन हुआ है उतना अभी हिन्दी कविता का नहीं हुआ है। आज की कविता में श्लील अश्लील का कोई खास अर्थ नहीं होता। जो जीवन में घटित हो रहा है वह किस न किसी रूप में आता है। कविता की भल ही मर्यादा हो लेकिन अभिव्यक्तित की कोई मर्यादा नहीं है।

कविता हमें मूल गुणों की स्मृति कराती है, जिसमें उत्पादों की नश्वरता निहित होती है। आज कविता के अभिव्यक्ति की तकनीक परिवर्तित हो चुकी है। अब केवल मनोरंजन, प्रशस्ति-गान, भक्ति, सौन्दर्य-विवेचन, पाण्डित्य प्रदर्शन, अंग निरूपण आदि तक अपने को परिमित नहीं रखती वरन् समाज, धर्म, कर्त्तव्य-बोध की ओर ले जाती है जिससे हम अपने को उत्तरदायित्व बोध से संलग्न रखें। संस्कृति परिमार्जन, परख और परिशोधन के पश्चात् ही किसी विचार एवं व्यवहार को सांस्कृतिक आधार प्रदान करती है।

यह सुसंस्कारित आग्रहों से इतना परिपूर्ण होती है कि उसे साधारण लोकधर्मिता के मानवीय संवेदना की कसौटी पर अपना मूल्यांकन कराना पड़ता है। कसौटभ पर खरा उतरने के पश्चात् ही आचार व्यवहार सांस्कृतिक मूल्य कहलाने योग्य बन पाते हैं। संस्कृति की भाँति परम्परा में भी परिवर्तन अन्तर्निहित है ।

21वीं सदी की कविता में चित्रित मानव जीवन जिन तनावों, विसंगतियों एवं कुंठाओं के साथ जीवनयापन कर रहा है, वे पूर्णतः यथार्थ है। 21वीं सदी की कविता उस पुरानी घिसी-पिटी लकीरों पर चलने के बजाय अपना नया रास्ता चुनती है, नए तेवर अपनाती है, नवीनतम विषय- वस्तुओं को अपनाती है। बेकारी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार, व्यभिचार, अनाचार, दुराचार आदि तमाम विषयों को इस युग की कविता ने स्वीकार कर लिया है।

इक्कीसवीं सदी के संदर्भ में प्रभाकर श्रोत्रिय अपने विचार व्यक्त करते हुए करते हैं- "अपनी शती की ओर हम कई संभावनाओं, आशंकाओं और प्रश्नों से देख रहे हैं। ये प्रश्नविज्ञान, विचार, राजनीति, अर्थशास्त्र, जाति, धर्म, पर्यावरण, सूचना प्रौद्योगिकी, कला संस्कृति हमारी मिट्टी हमारी जनता से जुड़े हैं और ये सभी चीजें साहित्य से जुड़ी हैं क्योंकि इन्हीं सब तत्वों और उपादानों से साहित्य अपना कथ्य और प्राणवायु ग्रहण करता है। (बगार्थ पत्रिका दिसंबर, 2009, पृ, 70)

आज वैश्वीकरण के युग में आर्थिक और मानसिक रूप से पूरी तरह हम गुलामी की ओर बढ़ रहे हैं। हम अपनी संस्कृति को भूलकर अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। आज व्यक्ति को अपने देश की तुलना में विदेशी चीजें अधिक आकर्षित कर रही है । आधुनिक समय के साथ दौड़ते-दौड़ते हम अपने बुनियादी एवं पुरातन मूल्यों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। खूबसूरत घरों में नहीं रहते/ पीतल के लोटे, कांसे के कटोर/ मिट्टी के घड़े, खील- बताशे वहां नहीं रहती गंगाजल की बोतल/गीता, रामायण/ राधा-कृष्ण-शिव के कैलेंडर...। खूबसूरत घरों में उगे रहते हैं तमाम तरह के विदेशी फूल/ खूबसूरत घरों में नहीं उगता तुलसी का पौधा।

(समकालीन हिंदी कविता के बदलते सरोकार डॉ. राधा वर्मा पृ. 25) वर्तमान समय अनेक चुनौतियों और संघर्षों का समय है। आज प्राकृतिक वातावरण अनेक कारणों से दूषित हो गया है। प्राकृतिक संपत्ति से खिलवाड़ औद्योगिकरण का बढ़ते जाना, जनसंख्या में बढ़ोतरी, गांव का मिटना, शहरीकरण के कारण तेजी से कांक्रीट के जंगल बढ़ते जाना आदि इन योजनाओं के तहत पर्यावरण की असुरक्षा बढ़ना जंगलों का विनाश आदि अनेक कारण हंै, जिसने पर्यावरण को अनियंत्रित कर दिया है। आज जापान, अमेरिका, फ्रांस रशिया जैसे देश इस प्राकृतिक संकटों से जूझ रहे है ।

**संदर्भ सूचि :**

1. सम्पा डॉ. रामसजन पाण्डेय, उदयभानु हंस के प्रतिनिधि गीत (समय की चुनौती)
2. वही उदयभानु हंस रचनावली 1 (नैया कौन लगाए पार), पृ. 47
3. वही उदयभानु हंस के प्रतिनिधि गीत (अमृत कलष), पृ. 28
4. डॉ. हरिषरण वर्मा, बदल सकते हो दिषा, पृ. 9, संस्करण 2008
5. डॉ. अषोक कुमार 'मंगलेष' निर्मला (मुखौटा), पृ. 30, संस्करण 2016
6. संस्करण डॉ रामसजन पाण्डेय, उदयभानु हंस की प्रतिनिधि गीत

# "वसीयतनामा" कहानी में वृद्धों के जीवन की अभिव्यक्त त्रासदी

प्रा. डॉ. पी. एम. भुमरे
सहायक प्राध्यापक
हिंदी विभागप्रमुख,
श्री मधुकरराव बापूराव पाटील खतगांवकर महाविद्यालय, शंकरनगर
तह- बिलोली, जि.- नांदेड

*शोधसार-*

*जिस गति से विकास हो रहा है उतनी ही गति से मानव जाति प्रभावित हो रही है। भौतिक प्रगति से साधनों की विपुलता मनुष्य के जीवन में प्रवेश कर चुकी है। जिसके परिणाम सभी कामकाजों में यांत्रिकी और तकनीकी का उपयोग हो रहा है । जीवन के सभी क्षेत्रों में तकनीकी का उपयोग होने से मानव रिश्ते यंत्रवत हो चुके हैं । व्यक्ति अपने परिवार, समाज से भावना के स्तर पर कट गया है । 21 सी सदी में परिवार और समाज के स्तर पर नए-नए प्रश्नों का उदय हुआ है जिससे प्रभावित होकर संवेदनशील साहित्यकार ने सामाजिक-आर्थिक और पारिवारिक विषयों का चयन किया है। वर्तमान में अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु धन लोलुपता और भौतिकता की प्रवृत्ति बढ़ गई है । विशेष रूप से कोरोना के काल में जो लॉकडाउन लगा था उसमें वृद्धों के प्रति जो संवेदनहीनता का बर्ताव किया गया उनका आर्थिक, मानसिक और शारीरिक जो शोषण हुआ उसके कारण वृद्ध सम्मानित जीवन जीने में असमर्थ रहे हैं। साथ ही समाज का एक अनुभवी,पथदर्शक ,मार्गदर्शक वृद्ध ही अंधेरे की गर्त में ढकेल दिया गया। पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर भी उपेक्षा की प्रवृत्ति इतनी बढ गई कि, वृद्धों को घर और अपने ही परिवारों से बेदखल होना पडा। वृद्धों के प्रति ऐसी घटनाएं आम हो गई परिणाम स्वरुप वृद्धों को वृद्धाश्रम या फिर अस्पताल में ही जीवन समाप्त करना पड़ा है। ऐसे ही वृद्धों के सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक समस्याओं का वर्णन 'वसीयतनामा'कहानी में हुआ है।साथ ही कहानी में पारिवारिक स्तर पर किस प्रकार अपने बेटों द्वारा ही पिता का मानसिक, आर्थिक शोषण किया जाता है उसका मार्मिक उद्घाटन हुआ है।*

**कीवर्ड्स**-- वृद्धों का जीवन,संवेदनहीन वृत्ति,उपभोग की संस्कृति, संपत्ति का विभाजन, वैयक्तिक स्वार्थ के दुष्प्रभाव,कोरोना नामक वैश्विक स्तर पर आपदा ,वसीयतनामा ।

भारतीय समाज में बड़ों का सम्मान करना प्राचीन परंपरा रही है। ज्ञानी,बुजुर्गों के सामने शीश झुकाकर आदर भाव इसलिए दर्शाया जाता था कि, व्यक्ति ने जीवन के बड़ी से बड़ी चुनौतियों को झेला था। इसके प्रमाण साहित्य में मिलते हैं। भारतीय ग्रंथो के महात्म्य में इसे ही महापुरुष, संत, सुधारक, समाज सेवी आदि के नामों से संबोधित किया है। वृद्ध भी किसी महापुरुषों से कम नहीं होते। उनके मेहनत से ही नई पीढ़ी का जीवन प्रशस्त होता है।शास्त्रों की मान्यता है कि, "अभिवादन शिलस्य नित्य वृद्धोपसेवीन / चत्वारी तस्य वर्धते आयुर्विद्या यशो बलम।"1 अर्थात वृद्धों को प्रणाम करने और उनकी सेवा करने से व्यक्ति के अनुभवों, ज्ञान और कीर्ति में वृद्धि होती है। परंतु आज के समय यह बात करना कितना हास्यास्पद लगता है क्योंकि भारतीय समाज में इसके विरुद्ध वृद्धों की परिवार,समाज में अपमान, भर्त्सना हो रही है।

21वीं सदी में सबसे बडा बदलाव यह देखा जाता है कि,उन्नती के साथ सामाजिक स्थितियों में बदलाव आए है। बात यह है कि, सामाजिक परिस्थितियों में बदलाव आने से वृद्धों की समस्याओं ने उग्र रूप धारण कर लिया है। यह सच है कि, आजादी के तत्पश्चात सभी क्षेत्रों में उन्नति हुई है। यह बदलाव पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर बड़े पैमाने में देखे जाते है । जिसकी अभिव्यक्ति साहित्यिक विधाओ के माध्यम से होती रही है। एक साहित्यिक पुरी जागरूकता के साथ लेखन करता है तब जागरूकता के परिणामों से आधुनिकता का बोध होता है । आधुनिक दृष्टि संवेदनशील है। ऐसे विषयों पर सभी आयामों में कलम चलाई जा रही है। इस दृष्टि से हिंदी की कहानी सामाजिक विषयों पर लेखन करने में भूमिका निभा रही है। 21 वी सदी की कहानीयों में वृद्धों के जीवन का पारिवारिक और सामाजिक जीवन का जो आयाम प्रस्तुत किया है जिससे वार्धक्य की समस्या कितनी जटिल और गंभीर बनी हुई है इससे परिचित हो जाते है। युवावस्था और वृद्धावस्था जीवन के दो विभिन्न आयाम है। एक के पास प्रचंड शक्ति है तो दूसरे की उम्र ढल जाने से हतबल और बेबस है। उम्र के मध्य पड़ाव में रिश्तेदारों एवं पारिवारिक जो आवागमन होता था बल्कि इसके विपरित वृद्ध हो जाने पर स्वयं को अकेला और असहाय, बेबस और लाचार महसूस करता है। परिस्थितियों से मजबूर एवं निराशा के गर्त में धकेल देने के लिए विवश हो जाता है। खास तौर पर 21वीं सदी में सामाजिक रिश्तों में जो बदलाव व्यापक स्तर पर देखने को मिल रहे हैं वह वृद्धों के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता कई समस्याओं को जन्म दे रही है। आज का युग भौतिक चक्का चौंध के प्रति आकर्षित है जिसके प्रभाव से धन के लालच की घातकी प्रवृत्ति मानवीय रिश्तों में - प्रवेशित हो चुकीहै । जिसके कारण वृद्धों को जीवन जीना कठिन हो गया है। ऐसे ही दुष्परिणामों को धन्यकुमार बिरादर की 'वसीयतनामा' कहानी अभिव्यक्त करती है।

'वसीयतनामा' कहानी लॉकडाउन कहानी संग्रह में संकलित है जिसका प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली से जून 2020 में हुआ था। कोरोना नाम की बीमारी के कारण जनमानस में फैले और प्रचलित प्रवृत्तियों का पर्दाफाश यह कहानी करती है। एक तरफ भारतीय संस्कृति अतिथि देवो भव का आदर्श मानती है तो दूसरी ओर अपने ही घर में बुजुर्गों के प्रति जड़वत व्यवहार करने की दोहरी प्रवृत्ति को उजागर भी करती है। एक समय में वृद्ध के मार्गदर्शन में पथ प्रदर्शित करना सम्मानजनक माना जाता था परंतु कोरोना काल में वृद्धों के प्रति जो संवेदनहीन वृत्ति बढ़ती गई जिसके परिणाम वृद्धों को घर से बाहर धकेलने तक के अमानवीय तरीको को अपनाया गया । कोरोना के पहले सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। छोटे और बड़ों में इतना ही नहीं परिवार में आपसी स्नेह युक्त भाव था। परंतु कोरोना के चलते समाज और पारिवारिक स्तर पर असलियत सामने आने लगी। घर हो या परिवार में वृद्धों के साए में ही घर के पारिवारिक सदस्यों का पालन- पोषण होता था। परंतु इस बीमारी के कारण जो वृद्ध जर्जर अवस्था को प्राप्त हुए कुछ थे उनके प्रति संवेदनहीन प्रवृत्ति चरमोत्कर्ष पर पहुंच गई। वसीयतनामा इस कहानी में कोरोना नामक जो वैश्विक स्तर पर आपदा आई थी उस काल में वृद्धों के प्रति संवेदनहीनता हावी हो गई थी उसका वर्णन इस कहानी में हुआ है साथ ही धन का लालच और भौतिक साधनों की लालसा से उपभोग की संस्कृति के दुष्परिणाम वृद्धों को आतंकित करते रहे हैं। इसके परिणामों को वसीयतनामा यह कहानी अभिव्यक्त करती है।

वसीयतनामा इस कहानी में एक वृद्ध है जिनका नाम वल्लभदास है। जिन्होंने उम्र के 75 साल पूर्ण किए

हैं । शारीरिक और मानसिक रूप से वे थक चुके हैं फिर भी उनकी याददाश्त ठीक है । जीवन जीने हेतु अच्छा खासा धन भी उनके पास है। उन्हें तीन पुत्र है प्रथम पुत्र का नाम रमेश है जो एक बड़े कंपनी में इंजीनियर पद पर काम करते है साथ ही अपने परिवार के साथ बाहर ही रहते हैं ।उनके दूसरे पुत्र है नागेश है जो व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा बना चुके है। यह दोनों भी पुत्र अपनेअपने व्यवसाय एवं - उद्योग से अच्छा खासा धन कमाकर जीवकोपार्जन चलाते हैं। वह निर्धन कतई नहीं है। बल्लभदास की बेटी का नाम समीक्षा है। समीक्षा के विवाह में बल्लभदास ने रीतिरिवाज की परम्परा के अनुसार मेहमानों - का आदरातिथ्य करके विवाह में धन भी खर्च किया है। वल्लभदास स्वभाव से दयालू और चित्त से संतोषी प्रवृत्ति के है। बल्लभदास अपने पत्नी श्ावणी के साथ दांपत्य जीवनयापन करते हुए अपने व्यवसाय की तरफ ध्यान भी देते हैं। मेहनत से धन कमाकर जीवनयापन करते है। साथ ही गरीबों की सहायता करना उनकी विशेषता रही है।

ऐसी स्थिति में कोरोना संक्रमण बीमारी का उद्भव हो जाता है। रमेश और नागेश अपने-अपने व्यवसायों की प्रगति हेतु अपने पिता के व्यवसाय में ध्यान देने की आवश्यकता नहीं समझते। दोनों बेटे आलसी भी है। परिणामस्वरूप रमेश और नागेश पिता बल्लभदास से संपत्ति का विभाजन मांगते हैं परंतु बल्लभदास द्वारा संपत्ति के विभाजन की मांग ठुकरा दी जाती है। बल्लभदास दर-दर की ठोकरे खाकर संपत्ति जुटाते है। साथ ही रात- दिन के परिश्रम से ही संपत्ति जुटाने में वह सफल हो जाते हैं। मनुष्य के रिश्तों की परीक्षा कठिन समय में होती है । कहा जाता है कि, दुख की घड़ी में जो सहायता करता है ,वही सच्चा मित्र होता है । "अब व्यक्ति को इस आधार पर जांचा और परखा जाता है कि, वह परिवार में ,परिवार के लिए कितना लाभदायक व उपयोगी जीव है । इसलिए हमारे सामाजिक की व्यवस्था में अधिकांश ऐसे वृद्ध, जो किसी छोटी या बड़ी संपत्ति के स्वामी है , अपने अंतिम सांस तक उस संपत्ति पर अपना ही अधिकार बनाए रखते हैं ताकि उनकी उपयोगिता सिद्ध होती रहे"2। विरासत से प्राप्त संपत्ति के लिए दो बेटों द्वारा पिता की संपत्ति में बंटवारे हेतु आग्रह किया जाता है ।साथ ही साथ बल्लभदास के दोनों बेटों ने उनसे विवाद भी किए थे । बेटों ने पिताजी को समझाया था कि, "बाबूजी जब तक आप है संपत्ति का विभाजन कर दे, वरना बहन कब आएगी और कब संपत्ति पर अपना हक बताएगी, बोल नहीं सकते।3" बल्लभदास के जीते जी ही दोनों बेटों द्वारा संपत्ति से उन्हें बेदखल करने की योजना बनाई जाती है। पिताजी के पास जायदाद होने के कारण ही उनके बेटों द्वारा उन पर अविश्वास किया जाता रहा है परंतु बल्लभदास अपनी बेटी समीक्षा के मेहनत से परिचित हो जाते हैं। क्योंकि समीक्षा के कारण ही दुकान और कारखाना ठीक से चला है जिसकी कृपा से ही कारखाने और कारखाने में उत्पादन की वृद्धि हो जाती है । समीक्षा के द्वारा ही सात -आठ साल तक कारखाने के कामकाज में ध्यान देने से ही व्यापार में तरक्की हो गई है । कालांतर में समीक्षा का विवाह मुंबई के एक व्यापारी के साथ हुआ था उसके बाद मुंबई में ही स्थायी होकर व्यावसायिक क्षेत्र में वे नाम कमाते हैं। परंतु एक हादसे में उनका व्यवसाय उद्वस्त हो जाता है । इस कारण से दोनों बेटों को डर सताता है कि,उनकी बहन समीक्षा पिता की संपत्ति में हक मांगेगी।इस डर से दोनों बेटों द्वारा बल्लभदास से संपत्ति का विभाजन करने की जिद की जाती है। परंतु बल्लभदास द्वारा संपत्ति का विभाजन ठुकरा देने से दोनों बेटों ने छल से संपत्ति का विभाजन करने की योजना बनाई है।जैसे ही कोरोना बीमारी आई उसके संक्रमण से बल्लभदास की पत्नी संक्रमित हो गई है । परिवार में पहले से ही

कुछ हादसों के कारण पत्नी का निधन हो गया है ।बल्लभदास ने कोरोना के समय मरीजों की दयनीय अवस्था देखी थी, मरीजों के खून के रिश्तो में सेवा समर्पण कोसों दूर थी। केवल डॉक्टर, नर्स, सफाई कामगारों ने ही सेवाभाव के प्रति समर्पित किया था। बीमारी के संक्रमण के भय से डॉक्टर अपने परिवारों, बच्चों से भी दूरियां बनाकर रहते थे । स्नान, भोजन बाहर ही किया जाता रहा है। ऐसे में वल्लभदास अपनी पत्नी को बचा नहीं पाए थे, यह दुख उन्हें सता रहा था।दोनों बेटों को कोई दुख नहीं था। ऐसे में दोनों बेटों की संपत्ति के लिए विभाजन करने की जिद ने बल्लभदास को चिंता में डाल दिया था। रमेश और नागेश दोनों की भी सोच एक थी। संपत्ति को प्राप्त करना उनका उद्देश्य था। बल्लभदास जी के नाम जो संपत्ति थी उसका महत्व भी वे जानते थे। किसी के भी माता-पिता अपने बच्चों को जन्म से ही जानते और पहचानते हैं। बल्लभदास अपने बच्चों के व्यवहारों से परिचित थे । वे अपनी संपत्ति का विभाजन इसलिए नहीं करते कि, भविष्य में संपत्ति चली गई तो उनको भूखे ही मरना होगा। रमेश और नागेश यह दोनों भी आलसी थे उन्हें केवल बल्लभदास की संपत्ति से ही लालच था ।बल्लभदास अपनी हालत ठीक ना होते हुए भी कारखाने में जाकर सुचारू रूप से कामकाज संपन्न करा लेते हैं ।कोरोना में कई सारे उद्योगों एवं कारखानो को बंद करना पड़ा था परंतु सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए उत्पादन में लगातार वृद्धि होती रही है। परन्तु गंभीर परिस्थितियों के बन जाने से जैसे ही लॉकडाउन की घोषणा होती है तब से कारखाने का उत्पादन बंद कर देते है। ऐसी स्थिति में काम न होने पर भी बल्लभदास अपने मजदूरों को भोजन के साथ-साथ वेतन बढ़ाकर देते हैं। यह उनकी उदार वृत्ति मजदूरों के प्रति सहानुभूति और मानवीय संवेदना का परिचय देती है।

दौर गुजर जाता है और अचानक बल्लभदास खांसी और बुखार से पीड़ित हो जाते हैं । ऐसी स्थिति में जब उन्हें अस्पताल में भर्ती किया जाता है तो वे कोरोना पॉजिटिव पाए जाते हैं। दोनों बेटों के मन में जो संदेह था वही हुआ। ऐसे परिस्थितियों में वल्लभदास बेटों से और बहू से भी उपेक्षित रह जाते हैं। बेटों और बहू में न आत्मीय भाव है ना किसी प्रकार की हमदर्दी। वे तो मन ही मन प्रार्थना करते है कि,साँप भी मरे और लाठी भी ना टूटे। बेटे इस मौके पर आश्वस्त थे कि, इस बहाने तो पिताजी संपत्ति का विभाजन करेंगे। कहा जाता है कि, जिसका कोई नहीं होता उसका वाली परमेश्वर होता है। ठीक ऐसा ही वल्लभदास के साथ होता है। इतना बड़ा परिवार होने के बावजूद भी बल्लभदास का हाल पूछने के लिए कोई नहीं आया । खांसी और बुखार से कराह रहे थे । अचानक रात के मध्य बल्लभदास घर से बाहर निकले और अस्पताल पहुंचे । डॉक्टरों की टीम ने जांच पड़ताल की तो बल्लभदास को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर इलाज हेतु पैसे की आवश्यकता बताई। दवा, कपड़े और भोजन के लिए जो पैसों की जरूरत थी उसकी व्यवस्था करने हेतु दोनों बेटों और बहू से बात की गई। परंतु बल्लभदास के इलाज की व्यवस्था करने किसी ने अस्पताल पहुंचने की आवश्यकता नहीं समझी। ऐसी पारिवारिक व्यवस्था मनुष्य को जीते जी मरने के लिए मजबूर कर देती है । जैसे,"शायद मेरा अंतिम समय आ गया है। मैं चाहता हूं कि, तुमसे कुछ बात करू।"4 वल्लभदास की यह अंतिम इच्छा थी की बेटो के साथ बातचीत करे।परंतु परिवार में किसी को उन पर दया नहीं आई। वल्लभदास अपनी संपत्ति का विभाजन और अपनी कारोबारी अपने बेटों के नाम पर करना चाहते थे। परंतु विधि के मन में कुछ और ही चल रहा था। बल्लभदास का इलाज चल ही रहा था । परंतु अंतिम समय में उनके पास दवाइयों के लिए पैसे भी

नहीं है। अपनी यह दरिद्र स्थिति देखकर वे और भी दुखी हो जाते थे। अधिक पैसे होकर भी संकट के समय सहायता नहीं कर पाते। ऐसे विचारों के गर्त में डूब जाने से उनका स्वास्थ्य गिरता ही जा रहा था । ऐसी स्थिति में डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज किया जाता है। उनके कारखानो में काम करने वाले अनेक मजदूर थे। वल्लभदास उदार स्वभाव के कारण गरीबों को मदत भी करते थे। उनकी ही सहायता से एक मजदूर का बेटा डॉक्टर बन जाता है। वह डॉक्टर वल्लभदास को पहचानते है । "आप यह मत समझना कि, आपका कोई बेटा नहीं है पर मैं जरूर बताऊंगा कि, आपके सामने आप ही का बेटा आज हाथ जोड़े खड़ा हो गया है"5। उस डॉक्टर का नाम रितेश है। डॉ रितेश ने बल्लभदास पर स्वयं ध्यान देकर इलाज किया और वह कोरोना मुक्त हो गए। कोरोना के कारण जो मरीज अस्पताल भर्ती हो गए थे वे मरीज दोबारा अपने परिवार से नहीं मिले थे । परंतु बल्लभदास पर ईश्वर की कृपा रही है वे बीमारी से मुक्त हो जाते है। परन्तु उन्हें बेटों का डर है । अस्पताल से छुट्टी मिलने पर भी वे घर जाने तैयार नहीं होते। उन्हें घर का नाम लेते ही रोना आता है।

अपने आन्तरिक भावों को अभिव्यक्त करने का माध्यम आपसी रिश्ते ही होते है। परंतु अपने खून के रिश्ते भी कितने निष्ठुर हो जाते है इसके उदाहरण प्रस्तुत हुए है। निष्ठुर भाव भावनाओं का हनन पारिवारिक रिश्तों में अधिक होता है जिस कारणों से आपसी रिश्ते भी टूट जाते हैं । अपनी जान के दुश्मन अपने ही कब बन जाते हैं पता ही नहीं चलता साथ ही जब वृद्ध हो जाने पर संपत्ति के लिए परिवार के बेटों द्वारा ही अधिक भय लगता है तब अपनों से ही अधिक भयभीत हो जाने की स्थितियां बन जाती है। जैसे "हमने आपके साथ हुई चर्चा के अनुसार अजनबी व्यक्ति को उन्हीं का नया मजदूर होने की बात भी कही है पर वह भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं"6। डॉक्टरी के इलाज के उन्हें छुट्टी दी जाती है परंतु स्वास्थ्य ठीक हो जाने के बाद भी मरीजों का घर जाने का मन ही नहीं करता। डॉक्टरों की सेवा में इतनी शक्ति होती है कि, किसी भी मरीज को जीवनयापन करने हेतु उन्हें विश्वास दिलाते है। उनकी यह जिद, "इसी अस्पताल में मर जाऊंगा पर घर नहीं जाऊंगा"7।यह दर्शाती हैं कि, अपने रिश्तों में एक बार भी कटु भाव उभर जाते हैं तो दुबारा रिश्तों के घाव नहीं भर जाते। पारिवारिक होकर भी वल्लभदास अस्पताल में ही मरना चाहते हैं। हमारे रिश्तों में स्वार्थ की इस प्रवृत्ति से कितने सारे रिश्ते टूट जाते है। वैयक्तिक स्वार्थ के दुष्प्रभावों से परिवारों की हानि हो जाती हैं। डॉक्टर रितेश उदार स्वभाव के थे साथ ही किसी भी प्रकार का आर्थिक लालच उनमें नहीं था। बल्लभदास ने अपनी संपत्ति के चौथे हिस्से की वसीयत डॉके . नाम पर लिख देने पर भी उनके बेटोंं को वसीयत लौटाते हैं। जैसे "पिताजी की लिखी वसीयत को सच मत मानना। वे तो बस उनकी संतुष्टि के लिए थी, इसे फाड़ देना और और आप सभी एक साथ अस्पताल जाकर उनकी अंत्येष्टि करना। मैं आपको अस्पताल ले जाना और अंत्येष्टि की व्यवस्था करना चाहता था"8। इस कहानी में आज की यथार्थ परिस्थितियों का विवेचन है। जिस वल्लभदास ने अपने बच्चों को जन्म दिया, पालन पोषण करके बड़ा बनाया। बल्लभदास ने डॉक्टर रितेश से कहा कि, "आप हमारे लिए डॉक्टर ही नहीं ईश्वर है पाँचदस मिनट भी मास्क लगाते हुए घूमना और काम करना कितना कठिन - है । हम जानते हैं। पर आप जैसे डॉक्टर कोरोना के इतने मरीजों के बीच जान खतरे में डालकर काम करते हैं ,मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर पाता हूं । अपने पुत्र के रूप में मेरी और ध्यान दिया है। समय-समय पर दवाइयां देना, बीपी शुगर जांच करने के साथ आत्मीयता से वार्तालाप करना , मैं कभी भूल नहीं

सकता। मैं जानता हूं कि, मेरी दवाइयाँ का खर्च आप में से ही किसी ने किया है। बच्चों के पास मेरी और ध्यान देने के लिए भी समय नहीं है । उनके लिए धन महत्वपूर्ण है पिता नहीं, यदि मेरी जरूरत होती तो स्वयं देखभाल के लिए आते और पूछताछ करते। उनकी जरूरत तो वसीयतनामा के साथ पूर्ण हो गई । काश! तुम जैसा मेरा एक पुत्र भी होता"?9। बच्चों की हर एक आवश्यकता पूर्ण करने हेतु पूरे जीवन में मेहनत की । वल्लभदास मेहनत करते हुए वृद्ध हो जाते है। और अंत में बच्चों द्वारा संपत्ति के लिए मारपीट हो जाना, अंत में घर, परिवार में लौटने में हिम्मत न होना यह समस्त घटनाक्रम यह दर्शाते है कि, हमारी सामाजिक,पारिवारिक व्यवस्था में पहले जैसे आदर्श नहीं रहे।प्रस्तुत कहानी यही सीख देती है कि, आज वृद्धों को परिवारों एव समाज में सम्मानजनक स्थान नहीं रहा। "समस्या संपन्न वृद्धों की भी है।उन्हें यद्यपि वांछित साधन तो मिल जाते हैं, परंतु पदार्थो की संपन्नता के बीच,अनाधिकार, अकेलेपन जैसी अनेक अमूर्त विपन्नताएँ वे भोगते है जिनकी पूर्ति धन से नहीं हो सकती"।10 विशेष रूप से कोरोना जैसी महामारी में हमारे सामाजिक रिश्तों की असलीयत की मनोवृत्ति प्रदर्शित हुई है। साहित्यकारों ने सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर पर वृद्धों का शोषण और मानसिक अत्याचार का वर्णन उपरोक्त प्रसंगों के माध्यम से सिद्ध किया है।

**सारांश -**

कई परिवारों की हानि संपत्ति के विवाद से हुई है । जिसके कारण पारिवारिक झगड़े होकर जीवित हानियों के साथसाथ पारिवारिक और आर्थिक हानि भी होती है। इस कहानी के पात्रों से यह स्पष्ट होता है - कि, वसीयतनामा के हकदार वही है जो सेवाभावी वृत्ति का परिचय देकर वृद्धों की सेवा करते हैं । यह कहानी उन बेजुबानों की भी है जो वृद्धत्व के कारण बोल नहीं सकते ,अपनी चिंताएं और परेशानियां व्यक्त नहीं कर सकते। वृद्ध होना भिन्न बदलाव नहीं है परंतु यह एक प्राकृतिक नियम के अनुसार जीवन में आने वाली अवस्था है। अगर हम वृद्धों के प्रति हमदर्दी और सेवाभावी वृत्ति को अपनाकर वृद्धों के सुख-दुख में सहभागी हो जाते हैं तो उन्हें जीने के लिए शक्ति प्रदान होगी। इस कहानी में पिता वृद्ध हो जाने पर उन्हें किस प्रकार परिवार एवं संपत्ति से बेदखल किया जाता है। विशेष रूप से कोरोना जैसी महामारी में वृद्धों पर मानसिक,शारीरिक और आर्थिक अत्याचार हुए हैं । उनका भावनिक, शारीरिक शोषण किया गया है । धनलोलुप की प्रवृत्ति वृद्धों के शोषण के लिए कारण रही है। आज की पारिवारिक व्यवस्था वृद्धों को भावनिक सहारा दे पाने में असमर्थ है साथ ही उनके नाम की वसीयत वारिसों ने अपने नाम पर करके बेसहारा, असहाय और निराधार का जीवन जीने हेतु मजबूर किया है । घर,परिवार से जो शोषण हो रहा है उसके कारण वृद्ध एक तो दम तोड़ रहे हैं या नहीं तो वृद्धाश्रम में अकेलेपन का जीवन काट रहे हैं। यह कहानी अपने खून, रिश्तेदारों के द्वारा हो रहे वृद्धों के शोषण को अभिव्यक्त करती है। कहानीकार यह संदेश देते हैं कि, अपनी असली वसीयत तो परिवार, मातापिता है उनके प्रति दायित्व निभाने में सभी का -क हानि से समाज और कर्तव्य है। साथ ही धन हानि हो गई तो धन कमाया जा सकता है बल्कि पारिवारि देश का स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। यह कहानी पारिवारिक रिश्तों में बुजुर्गों की आवश्यकता का महत्व प्रतिपादित करती है।

**संदर्भ सूची-**

1. साहित्य में चित्रित वृद्धावस्था पी एम भुमरे .डॉ- पृष्ठ क्र -.10 वान्या पब्लिकेशंस, कानपुर -2024
2. हिंदी कथा साहित्य में वृद्ध विमर्श दशा और दिशा -.मनीष सुथार पृष्ठ क्र -49 वान्या पब्लिकेशंस, कानपुर – 2022
3. साहित्य कलश तथा व्यावहारिक हिंदी संपादक डॉप्रोफेसर संतोष विजय कुमार येरावार ., वाणी प्रकाशन दरियागंज नई दिल्ली प्रथम संस्करण 2024 पृष्ठ क्र-.91
4. साहित्य कलश तथा व्यावहारिक हिंदी संपादक डॉप्रोफेसर संतोष विजय कुमार येरावार ., वाणी प्रकाशन दरियागंज नई दिल्ली प्रथम संस्करण 2024 पृष्ठ क्र-.91
5. साहित्य कलश तथा व्यावहारिक हिंदी संपादक डॉप्रोफेसर संतोष विजय कुमार येरावार ., वाणी प्रकाशन दरियागंज नई दिल्ली प्रथम संस्करण 2024 पृष्ठ क्र-.91
6. साहित्य कलश तथा व्यावहारिक हिंदी संपादक डॉप्रोफेसर संतोष विजय कुमार येरावार ., वाणी प्रकाशन दरियागंज नई दिल्ली प्रथम संस्करण 2024 पृष्ठ क्र-.91
7. साहित्य कलश तथा व्यावहारिक हिंदी संपादक डॉय कुमार येरावारप्रोफेसर संतोष विज ., वाणी प्रकाशन दरियागंज नई दिल्ली प्रथम संस्करण 2024 पृष्ठ क्र-.91
8. साहित्य कलश तथा व्यावहारिक हिंदी संपादक डॉ. प्रोफेसर संतोष विजय कुमार येरावार, वाणी प्रकाशन दरियागंज, नई दिल्ली प्रथम संस्करण -2024, पृष्ठ क्रमांक-91 पृष्ठ क्र-.93
9. साहित्य कलश तथा व्यावहारिक हिंदी संपादक डॉप्रोफेसर संतोष विजय कुमार येरावार ., वाणी प्रकाशन, दरियागंज नई दिल्ली, प्रथम संस्करण -2024, पृष्ठ क्र-.91
10. वृद्धावस्था की कहानी - संपादक गिरिराज शरण अग्रवाल पृष्ठ क्र .6-7

# कोरोना कालिन हिंदी कविता मे मानवीय संवेदना

**प्रो. डॉ. प्रकाश सदाशिव सूर्यवंशी**
**हिंदी विभाग**
**स्वा.सै.सूर्यभानजी पवार महाविद्यालय, पूर्णा**

कोरोना वायरस ने मानवी जीवन में उथल फुथल मचा दी | चीन से चली कोवीड-19 की विश्वव्यापी महामारी ने दहशत का माहौल बना दिया | शुरु-शुरु में तो ऐसा लगा यह एक महाप्रलय आ गया है | साधारण सर्दी-जुकाम से असाधरण मृत्यु की भयावहता के कारण ऐसा लगने लगा कि वाकई जब दुनिया नष्ट होने वाली है | जिस देश में कोरोना पॉजीटिव का मरीज मिला वहाँ सुतक सा लग गया | वहाँ की हवाई यात्रा रेल, बसेस,सडक और चौराहे बंद कर दिये गये | कोरोना वायरस यह शब्द सुनते ही आदमी मृत्यु के भय से डरने लगा | कर्फ्यू लॉकडाऊन, क्यारंटाईन, आयसोलेशन, सॅपल, वेंटिलेटर, पीपीई कीट जैसे शब्दो ने आदमी के आत्मविश्वास को ही तोड दिया | इस महामारी ने देश, राज्य जिला, तहसील और गाँव की सिमाओं को बंद कर दिया | कोरोना काल में हिंदी के अनेक कवियों ने लोगों को सावधान और सतर्क रहने का संदेश दिया | इस काल में मानवीय संवेदना समाप्त सी होती जा रही थी |एक ओर डॉक्टर, पुलिस और उनकी सहायता करने वाले कर्मियों ने अपने जान की बाजी लगाकर कोरोना के पेशंट को बचाने में लगे ये तो दुसरी ओर कोरोना पॉजीटिव पेशंट की उनके ही परिजनों द्वारा मृत्यु के भय के कारण अवहेलना होने लगी | कोरोना काल में अनेक हिंदी कवियों ने लोगों में आत्मविश्वास भरने का काम किया | कोरोना महामारी ने सारे संसार को प्रभावित और विचलित किया | हिंदी साहित्य जगत भी इस आपदा से अंछुता नही रहा | संसार की अनेक भाषाओं में साहित्य सृजन हुआ है | हिंदी के अनेक कवियों ने कोरोना काल में मानवीय संवेदनाओ का यथार्थ चित्रण किया है |

कोरोना काल में लॉकडाऊन के कारण देश, राज्य, जिला और तहसील की सिमाओं को बंद किया गया | रोजगार बंद हो गया | मेहनत मजदूरी करनेवालो के हाथ बेकार हो गये | आदमी दो समय की रोटी के लिए मोहताज होने लगा | भुख से बेहाल मजदूर शहर छोडकर गाँव की ओर जाने लगे |जिस भुख ने उन्हें गाँव छोडने के लिए मजबूर किया था, उसी से बेहाल होकर 800-1060 मिलों का पैदल सफर कर के गाँव जाने लगा | कडी धूप में, बारिश में अपने बच्चों को साथ लेकर वह एक नर्क से दुसरे नर्क का हजारो मिलों का सफर कर रहा है | इसकी और संकेत करते हुए विष्णु नगर आपनी कविता 2020 में गाँव की और में लिखते है -

गाँव आ जाऐगा
एक नर्क चला जाएगा
एक नर्क आ जाएगा
अपना होकर भी
जो कभी अपना नही रहा
वह आसमान आ जाएगा
गाँव आ जाएगा|"

कोरोना काल में अनेक कवियों ने कोरोना के खिलाफ देश के लोगों की हिम्मत बढाने का काम किया है | कोरोना के खिलाफ जंग और उस पर विजय की कविताये लिखना इस काल के कवियों का लक्ष्य रहा है | हिंदी की प्रसिध्द रचनाकार नम्रता पॉल ने अपनी कविता में भारतीय संस्कृती की महत्ता गायी है | आपस में मेलजोल रखकर मानवता का दर्शन करना ही हमारा कर्तव्य है | हम सब को मिलकर कोरोना को दुर भगाना है | कोरोना के पूर्व मानवता सिमट सी गयी थी| पारिवारिक और सामाजिक रिस्तों में विघटन आया था | कोरोना काल ने इन्सानियत का महत्व बताया है और जीने का नया मार्ग दिया है | इसकी ओर संकेत करती उसी नम्रता पॉल लिखती है -

आपस का सौहार्द करो ना
मेलजोल की जरुरत, अब महसुस करो ना
टूटे रिश्तो का पुन: जुडाव करो ना
डिजीटल वर्ल्ड को धुरी बनाकर
जीना आरंभ करे ना |

कोरोना वायरस के बारे मे समाज में जागरुकता लाने का प्रयास सभी कवियों ने किया है | वायरस के सामने न कोई अमीर है न कोई गरीब | वायरस ने कभी धर्म का छोला पहनकर भेदाभेद किया नही | उसने अपनी चपेट में हिंदू, मुस्लीम, शिख, बौध्द, ईसाई के साथ दुनिया के सभी धर्मो के लोगों को लिया है | कोरोना घातक जरुर है पर जालिम और जुल्मी नही है | क्योंकि कोरोना ने किसी पर भी भ्रष्टाचार नही किया | जिसने सावधानीया नही बरती वह कोरोना का शिकार हो गया | हिंदी के प्रसिध्द कवि अमिताभ अपनी कविता में लिखते है |

कोरोना घातक है,
पर जालिम और जुल्मी नही |
बैचारा जानता भी नही किं यह जनलेवा है
वह फैलता है,
पर भीड की शक्ल में हत्या करना नाही जानता
चौदह दिन की उसका जीवन है,
सबसे अच्छा है कि वह हिंदु मुसलमान में फर्क नही करता |

दुनियाभर में जब भी महामारियाँ या बिमारियाँ फैली है तब-तब सिाहत्यकारों ने उसे साहिव्य का विषय बनाया है| कोरोना से उपजी परिस्थितीयों का मार्मिक चित्रण अनेक कवियों ने अपनी कविताओं मे किया है | हिंदी में कुंदन ने हिंदी के जाने माने और नवोदित कवियों की कविताओं का "कोरोना मे कवि" नाम से रचनाओं का संपादन किया | इस काव्यसंग्रह में 23 कविताओं का संकलन है | इस संग्रह की कविताएँ कोरोना काल की पीडा और छटपटाहट को अभिव्यक्त करती है | काव्यसंग्रह की ज्यादातर कविताओं मे प्रवासी मजदुरी की पीडा को स्वर दिया है शहरो मे काम न मिलने के कारण प्रवासी मजदुर अपने गाँव की ओर जाने लगे | यात्रा के सभी साधन बंद मे ऐसे समय के मजदुर धुप का सामना करते हुए अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर हजारो मिलों का सफर तय करने के लिए रात-दिन पैदल चल रहे है | हिंदी के प्रसिध्द कवि सुभाष राम ने साईकिल पर अपने पिता को बिठाकर गुडगांव से दरभंगा

लेकर जोनवाली 15 साल की ज्योति पासवान का साहस को अभिव्यक्त करते हुए लिखते हे ।

ज्योती बेटी ! वे तुम्हे साइकिलिंग का मौका देना चाहते है
लेकिन अभी उन्हे भरोसा नही है
तुम्हारे साहस पर तुम्हारे इरादे पर
वे तुम्हारी परीक्षा लेंगे
वे आप बच्चीयों को मौका नही देते
तुम भी आम होती पिता की निरुपायता पर रोती
और रोते-रोते मर जाती
तो उन्हे कोई फर्क नही पडता

कोरोना महामारी ने संपूर्ण मानवजाती को प्रभावित किया है । कोरोना से संक्रमित होकर हजारो लोगों ने अपनी जान गंवायी है । दवाईयाँ और ऑक्सीनज की कमी के कारण अनेको को परेशानियों का सामना करना पडा । किसी को मालुम भी नही था की ऐसा मुश्किल का दौर आएगा । इस काल में मनुष्य को जीवन का सही मतलब समझ आया । आत्मकेंदी स्वभाव के कारण मनुष्य जाती, धर्मो और अहंकार में इतना डुब गया कि वह मानवता ही भुल गया था । महामारी किसी विशिष्ट जाती-धर्मो के लोगों को प्रभावित नही करती उसके लिए मजहब मायना नही रखता है । ऑक्सीजन और रेमडिसिपर और अन्य द्वाईयों को कालबाजारी में बेचा गया । दवाइयों को बेचते समय न जाती देखी गयी धर्म वहा सिर्फ इंसानियत दांव पर लगाकर पैसो को देखा गया । हर इंसान कोरोना से परेशान था इसकी और संकेत करते हुए गरिमा प्रसाद अपनी कविता मे लिखते है -

न मालुम था कभी ऐसा वक्त भी आएगा
मुफ्त मे मिलनेवाला ऑक्सीजन भी एक दिन रुपयों मे खरीदा जाएगा
दुनिया भर मे परेशान हुआ हर एक इंसान है
कौनसे धर्म का है क्या कर्म पडता है ?
इस महामारी से जुझ रहा जब हर इंसान है ।

**संदर्भ :-**

1) https://www.hindiwi.org
2) कोरोना में कवि, संपादक-संजय कुंदन
3) www.mahamari ki kavita
4) www.corona-19 ki kavita.

# 21वीं सदी की हिंदी कविता में मानवीय मूल्य

प्रा. डॉ. सुनिल सोजरराव कांबले
हिन्दी विभाग,
शिवाजी महाविद्यालय, हिंगोली, जि. हिंगोली.

*शोध सार-*

*21वीं सदी की कविता कुछ पुरानी घिसी-पिटी लकीरों पर चलने के बजाय अपना नया रास्ता चुनती है, नए तेवर अपनाती है, नवीनतम विषय, वस्तुओं को अपनाती है। बेकारी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार, व्यभिचार, अनाचार, दुराचार आदि तमाम विषयों को इस युग की कविता ने स्वीकार कर लिया है। 21वीं सदी की कविता निरंतर विकसित होते मानवीय मूल्य एवं पारस्परिक संबंधों में चेतना लाने के लिए लगातार रूप में प्रयासरत है परंतु युवा पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति के रंग में रंग कर दिग्भ्रमित हो गयी है जिसकी अंतिम परिणति कुंठा और हताशा के रूप में दिखाई देती है। आज पारिवारिक सामाजिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है। पारस्परिक रिश्तो को स्वार्थ ने घेर लिया है। शिथिल होते रिश्तो के प्रति चिंता की अभिव्यक्ति आज का कविता में दिखाई देती है।*

**मुख्य शब्द-** वैश्वीकरण, मुक्तबाजारवाद, विकृत उपभोक्तावाद, राजनीतिक अधिनायकवाद, मूल्यों का विघटन, संस्कृतियों का संघर्ष, पूँजीवाद का प्रभुत्व एवं भ्रष्टाचार आदि।

साहित्य और समाज एक दूसरे के पूरक होते हैं। साहित्य समाज का दर्पण है तो समाज भी साहित्य का दर्पण होता है।साहित्य हृदय की भावनाओं के प्रकटीकरण का उत्तम और सशक्त माध्यम है।प्रत्येक साहित्यकार अपनी भावनाओं को व्यंग और चिंतन अथवा समसामयिक विषयों के माध्यम से उजागर करता है।अन्य कालो की अपेक्षा 21वीं सदी के समाज में समस्याओं की विविधता व व्यापकता हैं। इसलिए साहित्यकार अपने आस-पास जो भी देखता है और भोगता है उसे अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत कर समाज को दिशा देने का कार्य करता है।

21वीं सदी की हिंदी कविता अपने साथ समय की परिवर्तनशीलता को लेकर साहित्य क्षितिज पर उदित होती हुई सामने आयी है। इक्कीसवी सदी की कविता की चर्चा की जाये तो बीसवीं सदी के अंतिम तीन दशकों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इस कविता का बीजांकुर इन्ही दशकों की कविताओं में निहित है। इस सदी की हिंदी कविता के जितने भी महत्वपूर्ण कवि हुए हैं उनकी साहित्यिक पृष्ठभूमि बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ही बन गई थी। इस सदी की हिंदी कविता को बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध की हिंदी कविता का ही विस्तार समझा जाये तो अनुचित नहीं होगा। साहित्य समाज सापेक्ष होता है इसलिए इस पर समाज का हाथ निश्चित रूप से होता है। रचनाकार समाज का अंग होने के कारण इस दिशा में सक्रिय रहता है और अपनी सृजनात्मक क्रियाशीलता के माध्यम से वह समय सापेक्ष परिस्थितियों को उजागर करता हुआ आगे बढ़ता है अर्थात उसके काव्य में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उसका युग बोलता है

अतः किसी भी युग की परिस्थितियों को जानना है तो साहित्य का अध्ययन आवश्यक हो जाता है। समय को समझे बिना साहित्य को समझना दुष्कर होता है। आधुनिक समय में तथाकथित विकास में कुछ उपकरण हमें निश्चित रूप से प्रदान किये हैं परंतु इन उपकरणों तक हमारी पहुँच उनके नियंत्रण से बाहर थी इसलिए हम तक पहुंच सकी। इसे उदारता तो नहीं कहा जा सकता है। बाजार हमारे घरों के भीतर प्रवेशित हो चुका है। उसकी नजरों में हम उपभोक्ता के सिवाय और कुछ नहीं है। समय कठिन है, नया है। कविता इस समय को कितना पकड़ पा रही है यह सोचने के साथ-साथ चिंता का विषय है। संख्यात्मक दृष्टि से भला ऐसी कविताएं कम है जिनमें समग्रता से समय को पढ़ा और समझा जा सकता है। वर्तमान समय भूमंडलीकरण का होने के कारण बीसवीं सदी के अंतिम दशक और इक्कीसवी सदी का प्रथम दशक का सामयिक यथार्थ दोनों नितांत भिन्न है। साम्राज्यवादी शक्तियों का मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रवेश हो गया है। वैश्वीकरण, मुक्तबाजारवाद, विकृत उपभोक्तावाद, राजनीतिक अधिनायकवाद, मूल्यों का विघटन, संस्कृतियों का संघर्ष, पूँजीवाद का प्रभुत्व एवं भ्रष्टाचार आदि। पाश्चात्य प्रभाव के कारण भारतीय सभ्यता व संस्कृति का ह्रास होने लगा है। ऐसी स्थिति में भारतीय समाज की अपनी संस्कृति के मूल्यों से आस्था उठने लगी है। वर्तमान में भारतीय समाज चारों तरफ से अन्याय, शोषण व भ्रष्टाचार से घिरा हुआ है। वर्तमान युग बाजारीकरण का युग है जिससे जीवन मूल्य पर भी बाजार और स्वार्थ प्रबल हो गया है । जिसके फलस्वरूप संवेदना तत्व पलायन कर गया है, जिसका प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देने लगा है फिर चाहे वह वर्ग भेद के रूप में हो आर्थिक विषमता, बेरोजगारी और महामारी के रूप में ही क्यों न हो, यह चाहे किसी रूप में हो, यह मानवीय संवेदनाओं में हलचल पैदा कर रहा है। आज समाज ने भले ही भौतिक उन्नति कर ली हो लेकिन अब भी उसे मानसिक शुद्धि और शांति की नितांत आवश्यकता है। 21वीं सदी की कविता निरंतर विकसित होते मानवीय मूल्य एवं पारस्परिक संबंधों में चेतना लाने के लिए लगातार रूप में प्रयासरत है परंतु युवा पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति के रंग में रंग कर दिग्भ्रमित हो गयी है जिसकी अंतिम परिणति कुंठा और हताशा के रूप में दिखाई देती है। आज पारिवारिक सामाजिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है। पारस्परिक रिश्तो को स्वार्थ ने घेर लिया है। शिथिल होते रिश्तो के प्रति चिंता की अभिव्यक्ति आज का कविता में दिखाई देती है। 21वीं सदी की कविता कुछ पुरानी घिसी-पिटी लकीरों पर चलने के बजाय अपना नया रास्ता चुनती है, नए तेवर अपनाती है, नवीनतम विषय, वस्तुओं को अपनाती है। बेकारी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार, व्यभिचार, अनाचार, दुराचार आदि तमाम विषयों को इस युग की कविता ने स्वीकार कर लिया है।

21वीं सदी का व्यक्ति व्याकुल है क्योंकि असीमित ऐश्वर्य के बाद भी उसे सुख-शान्ति नहीं मिल पा रही हैळ। संबंधों के बिखराव और टूटन का कारण संवेदनहीनता है जिसका क्षरण होता जा रहा है। प्रजातंत्र की बिद्रूपताओं पर चंद्रकान्त देवताले का सवाल है-

प्रजातंत्र की रथ यात्रा निकल रही है
औरतों और बच्चों को रौंदा जा रहा है

गुण्डों और नोटों की ताकत से
हतप्रभ लोग खामोश खड़े हैं।"

औद्योगिकीकरण से जीवन संवेदनाएं कुन्द पड़ गयी हैं। मशीनी युग में व्यक्ति यंत्रवत् आचरण करने लगा है। संवेदनाओं के स्रोत सूखते जा रहे हैं। लीलधर जगूड़ी के शब्दों में-

पूरी नदी पाइपों में डाल दी गयी है
और उसके रास्तों पर तरबूजों की खेती का
प्रस्ताव पास हो चुका है
यदि कोई नदी के बारे में पूछेगा
तो उसे तरबूजों के बारे में बताऊँगा।

लेखन मात्र शौक या फैशन नहीं, अन्याय के प्रतिकार की अभिव्यक्तित भी है। भारतीय समाज के परिवर्तित होते परम्परागत स्वरूप में अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत समाज का गहन एवं सूक्ष्म परख साहित्यकारों का उद्देश्य होता है। वैश्वीकरण के दौर में समाज में आर्थिक तथा सांस्कृतिक दबावों के चलते व्यक्ति, समाज, सत्ता में रिश्तों के धरातल पर हो रहे परिवर्तनों को आज के कवि लक्षित कर अपनी बातें बेझिझक कहते हैं। जैसी यातना और यन्त्रणा उनके जीवन में है, वैसी ही अब उनकी कविताओं में भी व्यक्त होने लगी है। तसलीमा नसरीन के कविता संग्रह 'वन्दिनी' (वाणी प्रकाशन) में उन्होने बड़ी विकलता से गुहार की है-

सुनो, दोस्तों ! सुनो, दुआ करो असुरक्षित घर में रहने का संयोग मुझे नसीब हो।
कभी किसी दिन सुरक्षित निकल सकूँ।
वे जानना चाहती हैं-
तुम सब मिलकर मेरा कोई एक गुनाह ढूंढ निकालो,
कोई गुनाह साबित हो जाता तो तसल्ली हो जाती
निर्वासन इस हद तक निर्वासन नहीं लगता

आज के समय में सब-कुछ परिवर्तित हो चुका है-रिश्ते-नाते, संवेदनाएं सब-कुछ आउट ऑफ डेट हैं। अत्याचारों के नये तरीके ईजाद लोने लगे हैं। स्वतंत्रता की सीमाएं टूट चुकी हैं। किसी पर द श्चरित्र का आरोप-अपराध, पिछड़ापन है। किसी अन्य के साथ अनैतिक संबंध जीवन जीने की स्वतंत्रता या नश्वर देह का सार्थक अपभोग बन चुका है। आज मानव देह चीज, माल, प्रदर्शन, बाजार, सेक्स बनकर रह गयी है। देह का रिश्वत के रूप में उपयोग का कोई पश्चात्ताप अथवा बोध नहीं रह गया है। इसीलिए अकेलेपन एवं अवसाद की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कविता की संवेदनाएं विविध, अप्रत्याशित और अज्ञात होती हैं। उन्हे निश्चित बिन्दुओं में नहीं डाला जा सकता। समाज की सबसे बड़ी कुरीति 'दहेज प्रथा' को श्री महेंद्र श्रीवास्तव अपनी रचना 'दहेज' के माध्यम से इस प्रकार व्यक्त करते है-

दर्द भरा एक सा प्रलय,
भाग्यविधाता क्यों कर लाता,
अबलाओं पर यह भय।

सच है जली थी लंका,
लेकिन कब तक कितनी सीताएं,
देंगी अग्नि परीक्षा।
नीर बहाकर नारी
हर क्षण सहकर भीषण पतझड़
लिखती है मौन कहानी ।।

इसी प्रकार विवाहों के अवसर पर बाराती प्रथा के मनमाने ढंग से चलन में बरती जाने वाली असावधानियाँ और दुर्घटनाओं पर सुजीत नवदीप ने लिखा है -

गाँव-गाँव
शहर - शहर शोर है,
मेटाडोर, जीप
बस ट्रैक्टर में
बाराती भरे जा रहे हैं,
दुर्घटनाएं रोज हो रही है,
फिर भी लोग बारात के लिए मरे जा रहे हैं।

21वीं सदी की व्यावहारिक शिक्षा, तकनीकी वातावरण, पूंजी 'बाजार, मीडिया-विस्तार तथा प्रतिस्पर्द्धा ने व्यक्ति की संवेदनाओं को भी विभाजित कर दिया है। व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षा और स्वार्थ ने हर प्रकार की सोच को परिवर्तित कर डाला है। कविता भी इससे अधिक प्रभावित हुई है। जीवन मूल्य क्षीण हो चुके हैं-

सही पहचान का संकट अभिशप्त मानव की भावी नियति है क्या ?
भ्रांकित है बीज स्वयं कोख भयभीत है जन्म का महोत्सव भी मृत्यु का मशान बन जाता है।
आखिर क्यों ? आखिर क्यों ?

वर्तमान युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगकर अपने संस्कारों को भूल गयी है । रमेश कुमार सिंह चौहान ने अपनी कृति ' दो रंगी तस्वीर 'में लिखा है -

"फैशन के चक्कर में,
पश्चिम के चक्कर में,
भूले निज संस्कारों को,
हिंदी नर - नारियां,
अश्लील गीत - गान को,
नंगाय परिधान को,
शर्म - हया के देश में,
मिलती क्यों तालियाँ ।"

21वीं सदी में जिन्दगी बदल सी गयी है। व्यक्ति की सोच बाजार पर आश्रित हो चुकी है। देवेन्द्र आर्य की सोच कुछ इस प्रकार की है-

बैटते बैटते कटते-कटते सिकुड़ के दिल हो गया
निकाय सुख-दुख डिब्बा बंद हो गये[9]

कविता में समाज, राष्ट्र और मानव का चिन्तन होता है। यह विकासोन्मुखी चेतना का आधार है। इसमें युगीन सत्य के साथ तत्कालीन समस्याओं के आदर्श निहित होते हैं। 21वीं सदी की कविता में देश की सभी समस्याओं, विषमताओं एवं विसंगतियों के उल्लेख के साथ ही उससे मुक्ति पाने की भावना भी व्यक्त की जाती है। सभी क्षेत्रों में व्याप्त अनाचार का हृदयस्पर्शी चित्रांकन आज की कविता का उद्देश्य है। देश में व्याप्त असमानता, विपन्नता, निरीहता से उभरते असंतोष की प्रतिध्वनि सर्वत्र गूँजती है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि 21वीं सदी की कविताओं में टूटन की पीड़ा, बिखराव की टीस मानव हृदय को कुरेदती है। यथार्थ से जुड़ा कवि जागृति लाने का भरपूर प्रयास कर रहा है। इसके लिए मानवीय संवेदनाएं अनिवार्य है। आज की युवा पीढ़ी की कविताओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब वह ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें मानवीय नाद, संवेदनाएं तथा मानव-कल्याण हो। कविता का धर्म है किवह अपने सृजन से नय संस्कार रचे, सम्भावनों की खिडकी खोले तथा अपने चिन्तन को उदार, प्रयोगशील और सर्जनात्मक बनाये। आज की कविता में गतिशीलता का अभाव है। ऐतिहासिक दृष्टि यथार्थवादी चित्रण, प्रतिरोधी स्वर तथा सामाजिक चेतना होने के बाद भी 21वीं सदी के कवियों के अन्तःकरण में आत्मपरक ईमानदारी एवं वस्तुपरक सत्यपरायणता का द्वन्द्व है जिससे कविता सौन्दय की कविता मात्र बनकर रह जाती है, संवेदनाओं से उनका कोई संबंध नहीं रहता।

**संदर्भ -**


1 महेंद्र श्रीवास्तव और दहेज कविता भारतीय साहित्य संग्रह
2 सुरजीत नवदीप और रावण कब मरेगा भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली,
3 नीलोत्पल, अनाज पकने का समय, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009,
4 नीलेश रघुवंशी, धरती हौंफ रही है. किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008,
5 राजेन्द्र शर्मा, नीलिमा बंसल राजेन्द्र शर्मा, माध्यम अक्टूबर-सितम्बर, 2006
6 रमेश कुमार सिंह चौहान और दो रंगी तस्वीर

# सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों में समकालीन मानवीय भाव-बोध

डॉ. सुधीर गणेशराव वाघ
**प्राध्यापक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष**
**शिवाजी महाविद्यालय, हिंगोली, महाराष्ट्र**

*शोध सार-*

***सुरेन्द्र वर्मा समकालीन परीवेश के प्रति सजग है उनके नाटकोंका आकलन करने पर यह प्रतित होता है कि उनके नाटक मिथक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथानक होते हुए भी आधुनिक मानव के जीवन तथा मानवीय रिश्तों की गहराई से पड़ताल करते हैं। जिसके कारण नाटक का कथ्य जीवंत हो उठता है। मंचीय उपकरणों से जीवनानुभूतियों को साक्षात कराने की क्षमता के कारण नाटक में जीवनानुभवों का प्रतिफलन विशेष प्रभावशाली रूप में हो सका है।***

बीज शब्द- आधुनिक मानव जीवन तथा मानवीय रिश्तों, मानव का संघर्ष, द्वंद्व, विवशता और व्यक्तित्व की खोज, अर्थहिन आदर्शवाद का पर्दाफाश, जीवन में व्याप्त वैमनष्य, अभाव, आक्रोश, कुंठाओं का चित्रण

नाटक साहित्य अन्य विधाओं से विशिष्ट विधा है और सामाजिक जीवन की प्रतिलिपि है। मंचीय उपकरणों से जीवनानुभूतियों को साक्षात कराने की क्षमता के कारण नाटक में जीवनानुभवों का प्रतिफलन विशेष प्रभावशाली रूप में हो सकता है। सामाजिक परिप्रेक्ष्य में आए परिवर्तनों को जिन नाटककारों ने उनघाटित किया है, उनमें सुरेंद्र वर्मा का नाम शीर्षस्थ है। वे स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य में एक समर्थ नाटककार, उपन्यासकार, कहानीकार, व्यंग्यकार, समीक्षक आदि रुपों में प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने अपने नाटकों के माध्यम से अपने जीवन के अंतरंग अनुभवों को भी व्यक्त किया है।

हिन्दी नाटककारों की इसी कड़ी में एक नाम सुरेन्द्र वर्मा का भी आता है। जिन्होंने अभिजातवर्गीय मूल्यों, उनके संस्कारों और अपने समकालीन आम जीवन की समस्याओं को अपना नाट्य विषय-वस्तु बनाया है। सुरेन्द्र वर्मा ने भी अपने नाटकों का कथ्य अपने से पूर्व के नाटककारों की भाँति मिथक, पुराण एवं इतिहास से लिया है। सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों की विशेषता यह है कि वे मिथक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथानक होते हुए भी आधुनिक मानव के जीवन तथा मानवीय रिश्तों की गहराई से पड़ताल करते हैं। जिसके कारण नाटक का कथ्य जीवंत हो उठता है। इस प्रकार सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक नाट्य चरित्रों के माध्यम से कथा मात्र कहना नहीं है बल्कि उसके माध्यम से आज के समकालीन समाज में लोगों के अन्दर चल रहे अंतर्विरोधों और उनकी मूल समस्याओं को उजागर करना है। मिथक एवं ऐतिहासिक कथानक यहाँ आधुनिक मानवीय समस्याओं को रूपायित करने का उपकरण मात्र है।

सुरेन्द्र वर्मा मिथक, पुराण एवं इतिहास को अपने नाटकों का साधन बनाकर परंपरा का निर्वाह करते हैं, साथ ही नाट्य रचना संसार को एक विस्तृत फलक देने का प्रयत्न भी करते हैं। दूसरी ओर उन ऐतिहासिक-पौराणिक चरित्रों की मिथक कथाओं के माध्यम से ही उन्हें जीवंत रखने का प्रयत्न करते हैं। जिससे नाट्य कृत्य और अधिक संप्रेषणीय एवं प्रभावशाली बन उठते हैं। इस प्रकार समकालीन आधुनिक

दृष्टिकोण से कथा और पात्रों का सृजन, सुरेन्द्र वर्मा ऐसे करते हैं कि उनके नाटकों में परंपरा और आधुनिकता एक साथ देखने को मिल जाती हैं। जिससे उनके नाटकों को एक विशिष्ट पहचान प्राप्त होती है।

सुरेन्द्र वर्मा अपने नाटकों में मिथकीय पौराणिक कथा एवं ऐतिहासिक पात्रों का प्रयोग आधुनिक मानवीय भाव-बोध के लिए करते हैं। 1972 ई. में 'तीन नाटक' नाम से एक नाट्य संग्रह प्रकाशित हुआ था। जिसमें 'सेतुबंध', 'नायक खलनायक विदूषक', और 'द्रौपदी' तीन ऐसे नाटक हैं जिनमें परंपरा और आधुनिकता दोनों के ही तत्व देखे जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सुरेन्द्र वर्मा अपने शेष नाटकों में भी परंपरागत चरित्रों और पौराणिक मिथकीय कथानक के माध्यम से आधुनिक जीवन की जटिलताओं और द्वंद्व को ही चित्रित करते हैं।

**सेतुबंध**

सुरेंद्र वर्मा साठोत्तर काल के नाटककार हैं।'तीन नाटक' नाम से लिखे गये नाट्य-संग्रह का यह पहला नाटक है। सुरेन्द्र वर्मा का यह नाटक आधुनिक युग के मानवीय रिश्तों और उनके अस्तित्व की तलाश में भटकते मनुष्यों की कथा को आधार बना कर लिखा गया नाट्य रूप है। नाटक में सुरेन्द्र वर्मा ने 'चन्द्रगुप्त', 'कालिदास', 'प्रभावती', 'प्रवरसेन' आदि ऐतिहासिक पात्रों का मिथकीय कथा के साथ समावेश कर आधुनिक मनुष्यों की समस्याओं को उठाया है। कथा के केंद्र में एक ओर सत्ता के मद में चूर चन्द्रगुप्त और उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा है, जिसमें पिसता है उनकी पुत्री प्रभावती और कालिदास का प्रेम। वहीं दूसरी ओर नाट्य कथा का केंद्र है प्रवरसेन और उनके अस्तित्व का संकट जिसका संबंध जुड़ा होता है उनकी माता प्रभावती और कालिदास से। नाटक में इन्हीं उलझे हुए रिश्तों को चित्रित करने का प्रयत्न किया गया है। नाटक के कथानक पर दृष्टि डालें तो नाटक का संबंध चन्द्रगुप्त की राजनैतिक महत्त्वकांक्षा के परिणाम स्वरूप सम्पन्न उनकी पुत्री प्रभावती के राजनीतिक विवाह से है। कहते हैं राजनीति और सत्ता का मद इतना होता कि उसके आगे कुछ भी नहीं दिखता है। सारी भावनाएँ राजनीति की सीढ़ियों पर दम तोड़ देती हैं। सत्ता का नशा और उससे जुड़ा राजनैतिक लाभ प्रभावती और कालिदास को एक नहीं होने देते हैं। जिसके पश्चात् प्रभावती का विवाह वाकाटक के राजकुमार रूद्रसेन के साथ सम्पन्न कर दिया जाता है। जिसमें चन्द्रगुप्त का उद्देश्य अपनी राजनैतिक सीमाओं को बढ़ाना होता है, "इस ब्याह से दोहरे उद्देश्य पूरे होंगे- वाकाटक गुप्त सम्राट के प्रभाव क्षेत्र में आ जाएँगे और शक उनके अधिकार क्षेत्र में.. मालवा, गुजरात और सौराष्ट की बहुत उपजाऊ भूमि के हाथ में आ जाने से एक ओर तो शासन की समृद्धि बढ़ेगी और दूसरी ओर साम्राज्य सीमाएँ बंगाल की खाड़ी से अरब सागर तक निर्बंध फैल जाएंगी। दिग्विजय पूरी होने के बाद एक देश में एक सम्राट का एकछत्र शासन होगा।" सर्वप्रथम चन्द्रगुप्त प्रभावती को नैतिक कर्तव्यों की दुहाई देकर कालिदास को छोड़ रुद्रसेन से विवाह करने के लिए विभिन्न तर्क देते है। भारतीय समाज में स्त्रियों को हमेशा से ही उनकी इच्छा के विरुद्ध विभिन्न पारिवारिक, सामाजिक और रिश्तों का वास्ता और दुहाई देकर विवाह के लिए मजबूर किया जाता रहा है। चन्द्रगुप्त भी प्रभावती से कहता है, "प्रभावती गुप्तवंश की राजदुहिता है, इसलिए साम्राज्य की कीर्ति समय के विराट विस्तार में एक तरह से उन्हीं के नाम का प्रक्षेपण है। जिस कुल का रक्त उनकी नशों में दौड़ रहा है, उसे इतिहास के पन्नों में चिरस्थायी बनाने के लिए क्या उन्हें अपना हठ नहीं छोड़ देना चाहिए? नैतिक कर्तव्यों की दुहाई के बावजूद प्रभावती अपने निश्चय पर अडिग रहती है और फिर चन्द्रगुप्त एक शासक की भाषा में प्रभावती को चेतावनी दे डालता है,

"आज जो आश्रयदाता उदार और कृपालु है, वह कल कठोर और दंडविधायक भी हो सकता है। क्या प्रभावती यह चाहेगी कि एक नवोदित कवि, जिसमें विलक्षण प्रतिभा है, जिसका यश, जिसकी कीर्ति दिगदिगान्तर में गूंज सकती है, कारागार की किसी अंधेरी कोठरी में एड़िया रगड़-रगड़ के मरे ? केवल इसलिए कि प्रेम अंधा था। प्रभावती आखिरकार कालिदास के सुनहरे भविष्य के लिए वाकाटक राजकुमार रुद्रसेन से विवाह करना स्वीकार कर लेती है और राजनैतिक वेदी पर प्रेम की बलि चढ़ा कर प्रभावती का विवाह रुद्रसेन के साथ सम्पन्न कर दिया जाता है, साथ ही अलग हो जाते हैं दो प्रेमी। इस प्रकार प्रभावती का भावनात्मक शोषण कर चन्द्रगुप्त अपना राजनैतिक स्वार्थ सिद्ध कर लेता है। राजनैतिक स्वार्थ आधारित सत्ता केवल इतिहास में ही नहीं, बल्कि आज समकालीन राजनीति में भी देखी जा सकती है। जहाँ सत्ता लोलुप शासक न सिर्फ जनता, बल्कि कई बार अपनों की खुशियों की हत्या करने से भी नहीं चूकते हैं। नाटककार प्रभावती और चन्द्रगुप्त के इस प्रसंग के माध्यम से आज की राजनीति का विश्लेषण करते हैं। आज के राजनेता अपने सत्ता विस्तार के लिए सारे हथकंडे अपनाते हैं, जिनमें मानवीय मूल्य, भावना आदि का कोई स्थान नहीं होता है। विवाह के पश्चात् प्रभावती वाकाटक नरेश की राजवधू तो बन जाती है, किन्तु उसकी आत्मा उज्जयनी में ही कालिदास की स्मृतियों में संयोजित रहती है। इसलिए विवाह के पश्चात् प्रभावती दो हिस्सों में विभाजित रहती है। शरीर से वह रुद्रसेन की होती है पर मन-आत्मा से वह कालिदास की ही रह जाती है।

इस प्रकार नाटककार ने इस नाटक में चन्द्रगुप्त की राजनैतिक लालसा, प्रभावती के अन्दर की परंपरागत समझौतावादी भारतीय नारी तथा प्रवरसेन द्वारा अपनी अस्मिता की खोज आदि प्रसंगों के माध्यम से आज की आधुनिक मानवीय आकांक्षा, उसके द्वंद्व, पीड़ा और अस्मिता को तलाशनें जैसे मूल प्रश्नों को उठाया है, "व्यक्ति अपनी आंतरिक आँखों से अपने को देखना समझना चाहता है- यह उसकी बेचैनी, विवशता और आवश्यकता है, वह दूसरे की आँखों से ही अपना मूल्य आंकना नहीं चाहता और न केवल आकस्मिक संयोग मात्र बनकर रह जाना चाहता है। व्यक्ति की यही छटपटाहट इस नाटक का विशेष पहलू है।"10 पात्र ही नाटकों में विचारों को संप्रेषित करने का कार्य करता है। पात्र ही अपने संवादों और भाव-भंगिमाओं के अभिनय से नाटक को पूर्णता की ओर लेकर जाता है। मूल संवेदना भी नाटक के पात्रों से पूर्ण होती हैं।

नायक खलनायक विदूषक

सुरेन्द्र वर्मा ने अपने इस नाटक का परिवेश भी प्राचीन गुप्तकाल से लिया है। साथ ही इस नाटक की विशेषता भी यही है कि यह आधुनिक मानव के संघर्ष, द्वंद्व, विवशता और व्यक्तित्व की खोज आदि प्रश्नों को व्यंजित करने में सफल है, " 'नायक खलनायक विदूषक' में आदमी की विवशता, स्वतंत्र व्यक्तित्व का प्रश्न, कलाकार का द्वंद्व और रंगमंच की प्राचीन-आधुनिक प्रदर्शन-पद्धतियों का कुशल उपयोग किया है।"

इस नाटक में सुरेन्द्र वर्मा ने मुख्यतः कपिंजल नामक पात्र के माध्यम से व्यक्ति की चयन स्वतंत्रता, उसकी मनोइच्छा के कुचले जाने जैसी स्थिति को चित्रित किया है। आज के आधुनिक युग में भी परिस्थितियाँ बहुत अधिक परिवर्तित नहीं हुई हैं। सत्ता समाज के विरुद्ध उसकी इच्छा का दमन कर अपनी सत्ता चलाना चाहती है। एक बार चयनित होने के पश्चात् सत्ता जनता की इच्छा का शायद ही ख़याल रखती है, जिसके कारण हम अक्सर सत्ता के विरुद्ध जनता में विरोध और आक्रोश देखते हैं। ठीक उसी प्रकार आज

विभिन्न कार्यालयों और संगठनों में भी कपिंजल जैसे पात्र देखे जाते हैं, जिसकी इच्छाओं की उपेक्षा की जाती है, जहाँ उसकी दिशा तय कर दी जाती है या नाट्य भाषा में कहा जाए तो उसका पात्र-चरित्र तय कर दिया जाता है कि उसे किस प्रकार इस दुनिया के रंगमंच पर अभिनय करना है। उसे अपने पात्र चयन की कोई स्वतंत्रता नहीं दी जाती है। जैसे इस नाटक का पात्र कपिंजल भी एक ही 'विदुषक'का पात्र वर्षों से अभिनीत करते आ रहा होता है और वह अब अपने इस पात्र से ऊब चुका रहता है। एक ही तरह के पात्र अभिनय से उसके नाट्य जीवन और निजी जीवन में भी वह ऊब चुका रहता है। कपिंजल रंग विधा में स्नातक है और प्रारंभ में बेरोजगार रहने के पश्चात् उसे नील-नगर के रंगशाला में अभिनय करने का कार्य मिल जाता है। वक्त के साथ उसका अभिनय लोगों में काफी लोकप्रिय भी होता है, किन्तु उसे लगातार एक ही पात्र अभिनीत करने को दिया जाता है। लगातार अवसरों के नाम पर उसे विदूषक का ही पात्र मिलता है एक अनिच्छित चरित्र अभिनय को बार-बार मिलता है, "वह विवश होता है चुने जाने के लिए। वह स्वयं निर्वाचन नहीं कर पाता है। एक विकल्पहीनता में उसे निर्वाचित होना पड़ता है। उसे अनुकूल अवसर दिया जा रहा यह कहकर, एक प्रतिकूल और अनिच्छित भूमिका मिलता है विदूषक की। बराबर अवसरों के नाम पर उसे विवश किया जाता है विभिन्न नाटकों में बराबर एक ही भूमिका निभाने के लिए। सभी पात्रों के लिए नई भूमिकाएं रहती हैं, परंतु वह निरंतर एक ही निष्प्राण भूमिका में अपनी आत्मा के विरुद्ध उतरता है। कपिंजल अभिनय के माध्यम से विभिन्न चरित्रों को जीना चाहता है, ताकि उसके अपने असल जीवन में भी एक नई स्फूर्ति महसूस हो, वह जीवन के अन्य पक्षों को भी जान सके रंगमंच के माध्यम से जी सके, रंगमंच के माध्यम से वह अपने नाट्य जीवन और असल जीवन में भी जीवंतता और गतिशीलता बनाए रखना चाहता है, किन्तु उसे हर बार अलग तों और माध्यमों से विवश किया जाता है कि वह वहीं नीरस और रूढ़ नाट्य पात्र को अभिनीत करे, "और अब राज्य के लिए है।... फिर परसों के दिन कहीं का नाट्याचार्य आ जायेगा, तो कला के लिए होगा।.. (आवेश में) यह दुश्चक्र कभी नहीं टूटेगा श्रीमान!" दरअसल आज हम आम आदमी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जी तो रहे हैं, किन्तु हम अभिशप्त हैं समझौतावादी बनने के लिए। जैसे कपिंजल, सूत्रधार, पुष्पदंत आदि से हर प्रकार से तर्क करने के बाद भी उसे विदूषक का पात्र ही अभिनीत करने को विवश हो जाता है, "अब यही सोचकर स्वयं को संतोष दो कि भूमिका चुनने का अधिकार हमारा नहीं। और इतना ही क्या कम कि हम मछुआ या कंचुकी नहीं हुए।"

इस नाटक में कुमारभट्ट एक ऐसा पात्र है जो परिस्थियों से संघर्ष नहीं करता, बल्कि वह एक समझौतावादी चरित्र है। वह परिस्थितियों से हार वक्त से समझौता करना सीख लेता है। कपिंजल का विदूषक की भूमिका का विद्रोह करने पर कुमारभट्ट उसे भी समझौता करने को कहता है, साथ ही साथ उसे इसके लिए मना भी लेता है। इस नाटक में कुमारभट्ट के चरित्र का मूल्यांकन करें तो वह समकालीन समाज का प्रतिनिधि पात्र भी प्रतीत होता है। जहाँ वह आधुनिक मानव के इस सच को जानता है कि आज की इस दुनिया में वास्तविकता के धरातल पर रहकर ही जिंदा रहा जा सकता है। जहाँ जिंदगी की एक सच्चाई यह भी है कि आप या तो संघर्ष करो या तो परिस्थितियों से समझौता कर लो, तभी आपका अस्तित्व संभव है, "इच्छाएं जीवन की नियामक नहीं है कपिंजल। हमारे मनचाहे जीवन का मानचित्र पूर्व की ओर जाता है और वास्तविक जीवन परिचय की ओर इस प्रकार कपिंजल और कुमारभङ्ग दोनों ही आधुनिक समाज में आज के उस मानव को चित्रित करते हैं, जहाँ एक विद्रोही और संघर्षशील है पर अंततः

आत्मबलिदानी, वहीं दूसरा भीतर से टूटा हुआ समझौतावादी और आत्मसमर्पित पराजित, "एक हमारी विद्रोही चेतना का बलिदानी आयाम है और दूसरा आत्मसमर्पण, पराजय स्वीकृति और समझौते की दिशा है।"

इसके अतिरिक्त सुरेन्द्र वर्मा ने आज रंगमंच के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को भी उजागर किया है। रंगशाला की शोभा उनके दर्शकों से ही बढ़ती है और जिस प्रकार आज मनोरंजन का आधुनिक माध्यम दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है वैसे-वैसे लोगों का नाटक और रंगमंच के प्रति रुचि कम होती जा रही है। आज नाटक और रंगमंच की दुनिया सिमटती जा रही है। इसके दर्शक अब कुछ एक खास वर्ग के होते हैं, जिनके अन्दर कला आज भी जिंदा है। जो अपनी परंपरा और संस्कृति से आज भी जुड़े हैं और नाटक एवं रंगमंच की इस दुनिया को जिंदा रखना चाहते हैं।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सुरेन्द्र वर्मा का यह नाटक 'नायक खलनायक विदूषक ऐतिहासिक मिथकीय कथा पर आधारित नाट्य रचना तो है, किन्तु यह आज के समकालीन समाज में मानव जिंदगी के उस पक्ष से हमें परिचित भी करवाता है, जहाँ मनुष्य के पास दो रास्ते रहते हैं या तो वह जीवन में संघर्ष करे अथवा आत्मसमर्पण कर दे। व्यवस्था से संघर्ष करने पर या तो अंत तक लड़े और व्यवस्था में परिवर्तन लाए या हालातों से हार कर अंत में समझौता स्वीकार कर ले। जिस प्रकार कपिंजल इस नाटक में अंततः परिस्थिति के हाथों और कुमारभट्ट के समझाने पर समझौता करने के लिए विवश हो जाता है, क्योंकि उसके लिए दूसरा कोई और मार्ग नहीं बचता था। यदि वह संघर्ष करता और अन्त तक विद्रोह करता तब उसे शायद राजकीय रंगशाला से निकाल दिया जाता और मुमकिन है कि उसे कोई राजकीय दंड भी दिया जाता, जैसा कि उसे चेतावनी दी गई थी। इसके अलावा भारतीय रंगमंच की इस महान परंपरा का अस्तित्व किस प्रकार धूल की चादर से ढकता जा रहा है, इस ओर भी हमारा ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस दृष्टि से सुरेन्द्र वर्मा के इस नाटक में आधुनिक भाव बोध है जो मानव समाज के हालातों और उन हालातों से अंततः समझौता करते मनुष्य को चित्रित करते हैं, जो प्रासंगिक हैं।

**द्रौपदी -**

सुरेन्द्र वर्मा के नाट्य संग्रह 'तीन नाटक' का तीसरा नाटक 'द्रौपदी' है। इस नाटक से पूर्व दो नाटकों 'सेतुबंध' और 'नायक खलनायक विदूषक' का अर्थ बोध तो आधुनिक है, किन्तु देशकाल और पात्र योजना ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में की गई है। लेकिन 'द्रौपदी' नाटक का साक्षात्कार सीधा-सीधा आधुनिक समकालीन मानवीय जीवन के कटु यथार्थ से होता है। जहाँ नाटककार ने किसी भी प्रकार से ऐतिहासिकता का सहारा नहीं लिया है। 'द्रौपदी' नाटक आधुनिक समाज में खंडित व्यक्तित्व वाले मनुष्यों का चित्रण करता है, साथ ही उनकी जीवन विसंगतियों के मूल कारणों को उजागर करता है, "मानवीय संबंधों के बिखरने-टूटने और साथ ही बदलते नैतिक मूल्यों और काम संबंधों को केंद्र में रखकर सम्पूर्ण नाटक लिखा गया है। समकालीन परिस्थितियों के दवाब से व्यक्ति किस प्रकार टुकड़ों में बंट जाता है और एक साथ कई जिंदगियाँ जीता है और इसीलिए कुंठित होता है। इस सत्य को 'द्रौपदी' में निःसंकोच प्रस्तुत किया गया है।

नाटक में मुख्यतः एक दाम्पत्य पात्र है- सुरेखा और मनमोहन। सुरेखा नाटक में आधुनिक द्रौपदी की प्रतीकात्मक पात्र है। जिस प्रकार द्रौपदी के पाँच पति थे, उसी प्रकार सुरेखा का पति भी पाँच व्यक्तित्वों वाला एक इंसान है। सुरेखा अपने पति और उसके पाँच व्यक्तित्वों का निरंतर ही अनुभव करती है, "जैसे

अब वह आदमी एक नहीं, एक से ज्यादा हैं? उसके हिस्से हो गये हैं अलग-अलग और कभी एक से तुम्हारा सामना है और कभी दूसरे से। सुरेखा का पति मनमोहन है जो हमेशा ही घर में शान्ति से रहता था। जिसके साथ उसका दाम्पत्य जीवन बहुत ही खुशहाल था। पर अब सब कुछ बदल गया है, सुरेखा का अब अपना परिवार खंडित हो चुका है, एक ही परिवार के लोग अपनी जिंदगी अपने ढंग से जीते हैं, कोई भी किसी बात को लेकर एक मत नहीं है,आज के समाज में पारिवारिक एकता, मूल्य कैसे टूटते जा रहे हैं। नाटक का यह दृश्य एक सटीक उदाहरण है। हमारी भारतीय परंपरा पारिवारिक मूल्य 'हम' के अर्थ में आस्था रखती थी, वहीं आज हम एक-दूसरे से कट कर 'मैं' शब्दावली का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस सन्दर्भ में सुरेखा और मनमोहन का परिवार आज के खंडित परिवार को संबोधित करता है।

सुरेखा का पति मनमोहन जिसके व्यक्तित्व के पाँच रूप हैं। पहला [मनमोहन जिससे उसकी शादी हुई थी और जिसके साथ एक समय तक वह बहुत ही खुश थी, पर मनमोहन के अतिरिक्त चार और रूप हैं। सफ़ेद, पीले, लाल और काले नकाबधारी वाला मनमोहन। सफ़ेद नकाबधारी वाला मनमोहन का वह दूसरा रूप है, जो उसकी अंतरात्मा है, जो सदा मनमोहन को सुमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमेशा ही गलत कार्यों को करने से रोकता है, साथ ही अन्य नकाबधारियों के गलत कार्यों के करने पर शर्मिंदा भी होता है। सुरेन्द्र वर्मा ने इस नाटक में प्रतीकों के माध्यम से हमें यह बताने का प्रयत्न किया है कि आज हम आधुनिकता के बाह्य रूपों के पीछे अर्थात् भौतिक सुखों के पीछे इस तरह भाग रहे हैं कि हमारे अन्दर कई और शख्सियतों ने जन्म ले लिया है। हमारी आत्मा हमेशा गलत कार्यों को करने से हमें रोकती है, किन्तु बहुत कम ही ऐसा अवसर होता है जब हम अपनी आत्मा की सुनते हैं। हमारी आत्मा का प्रतिनिधित्व मनमोहन का सफ़ेद नकाबधारी रूप करता है। मनमोहन का तीसरा व्यक्तित्व पीला नकाबधारी है, जो अपने पद-प्रतिष्ठा में पदोन्नति हेतु दिन रात परेशान रहता है। जिसके लिए वह अंतहीन दौड़ लगाता रहता है। जहाँ उसे कार्यालय में दिए गए कार्य लक्ष्य को नहीं करने पर अपने से उच्च अधिकारी की प्रताड़ना भी झेलनी पड़ती है।

मनमोहन का यह पीला नकाबधारी रूप भी आज के ही मनुष्य का प्रतिनिधि रूप है, जिसके अन्दर पद, प्रतिष्ठा और अपना कद ऊँचा करने के लिए दिन-रात मेहनत करता रहता, भागता रहता है। वह इंसान से मशीन बन जाता है। फिर भी उसके अन्दर की चाहत और पाने की भूख खत्म नहीं होती है। यही आज के आधुनिक मनुष्य की सच्चाई बन चुकी है। इंसान आज थोड़े में खुश नहीं है, जैसे मनमोहन का पीला नकाबधारी वाला रूप। मनमोहन का चौथा व्यक्तित्व लाल नकाबधारी वाला है। जो कामुक है, विवाह के पश्चात् भी परस्त्रियों से संबंध स्थापित करता है। यौनाचार में वह अक्सर लिप्त रहता है। अपनी पत्नी सुरेखा के प्रति उसका आकर्षण कम हो चुका है और बाहर अंजना, रंजन और वंदना से शारीरिक संबंध स्थापित करता है। मनमोहन का लाल नकाबधारी भी आज के मनुष्य का ही प्रतीक रूप है। जो काम में आसक्त है। आज के समाज का एक कटु सत्य यह है कि आज दाम्पत्य जीवन टूट रहा है। पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदारी और भरोसा कायम नहीं रख पा रहे हैं। मानव अपनी मनुष्यता के लक्षणों को छोड़ पशु बनता जा रहा है। जहाँ न समाज होता है, न सामाजिक संरचना और न उनकी नियमावली। मनमोहन का पाँचवां रूप काला नकाबधारी व्यक्तित्व वाला है। जो भौतिक सुखों और उपलब्धियों के पीछे बेतहाशा भागता रहता है। यहाँ तक कि वह घर भी छोड़ देता है। काले नकाबधारी का हमेशा ही सफ़ेद नकाबधारी से द्वंद्व

रहता है, क्योंकि सफेद नकाबधारी हमेशा ही इस काले नकाबधारी के रास्ते में आ जाता है। यहाँ भी नाटककार हमारे मन और आत्मा को प्रतीक रूप में चित्रित करता है। काला नकाबधारी हमारे मन का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जो चंचल है, हमें भटकाता है। सफेद नकाबधारी हमारी आत्मा का प्रतीक है, जो सही रास्ते पर चलने को प्रेरित करता है और हमेशा गलत करने से पहले हमें रोकता है।

इस प्रकार मनमोहन के यह पाँचों व्यक्तित्व आज के मनुष्य के अन्दर ही हैं, जो समय-समय पर निकल कर बाहर आते रहते हैं, साथ ही अपनी प्रवृतियों के अनुसार समाज में व्यवहार करते है।सुरेखा और मनमोहन के अतिरिक्त अलका और मंदा भी इस नाटक के ऐसे नाट्य पात्र हैं, जिनके आधुनिक जीवन के अजनबीपन, अधूरेपन और खोये हुए व्यक्तित्व को हम देख सकते हैं। उनके बीच के संवाद को हम सुनें तो अनायास ही हमें आज अजनबी होते मनुष्य का बोध हो जाएगा। सुरेखा और अलका के बीच के वार्तालाप से इस बात की पुष्टि होती है। विवाह के वर्षों बाद भी एक अपने पति को तो दूसरी अपने प्रेमी को सही से नहीं जान पाई है। अतः निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि सुरेन्द्र वर्मा का 'द्रौपदी' नाटक आज के आधुनिक परिवार और समाज का वह आईना है, जिसमें हम एक ही इंसान में कई बदलते शख्सियतों को देख सकते हैं। जहाँ पारिवारिक संबंधों में कोई मधुरता या एकरसता नहीं है। हर कोई एक-दूसरे से कट कर रहने में खुद को सहज महसूस करता है। रिश्तों में एक अजनबीपन का बोध है। व्यक्ति, परिवार और समाज खंडित होते जा रहे हैं। अपने परंपरागत मूल्यों को छोड़ व्यक्ति भौतिक सुखों के पीछे भाग रहा है। जैसा कि इस नाटक की कथावस्तु में हम देख सकते हैं। इन परिवर्तित होते मानवीय मूल्यों को इस नाटक के माध्यम से हम सबके समक्ष प्रस्तुत करना ही नाटककार का मुख्य ध्येय है। भारतीय संदर्भों में बात करें तो भरोसा, आस्था, भावनाएँ इन सब परंपरागत नीवों पर ही खड़ा हुआ है हमारा समाज। पर हम आज अपने परंपरागत मूल्यों को त्याग कर अपने आस-पास एक ऐसी दुनिया की रचना कर रहे हैं, जहाँ काम, लालच, घृणा और ऐसी प्रतिस्पर्धा है जो मानव जीवन को विकास के आरोह मार्ग पर नहीं, बल्कि अवरोह मार्ग पर लेकर जाएगा। इस दृष्टि से सुरेन्द्र वर्मा का यह 'द्रौपदी' नाटक एक सफल नाटक कहा जा सकता है, जो सीधा हमें आज के समकालीन समाज के विकृत होते जा रहे आचरण को दिखाता है।

अंत में हम कह सकते है कि सुरेंद्र वर्मा के नाटकों की कथावस्तुओं की पृष्ठभूमि वस्तुतः भारत के तेजी से बदलते मानवीय-संबंधों के साथ ही जीवनमूल्यों की संघर्ष यात्रा है। स्त्री-पुरुष संबंधों में आनेवाली दरार, खालीपन तथा ऊब को उन्होंने विविध दृष्टिकोणों से व्यक्त किया है। उनके सभी नाटक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और व्यक्तित्व, मिथकीय आख्यान और संदर्भों, तत्कालीन परिवेश आदि को लेकर निर्मित हैं, फिर भी इन सारे घटकों का आधुनिक संदभों में उपयोग किया गया है, जिससे प्राचीन कलेवर लिए हुए भी सारे नाटक आधुनिक संवेदना से परिपूर्ण हैं। जैसे स्त्री-पुरुष बदलते संबंध, परिवार-विघटन, दहेज प्रथा, नैतिकता का न्हास, कलाकार की पीड़ा, शोषित नारी, अपराधपूर्ण राजनीति, शासनतंत्र की चाल, धार्मिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याएँ आनि पर बल दिया गया है। उन्होंने समाज के नग्न वास्तव को अपने नाटकों में यथार्थवादी ढंग से प्रस्तुत किया है।

सुरेंद्र वर्मा आधुनिक, परंपरावादी और मानवीयता में आस्था रखनेवाले हैं। उनके नाटकों के कथानक की एक विशेषता यह है कि वे कथ्यगत दृष्टिकोण से पकड़ बनाए रखते हैं और नाटक के अंत में कुछ नया देने के लिए प्रयत्नशील दिखाई देते हैं। उन्होंने अर्थहीन आदर्शवाद का पर्दाफाश किया है और जीवन में

व्याप्त वैषम्य, अभाव, आक्रोश और कुंठाओं को अपने नाटकों में अंकित किया है। उनके नाटक घटनाओं एवं चरित्रों के नाटक न लगकर वे समय-विशेष स्थितियों के नाटक लगते हैं। उनके नाटकों का शिल्प-विधान नई सर्जनात्मकता से उनभूत हैं। शिल्प-विधान के अंतर्गत भाषा और शैली के भिन्न-भित्र रुप आते हैं। संवादों में काव्यात्मकता सुरेंद्र वर्मा के नाटकों की पहचान है।

**संदर्भ :-**

1. वर्मा, सुरेन्द्र; तीन नाटक; वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण, 2005.
2. पाल, विजय; सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों में आधुनिकता बोध; नीरज बुक सेंटर, पटपड़गंज, दिल्ली; संस्करण, 2013.
3. बेदी, सुषमा; हिंदी नाट्यः प्रयोग के सन्दर्भ में; पराग प्रकाशन, महरौली, नई दिल्ली; संस्करण, 1984.
4. रस्तोगी, गिरीश; समकालीन हिंदी नाटककार; इन्द्रप्रस्थ प्रकाशन, कृष्णा नगर, नई दिल्ली, संस्करण, 1982.

# जनमोर्चा संघर्ष और सामाजिक चेतना की कहानी

**डॉ. मंगल संभाजीराव खुपसे**
**हिंदी विभागाध्यक्षा**
**कै बाबुराव पाटिल कला व विज्ञान महाविद्यालय हिंगोली**

**प्रास्ताविक –**

नवलेखक, हिंदी भाषा के सुधी अध्येता एवं पारिवेशिक बोध के लेखक डॉ. रमेश संभाजी कुरे एक प्रतिष्ठित हिंदी साहित्यकार, कवि, कथाकार और शिक्षाविद् हैं। उनका जन्म 15 जून 1969 को महाराष्ट्र के लातूर जिले के रेणापूर तहसील के पानगांव में हुआ था। एक सामान्य परिवार में जन्मे डॉ. कुरे ने अपने जीवन में अनेक संघर्षों का सामना किया। उन्होंने लातूर के दयानंद कॉलेज से हिंदी में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की और वर्तमान में नारायणराव वाघमारे महाविद्यालय, आखाडा बालापुर में हिंदी विभागाध्यक्ष एवं सहयोगी अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।

साहित्य के प्रति उनका आकर्षण बचपन से ही रहा है। मराठी मातृभाषी होते हुए भी उन्होंने हिंदी साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी प्रमुख रचनाओं में 'मुखौटो की आड़ में', 'वैश्वीकरण के बाजार में' शामिल हैं। सन् 2015 में उनका प्रथम काव्य संग्रह 'सूरज पिघल रहा था' प्रकाशित हुआ। इसके अलावा, उनकी कहानियाँ जैसे 'पत्थरीली जमीन', 'जूते की जिंदगी', 'जन मोर्चा', 'जाति न पूछित' और 'बीस साल बाद' विभिन्न साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं।

कहानी कार डॉ. कुरे जी की कहानियाँ दलित क्रांति चेतना को प्रकट करती हैं और समाज में व्याप्त विषमताओं को उजागर करती हैं। उनकी लेखनी सामाजिक न्याय, समानता और शोषित वर्गों की आवाज़ को प्रमुखता से प्रस्तुत करती है। उनकी रचनाएँ पाठकों को सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करती हैं और साहित्य में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती हैं। उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए उन्हें 'साहित्य रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है, और कहानियाँ समाज में व्याप्त विषमताओं, संघर्षों और अन्याय को उजागर करने का प्रभावशाली माध्यम होती हैं। डॉ. रमेश कुरे जी का कहानी संग्रह 'जनमोर्चा तथा अन्य कहानियां ' में से "जनमोर्चा" भी ऐसी ही एक कहानी है, जो वर्ग-संघर्ष और सामाजिक अन्याय को केंद्र में रखकर मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट चित्रण करती है।

यह केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक ऐसे वर्ग की वास्तविकता को उजागर करने का प्रयास है, जो शोषण और उत्पीड़न का शिकार रहा है। इस कहानी के माध्यम से लेखक ने समाज की उन सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश की है, जिन्हें अक्सर मुख्यधारा की राजनीति और सत्ता अनदेखा कर देती है।

"परसों पचास और अंत में आरक्षण रद्द , कल बीस ,आज दस यही तो चाल है सरकार की" 1

राज्य के गृहमंत्री जी के चुनाव क्षेत्र का गांव था।

जहां पर गाँव में चुनावों के दौरान जाति और धर्म के नाम पर वोट बैंक की राजनीति होती है। सत्ता में बैठे लोगों द्वारा चुनावों में धनबल और बाहुबल का प्रयोग किया जाता है। ग्रामीण समाज में सत्ता का एकाधिकार बनाए रखने के लिए प्रशासनिक तंत्र का भी उपयोग किया जाता है। आजादी के पचपन साल

बाद भी गांव में कोई विशेष विकास नहीं था। इसी बीच पिछडे वर्ग के आरक्षण पर पाबंदी के समाचारों ने गांव में हलचल मचा दी। जिन कार्यालयों में कर्मचारियों की कुल संख्या दस होगी वहां आरक्षण नहीं होगा । ऐसा निर्णय राज्य सरकार ने लिया था। समाज का उद्धार करने के लिए आरक्षण आवश्यक था।

1. **पीड़ा और करुणा: संघर्षशील वर्ग की व्यथा**

गांव में पिछड़े वर्ग की संख्या जिले से अधिक थी। जिसमें पहली पीढ़ी के नौजवान सरकार के विरोध में खुलकर बोलने लगे थे।

सरकार के विरोध में उन्होंने गांव के पिछड़े वर्ग के सभी लोगों की बैठक भीमनगर में बुलाई थी । कहानी का नायक के रूप में राहुल, महेश और अशोक एक ऐसे समाज का प्रतिनिधित्व करता है, जो वर्षों से आर्थिक और सामाजिक शोषण का शिकार है। उसे समाज में बराबरी का दर्जा नहीं मिलता और उसकी आवाज़ को हमेशा दबाने की कोशिश की जाती है। उसके संघर्ष की पीड़ा केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक है।

इस कहानी में गरीब और दलित वर्ग के लोगों की स्थिति को बड़ी संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। ये लोग अपनी आजीविका के लिए कठिन परिश्रम करते हैं, फिर भी उन्हें न्याय नहीं मिलता। उनकी मेहनत का श्रेय हमेशा बड़े और प्रभावशाली लोग ले जाते हैं। इस अन्याय को देखकर पाठकों के भीतर करुणा उत्पन्न होती है और वे सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या वास्तव में समाज में समानता का अधिकार सभी को प्राप्त है?

गांव में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का गठन किया जाता है। जिसके नेतृत्व में सरकार के खिलाफ निषेध मोर्चा निकालने का दृढ़ संकल्प किया जाता है। राहुल को अध्यक्ष, महेश को सचिव और अशोक को समिति का कोषाध्यक्ष बनाया जाता है। तब महेश अपने समाज को मार्गदर्शन करता है। "महार समाज ही अब तक पिछड़े वर्ग के प्रश्नों पर संघर्ष करता आया है। हम सब ने भी मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों को पढ़ाया, लिखाया है।

अगर अब आरक्षण रद्द हो गया तो हमारे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। आरक्षण रद्द कर आपके बच्चों का भविष्य यह सरकार तहस नहस करना चाहती है। इसलिए मेरे भाई बहनों माता-पीताओं और बड़े बुजुर्गों हमें महारो के साथ मोर्चा में शामिल होना चाहिए। मैं आप लोगों को हाथ जोड़ता हूं कि हम भी पिछड़े वर्ग के ही है , हम महारों से उच्च नहीं है।" 2 एक तो पहले से ही गांव के कुछ लोग जैसे कि साहूकार आरक्षण के विरुद्ध में थे। वह तो पहले से ही आरक्षण बंद हो जाए की कामना करते थे। ऊपर से गांव के चमार , महारो के साथ मिलकर कैसे मोर्चा निकलेंगे? यह भी रोकने के लिए तैयार थे। गांव में महेश की मां को परच्यून की दुकान पर अपमानित किया जाता है। गांव के हर एक व्यक्ति को सामान देने से मना किया जाता है। जिसकी वजह से शाम का चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया था। लेकिन महेश उसके दोस्त रुके नहीं बस्ती में छोटी-छोटी बैठक द्वारा लोगों को जागृत करने लेने लगे।

2 **विद्रोह और बदलाव: सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष**

कहानी एक महत्वपूर्ण मोड़ पर तब पहुँचती है, जब नायक और उसके साथी सामाजिक अन्याय के खिलाफ विद्रोह करने का निर्णय लेते हैं। यह विद्रोह केवल आर्थिक शोषण के खिलाफ नहीं, बल्कि सामाजिक दमन और जातिगत भेदभाव के खिलाफ भी है। यह उस चेतना का प्रतीक है, जो वर्षों से दबाई

गई थी, लेकिन अब मुखर होकर अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठा रही है। "हां यह सच है कि आरक्षण का प्रावधान संविधान में हमेशा हमेशा के लिए नहीं है परंतु उस पर आज तक सौ प्रतिशत अमल हुआ क्या? नहीं हुआ। समाज से अस्पृश्यता और जातिवाद खत्म हुआ क्या ? पीड़ित, शोषित , दलितों को सम्मान से जीने का अधिकार मिला क्या ? नहीं मिला। क्यों नहीं मिला इसे कौन जिम्मेदार है ? पिछड़े वर्ग के प्रति अन्य समाज की मानसिकता हम पढ़ लिखकर जिधर मुंह घूमता है उधर घूम रहे हैं और इधर आरक्षित जगहों को सालों साल रिक्त रखा जाता है और अंत में किसी सवर्ण को लिया जाता है आरक्षण का अनुशेष आजादी के इतने साल बाद भी क्यों हनुमान जी की पूछ की तरह बढ़ रहा है और इसे कौन जानबूझकर बढ़ा रहा है। फिर दलितों के नाम से ही नाभि की जड़ से चिल्लाने लगते हैं कि इन्हे आरक्षण और कितने साल चाहिए ? यह क्या इनका ठेका है।

"3 गांव में सरकार के विरोध में आंदोलन की चिंगारी जैसे ही सुलग उठाती है। तब रात के अंधेरे में अचानक से हल्ला शुरू होता है। लोगों पर पत्थर बरसाए जाते हैं। जिसके कारण बैठक रद्द हो जाए। कहानी में यह संदेश निहित है कि जब तक समाज में अन्याय के खिलाफ आवाज़ नहीं उठाई जाएगी, तब तक बदलाव संभव नहीं होगा।

विद्रोह का यह स्वरूप महज हिंसा या उपद्रव तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक संगठित और वैचारिक आंदोलन का रूप लेता है। पात्रों का यह संघर्ष बताता है कि सामाजिक परिवर्तन के लिए आवश्यक है कि लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस करें।

**3. आशा और जिजीविषा: बदलाव की संभावना**

" तुम लोग मोर्चा नहीं निकलोगे समझे हमें गृह मंत्रालय से सख्त आदेश है । में मोर्चे की अनुमति नहीं दूंगा और न हीं तुम लोगों को पुलिस संरक्षण मिलेगा और अगर फिर भी मोर्चा निकाला तो लाठीचार्ज कर तुम सबको जेल में पत्थर फोड़ने भेज दूंगा । "4 महेश का मानना था हम संवैधानिक मार्ग से सरकार का विरोध कर रहे हैं ।

हम मोर्चा अवश्य निकलेंगे हमें को भी नहीं रोक सकता। पुलिस द्वारा समिति के सभी सदस्यों को धमकाया जाता है। महेश का अपहरण किया जाता है। गुंडों द्वारा उसे पीटा जाता है। लोगों को फैलाने के लिए एक दूसरे को भड़काया जाता है। फिर भी कोई असर न होने की वजह से नियोजित तारीख पर गांव में मोर्चा निकाला जाता है।

हालाँकि कहानी समाज में व्याप्त शोषण और अन्याय को उजागर करती है, लेकिन यह पाठकों को निराशा में नहीं छोड़ती। यह आशा जगाती है कि यदि लोग संगठित होकर संघर्ष करें, तो बदलाव संभव है। पात्रों की जिजीविषा (Survival Instinct) इस बात का प्रमाण है कि कठिनाइयों और उत्पीड़न के बावजूद, यदि व्यक्ति आत्मबल और संघर्ष की भावना को बनाए रखे, तो वह अपनी परिस्थितियों को बदल सकता है।

इस कहानी में मानवीय संवेदना का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यही है कि यह न केवल पीड़ा को चित्रित करती है, बल्कि उससे उबरने का मार्ग भी दिखाती है। नायक और उसके साथियों का संघर्ष यह दर्शाता है कि शोषित वर्ग यदि एकजुट होकर अपने अधिकारों की माँग करे, तो वह अपने जीवन में बदलाव ला सकता है।

4. कहानी का व्यापक प्रभाव

"जनमोर्चा" केवल एक कहानी नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाने का एक प्रयास भी है। यह पाठकों को इस बात पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है कि वे समाज में व्याप्त अन्याय और असमानता के प्रति कितने सचेत हैं। यह उन लोगों के लिए एक प्रेरणा बन सकती है, जो अपने अधिकारों से वंचित हैं और संघर्ष कर रहे हैं।

इस कहानी का सबसे प्रभावशाली पक्ष यह है कि यह नायक के व्यक्तिगत संघर्ष को सामाजिक संघर्ष से जोड़ती है। यह दिखाती है कि किसी एक व्यक्ति की लड़ाई केवल उसकी नहीं होती, बल्कि वह पूरे समाज की चेतना को प्रभावित करती है। इस तरह, "जनमोर्चा" एक ऐसी कहानी बन जाती है, जो पाठकों के हृदय को स्पर्श करती है और उन्हें सामाजिक न्याय की आवश्यकता पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है।

निष्कर्ष:-

डॉ. रमेश कुरे जी की कहानियों की भाषा सरल, प्रवाहमयी और संवेदनाओं से ओत-प्रोत है। वे कथा के माध्यम से पात्रों की मनोदशा, उनके संघर्ष और समाज में उनकी स्थिति को प्रभावी रूप से व्यक्त करते हैं। विशेषकर संवाद शैली और वर्णनात्मक भाषा के माध्यम से पात्रों की भावनाओं को जीवंत कर दिया गया है।

अंत: गाँव में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण लागू करने की चर्चा से तनाव फैल जाता है। कुछ लोग आरक्षण के विरोध में खड़े होते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग के लोग इसके समर्थन में आंदोलन करते हैं।यह संघर्ष धीरे-धीरे एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप ले लेता है।

"जनमोर्चा" कहानी, जो मानवीय संवेदना के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती है। यह हमें करुणा का अनुभव कराती है, सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देती है और यह आशा जगाती है कि बदलाव संभव है।

इस कहानी के माध्यम से लेखक ने यह संदेश दिया है कि जब तक समाज में वर्गभेद, जातिवाद और आर्थिक असमानता जैसी समस्याएँ बनी रहेंगी, तब तक संघर्ष आवश्यक रहेगा।

यह कहानी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम केवल पाठक बनकर रहेंगे, या फिर इस अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाने का साहस करेंगे? यही इस कहानी की सबसे बड़ी उपलब्धि है – यह केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन की शुरुआत है।

"जनमोर्चा" कहानी गाँव में सत्ता, राजनीति और सामाजिक संघर्षों को दर्शाती है। यह बताती है कि किस प्रकार शोषित वर्गों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। कहानी सामाजिक न्याय, आरक्षण नीति, और सत्ता के दुरुपयोग के मुद्दों पर विचार करने के लिए पाठकों को प्रेरित करती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची : -**

1) डॉ. रमेश संभाजी कुरे - जनमोर्चा तथा अन्य कहानियां - यश पब्लिकेशंस नई दिल्ली भारत, प्रथम संस्करण 2021 पृ. 18

2) डॉ. रमेश संभाजी कुरे - जनमोर्चा तथा अन्य कहानियां - यश पब्लिकेशंस नई दिल्ली भारत, प्रथम संस्करण 2021 पृ. 21

3) डॉ. रमेश संभाजी कुरे - जनमोर्चा तथा अन्य कहानियां - यश पब्लिकेशंस नई दिल्ली भारत, प्रथम संस्करण 2021 पृ. 22

4) डॉ. रमेश संभाजी कुरे - जनमोर्चा तथा अन्य कहानियां - यश पब्लिकेशंस नई दिल्ली भारत, प्रथम संस्करण 2021 पृ. 25

# चित्र मृदगल का उपन्यास "पोस्ट बॉक्स नं.203 नालासोपारा" में मानवीय संवेदना

**डॉ वसीम मक्रानी**
**सहायक प्राध्यापक**
**जी.टी.पाटील कला,वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय नंदुरबार महाराष्ट्र.**

**प्रस्तावना :-**

आधुनिक युग में जीते हुए साहित्यकार अपनी कलम के माध्यम से वंचित और दबे हुए वर्ग के लिए नई राह का निर्माण कर रहे हैं । आज भी समाज में एक ऐसा घटक है जो वंचित है और उसके प्रति समाज की सोच आज भी परंपरागत एवं रूढ़ीगत है और वह समाज है -किन्नर। किन्नर को हिजड़ा, छक्का, ट्रांसजेंडर आदि नामों से जाना जाता है।

लेकिन लिंग निरपेक्ष, बहिष्कृत किन्नर समाज उपेक्षित रहा है। इस संदर्भ में डॉ. मधु खराटे जी ने लिखा है "साहित्य, समाज सापेक्ष एवं सामाजिक प्रतिबध्दता के उद्देश्य से परिपूर्ण होता है। समाज में पुरूष एवं स्त्री के अलावा एक तीसरा व्यक्ति भी होता है, जो न तो नर होता है न मादा बल्कि अलिंगी होता है। इसे परिष्कृत शब्दावली में 'किन्नर' कहा जाता है। हिंदी में इसके लिए शिखण्डी, क्लीव, खोजा, हिजड़ा, छक्का, मौसी आदि नाम प्रचलित हैं।

हिजड़ा यह शब्द किसी मर्द के लिए अपमानजनक लगता है, उसे ऐसा लगता है मानो पिघला शीशा कानों में डाल दिया हो और हिजड़े को हिजड़ा गाली नहीं लगती, बल्कि उसके अंतर्मन में एक कचोट सी होती है।"1 उनके लिए प्रचलित शब्द 'किन्नर' के बारे में लेखिका सूचित करती हैं कि किन्नौर जिले के लोगों को किन्नर शब्द के प्रयोग पर ऐतराज है।

**विषय प्रवेश :-**

वरिष्ठ हिंदी लेखिका चित्रा मुद्गल के उपन्यास 'पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नाला सोपारा' ट्रांसजेंडर को केंद्र में रख कर लिखा गया है।

इस उपन्यास को 2018 में साहित्य अकादेमी पुरस्कार से नवाज़ा गया है। 'पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नाला सोपारा' की कहानी एक लड़के विनोद उर्फ़ बिन्नी की है, जिसे दसवीं कक्षा में पढ़ते वक़्त मुहल्ले की जासूस की मदद से हिजड़ों की जमात घर से उठा ले जाती है। यह उपन्यास एक सरदार की निगरानी में तिरस्कार की ज़िंदगी से सम्मान की ज़िंदगी की तरफ़ बढ़ने वाले एक ऐसे शख़्स की दास्तान है, जिसमें सोचने-समझने के तत्वों के साथ-साथ लिखने-पढ़ने का शौक़ भी परवान चढ़ता है। यह उपन्यास केवल दो सौ या सवा दो सौ पृष्ठ का है।यह उपन्यास पत्रात्मक शैली में लिखा गया है । विनोद के हिजड़े होने की ख़बर न फैले, इस डर से उसका परिवार मुंबई के एक अच्छे इलाक़े में आबाद नाला सोपारा नामक जगह पर स्थानांतरित हो जाता है।

किसी तरह माँ एक पोस्ट बॉक्स नंबर ले लेती है, जो कि एक मंदिर के पास है । वह लगभग वहाँ रोज़ जाती है और बेटा इसी पोस्ट बॉक्स के पते पर ख़त लिखा करता है। जननांग से वंचित होने की सूरत में ज़िंदगी किस क़दर कष्टप्रद हो जाती है, उपन्यास में इसे पूरी संवेदनशीलता और बड़ी सावधानी से पेश किया गया है। विनोद के माध्यम से अच्छे सवाल उठाए गए हैं, यानी किन्नर बिरादरी किस तरह के

ज़ुल्म का शिकार हो रही है और इसमें समाज के साथ-साथ किस तरह उन सरदारों का भी हाथ है, जिन्होंने किन्नरों को अपने रोज़गार का माध्यम बनाया हुआ है।

प्रस्तुत उपन्यास में लिंगदोषी समाज की समस्या को अत्यंत मानवीय दृष्टि से उठाया गया है। कथावस्तु इतनी है- विनोद उर्फ बिन्नी उर्फ बिमली उर्फ दीकरा बचपन में सामान्य बच्चों जैसा है। खेलकूद, पढ़ाई और शरारत में अव्वल। धीरे-धीरे उसकी चेतना में यह उतरता है कि वह सामान्य बच्चों से अलग है। उसकी शारीरिक संरचना थोड़ी अलग है।

वह 'स्कूल की चारदीवारी से सटकर पैंट के बटन खोलकर खड़ा' नहीं हो सकता। जाने कैसे हिजड़ा समुदाय को उसकी खबर लग गई। वे दल-ब-दल आ गए उसे ले जाने। उसकी जगह उसके छोटे भाई को दिखा दिया गयाः 'देख लो एकदम नॉर्मल बालक है यह।' हिजड़े ताली पीटते वापस हो गए, यह कहकर कि खबर गलत हुई तो फिर आएंगे।

मां ने बच्चे को हॉस्टल भिजवाना चाहा, पर पिता ने तर्क दिया कि चौदह साल बाद अगर हिजड़े नाला सोपारा में प्रकट हो सकते हैं तो हॉस्टल क्यों नहीं आ सकते।''3 विनोद का स्कूल जाना छूट जाता है, पर अंततः विनोद उनकी पकड़ में आ जाता है। उसका परिवार बदनामी के डर से घर बदल लेता है और घोषित कर देता है कि एक यात्रा के दौरान दुर्घटना में विनोद की मृत्यु हो गई। उसके अवशेष तक नहीं मिले।

इसके बाद शुरू होती हैं विनोद की ओर से अपनी मां को एकतरफा चिट्ठियां, जिनके माध्यम से वह अपनी समस्त पीड़ा के अलावा अपने प्रश्न भी मां को संबोधित करता है। पत्र के प्रारंभ में ही विनोद लिखता है, "खिडकी से सटे सथन छतनार के पेड को तेज हवा में ऊभं-चूभ होतो बारिश की तरंगे उसकी टहनियों को पकड़ पकड़कर नहलाने की कोशिश कर रही है।

टहनियों है कि उन बौछारों की पकड़ से छूट भागने को बेचैन हो रही हैं, जैसे मैं तुम्हारे हाथों से छूट भागने को व्याकुल तुम्हारी पकड़ में कसमसाता पानी की उलीध में ऊभ-चुभ होता रहता था। बाहर बादल बरस रहे है और अंदर विनोद का मन भीग रहा है। उसे माँ की याद आती है। माँ ने उसे कहा था कि जब भी मन उदास हो जाए तब ध्यान मुद्रा में बैठकर कृष्ण का स्मरण करना। परंतु पत्र में विनोद कहता है, "बा, मैंने वह कोशिश शुरू कर दी है।

रोज नहाने के बाद में ध्यानमुद्रा में बैठ जाता है पर विचित्र है बा, ध्यान में तू आ जाती है तेरे कृष्ण नहीं। तेरे कृष्ण को कहीं इस जगह से तो परहेज नहीं या आधे-अधूरे मुझसे-?''4 वह जननांग दोषी समाज की विसंगतियों और सीमित विकल्पों से परिचित है, इसके बावजूद उनकी स्थितियों में परिवर्तन लाना चाहता है।

विधायक जी उसे अपनी तरह से इस्तेमाल करना चाहते हैं। विनोद की हार्दिक इच्छा है कि जननांग दोषी समाज के बाशिंदे किसी भी अन्य नागरिक की तरह पढ़ें-लिखें और समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हों। उन्हें अ दर्ज की श्रेणी न देकर आरक्षित अथवा अनारक्षित श्रेणी में उनके जन्म के हिसाब से रखा जाए। उसे लिंग-दोषी समुदाय का ताली पीट-पीटकर भीख मांगना नागवार लगता है।

**मानवीय मूल्यों का विघटन :-**

घर से परे जिस अड्डे पर विनोद को रखा जाता है, वहां नृशंस सरदार के अतिरिक्त सायरा, चंद्रा व पूनम

जोशी हैं, जिनमें पूनम के मन में विनोद के लिए नारी-सुलभ आकर्षण है। विधायक के लंपट भतीजे बिल्लू और उसके दोस्तों की कामुकता पूनम जोशी के अंग और अस्मिता की काल बनकर प्रकट होती है और पूनम जोशी नाजुक स्थिति में अस्पताल पहुंचाई जाती है।

विनोद पूनम जोशी को लेकर चिंतित है तो अपनी मां की अस्वस्थता की खबर पाकर व्यथित भी। वह जब हवाई जहाज पकड़ने सांताक्रूज एयरपोर्ट जा रहा होता है, राजनीति के दरिंदे उसकी हत्या कर डालते हैं, कुछ इस तरह जाती है। विधायक इसमें नहीं है कि कुछ इस तरह कि उसकी शिनाख्त भी मिट , किन्नर समुदाय काविकास किया जाए।

वे तो उन्हें महज वोट बैंक मान कर तुष्टिकरण का खेल रच रहे थे। उनकी शतरंज पर जब विनोद एक चुनौती बनने लगा, उन्होंने उसे रास्ते से हटा दिया। "उपन्यास की संवेदना के चरम को आत्मसात् करने के लिए आवश्यक है कि उसे अंत से पढ़ा जाए। अंत यानी समाचार दो-जहां मीठी नदी में एक किन्नर की फूली हुई लाश बरामद होती है।

जिसे आपसी रंजिश का मामला माना जा रहा है। इस हत्या में 'अंडरवर्ल्ड' की भूमिका की बात कही जा रही है। लाश की पहचान और हत्या के कारण अस्पष्ट दिखाए गए हैं पर पाठक के मन में पूरी तरह स्पष्ट हो उठते हैं कि यह लाश विनोद उर्फ बिन्नी की है। इसे मात्र एक साधारण घटना समझ कर छोड़ा नहीं जा सकता। यही वह मुख्य बिंदु है जहाँ से राजनीति का घृणित स्वरूप उजागर होता है।"5

विनोद की पीड़ा और उसकी मां वंदना बेन शाह की अपील से यह संदेश मिलता है कि समाज में हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए, चाहे उसकी शारीरिक स्थिति कैसी भी हो। यह उपन्यास समाज के लिए एक जागरूकता का आह्वान है, जिससे वह अपने संकीर्ण दृष्टिकोण से बाहर निकलकर सभी को इंसानियत की नज़र से देखे।

**''जननांग विकलांगता बहुत बड़ा दोष है लेकिन इतना बड़ा भी नहीं कि तुम मान लो कि तुम धड़ का मात्र वही निचला हिस्सा भर हो । ...... तुम्हारे हाथ-पैर नहीं हैं, ...... सब वैसा ही है, जैसे औरों के हैं । यौन सुख लेने-देने से वंचित हो तुम, वात्सल्य सुख से नहीं !"6**

यह उपन्यास न केवल किन्नर समुदाय के मुद्दों को उजागर करता है, बल्कि यह समाज की अन्यायपूर्ण संरचनाओं और मानसिकता को भी चुनौती देता है। विनोद की भावनाओं, उसकी तर्कसंगत दलीलें, और उसकी माँ को लिखे गए पत्र उसकी मानसिक स्थिति और समाज से जुड़ी जटिलताओं को बहुत ही मार्मिक तरीके से प्रस्तुत करते हैं। विनोद के मामले में देखा जा सकता है उसकी बा उसका निष्कासन रोक नहीं पाती- "तूने, मेरी बा तूने और पप्पा ने मिलकर मुझे कसाइयों के हाथों मासूम बकरी सा सौंप दिया। मेरी सुरक्षा के लिए कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की? मनसुख भाई जैसे पुलिस अधीक्षक पापा के गहरे दोस्त के रहते हुए? जो अपने आप मुझे बचाने के लिए आ तो नहीं सकते थे। मेरे आंगिक दोष की बात पप्पा ने उनसे बांटी जो नहीं होगी। वरना वह मुझे बचाने जरूर आ जाते। बाऽऽ... बाऽऽ.बाऽऽ... क्यों वह अनर्थ हो जाने दिया तूने जिसके लिए मैं दोषी नहीं था। "7

विनोद जहाँ एक तरफ अपने अधिकारों के लिए सशक्त दिखाई पड़ता है तो वहीं अपने परिवार के लिए अति संवेदनशील भी है। विनोद का यह कथन "जरूरत है सोच बदलने की। संवेदनशील बनाने की।

सोच बदलेगी तभी जब अभिभावक अपने लिंग दोषी बच्चों को कलंक मान किन्नरों के हवाले नहीं करेंगे। उन्हें घूरे में नहीं फेंकेंगे। ट्रांसजेंडर के खाते में नहीं धकेलेंगे।

यह पहचान जब उन्हें किन्नरों के रूप में जीने नहीं दे रही समाज में तो सरकारी मान्यता मिल जाने के बाद जीने देगी? किन्नरों के रूप में समाज ने उन्हें उस खांचे में सदियों पूर्व ढकेलकर रखा हुआ है। उसी रूप में उन्हें आरक्षित करके सरकार अभिभावकों को अपराध मुक्त कर खुली छूट दे रही है। पैदा होते ही वह लिंग दोषी बच्चों को ट्रांसजेंडर जमात के हवाले कर दें। छुट्टी पा ले अपनी जिम्मेदारी से।"8 विनोद का उक्त कथन एक तरफ उसके अंदर छिपे आक्रोश को दर्शाता है।

यह सच है कि समाज शारीरिक विकलांगता को सहानुभूति के साथ स्वीकार करता है, लेकिन लिंग दोष, विशेष रूप से किन्नर समुदाय से जुड़े लोग, समाज की स्वीकृति से बाहर रहते हैं। इस दृष्टिकोण को चुनौती देते हुए विनोद यह बताता है कि मानसिक और शारीरिक विकलांगता के बावजूद, किसी व्यक्ति की पहचान और मूल्य उसकी लिंग पहचान पर आधारित नहीं होनी चाहिए। विनोद आरक्षण का कतई पक्षधर नहीं है, वह चाहता है कि किन्नरों को भी समाज में स्त्री और पुरुष का दर्जा मिले उन्हें जीरो, अदर्स या थर्ड जेंडर के कॉलम में रखकर मुख्यधारा से अलग ना किया जाए। जब विनोद चुनावी सभा में किन्नरों को संबोधित करता है तो कहता है "आप सब से भी अपील है मेरी।

सभा में उपस्थित आप सबसे। स्वयं के अंतर्मन में झांकिए। भीतर दुबके हुए अपने बालपन को याद कीजिए, सुनिए, उसके भीतरके रुदन को। बरजिए बिरादरी को। शपथ लीजिए यहां से लौटकर आप किसी लिंग दोषी नवजात बच्चे-बच्ची को, किशोर-किशोरी को, युवक-युवती को जबरन उसके माता-पिता से अलग करने का पाप नहीं करेंगे। उससे उसका घर नहीं छीनेंगे।उपहासों के लात-घूसों से उसे जलील होने की व्यवस्था नहीं सौंपेंगे। जलालत का नरक भोग कुछ नहीं सीखे आप ? नहीं जानते। कौन लोग करते हैं आपका इस्तेमाल ?वो जो आप को इंसान नहीं समझते।

आपके जीने-मरने से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। अंधेरे के बावजूद आपकी मैयत को कन्धा देने नहीं पहुंचते। आंसू नहीं बहाते। रूढ़ि नियति की है।

जीवित रहते धिक्कार की चप्पलों से वे आपको पीटेंगे। मरणोपरांत वे आपको अपनी ही बिरादरी से पिटवाएंगे। जिनके नवजात शिशुओं को ढूंढ-ढांढ नाच-गाने आशीषने पहुंचते हैं आप, उन्हीं के घर दूसरे रोज पहुंचकर देखिए? घर का दरवाजा आपके मुंह पर भेड़ दिया जाएगा।इस अवमानना को झेलने से इनकार कीजिए। कुली बनिए। मिस्त्री बनिए। ईटा-गारा ढोइये, जो चाहे सो कीजिए, पाएंगे मेहनत के कौर की तृप्ति।"9

चित्रा मुदगल ने पूनम के चरित्र के माध्यम से समाज के रसूखदार वर्ग की पाशविकता और उनके कृत्य को उजागर किया है। पूनम का बलात्कार, जो विधायक के भतीजे और उसके दोस्तों द्वारा किया जाता है, यह दिखाता है कि जब समाज के शक्तिशाली लोग अपराध करते हैं, तो उन्हें बचाने के लिए सभी संस्थाएं चुप रहती हैं। यह स्थिति समाज की उस असमानता और पक्षपाती न्याय व्यवस्था को सामने लाती है, जो कमजोर वर्गों के अधिकारों का उल्लंघन करती है। कभी यह सवाल उठता है कि एक किन्नर की शारीरिक पीड़ा और मानसिक आघात का समाज में क्या कोई मूल्य है?

चित्रा मुदगल ने उपन्यास के माध्यम से एक सवाल उठाया है— "अगर हम आपसे भिन्न नहीं हैं,

अगर हममें भी संवेदना, ममता और हर दृष्टिकोण है, तो फिर हमें सिर्फ जननांग दोष की सजा क्यों मिल रही है?''10 यह सवाल न केवल किन्नर समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करता है, बल्कि यह भी बताता है कि हमें उन्हें समाज में बराबरी का स्थान देने के लिए एक गहरी सोच और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

**निष्कर्ष :-**

चित्रा मुदगल ने समाज में किन्नर समुदाय की दयनीय स्थिति और उनकी खुद की भूमिका पर गहरी दृष्टि डाली है। यह समुदाय न केवल समाज के तिरस्कार और घृणा का शिकार है, बल्कि कई बार यह खुद भी अपने उत्पीड़न को नियति मानकर स्वीकार करता है। समाज ने उन्हें जिस तरह से देखा, उसी रूप में वे जीने को मजबूर हो जाते हैं। यह मानसिक अनुकूलन और समाज की स्थापित छवि का पालन उन्हें अपने अस्तित्व का हिस्सा बन जाता है। इसके कारण वे अपने जीवन की शर्तों को नहीं तोड़ पाते और अपनी वास्तविक पहचान को तलाशने में असफल रहते हैं।

इसके साथ ही, मुदगल ने एक महत्वपूर्ण विचार रखा है कि किन्नरों के प्रति भेदभाव और उनके साथ किए गए अत्याचार के लिए दोषी माता-पिता और समाज के लोग भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। "जननांग दोषी बच्चों का त्याग" एक जघन्य अपराध है, और इस पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। समाज में किन्नरों के प्रति असमानता और भेदभाव की जड़ को मिटाए बिना कोई भी सुधार संभव नहीं है।

इस उपन्यास का संदेश यह है कि किन्नरों के उत्थान के लिए हमें एक समानांतर और संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। यह क़ानून, समाज में शिक्षा और एक समावेशी दृष्टिकोण की मांग करता है, ताकि समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर उनके अधिकारों की रक्षा कर सकें।

**संदर्भ ग्रंथ -:**

1 हिंदी उपन्यासों में किन्नर विमर्श डॉ. मधु खराटे, प्राक्कथन से-
2 थर्ड जेंडर कथा आलोचना, संपा. डॉ. एम. फ़िरोज़, खान, पोस्ट बॉक्स नं.203 नाला सोपारा अर्थात तीसरी सत्ता की व्यथा-कथा, मधुरेश, पृ.सं. – 93
3 चित्रा मुद्दगल – पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा पृ.सं. – 9
4 चित्रा मुद्दगल – पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा पृ.सं. – 50
5 थर्ड जेंडर के संघर्ष का यथार्थ, संपा.डॉ.शगुफ़्ता नियाज़, थर्ड जेंडर के जीवन की सामाजिक-राजनैतिक कथा पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा, डॉ. पुष्पा गुप्ता, पृ.सं. - 60
6 चित्रा मुद्दगल – पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा पृ.सं. -21
7 वही पृ.सं. - 31
8 चित्रा मुद्दगल – पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा पृ.सं. -165
9 वही पृ.सं. -26
10 वही पृ.सं. - 153

## जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ' कहानी संग्रह में व्यक्त मानवीय संवेदना

**डॉ मुकुंद कवडे**
**हिंदी विभाग एवं अनुसंधान केंद्र,**
**पीपल्स कॉलेज, नांदेड़**

शिक्षा मनोविज्ञान में संवेदना को ज्ञान प्राप्त करने का द्वार कहा है। मानव शरीर में ज्ञानवाही तंतु का जाल फैला हुआ है। जिससे हम बाह्य संसार का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इस दृष्टि से संवेदना एक ज्ञानात्मक अनुभव है।मानव अपनी संवेदनाओं के द्वारा समग्र समाज में सुख, शांति एवं आराम से जीवन व्यतीत करना चाहता है। मानवीय संवेदना के कारण ही समाज में मूल्यों का अस्तित्व बना हुआ है। "संवेदना केवल एक शारीरिक प्रक्रिया न होकर वह मनुष्य की मानवीय क्रिया से जुडी हुई है। संवेदना सबसे साधारण मानसिक अनुभव और मानसिक प्रक्रिया का सबसे सामान्य रूप है। यह ज्ञान की पहली सीढ़ी है। यह सभी प्रकार के ज्ञान में होती है इसके अभाव में किसी प्रकार का अनुभव संभव नहीं है।"1

साहित्य मानवीय संवेदनाओं का प्रतिरूप होता है। जिसमें साहित्यकार अपनी संवेदनाओं को पाठक या श्रोता की संवेदना बनाने का प्रयास करता है। इस कार्य में 'जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ' कहानी संग्रह के कहानीकार रमेश कुरे सफल हुए हैं। डॉ रमेश कुरे जी की लगभग सभी कहानियों में हमें मानवीय संवेदनाओं का वास्तविक चित्रण दिखाई देता है। ई सन 2021 में प्रकाशित इस संग्रह में बारह कहानियाँ है जिसमें वर्तमान मानव जीवन के यथार्थ को अभिव्यक्त किया है। संवेदनशील कहानीकार जाति, धर्म, राजनीति का दबाव सामाजिक तथा आर्थिक, विपन्नता तथा दुबलेपन का यथार्थ अंकन अपनी कहानियों में करते हैं। कहानीकार तत्कालीन समाज का वास्तविक अंकन करते हुए केवल समाज की समस्याओं का ही चित्रण प्रस्तुत नहीं करते हैं बल्कि उसका उचित समाधान भी देते हैं। इस दृष्टि से उनकी कहानी समाज का दिशा निर्देशन कर एक सही और मानवतावादी राह दिखाती है।

मानवीय संवेदना की दृष्टि से उनकी सभी कहानियाँ महत्वपूर्ण है। जाति न पूछिए, क्या हम हिंदू है? अधूरा सपना, आगे ना पीछे तथा अग्निगर्भा कहानियों में व्यक्त मानवीय संवेदनाएं वर्तमान आधुनिक और प्रगतिशील समझे जाने वाले समाज के लिए एक चुनौति से कम नहीं है। भारतीय समाज में जातिगत विषमता प्राचीन काल से चलती आ रही है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा प्रदेश से आनेवाले कहानीकार धर्म और जाति को लेकर बहुत ही संवेदनशील और सचेत रहते हैं। इस क्षेत्र में घर, परिवार, गाँव समाज से लेकर राजनीति यहाँ तक की शैक्षिक संस्थानों में भी जाति एवं धर्म के नाम पर भेदभाव होता रहता है। क्या हम हिंदू है? कहानी इन्हीं संवेदनाओं को लेकर लिखी गई है । कहानी के प्रारंभ में कहानीकार लिखते हैं कि "पुरानी परिपाठी का गाँव जहाँ अब तक सारी पुरानी मान्यताओं का सम्मान के साथ पालन किया जाता। उसमें वे सारे कालबाह्य रीतिरिवाज़ों का बोल बाला है जो मनुष्य को इंसान की नजर से न देखते हुई उँच-नीच और जाति धर्म की नजर से देखते हैं और आश्चर्य इस बात का कि गाँववालों को इस पर खुद से ज्यादा गर्व भी है।"2

क्या हम हिंदू है? कहानी में कहानीकार हिंदू धर्म में स्थित जाति और उपजातियों की वास्तविकताओं का पर्दाफाश करते हैं। आरक्षण के आधार पर गाँव का मुखिया बनने की बावजूद भी इस

कहानी का मुखिया बलि अपनी लड़की के विवाह में जातिगत भेदभाव का शिकार होता है। उसका दामाद अशोक अपने दोस्त के साथ हनुमानजी के मंदिर में दर्शन करने के लिए जाता है तो उसे गांव की मंदिर का पावित्र भंग करने के कारण मारा पीटा जाता है यहाँ तक कि गाँव का मुखिया बलि को भी नहीं छोड़ा जाता। तब शहर में पढ़ा-लिखा दुल्हा अशोक संवेदनाहीन गांव की सडी-गली परंपरा को समझ नहीं पाता है। कहानीकार यहाँ कहते हैं कि "अशोक समझ नहीं रहा था कि अब क्या करें, यह कैसा गाँव है जहाँ आजादी के सत्तर साल बाद भी मातंग, चमार, ढोर और अन्य पिछड़े समाज को मंदिर में जाने नहीं दिया जाता जो अपने आप को हिंदू कहलवाने में धन्यता मानते हैं। क्या ये हिंदू नहीं है? और नहीं है तो फिर मंदिर में क्यों जाते हैं? ऐसे कई प्रश्न उसके दिमाग में उठने लगे।" 3

एक और 'क्या हम हिंदू हैं?' कहानी में व्यक्त मानवीय संवेदनशीलता का चित्रण हुआ है तो दूसरी ओर 'जाति न पूछिए' कहानी का मोहन जो पढ़ लिखकर सवर्ण जाति से संबंधित होने के कारण भी जातिगत भेद भेदभाव को नहीं मानता। इस कहानी में जातिगत असमानता का विरोध करते हुए मोहन दलित जाति की गीता से विवाह करता है। इस कहानी में मोहन गीता से कहता है कि "मैं जाति को नहीं मानता तुम चमार हुई तो क्या हुआ हो तो इंसान ही। हम कबीर को पढ़ते हैं। उनके जाति न पूछिए साधु की के मानवतावाद को मानते हैं।"4 मोहन और गीता ने भले ही जाती भेद पर आधारित घर-परिवार एवं समाज का विरोध करते हुए विवाह किया हो किंतु उसके परिणाम गीता के परिवारजनों को भुगतने में पड़ते हैं। गीता के परिवार को गाँव छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है। तब यही सवाल निर्माण होता है कि 21वीं शताब्दी में भी भारतीय समाज में हमें अमानवीयता दिखाई देती है। एक प्रकार यही कहाँ जा सकता है कि मानवीय संवेदना समाज की मर चुकी है।

मानवीय संविदा की दृष्टि से इस कहानी संग्रह की 'अधूरा सपना' कहानी महत्वपूर्ण है। शैक्षिक परिवेश पर आधारित कहानी में आर्थिक विपन्नता के कारण तानाजी बड़ी मुश्किल से महाविद्यालय की शिक्षा ले पाता है। अपने परिवार की हालत अच्छी न होते हुए भी वह छात्रवृत्ति के कारण एम.ए की पढ़ाई पूर्ण करता है। दिन-रात कड़ी मेहनत के फलस्वरूप वह हिंदी विषय में केवल नेट पास नहीं होता है बल्कि जे आर एफ के लिए भी पात्र हो जाता है।

जब वह पीएच. डी करने के लिए गाइड के पास चला जाता है तो उसके गाइड के द्वारा कही गई बातों से उसका चेहरा ही उतर जाता है उसके गाइड उसे कहते हैं कि उसका बीस प्रतिशत मुझे देना पड़ेगा और हाँ मेरे अनुसंधान केंद्र को पंद्रह प्रतिशत बस कुछ नहीं ..अरे हाँ ग्रंथालय के लिए पच्चीस हजार की किताबें देनी पड़ेगी। तुम्हें यह सब मंजूर है तो रजिस्ट्रेशन करा लेंगे, अन्यथा तुम्हारी मर्जी।"5 छात्रवृत्ति का बीस प्रतिशत खुद के लिए और कई शर्तें गाइड तानाजी को पीएच.डी करने के लिए रखते हैं। इस कहानी के माध्यम से कहानीकार मूल्य नैतिकता, कर्तव्य, सदाचार जैसे मुद्दों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर देते हैं। यहाँ हम देखते हैं कि शिक्षा के क्षेत्र में भी आर्थिक विपन्नता से परेशान छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी घटनाएँ आए दिन अखबार की सुर्खियां बन जाती है। पीएच.डी के मार्गदर्शक को को इस पर कोई मलाल भी नहीं होता है कि वह गरीब छात्र है।

इसलिए कहानीकार कहते हैं कि "आज समाज में सामाजिक संवेदना और चेतना दूर-दूर तक कहीं दिखाई नहीं देती। हर कोई कमजोर को शिकार समझकर लूटना चाहता है परंतु यूजीसी की वेबसाइट और

विश्वविद्यालय के ग्रंथालय सामाजिक चेतना जैसे शोध प्रबंधों से भरे पड़े हैं।"6 यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में स्थित वास्तविकता है आए दिन ऐसी घटनाएँ घटित होती है। इसलिए गाइड के इस व्यवहार का शिकार तानाजी जैसे कई युवक होते है जो छात्रवृत्ति लेकर पीएच .डी कर रहे हैं।

मानवीय संवेदना की दृष्टि से आगे ना पीछे कहानी भी महत्वपूर्ण रही है। हर कोई कहता है कि समाज स्त्री और पुरुष दो घटकों से बनता है। इस कथन को कहते हुए हर कोई किन्नर समुदाय को क्यों भूल जाता है पता नहीं चलता। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी इस समुदाय का अधिकार समाप्त करने की घोषणा की है।अमेरिका में केवल दो ही लिंग को मान्यता दी जानेवाली है, एक स्त्री और दूसरा पुरुष। सवाल यहाँ निर्माण होता है कि किन्नर होना कोई अपराध नहीं है और ना ही उनके हाथ में होता है। 'आगे ना पीछे' कहानी में मोहन किस तरह से मोहिनी बनता है और तृतीय पंथी लोगों की संस्था शुरू कर लोगों की कीन्नरों के प्रति देखने की मानसिकता भी बदलने का प्रयास करता है। कहानीकार ने अपनी कहानी आगे ना पीछे में इस हकीकत को बयां करते हुए कहा है कि "तृतीयपंथी भी इंसान है, उन्हें भी मान सम्मान और अधिकार दिलवाने के लिए उसने एक संस्था शुरू की। अपने कार्य के द्वारा उसने तृतीयपंथियों के प्रति समाज की मानसिकता को बदलना शुरू किया।"7आज भी हम देखते हैं कि कीन्नरों के प्रति बाकी समाज की मानवीय संवेदना मृत प्राय हुई है। उनके लिए कोई पहचान नहीं थी, ना कोई रोजगार ना आरक्षण यहाँ तक क कि कुछ साल पहले उनको चुनाव का अधिकार भी प्राप्त नहीं था। कहानीकार यहाँ यह सवाल करते हैं कि किन्नर हुआ तो क्या हुआ वह इंसान नहीं है क्या? उसके जीने का कोई अधिकार नहीं है क्या? इस तरह से प्रस्तुत कहानी में व्यक्त समाज की असंवेदनशीलता कहानीकार को बेचैन करती है।

प्रस्तुत कहानी संग्रह की 'आगे ना पीछे' कहानी में स्त्री पुरुष के अलावा किन्नरों के प्रति मानवीय संवेदना चित्रित हुई है। इसी तरह 'अग्निगर्भा' कहानी में पुरुष मानसिकता, स्त्री अस्तित्व, अस्मिता, दहेज प्रथा, स्त्री भ्रूण हत्या जैसी ज्वलंत समस्याओं का चित्रण किया है। अग्निगर्भा कहानी का पात्र अभय प्राध्यापक होते हुए भी अपनी पत्नी दीपा को तीन बार स्त्री भ्रूण गिराने के लिए मजबूर कर देता है। खानदान चलाने के लिए केवल लड़के को ही जन्म देना और लड़की को मार देना कहा की मानवीय संवेदना है? अपने पति का विरोध होने के बावजूद भी लड़की को जन्म देने के पश्चात दीपा अपनी मां से कहती है कि "आखिर कब तक मरना पड़ेगा लड़कियों को? घर में, रास्तों पर, ऑफिस में, अस्पताल में और तो और अपनी माँ के पेट में ही, कहाँ-कहाँ नहीं मरती लड़कियाँ? क्या लड़कियों को जन्म देना गुनाह है?।"8

अतः कहानीकार रमेश कुरे की कहानियाँ मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत है। कहानीकार ने समाज में व्याप्त वास्तविकताओं को पाठकों के समक्ष रखा है। जाति, धर्म, राजनीति, स्त्री, आरक्षण, शिक्षा, आर्थिक विपन्नता, दलित, पिछड़े समाज की वास्तविकता, धर्मांतर, आदि का चित्रण कहानीकार को अपने समाज के प्रति प्रतिबद्ध बना देता है। प्रस्तुत कहानियों में केवल खोखली मानवीय संवेदनाओंक्या का ही चित्रण नहीं हुआ है बल्कि तीव्र विद्रोह भी दिखाई देता है।

केवल समस्याओं का चित्रण ना कर उन समस्याओं का हल भी हमें इन कहानियों में मिलता है। निश्चित रूप से यही कहना पड़ेगा कि यह कहानियाँ पाठकों को प्रभावित कर उनका दिशा निर्देशन करती है।

**संदर्भ:**


1. शिक्षा मनोविज्ञान-पी डी पाठक, पृ.सं.262
2. क्या हम हिंदू हैं?,जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ, पृ. सं. 39 ।
3. क्या हम हिंदू हैं?,जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ, पृ. सं 43 ।
4. जाति न पुछिए ,जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ, पृ. सं. 29 ।
5 अधूरा सपना ,जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ, पृ. सं. 72 ।
6. अधूरा सपना, जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ, पृ. सं. 72
7. आगे ना पीछे ,जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ, पृ. सं. 86 ।
8. अग्निगर्भा ,जनमोर्चा तथा अन्य कहानियाँ, पृ. सं. 112 ।

# नासिरा शर्मा की कहानियों में मानवीय संवेदना

**डॉ. भारती बाळकृष्ण धोंगडे**
**हिंदी विभाग प्रमुख, सहा. प्राध्यापक**
**कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय नांदगाव (नाशिक)**
**और**
**श्री. अनिल फत्तु राठोड**
**सहा. प्राध्यापक**
**कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय नांदगाव (नाशिक)**

*सार-*

***नासिरा शर्मा की कहानियाँ मानवीय संवेदनाओं की गहराई को दर्शाने में सक्षम हैं। वे अपने पात्रों के माध्यम से मानवीय भावनाओं, सामाजिक विषमताओं और जीवन के यथार्थ को प्रभावी ढंग से उकेरती हैं। इस शोध में उनकी कहानियों का विश्लेषण मानवीय संवेदनाओं के विभिन्न आयामों को समझने के लिए किया गया है। विशेष रूप से उनके कथा साहित्य में करुणा, प्रेम, पीड़ा, संघर्ष और सामाजिक अन्याय के विषयों को केंद्र में रखते हुए अध्ययन किया गया है। यह शोध दिखाता है कि नासिरा शर्मा की कहानियाँ में पाठकों को समाज के प्रति एक नई दृष्टि भी प्रदान करती हैं। शोध में उनकी कहानियों को सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के आधार पर परखा गया है, उनकी कहानियों की संवेदनशीलता पाठकों को गहराई से प्रभावित करती है और समाज के प्रति सहानुभूति और जागरूकता उत्पन्न करती है।***

संवेदना एक व्यापक एवं बहुआयामी अवधारणा है, जिसे विभिन्न संदर्भों में प्रयुक्त किया जाता है। यह केवल किसी भाव या अनुभूति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसमें मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक पक्ष भी निहित होते हैं।नासिरा शर्मा की कहानियाँ विविध प्रकार की संवेदनाओं से परिपूर्ण हैं। इनमें सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, व्यक्तिगत एवं मानवीय संवेदनाओं की गहरी अभिव्यक्ति देखी जा सकती है।

संवेदना एक निश्चित और स्थिर अर्थ तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह विभिन्न संदर्भों में अलग-अलग रूपों में अभिव्यक्त होती है। नासिरा शर्मा की कहानियाँ इस संवेदनात्मक विविधता को अत्यंत प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करती हैं। वे मानवीय अनुभूतियों, सामाजिक अन्याय, सांस्कृतिक परिवर्तन एवं ऐतिहासिक घटनाओं की संवेदनशीलता का सूक्ष्म चित्रण करती हैं। इस प्रकार, संवेदना केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि समाज और जीवन के प्रति जागरूक दृष्टिकोण का प्रतीक भी है।

जब किसी व्यक्ति की अनुभूतियाँ समाज से जुडती हैं और व्यक्तिगत स्तर से ऊपर उठकर सामूहिक चेतना का रूप धारण कर लेती हैं, तब उसे सामाजिक संवेदना कहा जाता है। यह भावना व्यक्ति के दुख-सुख को व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में देखने और दूसरों के प्रति सहानुभूति तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में सहायक होती है। नासिरा शर्मा की कहानियाँ सामाजिक यथार्थ, मानवीय संघर्ष और करुणा से संपृक्त हैं। इनमें न केवल व्यक्तिगत वेदना बल्कि सामूहिक समस्याएँ भी प्रभावी रूप से उभरती हैं।

1. आशियाना : इस कहानी में एक निर्धन परिवार के संघर्ष को दर्शाया गया है। जमशेद और उसकी पत्नी अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आशा में गाँव की विपन्नता को छोड़कर तेहरान जाते हैं। वहाँ एक चपरासी की सहायता से कठिनाइयों के बीच जीवनयापन करते हुए वे पैसे बचाने का प्रयास करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय होती है कि उनके बच्चे परिस्थितियों को समझते हुए कभी किसी वस्तु की माँग नहीं करते। सामाजिक संवेदना तब विशेष रूप से प्रकट होती है जब जमशेद का भाई अकस्मात् मृत्यु को प्राप्त होता है और उसकी जमीन छीनी जाती है। इस कठिन परिस्थिति में जमशेद अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को दरकिनार कर अपने भाभी और भतीजों की सहायता के लिए आगे आता है। यह घटना पारिवारिक उत्तरदायित्व और सामूहिक सहानुभूति की महत्ता को स्पष्ट करती है।

2. बेगाना ताजिर : नायक एक व्यापारी है, जो अपनी मधुर वाणी और आकर्षक व्यक्तित्व से लोगों को प्रभावित करता है। लेकिन विडंबना यह है कि उसके सामान को कोई नहीं खरीदता, जबकि वह स्वयं उदारतापूर्वक दूसरों से वस्तुएँ खरीदता है। यह कहानी समाज में नैतिक मूल्यों के व्यवसायीकरण और भौतिकवादी प्रवृत्ति को उजागर करती है। नायक अपने व्यापार को केवल लाभ तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि वह समाज में नैतिकता का संचार करना चाहता है। परंतु समाज उसका अनुसरण करने के बजाय स्वार्थ को प्राथमिकता देता है। यह कथा समाज में व्याप्त नैतिक क्षरण और स्वार्थपरता पर तीव्र प्रहार करती है।संवेदना को विभिन्न स्तरों पर समझा जा सकता है—किसी व्यक्ति को स्वयं कष्ट का अनुभव होता है, तो यह संवेदन कहलाता है, लेकिन जब वही कष्ट दूसरों के प्रति करुणा के रूप में प्रकट होता है, तो इसे सहानुभूति कहा जाता है।जब कोई व्यक्ति स्वयं अपने दुख को अनुभव करता है, तो यह दुखानुभूति कहलाती है, वह किसी अन्य के दुख को महसूस कर उसे कम करने का प्रयास करता है, तो यह करुणा होती है।

संवेदना केवल भावुकता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह व्यक्ति को नैतिक रूप से उत्तरदायी भी बनाती है। समाज में नैतिकता एवं न्याय की स्थापना के लिए संवेदना आवश्यक होती है।नासिरा शर्मा की कहानियों में सामाजिक संवेदना केवल पात्रों के व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उनके पारिवारिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संघर्षों के माध्यम से व्यापक सामाजिक समस्याओं को उजागर करती है। दरवाज़ा-ए-कजबिन कहानी की नायिका मरियम एक सभ्य और अच्छे परिवार की लड़की होती है, लेकिन शादी के बाद उसे समाज द्वारा "कलकिनी" कहा जाने लगता है।

उसके लिए मायके और ससुराल के दरवाजे बंद हो जाते हैं, और उसे मजबूरी में वेश्यालय का सहारा लेना पड़ता है।मरियम को ईरान में जेल जाना पड़ता है, जहाँ उसे जेलर की हवस का शिकार होना पड़ता है। सात साल बाद जब वह अपनी जीविका कमाने लगती है, तो फिर से नैतिकता के ठेकेदार उसे जेल में डाल देते हैं। वहाँ वेश्याओं को फाँसी दी जाती है।

मरते समय मरियम सोचती है कि उसका शरीर मानो यातनाओं और संघर्ष की एक कहानी बन चुका है, परिंदे कहानी का विजयकुमार और मुट्ठी भर धूप कहानी की रेखा, दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं, लेकिन रोजगार के लिए ईरान में काम करते हैं।परिंदे में विजयकुमार अकेलेपन और प्यार की तड़प झेलते हुए पाँच साल की नौकरी पूरी करता है, बस इस उम्मीद में कि वह अपने घर लौटेगा। 'मुट्ठी भर धूप': रेखा गरीबी के कारण साधारण परिवार में शादी कर लेती है और घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए

ईरान में नर्स की नौकरी करती है। लेकिन उसका मन हमेशा भारत, घर और परिवार की ओर भागता था। 'आईना' कहानी का नायक राशिम एक चित्रकार है, जो रोशनक नाम की लड़की का चित्र बनाना चाहता है लेकिन असफल रहता है। घरवाले उसकी परेशानी देखकर उसकी शादी उसी लड़की से करवा देते हैं, लेकिन वह फिर भी चित्र नहीं बना पाता। यह गुस्सा वह अपनी पत्नी पर निकालता, और वह चुपचाप सहती रहती। जब रोशनक अस्पताल में तकलीफ से गुजरती है और जुड़वां बच्चों को जन्म देती है, तब राशिम का सारा क्रोध और घृणा प्यार में बदल जाता है।

'उड़ान की शर्त' कहानी एक ईरानी महिला महशी की है, जिसकी शादी अमीर परिवार में होती है। पति जानता था कि महशी को सम्मान नहीं मिलेगा, इसलिए अपनी संपत्ति बेटे के नाम कर देता और खुद एक कार दुर्घटना में मारा जाता है। महशी अपने पिता के घर लौटती है। सालों बाद वह सीरिया के युवक तालिब से मिलती है, जिससे उसकी नजदीकियां बढ़ती हैं, लेकिन तालिब की बेटी फौज़िया को वह स्वीकार नहीं कर पाती। कुछ समय बाद वह ईरान लौटती है, लेकिन वहां की स्थिति खराब होने के कारण अमेरिका जाना चाहती है।

तालिब उसकी मदद नहीं करता और कहता है—"मैं तुम्हें आज़ाद करता हूँ ताकि तुम ऊँची उड़ान भर सको, लेकिन याद रखना कि अतीत के कारण वर्तमान को खराब करना उड़ान की शर्त नहीं है।"

राजनीतिक संवेदना: राजनीतिक संवेदना समाज और राष्ट्र के प्रति व्यक्ति की प्रतिबद्धता, संघर्ष और बलिदान की भावना को दर्शाती है। यह संवेदना तब प्रकट होती है जब कोई व्यक्ति अपने देश, उसके शासन और समाज के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए तैयार रहता है। नासिरा शर्मा की कहानियों में यह संवेदना विभिन्न रूपों में देखने को मिलती है, जहाँ पात्र अपने राष्ट्र और विचारधारा के लिए संघर्ष करते हैं और कभी-कभी अपने प्रियजनों को भी खो देते हैं।

'तारीखी सनद' – कर्तव्य और बलिदान देने वाले वफादार सैनिक की कहानी है, जो अपने देश से प्रेम करता है। वह न तो सरकार के सामने गद्दारी कर सकता है और न ही अपने लोगों पर अत्याचार देख सकता है। लेकिन अपने कर्तव्य के कारण उसे अपने ही गाँव और परिचितों पर गोलियाँ चलानी पड़ती हैं। यह उसकी देशभक्ति की पराकाष्ठा को दिखाता है। अंत में, वह अपने उजड़े परिवार के पास जाने के लिए आत्महत्या कर लेता है, जो उसकी व्यक्तिगत वेदना को दर्शाता है।

'दीवार दर दीवार' – सत्ता और विरोध की टकराहटयह कहानी ईरान के शाही शासन के अंत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। मोहदिस आगा एक कट्टर धार्मिक और सत्ता समर्थक व्यक्ति हैं। उनका बेटा साम्यवादी विचारधारा का है, और बेटी मुजाहिद इस्लामी गुरिल्ला समूह से जुडी है, जो सरकार की आलोचना करती है। मोहदिस आगा ने कई सरकार विरोधियों को पकड़वाया था, लेकिन जब उनके अपने बच्चे विरोधी पक्ष में आ जाते हैं, तो वे एक पिता के रूप में कमजोर पड़ जाते हैं। यह कहानी सत्ता, विचारधाराओं की लड़ाई और परिवार के भीतर राजनीतिक मतभेदों को दर्शाती है।

'झूठा पर्वत' – देशभक्ति और कुर्बानी: इस कहानी में अलीरजा नामक व्यक्ति की देशभक्ति को दिखाया गया है। उसके बारह बच्चे होते हैं, लेकिन उनमें से एक-एक करके लगभग सभी मारे जाते हैं—एक बेटा सैनिक होने के कारण मारा जाता है।दूसरा बेटा बम धमाके में मारा जाता है।तीसरा, जो सरकार में था, आतंकवादियों द्वारा मारा जाता है।चौथा बेटा मुजाहिद होने के कारण मारा जाता है।पाँचवां बेटा साम्यवादी

था, इसलिए उसे भी मार दिया जाता है।छठे बेटे की ज़बर के कारण मौत हो जाती है।अलीरजा का पूरा परिवार तबाह हो जाता है, लेकिन वह अपने बलिदान पर गर्व करता है। उसे खुशी है कि उसने अपने देश के लिए कुर्बानी दी, जिससे वह एक दिन गुलामी से मुक्त होकर उन्नति कर सकेगा। यह कहानी दिखाती है कि राजनीतिक संघर्ष कभीकभी व्यक्तिगत जीवन को पूरी तरह बर्बाद कर देता है-, फिर भी कुछ लोग अपने आदर्शों से समझौता नहीं करते।

'अगोक्खता' – संघर्ष और पुनर्जन्म : इस कहानी में नायक की ज़िंदगी तीन बार शुरू होती है, लेकिन उसके जीवन में बार-बार कठिनाइयाँ आती हैं। उसका सब कुछ खत्म हो चुका होता है, फिर भी वह जीने की कोशिश करता है। राजनीतिक संघर्ष केवल बाहरी रूप से ही नहीं, बल्कि व्यक्ति की आत्मा तक को घायल कर सकता है।राजनीतिक संवेदना केवल राष्ट्रप्रेम तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति और समाज पर गहरे प्रभाव डालती है। सत्ता और विरोध की लड़ाई में कभी-कभी परिवार बिखर जाते हैं, और व्यक्तिगत जीवन तबाह हो जाता है। फिर भी, कुछ लोग अपने विचारों और देश के लिए अपने सुख-चैन की बलि दे देते हैं। यह संवेदना किसी भी समाज के इतिहास और उसके नायकों की कुर्बानियों को समझने में मदद करती है।

**सांस्कृतिक संवेदना :**

सांस्कृतिक संवेदना का अर्थ है व्यक्ति और समाज का अपनी परंपराओं, मूल्यों, रीति-रिवाजों और भावनात्मक जुड़ाव से प्रभावित होना। यह संवेदना तब प्रकट होती है जब लोग अपनी जड़ों, देश, परिवार और सांस्कृतिक पहचान से मजबूती से जुड़े होते हैं। नासिरा शर्मा की कहानियों में यह संवेदना अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती है।

'अजनबी शहर' – मातृभूमि से जुड़ाव: दिलनवाज अपने परिवार के साथ सुखी जीवन बिता रही होती है, लेकिन देश में उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता के कारण उसके तीनों भाइयों की हत्या कर दी जाती है। कुछ ही समय बाद उसके माता-पिता भी गुजर जाते हैं, जिससे वह अकेली और असहाय रह जाती है। डर और असुरक्षा के कारण वह देश छोड़ने का निर्णय लेती है, लेकिन हर शाम बस अड्डे तक जाकर लौट आती है। उसे लगता है कि उसके पिता उसे आवाज देकर रोक रहे हैं। यह दर्शाता है कि व्यक्ति अपनी जन्मभूमि से कितना गहरा लगाव महसूस करता है, भले ही परिस्थितियाँ प्रतिकूल क्यों न हों। 'गुंगा आसमान' – स्त्रियों की स्वतंत्रता और संघर्षफरशीद नामक पुलिस अफसर शादीशुदा होने के बावजूद तीन बेसहारा महिलाओं से विवाह कर लेता है।

उसकी पत्नी मेहर अंगीज इन महिलाओं को सहारा देती है और उन्हें उनके कोतकरी (क्रांतिकारी) भाई के पास पहुँचाकर उनका पुनर्विवाह करवाती है। इसके लिए वह उनके पुराने निकाहनामे भी जला देती है। फरशीद को यह षड्यंत्र लगता है और वह बदले की भावना से मेहर अंगीज पर महिलाओं से अवैध धंधा करवाने का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार करवा देता है।

समाज की अन्य महिलाएँ मेहर अंगीज को नफरत भरी नजरों से देखती हैं, उसे इस बात की खुशी होती है कि उसने तीन महिलाओं को स्वतंत्र जीवन जीने का अवसर दिया। यह कहानी सांस्कृतिक रूढ़ियों और महिलाओं की मुक्ति की भावना को दर्शाती है।'एक न समाप्त होने वाली प्रेमकथा' – सांस्कृतिक मूल्यों का पतनयह कहानी एक ऐसी महिला की है, जो अपने बीमार पति से छुटकारा पाने के लिए उसे यातनाएँ

देकर मार डालती है। इसके बाद वह उसकी संपत्ति की मालकिन बनकर स्वच्छंद जीवन व्यतीत करने लगती है। यह दर्शाता है कि कैसे कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए मानवीय और सांस्कृतिक मूल्यों को त्याग देते हैं।

नासिरा शर्मा की कहानियों में सांस्कृतिक संवेदना गहराई से झलकती है। उनकी कहानियाँ केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि समाज की वास्तविकताओं को उजागर करने के लिए लिखी गई हैं। उन्होंने परंपरा, मानवीय संबंधों, स्त्री स्वतंत्रता और सांस्कृतिक मूल्यों के बदलते स्वरूप को बारीकी से चित्रित किया है। उनकी कहानियाँ जीवन के वास्तविक संघर्षों को उजागर करती हैं, जिससे पाठक गहराई से जुड़ाव महसूस करता है।

**संदर्भ -**

1. कहानी समग्र नासिरा शर्मा किताब घर प्रकाशन दिल्ली 2011 प्रथम संस्करण खण्ड 1
2. कहानी समग्र नासिरा शर्मा किताब घर प्रकाशन दिल्ली 2011 प्रथम संस्करण खण्ड2
3. कहानी समग्र नासिरा शर्मा किताब घर प्रकाशन दिल्ली 2011 प्रथम संस्करण खण्ड 3

# रूपनारायण सोनकरजी की आत्मकथा 'नागफनी' में मानवीय संवेदना

**संगिता प्रभाकरराव गवळे**
**शोध छात्रा**
**अनुसंधान केंद्रः पीपल्स कॉलेज, नांदेड**
**और**
**प्रा. डॉ. सुभाष एन. क्षीरसागर**
**शोध निर्देशक**

भारतीय हिंदी साहित्य में आत्मकथा आधुनिक युग की देन है। लेकिन इसका अस्तित्व बहुत पुराना है। हिंदी साहित्य में आत्मकथा का आरंभ बनारसीदास जैन कृत अर्धकथानक १६६१ ई. से हुआ था। इस आत्मकथा की सब से बड़ी विशेषता यह है की यह गद्य में न होकर पद्य लिखित है। यह आत्मकथा एक ऐसे समय में लिखी गई है जब कोई आत्मकथा लिखने की सोचता भी नही था। आत्मकथा में लेखक अपने भोगे हुए यथार्थ की अभिव्यक्ति करता है जिस में अनुभूती की सत्यता होती है। आत्मकथाओं से व्यक्तियों को जानने, समझने और परखने में सब से अधिक महत्त्वपूर्ण कार्य करती है। इस के द्वारा हम व्यक्तियों के निजी जीवन के आत्मसंघर्ष और उनके समय के परिवेश और समस्याओं से अवगत होते है। भारतीय साहित्य में आत्मकथा विधा का नया रूप वर्तमान में दलित आत्मकथाओं के माध्यम से उभर कर सामने आया है।

हिंदी दलित साहित्य में भगवान दास की 'मै भंगी हूँ' सन १९८१ की सर्वप्रथम दलित आत्मकथा है। इस आत्मकथा का विशेष महत्त्व यह है की यह किसी एक विशेष व्यक्ति की आत्मकथा न होकर संपूर्ण दलित समाज की गाथा है।

संवेदना का अर्थ सवर्णोद्वारा किया गया जातिय शोषण के प्रति व्यक्ति के मन में होनेवाला बोध या अनुभूति।

"उठ न सका तू सदियों से,
अब तक शोषण सह के।
चिंगारी अंगारा बन कर, आज हृदय में दहके।
उठ रे बंधुआ, बेगारी का कब तक बोझा ढोता है।
परिवर्तन तो परिवर्तन है, आज नहीं कल होता है।"[१]

'नागफनी' आत्मकथा प्रसिद्ध दलित साहित्यकार, चिंतक, कहानीकार, उपन्यासकार, रंगकर्मी रूपनारायण सोनकरजी की आत्मकथा है। नागफनी आत्मकथा हिंदी दलित साहित्य में ही नहीं समग्र हिंदी साहित्य में अपना एक अलग स्थान अंकित करती है। नागफनी आत्मकथा अन्य दलित आत्मकथाओं की बराबरी में कम पृष्ठों में हो कर भी दलित जीवन के महत्त्वपूर्ण सतह को उजागर करने का प्रयास करती है। साहित्यकार ने आत्मकथा में अपने जीवन से जुडी लगभग छप्पन-सत्तावन छोटी-बडी घटनाओं का शिर्षक के रूप में चित्रण किया गया है। प्रो. कालीचरण स्नेही ने इसी आत्मकथा की पृष्ठभूमी में लिखा है- "आत्मकथाकार ने जातिवाद के दंश को झेला है। यही कारण है की, लेखक समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन

चाह चाहता है। सामंतशाही और ब्राम्हणवाद का खात्मा ही लेखक का अभिष्ठ है। जब तक समाज में उँच-निच, गैरबराबरी-, अस्पृश्यता का भाव विद्यमान है, तब तक सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे की चर्चा बेमानी है।"[२]

सदियों से चली आ रही वर्णव्यवस्था में मानव मानव के मध्य अंतर-उत्पन्न किया है। मानव जाति में दलित समाज शोषण का शिकार होता रहा है। स्वयं आत्मकथाकार को जातिय अपमान, अस्पृश्यता का डंक झेलना पडा है। अपने जीवन के मार्मिक अनुभवों को मद्य नजर रखते हुए नागफनी आत्मकथा का निर्माण किया है। यह लेखक के जीवन की संघर्षमय गाथा है। इस आत्मकथा की रचनाप्रक्रिया के सम्बंध - में कहते है की, "आत्मकथा लिखने के लिए मुझे डॉ .नावरिया ने प्रोत्साहित किया मैने उन्हें कई घटनाएँ बताई थी जो मेरी जिंदगी और मेरे परिवार के साथ घटी थी।"[३]

लेखक ने प्रस्तुत आत्मकथा में अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक के जीवन की प्रमुख घटनाओं को सशक्त ढंग से समाज के सामने अभिव्यक्त किया है। नागफनी आत्मकथा में लेखक ने अपने समाज का यथार्थ चित्रण किया है। इस में उन्होंने दलित जीवन का यथार्थ और सवर्णों की परम्परागत रूप से अन्यायी मानसिकता, उनके माध्यम से रचे गए षडयंत्र, धोका, छल, अहंकार और शोषण को वाणी दी है। दलित समाज केंद्रित इस आत्मकथा के प्रकाशन ने दलित समाज को संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया और आत्मकथा जगत में अद्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नागफनी के द्वारा लेखक ने दलित समाज को अंधविश्वास, धार्मिक औडंबर से मुक्त होने का आवाहन करते है। नागफनी आत्मकथा में दलित संवेदना अभिव्यक्ति के अनेक घटनाओं को दर्शाया है। आत्मकथा के आरंभ में लेखक ने अपने पिता के गाँव नसेनियाँ में कुडाईमाई के मंदिर के परिसर में लगे मेले की घटना को प्रस्तुत किया है। दलित स्त्रियाँ इस मेले में भाग नही ले सकती थी। लेकिन कुडाईमाई के मंदिर के आंगण में दलितोंद्वारा गालों में साँग निकालने का काम किया जाता है। सोनकरजी ने भी इस में भाग लिया था। सवर्ण, समाज के लोग इस कुप्रथा के आड में अपना मनोरंजन करते है। लेखक ने अपने बचपन को हृदयपूर्वक घटना के द्वारा समाज को आगाह किया है।

आत्मकथा में होली के अवसर पर गाये जाने वाले गंदी गालियों से भरे गित की कुरिती का तीव्र विरोध किया है। होली के पूर्व रात्री में होली को जलाते समय और होली के दिन सावर्णोद्वारा गित गाने की परम्परा है। इस गित में दलित समाज की स्वियों को केंद्र में रख कर गाली दी जाती है। दलितों के मना करने पर सवर्ण लोग गाली देते रहते है। अगर कोई औरत इस गित को गाने के लिए विरोध करती है, तो वे और भी बिभत्स गालीयों से शर्मसार कर देते थे। समाजव्याप्त ऐसी कुरिती से लेखक परेशान हो जाते है वह सवर्णद्वारा प्रचलित कुप्रथा को नष्ट करने के लिए संघर्ष करते है। लेखक उनकी भाषा में बोलते है, प्रतिउत्तर में मिली गाली से ब्राम्हण लोग बौखला जाते है। वे लोग मारने के लिए टूट पड़ते है इसी वक्त दलित समाज संघटित हो कर मुकाबला करता है।

सोनकरजी प्रस्तुत आत्मकथा में सुअरगाय के अद्भुत युद्ध का विवरण वृतांत शैली में प्रकट किया - है। इस युद्ध में सूअर की जीत हो जाती है। सोनकरजी पहलवान रहे है। उन्हें कुश्ती का शौक रहा है। गाँव में कुश्ती के दंगल लगते थे। वहाँ पर सोनकरजी कुश्ती लडने जाते थे। उनका कुश्ती का मुकाबला किसी दलित पहलवान के साथ होता था लेकिन उन्हें कुश्ती सवर्ण पहलवान के साथ लडना था। ताकी वे सवर्ण

पहलवान को हरा सके। एक बार सोनकरजी की कुश्ती किसी ब्राम्हण पहलवान से हो जाती है। उस में सोनकरजी ब्राम्हण पहलवान को हराते है। तब यह बात ब्राम्हण दर्शकों को हजम नहीं होती है, तो वह सोनकरजी की पिटाई करते है।

वर्षा के दिनों की बात है। स्कूल छूटने के बाद सोनकरजी और उनके बड़े भाई वापस घर लौटते समय और से वर्षा शुरू हो जाती है। रास्ते में मिश्रा नामक ब्राम्हण के घर आश्रय लेते है। ये दोनो पुरी तरह भिग गए थे। मिश्रा उन्हें पहनने के लिए अपने कपड़े दे देता है। रात्री के भोजन एवं निवास का प्रबंध करते है। जब उन ब्राम्हण परिवार को पता चलता है की वे दोनो भाई दलित है तब उन्हें बहुत पिटा जाता है।

सोनकरजी ने अन्य दलित जाति के लोगों के शोषण पर प्रकाश डाला है। गाँव का हरिशंकर अवस्थी सवर्ण समाज का है। उस ने भदइया चमार को बंदी बनाया है। यह उसका शारिरीक और मानसिक शोषण करता है। एक बार अवस्थी भदइया चमार को निर्दयता से पिट रहा था तब सोनकरजी गाँव के सारे दलितों को संघटित कर के अवस्थी का विरोध करते है और अवस्थी के गिरफ्त से भदइया चमार को निस्तार दिलाते है।

ब्राम्हण समाज के सामने उच्च शिक्षित दलित कुड़ा करकट के समान होता है। इस पक्ष का चित्रण नागफनी में किया गया है। सोनकरजी और उनके उच्च शिक्षित भाई है। हरिशंकर अवस्थी ने सोनकरजी और उनके भाईयों को केवल वे दलित है इसलिए उन्हें टोकरीभर कन्डे उठाने के लिए विवश कर देते है। उच्च शिक्षित दलित युवाओं का सवर्णोद्वारा किया गया अपमान है।

नागफनी आत्मकथा में सोनकरजी ने जातियता छुआछूत की वेदना की तड़प को सशक्त के साथ सहा है। इतनी वेदना शायद किसी अन्य साहित्यकार ने न सही होगी। सवर्णो के सामने अछूत चारपाई पर बैठ नही सकते थे। एक बार सोनकरजी के यहाँ अतिथी आते है रात का खाना खा कर आंगण में चारपाई पर बैठकर बातें करते है। तब वहाँ से शिवभजन अवस्थी गुजरता है। सोनकरजी उसे देखकर चारपाई से नही उठते है। यह प्रसंग अवस्थी को अपमानजनक लगता है तब अवस्थी और गाँव के सवर्ण लोग सोनकरजी पर हमला करते है। इस हमले में सोनकरजी की भाभी उनकी जान बचा लेती है। सोनकरजी को माँफी माँगने के लिए कहते है लेकिन सोनकरजी निडरता से माँफी माँगने के लिए मना करते है।

नागफनी में सोनकरजी ने यह स्विकार किया की जननायक डॉबाबासाहब अम्बेडकर के कार्यों से . बाबासाहब अम्बेडकरद्वारा दिया गया मंत्र शिक्षित बनो .संघर्ष करने का बल मिला है। डॉ ही मुझे, संघटित बनो, संघर्ष करो का पालन सोनकरजी ने अपने जीवन में किया है।

दलित समाज का संघर्ष धार्मिक पाखंड के खिलाफ भी प्रज्वलित है। आत्मकथाकार ने धार्मिक पाखंड के विरूद्ध संघर्ष का चित्रण किया है। उत्तरप्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में धार्मिक अनुष्ठान के रूप में 'रामचरितमानस' के पाठ का आयोजन किया जाता है। इसी अवसर पर शिवमंदिर की गुबदों की सफाई करने के लिए अवस्थी ने सोनकरजी को रस्सी के सहारे गुबंद पर चढ़ाया गया था। सोनकरजी गुबंदी की पुताई कर के सुरक्षित निचे वापस आ जाते है। मंदिर में चल रहे रामचरितमानस पाठ पढने के लिए उनके मित्र आग्रह करते है तब सोनकरजी पाठ प्रारंभ करते है आधे घण्टे के पश्चात शिवभजन अवस्थी आता है उन्हें पाठ पढ़ते देख कर गुस्सा हो कर गालियाँ देता है बिच बैठ कर कैसे रामायण की हम लोगों के !साले"

चौपाई पढ रहा है। इस साले अछूत को किस ने चौपाई पढने को कहा ? यह अखंड पाठ खंडित हो जाएगा।"४ लेखक अपनी कक्षा के लड़के और लडकीयों के सामने अपमानित होते देखकर क्रोधित हो जाते है। अपने हाथों में पकडी हुई रामायण को उसके मुँह पर जोर से फेंक कर मारते है और वहाँ से चले जाते है। लेखक शिवभजन अवस्थी द्वारा दी गई गाली सुन कर चुप नही बैठते है बल्की धार्मिक पाखंड और उंच-निच के भेद-भाव के खिलाफ संघर्ष का पाठ आयोजन करते है।

**निष्कर्षः**

रूपनारायण सोनकरजी द्वारा लिखित नागफनी आत्मकथा में अभिव्यक्त दलित संवेदना उभरकर दिखाई देती है। नागफनी आत्मकथा का यह शिर्षक अर्थबोधपूर्ण और आकर्षक है। नागफनी आत्मकथा में सोनकरजी ने अपने बाल्यावस्था से लेकर युवावस्था के जोवन के प्रमुख घटनाओं को बड़े ही मार्मिकता से प्रस्तुत किया है। नागफनी आत्मकथा सोनकरजी की अपनी अनुभूतिओं की गाथा होते हुए भी समस्त दलित समाज को अंधविश्वास, सडी-गली मान्यताओं, बेगार, सवर्णोद्वारा दी जाने वाली उत्पिडन से मुक्ती दिलाने की भीमगाथा है।

**संदर्भः**

१. दलित आत्मकथा में संघर्ष-चेतना एवं जीवनमुल्य पृ. संख्या १२४
२. नागफनी आत्मकथा भूमिका पृ. संख्या २
३. नागफनी आत्मकथा भूमिका पृ. संख्या १२
४. नागफनी आत्मकथा पृ. संख्या ३५

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

# रणेन्द्र का काव्य संग्रह - 'थोडासा स्त्री होना चाहता हूँ' में मानवीय संवेदना

**ज्ञानेश्वर रामकिसन हालसे**
**शोधछात्र,**
**सहायक अध्यापक,**
**जिल्हा परिषद प्राथमिक शाळा मांगवाडी, ता. रिसोड जि (महाराष्ट्र) .वाशिम.**
**और**
**प्रा. डॉ. विजय गणेशराव वाघ**
**शोध-निर्देशक**
**हिंदी विभाग, सहयोगी प्राध्यापक,**
**तोष्णीवाल कला, वाणिज्य और विज्ञान महाविद्यालय, सेनगाव.**
**ता. सेनगाव जि. हिंगोली (महाराष्ट्र)**

संवेदना ऐसी अनुभूती है । जो दुसरो के दर्द को अपना बना देती है पीडा दुसरो की हो पर दर्द खुद को होता है। हार इन्सान के अंदर संवेदना होती है। कुछ लोंगो के अंदर गहरी होती है। तो कुछ लोग संवेदना दिखाते है ।लेकिन रहती नही जमाना बदल रहा है । तो लोंगो की भावना , संवेदना और विचार भी बदल रहे है। लेकिन संसार मे संवेदना कभी खत्म नही होगी क् क्यूकी वो सर्वव्यापी है। हार प्राणी ,पक्षी, जानवर, हर जीव में संवेदना होती है।

सिर्फ इन्सान ऐसा है। जो संवेदना की नकल कर सकता है। दुसरा कोई भी जीव संवेदना की नकल नाही करते। यह हम इन्सानी दुनिया को चुनोती है। की इन्सान को इन्सानियत नही भूलनी है । इन्सानियत और मानवता ही तो इस सभ्यता का चरम बिंदू है । यह एक ऐसी मानवी अवस्था है । जो हमे इस धरती के हार जीव भिन्न समझी जाती है । संवेदना कभी कभी प्रेरणा भी देती है। इसीलिए दुसरो के दुख ,दर्द , घुटन, प्रताडना, अन्याय, अत्याचार ,बेबसी भरा जीवन उसके अंतर आत्मा की आवाज हमे सुनाई देनी चाहिये ।दुसरो की भावना और विचार का समान करना चाहिए। यही संवेदना है। संवेदना में दो अर्थ अभिप्रीत होते है। एक तो साम्यक वेदना इसका अर्थ सही बोध होना दुसरा है । वो वेदना खुद को समतुल्य होनी दुसरो की वेदना खुद को होना उसे समतुल्य वेदना कहा जाता है । दुसरो के प्रति दुख ,दर्द, विनाशकारी परिस्थिती, समस्या के समय इन्सान तितर बितर हो जाता है।-

यह परिस्थिती दुसरो को समझती है। तो तब लोगो को उसके दर्द को समझ सकते है । तब हम कह सकते है । की इस इन्सान के अंदर संवेदना जीवित है । उसके दर्द को समझ सकते है । उसके अंदर सही मे संवेदना जीवित है। अगर दिखावा करने के लिए अपनापन जताया जा रहा है । तो समजना उसमे कोई संवेदना नही है। किसी वस्तुस्थिती को देख कर मन , मस्तिष्क में संवेदनाओं का निर्वाह स्वरूप होता है।

मन मस्तिष्क तथा शरीर मे होने वाली ऊर्जा का संचार ही संवेदना वो को कार्यान्वित करती है। मानवी संवेदना का मतलब हैं। दुसरो की प्रति सहानुभूती और दया है ।दुसरो के दुःख, दर्द , को समझना दुसरो की पिडाओ के प्रति गहरी सहानुभूती और दया की भावना रखना । दुसरो की पीडा से अनेको को

प्रेरना भी मिलती है। कुछ करने को उनकी दिल और विचारो के अंदर सेवा और सहानुभूती के भाव जगाती है।सेवा करके मन को संतुष्टी मिलती है। और सहानुभूती जताकर मन को हलका लगता है। लेकिन किसी के दर्द को समझना थोडा मुश्किल है। यह मुश्किल काम ही तो संवेदना है।

अंग्रेजी में इसे सिमव्हेथी कहा जाता है। जिसका मतलब है। समानुभूती कहा जाता है। दुसरो को उनके कानो से सुना उनके दिल से महसूस करना, उनके दुख ,दर्द की पीडा स्वयं महसूस करना ही संवेदना कहलाती है। सहानुभूती और समानुभूती मे सिर्फ और मात्रा का तो फर्क है । लेकिन दोनो वर्णो की जगह यहा दो मन की भावना मन की अवस्था अलग है। इसीलिए इन दोनो शब्द मे अंतर दर्शनी है। समानुभूति का मतलब है। जागरुकता से दुसरो की भावना दर्द को समझना यह भाव दुसरो को मनोभाव और अनुभव को समझता है।दुसरो को दुख, दर्द की को उनकी स्तर पर जाकर समजता समझना उसे दिलासा देना इस मे होता है।यह ऐसी अवस्था है। दुसरो की समस्या ) के समय कैसा महसूस होता है। तो यह व्यक्ती के स्थान पर खुद रहकर महसूस करना की समस्या की पीडा दर्द कैसे होती हैसहानुभूति में दुसरो की ( भावनावो को समझना खुद उनको दिलासा देना, उसके दुख, दर्द , पिडा को उसकी नजर से देखना, उसकी सोच विचार और दिल से उसे उसके स्तर पर जाकर समझना।

झारखंड राज्य के प्रसिद्ध कथाकार , काहनिकार और 'ग्लोबल गाव के देवता ' उपन्यासकार के रूप मे जिनको ख्याती मिली वो आदिवासी साहित्यकार रणेन्द्र जी झारखंड की आदिम जनजाती, प्राचीन जनजाती का इतिहास और उनकी कला मानवतावो से भरी उनकी सभ्यता सभी जीवो का कल्याण, पर्यावरण का कल्याण, प्रकृती का कल्याण, विभिन्न प्राकृतिक गुंनो से भरी आदिवासी सभ्यता उन्होंने अपनी कलम से ,विचारो से, साहित्य से देश दुनिया के सामने साहित्य के रूप मे लाया है।इसीलिए झारखंड के प्रसिद्ध आदिवासी साहित्यकार की रूप मे उन्हे जाना जाता है।

रणेन्द्र जी के 3 उपन्यास 2कहानी संग्रह और 1 काव्यसंग्रह उनकी मौलिक साहित्यिक सामग्री है। उनकी कलम उन लोगो के बारे में लिखने लगी। जिनको यहा की पूजीवादी, जातीवादी, धर्मवादी, व्यवस्थ ने दबाया , कुचलया उनको आगे बढने के सभी रास्तो में रुकावटे तयार की। उसी समाज को नरेंद्रजी ने जागृत किया, उन्हे जीने एवं लढले की प्रेरणा दी। दुनिया जिस समाज को हशियो का समाज समझता हैं । रनेद्र उस समाज को विश्व को मानवी मूल्य देने वाला समाज समजते है।वो इस समाज को उस असभ्य समझने वाले लोगो से सभ्य लोगो को सीखना चाहिए की प्रकृती के साथ, प्राणियों के साथ, पर्यावरण के साथ, धरती के हर जीवो के साथ कैसे, किस तरह से रहना चाहिए यह सभ्य समाज को उन असभ्य लोगों से सीखना चाहिये रणेन्द्र जी आपने साहित्य से देश दुनिया को यह समझना का प्रयास कर रहे है।

उस झारखंड के आदिवासी समाज के दुख, दर्द, पीडा, संघर्ष, तडप, प्रताडना, घुटना, बेबसी जीवन, अन्याय, अत्याचार आपनी कलम से कविता के माध्यम से समझना की संवेदना विश्व को बताने समझाना चाहते है।उनको उस जीवन का यह वास्तव चित्रन रणेन्द्र जी ने आपने काम, विचार और अनुभव के माध्यम से उन्होंने उस समाज के साथ बहुत वक्त गुजारा है। उनकी समस्या हाल करणे की कोशिश की है। उनकी हार पिडा संघर्ष जीवन साहित्य मे कविता में शब्द और वेदना, संवेदना के रूप मे लेखन किया है।

रणेन्द्र का काव्यसंग्रह " थोडासा स्त्री होना चाहता हूँ" यह काव्यसंग्रह हार इन्सान को स्त्री के हर

जीवन के पैलूवो को अहसास करता हैं । की स्त्री क्या होती है। वो इस समाज देश और दुनिया को क्या देती है। उनके साथ मनुष्य किस पद्धती से रहता है। इंसान को स्त्री का दुख ,दर्द, संघर्ष, बालक की जिम्मेदारी, पारिवारिक जिम्मेदारी निभाते निभाते खुद को भूल जाती है। फिर उसकी जीवन में जो तडप पिडा है। वो रणेन्द्र जी ने आपनी वाणी, सोच, विचार यंव साहित्य के माध्यम से उनकी संवेदना समाज, देश, दुनिया तक पोहचणे का काम रणेन्द्रजीं ने किया है ।

कोई भी समाज स्त्री के बिना पुरा नही है। हर समाज को संभालने सवरने का काम स्त्री करती है। डॉबाबासाहब . कहते है की "जिस समाज की स्त्री पढी लिखी हो। वो समाज कभी भी हार नही सकता"

स्त्री ही समाज का सच्ची ताकत है। उनकी हर बात सभी को समजती है। इसीलिए रणेन्द्रने उनका जीवन पुरुषो को भी जी कर देखने का आगाज करते है। सभी को कहते है। की थोडासा स्त्री होकर देखो क्या पिडा, क्या वेदना और क्या संवेदना होती है। सब समज जवोंगे।स्त्रियों के जीवन में उनकी पूरी जिंदगी परिवार और रिश्ते नाते संभालते संभालते चली जाती है। यह सब करते करते वक्त को ही भूल जाती है। - की जिम्मेदारी और समाज दुसरो का डर इसी को देखते रहती हैं।इन सब में वह खुद को भूल जाती है। इसीलिए रणेंद्र कहते है "थोडासा स्त्री होना चाहता हु" उनकी जिंदगी और समाज को अपने साहित्य में सभी को यहा अवगत करना चाहते हैं कि, स्त्री होना कोई साधारण काम नही है। वो तो अनन्य भरा काम है। मा बच्चो को गोद मे 9 महिने पालती है। उसकी रक्षा करती है। उसे दुनिया में पैर कैसे रखते हैं, कैसे चालना हैं।यह भी सिखती हैं।

काव्यसंग्रह का विश्लेषण :-

रणेन्द्र जी अपनी कविता 'मायापूर्ण' में लिखते है। आदिवासी लोगो की साथ यह की व्यवस्था, सबल लोगो ने , पूंजीवादी,ने आदिवासी जनजाती के साथ कैसे अन्याय, अत्याचार, शोषण करते हैं।कवी ने कविता के माध्यम से अपने शब्दो मे इस का वास्तव चित्रन इस तरह से करते है।

सौ से ज्यादा
जननियो की जटिन्य में हात्या
केवल घृणा नही हैं कवि
ना गर्भद्वारा में विषवमन करना
केवल घृणा हैं ।
कोंपल - से कोमल-शिशुओ की सोची हत्याए
कुछा और इंगित करते है।

रणेन्द्र जी कहते है। सो से जादा आदिवासी महिलाओ की हत्या की गई यह कहा का न्याय है। यह इस समाज घृणा यवं नफरत हैं। इतनी महिलाओं की हत्या की तो उनके गर्भ से जन्मे विषवमन और दुसरे जननी के अच्छे यह कैसी दर्दनाक,वेदना , अन्याय,अत्याचार, शोषण है। यह कैसी विषवमन की घृणा हैं ।जैसे फुलो के उपर पहले कोमल कोपले का निर्माण होते ही उनको नष्ट किया जाता है। वैसे ही इन जनानी की हत्या की जाती है। क्यूकी यह अपना कोम ना बढाये। यह किस तरह का अमान्य अत्याचार,इस परिस्थिती से मन को अतीव वेदना होती है। रणेन्द्र लिखते है। दुनिया मे कितना बदला होता दिखाई देता है। मानवता से कोई बडा नही होता। लेकिन मालूम नही मानवता को खत्म कहा की इन्सानियत रहेगी।

कुछ लोग इन आदिवासीयो की कोम खत्म करना चाहते है। कहा कि इन्सानियत है। कुछ लोग इन आदिवासी को को ही खत्म करना चाहते है। इसीलिए तो उनकी जनानी को हत्या किया जाती थी। सो से ज्यादा की रणेन्द्र दर्दनाक यथार्थवादी कविता से हमे अनुभव, अवगत करते है।,

रणेंद्र जी नारी की पिडा, दर्द, तडप, संघर्ष, घुटन, बेबसी जीवन, दशा अपने शब्द का समाज यंव दुनिया मे के सामने लाना चाहते है। स्त्री का जीवन कैसे होता है। उन्हे रुपये कमाने के लिए कितनी मेहनत करनी पडती है। बदलते जीवन मे हमे भी बदलाव करना चाहिए और मेहनत से संघर्ष, नारी देसी रुपये कमाती उसके मन की स्थिति कैसी होती यह इस पंक्ती से दिखाते है। रणेन्द्र का काव्यसंग्रह "बीडी-कश "कविता में बिडी कश नारी संघर्ष, मेहनत, लगन का चित्रन रणेन्द्रने किया है।

ऊब रही
गेट पर बैठी
सब्जी बेच , लोटती स्त्रिया
वर्तन बासन चून्हा चौका
बच्चे कच्ची गायी
कितनी कितनी चिंताओ का भार
माँथे की सलक्टे...
देर हुई
उत्तर जा बैठी
पटरी पर
रोज की किचकीच
केतना चिंता करें।

आदिवासी स्त्रिया आपने पास जो रेलगाडी गूजरती है।उन ट्रेन मे वाह के जंगल की सब्जी,फुल, पत्ते और विभिन्न जंगल की अनमोल वस्तू बेचने आती है। रणेंद्र जी कहते है। इन महिलाओ की बेबसी है। उनके पास रुपये नही है। इसीलिए यह इतनी कठोर मेहनत करती है। जंगल से सब्जी , फल , फुल, पत्ते पत्ते लाना बहुत कठीण काम है। पर यह स्त्री करती हैं। आपने परिवार के लिय यह स्त्री काम करती हैं। वो आपने परिवार का पालन पोषण करती हैं।स्त्रियों की मेहनत से उनका परिवार चलता है। यहा स्त्री देखने मे बहुत सिधी सादी लगती है प-र वो बहुत परिश्रमी है। रात दिन रेल की पटरी पर बैठी रहती है। बिना थके ,रूके काम करती हैं। इनके चेहरे पर दुःख की दर्द की चिंता दिखाई देती है। वो अपना परिवार छोडकर, छोटे बच्चो को घर मे रख कर यह काम करणे आती है। रोज की रेल की इतनी भीड,गाडी की आवाज, लोगो की आवाज, में स्त्री काम करते है।उनके दर्द , पीडा, चिंता, समस्या अवस्था का चित्रन रणेन्द्र जी आपने काव्य मे करते है। उनकी भावना और उनकी संवेदना का चित्रन यहा पर दिखाई देता है।

रणेन्द्र अपने काव्य में "रसोई घर मे पिता " काव्यमें जब बेटी की माँ घर पर नही रहती तब घर मे पिता कैसे रहते है या चित्रण दिखाया गया है। इस काव्य मे छोटू बेटा अपनी मा को साथ नानी के गाव गया है।इधर बेटी की परीक्षा के कारण मा के साथ जाने। इसीलिए बेटी और उसके पिताजी दोनो को घर पर रहाना पडता है। बेटी को खाना बनाने का काम पिताजी पर आता है। तब पिताजी रसोई घर मे

पिता काव्य का जन्म होत हैं । रणेन्द्र इस काव्य में लिखते है।

थोडी कम जान पहचान
हडबडाए हुए हैं पिता
घाबडाया हुआ रसोईघर भी
ये नही वो,वो नही ये ...नही वो ही..
पल पल ऑर्डर बदल रही
शैतन की नानी।

इस काव्य में पिता अपनी बेटी की परीक्षा होने के कारण उसे खाना बनाकर देना चाहते है। क्यूकी मा नानी के घर गयी तब रसोई घर पिताजी को सभलना पडेगा पिताजी और रसोई घर खाने पिणे का रोज मतलब। लेकिन इस कविता मे पिताजी को स्त्री बनना पडा। पिताजी खाना बनाने लगे की बेटी की ऑर्डर शुरू हो जाती।मुझे ये नही वो, वो नही ये .

नही वो वही ...चाहिये। इस तरह पिताजी परेशान होते है । तब उन्हे अहसास होता है। की माँ बनना बहुत कठीण काम है। एक दिन रसोई घर संभालना नही होता। रणेन्द्र यहा पर पुरुषो को स्त्री की वेदना और संवेदना कैसी होती है। यह समजाना चाहते है । यह बताना चाहते रणेन्द्र के साहित्य मे नारी और उसकी पीडा को बहुत स्थान दिया है। रणेन्द्र लिखते है। मा बनना इतना आसान काम नही जितना हमे दिखता है। इसीलिए पुरुषो को स्त्री संवेदना समझनी चाहिये। तभी पुरुषो को स्त्रि यो का महत्व समझेंगे।

रणेन्द्र झारखंड की आदिम जनजातियों के साथ वो खुद रहे उनकी पिडा दर्द की उन्होने महसूस किया। इसीलिए उनके साहित्य मे वही उतरा जो उनकी अनुभूती थी ,उनकी सोच इन आदिवासी समाज की जीवन जीने की अनुभूती से हुई । झारखंड राज्य संसाधन से विपुल है ।इसीलिए या की पुंजीवादी व्यवस्था संसाधना के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। वो प्रकृति की पेट मे जो संसाधन है ।उसे पानी के लिए कुछ भी कर सकते है। इसी संदर्भ में रणेन्द्र ने अपनी कविता मे "किशन बिरहोड की स्मृति ' काव्य मे किशन के बारे में लिखते है।

उसकी मृत्यू मेरी व्यक्तिगत क्षती है ।
ईश्वर उसकी आत्मा को शांति दे
इसी औपचारिक बाते कैसे कर सकता हुं
सिर्फ कहने के लिए
उसकी मौत की खबर
आखबारो ममें नही छापी थी
विधवा आई थी गोंद मे बच्चा लिये
चिथडे कपडे आखो मे ऑसू
कुछ न कहा ना मागा
थोडी दर बैठी ...

झारखंड की जमीन प्रकृतीने उसकी गोद संसाधन से भरी है ।लेकिन यही संसाधन वाह की

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

जनजातीय के लिए दर्द बनी है । इस कविता के माध्यम से रणेन्द्र ने झारखंड के पत्रकार किशन की मृत्यू की बारे मे अपनी समानभूति लिखते है। मै क्या औपचारिक बाते करू की किशन की मृत्यू कैसे हुवी है। उसकी मौत का कोई सबुत भी नही मिला और ना किसी अकबर मे खबर छपाई । किशन की पत्नी सिर्फ 24 साल की अपने बच्चो को गोंद उठाकर लाती है। कुछ नही कहती बैठ जाती है।

रणेन्द्र यहा पर किशन की अनुभूती करते है। की किशन की क्या गलती होगी, वो तो लोगो के लीय अच्छा काम करने के बाद भी खून हो गया ।कैसे हो गई कुछ भी मालूम नही रणेन्द्र जी किशन की पत्नी मन की अवस्था पर जाकर अपने विचार लिखते है। की उसकी पत्नी अपने बच्चे को क्या बताती होगी, जो उसके गोद मे अभी पल रहा है।

जिस बच्चे ने अपने पिता को नही देखा और उसका खुन हो जाता है।ऐसा क्या गलत काम किया है। उसने पुंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाया तो ही अंत हो गया। रणेन्द्र जी दर्द छुपा नही पाये उनके मन को बहुत दुख हुआ। इसी कीसंवेदना के रूप मे रणेन्द्र लिखते हैं। यह काह का न्याय है। यह कैसी व्यवस्था हैं।

रणेन्द्र का यह काव्यसंग्रह स्त्रियो पर और पुरुषो को थोडी स्त्री बनाके देखने के लिए लिखा गया है। स्त्री की जिंदगी कैसी होती है। थोडी कविता के माध्यम से जी कर तो देख लो ऐसा रणेन्द्र हमे संदेश देना चाहते है। उनकी कविता रचती स्त्री इस कविता मे रणेन्द्र जी इन्सानो को प्रेम कैसे करना चाहिए, प्रेम कैसा होना चाहिये, ये बात कविता की पाचवी लाईन में लिखाते हैं।रणेन्द्र जी कहते है ।

बहार के दुर्दांत
खूंखार भेदियो के सामने
प्यारा लगता है ,
घर का अपना भेडिया।

रणेन्द्र इंसानो को इस कविता में भेडिया कहते है। क्यूकी इस जमाने मे इंसान की भावनाये संवेदना भेडियो सी हो गई है। समाज में स्त्री को खुले मन से बहार निकलना लेना मुश्किल हो गया है। स्त्री घर से निकलना बाहर निकलना बडी आपत्ती जैसा लग रहा है। कहा क्या होगा बोल नही सकते हम इन्सानो की संवेदनाये मर गई की ऐसा कविता से प्रतीत होता है।

हम समाज देश को शोषण ,अन्याय, अत्याचार, तडप,मुक्त जीवन ऐसी मुद्दो से कब मुक्त कर पायेंगे और कब देश की स्त्री खुले मन से घर से बाहर निकल सकेंगी घूम सकेंगे हम भविष्य की तरफ देखना चाहिए हम क्या बो रहे है। वही उगेगा इसीलिए हमे सावधानी से रहना होगा संवेदना जागृत रखनी होगी, सामाजिक दूषित, विचार क्रिया, आपत्ती को हमे दूर रखना होगा। तभी हम यहा का समाज, देश को इससे बचा सकते है। आज की स्त्री अपना घर बार छोडकर बहार अकेले घूम नही सकती, कैसे समाज का हम निर्माण कर रहे है।

रणेन्द्रजीं स्त्रियों को जनानी कहते है।जनानी का मतलब खुशियार, बुद्धिमान, स्त्री होता है । जो स्त्री समाज का बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। स्त्रिया के बिना कोई भी समाज, सभ्यता आगे नही बढ सकती। इसीलिए उनकी कविता थोडासा स्त्री होना चाहता हु ।मै रणेन्द्रजी लिखते है।

लेकिन इसी जनम में अपनी

सहज संगति की चाह
पुरी हो कामना अंतिम इसलिय
थोडासा स्त्री होना चाहती हु
हरियाली से गुजरता
हरा होना चाहता हु।

रणेन्द्रजी अपने कलम से इस कविता मे अपनी भावना और स्त्री की प्रति अपने संवेदना दर्शवते हुए कहते है। मुझे तुम्हारा साथ संगति चाहिये और चाहने के लिए मै तुझे समझ लुंगा, तुम्हारी हार बात समज लूंगा ,क्यूकी मै तुम्हे चाहता हु ,मेरी यह कामना है। कि मै तुम मेरी हो जाओ जिंदगी मे हरियाली मतलब खुशियों से जाना चाहता हु। और खुशिया ही पाना चाहता हु ।

इसीलिए रणेन्द्र अपनी स्त्री के प्रति संवेदना दर्शते है। की मै तुम्ही को चाहता हु तुम्हारी खातिर तुम्हारे संगति के लीये मैं 'थोडा सा स्त्री भी होनना चाहता हु ' तुम्हारे जिंदगी थोडी जिना समझना चाहता हु ।यहा पर पुरुष स्त्री का सन्मान, गौरव करना चाहता है। क्यूकी उसके बिना वो भी पुरा नही हो सकता। स्त्री ही प्रकृती का संसार का महत्वपूर्ण बिंदू है। इसी से यह मानव जात आगे बढ रही है।

**शोध सर :-**

संवेदना का शाब्दिक अर्थ, किसी दुसरो की वेदना देखकर खुद को भी उसकी वेदना जैसी समान वेदना अर्थात किसी के दुःख को देखकर उसके दुख का अनुभव करना ही संवेदना है। मनुष्य में तो : संवेदना होती ही है।

यही संवेदना हमे मानवता और इन्सानियत का निर्माण करती है। हमारी भावना ही हमारे संवेदना है। जब हम किसी को दुखः, दर्द, तडप, घुटन, प्रताडना, अन्याय, अत्याचार, बेबसी देखकर हमारा मन हमारी अंतरात्मा को अतिव वेदना होती हैं यही संवेदना होती है।

साहित्यकार समाज के विभिन्न घटना वो को जैसे परिश्रम किसान), मेहनती औरत, औरत का संघर्ष,इंसान की इन्सानियत, इंसान की नियत, ग्यान और रुपये का संघर्ष, अन्याय, शोषण की घटना आहे । कलम और विचारो से साहित्य में लेखन(के रूप मे समाज का चित्रण करते तो उनकी वेदना, संवेदना को अनुभव करके लेखन किया जाता है।

वही पढकर लाखो लोग वही वेदना और संवेदना का अनुभव लेते है। इसी तरह की विपरीत और बुरी परिस्थिती किसी पर आये तो हम उनकी मदत करणे सामने आते है। लोगो को सहाय्यता करणे में समाज के लोक जागृत होते है।

रणेन्द्र ने इस काव्यसंग्रह में स्त्री की भावना, उसके विचार, उसकी सोच परिवार ,समाज के प्रति लगन और जिम्मेदारी, प्रकृती और संसाधन की सुरक्षा के लिए संघर्ष, जल, जंगल, जमीन और जीवन के लिए, सभ्यता के लिए, आदिवासी समाज और आदिवासी स्त्री का संघर्ष इस काव्यसंग्रह मे चित्रित किया है। आदिवासी समाज की वेदना और संवेदना को रणेंद्र जी ने साहित्य में प्रतिबिंबित किया है।

**संदर्भः-**

1. रणेद्र का काव्य संग्रह ' थोडासा स्त्री होना चाहता हूँ ।

2. ग्लोबल गाव के देवता और किस्सागो में चित्रित आदिवासी समाज।
   - प्रेम प्रकाश विकास प्रकाशनकानपूर।2018
3. रणेन्द्र के उपन्यासों - "आदिवासी विमर्श" संपादक विनोद विश्वकर्मा। 2023
4. https://epustakalay.com/book/43301-samvedna-ke-star-by-dr-rajmal-bora/
5. https://rigipublication.com/books/detail/samvedna

# 21वीं सदी के नाटकों में मानवीय संवेदना

डॉ. दीपक विनायकराव पवार
हिंदी विभागाध्यक्ष,
दिगंबरराव बिंदु कला, वाणिज्य व
विज्ञान महाविद्यालय, भोकर, जि. नांदेड (महाराष्ट्र)

*शोध सार*

*हिंदी साहित्य को देखा जाय तो प्रारंभ से ही हर सदी में अनेकों पहलू को लेकर रचनाएँ आती रही है। आदिकाल से आज तक कई तरह के आंदोलनों से साहित्य भरा पड़ा है।आधुनिक साहित्य को भी शक्तिशाली बनाने में समय के रचनाकारों ने कोई कसर बाकी नहीं रखी। आधुनिक हिंदी साहित्य इस कार्य में बीसवीं शताब्दी में बहुत ही सफल रहा है तथा उसका प्रभाव 21 वीं सदी पर भी पड़ा है। इसमें दो राय नहीं कि, हिंदी साहित्य हर स्थिति, संभावनाओं पूर्ति करता हुआ नये-नये संदर्भों को नये-नये आंदोलनों की ओर झुका हुआ है।इसमें हिंदी साहित्य की नाटक विधा भी मानववीय संवेदनाओं को उजागर करने लगी है। नाटक का उद्भव और विकास काव्य और दृश्य काव्य दोनों रूप में हुआ । इसी दृश्य काव्य को सामान्य भाषा में नाटक तथा शास्त्रीय भाषा में रूपक कहा जाता है। माना जाता है कि, लिपि का उपयोग जब प्रारंभ भी नहीं हुआ था तब श्रव्य काव्य ही दृश्य काव्य का रूप लेकर संपर्क सेतू बना हुआ था इसी संघर्ष में शायद नाटक का जन्म हुआ होगा, क्योंकि संघर्ष मानव का मुल गुण तथा विकास यात्रा का जरिया है, इसलिए मानव जीवन के जूडे संघर्ष की गाथा ही नाटकों का मुल तत्व बनी है।डॉ. पशुपति के अनुसार "मनुष्य के संघर्ष के साथ ही समाज में वर्ग विभाजन और संपति के आधार पर प्रभूता और लघुता आंकी जाने लगी। ऐसे में प्रतिष्ठा पाने की तथा अधिक से अधिक धन पाने की होड आरंभ हुई।"1 हिंदी नाटक पर बात करने से पहले हमें मानवीय संवेदना को समझ लेना बहुत ही आवश्यक है।*

## मानवीय संवेदना

हमारे मन में सभी प्रकार के भाव संचित होते हैं, समय समय पर हम जैसी परिस्थितियों से गुजरते हैं वैसे ही भाव हमारे मन में उत्तेजित होते हैं। मानवीय संवेदनाएं मनोवैज्ञानिक रूप से हमें प्रभावित करती हैं। ये मानवीय संवेदनाएं मनोवैज्ञानिक रूप से एक मनुष्य के मन को दूसरे मनुष्य के मन से जोड़ती हैं यही कारण है कि कभी किसी व्यक्ति के दु:ख को देख कर हम अकस्मात ही दुख का अनुभव करते हैं यह हमारी ज्ञानेन्द्रियों के स्पंदन के कारण होता है। उस क्षण उसके लिए हमारे मन में संचित करुणा व दया के भाव उत्तेजित होते हैं।

सरल शब्दों में इन्हीं भावों की उत्तेजना को मानवीय संवेदना कहते हैं।

## संवेदना का अर्थ

संवेदना शब्द किसी एक विशेष अर्थ को व्यंजित नहीं करता। यह विविध अर्थों का बोधक है। संवेदना को हम व्याकरणिक तथा मनोवैज्ञानिक दोनों ही रूपों से समझ सकते हैं। संवेदना शब्द की व्युत्पत्ति 'सम' उपसर्ग पूर्वक 'विद' (वेदना) धातु में ल्युट प्रत्यय लगाने से होती है अर्थात सम +

वेदना=संवेदना। यह संवेदना का व्याकरणिक अर्थ है। इसका शाब्दिक अर्थ है– प्रत्यक्ष ज्ञान, अनुभूति, भावना जागृति, उत्तेजना आदि।

नाटक सभी साहित्यिक विधाओं में श्रेष्ठ है, क्योंकि इसमें काव्यानंदके साथ-साथ अन्य कलाओं का भी रसास्वाद मिलता है। वस्तुतः नाटककार किसी पात्र के द्वारा अपना मंतव्य किसी अमृत या विष के समान प्रेक्षक को परोसता है। अब प्रश्न यह उठता है कि, कला, कला के लिए हैं या जीवन के लिए ? भारतीय आलोचकों ने नाटक को पांच तत्वों में विभाजित किया है – वस्तु, पात्र, रस अभिनय और वृत्ति।लेकिन पाश्चात्य आलोचकों ने इसे छह भागो में विभाजित किया है। वस्तु, पात्र, कथोपकथन, देशकाल, शैली और उद्देश्य। डॉ. दशरथ ओझा ने 1281 में लिखा गया 'गयसुकुमारास' को हिंदी का प्रथम नाटक माना है।

जबकि अन्य साहित्यकारों ने भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा 1930 में लिखा गया नाटक 'वैदिकी हिंसा, हिंसा न भवती' को हिंदी का प्रथम नाटक माना है। अध्ययन करने से पता चलता है कि महाभारत और रामायन की सभी घटनाएं एक महानाटक के रूप में ही है और इसकी घटनाएं आज भी प्रासंगिक है। क्योंकि आज भी उन्हीं कारणों से समाज में अशांति और भयावह वातावरण बना हुआ है। धर्म, वर्ण. जाति, विरासत, संस्कृति, परम्पराएं, भ्रष्ट राजनीति, भक्ति की समाप्ति, जीवन मूल्यों एवंआदर्शों की समाप्ति विलासिता की अतिवृद्धी, ध्यान ,योग और तप जैसे संस्कारी तत्वों की कमी, सर्वत्र साम्प्रदायिक दंगे और हिंसा का वातावरण और इन सब कारणों से खतरे में पड़ी देश की आज़ादी इन सभी अराजक तत्वों से तब से अब तक वो ही घटिनाएं हो रही हैं।

डॉ॰ राम कुमार वर्मा, उपेन्द्रनाथ अश्क, सेठ गोविन्द दास, जगदीशचन्द्र माथुर आदि हमारे अनेक नाटककारों ने सुन्दर अभिनय-उपयोगी एकांकी नाटकों तथा दीर्घ नाटकों की रचना की है।
जयशंकर प्रसाद जी ने उच्चकोटि के साहित्यिक नाटक रच कर हिन्दी नाटक साहित्य को समृद्ध किया था, पर अनेक नाटक रंगमंच पर कुछ कठिनाई उत्पन्न करते थे। फिर भी कुछ काट-छाँट के साथ प्रसाद जी के प्राय: सभी नाटकों का अभिनय हिन्दी के अव्यावसायिक रंगमंच पर हुआ। जार्ज बर्नार्ड शॉ, इब्सन आदि पाश्चात्य नाटककारों के प्रभाव से उपर्युक्त प्रसादोत्तर आधुनिक नाटककारों ने कुछ बहुत सुन्दर रंगमंचीय नाटकों की सृष्टि की।

इन नाटककारों के अनेक पूरे नाटक भी रंगमंचों से प्रदर्शित हुए।शंबूक की हत्या निर्णय रुका हुआ हत्यारे गारे की दीवारप्रसिद्ध लेखक नरेन्द्र कोहली ने उपन्यास, कहानी तथा व्यंग्य के अलावा नाटक भी लिखे हैं जो बहुत पसन्द किए गए हैं। इस संकलन में उनके तीन विशिष्ट नाटक एक-साथ प्रस्तुत किए गए हैं। 'हत्यारे', 'शंबूक की हत्या' और 'गारे की दीवार', तीनों ही नाटक सफलतापूर्वक मंचित होकर साहित्य-जगत में धूम मचा चुके हैं। नरेन्द्र कोहली के सभी नाटक समाज और जीवन से जुड़ी उन मौलिकमानवीय संवेदनाओं की झलक दिखाई देती है।

21 वीं सदी अपने आप में एक विशिष्ट सदी है जो नीरंतर प्रगति और परिवर्तन के पथ पर अग्रेसर है। नाटक और रंगमंच के केंद्र में ग्लोबल मानव और उसकी अस्मिता सर्वत्र शामिल है। 21 वीं सदी को वैश्वीकरण के नाम से जाना जाता है।

सारा विश्व एक छोटी सी चीप में सिमट गया है।इस सदी के नाटकों पर दृष्टिपात करने पर पता

चलता है कि, वातावरण अब तो पहले से भी भयावह और थर्रा देनेवाला बना हुआ है।तो ऐसे में नाटकों की रचना भी सभी को आगाह करनेवाली ही होगी।श्रीकृष्ण बलदेव वेद का नाटक 'भूक आग है' जो 1998 में प्रकाशित हुआ था। शीर्षक से ही समाज का अतिविकोपी दृश्य सामने आता है। जिस समाज में मानव पेट की क्षुदा शांत करने के लिए अन्न से मोहताज है वहां तो भूख आग ही बनेगी।

मोनालिसा के तीन नाटक जो क्रमश: इस तरह से प्रकाशित हुए थे 'परिवार आंकड़ा'-2002, मुस्कान-2003, और कहते है जिसको प्यार- 2004 में लिखा गया है।जहां पर परिवार के सदस्यों का आंकड़ा बढ़ने पर परिवार के पालनहार को क्या, मुसीबते आती है यह चित्रण दिखाई देता है। ऐसा माना जाता है कि, मुस्कानजिसके मुखमंडल पर सदा बनी रहती है।

वही व्यक्ति सुखी है ऐसा माना जाता है, लेकिन लेकिन मुस्कान भी कई तरह की होती है जिसमें जहरीली मुस्कान, रहस्यमई मुस्कानखुशियों वाली मुस्कान, विषाद और दुखों से भरी मुस्कान, छोटे बालकों की भोली मुस्कान इत्यादी।डॉ. शामली के अनुसार"21 वीं सदी के अधिकत्तर नाटकों में स्री- पुरुष संबंधों में लहरा कर आती हुई गहरी दरारे जो कभी नहीं भरने वाली होती है। फिर भी वे अजनबी की तरह साथ है। अति आधुनिक जीवन की घोर विड़ंबना और उद्देश्य रहीत जीवन जहां किसी को पता नहीं कि, आखिर वे यह सबउठापठक किसलिए कर रहे है? जिस पैसों द्वारा सुख मिलेगा यहसोच कर नीति अनीति के संगम से पैसा कमाया, लेकिन पैसा कमाते-कमाते ही मृत्यू हो गई सुख भोगने का वक्त ही नहीं मिल पाया जीवन की एस अपाथापी में मनुष्य बद-से बदतर बनता जा रहा है।"2

मीरा कांत व विभा रानी 21वीं सदी की प्रमुख महिला नाटककार हैं। इन्होंने कई विधाओं में साहित्य का सृजन किया हैं। परन्तु नाटककार के रूप में अधिक जानी जाती है। नाटकों में स्त्री के विविध स्वरूपों और पुरुष के कुत्सित मानसिकता को उजागर करने का प्रयास करती है। इनके नाटकों में वर्तमान समाज की समस्या देखने को मिलता है।

जिनमें यौन शोषण जैसी प्रमुख समस्या जो विचारणीय है। अधिकतर पुरुषों ने स्त्रियों को हमेशा से अपने उपयोग की वस्तु माना और जब चाहा उनका शोषण किया व उनके अस्तित्व को नकारा। वर्तमान में कुछ पुरुष अपने ही बहु-बेटियों व बहनों को शारीरिक और मानसिक पीड़ा दे रहें है। स्त्रियाँ सदियों से शोषित हुई और हो रही हैं। इस आलेख में इस यात्रा को समझने और प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है। "मारा कांत का नाटक 'काली बर्फ' अब नाट्यत्रयी'कंधे पर बेठ श्राप'के साए से निकलकर अपनी अलग पहचान बना रहा है। नाटक के केंद्र में आतंकवाद से उपजा विस्थापन और उसका दर्द के जो आज विश्व की विकराल समस्या हैं।

दुनिया भर के करोडो लोग विस्थापित हैं। और अमानवीय स्थितिलगातार अपने पैर पसारती जा रही है इसलिए नाटक दो दशकोंके बाद भी प्रासंगिकता की मजबूत नींव पर खड़ा है। यह उन स्थितियों का नाटक है इसमें काश्मिर की जीवंत संस्कृत्ति बेबस आँखो के सामने दम तोड़ती है इसमें घायल अस्मिता के साथ जड़ों से उखड़ने का दर्द ढोते परिवार तो घाटी में आतंकवाद के काले साए से ड़री सहमीमजबूर जिंदगी जीते हुए लोग भी है।

प्रत्येक कृति की अपनी एक रडनात्मक यात्रा होती है। सृजन की संवेदना या विचारों के बीच का अपनी मिट्टी में पलके खोलना ही इस यात्रा का आरंभ है।"3

सुरेस शुक्ल चंद्र का प्रसिद्ध नाटक है एस नाटक के केंद्र में मुलरूप .डॉ 'काला पत्थर'

सामाजिक समस्याओं पर नाटककार ने बखुबी से चिंतन किया है। जिनमें सूदखोरी, वालविवाह, महिलाओं पर अत्याचार बेटी और बेटे के बीच अंतर बहुविवाह, अनमेल विवाह धार्मिक अंधविश्वास रूढियाँ पोलिस की रिश्वत खोरी, पंचायतों के तुगलकी फरमान, चोरी गुंडागीरी आदि के बीच यूवा पीढी की जनजागृकता है नाटक पात्र या तो इन समस्याओं से जूझ रहे है या इनसे मुक्ति की कोई योजना बनाते दिखाई देती है इन पात्रों की सृजना समस्याओं को केंद्र में रखकर की गई है। फिर भी नाटक की कथात्मकता निरंतरता यदि आद्यांत बनी रहती है। तो उसका मुख्य कारण यही है कि, ये समस्याएं हमारे समाज में सदियों से बनी हुई है इस नाटक के पात्रा हमारे समाज में सामान्य लोगों के बीच के ही पात्र लगते है। जिनसे हर पाठक कहीं न कहीं परिचित है।

अंत हाजिर हो' नाटक में स्त्री समस्या को दिखाया गया है। स्त्रियों को जन्म से ही कई बंधनों, नियमों, रीति-रिवाजों से बाँध दिया जाता है, जिसे आगे चलकर अपने लिए वह आवाज नहीं उठा पाती और पुरुषों का शिकार किसी-न-किसी रूप में होती है। वर्तमान में घर-परिवार के सदस्यों से शोषित हो रही है। अपने ही भाई व पिता जो घर का मुखिया या रक्षक होता हैं, आज वही अपने ही बहन-बेटियों का यौन शोषण कर रहा हैं।

इस नाटक में शिल्पा की बड़ी बहन अनु व छोटी बहन तनु अपने ही पिता से यौन शोषण का शिकार होती हैं। शिल्पा की माँ को लकवा मार देने से पूरा घर बिखर जाता है। पिता नशे के आदी हो जाते और अपनी बेटियों के प्रति गलत नजर रखते है। एक बार छोटी बेटी तनु को रेजर की जरूरत होती है जिसे रात को पापा के कमरे से ले लेती है और उसे रखना भूल जाती है। पिता रेजर ढूंढते हुए छोटी के कमरे तक पहुँच जाते हैं और वही रेजर छोटी के कमरे से लेते हैं। उसी समय छोटी बाथरूम से निकलती और पिता को अचानक देख बहुत असहज व निर्वस्त्र स्वयं को महसूस करती है, क्योंकि पिता बुरी नजर से देखते है।

इस तरह पिता का देखना उसे बहुत आश्चर्य लगा और कहती है- स्लीबलेश ब्लाउज से बाहर निकली मेरी बाहों को उन्होंने देखा। अच्छी तरह। फिर मुस्कुराये। रेजर दिखाकर बोले, " ये तुम लाई थीं?'' फिर मेरे पास से होकर जाते हुए उसी रेजर को उन्होंने हल्के-से मेरी बाहँ पर मारा। और मुस्कुराते हुए निकल गये...। ढेर सारी छिपकलियाँ बाँहों से होती हुई मेरे पुरे पर रेंगने लगी थी। उस मुस्कान से जैसे मेरी देहही उघड़ गई थी ऐसा लगा कपड़े बदलते हुए कमरे का दरवाजा बंद करना भूल गई हूँ। मैं निर्वस्त्र हूँ और दरवाजे पर पापा खड़े हैं। वैसे ही मुस्कुराते हुए।"4

डॉ. सुधीर सागर का एकांकी नाटक 'मुनिया' २००९ में लिखा गया है। इस एकांकी नाटक में दलित स्री के पीड़ा को दिखाया गया है। दलित समाज की स्री कितना भी पढ़-लिख ले उसको किसी न किसी उपनाम से बुलाया जाता है। इस नाटक की नायिका मुनिया है जो पढ़-लिखकर डॉक्टर बन जाती है फिर भी उसे भंगन डॉक्टरनी कहा जाता है। इस नाटक के अंत में डॉ. श्वेता कहती है, "दद्दा अगर में आपकी बात मानी होती आज किसी का पखाना साफ कर रही होती। अपने तो कुछ कसर नहीं छोड़ी थी। मुझे झाडूवाली बनाने में। आपने भरसक प्रयास किया था कि मैं पढ़ना-लिखना छोड़ दूँ। आप ही ने बताया था न मुझे की गांधी जी ने हमारे इस गंदे काम को परूषार्थ कहा है। और यह भी की अगर उनका पुनर्जन्म होता

तो तो वे हमारी बिरादरी में जन्म लेना पंसद करते। ठाकूर दद्दा अगर धन्यवाद करना है, तो बाबासाहब डॉ.अम्बेडकर का कीजिए उन्हीं के संदेश से मैं डॉक्टरनी बनी और आपकी बहु की जान बच्चा सकी।" 5दलित साहित्य को समृद्ध करने में इनदलित नाटककारों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। वर्तमान समय में दलित नाटक लिखे जा रहे हैं और मंचन भी किया जा रहा है।

रूपनारायण सोनकर नाटककार तथा फिल्म अभिनेता हैं। दलित साहित्य के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में सामने आते है। कविता, कहानी, उपन्यास के साथ-साथ कई नाटक और एक आत्मकथा आदि साहित्यिक विधाओं में लेखनी चलायी है। नाटक विधा के संबंध में रूपनारायण सोनकर का मानना है कि, "विभिन्न प्रकार के टी. वी. चैनलो की वजह से हमारी साहित्यिक नाटक विधा विलुप्त होती जा रही है। मैंने इस प्रकार की नाटकों की संरचना की है, जिनको मंच पर देखने से आपका टी.वी. सीरियलों जैसा मनोरंजन होगा। जब ये नाटक टी. वी. में प्रसारित किए जाएंगे तो आपको बिल्कुल मंच के नाटकों का भी आनंद आएगा।"6

इनके चर्चित नाटक 'एक दलित डिप्टी कलेक्टर', 'विषधर', 'महानायक', 'छायावती' हैं। इनको एन. डी. तिवारी ने सोनकर के अंग्रेजी कहानी संग्रह 'प्लाजनस रूट्स' का लोकार्पण करते हुए उन्हें एक ऐसा दलित लेखक बताया जिसकी कलम से दबे- कुचले व कमजोर वर्गों को संघर्ष का रास्ता मिलता है।
संवेदनाओं का सीधा संबंध हमारी भावनाओं और बोध से होता है। संवेदना का भाव केवल मानव को मानव से नहीं जोड़ता बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी हमारे मन में ये भाव उत्तेजित होते हैं। संवेदना की कोई सीमा नहीं, ये असीम भाव हैं। जिनसे हमारा कोई रिश्ता नहीं होता उनके प्रति भी हमारे मन में संवेदना उत्पन्न हो जाती है। मानवीय संवेदनाओं और अन्य जीवों की संवेदनाओं में मूलभूत अंतर स्वार्थ एवं बुद्धि का है।

**संदर्भ ग्रंथ-**

1. डॉ.पशुपति नाथ उपाध्याय, हिंदी नाटक एवं रंगमंच, पृ.37
2. डॉ. शामली एम.एम.- आधुनिक हिंदी के नाटककार- शंकर शेष पृ.133)
3. हिंदी नाट्य साहित्य : विविध परिदृश्य, सं. डॉ.एस. ए. ठाकूर,अक्षारा प्रकाशन पृ.16,17
4. मीरा कांत,अंत हाजिर हो,भारतीय ज्ञानपीठ,दिल्ली, 2012 पृ.सं. 57-58
5. हिंदी दलित एकांकी संचयन, सर्वेश कुमार मौर्य, सम्पादक, पृ.187)
6. रहस्य- रूपनारायण सोनकर, पृ.7

## नए समय के नए समाज की कहानी "एक दिन अचानक"

**प्रो. डॉ परविंदर कौर महाजन**
**हिन्दी विभागाध्यक्ष,**
**नेताजी सुभाषचंद्र बोस महाविद्यालय, नांदेड़**

साहित्य समाज का दर्पण होता है। मानव जीवन के यथार्थ को चित्रित करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। कहानी विधा साहित्य की लोकप्रिय आधुनिक विद्या है। प्राचीन कहानी साहित्य का उद्देश्य मनोरंजन था किंतु आज बदलते आधुनिक युग के अनुसार कहानी साहित्य का उद्देश्य भी बदलता नजर आता है। आधुनिक कहानीकारों ने बदलते आधुनिक युग की बदलती अवधारणाओं को और समाज को अपनी कहानियों के केंद्र में रखा। मानव जीवन में इस आधुनिकता एवं यांत्रिकता के कारण आए इस परिवर्तन को उन्होंने नग्न यथार्थ रूप में चित्रित करने का प्रयास किया। "साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है,बल्कि यह समाज की वास्तविकताओं को समझने और उनमें सुधार लाने का एक प्रभावी उपकरण भी है। यह समाज के विचारों,संवेदनाओ और सांस्कृतिक संरचनाओं को प्रतिबिंब करता है। हिंदी साहित्य में ऐसे अनेक लेखक हुए हैं,जिन्होंने मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक दायित्वों को अपने लेखन का विषय बनाया।" 1 ऐसे ही साहित्यकारों में नए समय पर पैनी नजर रखने वाले ज्ञानप्रकाश विवेक जी का नाम महत्वपूर्ण है। नए समय केप्रसिद्ध गजलकर,कहानीकार और उपन्यासकार ज्ञानप्रकाश विवेक जी ने हिंदी साहित्य को एक नया अंदाज बख्शा है, "उन्होंने न सिर्फ कहानी को कलात्मक ऊंचाई प्रदान की है बल्कि ऐसी नई कथा भाषा का भी सृजन किया है जो संवेदन लय से भरपूर है। जिसमें जीवन राग है और दरिया की रवानी। इस नई कथा भाषा ने ज्ञानप्रकाश विवेक की कहानियों को न सिर्फ वैभवशाली कहानीपन दिया है बल्कि नए समय के नए यथार्थ की चुनौती,हलचल,बेचैनी,व्याकुलता,आवेग और जिज्ञासाओं के लिए भी नुकीले दृष्टिबोध की खोज की है।"2 विवेक जी के प्रसिद्ध कहानी संग्रह 'कालखंड' की कहानी नए समय के नए समाज के बीहड़ में गहरे तक उतरती है। "एक दिन अचानक" इसी प्रकार की यथार्थ बोध कराने वाली कहानी है । "एक दिन अचानक" कहानी ऊपरी तौर पर अशोक और विजय के बीच के वार्तालाप की कहानी नजर आती है ।

किंतु इस कहानी में लैंडलाइन पर भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के वार्तालाप को मूल संवेदना के रूप में हम देख सकते हैं। अशोक अपने मित्र विजय की सेहत के बारे में जानने के लिए लैंडलाइन से उससे बात करना चाहता है।पर मूसलाधार बारिश में मोबाइल सेवाएं ठप होने के कारण लैंडलाइन पर अलग-अलग कनेक्शन एक साथ मिल जाने पर विभिन्न व्यक्तियों के अलग-अलग संवादों से यह कहानी आगे बढ़ती जाती है।आज के इस आधुनिक युग में यांत्रिकता से भरपूर मानव की खत्म हो रही मानवीय संवेदना को उजागर करती यह कहानी बदलते मूल्य के बदलते अर्थ को कई रूपों में चित्रित करती है।

कहानी आरंभ होती है इतवार के छुट्टी के दिन के मूसलाधार बारिश से। बिजली के पोल टूट जाने के कारण मोबाइल सेवाएं ठप हो चुकी थी। अचानक अशोक के घर फोन की घंटी बजती है । हेलो हेलो कहने के बाद फोन बंद हो जाता है और दूसरी बार घंटी बजाने पर जब अशोक फोन उठाता है तब कई सारे कनेक्शन एक साथ मिले हुए पाता है। यह दो आवाज़ें थी - सहगल और खरबंदा की। एक बधाई दे रहा था और दूसरा बधाई ले रहा था। अशोक को दोनों

मेट्रोमैन नजर आने लगे। वह चुपचाप उनकी बातें सुनता है कि किस प्रकार से सहगल साहब की महानता का बखान खरबंदा कर रहा है। सहगल साहब भी अपने महान होने का बखान सुनाते हैं कि ऐसे ही कोई महान नहीं बनता बल्कि अपने अंदर महानता पैदा करनी पड़ती है और यह महानता सहगलसाहब ने दौलत कमाकर पैदा की है। उनके लिए महानता का अर्थ खूब पैसे कमाना और प्रॉपर्टी जमा करना है । ज्ञान प्रकाश विवेक जी आज के समय के लोगों की नजर में महानता की व्याख्या करते हैं कि, "यह नए समय की महानता थी। खूब कमाना महानता । खूब खर्च करना महानता । प्रॉपर्टीयां खरीदना महानता । उन्हें महंगे दाम पर बेचना महानता। कारें रखना महानता और चार-चार कारें रखना। कारें महान बनाती थीं । शीवास रीगल महान बनाती थी। लग्जरी फ्लैट और गुड़गांव में कोठी महान बनाती थी।... महानता का गीत,कारों का महात्तम कोठियों का भजन,फार्महाउस का कीर्तन,उनकी टेलिफोनिक वार्ता में कुछ देर चलता रहा। फिर दोनों,एक दूसरे से ऊबने लगे। बोर होने लगे।फोन डिस्कनेक्ट हो गए। महानता का अश्लील गीत बंद हो गया।" 3

महानता के इस विराट दर्शन से अशोक उभर भी नहीं पाया था की फोन की घंटी फिर बज पड़ी जिसमें दो आवाज़ें थी,लड़का-लड़की की आवाज़ें । लड़की ने लड़के को 'रास्कल' कहा और लड़के ने लड़की को 'बिच' कहा।फिर वह उसे 'ड्रैकुला' कहती है तो वह उसे 'वैंपायर' कहता है और दोनों हँस पडते हैं जैसे यह गालियां नहीं प्रार्थनाएं थी जो दोनों को ताजादम कर गई। दोनों का प्रेम आधुनिक समय की आधुनिक अंताक्षरी में बदल गया जिसमें बीच-बीच में तरह-तरह की आवाज़ें भी आने लगी। यह नए समय का आधुनिक प्रेम था , "वो अपनी दुनिया में थे। सेक्स की सनसनाती दुनिया-जो उन्होंने आवाजों से पैदा की थी। यह नए समय का प्यार था जिसमें भावनाओं की जगह बहुत कम थी। जिसमें उत्तेजना का ज्वार था। यह प्यार था जो फोन के जरिए चल रहा था।" 4 बड़े ही व्यंग्यात्मक ढंग से लेखक नए समय के इस प्रेम का वर्णन कर रहे हैं जिसमें केवल और केवल उत्तेजना और वासना भरी है।

अशोक अपने मित्र विजय से बात करना चाहता है। फिर फोन की घंटी बजती है तो उसको लगता है कि शायद विजय है।पर इस बार तो दो नहीं,एक साथ तीन-तीन आवाज़ें उलझ गई थी। दो पुरुष के बीच में एक स्त्री की आवाज और नैतिकता की सारी हदें पार कर यह दोनों पुरुष उस नारी पर लीजलिजाती हंसी के ठहाके मारने लगते हैं। फोन रखकरअशोक कितनी देर सोचता रहा - क्या यह आवाज़ हमारे समाज की है? कितना अराजक और उच्श्रृंखल हमारा समाज है। फिर फोन की घंटी बजती है। जैसे कि अशोक को पहले से ही गलत नंबर मिलने का आभास हो रहा था ठीक यह गलत नंबर ही था।यह संवाद था दो लोगों के बीच का जिसमें मां भगवती के जागरण के लिए निमंत्रण देने बाऊजी ने फोन लगाया था। माता रानी की कृपा से मेन रोड पर दुकान लेने ,दो फ्लैटऔर एक 400 गज का प्लाट लेने की खुशी में बाऊजी माता के दरबार में दर्शन कर आए थे। वहाँ केयरटेकर को हजार का नोट थमा कर एकदम खुले दर्शन उन्होंने किए थे। एक विधवाऔरत जो गठिया की मरिज थी उनके फ्लैट में रहती थी, किराया भी टाइम पर दे रही थीलेकिन इन्होंनेउस बेचारी मरीज को डॉक्टर के पास ले चलने का बहाना बनाकर स्टेशन के मुसाफिर खाने में अकेले बिठाकर आ गए। और इस तरह अपना फ्लैट खाली करवा लिया। इस समय की इस नई धार्मिकता का बयान लेखक करते हैं कि, "धार्मिक वार्ता समाप्त हो गई थी।वार्ता अति पवित्र थी। गठिया की मरीज सेफ्लैट जिस तरह खाली करवाया गया,वह आचरण भीबहुत पवित्र था। वह बुढ़िया मुसाफिर खाने में मर गई होगी,जहां आवारा पशु,गायें,कुत्ते,सांड सब बैठे होते हैं । क्या पता किसी ने 'अननेम्ड लगेज' की तरह उसे रेल के किसी डिब्बे में डाल दिया हो।"5

अब अशोक ने तय कर लिया था कि फोन नहीं उठाएगा ।घंटी फिर बजती है । दोस्त से बात करने केआशा से वह रिसीवर उठा लेता है।पर फिर वही गलत नंबर,और अब इस बार थे पिता-पुत्री । यह बेटी अपने पिता से अपना बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिएअपनी फ्रेंड्स के लिए खाने के साथ-साथ बीयर और वोडका भी मंगवाने की बात करती है। पिता भी बड़ी खुशी-खुशी अपनी बेटी को एंजॉय करने की बात करते हैं। गिफ्ट में डायमंड रिंग और ब्रेसलेट देने वाले पिता उस बेटी के लिए ग्रेट बन जाते हैं। फोन पर की यह पिता-पुत्री के बीच की बर्थडे टॉक खत्म हो जाती है । अशोक सोचने के लिए के लिए मजबूर हो जाता है, “मेरा मन खलिश और किसी अनजान-सी निर्मोही भावना से भर गया था। पूरा दिन मैंने धन के वैभव की ‘ऑडियो ’कथाएं सुनी। धन जब बहुत हो और उसे खर्च करने के फिसलन भरे रास्ते ढूंढे जाए तो वह अश्लील लीला में बदल जाता है।” 6

कहानी के अंत में विजय का फोन अशोक को बराबर लगता है और दोनों में आत्मीयतापूर्वक बातें होती है । विजय अशोक का बहुत ही जिंदादिल इस प्रकार का कॉलीग था, लेकिन अपनी बीमारी के कारण अकेलेपन से घिरा वह अवसाद में नजर आ रहा था। दोनों में अपने पिछले वक्त की सुनहरी खुशहाल यादों की बातें होती है । वह वक्त जब वे मनुष्य थे और यांत्रिकता ने उनके अंदर प्रवेश नहीं किया था। वह वक्त जब चवन्नियाँ और अठन्नियाँ ही उनकी जिंदगी में सादगी के प्रतीक हुआ करते थे।अशोक अभी-अभी फोन पर जितने भीवार्तालाप सुन चुका था ,बदलते समय में खत्म हो रही संवेदनशीलता और भावनात्मकता को महसूस कर रहा था। अशोक नकारात्मक भाव से इस समय बाजार में चवन्नियाँ नहीं चलने की बात करता है। लेकिन विजय द्वारा कहा गया वाक्य कि ‘दोस्तों में जज्बातों के सिक्के अब भी चलते हैं’ कहीं ना कहीं एक आशा की किरण दिखा जाता है।

यह कहानी केवल मात्र लैंडलाइन का वार्तालाप नहीं है बल्कि लेखक ज्ञान प्रकाश विवेक जी ने इसमें समाचार पत्र और दूरदर्शन इन माध्यमों द्वारा भी समाज में व्याप्त अराजकता और अमानवीयता को चित्रित करने का प्रयास किया है। अखबार में छपी एक खबर का वर्णन इस कहानी में आता है जिसमें चित्रित बेलिहाज अर्थात निर्लज्ज सामाजिक विडंबना कोउजागर किया गया है । खबर थी बाढ़ की । विडंबना यह की बाढ़ में मरने वालों की संख्या बताई जाती है,पर उनके दुख का कोई उल्लेख नहीं किया जाता। लेखक का चुभता व्यंग्य कि , ‘ पानी में जो गर्क हो गया,वह मनुष्य ही तो था,कोई कागजी कश्ती नहीं थी’ मनुष्य के भीतर की मरती संवेदनशीलता की ओर इशारा करती है। क्योंकि कोई श्रद्धांजलि,कोई गम कहीं नहीं दिखाई देता। बाकी लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता और जीवन उसी रफ्तार से चलता रहता है।

एक और बेशर्म ,निर्लज विडंबना की बात लेखक करते हैं- एक तरफ एक उद्योगपति अपनी बेटी के इक्कीसवें जन्मदिन पर ढाई करोड़ की कार उसे भेंट करता है,तो दूसरी तरह एक गांव के गरीब मां-बाप ने अपने बेटे के छठे जन्मदिन पर उसे आठ रुपए और सवा किलो चावलों के एवज में बेच दिया था । आज के इस क्रूर दौड़ में लोग चाहते हैं कि उनके बेवकूफ बच्चे पैदा हो, जो सोचने-विचारने में वक्त जाया ना करें और ना दिल पर बोझ डालें। क्योंकि समाज इतना निर्मम है कि सोचनेवाले लोग या तो मारे जाते हैं या फिर विक्षिप्त हो जाते हैं।

इस प्रकार “एक दिन अचानक” यह कहानी इक्कीसवीं सदी के नए समय के नए समाज के विभिन्नरूपों को विभिन्न प्रसंगों के आधार पर यथार्थ रूप मेंचित्रित करता है। यह यांत्रिकीकरण का युग जिसमें मनुष्य पैसे की अंधी दौड़ में भावनाओं और संवेदनाओं को पीछे छोड़कर अंधाधुंध भागता जा रहा है। आवश्यकता है समाप्त होती इस

मानवीय संवेदना को फिर से जीवित करने का।

## संदर्भ सूची

1 https:/www.allreserchjournal.com
2 फ्लैप से,कालखंड,ज्ञानप्रकाश विवेक
3 कालखंड, ज्ञानप्रकाश विवेक,पृष्ठ 39
4 वही ,पृष्ठ 41
5 वही, पृष्ठ 45
6 वही, पृष्ठ 47

# 21वीं सदी का उपन्यास और मानवीय संवेदना
## (विशेष संदर्भ : ज्ञानप्रकाश विवेक जी के उपन्यास)

**चित्रा संभाजी जोंधळे**
**शोधछात्र**
**पीपल्स महाविद्यालय, नांदेड़.**
**और**
**डॉ. रत्नमाला धारबा धुळे**
**शोधनिर्देशक**
**असोसिएट प्रोफेसर**
**श्रीयोगानंद स्वामी कला महाविद्यालय,**
**वसमत, जिल्हा हिंगोली, महाराष्ट्र.**

21वीं सदी के इस आधुनिक युग में समाज के बदलते परिवेश को देखते हुए तथा मानवीयता को परखते हुए आधुनिक युग के साहित्यकारों ने अपने रचनाओं के माध्यम से समाज में बदलाव लाने हेतु तथा आनेवाली पीढ़ी में रचनाओं के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को जागृत कर अपने जीवन में बदलाव ला सके इसलिए लेखकोने अपनी रचनाओं में मानवीय संवेदना का चित्रण किया है। इसमें बदलते मानवी और मूल्यों को सामाजिक बदलाव तकनीक की विकास व्यक्तिगत संघर्ष सामाजिक विषम था विस्थापन और पलायन स्त्री विमर्श दलित विमर्श आतंकवाद आदिवासी जीवन युवा पीढ़ी की समस्या है ग्रामीण जीवन सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा आदि मुद्दों के माध्यम से रचनाकार ने मानवीय संवेदनाओं को अपनी रचनाओं में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

**मानवीय संवेदना का अर्थ :**

मानव मस्तिष्क के सामान्य और सरलतम प्रक्रिया को संवेदना के माध्यम से प्रस्तुत करना या मानवीय मन के भाव को रचना में उतरना या दूसरों के दुख दर्द को समझना, उनके प्रति सहानुभूति रखना जिसे हम मानवीय संवेदना कह सकते हैं।

मूलतः संवेदना का संबंध मानव के मन से होता है किसी वस्तु को देखकर मन में जो तरह-तरह के भाव उत्पन्न होते हैं वही संवेदनाएं है।

**मानवीय संवेदना की परिभाषा :**

मानवीय संवेदना का मानव मन से संबंध होता है। मानवीय मन में उत्पन्न होने वाली भावना या अनुभव है, जो किसी घटना, विचार या स्थिति के प्रति गहरी प्रतिक्रिया होती है।

१) भोलानाथ तिवारी और महेंद्र चतुर्वेदी -

भोलानाथ तिवारी और महेंद्र चतुर्वेदी के अनुसार संवेदना अंग्रेजी के सेंसिटिबिटी, सेंसेशन, सेंसिबिल्टी, फीलिंग का समानार्थी शब्द है।

२) वैज्ञानिक परिभाषा कोष -

इसमें मनोविज्ञान कला साहित्य शास्त्र आदि में इंद्रियों का ऐसा व्यापार जिसकी अनुभूति

तो होती है परंतु अभिव्यक्ति नहीं हो पाती उसे मानवीय संवेदना कहते हैं।

संवेदना मनुष्य को मनुष्यत्व की पहचान कराती है और उसे सामाजिक विषमताओं, रूढ़ियों और परम्पराओं से जकड़े हुए मनुष्य की स्थिति को समझने में मदद करती है।

**साहित्य में मानवीय संवेदना :**

साहित्य में मानवीय संवेदना से ही रचनाओं का निर्माण हुआ है साहित्य में मानवीय संवेदनाएं मानव मात्र की आशाओं ने आशाओं सुख-दुख अपेक्षा कुंता मान- अपमान, राग-द्वेष,हर्ष-शोक, प्रेम-घृणा आदि के साथ-साथ सामाजिक विषमता, रूढ़ियों, परंपराओं में जकड़ा मजबूर मनुष्य और उसकी टूटती बिखरती आशा, मध्यमवर्गीय तनाव, घुटन तथा अजनबीपन आदि की अनुभूति कराती है।

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

## २१वीं सदी में गीताश्री का 'हसीनाबाद' उपन्यास और मानवीय संवेदना

मनीषा पंढरी वाघमारे
शोध छात्रा
अध्यक्ष, हिंदी विभाग
पीपल्स कॉलेज, नांदेड.
और
प्रो. डॉ. पाईकराव एस.एस
शोध निर्देशक
यशवंत महाविद्यालय

२१वीं सदी में हिंदी साहित्य में कई ऐसे उपन्यास प्रकाशित हुए हैं, जिन्होंने समाज की वास्तविकताओं और मानवीय संवेदनाओं को न केवल बारीकी से चित्रित किया, बल्कि पाठकों को उन जटिलताओं पर विचार करने पर भी मजबूर किया। गीताश्री का उपन्यास "हसीनाबाद" इसी श्रेणी का एक महत्वपूर्ण कार्य है, जो मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक असमानताओं और संघर्षों को बहुत ही संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत करता है। यह उपन्यास केवल एक गाँव की कहानी नहीं है, बल्कि यह पूरे भारतीय समाज की जटिलताओं, वर्ग संघर्षों और मानवीय रिश्तों की परतों को खोलता है।२१वीं शती में केवल अँधेरा ही अंधेरा या जीवन का श्याम-पक्ष ही है, इस शती के गए १०-१२ वर्षों में न केवल विश्व ने अपितु भारत ने भी अनेकमुखी प्रगति की है।सामान्य व्यक्ति, मध्य वर्ग, उच्च मध्य वर्ग, उच्च वर्ग तथा समाज के उच्चतम वर्ग के जीवन-स्तर में अभूतपूर्व सुधार, साधन सम्पन्नता में बढ़ोतरी हुई है।

ज्ञान-विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संसाधनों ('इन्फ्रास्ट्रक्चर'), सैन्य-संसाधनों, आदि, आदि की दृष्टि से इस शती में आश्चर्यजनक अभिवृद्धि हुई है किन्तु साहित्य का दायित्व मनुष्य के सामने पसरे घने अँधेरों और कुहासों से लड़ने और संस्कृति के श्रेष्ठ मूल्यों को बचाने का है जिससे यह जीवन निरन्तर जीने योग्य बना रहे...। इस दुर्धर्ष परिवेश और इसके अनेक अँधेरों से लड़ने की शक्ति शब्द की ही हो सकती है। साहित्य की विभिन्न विधाएँ इस ओर पूरी तरह सचेत होकर अपनी तरह से लड़ाई लड़ रही हैं। हिन्दी उपन्यास भी इन सब स्थितियों का प्रतिरोधी स्वर रचता हुआ प्रकाश की अनेक किरणें सिरजता है।

**मानवीय संवेदना का अर्थ :**

वह भावना या स्थिति जिसमें किसी अन्य व्यक्ति के दुख, पीड़ा, या सुख को समझने और महसूस करने की क्षमता होती है। यह एक ऐसी गुण है जिससे हम दूसरों के प्रति सहानुभूति, दया और करुणा महसूस कर सकते हैं। मानवीय संवेदना का मुख्य उद्देश्य दूसरों के साथ अच्छे संबंध बनाना और समाज में सहयोगपूर्ण वातावरण उत्पन्न करना है।

**मानवीय संवेदना की परिभाषा :**

"वह मानसिक और भावनात्मक स्थिति जिसमें व्यक्ति दूसरों के दुःख, पीड़ा, और समस्याओं को समझने और महसूस करने की क्षमता रखता है। यह दूसरों के प्रति सहानुभूति, करुणा और दया का अनुभव करने का एक गुण है, जो सामाजिक और व्यक्तिगत संबंधों को सशक्त बनाता है।"

मानवीय संवेदना पर विभिन्न लेखकों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से विचार किए हैं। यहाँ कुछ प्रमुख लेखकों की परिभाषाएँ और उनके विचार प्रस्तुत किए जा रहे है -

१. **महात्मा गांधी:** गांधीजी ने मानवीय संवेदना को "दूसरों के दुःख और पीड़ा को अपने दुःख के रूप में महसूस करने की क्षमता" के रूप में परिभाषित किया। उनके अनुसार, मानवता का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है, दूसरों के साथ दया और करुणा का व्यवहार करना।

२. **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन:** डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, मानवीय संवेदना "हमारी अंतरात्मा की आवाज है जो हमें यह महसूस कराती है कि, हम सभी एक ही मानवता से जुड़े हैं"। उनका मानना था कि संवेदना और सहानुभूति के बिना समाज में सच्ची शांति संभव नहीं है।

३. **हेलन केलर:** हेलन केलर, जो स्वयं दृष्टिहीन और श्रवणहीन थीं, मानवीय संवेदना को "मानवता की सच्ची पहचान" के रूप में प्रस्तुत किया। उनका कहना था, "जब हम दूसरों की पीड़ा को महसूस करते हैं और उनकी मदद करने का प्रयास करते हैं, तब हम वास्तविक मानवता को जीते हैं।"

४. **Leo Tolstoy (लियो टॉल्स्टॉय):** टॉल्स्टॉय के अनुसार, "मानवीय संवेदना वह शक्ति है जो हमें अपने दिल में दूसरों के दर्द और खुशी को महसूस करने की अनुमति देती है। यह प्रेम और दया का मूल है जो मानवता को श्रेष्ठ बनाता है।"

५. **रवींद्रनाथ ठाकुर (रवींद्रनाथ ठाकुर):** रवींद्रनाथ ठाकुर ने भी मानवीय संवेदना पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनके अनुसार "मानवीय संवेदना सिर्फ अपने दुःख-दर्द तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह हमारी ज़िम्मेदारी भी है कि, हम दूसरों के दुःख और संघर्ष को समझें और उनकी मदद करें।"

६. **अल्बर्ट आइंस्टीन:** आइंस्टीन ने मानवीय संवेदना को "ब्रह्मांड के प्रति हमारी वास्तविक समझ और सहानुभूति" के रूप में परिभाषित किया। उनका कहना था कि, "जब हम यह समझते हैं कि हम सभी एक ही ब्रह्मांड के हिस्से हैं, तब हमारी संवेदनाएँ और सहानुभूति स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती हैं।"

इन लेखकों के विचार यह स्पष्ट करते हैं कि, मानवीय संवेदना का मुख्य उद्देश्य न केवल व्यक्तिगत संतोष प्राप्त करना है, बल्कि समाज में एकता, शांति और प्रेम की भावना को फैलाना है। यह हमें दूसरों के दुखों को महसूस करने, उनकी मदद करने और एक दूसरे के प्रति सहानुभूति रखने की प्रेरणा देती है।

**उपन्यास का सामाजिक और भौगोलिक संदर्भ :**

'हसीनाबाद' एक छोटे से गाँव की कहानी है, लेकिन इस गाँव के भीतर जो सामाजिक संरचनाएँ और संघर्ष प्रकट होते हैं, वे समग्र भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। हसीनाबाद का भौगोलिक संदर्भ और सामाजिक ढांचा उपन्यास की पूरी संरचना को प्रभावित करता है। गाँव में एक ओर जहाँ गरीब और अमीर वर्ग के बीच खाई है, वहीं दूसरी ओर जातिवाद और सामाजिक असमानताएँ भी विद्यमान हैं। यह उपन्यास इस असमानता को चित्रित करते हुए यह सवाल उठाता है कि, क्या समाज में बदलाव केवल आर्थिक पहलुओं के कारण आता है? या फिर यह मानसिकता और सामाजिक ढाँचे में भी बदलाव की आवश्यकता है।

गीताश्री ने इस उपन्यास में समाज की उस वास्तविकता को उजागर किया है, जो केवल महानगरों और शहरी क्षेत्रों में नहीं, बल्कि गाँवों में भी मौजूद है।'हसीनाबाद' उपन्यास के माध्यम से गीताश्री ने

भारतीय समाज की असमानताओं, भेदभावऔर सामाजिक ताना-बाना को बहुत गहराई से प्रस्तुत किया है।

**पात्रों की मानवीय संवेदनाएँ और संघर्ष :**

'हसीनाबाद' के पात्र केवल काल्पनिक नहीं हैं, बल्कि वे समाज के विभिन्न हिस्सों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन पात्रों का आंतरिक संघर्ष,भावनाएँ और संवेदनाएँ हर पाठक को प्रभावित करती हैं। रामनाथ, सुलोचना, कृष्णा और शशिकला जैसे पात्र उपन्यास की धारा को जीवन्त बनाते हैं। इन पात्रों के माध्यम से गीताश्री ने समाज की जटिलताओं को बहुत प्रभावशाली तरीके से उजागर किया है।

रामनाथ एक साधारण किसान है, जो गाँव में संघर्ष कर रहा है। वह अपने परिवार की भलाई के लिए परिश्रम करता है, लेकिन उसे कभी भी उसके श्रम का उचित प्रतिफल नहीं मिलता। उसकी स्थिति उस किसान की है, जो हर दिन नई उम्मीदों के साथ अपना जीवन जीता है, लेकिन समाज में व्याप्त असमानताओं के कारण उसे हमेशा अपने अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। रामनाथ का संघर्ष केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि यह उसका एक मानसिक और आत्मिक संघर्ष भी है, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करता है।

वहीं, सुलोचना और शशिकला के पात्रों के माध्यम से गीताश्री ने महिला संघर्ष को एक महत्वपूर्ण स्थान दिया है। सुलोचना, जो अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती है।समाज और पारिवारिक बंदिशों से जूझ रही होती है, उसकी स्थिति उस महिला की है जो पारंपरिक मान्यताओं को तोड़ने की कोशिश करती है। सुलोचना का जीवन केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष नहीं है, बल्कि यह सामाजिक स्तर पर भी एक संदेश देता है कि महिला को समाज में अपने अस्तित्व और पहचान के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

**प्रेम, त्याग और रिश्तों की जटिलता :**

'हसीनाबाद' में प्रेम एक जटिल भावना के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उपन्यास के पात्रों के प्रेम संबंधों में हमेशा संघर्ष और सामाजिक दबाव का एक हिस्सा होता है। कृष्णा और शशिकला का प्रेम भी इसी प्रकार के संघर्षों का प्रतीक बनता है। उनका प्रेम केवल शारीरिक और भावनात्मक नहीं है,बल्कि यह सामाजिक स्थिति और पारिवारिक दबावों के बीच एक संवेदनशील तंतु के रूप में उभरता है। शशिकला का जीवन पारिवारिक जिम्मेदारियों और समाज के द्वारा तय की गई सीमाओं के साथ जूझता हुआ दिखता है, जबकि कृष्णा उसके साथ प्रेम में बंधा हुआ है, लेकिन उसके लिए भी संघर्ष है।

सुलोचना का संघर्ष न केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष है, बल्कि यह एक सामाजिक बदलाव का प्रतीक बनता है। उसकी मानसिक स्थिति और आत्मनिर्भरता का विकास इस बात का प्रमाण है कि, महिलाओं के अधिकार केवल शब्दों से नहीं, बल्कि संघर्षों और सशक्तिकरण के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। शशिकला का जीवन भी इस संघर्ष का प्रतिनिधित्व करता है, जो केवल अपने प्रेम और रिश्तों के बीच नहीं, बल्कि समाज की सामाजिक संरचना के खिलाफ भी एक महत्वपूर्ण बयान देता है।

**सामाजिक असमानताएँ और वर्ग संघर्ष :**

'हसीनाबाद' उपन्यास में सामाजिक असमानताओं का चित्रण बहुत ही बारीकी से किया गया है। इस उपन्यास में गरीब और अमीर वर्ग के बीच की खाई को चित्रित किया गया है, जो केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और सांस्कृतिक असमानताओं को भी उजागर करती है। उपन्यास में गरीब वर्ग के पात्र अपनी स्थिति बदलने के लिए लगातार संघर्ष करते हैं,लेकिन उन्हें हर कदम पर समाज की कठोरताओं और

अमीर वर्ग के शोषण का सामना करना पड़ता है।

**राजनीतिक परिपेक्ष्य और मानवाधिकार :**

उपन्यास में राजनीतिक परिवर्तनों और उनके मानवीय प्रभावों को भी प्रदर्शित किया गया है। 'हसीनाबाद' में समाज में आ रहे राजनीतिक बदलावों के प्रभाव को बहुत ही संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत किया गया है। राजनीतिक परिवर्तनों के बावजूद, मानवीय संवेदनाएँ और संघर्ष बने रहते हैं। उपन्यास यह सवाल उठाता है कि क्या राजनीतिक बदलाव केवल सत्ता के स्तर पर होते हैं, या फिर इनका वास्तविक असर समाज के प्रत्येक व्यक्ति पर पड़ता है?

'हसीनाबाद' यह दिखाता है कि, समाज में बदलाव केवल बाहरी रूप से नहीं होता, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं, अधिकारों और समाज की संरचना में बदलाव लाने के माध्यम से भी होता है। उपन्यास के पात्र राजनीति से परे जाकर मानवीय अधिकारों की वकालत करते हैं और समाज में समानता और न्याय की उम्मीद रखते हैं।

**"२१वीं सदी में हसीनाबाद" उपन्यास में मानवीय संवेदना का महत्व:**

इस उपन्यास में मानवीय संवेदना को समाज की बदलती परिस्थितियों, मानवीय संघर्षों और व्यक्तिगत संबंधों के माध्यम से व्यक्त किया गया है। यह उपन्यास विशेष रूप से यह दिखाता है कि, मानवता, सहानुभूतिऔर दया के बिना समाज में स्थिरता और समझदारी नहीं हो सकती। 'हसीनाबाद' जैसे समाज में, जहां सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियाँ हैं,मानवीय संवेदना ही उन चुनौतियों का समाधान है।

मानवीय संवेदना इस उपन्यास में एक केंद्रीय भूमिका निभाती है, क्योंकि पात्र अपने-अपने संघर्षों और दर्द के बावजूद एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और मदद का हाथ बढ़ाते हैं। यह संवेदना सामाजिक एकता और प्रेम को बढ़ावा देती है और यह दर्शाती है कि, सच्ची मानवता दूसरों के प्रति समझ और सहयोग में निहित है।

इस प्रकार, "२१वीं सदी में हसीनाबाद" में मानवीय संवेदना का महत्व न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि समाज और राष्ट्र स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जीवन की जटिलताओं और संघर्षों के बावजूद उम्मीद और राहत की भावना को उत्पन्न करती है।

**निष्कर्ष :**

'हसीनाबाद' एक ऐसा उपन्यास है जो समाज की गहरी और जटिल संवेदनाओं को प्रस्तुत करता है। गीताश्री ने इस उपन्यास में प्रेम, संघर्ष, सामाजिक असमानताएँ, महिलाओं के अधिकार, और वर्ग संघर्ष के माध्यम से मानवता की विभिन्न परतों को उजागर किया है। यह उपन्यास केवल एक कहानी नहीं, बल्कि यह समाज के प्रत्येक वर्ग, व्यक्ति और समाज के एक बड़े हिस्से की मानसिकता और संघर्ष का प्रतिनिधित्व करता है।

'हसीनाबाद' २१वीं सदी के हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, और यह उपन्यास हमें यह सिखाता है कि, समाज में बदलाव केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन के माध्यम से भी संभव है। यह एक प्रेरणादायक कार्य है, जो मानवीय संवेदनाओं, संघर्षों और अधिकारों की अहमियत को दर्शाता है।

**संदर्भ :**

१. हसीनाबाद उपन्यास-गीताश्री
२. २१वीं सदी का हिंदी उपन्यास- पुष्पा पाल सिंह
३. मानवीय संवेदना - विकिपीडिया, गूगल।
४. हिंदी साहित्य एवं मानवीय मूल्य –संपादक - डॉ. गणेशचंद्र शिंदे, डॉ. संदीप एस. पाईकराव, डॉ. साईनाथग. शाहू

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

## 21 वीं सदी के आत्मकथा साहित्य में महिला लेखिकाओं का योगदान

**शेख जाबेर शेख इब्राहिम**
**शोधछात्र**
**के.आर.एम.महिला महाविद्यालय, नांदेड**

20 वीं सदी के अंतिम दशक पर मौन तोड़ती स्त्रियांदुर्ममराहो गुजरते हुए पढ़- लिखकर साहित्यकार बनती नजर आ रही है। तो इन में कुछ ऐसी साहसिक स्त्रियां भी है ,जो अपने जीवन के संघर्ष, पीड़ा, अन्याय, शोषण के साथ-साथस्त्री अस्तित्वस्त्री अधिकार स्त्री स्वतंत्रता को आत्मकथा साहित्यिक के माध्यम से बयां कर एक नई जमीन तैयार कर रही है हिंदी साहित्य में अनेक आत्मकथाएं साहित्यिक पटल पर उभर रही है इनमें प्रभा खेतान (अन्या-अनन्या),रमनी का गुप्ता (हादसे, आपहुदरी), सुषम बेदी (आरोह_ अवरोह), मैत्रयी पुष्पा (कस्तूरीकुण्डल ब सै, गुड़िया भीतर गुड़िया), मन्नू भंडारी (एक कहानी यह भी) इत्यादि महत्वपूर्ण है। उक्त सभी आत्मकथाएं अपने समय और समाज की सच्चाई का आईना तो दिखाती है साथ ही साथ स्त्री उत्पीड़न पर आवास भी उठाती है स्त्री आत्मकथा लेखिकाओं ने नारी को उसका स्वतंत्र व्यक्तित्व दिया है नई मात्र एक देह कोमलेंगी वस्तु नहीं , वह स्वतंत्र निर्णायक, साहसि और बुद्धि विवेक से संपन्न भी है परंपरागत बेडीयो की जकड़न से अपने को मुक्त कराने में उसे बहुत समय लगा है अपने स्वतंत्र अस्तित्व को गढने,समाज में स्त्री वर्चस्व को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कार्य उसने अपने हाथों में लिया है। प्रभा खेतान, मन्नू भंडारी, मैत्री पुष्पा, रमणिका गुप्ता सुषम बेदी की आत्मकथाएं स्त्री विमर्श का एक नया अध्याय प्रस्तुत करती है। आज के आधुनिक समाज में आत्मनिर्भर होती स्त्री ने जब से पुरुषवादी समाज द्वारा खींची गई लक्ष्मण रेखा को पार किया उसे सामाजिक विषमताओं पर प्रश्न पूछने की हिम्मत की है उसे दिन से स्त्री के साधारण प्रश्नों से विचलित होने वाला पुरुष समाज का घिनौना रूप सामने आने लगा है आज वर्तमान में बलात्कार,शोषणस्त्री उत्पीड़न, देह व्यापार,मानसिक,शारीरिक छेड़छाड़ की घटनाओं में भी उत्तरोतर वृद्धि इसी का परिणाम है एक स्त्री को जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक वर्जिनाओ, बंधनों में जीना मरना होता है उसका हंसना, रोना,खाना पीना,सोना उठाना,चलना फिरना, लिखना पढ़ना यहां तक की कैसे कपड़े पहननाहै और कैसे जीना इन सब पर अनेक पाबंदियो पितृसत्तात्मक समाज की ओर से लगी होती है। स्त्री को कभी पति परमेश्वर की लाश पर सती होकर अपने जीवन की आहुती देनी पड़ती है।

इक्कीसवी सदी वर्तमान समय में स्त्री विमर्श पर पुरुष रचनाकारों द्वारा खूब लिखा जा रहा है किंतु उनके द्वारा लिखी गई स्त्री विषय रचनाएं आज भी अर्धसत्य पर आधारित है स्त्री की वेदना स्त्री जाति ही समझ सकती है स्वयं भुक्तभोगी न होने के कारण पुरुष रचनाकारों की रचनाओं में हृदय स्पर्शी चित्रण का अभाव सदैव बना ही रहता है इस के संदर्भ में( जॉन स्टूअर्ट )कहते हैं "जो ज्ञान पुरुष स्त्रियों से उनके बार हासिल करते हैं भले ही वह उनकी संचित संभावनाओं के बारे में न होकर सिर्फ उनके भूत और भविष्य के बारे में क्यों न हो तबतक अधूरा और उथला रहेगा जब तक की स्त्रियां वह सब कुछ बात नहीं देती जो उनके पास बताने के लिए है।इस संदर्भ में अपना मत प्रस्तुत करते हुए स्त्री विमर्श की महान लेखिका प्रभा खेतान लिखती है।"स्त्री की जिंदगी के बारे में लेखन ज्यादा से ज्यादा अर्थसत्य का

ही दावा करता है स्त्री के शोषण ,उत्पीड़न पर चर्चा की गई ,आंसू बहाए गए मगर समाज की इस भेदभाव

वाली संरचना के विकल्प मे बिल्कुल नहीं सोच आ गया था जितनी गहराई से तन्मय होकर अपने उत्पीड़न और शोषण को वह अभिव्यक्त कर पाती है उतना पुरुष लेखन द्वारा संभव नहीं पितुसत्तात्मक दमन जितना करीब से स्त्री ने देखा और झेला है उतना अन्य किसी ने नहीं।

"भारतीय समाज में नारे की स्थिति घर की चार दीवारी में गुथी हुई है जहां वह मां ,बहन, पुत्री, पत्नी परिवार की इकाई के रूप में है"।

आत्मकथा लेखन का अर्थ ही "सत्य की कसौटी का खड़ा उतरना जीवन में घटित तमाम घटनाओं को सत्य के तराजू पर तोलते हुए वर्णित करना इक्कीसदी की यह सभी आत्मकथा लेखिकाएं सत्य की इसी रहसमयी मारक और विध्वंसक शक्ति का प्रयोग करती है।

इक्कीस वी सदी की हिंदी आत्मकथा लेखिकाओं की आत्मकथा में लेखन इस प्रकार है।

सुषम बेदी :-

"आरोह-अवरोह" आत्मकथा में सुषम बेदी का स्त्री की जैविक क्रियओ यथा पीरियड्स के होने परअपना औरत कहलाए जाना बहुत देर तक बाथरूम में बंद रहने पर बड़ी बहनों द्वारा पीरियड्स शुरू होने की बात पूछना इत्यादि घटनाओं का खुलासा करने में नजर आता है।असमय पीरियड्स जैसी घटना का घट जाना 13 -14 वर्ष की सुषमबेदीके लिए कितना कष्टकर रहा होगा सुषमबेदीका जन्म एक ऐसे समाजमें हुआथा। नहीं बताया जाता था समाज में लड़कियों के पीरियड्स शुरू होने की घटना संबंध में अनेक भ्रांतियां फैली हुईथी। पीरियड्स के होने पर घर के एक कोने में बैठे रहना पूजा घर रसोई घर में नहीं जाना छुआछूत मनाना इत्यादि सामाजिक कुरीतियों का ही हिस्सा थी सुषमा बेदीको जब पहली बार पीरियड्सहोता है तो वहकइ तरह के आकांक्षाओं से भर जाती है स्वयं को कोई भयंकर बीमारी होने की कल्पना से काप उठाती है बड़ी बहनों की सहयोग से बहुत जल्द ही इस डर से मुक्त भीपा लेती है उसे दिन उन्हें स्त्रियों की जैविक क्रियोओ के संबंध में जानकारी प्राप्त होती है बड़ों की बातों में शामिल होने का प्रमाण पत्र भी पा लेती है वह लिखती है कि शाम के समय जब देर तक बंद कमरे में रहती थी तो बाहर बहनों की खुसपुस भी मेरे कान पर पढ़ रही थी कि लगता है इस का शुरु होगया है उनकाइस तरह अनुमान से ही मेरे बारे में सब जान जाना मुझे अच्छा नहीं लगा था जैसे मुझे पूरी तरह से उधेड कर सामने पेश कर दिया हो उनके शब्दों में आप मैं भी एक औरत हो गई थी अपना औरत कहलाया जाना मुझे अच्छा नहीं लगा था।मन्नू भंडारी :-

"एक कहानी यह भी" मन्नू भंडारी की जीवन संघर्ष से निरंतर जूझते रहने की कहानी है इस आत्मकथा में उनका रूप पारिवारिक जिम्मेदारियां को निभाते एवं संघर्षरत जीवन चित्रण को उजागर करने में स्पष्ट दिखाई देता है इस आत्मकथा के मूल में सीधी सरल मन्नु एवउनके लेखक पति राजेंद्र यादव है।मनु भंडारी सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध जाकर राजेंद्र यादव से प्रेम विवाह करती है विवाह के बाद राजेंद्र यादव की बेरुखी एवं समानान्तर जिंदगी का फार्मूला मन्नू भंडारी के वैवाहिक जीवन के सभी रंग एवं खुशियां छीन लेता है इस आत्मकथा में हमेदेखने को मिलता है।राजेंद्र यादव से अपने को अलग कर लेने का मन्नू भंडारी का फैसला उनके स्त्री अस्तित्व को व्याख्यायित करता है।अपने दु:ख को बयां करती हुई वह कहती हैकीसमानान्तर जिंदगी के नुस्खेनेछत तो पहले ही अलग कर दी थी अब जमीन भी खींच ली इतना बड़ा धोखा ऐसाछल अबइससंबंधहीन संबंध को लेकर कहां खड़ी रहूंगी कैसे खड़ी रहूंगी और खड़ी भी

क्यों रहूं ? नहीं जोकामराकेशजीनहीं करपाएठाकौर साहब नहीं कर पाए, उसेअब मुझे ही करना है राजेंद्र यादव को अपने से मुक्त करदेनाहै या फिर अपनेको राजेंद्र यादव से मुक्त करलेनाहै।

प्रभा खेतान :-

"अन्यासे अनन्या"प्रभा खेतान के लेखन का महाख्यान है चालीससे ऊपर की उम्र मे शादीशुदा एंव बाल बच्चेदार कलकत्ता शहर के नामी आई सर्जन डॉ सराफ से 22 वर्ष की प्रभा अपनी आंखों का चेकअप करवाने जाती है और उस से अपने प्रेम संबंध बनाती है एक स्त्री द्वारा अपने जीवन के कुटु सत्य को इस तरह उजागर करना लेखन है अन्या से अनन्या में प्रभा खेतान पुरुष प्रधान द्वारा बनाई गई सभी स्त्री विषय वर्जनाए तोड़ती जाती है चयन की स्वतंत्रता, योनकांक्षा , सुख दैहिक भोग की लालसा इस आत्मकथा में पग पग पर अभिव्यक्त हुई है।

अन्या से अनन्यामें प्रभा खेतान अपनेबचपन में नौ वर्ष की आयुमे घटितयौन उत्पीड़न की घटना का जिक्र डॉ साहब के सामने बड़ी ईमानदारी से करती है। हम अनुमान लगा सकते हैं कि उस अबोधबाल मन पर इस घटना का क्या प्रभाव पड़ाहोगा।अपने जीवन के श्याम कोइसतरह बया करनाउस के लिए एकउदाहरण है

रमणिका गुप्ता :-

"आपहुदरी" रमणिका गुप्ता के प्रसंग की कहानी होने के साथ-साथ लेखन का अद्भुत दस्तावेज भी है बचपन में दैहिकशोषण का शिकार होती रमणिका गुप्ता मासूमियत खो बैठती है आपहुदरी में रमणिका गुप्ता रिश्तों में छिपे दुराचार भाई-बहन जैसे पवन रिश्तों को भूलाने की पुसवादी मानसिकता कोस्पष्टकरती है अपने चचेरे भाई द्वारा दैहिक स्तर पर बालपन में घटीउनके कुंवारेपन में क्षतविक्षत होने की घटना को अत्यंत बेबाक ढंग से अभिव्यक्त करते हुए लिखती है भाई बहन के रिश्ते का एक अलग आदर्श था मेरे मन में जिसे तोड़ा था उसकी हरकत ने आपहुदरी में स्त्री लेखन का पुलक व्यापक है इस आत्मकथा का एक प्रमुख आयाम स्त्री मुक्ति से भी संबंधित है आपहुदरी रमणिका गुप्ता के भोगे हुए जीवन की खुली किताब है।

मैत्रेयी पुष्पा बसै :-

"कस्तूरी कुंडल" आत्मकथा क्रांतिकारी लेखिका मैत्रेयी पुष्पा के अंतरंग प्रसंगो की अभिव्यक्ति की स्वीकारोतिक है उनके बाल्य काल से लेकर किशोरावस्था के प्रेमियों में एदल्ला,बाजबहादुर, नायब, राघव, नंदकिशोर इत्यादि शामिल है कस्तूरी कुंडल बसै आत्मकथा का एक महत्वपूर्ण प्रश्न स्त्री सुरक्षा से भी संबंधित है हमारी नारियां कहीं भी सुरक्षित नहीं है इस आत्मकथा में मैत्रेयी पुष्पा पुरुष समाज से ही त्रस्त थी। मैत्रेयी पुष्पानंद किशोर के साथ प्रेमके पलों कोपा लेनाचाहतीहै मैत्रेयी पुष्पाकेजीवनमे शामिल सभी युवा प्रेमी मात्र नही अपितु सुख दु:खके साथी भी है।

मैत्रेयी पुष्पा बचपनसे ही निर्भीक एव साहसी छात्र रही है अपनी अस्मिता के प्रति जागरूक रहते हुए भी स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा की गई बदतमीजी शिकार होती है बाद में ये ही क्रांतिकारी मैत्रेयी पुष्पा नामक छात्र स्कूल प्रिंसिपल एव ऊंचे ओहदेदार अफसरो के लिए एक चुनौती बनती है वहीं दूसरी और प्रिंसिपल जैसे पुरुषों की कुटिलता, कठोरता, क्रूरता का पर्दाफाश करती है।

संदर्भ :-

१) एक कहानी यह भी, मन्नू भंडारी पुष्ठ संख्या १२३
२) आपहुदरी , रमणिका गुप्ता पुष्ठ संख्या १६-२०
३) कस्तूरी कुंडल , मैत्रेयी पुष्पा पुष्ठ संख्या ४०-४१
४) अन्या से अनन्या,प्रभा खेतान पुष्ठ संख्या ६६-६९
५) आरोह-अवरोह ,सुषम बेदी पुष्ठ संख्या ७७

# इक्कीसवीं सदी के हिन्दी कहानियों में मानवीय संवेदना

डॉ. ख़ाज़ी एम. के.
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग,
शंकरराव चव्हाण महाविद्यालय,
अर्धापुर, जि. नांदेड

मानवी जीवन में मानवी संवेदना का क्षेत्र बहुत निश्चल एवं गंभीर स्वरूप का रहा है। राजनीति, आर्थिक नीतियाँ, धार्मिक गतिविधियाँ, सामाजिक सहोदर, सांस्कृतिक विरासत, रहन-सहन, खान-पान, रीति-रिवाज, परंपरा का निर्वाह, तीज-त्योहार, भाषा, जीवन शैली, खेल-कूद आदि संकल्पनाएँ मानवी जीवन से मेल रखती है। इन सभी का प्रभाव मानव पर होता है।

कई सदियों से मानवी मूल्यों की, सांस्कृतिक विरासत आदि मानवी हृदयस्थल पर प्रभावित करते है। सुख-दुख के सभी साधनों से मानवी जीवन गुज़रता है। ऐसे में उसके हृदय को परंपरागत मानवी जीवन शैली का सीधे प्रभाव पड़ता है। जिसमें उसे और उसके मन को व्यक्ति, समाज, देश एवं सृष्टि के साथ तादात्म्य संबंध स्थापित होते है।

मानव की हर एक संवेदना उसके जीवन शैली से जुड़ जाती है। बचपन में दादा-दादी ओर नाना-नानी की कहानियाँ बाल मन में ही घर कर लेती है। बचपन से वह कहानी को सुनते-सुनते एक सुंदर सपनों का महल खड़ा कर देता है। जो भी कहानी हो उसमें किसी ना किसी प्रकार का जीवन बोध निहित होता है।

कहानी विचारों का संप्रेषण और जीवन बोध का ज्ञान अर्जित करने का सबसे सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है। जिज्ञासाओं को संजोते हुए कहानिकार पाठक को व्यक्ति, समाज और देश के साथ जोड़ता है। मानवी संवेदनाओं को जन्म देना और विषय की पूर्ति करके कहानिकार अपने उद्देश में सफल होते हैं। कहानी का प्रमुख उद्देश कम से कम शब्दों में विचार और संवेदनाओं को अविभव्यक्त करना है। कहानी को अज्ञेय ने अपनी भाषा में कहा है कि, "कहानी एक सूक्ष्मदर्शी यंत्र है, जिसके नीचे मानवीय अस्तित्व के दृश्य खुलते है।"१

अमेरिका के कवि-आलोचक-कथाकार 'एडगर एलिन पो' के अनुसार कहानी की परिभाषा इस प्रकार हैः "कहानी वह छोटी आख्यानात्मक रचना है, जिसे एक बैठक में पढ़ा जा सके, जो पाठक पर एक समन्वित प्रभाव उत्पन्न करने के लिए लिखी गई हो, जिसमें उस प्रभाव को उत्पन्न करने में सहायक तत्वों के अतिरिक्त और कुछ न हो और जो अपने आप में पूर्ण हो।"२

**अनुसंधान के उद्देश्य :**

1. इक्कीसवीं सदी के कहानियों का विवेचन करते हुए उसमें निहित मानवीय संवेदना का परिचय कराना।
2. मानवी आचरण की सभ्यता के लिए कहानियों में व्यक्त मानवीय संवेदना के महत्व को सिद्ध करना।

**अनुसंधान की परिकल्पना:**

1. इक्कीसवीं सदी की कहानियों में मानवी मूल्यों की स्थापना करने का प्रयास किया गया है।
2. सामाजिक विषमताओं ने मानवी जीवन को खोकला कर दिया है, जो अमानवीय है।
3. मानवी संवेदनाओं को उजगार करने का कार्य साहित्य के माध्यम से हमेशा से हुआ है।

**अनुसंधान पद्धति:**

इक्कीसवीं सदी की प्रतिनिधिक कुछ कहानियों में मानवी संवेदना को एवं उसकी उपयोगिता को प्रस्तुत शोधप्रपत्र में विश्लेषणात्मक एवं उदाहरणात्मक पद्धति के आधार पर रेखांकित करने का प्रयास - किया गया है।

**मानवीय संवेदना का तात्पर्य:**

मानवीय संवेदना से हमारा अभिप्राय उस प्रत्येक चिंता से है, जो मनुष्य को मनुष्य से जोड़ती है। संवेदना का अर्थ है -'पूर्णता के अर्थ में वेदना। "मानव जीवन का महत्वपूर्ण गुण है संवेदना। संवेदना यह सुंदर शब्द मानवीय जीवन के लिए जितना आवश्यक है, उससे भी ज्यादा एक स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है।''[३] संवेदना मस्तिष्क की सामान्य एवं सरलतम प्रक्रिया है। मनुष्य अपनी ज्ञानेन्द्रियों जैसे आँख, नाक, कान, इत्यादि के माध्यम से भौतिक जगत का ज्ञान प्राप्त करता है। मानव मस्तिष्क से संवेदना का चिर संबंध है।

मस्तिष्क ही मनुष्य को अच्छेन करवाता है क्योंकि मस्तिष्क विवेक युक्त होता है। बुरे की पहचा- जब कोई भौतिक जगत की वस्तु किसी ज्ञानेन्द्रिय को प्रभावित करती है तो चेतन हो जाती है, इसी प्रक्रिया को संवेदना कहा जाता है।"[४] जीवन में मनुष्य सुखात्मक और दुखात्मक दोनों प्रकार की अनुभूतियाँ होती है। अतः यही अनुभव संवेदना कहलाता है। इसी संवेदना को इक्कीसवीं सदी के कहानीकारों ने अपनी कहानियों में अभिव्यक्त किया है।

**इक्कीसवीं सदी के कहानियों में मानवी संवेदना**

कहानी का सबंध मनुष्य के जीवन में प्राचीन काल से रहा है कितु इसे हिन्दी साहित्य के इतिहास में आधुनिक काल में इसे साहित्यिक रूप प्रदान हुआ है। तब से लेकर आज तक हिंदी कहानियों में मानव जीवन के हर क्षण को, हर पहलुओं को उसकी संवेदनाओं को मानवी जीवन के रंगमंच पर प्रदर्शित किया है। हिन्दी के कई ऐसे कहानिकार है, जो एक कहानी के कारण अजर अमर हो गये है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि कहानी को कितना मूल्य है।

प्रत्येक युग की कहानियाँ अपने युग को, युगीन परिस्थितियों को और मानवी जीवन के मूल्य को रेखांकित करती है। मानवी जीवन को यथार्थ स्थिति में चित्रित करने का कार्य समकालीन कहानियों में किया जा रहा है। समकालीन कहानियों में समाज के नंगे यथार्थ को चित्रित करने का साहास दिखाई देता है। यही सहास एक्कीसवीं सदी के कहानियों में मानवी संवेदना बन कर उभरा है। "आधुनिक कहानी का लक्ष्य उपदेश देना नहीं रहा और अब उसमें उपदेशिका की अपेक्षा मार्मिकता तथा रसात्मकता पर बल दिया जाता है। इस बात का ध्यान रखा जाता है कि वह साहित्य का साधन भी रहे और उसमें मानवी जीवन का यथातथ्य चित्रण भी हो।"[५]

**सांप्रदायिक सद्भाव की कहानियों में मानवी संवेदना**

आधुनिक युग में सांप्रदायिकता ने समाज और देश को खोकला कर दिया है। ऐसे समाज में स्वार्थी लोगों का डंका बज रहा है। इस कारण समाज में अशांति का,भय का वातावरण निर्माण हुआ है। आदमी-आदमी से दूर होने के कारण विषमताओं का पौधा पनपने लगा है। इसी विषमता को दूर करने का प्रयास समकालीन कहानिकारों व्दारा किया जा रहा है।

इस दृष्टि से बदीउज्ज़माँ की 'अंतिम इच्छा', 'हसब-नसब', 'सूरज उगन तक', काली बर्फ, 'विरासत' आदि रमेश चंद्र शाह की 'मोहल्ले का रावण', नफीस अफ्रिदी की 'फसाद' नसिरा शर्मा की 'सरहद के इस पार' ओमप्रकाश वाल्मीकि की 'मुंबई काण्ड' आदि कहानियाँ सांप्रदायिक सद्भाव को लेकर उभरी है। बदीउज्ज़माँ की 'अंतिम इच्छा' कहानी हिंदू-मूस्लिम के ऐकता को रेखांकित करती है। नसिरा शर्मा की 'सरहद के इस पार' इस कहानी में रेहान को लेकर सब परेशान तब पड़ोसन वर्मा जी पत्नी रेहान के अम्मा को दिलासा देते हुए कहती है कि "बहिन जी! परेशान न हों। हम रेहान को हमेशा से जानते है, अपना लड़का है।

उसकी बातों को सब समझ रहें हैं। आप चिंता न करें।"६ इसमें एक-दूसरे पड़ोसी आपस में सद्भाव रखते है। एक्कीसवीं सदी के कहानिकार देश में फैली अराजकता को दूर करने और मानवी संवेदनाओं को स्थापित करने का सफल प्रयास कर रहें हैं। यह निश्चित है कि इस तरह के साहित्य समाज में फैले असंतोष तथा विषमताओं की दरार कम करने में काफी हद तक मदतगार साबित हो सकते है और मानवी मूल्यों की स्थापना करते हैं।

**दलित चेतना की कहानियों में मानवी संवेदना**

समकालीन कहानियों में दलित चेतना को लेकर 'दलित साहित्यकारों का संघटन' उभरकर आया है। जातियता, छुआ-छूत, उँच-नीच, की विषम दिवारों ने देश में सामाजिक विषमता की खाई को और अधिक गहरा कर दिया है। इसी मूल्य को लेकर समता, स्वातंत्रतता, न्याय और बंधूभाव को प्रस्थापित करने का प्रयास दलित साहित्य में दिखाई देता है।

सामाजिक विषमता तथा जाति-धर्म, उँच-नीच के भेदभाव को लेकर भक्तिकालीन संत भक्त कवियों ने भी यथा साहित्य का निर्माण किया है, कितु समकालीन साहित्यकारों में जागृति और विद्रोह की भूमिका के तेवर अधिक है। वे न्याय की भीक नहीं माँगते बल्कि उसके पात्र न्याय के लिए संघर्ष करते और अपने अधिकार को प्राप्त करते हुए दिखाई देते हैं।

इस दृष्टि से ओमप्रकाश वाल्मीकि, श्योराज सिंह बेचैन, सुरज पाल चौहान आदि दलित साहित्यकारों का महत्व अनन्यसाधारण रहा है। इसमें ओमप्रकाश वाल्मीकि की 'सलाम' और 'घुसपैठिए' कहानियाँ महत्वपूर्ण है। कहानी-संग्रह की 'सलाम', 'सपना', 'कहाँ जाए सतीश', 'खानाबदोश', 'जिनावर','कुचक्र', आदि कहानियाँ प्रमुख है। इस कहानियों में मानवी संवेदना के स्वर मुखरित हुए है। 'सलाम' कहानी का हरीश सलाम पर न जाने और उस रिवाज तोड़कर आत्म सम्मान से जिना चाहता है। वह इस परंपरा का विरोध करते हुए निर्भयता से कहता है कि "आप चाहे जो समझें... में इस रिवाज को आत्मविश्वास से तोड़ने की साजिश मानता हूँ।"७ वाल्मीकि की कहानियाँ दलित चेतना का स्वर लेकर समाज में सामाजिक समानता का संदेश देती है पर साथ ही मानवीय संवेदना की स्थापना भी करती है।

**स्त्री विमर्श की कहानियों में मानवी संवेदना**

समाज में सदियों से स्त्री को पुरूष की तुलना में कमजोर माना गया है। उसे केवल समाज भोग की वस्तु तथा बच्चे पैदा करनेवाली मशीन बना कर रखा है। समाज ने उसे कभी देवी रूप भी प्रदान किया है। कभी

देवी तो कभी भोग की वस्तु बनकर स्त्री को घर के अंदर चूल्हा चक्की तक पुरुष समाज ने सीमित रखा है। आधुनिक काल में स्त्री-शिक्षा एवं आधुनिक बोध तथा समाज सुधारकों के प्रयास से स्त्री को अपने अधिकारों की पहचान कराई है। इस युग में अब स्त्री-पुरुष के समान कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। एक्कीसवीं सदी के कहानियों में स्त्री-विमर्श को लेकर उसके अधिकार और प्रतिशोध को लेकर महिला साहित्यकार अपने दायित्व का निर्वाह कर रही है।

इस दृष्टि से मन्नू भंडारी, प्रभा-खेतान, चित्रा-मुदग्ल, मैत्रेयी पुष्पा आदि महिला कहानिकार का स्थान महत्वपूर्ण रहा है। मैत्रेयी पुष्पा के 'ललमनियाँ' कहाणी संग्रह की 'फैसला' कहानी की 'बसुमती' गांव की 'प्रधान' तो बन जाती है, किन्तु पुरूष प्रधान संस्कृति में स्त्री को पुरूष कोई अधिकार देने को तैयार नहीं है। बसुमती के साथ भी यही होता है।

वे गाँव की पंचायत में जाने के लिए निकलती है, तो उसका पति रणवीर उसे रास्ते में रोक कर घर जाने के लिए विवश कर देता है। बसुमती के पंचायत जाने के फैसले पर रणवीर बसुमती से कहता है "पंचायती चबूतरे पर बैठती तुम शोभा देती हो? लाज-लिहाज मत उतारो। कुल-परम्परा का ख्याल भी नहीं रहा तुम्हें? औरत की गरिमा आढ-मर्यादा से ही है।"८ इस तरह पुरूष औरत की मर्यादा को सीमित कर देता है, कितु बसुमती यह मर्यादा लांघकर अपने अधिकारों को पाना चाहती है। एक्कीसवी सदी में स्त्री-विमर्श को लेकर बहुत अधिक रचना कार्य हो रहा है। इा सबका उद्देश स्त्री को समाज में समानता का अधिकार का प्राप्त करना है, उसे भी मानव बनकर जीना है।

**गरीबी और बेकारी के चित्रण की कहानियों में मानवी संवेदना**

वर्तमान युग उत्तर आधुनिक विज्ञान तथा तंत्रज्ञान का युग कहलात है। राजौतिक हमें समृध्द भारत की दुहार लगाते हुए नजर आते है, कितु आज भी देश में गरीबी और लाचारी का जीवन जिने वाले कई परिवार है। बेकारी की समस्या ने समाज और देश को विवश कर दिया है। हिन्दी में इस प्रश्नों को लेकर भी कहानियों का निर्माण हो रहा है। मार्च 2008 के हंस में प्रकाशित विजेंद्र की 'माल-मवेशीं कहानी में दरिद्रय से परेशान आम मजदुर की कहानी है।

कहानी का पलटू भैंस का पाला-पोषण इस उम्मीद से करता है कि वह दूध देगी जिसके आय से कर्ज भी अदा किया जाएगा और बाल-बच्चों को दूध मिलेगा। पलटू का यह सपना भी पूरा नहीं होता कर्ज की अदाई में उसे भैंस बेचनी पड़ती है। मनुष्य जब संकट में होता है, तब उससे अपने भी दूर हो जाते है। रिश्ते नातों की जगह पैसा बोलने लगता है।

पलटू के ससुरालवाले भी पलटू को मदत करने की अपेक्षा उससे उसकी भैंस खरीद लेते है। इसका चित्रण लेखक ने कहानी में मार्मिकता के साथ किया है कि "फूला, कहा था कि जमाना तेजी से बदल रहा है, तुम्हारें शंकर भइया भी बदल गए।"९

नसिरा शर्मा की 'इमाम सहाब' कहानी में इमाम के गरीबी और दीनता का चित्रण है, जो

अंतकरण को छू जाती है। मजबूरी और लाचारी का जीवंत उदाहरण 'इमाम सहाब' कहानी है।

**आधुनिक बोध की कहानियों में मानवी संवेदना**

पंकज मित्र, स्वयं प्रकाश, धन्यकुमार बिरादार, मधु कांकरिया, संजीव ठाकुर, रमेश आजाद, सीमा शफक, आनंद हर्षुल, प्रेम कुमार मणि, विनोद मिश्र, देवेंद्र, संजय खाती, अनवर सुहैल आदि युवा कहानिकारों की कहानियों में मानवी संवेदना का स्वर मुखरित हुआ है। वृध्द की समस्या को लेकर उदय प्रकाश जी 'छप्पन तोले का करधन' कहानी लिखी है। इस कहानी में वृध्द माता को अपनों द्वारा अनेक यातनाएँ दी जाती है।

उसे अंधेरी कोठरी में रखा जाता है, उसके खानें में बहू मिट्टी और धूल मिलाती है। बेटा और बेटी भी उसे इस हाल में जीवंत रखते है कि उस बुढ़िया के पास छप्पन तोले का करधन है। इस करधन को प्राप्त करने के लिए परिवार वाले उसे इस प्रकार की अमानवीय यातनाएँ देते है। इस तरह से उस वृध्दा के जीवन के अंतीम क्षण केवल अमानवीय यातनओं का सामना करते हुए अपना जीवन समाप्त करना पड़ता है। उदय प्रकाश वृध्द मानव की समस्या का यथार्थ चित्रण किया है। यह चित्रण इस काल के समाज की मानसिकता का चित्रण करता है।

"व्यक्ति की चेतना काल एवं परिस्थितियों से प्रभाव ग्रहन कर संस्कारित होती है। कोई भी व्यक्ति अपनी काल की परिस्थितियों एवं उस काल में प्रचलित विचारधाराओं से अछूता नहीं रहता।"१० मधु कांकरिया की कहानी 'सबसे कठिन काम' में डॉक्टर के माध्यम से लेखिका ने मानवी संवेदना को स्पष्ट किया है और कहा है कि "और मैं सोंच रही थी कि कितना कठिन है इन्सान बनना"।११ यह कहानियाँ एक्कीसवीं सदी की मानसिकता एवं मानवी संवेदना के विचारों को स्पष्टता से प्रकट करती हैं।

**सारांश :**

आधुनिक समाज में जिस तरह से भौतिक विकास तेजी से हो रहा है, उसी तरह सामाजिक समस्याएँ भी बढ़ रही है। पारिवारिक विघटन, अमानवीयता, लोलुपता, स्वार्थ प्रियता, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता आदि ने मानव को मानव से जानवर बना दिया है। मानव अपनी संस्कृति के विकास के साथ सभ्य और असभ्य यह दोनों प्रवृत्तियों को लेकर चला है। एक्कीसवीं सदी की समकालीन कहानियों में युगानुरूप चित्रण हुआ है। सांप्रदायिक सद्भाव, जातियता, अंधविश्वास, दलित चेतना, राजनैतिक चेतना, आधुनिक महानगरीय जीवन बोध, स्त्री-विमर्श, वृध्द-विमर्श, आदिवासी-विमर्श, अल्पसंख्यांक विमर्श, किन्नर विमर्श, गरीबी-दीनता और दरिद्रता का चित्रण एक्कीसवीं सदी के कहानिकार बड़ी इमानदारी के साथ कर रहे हैं।

इस युग की सबसे सशक्त कहानियाँ दलित विमर्शपरक, स्त्री-विमर्शपरक और आधुनिक बोध की कहानियाँ मानी जाती है। जिसमें मानवी संवेदना की स्थापना करने का प्रयास किया गया है।

**संदर्भ संकेत :**

1. प्रतियोगिता साहित्य सिरीज, डॉ. अशोक तिवारी, साहित्य भवन, आगरा पृष्ठ २६८।
2. Wikipeadia.org/कहानी
3. संपा.राजेश कुमार गर्ग, अनुसंधान,प्री रिवर्ड रिसर्च जनरल, जनवरी-दिसंबर-२०२०, पृष्ठ क्र. २०३।

4. इंटरनेशल जनरल ऑफ अप्लॉइड रिसर्च-२०१५, पृष्ठ क्र. २४५।
5. हिन्दी साहित्यकारों के सामाजिक सरोकार, डॉ.सुममन सिंह, रोशन पब्लिकेशन, कानपुर, सं.२०११ पृ.१८३।
6. साहित्य कलश तथा व्यवहारिक हिन्दी संपा.संतोष येरावार, वाणी प्रकाशन, दिल्ली,सं.२०२४, पृ. ५१।
7. सलाम (कहानी संग्रह) ओमप्रकाश वाल्मीकि, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली सं.२०१० पृ.१७।
8. कथा सरिता, संपा.बिसना, ओरियंट लॉग्मी, प्रा.लि.नई दिल्ली सं.२००८ पृष्ठ १२८।
9. हंस (मा.पत्रिका), संपा. राजेंद्र यादव, मार्च २००८ पृ. १८।
10. साठोत्तरी हिन्दी लेखिकाओं की कहानी में नारी, डॉ मंगल कप्पीकेरे, विकास प्रकाशन, कानपुर स.२००२ पृ.१०२।
11. कहानी संकलन, संपा.डॉ.बालाजी भुरे, दिव्य डिस्ट्रीब्यूटर्स, कानपुर, सं.२०१९, पृ.सं. १२०।

# अशोक चक्रधर के साहित्य में मानवीय संवेदना

**शेजवळ अरविंद**
**शोध-छात्र**
**संशोधकन केंद्र- पीपल्स कॉलेज, नांदेड**
**और**
**शोध-निर्देशक**
**प्रो .डॉ. अशोक तुकाराम जाधव**
**अध्यक्ष, हिंदी विभाग,**
**कै. बाबासाहेब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय, उमरी, जि. नांदेड**

डॉ. अशोक चक्रधर बहुआयामी प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने अपनी कृतियों में समाज के विरोधाभासपूर्ण संदर्भों, परिस्थितियों और आचरणों का मार्मिक एवं सजीव अंकन किया है। उन्होंने परिवेश जन्य विषमताओं पर तीव्र व्यंग्य-प्रहार किए है। अशोक जी ने अनगिनत क्षेत्रों में व्यंग्योंन्मुखी अप्रतिम साहित्य की रचना की है। उनकी कृतियां में उनकी चिंतन-प्रक्रिया के बेहतर नमुने प्रस्तुत हुए है। उन्होंने न केवल अपनी अनुभूतियों को कविताबध्द किया है अपितु अपनी संवेदनाओं को भी कविता में पिरोया है।

'सो तो है खचेरा' कविता में संवेदनात्मक अनुभूति का मर्मस्पर्शी चित्रांकन किया है। इस लंबी कविता की प्रारंभिक तीन पंक्तियों से ज्ञात होता है कि किसान खचेरा और उसके परिवार द्वारा चैत के पहले भुख के कई महीने व्यतित किये जा चुके है। इन पंक्तियों में संवेदनशील परिस्थिति को मार्मिकता के साथ उजागर किया है। चेतन्न में ही केवल कृषक अपनी भुख मिटा सकता है। फसल जब उसके हाथ लगती है। शेष आगे के महीनों में उसकी भुख मिटती ही नहीं। वह वैसी-की वैसी ही रह जाती है क्योंकि उस दौरान किसान की मेहनत दूसरों की जेब में चली जाती। इस संदर्भ में काव्य की पंक्तियां निम्नालिखित है-

"उसकी भूख में अगर ब्रेक लगता है
तो चैत में
जब उसकी फसल कटकर आती है।"
किसान की मेहनत तक उसे प्राप्त न होने की
दुरवस्था और उसका कई इकईयों में बंट जाने की कुव्यवस्था
का चित्रांकन कवि ने हृदयस्पशी ढंग से किया है।

चक्रधर जी की एक कविता है 'पोत्त-खेलक यंत्र' यह भी एक संवेदनात्मक कविता है। हास्य और व्यंग्य के आधार पर इस कविता में संवेदना की प्रस्तुती हुई है। इस संदभ्र में काव्य की पंकितयां निम्नलिखित है-

"फिर एक आदर्शवादी दोस्त के घर गए।
स्वयं नहीं निकले
वे आई
हाथ जोडकर मुस्कराई
मस्तक में भयंकर पीडा थी

अभी-अभी सोए है।
यंत्र ने बताया
बिलकुल नहीं सोए है
न कवि पीड़ा हो रही है
कुछ अनन्य मित्रों के साथ
द्युत-क्रिडा हो रही है।
अगले दिन कालिज में
बी.ए. फाइनल की क्लास में
एक लड़की बैठी थी
खिडकी के पास में।
लग रहा था
हमारा लैक्चर नहीं सुन रही है
अपने मन में कुछ और ही और
गुन रही है।
तो यंत्र को ऑन कर
हमने जो देखा,
खिंच गई हृदय पर
हर्ष की रेखा।
यंत्र से आवाज आई
'सर जी यों तो बहुत अच्छे है
लंबे और होते तो
कितने स्मार्ट होते।"

इस कविता में कवि ने उस तरह के एक यंत्र की कल्पना की है। जो किसी भी मनुष्य के मन के विचारों को उजागर करता हो। अतः पोल-खोलक यंत्र आदमी की मानसिक भावनाओं को उजागर करने में सक्षम है। कल्पना जनित इस यंत्र से कवि को बहुत फायदे होते है क्योंकि उस यंत्र के माध्यम से सामने वाले लोगों की भावनाएं विचार समझ सकते है। यंत्र द्वारा समाज के विविध स्तर के लोगों के मनोभाव कविता में प्रकट हुए हैं।

'सो तो है' काव्य संकलन की कविता माशो की माँ कविता में मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति व्यंग्य का आधार लेते हुए हुई है। सुर्य के उदय होने पर माशो की मां बाजार आती है और सुर्य के ढलने पर बाजार से लौटती है। जब वह बाजार आती हैं तो उसकी झल्ली टमाटरों से भरी होती है।

वह नुक्कड पर टमाटर बेचती है। उसकी नजरों में झल्ली में भरे टमाटर सिर्फ टमाटर नहीं हैं, वे सेब हैं। सेब भी नहीं है, वे हीरे-मोती हैं। अपनी फटी-मैली धोती से वह इन टमाटरों को पोछती है, साफ करती है, उन्हें निहारती हैं, लाड से देखती है और उन्हें नुक्कड पर बेचती है।

अन्य सब्जीवालों की तुलना में वह काफी उदार है किंतु ग्राहक के सामने दिखाती है कि वह अनुदार है। इस संदर्भ में कविता की कुछ पंक्तियां निम्नलिखित है-

"ग्राहक को मेहमान-सा देखती है
एकाएक हो जाती है काइयाँ
आठ आने पाउ
लेना होय लेउ
नहीं जाउ।"

इस अंश में उसका मानसिक तनाव उद्घाटित हुआ है। उसकी अनुभूतियाँ प्रदर्शित हुई है।

'भोले-भाले' काव्य संकलन की कविता 'भोले-भाले' में कवि की सृजनात्मकता और मानवीय संवेदनात्मकता प्रकट हुई है। इस कविता में चित्रित हुआ है कि संसद में प्रश्नोत्तर के दौरान मंत्रीजी क्षमा चाहते हैं, क्योंकि वे कहते हैं कि मामलों के संबंध में उन्हें कुछ भी पता नहीं। कवि का कथन है कि उस दिन उन्हें मंत्रियों के भोले-भाले होने के सिलसिले में लिखने के लिए बहुत कुछ मसाला मिला। इस संदर्भ में काव्य की पंक्तियां निम्नालिखित हैं-

"दर्शक दीर्धा में बैठे-बैठे
मैंने पत्रकार मित्र को कुहती मारी
सुनो छैलबिहारी
आज लिखने के लिए
बहुत मसाले है
लिखना
हमारे मंत्रीगन कितने भोले-भाले है।

मित्र बोल
नहीं, मैं लिखुंगा
उजली धवल खाडी में
मन के काले हैं,
ऊपर से भोले है
अंदर से भाले है।"

इस कवितांश में मंत्रियों के बुरे आचरण का संवेदनात्मक चित्रांकन प्रस्तुत किया है। मंत्रियों के चरित्र को उजागर करते हुए कवि कहते है कि वे सफेद खादी के कपडे पहनते हैं, परंतु उनका मन काला होता है यानी कुटिलता से भरा हुआ होता है। इसलिए कवि व्यंग्य से उन्हें 'भोले-भाले' कहते हैं कि ऊपर से भोले नजर आते हैं, परंतु अंदर से भाले हैं अर्थात बरछे नुमा है, क्रुर हैं। इससे कवि की सुक्ष्म कारयित्री प्रतिभा भी हमें ज्ञात होती है। कविता में कवि की विशिष्ठ विश्लेषण शक्ति और संवेदनात्मक दृष्टि प्रतिबिंबिम है। यह संवेदनानुभूति की श्रेष्ठ कविता है।

'भोले-भाले' काव्य संकलन की कविता 'डैमोंक्रेसी' भी चक्रधर जी की संवेदनशील कविता है इस कविता में अलग-अलग व्यक्तियों ने डैमोक्रेसी की पृथक-प्रथक परिभाषाएँ दी है। कवि की प्रेयसी उसका वर्णन करते हुए कहते है कि वह कभी नहीं आती है। एक विद्वान के अनुसार उसका मतलब है- आजादी समानता और भाईचारा। यहाँ आजादी का तात्पर्य यह है कि रामनाम की लुट है, जिसमें गधे और घास दोनों को बराबरी की छुट है। समानता, चोरी, डकैती, घुसखोरी, जेबकतरी आदि कुकृत्यों में है। भाईचारा के लिए चारे की आवश्यकता है। जिसके पास डालने के लिए चारा

नहीं है, उसका किसी से भाईचारा नहीं है। कवि के जेलर मित्र की दृष्टि में वर्तमान में यह जमानत पर रिहा है, भविष्य में वह केवल एक सीख होगी। अंत में मुसद्दीलाल डैमोक्रेसी के बारे में अपने विचार निम्नलिखित रूप से प्रस्तुत करते हैं-

"अंत में मिले हमारे मुसद्दीलाल
उनसे भी कर डाला यही सवाल
बोले
डैमोंक्रैसी?
दफ्तर के अफसर से
घर की अफसरा तक
पड़ती हुई फटकार है।
जबान के कोडो की मार है
चीत्कार है, हाहाकार है।
इसमें लात की मार से कहीं तगड़ी
हालात की मार है।
अब मैं किसी से
ये नहीं कहता कि मेरी ऐसी-तैसी हो गई है,
कहता हूँ
मेरी डैमोक्रैसी हो गई।"

मुसद्दीलाल कहते हैं कि जब उन्हें अपनी ऐसी-तैसी या बुरी हालत का वर्णन करना पडता है तो वे सिर्फ 'डैमोक्रैसी' शब्द का प्रयोग करके अपनी दुस्थिति को प्रकट करते है। इसमें 'डैमोक्रैसी' द्वारा दुरवस्था का मार्मिक चित्रण है। कवि परोक्ष रूप से यह संकेत देते है कि डैमोक्रैसी से ही इस देश की हालत बिगडी हुई है। अंतः कविता द्वारा डैमोक्रैसी की तुच्छता का वर्णन विडंबना के जरिए किया गया है।

चुटपुटकुले काव्य संकलन की कविता 'जमादारनी की पीड़ा' शीर्षक कविता भी एक संवेदनात्मक कविता है। गर्मियों की छुट्टियों में अचानक एक सेठ जी मर जाते हैं। तब उनके बेटी-बेटे, नाती-पोते आदि उनकी मृत्यु पर रोते नहीं हैं बल्कि प्रसन्नचित्त हैं। लेकिन मुहल्ले की जमादारनी बहुत रोती है। इस विचित्रता पर लोग आश्चर्यचकित है और जमादारनी से रोने का कारण पुछते हैं। उत्तर में जमादरनी जी कुछ कहती है, वह निम्नालिखित है-

"लेकिन मुहल्ले की
जमादारनी बहुत रोई
उससे पुछ बैठा कोई
अरी!
इस सेठ से
तेरा क्या नाता था?
क्या ये तेरा
घर चलाता था?
आंसुओं से भीग गई धोती है,

अरी, तु क्यों रोती है?
जमादारनी बोली
भैया।
ये सेठ तो
मरते मरते भी
कर गया कुटिलता,
मुआ गर्मियों में
एक चादर पर मरा
जाडे में मरता
तो मेरे बच्चों को
एक जोड़ा
रिजाई-गद्दा तो मिलता।"

जमादारनी यानी कुडा-करकट की सफाई करनेवाली का उपर्युक्त कथन विडंबनापूर्ण है। वह कहती है कि सेठ जी ने मरते समय भी कुटिलता और कंजुसी का प्रदर्शन किया इसलिए वह गर्मियों में एक चादर पर मरा न कि जाड़ो में किसी एक गद्दे पर। फिर वह कहती है कि यदि वह गद्दे पर मरता तो उसे एक जोड़ा रजाई-गद्रा मिल जाता और वह अपने बच्चों के लिए उसका उपयोग करती। यहां पर जमादारनी के लालच का संकेत मिलता है। इस संदर्भ में उसकी दरिद्रता ही उसे इस हद तक लालची बना देती है। कवि ने अपनी प्रतिभा और संवेदनात्मक दृष्टि से घटना-विशेष को रूपायित कर उसमें व्यंग्य की सरिता बहा दी है।

एक अन्य कविता 'नन्ही सच्चाई' में भी संवेदना अपनी पराकाष्ठा पर पहंुची है। कविता में कवि के डाक्टर मित्र मर जाते हैं। तब परिवारी सदस्यों को सांत्वना देने हेतु कवि डॉक्टर के घर जाते है। इस परिप्रेक्ष्य में डॉक्टर की छोटी बेटी द्वारा दर्शायी गई बच्चों की मासुमियत को कवि ने व्यंग्य का सहारा लेकर इस प्रकार प्रस्तुत किया है,

"उनकी नन्ही सी बिटिया
भोली नादान थी
जीवन-मृत्यु से
अनजान थी।
हमेशा की तरह
द्वार पर आई
देखकर मुस्कुराई
उसकी नन्ही सच्चाई
दिल को लगी बंधने
बोली
अंकल!
भगवान जी बीमाल हैं न
पापा गट है देखने।"

उपर्युक्त कवितांश व्यंग्यापुरित है। इसमें कवि ने मृत्यु की घोर सत्यता से अपरिचित बच्चों के भोलेपन की प्रस्तुति की है। भगवान का बीमार होना और मनुष्य रूपी डॉक्टर द्वारा उसे देखने जाना इस वाक्य में संवेदना और विडंबना का सम्यक मिश्रण है। अतः यह एक अनोखी कविता है, जिससे पाठक संवेदनानुभूति और विडंबनानुभूति दोनों को एक साथ महसुस कर सकता है।

इन कविताओं के अतिरिक्त चक्रधर जी ने अपनी अन्य कविताओं जैसे 'बुढे बच्चे', 'कटे हाथ', 'दुनिया पागलखाना' आदि से संवेदना के अनुभव प्रस्तुत करती है। अपनी संवेदनशील कविताओं द्वारा कवि ने पाठक में भी संवेदनाभूति विकसित करणा की चेष्टा की है। चक्रधर जी की कविताएं मानव के दिल और दिमाग को प्रकाशित करना चाहती हैं। दिल और दिमाग की रोशनी की तात्विक प्रेरणा कवि को अपने आदर्श कवि मुक्तिबोध से मिली। चक्रधर जी ने अपने इस तत्व अर्थात दिल और दिमाग की एकता का प्रदर्शन अपनी संवेदनशील कविताओं में किया है। साथ ही उन्होंने अपनी संवेदनशील कविताओं द्वारा पाठक में संवेदनात्मक दृष्टि जागृत करने की कोशिश की है, जिससे कवि की वरिष्ठता का परिचय मिलता है।

**संदर्भ सूची:**

1 सो तो है खचेरा, सो तो है, अशोक चक्रधर
2 पोल खोलक यंत्र, भोले-भाले, अशोक चक्रधर
3 माशो की माँ-सो तो है- अशोक चक्रधर
4 'भोले-भाले', भोले-भाले- अशोक चक्रधर
5 डेमोक्रैसी, भोले-भाले- अशोक चक्रधर
6 'जमादरणी की पीड़ा', चुटपुटकुले-अशोक चक्रधर
7 नन्हीं सच्चाई, चुटपुटकुले, अशोक चक्रधर

**Peer Reviewed Refereed Journal** **ISSN : 2278 – 5639**
**Global Online Electronic International Interdisciplinary Research Journal (GOEIIRJ)**
**{Bi-Monthly}** **Volume – XIV** **Special Issue – VII** **March – 2025**

## साहित्यिक विमर्शों का आधार मानवीय संवेदना के विविध रूप :

प्रा. डॉ. साईनाथ ग. शाहू
सहयोगी प्राध्यापक, शोध निर्देशक
हिंदी विभाग,यशवंत महाविद्यालय, नांदेड़

***शोध सार :--***

***विमर्श विचारसंवेदनाओं का पुंज है -, जो मानव जीवन और समाज के विकास और प्रगति की मुख्य चुनौतियों को प्रकट करते हैं। हमें नई सोच, सामयिकता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय और मानवीयता के मानकों के प्रति संवेदनशीलता और सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता जिससे समाज की प्रगती हो उस ओर प्रहवमान बनाता है वह हमें समाज के हर वर्ग को सम्मिलित करके विकास के रथ मे शामील करके साथ मिलकर समस्याओं का समाधान ढूँढ़ते हुए प्रगती कि राह पर चलने का मार्ग दिखाता है । जिससे हम इक्कीसवीं सदी में स्थायी विकास को प्राप्त कर सकेंगे। यह सदी साहित्य के क्षेत्र में नई पहचानो की जन्म देने वाली है जिससे मानवीय संवेदनाओ को जागृत कर नए वैचारिक आयामों के साथ अस्मितमूलक विमर्शों को जन्म दिया है ।***

बीज शब्द : साहित्य, विमर्श, सामाजिकता, चिंतन, मानवीय संवेदना , अस्मिता, पितृसत्ता, अधिकार, मूल्य, धरोहर, परिवर्तन ।

मूल आलेख:

साहित्यिक विमर्श नये और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहलुओं के चिंतन और चर्चा भी साहित्यिक विमर्श में प्रतिबिंबित हो रही हैं।

### 1. मानवीय समाज विमर्श

मानवीय समाज के विमर्श में सामाजिक न्याय, जाति, लिंग, और समानतागत संवेदनात्मक मुद्दों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस सदी में साहित्यिक विमर्श का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है संघर्ष, उपेक्षा और अवसाद को विषय के रूप में देखा जा सकता है। लेखकों ने अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर अधिक ध्यान दिया है और उन्हें उत्पन्न करने वाले कारणों का विचार नहीं किया है। साहित्यिक कृतियों में इन विषयों पर संवेदनशील चर्चा होगी तो सामान्य जनता को जागरूक करेगी। इस सदी के साहित्यिक विमर्श की नई पहचान उभरती हुई कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, और गैर प्रवृत्ति साहित्य के माध्यम से-हो रही है। यह साहित्यिक विमर्श हमारे समाज की समस्याओं को दर्शाता है, हमें सोचने पर विवश करता है, और नए दिशा की ओर ले जाता है। साहित्यिक विमर्श के इस नए रूप ने साहित्य को सामाजिक परिवर्तन के लिए एक महत्त्वपूर्ण और प्रभावी माध्यम बना दिया है। इस सदी में साहित्यिक विमर्श की नई पहचान साहित्य को एक सकारात्मक और सक्रिय क्षेत्र बनाने के साथसाथ रचनाकारों को एक नया -यह लोगों को सोचने और समझने के लिए प्रेरित करता है प्रभावशाली मंच प्रदान करती है।, उन्हें विभिन्न मानसिकता के साथ परिचित कराता है और सामाजिक बदलाव के लिए उन्हें प्रेरित करता है। यह एक नया संवाद स्थापित करता है, जो साहित्य को समाज - संवेदना के मुद्दों के साथ जोड़ता है और विचारों की विस्तार वादी रूपरेखा प्रदर्शित कर उन्हें विमर्श के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार, इक्कीसवीं सदी में

साहित्यिक विमर्श की नई पहचान साहित्य को नए सामाजिक, राजनीतिक संदर्भों के साथसाथ - संवेदनात्मक धरातल पर देखने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती है"।[1] यह रचनाकारों को सामाजिक परिवर्तन के लिए विचारों की प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान करती है, साथ ही पाठकों को सोचने पर विवश करता है और सामाजिक चर्चाओं को संवेदनशीलता के साथ प्रेरित करता है। "समाज के प्रति भावना होती है साहित्यकारो के कलम से बाहर अति है और वह लिपीबद्ध हो जाती है इसलिये का जाता है कि साहित्य समाज का 'दर्पण' है, 'मशाल' है, 'पद्प्रदर्शक' चित्तवृत्ति का प्रतिबिंब है इत्यादी कथन इसी ओर इशारा करते हैं। कवि भी एक सामाजिक प्राणी है, उसी समाज में वह भी रहता है, संस्कृति से वह भी अभिप्राणित है, उसकी सामाजिक संवेदना है अतसमाज के बदलाव का असर उस पर पड़ना स्वाभाविक : है। समय की गति, चेतना, जीवनमूल्य, गिरावट, लालसा, महत्वकांक्षा, सभी का प्रभाव साहित्य एव लेखन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष अवश्य दिखाई देता है"।[2] इक्कीसवी सदी में बदलते सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्य लेखन पर प्रभावी हो रहे हैं, यदि यहीं हाल रहा तो आने वाला लेखक कुंठा एवं हताशा में शब्दों की संस्कृति भी भूल जाएगा, जैसा कि बहुत से रचनाकार कर रहे हैं। विकृत मनोभाव, कुंठा हताशा से मुक्त होकर, मानवीय संवेदनाओ में बदलाव का प्रयास भी हो रहा है।

**2. मानवीय समाज संस्कृति- :**

"इक्कीसवीं सदी में मानवी समाज संस्कृती पर विपुल साहित्य लिखा जा रहा है, जो मानुष संवेदना को अभिव्यक्त करता है । भूतकालीन एवं वर्तमानकालीन साहित्य को देखकर भविष्य का हिंदी साहित्य कौनसी करवट ले सकता है इसको पकड़ने की हमारी कोशिश है। बाजारीकरण-, औद्योगिकरण से मनुष्य एकदूसरे के विचारों से सभी प्रभावित हो रहे हैं और यह -दूसरे के बहुत नजदीक पहुँच चुका है। एक-प्रभावित होनो इंसान का चहुंमुखी है। सबके मानवी मूल्य को छोड कर केंद्र में अर्थपैसा है । पैसा सबको - प्यारा हो रहा है, समाज कि लालसा बढ रही है। मानवीय मूल्य, संवेदना समाप्त हो रहे है । धन की लालसा ही मनुष्य को अंगुलियों पर नचाने की कोशिश कर रही है। झुग्गी झोपड़ियाँ टूटी, घर बने; गाँव टूटकर बिखर रहे हैं, नगर-महानगर बनते जा रहे हैं। रोज नवीन विकास यात्राएं और उसके साथ नव-शहर-व संवेदना साहित्य में उतरना बहुत जरुरी हैनवीन मुश्किलें। आदमी की कठिनाइयाँ ए"।[3]

"किसी भी सभ्य समाज या लोकतांत्रिक देश में मूल्य का होना बहुत जरूरी है। मूल्य सही जीवन जीने की कला सिखाते हैं। देश में संविधान आने के साथ ही लोगों के कुछ मानवाधिकारों को सुनिश्चित किया गया है। मानवाधिकार समाज में वंचित, शोषित, ऊंचे, बड़े तथा जाति, लिंग भेद से ऊपर उठकर सबके लिए एक समान अधिकारों की बात करता है, जिससे समाज में किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित न किया जा सके , मगर जब हम यथार्थ में इसे देखते हैं तो पता चलता है कि, कैसे गरीब, शोषित, वंचित, स्त्रियों, दलितों के साथ भेदभाव किया जाता है। उनके मानवाधिकारों का हनन किया जाता है। समकालीन कविता इन सभी सरोकारों को अपने साथ लेकर चलती है। समकालीन कविता में कोई बड़ा या छोटा नहीं है, सबके लिए कविता में स्थान है, सभी तरह की आवाजों की अभिव्यक्ति है। वर्तमान भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक अजीबसा दौर चल रहा है। जनआंदोलनों से- निकलते विचार तथा उससे पोषित नेता लोग वही काम कर रहे हैं, जिनकी खिलाफत उन्होंने कभी की थी। जो दल एकदूसरे को - अपना राजनीतिक दुश्मन मानते थे, आज अपनी विरासत बचाने के चक्कर में एक दूसरे का हाथ थाम रहे-

हैं। आजादी के पचहत्तर साल बाद भी लोगों के मुद्दे अब भी वही हैं, शिक्षा, रोजगार, गरीबी, महंगाई मगर कोई भी सरकार पूर्ण रूप से इन सभी सुविधाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में सफल नहीं रही है"।[4]

**3. बदलता मानवी जीवन**

चिरंतन सत्य है कि समय निरंतर गतिमान है और समय की गति के साथ सृष्टि के प्राणियों का गहन रिश्ता रहता है। सांसारिक प्राणियों में मानव सबसे विवेकशील होने के कारण समय के साथ वह अपनी कदम ताल मिलाते हुए विकास के नवीनतम आयाम छूने के लिए प्रयासरत रहता है। समय के बदलाव के साथ व्यक्ति की सोच, उसकी आवश्यकताएं, अपेक्षाएं, मान्यताएं तथा वर्जनाएं बदलती हैं। इसी बदलाव में सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा अन्यान्य जीवनमूल्यों में परिवर्तन होता है। समय के साथ बदलाव आता ही आता है, उसे रोक पाना किसी सत्ता के बूते की बात नहीं है। आज हम भूमंडलीकरण के संप्रत्यय को साकार कर सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से विश्वगांव की सैर करने में सफल हुए हैं। 21 वीं सदी का युग 'ग्लोबल विलेज' का युग है अतः इसमें विश्वस्तरीय सोच, संपर्क तथा पारस्परिक लेनव्यवस्था साथ वैश्विक अर्थ-देन अवश्यंभावी नजर आता है।सूचना क्रांति के साथ-ने काफी रफ्तार पकड़ी है, जिसके परिणाम स्वरूप आज का आदमी पहले से काफी दक्ष, कार्यकुशल तथा आत्मविश्वास से भरा प्रतीत होता है। आर्थिक उदारीकरण के साथ भारत ने भी वैश्वीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया है और हमने दूसरे देशों के साथ जुड़कर विकास की गति को तेज किया है। भारतीय बाजारों में विदेशी ब्रांडों की संख्या तथा पहुंच बढ़ने लगी है। हमने वैश्विक चीजों को अपनाना सीखा है। यह बदलाव आज हमारे दैनन्दिन जीवन में देखने को मिलता है। व्यक्ति के जीवन में आने वाले बदलाव से समाज में बदलाव आया और समाज के बदलाव ने साहित्य, संस्कृति, कला तथा जीवन के विविध आयामों को प्रभावित किया है। आज इस 21 वीं सदी के मानव के सामने अनेकानेक चुनौतियां है और इस चुनौती भरे दौर में मीडिया और साहित्य के समक्ष इन सारी चुनौतियों को प्रतिबिंबित करने तथा चकाचौंध में फंसे मानव को उचित राह दिखाने की सबसे बड़ी चुनौती है। वर्तमान दौर में जीवनमूल्यों तथा सामाजिक एवं वैयक्तिक प्रतिमानों में आए बदलाव के कारण साहित्यकार को जिन चुनौतियों से होकर गुजरना पड रहा है चुनौतियों पूर्ण है इसलिये सामाजिक सरोकारों तथा मानवीय मूल्यों को बचाकर रखने का कार्य साहित्यकार और साहित्य का है अतः साहित्य को पूरे समाज का समग्र प्रतिबिंब बनना होगा"।[5]

**4. पर्यावरणीय विमर्श**

21वीं सदी के हिन्दी उपन्यासों में 'पर्यावरणीय' संकट को इस समय ज़ोरशोर से उठाया जा रहा है।- "पर्यावरण से जुडे मुद्दों एवं प्रश्नों को इस युग के उपन्यासकारों ने बेहद गंभीरता से उठाने का प्रयास किया है। सिर्फ उठाया ही नहीं बल्कि उन कारणों को चिह्नित करने का प्रयास भी किया है जिसकी वजह से यह समस्या निरंतर विकराल रूप लेती जा रही है। स्वच्छ हवा, साफ पानी इनसान की बुनियादी जरूरतों में शुमार है, आज आम आदमी को यह भी नसीब नहीं हो पा रहा है। 'जल' समस्या इतनी विकट हो उठी है कि आँकड़ों के अनुसार चालीस प्रतिशत जनसंख्या के पास न्यूनतम स्वच्छता वाला पर्याप्त जल नहीं है। जल संकट की प्रमुख वजह वनों, जंगलों का निरंतर कटते चले जाना है।

"मानवीय जीवन का अस्तित्व प्रकृति के अस्तित्व पर टिका हुआ है तथा प्रकृति को संरक्षण मानवीय प्रयासों से प्रदान किया जाता है। प्रकृति के प्रति मानुष संवेदना पर्यावरण विमर्श का मूल आधार है

। जीव वैज्ञानिकों ने प्रकृति और मानव के बीच संतुलन चक्र को समझने के लिए अनेक अनुसंधान कार्य किये और निष्कर्ष दिया कि जब तक मानवीय गतिविधियाँ प्रकृति के साथ संतुलन बनाये रखेंगी, मानवीय जीवन सुरक्षित रहेगा और प्रकृति उसे बचाये रखने में अपना सहयोग करती रहेगी।"[6] किन्तु वर्तमान में हम इसका विपरीत होते हुये देख रहे हैं, मनुष्य प्रकृति की सुरक्षा न करके उसे ही खत्म करने में तुला हुआ है जो कि मानवजीवन के लिए अपरिहार्य तत्व है। प्रकृति को अपना परिवार मानकर जिस तरह से - आदिवासी उसकी सुरक्षा करते हैं, उसे पालतेपोषते हैं। क्या हम उस तरह से प्रकृति की सेवा कर सकते - हैं? खुद को शिक्षित और बुद्धिमान मानने का भ्रम पाले रहते हैं।प्रकृति इन्सान की जरूरतों को पूरा कर सकती है, उसकी लालच का नहीं। क्योंकि प्राकृतिक संसाधन बहुत ही सीमित मात्रा में है। अगर हम अभी से सचेत नहीं हुये तो वह दिन दूर नहीं जब सारे गोचर अगोचर प्राणी खत्म हो जायेंगे।-21वीं सदी के हिन्दी उपन्यासों ने पर्यावरण प्रदूषण से संबन्धित जिन प्रश्नों और मुद्दों को संवेदनात्मक आधार पर समाज के सामने उठाया है। उस पर सभी बुद्धिजीवियों को गंभीरता के साथ विचारविमर्श करना होगा-" [7]।

**5. नारी विमर्श**

वर्तमान समय में नारी विमर्श प्रत्येक सामाजिक वर्ग, जाति , जनजाति में सदियों से पारंपरिक रूप से उपेक्षित वर्ग नारी के मानवीय अधिकारों का प्रबल समर्थक है।"साहित्य मानव की संवेदनात्मक अभिव्यक्ति है , बीसवीं सदी के अंतिम दशकों में तथा इक्कीसवीं सदी के आरंभ से नारियों ने भी निडरता के साथ इस विधा को समृद्ध करने में अपना योगदान दिया। नारियों द्वारा लिखी हुयी आत्मकथाएँ विचारोत्तेजक, नारी विमर्श के नए आयामों को उद्घाटित करती है। इन आत्मकथाओं को पढ़ने के बाद हमारी नैतिकता और सामाजिकता पर अनेक प्रश्न उपस्थित होते है। स्त्री अस्मिता पर विचार करते समय इस बातपर गौर करना जरुरी है कि स्त्री अनेक सामजिक स्तर, विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के बावजुद भी , उच्चशिक्षित होने पर भी उनका लैंगिक स्तर ही अंततनिर्णायक भुम :िका अदा करता है। पितृसत्ताक समाज ने नारी को सदैव पुरुष का गुलाम और सामाजिक नियमों के अधीन बनाकर रखा । उत्पीडन का अपना अलग सा मनोविज्ञान रहा है, चाहे वह समाज व्यवस्था का नारी के लिए हो या वर्ण के अनुसार हो । नारी का पारिवारिक, सामाजिक,आर्थिक, मानसिक, दैहिक शोषण होता रहा है। किंतु शिक्षित नारी अब सजग हो चुकी है। भारतीय संविधान ने नारी को जो हक दिए है उसके बलबुतेपर शिक्षित हो रही है, अपने सोचविचार के दम पर वह अपने अधिकार माँग रही है। इस समाज के विपरीत परिस्थितियों से लडकर हर - एक भारतीय स्त्री ने अपना अस्तित्व खोने नहीं दिया । विपरीत परिस्थितियों में रहकर भी हौसले और हिम्मत के कारण यह सभी भारतीय महिला ' महिला सशक्तिकरण ' का उदाहरण बनकर प्रस्तुत हुई है"।[8] नारी विमर्श ने महिला वर्ग की अस्मिता को उभारकर उसकी मानवीय संवेदना को जागृत कर समाज के साथ संघर्ष करने का मूल मंत्र दिया है ।

**निष्कर्ष:**

समाज साहित्य का 'दर्पण' चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है, समय के बदलाव के साथ व्यक्ति की सोच, संवेदना , उसकी आवश्यकताएं, अपेक्षाएं, मान्यताएं बदलती रहती हैं। इक्कीसवीं सदी में मानवीय समाज संस्कृती पर विपुल साहित्य लिखा गया है, इसी बदलाव में सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा अन्य जीवनमूल्यों में परिवर्तन होता है। इक्कीसवीं सदी में निर्मित साहित्य हमारे

मानवी जीवन और समाज के प्रति उसकी मानवीय संवेदना साहित्य मे अभिव्यक्त हो रही है और विविध विमर्श मानवीय जीवन और संवेदनाओ मे बदलाव लाने कोशिश कर रहे है । मानवीय संवेदना और साहित्य का संबंध अन्योन्याश्रित है उसी प्रकार साहित्यक विमर्श का आधार मानवीय संवेदना ही रही है ।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**


1. अजय कुमार चौधरी, इक्कीसवीं सदी के साहित्य में नये विमर्श,1 सितंबर 2023 अंक :236, प्रथम, 2023.
2. डॉमाया दबे .,इक्कीसवी सदी के हिंदी साहित्य मेंसामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ-, शब्द प्रवाह,जनवरी 18, 2021.
3. रंजना चावड़ा,विजय शिंदे,सुलक्षणा जाधव घुमरे ,इक्कीसवीं सदी में हिन्दी साहित्य स्थिति एवं संभावनाएँ,प्रकाशकः राज पब्लिशिंग हाऊस,वर्ष :2016.
4. विश्वजीत सिंह शोध आलेख समकालीन हिन्दी कविता में मानव मूल्य :,अपनी माटी सम्पादक : वाररवि / माणिक एवं जितेन्द्र यादव, जून 30, 2024.
5. डॉगजादान चारण .,21 वीं सदी की चुनौतियां और साहित्यसृजन-, सितंबर 19, 2016.
6. डॉ. गजादान चारण,21 वीं सदी की चुनौतियां और साहित्यसृजन-, सितंबर 19, 2016.

# 21 वीं सदी की कहानी " ऐ गंगा तुम बहती हो क्यूँ " में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना

**प्रा. डॉ. चंद्रकांत नरसप्पा एकलारे**
*सहयोगी प्राध्यापक*
*महात्मा ज्योतिबा फुले महाविद्यालय, मुखेड*

प्रस्तावना :

हिंदी साहित्य में नव चेतना , सोंच , दृष्टिकोण , संवेदना को लेकर कलम चलानेवाले कहानीकार विवेक मिश्र है । रुढी , प्रथा , परंपरा में जकड़नेवाली व्यवस्था को नया राजमार्ग प्रदान करनेवाले प्रस्तुत साहित्यकार है । सामाजिक धरोहर पर उसके मूल में जाकर जनचेतना का कार्य रचनाकार का रहा है । जिन्होंने अपने जीवनकाल में दो कविता संग्रह और एक कहानी संग्रह का लेखन कार्य किया है । आपकी प्रसिद्ध कहानियों में हनिया, मितली, बदबू, गुब्बारा, थर्टी मिनिटस्, तितली, दुर्गा, ऐ गंगा तुम बहती हो क्यूँ, सपना, ख़रोच, घड़ा, चोर-जेब, जोकर आदि का नाम है । प्रस्तुत कहानी विभिन्न पत्र - पत्रिकाओं में प्रकाशित है । "ऐ गंगा तुम बहती हो क्यूँ " कहानी हंस पत्रिका में प्रकाशित है । जिसमें दलित संघर्ष , प्रताड़ना, कर्मकांड, परिवर्तन, आंतरजातीय विवाह, पारिवारिक विघटन आदि मानवीय संवेदनाओं का चलचित्र हमारे सम्मुख कहानी का पठन करते समय उपस्थित होता है ।

हिंदी साहित्य के मूल में मानवीयता का पक्ष लेकर लेखन करनेवाला साहित्य है । प्रस्तुत साहित्य की संवेदना दीन, दलित, दुखी, पिडीत, नारी, आदिवासी, अल्पसंख्याक, वृध्द , किसान आदि विमर्शों को लेकर जागरण करती है । साहित्य परिवर्तन की जड़ो में काम करता है । उपरी दिखावा करनेवाला साहित्य समाज को प्रेरणा देने के बजाय चकाचौंध करनेवाली रातें सूरज के उजाले में लुप्त हो जाती है । ठिक इसी तरह लोगों के अंतर्गर्भ में सवाल खडा करना, चित्त विचलित करना , सोच समझकर परिवर्तन की दिशा में पहल चलाना कहानी का उद्देश्य लगता है । मानवीय संवेदना को जागृत करने हेतु साहित्यकार और पाठक दोनों के भीतर प्रगति की क्षमता रहना आवश्यक है ।

रणवीर और प्रतिभा इन दोनों का आंतरजातीय विवाह हो जाता है । परंपरावादी विचारधारा को माननेवाले समग्र परिवार उन्हें स्वीकार नहीं करते । मात्र पिता ह्रदयनाथ सिंह जो बनारस विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र के प्रोफेसर है । कानपुर के आर्य समाज मंदिर में बेटे रणवीर और बहू प्रतिभा को आशिर्वाद देते है । प्रतिभा के मन में चलनेवाले कोलाहल को एक आशा का किरण ससूर के रुप में दिखायी देता है । बच्चों को जो घर वापसी का आश्वासन देकर चले जाते है । कई वर्षों के बाद में ह्रदयगति से निधन की वार्ता मिलती है । पति के लाख रोकने पर भी प्रतिभा अंतिमदर्शन के लिए जाती है । इस कहानी में काशी के घाट पर चितायें जलाना , पंडीत जी के माध्यम से प्रेतात्मा को संतुष्टि हेतु किये जानेवाले प्रयास , चिता पर अग्नी देने से पूर्व पैरों को बाहर रखकर चिता जलाने की पध्दती देखकर सामान्य व्यक्ति के मन में जिज्ञासावश उठनेवाले सवाल , भय को सजीवता के साथ प्रस्तुति दी गयी है । इस पध्दती के बारे में पंडीत बोलते है , " शूद्र की छाया भर पड़ने से बैतरणी पार करने में बाधा पड़ जाती है, भवसागर को पार करना कोई नदी - नाला पार करना नहीं है । उसे पार करने के लिए कोई पुल, कोई गाडी, कोई साधन नहीं है । सिवा अपने धर्म पालन के, सारे कर्मकांड पूरे करने के ....और अन्तिम संस्कार ? यह तो वह संस्कार है

जिसमें रत्तीभर चूक से व्यक्ति की आत्मा युग - युगान्तर तक प्रेतयोनि में भटकती रहती है , फिर पूरे ब्रम्हाण्ड में कोई उसे बैतरणी पार नहीं करा सकता । "1

नायिका को नदी की उपमा देकर पियुषस्त्रोत सी बहनेवाली है । वाराणसी की गंगा अविरत बहती है, ठीक उसी प्रकार प्रतिभा भी न्याय की अपेक्षा में बहती है । पंडितों की मनगढ़त बातें लोगों में भ्रम फैलाती है। सुचारु रुप से चलनेवाला कार्यकलाप अलग दिशा में मोड देते है । आधारहीन और भटकानेवाली बातें समाज में फैलाकर स्वयं का स्वार्थ साध्य करनेवाली व्यवस्था को उजागर किया गया है। राष्ट्र निर्माण के लिए समाज के सभी वर्ग को मानवीय संवेदना जागृत करने का लक्ष्य रचनाकार का है।

मानव होकर मानवीयता का संरक्षण करना परम कर्तव्य है । लेकिन समाज कुछ लोग कुसंस्कार से समग्र भारतीय परिवेश में संस्कार धर्म का गलत प्रचार प्रसार किया जा रहा है । विश्वशांति का संदेश देनेवाला राष्ट्र आज कई मतावलम्बियों के कारण भ्रष्ट बनने लगी है। उत्तर भारत में विद्यमान आदर, सम्मान और संस्कार को तिलांजली देने का कार्य कुछ लोग गलत बात बताने से हो रहा है । प्रतिभा के माध्यम से जो वाराणसी में बहनेवाली सरिता जिस प्रकार सभी को समानता का संदेश देती है , ठीक उसी तरह प्रतिभा भी अपने परिवार के साथ मिलने के लिए संघर्ष करने लगी है ।

लेखक विवेक मिश्र या नायिका को जो सवाल पडा है कि , ऐ गंगा तुम बहती हो क्यूँ ? यह सवाल जवाब की तलाश करता है । जिस तरह आशिर्वाद के बाद पिता का आश्वासन था कि , घर का वातावरण शांत होने के बाद पत्र लिखकर घर बुलाना चाहते थे । गंगा अनेक अवरोध के बाद भी बहती है । प्रतिभा को रणवीर के जीवन से दूर करनेवाले विचारधारा पर भी लेखक हातौडा चलाते है । " रणवीर ने प्रतिभा को बताया था कि उसके परिवार में एक वहीं है जिन्होंने बदलते समय में पुरानी मान्यताओं को तोड़कर नये मूल्यों को अंगीकार किया था वर्ना उसके परिवार में बाकी सभी लोग आज भी सदियों पुराने खूँटे से बँधे , सड़ी - गली मान्यताओं की जुगाली कर रहे है । "2

**निष्कर्ष :-**

जिन्दगी भर जिन पैरों पर हम खड़े.होकर सुख - दुख का रास्ता काटने लगते है । मृत्यु के पश्चात पैरों के साथ भेदभाव करते हुए वर्णव्यवस्था का पाठ पढाने लगते है । शूद्रो का जन्म पैरों से मानकर वैज्ञानिक उन्नति को नकारनेवाली समाज व्यवस्था पर कहानी के माध्यम से प्रहार किया गया है । मानव होकर मानवतावादी विचारधारा की बात जहाँ पर करते है , वहीं दोगली नीति का प्रयोग कर कर समाज में भेदभाव निर्माण कर देते है । वर्तमान समय में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करते हुए , आपसी स्नेह , भाईचारा और रिश्तेदारी निभाना प्रासंगिक लगता है । जो संवेदना के बिना अधूरा है ।

**संदर्भ**

1) साहित्य भारती - संपा.डॉ. अजय टेंगसे पृ.क्र. 182
2) साहित्य भारती - संपा.डॉ. अजय टेंगसे पृ.क्र.180

# 21 वी सदी के हिंदी उपन्यासों मे चित्रितकृषक संवेदना

**बाबासाहेब गणपतराव इंगोले**
*संशोधक छात्र*
*तथा प्राचार्य, अन्नपूर्णा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय*
*बासंबाजिला. हिंगोली 431513*

**प्रस्तावना**

19वींसदी के उत्तरार्ध में हिंदी में उपन्यास विधा का अंतर भाव हुआ है।उपन्यास आधुनिक साहित्य की सबसे महत्वपूर्ण विधा है।साहित्य का मूल भाव मानव हित होता है और इसकी परिपूर्ति करने का कारगर माध्यम उपन्यास है। कभी-कभी उपदेश से मानव हितसाध्यकिया जाता था जीवन की समस्याओं से घिरे मनुष्य को हल बताए जाते थे।मनुष्य के जीवन की कठोरता एवं परेशानियों से कुछ समय के लिए मुक्ति पाने के लिए मनोरंजन करने वाला साहित्य भी लिखा जाता था।गद्यमें काव्य की अपेक्षा लेखन और अभिव्यक्ति की सरलता अधिक होने से के कारण इसका प्रचलन बढा।कहानी सुनना अच्छा मनोरंजन का माध्यम बना।राजा_रानी की, राजकुमारी की,आदि छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से बड़ी कहानी सुनाने का प्रचलन भी पढ़ने लगा। आगेचलकर यह लंबी कहानी उपन्यास के रूप में परिवर्तित हुई, क्योंकि मानव जीवन की विस्तृत व्याख्या एवं विश्लेषण के दृष्टि से उपन्यास विधा का महत्व है। उपन्यास मानव जीवन के चित्रण के लिए उपयुक्त है तथा उसका क्षेत्र भी अधिक विशाल है। मानव के समस्त जीवन के पहलुओं का चित्रण उपन्यास में होता है, जिस परिवेश में सांस ले रहा है उसका अंकन उपन्यास में सूक्ष्मता से होता है। इसलिए प्रेमचंद ने उपन्यास को ,"मानव जीवन का चरित्र कहा है"व्यक्ति की जीवन की अनुभूतियों सुख-दुख, प्रेम विरह, संघर्ष कामना, आकांक्षाअभाव आदि का विस्तृत चित्रण उपन्यास में ही संभव है।

**21वीं सदीके उपन्यास:**

21वीं सदी के उपन्यासों में , आर्थिक, राजनीतिक मुद्दों का चित्रण दिखाई देता है।21 वे सदी के उपन्यासों में प्रमुखता से किसान की समस्याएं,महिलाओं का शोषण, थर्ड जेंडर की समस्याएं, जीवन मूल्यों में आया बदलाव और संघर्ष सामाजिक और राजनीति के दृष्टि से दलित और आदिवासी वर्ग की समस्याएं, कृषक समस्याएं और कृषि संबंधित संकट, पीढ़ी अतंराल,सेहोने वाला बातों पर डाला गया प्रकाश विशेष रूप से दिखाई देता है। और मानवीय संवेदना को उजागर करते हैं।

**स्वतंत्रता पूर्व उपन्यासों में कृषक संवेदना:**

स्वतंत्रता पूर्व उपन्यासों में कृषक जीवन और कृषक संवेदना को उपन्यासों में चित्रण किया हुआ दिखाई देता है जिसमें उनकी संवेदनाएं समाज में व्याप्त परिस्थितियों को दर्शाती है जिसमें विधवा पुनर्विवाह ।,स्त्री शिक्षा,बाल विवाह का विरोध,किसानोंऔर मजदूरों के शोषण का विरोध आदि विषय संदर्भ में संवेदना दिखाई देती है किंतु इस प्रकार केउपन्यासकारों की संख्या उसे युग में सीमित दिखाई देती है गोपाल राय के अनुसार इस अवधि का उपन्यास देश के उसे विशाल जन समुदाय से कटा हुआ है जो ब्रिटिश अपनी बेसिक शासन के शोषण चक्र में पीस रहा था यह जन समुदाय किसानों का था। जो मुख्यतागांव में रहता था और विदेशी सरकार जमीदार महाजन पुरोहित सबका भक्त बना हुआ था। किशोरी लाल गोस्वामी,

भुवनेश्वर मिश्र,मेहता, लज्जाराम शर्मा, आदि कुछ उपन्यासकारों ने किसानों पर, जमीदारोंका अत्याचार, ग्रामीणों की निर्धनता,अशिक्षा तथा उनकी दीनहीन स्थिति का यथार्थ चित्रण किया है। किंतु यथार्थ के इस ज्वलंत पक्ष पर उनकी सृजनात्मक दृष्टि नहीं पड़ीहै।

**स्वतंत्रोतर उपन्यासों में कृषक संवेदना:**

स्वतंत्रोतर उपन्यासों में कृषक संवेदना अनेक धाराओं में बटी नजर आती है।लेकिन किसान की समस्या को लेकर इस समय भी पर्याप्त लेखन नहीं हुआ। कृषक संवेदना को उजागर नहीं किया।किसान की जो समस्याएं स्वतंत्रता पूर्व से थी वही समस्याएं हमें स्वतंत्रोतर उपन्यासों में देखने को मिलती है।

**21वीं सदीके उपन्यासों में कृषक संवेदना:**

हिंदी में किसान जीवन की समस्याओं पर जो भी उपन्यास लेखन की परंपरा स्वतंत्रता से पूर्व शुरू हुई वह हर युग में चलती रही हर युग के किसान एवं खेतीहर मजदूर की समस्याएं अलग-अलग होते हुए भी एक दूसरे से जुड़ी हुई दिखाई देती है किसान एवं खेतीहर मजदूर के जीवन की समस्याओं को समाज से जुड़े रखने के लिए 21वीं सदीके उपन्यासकारों ने अपने उपन्यासों में किसान एवं खेतीहर मजदूर की संवेदना को जगाया है।

**1) जमीन:**

**भीमसेन त्यागी**

भीमसेन त्यागी जी ने आपने उपन्यास जमीन में जो 2004 में लिखा गया गरीब किसानों एवं मजदूरी के जीवन को आधार बनाकर आजादी से प्रारंभहोकरआज़ादी मिलनेतकशुरूरहा।किसान एवं खेतीहर मजदूर जमीदारों के शोषण एवं अत्याचार से दबे हुए हैं गांव के जमीदारों ने किसानों से बेगार करवाने के साथ-साथ उनके घर की स्त्रियों का शारीरिक शोषण भी करते हैं।उपन्यास में जमीदारी उन्मूलन कानून से लेकर भूदान आंदोलन का उल्लेख भी मिलता है।किसान जमीदारों के शोषण एवं कर्ज से इस तरह बहाल होते हैं,कि जमीदारों को अपनी भूमि देने पर मजबूर हो जाते हैं। इस तरह से जमीन यह उपन्यास किसानोंकी भूमिहीन होने की संवेदना को दर्शाता है।

**2) हलफनामे**

**राजूशर्मा**

यह उपन्यास किसान जीवन की त्रासदी पर आधारित है।राजू शर्मा ने 2007 में इस उपन्यास की रचना की उपन्यास की मूल संवेदना पानी की कमी है।पानी की कमी के कारण उपन्यास का मुख्य पात्र स्वामीराम आत्महत्या कर लेता है।स्वामीराम की मृत्यु के पश्चात उसका पुत्र मकई मुआवजे की राशि के लिए कोर्ट के चक्कर लगाता है तभी मकई को शासन तंत्र की सच्चाई का पता चलता है। उपन्यास में इस बात पर प्रकाश डाला है कि विभिन्न पदों पर बैठे अधिकारी किस तरह से किसान का शोषण करते हैं। उसकी इससंवेदना को जागृतकरताहै।

**3) आखरीछलांग**

**शिव मूर्ति**

शिव मूर्ति ने आखिरी चलांग इस उपन्यास में किसान जीवन के विविध पहलुओंऊपर प्रकाश डाला है। एक किसान जिसको पहलवान नाम से जाना जाता है वह अपने समस्याओं से इस कदर घिर गया है,

उसे कोई और चीज नहीं दिखाईदेती है।किसानों के सामने पानी की समस्या बीच की समस्या सामने दिखाई देती है।खेती में पर्याप्त आमदनी न होने के कारण किसान कर्ज में फंस जाते हैं।किसानोंके सामने सिर्फ खेतीयाकिसानी का संकट नहीं होता बल्कि परिवार से जुड़े अन्य कार्यों के लिए कर्ज लेने पर मजबूर होते हैं।

4) कालीचाट

सुनील चतुर्वेदी

यह उपन्यास किसानों कीपीड़ाग्रस्त शोषणकी संवेदना को उजागर करता है जो लाख प्रयत्न करने के बावजूद अपनी समस्याओं को कम नहीं कर पाते।यूनुस नाम का किसान जो अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार द्वारा चलाई गई नीतियों को अपनाता है किंतु एक बार भी सफल नहीं होता अंत में मजबूर होकर आत्महत्या कर लेता है। उपन्यास में सरकारी नीतियों के दुष्प्रभाव को दिखाया गया है। सरकार नीतियों को तो चलाती है किंतु उनके प्रचार प्रसार न होने के कारण किसान उन नीतियों में फंस जाते हैं।सुनीलचतुर्वेदी ने औद्योगीकरण के प्रभाव को भी उपन्यास में दिखाया गया है।औद्योगीकरण के परिणाम स्वरुप गांव की युवाओं को खेती का मोह भंग हो रहा है।

5) कंदील

राजकुमार राकेश

इस उपन्यास में पहाड़ी किसान जीवन दर्शाया है। उपन्यास में राजकुमार राकेश ने पारबतीनामक महिला के माध्यम से किसानों की विविध समस्यायुक्त संवेदना का परिचय कराया है। कभी पानी की अधिकता से किसानों की फसले खराब हो जाती है,तो कभी सूखे की समस्या से किसानों की फैसले सूख जाती है।भूमि अधिग्रहण की समस्या और राजनेताओं के अत्याचार से किसानजूझ रहा है इन सबके बावजूद किसान अपनी समस्याओं से हर नहीं मानता और उसे संघर्ष करता है। यह संघर्षशील संवेदना इस उपन्यास के माध्यम से दर्शायी है।

6) आकाल में उत्सव

पंकज सुबीरछोटे किसान कीसमस्याओं को आधार बनाकर लिखा गया यह उपन्यासहै। राम प्रसाद नाम के किसान की संपूर्ण जीवन की समस्याओं को उपन्यास में संवेदनाओं के माध्यम से निखारागया है। राम प्रसाद एक छोटा किसान है जिस की जीविका का साधन सिर्फ खेती है उसी के सहारे वह अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करता है किंतु बैंक के फर्जी वादे ने उसकी समस्याओं को और बढ़ाने का काम किया है बारिश में उसकी पूरी फसल नष्ट हो जाती है।अबउसके पास कर्ज चुकाने के लिए कुछ भी नहीं बचा है।नष्ट हुई फसल का मुआवजा प्राप्त करने के लिए उसे घुस की रकम मांगी जाती है।जब उसे कोई रास्ता नहीं दिखाई देता तो वह हार कर आत्महत्या कर लेता है। उसकी आत्महत्या का कारण उसका पागल होना बताया जाता है।एक तरफ किसानों की फैसले नष्ट होने से किसान मातम मना रहे होते हैं दूसरी तरफ जिले में महोत्सव का आयोजन चल रहा होता है। ऐसी अमानवीय किसान की संवेदना को इस उपन्यास में दर्शाया गया है।

7) आदि ग्राम उपाख्यान

कुणाल सिंह

इस उपन्यास में किसान की भूमि अधिग्रहण करते वक्त की संवेदना की समस्या को दिखाया गया है। जिसकी रचना कुणाल सिंह ने की है किसानोंकी भूमि छीननेके लिए उस को तरह-तरह के प्रलोभन दिए जाते हैं।आदि ग्राम की भूमि पर सरकार की तरफ से एक केमिकल फैक्ट्री लगाने का आदेश दिया जाता है अपनी भूमि बचाने के लिए किसान आंदोलन करते हैं।उपन्यास में ईस्ट इंडिया कंपनी के अत्याचार को भी दिखाया गया है।आदि ग्राम की किसान भूखे मर रहे होते हैं फिर भी कंपनी उसने उसे लगान वसूलते हैं ऐसी कंपनी की निर्दय संवेदना को दर्शाया गया है।

8) **फास्:**

**संजीव**

संजीवने किसानो की आत्महत्या करने वाली संवेदना को उजागर किया है।उपन्यास की केंद्र भूमि विदर्भ के किसान है।विदर्भ की भूमि के किसान पानी की समस्या से त्रस्त है बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारण किसान परंपरागत कृषि छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं जिसके परिणाम स्वरुप छोटे किसान एवं खेतीहर मजदूर के लिए खेती कठिन होती जा रही है।सरकारी नीतियों के कारण भी किसान कर्ज में डूब रहा है।सरकार द्वारा चलाई गई पशुपालन एवं मुर्गी पालन जैसी योजनाएं किसानों के लिए प्राण घातक सिद्ध हो रही है।

9) **ताकि बची रहे हरियाली**

**अनंत कुमार सिंह**

2015 में रचे उपन्यास में कृषि संस्कृति को आधार बनाकर कृषि संस्कृति से संबंधित संवेदना को उजागर किया है।वैश्वीकरण की कारण आंधी में जिस तरह से खेती करने के तौर तरीके में बदलाव हो रहा है। किसान की समस्याएं भी बढ़ती जा रही है। एक तरफ बीज, खाद, कीटक नाशक बनाने वाली कंपनियां है जिनका एकमात्र उद्देश्य होता है मुनाफा कमाना दूसरी तरफ वह कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए लोग हैं, जो किसानों की समस्याओं को कम करने का प्रयास करते रहते हैं। उपन्यास में रासायनिक खादों के दुष्प्रभाव पर प्रमुख रूप से प्रकाश डाला गया है। साथहीकिसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया है।

10) **ढलती सांझ का सूरज:**

**मधु कांकरिया**

मधु कांकरिया जी ने अपने उपन्यास में किसान और मानवीय संवेदना को निम्न तरह से उजागर किया है।

**मनुष्य बनने की सीख की संवेदना:**

लेखिका मां-बेटे को पात्र बनाकर किसानी जीवन के संकटों को विस्तार से समझाने का दुष्कर प्रकल्प चुनती हैं. अविनाश नाम का पात्र जो देश से बाहर स्विट्जरलैंड में रहता है और अपनी मां से पिछले 20 सालों से एक भी बार मिलने नहीं आया और भौतिक दुनिया में इस कदर लीन होता चला गया कि उस उसका देश, उसके अपने, सबकुछ छूटते चले गए।. लेकिन एक दिन अचानक मां की खबर सुनते ही जब वो उसकी तलाश में भारत आता है। तो ये तलाश उसी अपने ही देश में बसे हुए कई देशों से मिलवाती है। उसे एक ऐसी यात्रा पर ले चलता है। जिसका उसे अभ्यास नहीं होता लेकिन वो सोचता जरूर है: '....अपनी मूल सत्ता के विरुद्ध जाकर जीवन जिया नहीं जा सकता है, काटा भले ही जाए.।"

लेखिका अपने किरदारों के जरिए किसानों की जिंदगी के भीतर गहराई से झांकती हैं और कहती हैं, 'किसान का चेहरा वह आईना है जिसमें सभ्यता का चेहरा झलकता है.' मधु कांकरिया की किताब का कथ्य जितना मार्मिक, संप्रेषणीय और व्यावहारिक है उतना ही वो तथ्यात्मक ढंग से भी खरा उतरता है। उनके उपन्यास के बारे में जानी-मानी लेखिका मृदुलागर्ग ने लिखा है, 'उस उपन्यास में जो कथ्य है वह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो जीवन में कथित सफलता अर्जित करने के बाद उसकी सीमाओं को महसूस करता है. उसमें एक तलाश है, अपनी सार्थकता की, अपनी आत्मा की, अर्थवत्ता की. अपने जीवन के लक्ष्य की.'

लेखिका अपने मुख्य पात्र को जीवन के जिस जरूरी यात्रा पर ले जाती है, उसकी अनुभूति करते हुए अविनाश कहता है, 'तुम्हारी खोज से शुरू हुई मेरी यात्रा अब जीवन और मनुष्य की खोज में बदल गई है.' वहीं उपन्यासमेंएक पात्र किसानी जीवन की सच्चाई को कुछ ऐसा बताता है: 'पहले किसान टूट-टूट कर जुड़ जाता था, अपनी ही राख झाड़कर खड़ा हो जाता था। फसलें तो पहले भी खराब होती थीं, बारिश पहले भी दगा देती थी। पर तब किसान उम्मीद, जद्दोजहद और एक हौसले का नाम था पर आज जिल्लत और अपमान से भरी परिस्थितियां इस कदर कोंच-कोंच कर मार रही हैं। उसकी गरिमा को हीवह उठकर खड़े होने की बजाए उठ जाना पसंद करने लगा है।...'

भारत पारंपरिक रूप से खेती-किसानी के क्षेत्र में हमेशा से उन्नत रहा है। लेकिन अब ऐसी स्थिति बन रही है कि न तो ठीक ढंग से फसल पैदा हो पा रही है, और न ही किसान का परिवार एक अच्छा जीवन बिता पा रहा है। भारत किसानी के संकट का हॉटस्पाट बन चुका है। जहां न सरकारी नीति कोई समाधान ला पा रही है, और न ही सामाजिक तौर पर उठाए जा रहे कदम चीज़ों को बदल पा रहे है।.
महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र को कौन नहीं जानता। बीते कुछ दशकों में ये एक ऐसी जगह के तौर पर उभरा है जहां सबसे ज्यादा शेतकारों (किसानों) ने आत्महत्याएं की हैं।कर्जे में डूबे किसान अब उम्मीद खोते जा रहे हैं। प्रशासन उनकी मौतों को आत्महत्या नहीं मानता और बाद में परिवार के सामने रह जाता है सिर्फ अथाह दुख का पहाड़।

इन्हीं सारे वातावरण को वरिष्ठ लेखिका मधु कांकरिया की किताब 'ढलती सांझ का सूरज' में प्रामाणिकता और औपन्यासिकता के मजबूत गठजोड़ के साथ दर्ज किया गया है। लेखिका सफलता, सार्थकता और किसान जीवन की वास्तविकता के द्वंद को सिलसिलेवार ढंग से उकेरती हैं और बहादुरी के साथ उसे व्यक्त करती हैं. वह जीवन के ऐसे दरवाजे खोलती जाती हैं जो व्यक्ति के 'आत्म' से जाकर टकराता है। सफलता की नई व्याख्या लिखता है।दुख और सुख का अलग ढंग से संसार बनाता है और इन सबके बीच वे सारे अंतर्विरोध जा जुड़ते हैं जो जिंदगी की जटिलताओं का परिणाम होती हैं।
लेखिका मधु कांकरियाउपन्यास की शुरुआत में प्रस्थान बिंदु का जिक्र करती हैं जहां से उन्होंने किसानों के जीवन के भीतर झांकने की शुरुआत की।वह लिखती हैं, '....ये अन्त: यात्राएं मेरी चेतना यात्राएं बन जीवन का प्राप्य ही बन गईं। इसके साथ ही जुड़ती गईं मेरी अनुभूतियां, संवेदनाएं, कल्पनाएं, विचार, दर्शन, जीवन-दृष्टि और सभ्यता का अमानवीय इतिहास जिसकी अंतिम परिणति इस उपन्यास के रूप में हुई।

**जड़ों से जुड़ने की चाहत और आत्मग्लानिकी संवेदना**

ग्रामीण जीवन की विषमताओं को लेखिका ने शोध के साथ साहित्य के रूप में पेश किया है। एक

ऐसा जीवन जिसकी व्यापकता निर्विवाद है लेकिन उसकी चिंताएं और परेशानियां सिर्फ किसान तक ही सीमित है। वह ना तो व्यापकता हासिल कर पाती है और न ही लोगों का ध्यान ही खींच पाती है. लेकिन लेखिका विदेश से आए एक पात्र के जरिए जो अपनी मां की तलाश में है, किसानी जीवन के यथार्थ को समझा जाती हैं।

लेखिका परिवार नाम की संस्था की जरूरत को बड़ी ही बखूबी ढंग से दर्ज करती हुई चलती हैं और संकेतों और स्पष्टताओं के जरिए जिंदगी की व्याख्या भी करती चलती है. साथ ही किताब लोकतंत्र का जरूरी पाठ भी पढ़ा जाती है जिसमें एक पात्र कहता है: 'कैसा लोकतंत्र जहां किसी के जीने का अधिकार कोई ठेकेदार अपनी जेब में लिए घूमता है? ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दी गई हैं कि लोग कीड़ों में बदलने को तैयार हो जाएं. मरी हुई सभ्यता की बू आने लगी है अब लोकतंत्र से।

**सारांश**

हिंदी साहित्य के उपन्यासों में कृषक जीवन की समस्याओं और संवेदनाओं को लेकर मुंशी प्रेमचंद पूर्व युग से यह लिखे जो लिखी जाती है किंतु उन्हें पुख्ता जमीन प्रेमचंद युग से ही मिली है। या यू कहा जा सकता है कि प्रेमचंद के आगमन ने ही हिंदी उपन्यास को मानव जीवन की वास्तविक समस्याओं से और संवेदनाओं से जोड़ने का कार्य किया है।

21 सी सदी के उपन्यासों में कृषक संवेदनाओं को जागृत करने का कार्यभीमसेन त्यागी राजू शर्मा शिव मूर्ति सुनील चतुर्वेदी राजकुमार राकेश पंकज सुधीर कुणाल सिंह संजीव अनंत कुमार सिंह इन उपन्यासकारोंकिया है। 21वीं सदीके उपन्यासों से इनकी तुलना करने पर हमें यह दिखाई देता है, कि कृषक की समस्याओं की संवेदना बदल गई है।प्रेमचंद के उपन्यासों वाला किसान कितना भी निर्धन,गरीब क्यों ना हो मगर आत्महत्या नहीं करता था।

आज कृषक संवेदनशील बना है और वह अपने जीवन को त्यागने के लिए तैयार है ऐसा संवेदनशील किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होता दिखाई दे रहा है वैश्वीकरणऔर भूमंडलीकरण के बाद किसान को अच्छे दिन आयेंगेऐसा कहा जाता था। मगर ऐसा तो नहीं हुआ लेकिन सूखेसे कर्जे में डूबैकिसान और उनके खेती में उपज,फसलों की कम आमदनी के वजह से आज किसान अपना और अपने परिवार का गुजर बसर नहीं कर पा रहा।और वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर होता दिखाई दे रहा है।

**संदर्भ**

1) हिंदी उपन्यास काविका समधुरेश राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली 2016
2) हिंदी उपन्यास का इतिहास, रायगोपाल राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली 2016
3) उपन्यास के रंग प्रकाश अरुण, अंतिका प्रकाशन गाजियाबाद 2013
4) आखरी छलांग शिव मूर्ति नया नयानवोदय नई दिल्ली 2008
5) साहित्यिक विधायक पुनर्विचार डॉक्टर हरिमोहन वाणी प्रकाशन नई दिल्ली 1997
6) वृहत हिंदी कोश प्रसाद कालिका संपादक ज्ञान मंडल लिमिटेड वाराणसी 1997
7) हिंदी नाटक उद्भव विकास डॉक्टर ओझा दशरथ राजपाल एंड संस दिल्ली 2003
8) हलफनामें,राजू शर्मा का ''2006,
10) 'जमीन, 'भीमसेन त्यागी 2006

11) 'आखिरी छलांग शिवमुर्ति '2008
12) 'आदिग्राम उपाध्यान',कुणाल सिंह 2010
13) 'कालीचाट', सुनील चतुर्वेदी 2015
14) 'कंदील, राजकुमार राकेश'2015
15) पंकज सुबीर का 'अकाल में उत्सव'2015
16) संजीव, 'फांस'2015
17) मधु कांकरिया , 'ढलती सांज का सूरज'2022

# २१वी सदी के उपन्यासों में किन्नरों के प्रति संवेदना

विशाल किशन राठोड
शोध छात्र
पीपल्स महाविद्यालय, नांदेड

स्वातंत्र्योत्तर भारतीय जीवन काफी तेज गति से बदल रहा है। और यह परिवर्तन साहित्य में भी पाया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा स्वतंत्रता के बाद हिंदी साहित्य में स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श, वृद्ध विमर्श तथा मुस्लिम विमर्श जैसी नयी - नयी विचारधाराओं को पाठकों के सामने प्रस्तुत करने काम हिंदी साहित्य कर रहा है। अतः यह बदल २१वी सदी के हिंदी उपन्यासों में अत्यंत सजग रुप से दिखाई देता है। उपेक्षित जनसमुदाय को वाणी देने की अहम् भूमिका हिंदी साहित्य निभा रहा है। ऐसा ही एक उपेक्षित जनसमुदाय थर्ड जेंडर यानी तृतीय पंथी समाज है। स्त्री - पुरुष यह समाज के दो महत्वपूर्ण वर्ग है किंतु एक ऐसा वर्ग है जो न पुरुष है, न स्त्री है वह तिसरा वर्ग है जिसे तृतीय पंथी के रुप में पहचाना जाता है। हमारे इस समाज में जितना स्त्री - पुरुष को मिलता है उतना महत्व तृतीय पंथियों को नहीं मिलता। समाज, परिवार, सरकार सभी जगह यह उपेक्षित रह जाते हैं। यहां तक कि उनका अस्तित्व ही नहीं माना जाता है। अतः साहित्य के द्वारा साहित्यकार समाज से संवाद स्थापित करता है और समाज की समस्याएं साहित्य के अंदर दिखाई देती है।

२१वी सदी का प्रथम तथा व्दितीय दशक किन्नर का जीवन तथा उसकी समस्याओं के लिए याद किया जाएगा। किन्नर का जीवन, उनका संघर्ष, उनकी संवेदना को ध्यान में रखकर, रणदीप, मैं पायल, जिंदगी ५०-५०, मैं भी औरत हूं, किन्नर कथा, तीसरी ताली, गुलाम मंडी, पोस्ट बॉक्स नं.२०३, इसी बात की ध्यान में रखकर २१ वी सदी के हिंदी उपन्यासों में चित्रित किन्नर के प्रति संवेदना दिखाई देती है।

हमारे समाज में दो स्तंभ महत्वपूर्ण माने जाते है एक स्त्री और दुसरा पुरुष। इस समाज का विकास इन दोनों के सहारे ही हो रहा है। लेकिन इन दो लोगों के अलावा और एक लिंग है जिसे तृतीय लिंग कहते हैं। लेकिन यह वर्ग उपेक्षित है। २१वी सदी के हिंदी उपन्यासों में किन्नर की समस्याओं का विश्लेषण किया गया है। किन्नर समाज को अपमान, पीड़ा, शोषण, अवहेलना तथा त्रासदी का सामना करना पड़ता है।

२० वी सदी के उत्तरार्ध में लगभग १९६० ई. के बाद और २१ सदी के शुरुवात में हिंदी साहित्य जगत में दलित विमर्श, स्त्री विमर्श, मुस्लिम विमर्श, वृद्ध विमर्श जैसे विषय उभरकर सामने आने लगे। इसी विमर्श के साथ एक और विमर्श की भी चर्चा होने लगी और वह विमर्श है किन्नर विमर्श। किन्नर विमर्श को लेकर वर्तमान समय में नीरजा माधव, चित्रा मुद्गल, प्रदीप सौरभ, महेंद्र भीष्म, निर्मला भूराडिया लेखक करने लगे, उनके जीवन प्रस्तुत करने लगे।

कहां जाता है कि महाभारत के अर्जुन भी अपने जीवन का एक साल किन्नर का रुप धारण कर चुके है। साथ ही किन्नरो का उपयोग विशेष तौर पर अंत: पुर में भी किया जाता है।

२१वी सदी में किन्नर पर उनके जीवन संघर्ष को लेकर, उनकी समस्याएं आदि पर चर्चा हो रही है।

किन्नर समाज को उभयलिंगी, हिजड़ा, तृतीय लिंगी, शीखंडी, थर्ड जेंडर इस तरह के नामो से तृतीय पंथी को जाना जाता है। किन्नर का जीवन बेहद दयनीय होता है, जन्म से लेकर मृत्यु तक उन्हें समस्याओं से ही गुजरना पड़ता है। उनके जीवन पर सोचना-विचार करना उनकी समस्याओं को पाठकों के सामने रखने काम २१वी सदी के कुछ प्रमुख उपन्यास कर रहे हैं जिसमें यमदीप, किन्नर कथा, गुलाममंडी, तीसरी ताली, पोस्ट बॉक्स नं. २०३ नाला सोपारा, मैं भी औरत हूं, में पायल, जिंदगी ५०-५० जैसे उपन्यास कर रहे हैं।

किन्नर समाज को मुख्य धारा में लाने का कार्य साहित्य के द्वारा ही संभव हो सका। इसीलिए कहा गया है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है, क्योंकि मानव के विचारधाराओं में परिवर्तन लाने का कार्य साहित्य के द्वारा ही किया जाता है। साहित्यकार समाज में फैली कुरीतियों, विसंगतियों, विकृतियों, अभावों, विषमताओं, असमानताओं, विडंबनाओं आदि के बारे में लिखता है वह उनके प्रति जन - मानव को जागरूक करता है। जब सामाजिक जीवन में नैतिक मूल्यों का पतन होने लगता है, तो साहित्य समाज का मार्गदर्शन करता है। मानव समाज का एक अभिन्न अंग है। मनुष्य के सामाजिक जीवन में जो घटित होता है, तो उसे साहित्यकार शब्दों में रचकर साहित्य की स्थापना करता है। अर्थात साहित्यकार जो देखता है, अनुभव करता है, चिंतन करता है, विश्लेषण करता है उसे ही लिख देता है। साहित्य सृजन के लिए विषय वस्तु समाज के विभिन्न पक्षों से ली जाती है। साहित्यकार सृजन करते समय सामाजिक निरुपम करने के साथ - साथ अपने विचारों और कल्पनाओं को भी सम्मिलित करता है।

आज समाज में लिंग भेद को लेकर जो समस्याएं हैं, विषमता है यह मिटाकर समानता निर्माण हो इस उद्देश्य से, हिंदी उपन्यासों के माध्यम से यह उद्देश्य पूरा किया जाएगा।

किन्नर समाज को वर्तमान समय में इन्हें हिजड़ा नाम से जाना जाता है। 'किन्नर' शब्द हिमाचल प्रदेश के किन्नौर निवासियों के लिए प्रयुक्त होता था। इन किन्नरों के चार वर्गों में विभक्त किया जा सकता है। जैसे- बुचरा, नीलिमा, मनसा और हंसा। बुचरा - जन्मजात न पुरुष, न स्त्री होते हैं। नीलिमा - वे है जो किसी कारणवश स्वयं को हिजड़ा बनने के लिए समर्पित है। मनसा - तन के स्थान पर मानसिक तौर पर स्वयं को विपरीत लिंग अथवा स्त्री लिंग के अधिक निकट महसूस करते हैं। हंसा - शारीरिक कमी या यौन न्यूनताओं के कारण किन्नर बने होते है। नकली हिजड़ों को अबुआ कहा जाता है। वे घर - परिवार में जाकर बधाइयां के गीत गाकर आशीर्वाद देते हैं और रुपए लेकर विदा होते है।

किन्नरो के उभ्दव के संबंध अनेक कथाएं प्रचलित है। इसमें सर्वाधिक प्रचलित एक कथा भगवान श्रीरामचन्द्र जी से संबन्धित है। अयोध्यावासियों की प्रार्थना को अस्वीकार करते हुए राम ने सभी नर - नारियों को वापस जाने को कहां। लेकिन हिजड़ों के संबंध में उन्होंने कुछ नहीं कहा। इसलिए श्रीरामचन्द्र जी का कोई स्पष्ट आदेश न होने के कारण हिजड़ों ने चौदह वर्ष तक चित्रकूट रुक कर प्रभु की प्रतीक्षा करते रहे। आज भारतीय हिंदी साहित्य में

इन उपेक्षित किन्नर वर्गों पर चिंतन, मनन और लेखन हो रहा है। समाज में इन्हें कोई स्थान नहीं मिला है। कोई भी किन्नर को घर में बुलाना नहीं चाहता है और उनसे सामाजिक संपर्क भी करना नहीं चाहता है। किसी शुभ अवसर पर ये बधाइयां देने आते हैं तो घरवाले जल्द ही उन्हें कुछ देकर इनसे जान छुड़ाना चाहते हैं।

सुभाष अखिल व्दारा रचित ' दरमियान ' उपन्यास में किन्नर जीवन और संस्कृति, रहन - सहन , भाषा शैली को ही नहीं दर्शाता बल्कि उनके संघर्ष, सफलता, अकेलापन, मानसिक तनाव, कुंठा, ममत्व, संवेदना, प्यार, करुण भावनाओं को प्रकट करने वाला सफल उपन्यास माना जाता है। ' किन्नर ' शब्द का प्रयोग अनेक बार आया है। मुरारी बापू कहते है " मेरे गोस्वामी ने मैदान में.... डिम-डिम-डिम घोष करते हुए सोलह बार रामचरित मानस में 'किन्नर' शब्द का प्रयोग किया। गोस्वामी के अन्य संदर्भ ग्रंथो का यदि विवरण आपको दूं तो और किन्नर शब्द आपको मिलेंगे। कुल मिलाकर छब्बीस बार तुलसी ने किन्नर को साधु हृदय से याद किया है।

भारत की २०११ की जनगणना के अनुसार पूरे भारत में ४.९ लाख किन्नर है। इसी जनगणना के अनुसार शिक्षित किन्नरो की संख्या सिर्फ ४६ प्रतिशत ही 'हिजड़ा' शब्द का अर्थ को लेकर अपना मत देते हुए 'लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी' ने कहा है " हिजड़ा मूल उर्दू भाषा का शब्द है। वो भी 'हिजर' इस अरेबिक शब्द से आया है। ' हिजर' यानि अपना समुदाय छोड़ा हुआ, उस समुदाय से बाहर निकाला हुआ। मतलब स्त्री - पुरुष के समाज से बाहर निकलकर स्वतंत्रत समाज बनाकर रहने वाला। ' लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ' ने किन्नर शब्द उत्पत्ति और उसका अर्थ को समझाने की कोशिश की है साथ उसकी जड़ को रेखांकित किया है।

२१वी सदी में इंसान अंतरिक्ष और मंगलग्रह पर अपनी जगह बनाने में सफलता अर्जित कर रहा है। किन्तु आज भी संपूर्ण किन्नर समुदाय के लोग अपनी मुलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं - रोटी, कपड़ा, मकान के लिए आज भी संपूर्ण किन्नर वर्ग अपनी लड़ाई लड रहा है।

हिंदी साहित्य में किन्नर विमर्श की वास्तविक शुरुआत ' यमदीप ' उपन्यास से मानी जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, हिंदी का पहला किन्नर जीवन पर आधारित ' यमदीप ' उपन्यास है, यह उपन्यास किन्नर समुदाय की भाषा, संवेदना, संस्कृति, उनके संघर्ष से मिली सफलता की कहानियों को समाज तक पहुंचाने में सफल हुआ है। नीरजा माधव का यमदीप, प्रदीप सौरभ की तीसरी ताली, महेंद्र भीष्म की में पायल , निर्मला भुराड़िया का गुलाम मंडी, चित्रा मुद्गल का पोस्ट बॉक्स नं. २०३ नाला सोपारा आदि किन्नरो की ज्वलंत समस्या को लेकर सामने आए हैं। इन उपन्यासों कि कथा वस्तु किन्नर समुदाय की है उनकी पीड़ा व्यथा एवं भयानक त्रासदी की स्थिति को चित्रित करते हैं। यमदीप उपन्यास की कथा ' नाज़ बीबी ' की कथा है जो किन्नर व्यक्ति एवं उपन्यास की नायिका भी है। तीसरी ताली में भूख और गरीबी के कारण हिजड़े के धन्धें अपनाने वाले लोगों की कहानी अत्यंत बारीकी से हुआ है। किन्नर कथा में राजघराने में पैदा हुई चंदा की कथा है। वह राजपरिवार केलिए आश्चर्यजनक घटना बन जाती है। गुलाम मंडी में तिरस्कृत किन्नरों की कथा चित्रित है। पोस्ट बॉक्स नं. २०३ नाला सोपारा में रहने वाले छोटे लड़के विनोद उर्फ बिन्नी की कथा है।

किन्नर समुदाय की परिस्थितियों पर निर्मला भुराड़िया के मन में उभरने वाले सवाल सही है। वह कहते है - इसमें इनका क्या दोष? ये क्यों हमेशा त्यागे गये, दुर दुराए गये, सताए गये अपमान के भागी बने? उन्हें हिजड़ा, किन्नर कई नामों से पुकारा जाता है, मगर हमेशा तिरस्कार के साथ ही क्यों? आखिर ये बाकी इंसानों की तरह मानवीय गरिमा के हकदार क्यों नहीं? बस यही प्रश्न हमेशा दिमाग में था। लेकिन गुलाम मंडी इस उपन्यास में कल्याणी, जानकी और अंगुरी जैसे किन्नर पात्रों के माध्यम से किन्नर समुदाय की संघर्ष भरी गाथा को बताने में सफल हुई है।

लेखिका निर्मला भुराड़िया के दृष्टी से किन्नर के स्वभाव और उनके जीवन के समझने के लिए उसके पास जाना पड़ता है उनके साथ सहना पड़ता है तभी वह सही रुप में उनका किरदार लिख सकता है - इस संदर्भ में स्वयं लेखिका स्पष्ट कहती हैं की उस किरदार को रचने के लिए आपको परकाया प्रवेश करना होता है। वहीं बनना होता है, उस किरदार में उतरना होता है। तभी आप उसकी अपनी जुबानी में कह पाते हैं। यह हिंदी साहित्य का महत्वपूर्ण उपन्यास कहा जा सकता है जिसमे लेखिका ने महिलांओ की खरीद-फरोक्त , देह व्यापार जैसे अपराधों को समानेलाने का प्रयास किया है। जो आजकल मानव तस्करी के नाम से जाना जाता है। लेखिका ने इन तमाम पात्रों के माध्यम से किन्नर समुदाय के लोगों के प्रति चिंता व्यक्त किया है।

संदर्भ :-

१) मिलन बिश्नोई :- इक्कीसवीं सदी के हिंदी कथा साहित्य में किन्नर विमर्श

२) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी अनुवाद डॉ. शाशिकला:- में हिजडा...... में लक्ष्मी

३) निर्मला भुराडिया:- गुलाम मंडी